KAMAL'S

Oxford

ADVANCE

Dictionary

ENGLISH-ENGLISH-HINDI


With
New
Latest Words

NEW EDITION

With
New
Latest Words

NEW EDITION

KAMAL's Advanced Illustrated Oxford Dictionary (English-Hindi)



1.5

KAMAL's Advanced Illustrated Oxford Dictionary

English-Hindi

Edited by

R.K. Kapoor

Dictionary

With New Latest Word
Millennium Edition

Published by :
Verma Book Depot.
4053, Nai Sarak, Delhi-6

© Editor

All Rights including Subject Matter Style are reserved with the publishers.

Price : Rs. 250/-

Laser Typeset by : Boss Laser, Delhi.

Printed at : Shakun Enterprises, Delhi.

List of Abbreviations

abbrev.	abbreviation
adj	adjective
adj.	adjectives
adv	adverb
adv.	adverbs
Afr.	africa(n)
alg.	algebra
arch.	architecture
arith.	arithmetic
aux.	auxiliary
biol.	biology
chem.	chemistry
comp.	comparative
conj.	conjunction
demons.	demonstrative
dial.	dialect
e.g.	for example
esp.	especially
fr.	french
fut.	future
fem.	feminine
fig.	figuratively
gram.	grammer
Geog.	geography
Ger.	german
Gr.	greek
hist.	history
i.e.	that is
in.	inches
indef.	indefinite
interj.	interjection
L.	latin
lit.	literally
mas.	masculine
math.	mathematics
med.	medicine
meteor.	meteorology
milt.	military
min.	mineralogy
mus.	music
n. n.s.	noun, nouns
naut.	nautical
n. sign.	noun singular
obs.	obsolete
opp.	opposite
orig.	originally
pass.	pas: ive
pers.	persons
pfx.	prefix
philos.	philosophy
phr.	phrase
pl.	plural
poet.	poetic
p.p.	past participle
prep.	preposition
pr. p.	present participle
pres.t.	present tense
print.	printing
pron.	pronoun
psych.	psychology
p.t.	past tense
Rom.	roman
Scot.	scottish
sing.	singular
Spens.	spansih
suf.	suffix
usu.	usually
v.i.	verb intransitive
v.t.	verb transitive
zool.	zoology



A

A, *a.* (ए) the first letter in English alphabet, first note, first imaginary person, first known quantity, a first class ship. अंग्रेज़ी वर्णमाला का पहिला अक्षर व पहिला स्वर, (तर्क में) प्रथम कल्पित व्यक्ति या विषय, प्रथम ज्ञात परिमाण

A, *adj.* (ए) the Indefinite article, short from of an, used before consonants except silent *h; e.g. a history,* before *h* in unaccented syllable-*a historian.* An is used before all vowel sounds. यह *An* का छोटा रूप है जो व्यञ्जन से आरम्भ होने वाले शब्दों के पूर्व प्रयुक्त होता है, किन्तु स्वर से आरम्भ होनेवाले शब्दों के पूर्व *An* का प्रयोग होता है किन्तु यह: many, such, what. के पश्चात् तथा: as, how, so, too. के पूर्व रहते हुए जब कोई विशेषण आता है तब प्रयुक्त होता है; *One.* एक, अकेला; *Any, some.* कोई, जो कोई, कोई एक; *By, per.* प्रति, एक-एक करके; *It is used with apparent plurals of number.* बहुवचन सूचित करनेवाले शब्दों के पूर्व *'a'* का प्रयोग होता है, यथा; *a dozen mangoes.* एक दर्जन आम

Aardvark, *n.* (आर्ड-व्हार्क) a South-African pig-like quadruped. दक्षिण अफ्रीका में पाया जाने वाला चींटी भक्षक सुअर जैसा चौपाया प्राणी

Aardwolf, *n.* (आर्ड-वुल्फ़) the earth-wolf of South Africa. दक्षिण अफ्रीका में मिलने वाला एक प्रकार का भेड़िया

Aarnoic, (-al), *adj.* (आर-ऑन्-इक्) pertaining to the Jewish high priest. यहूदियों के बड़े पादरी का

Aaron's beard, *n.* (एअ-रान-बेअर्ड) a species of plants grown in hanging pots. एक प्रकार के पौधे जो गमलों में लगाकर छत, वृक्ष आदि में लटका दिए जाते है

Ab *n.* (आॅब्) the fifth month of the Jewish civil year. यहूदी वर्ष का पाँचवा मास

Ab *n.* (आॅब्) Letin prefix signifying 'from' 'away from'. लैटिन् उपसर्ग जिसका अर्थ 'स', दूर होता है

Aba, Abba *n.* (आॅबा) a Syrian woollen cloth. सीरिया देश का ऊनी वस्त्र

Abaca, *n.* (आब्-आ-का) plantain, Manilla hemp of commerce. केला, फिलिपाइन टापू का मेनीला, पटुवा जिसको व्यापारी काम में लाते हैं

Aback, *a.* (अॅ-बॉक) towards the back. पीछे की ओर; (*naut.*) said of sails pressed backwards by the wind. (नौ. वि.) वायु के वेग से पाल का पीछे की ओर दब जाना; *Taken aback* (taken by surprise). चकित या भौचक्का या अचम्भित होना

Abaction, *n.* (ए-बॉक-शन्) (*law*) the stealing of a number of cattle at once. (शा. प.) बहुत-से पशुओं की चोरी; **Abactor,** *n.* (-टर्) cattle-thief. पशु-चोर

Abacus, *n.* (*pl. Abaci*) (अ-बॉकस, अ-बॉसि) a calculating frame with balls of different colours (used for calculating). गिनती सिखाने का एक यंत्र जिसमें तारों में रंग बिरंगे लट्टू लगे होते हैं

Abaddon, *n.* (ए-बॉड-डन्) hell, bottomless pit or its angel. नरक, अथाह गर्त या पाताल या उसके देवता

Abaft, *a.* (अबाफ्ट) on the hinder part of a ship, behind. नाव या जहाज का पीछा, जहाज की पतवार की ओर

Abalienate, *v.t.* (एबॉलिनेट्) to transfer the title of a property to someone else. किसी संपत्ति का अधिकार दूसरे किसी मनुष्य के नाम संक्रमित कर देना

Abalone *v.t.* (एब्-ऑलोने) a shell known as sea-ear from which mother of pearl is obtained. मोती का सीप

Abandon *v.t.* (अबॉन्डन्) to give up to another's control, to forsake. दूसरे के अधिकार में सौप देना, त्याग देना, त्यागना; *Careless freedom* (letting oneself go). लापरवाही की स्वतन्त्रता, जाने देना; **Abandoned** *adj.* (-इ) deserted, given up to vice, very wicked. त्यागा हुआ, बुरे आचरणवाला, अति दुष्ट; **Abandonee,** *n.* (-ई) an insurer to whom a wreck has been abandoned. जहाज के डूबने का बीमा करने वाला; **Abandonment** *n.* (-मेन्ट) complete surrender of self to a cause, self-surrender, renunciation of a claim. किसी कार्य के लिए आत्मा का पूर्ण परित्याग, आत्म-समर्पण, अधिकार या अभियोग का त्याग

Abase, *v.t.* (अँबेस) to lower, to humiliate, to make base, to degrade. अनादर करना, नीचा दिखाना, मान घटाना; **Abasement,** *n.* (मेन्ट) humiliation. अनादर, मानहानि, अपमान

Abash, *v.t.* (अबॉश्) to put to shame, to put to confusion, to make ashamed. विकल करना, घबड़ा देना, संकुचित करना, लज्जित करना; **Abashed,** *a.* (-इ) put out of countenance, confounded. लज्जित अनुभव कराना, चकराना; **Abashment,** *n.* (-मेन्ट) feeling of shame, confusion from shame. लज्जित अनुभव करना, लज्जा ग्रस्त होना

Abask, *adj.* (ए-बॉस्क्) in warm light. गरम प्रकाश में, धूप में

Abate, *v.t. & i.* (अबेट) to do away with, to deduct part of price, (*law*) to cancel write, to mitigate, to grow less, to concel writ or action. हटाना या हटना, मूल्य कम करना या कम होना, घटाना या घटना, (शा. प.) आज्ञापत्र रद्द करना; **Abatement,** *n.* (-मेन्ट) reduction, decrease. कमी, हीनता, मुजरा या बट्टा; **Abater,** *n.* (-अर्) one who diminishes. घटाने या कम करनेवाला व्यक्ति

Abatis, Abattis, *n.* (अबॉटिस्) a defence made of felled trees with boughs pointing towards the enemy. गिराये हुए पेड़ों से आड़ जिसमें वृक्षों की शाखाएँ शत्रु की ओर रक्खी जाती है

Abattoir, *n.* (abat'war, अबटॉयर) a place where animals are slaughtered food. कसाई खाना, माँस के लिए मारे जानेवाले पशुओं का वधस्थान

Abb, *n.* (आब्) woof or weft of yarn. जुलाहे का ताना या बाना

Abba, *n.* (आब्-बा) father, applied to God, the Father. पिता, सबका पिता, ईश्वर

Abbacy, *n.* (अँबेसी) office or tenure of an abbot. पादरी का पद या उसकी भूमि, मठाध्यक्ष के अधिकार क्षेत्र के अधीनस्थ क्षेत्र

Abbatial, *adj.* (ऑब्-ऑशियल्) pertaining to an abbot. धर्मालय या मठ-समबन्धी

Abbe, *n.* (आबी) French clergyman. फ्रेंच महंत

Abbess, *n.* (ऑबेस) lady superior of a nunnery. मठाध्यक्षा, स्त्री-आश्रम की प्रधान अधिकारिणी

Abbey, *n.* (ऑबि) a house occupied by monks or nuns under an abbot, a resort for religious persons, a monastery. किसी महन्त के अधीन साधु-मण्डली, मठ, गुरुद्वारा, योगी गृह, योगी विहार, आश्रम

Abbot, *n.* (अबॉट्) the head of an abbey of monks. मठाधिपति, गरुद्वारा का महंत

Abbreviate, *v.t.* (अब्रीविएट) to make brief, to shorten, to abridge. कम करना, छोटा करना, संक्षिप्त करना; **Abbreviated,** *a.* (-एटेड) shortened. संक्षिप्त, छोटा किया हुआ; **Abbreviation** *a.* (-एँशन) a shortening, a part of a word put for the whole. संक्षेप, संक्षिप्त शब्द; **Abbreviator,** *n.* (-एटर) one who shortens. संक्षिप्त करने वाला

A B C, *n.* (ए बी सी) the alphabet, a first reading-book, rudiments of any subject, a railway guide arranged in alphabetical order. मूल अक्षर, वर्णमाला की पहली पोथी, किसी विषय का आरम्भ, अकारादि क्रम में छपी हुई रेलवे गाइड

Abdal, *n.* (आॅब्-डल्) dervish. दरवेश

Abderian, *adj.* (आॅब्-डीरियन्) given to laughter. हँसाने वाला, ठिठोलिया

Abdicant, *adj.* (आॅब्-डिकीन्ट्) renouncing. त्यागने वाला

Abdicate, *v.t. & i.* (आॅब्डिकेट) to renounce a post or office formally or by default. किसी पद अथवा अधिकार को दिखावे के लिये अथवा अपराध के कारण त्यागना, विरासत छोड़ना या छूटना; **Abdicant,** *adj.* (-कन्ट्) renouncing. त्यागनेवाला; **Abdication,** *n.* (-केशन) renunciation. त्याग, अपना हक छोड़ देना, अपना अधिकार त्यागना; **Abdicator,** *n.* (-टर) renouncer. त्यागनेवाला मनुष्य

Abdiel, *n.* (आॅब्डियल्) a God's servant, an angel. ईश्वर का अनुचर, देवदूत

Abditory, *n.* (आॅब्-डिट-रि) a place or chest for storing valuables. बहुमूल्य पदार्थों को संचित करने की पेटी या स्थान

Abdomen, *n.* (अब्डोमॅन) the belly, the lower part of human trunk, hinder part of insects. मनुष्य का पेट या उदर, कीड़े-फतिङ्गो के शरीर का पिछला भाग

Abdominal, *a.* (अब्डॉमिनल्) relating to the abdomen. उदर संबंधी, पेट सम्बधी

Abdominous, *a.* (अब्डॉमिनस्) very fat, corpulent, having a large belly. स्थूलकाय, बड़े पेट वाला—जिसकी तोंद निकली हो

Abduce, *v.t.* (अॅब्ड्यूस) to separate or draw one part from another. एक भाग से दूसरे को पृथक् करना

Abducent, *adj.* (आॅब्-डयूस्-एंन्ट्) having the property of drawing back. पीछे की ओर हटाने की शक्तिवाला

Abduct, *v.t.* (अॅब्डक्ट) to kidnap, to take away by fraud, to entice away. भगा कर ले जाना, बहका ले जाना, निकाल ले जाना; **Abduction,** *n.* (-डक्शन्) the carrying away of a person by fraud or violence. फुसलाकर धमकाकर किसी का अपहरण; **Abductor,** *n.* (-अर्) a person who abducts another. फुसलाकर भगा ले जानेवाला मनुष्य

Abeam, *a.* (आॅ-बीम्) on the beam, abreast. जहाज की शहतीर पर, आगे की ओर

Abecedarian, *n.* (एबिसीडे-रिअन्) one who is learning the alphabet, a novice. वर्णमाला सीखनेवाला, नवसिखुआ

Abed, *a.* (अबेड्) in bed. बिस्तर पर

Abberrance, *n.* (अबेरेन्स) deviation from rectitude. धर्मनिष्ठा से विचलन या विचलित होना, मतिभ्रष्टता

Aberrant, *a.* (अबेरेन्ट्) diverging from the right path. धर्मपथ से हटनेवाला, बुरी चलन वाला, उन्मार्ग गामी

Aberration, *a.* (अबेरेशन्) a wandering from the right path, debviation from truth. सन्मार्ग या सत्यपथ से विचलन या हटना

Abet, *v.t. (p.t. -ed)* (अॅबेट) to assist, to instigate. सहारा देना, पाप करने के लिये उसकाना; **Abetment,** *n.* (-मेन्ट्) the act of inciting. बहकाव; **Abetter,** *n.* (-टर) one who abets. बहकेवाल, उकसेवाल

Abeyance, *n.* (आॅ-बे-अन्स्) a state of temporary suspension. क्षणिक विराम, कुछ काल के लिये रुकावट; *In abeyance* दुविधा में, असमंजस में

Abhor, *v.t. (p.t. -red)* (अबॅहॉर) to regard with distrust and hatred. घृणापूर्वक अविश्वास करना; **Abhorrence, Abbhorrency,** *n.* (-रेन्स, सि) detestation, great hatred. अति घृणा, बड़ा द्वेष; **Abhorrent,** *a.* (-रेन्ट्) detestable, inspiring disgust, detesting, hateful of conduct. घृणा करने योग्य; **Abhorrer** *n* (-रेर) one who detests anything. घृणा करनेवाला; **Abhorring** *n* (-रिंग) an object of hatred. घृणा का पात्र

Abide, *v.t. & i.* (अबॉइड) to remain, to continue, to remain faithful to, submit to. टिकना, ठहरना, राह दिखाना, अनुसरण करना, दृढ़ होना, स्वीकारना; **Abider,** (-डर) a resident. निवासी; **Abiding,** *a.* (-इङ्ग) permanent, continuing. स्थायी; **Abidingly,** *a.* (-गली) permanently. स्थिरता से, चिरकालिक, स्थायी रूप से

Abigail, *n.* (अबिगेल्) a lady's-maid, a waiting woman. दासी, आया, सखी, किसी स्त्री की सहेली, परिचारिका

Abilities, *n.* (एबिलिटीज़) the powers of the mind. मानसिक शक्तियाँ

Ability, *n.* (एबिलिटी) power to do a thing, sufficient power, cleverness, strength, capacity, cleverness, skill, mental faculty. सामर्थ्य, अधिकार, शक्ति, योग्यता, कुशलता, प्रवीणता, बुद्धि चातुर्य

Abiogenesis, *n.* (एबिओजेनिसिस्) spontaneous generation. आकस्मिक जन्म; **Abiogenetic,** *a.* (-टिक्) आकस्मिक जन्म सम्बन्धी; **Abiogenist,** *n.* (-इस्ट) इस सिद्धान्त में विश्वास करने वाला

Abject, *a.* (अॅबजेक्ट्) craven, miserable, degraded, base, mean. नीच, अधम, पतित, कमीन *n.* person in the lowest condition. गिरा हुआ; **Abjection,** *n.* (-शन) meanness of spirit. कमीनापन, नीचता; **Abjectness,** *n.* (-नेस) baseness, नीचता; **Abjectly,** *a.* (-लि) meanly. कमीनपने से, नीचता से

Abjudicate, *v.t.* (अॅब्ज्यूडिकेट) to give away by judgment from one to another. विधानतः निर्णय देकर एक का माल दूसरे को दिला देना

Abjuration, *n.* (अब्जूरेशन) renunciation on oath. शपथपूर्वक त्याग

Abjure, *v.t.* (अॅब्ज़ूर) to repudiate, renounce on oath. शपथ खाकर अस्वीकार करना; **Abjurement,** *n.* (-मेन्ट्) renunciation on oath. शपथपूर्वक परित्याग

Ablactate, *v.i.* (ऑब्लॉक्टेट्) to wean from the breast. छाती का दूध पिलाना

Ablation, *n.* (ऑब्लेशन) the removal of the hurtful part of body. चीरफाड़ करके शरीर के क्लेशकर भाग को पृथक करना

Ablative, *a. & n.* (अॅब्लेटिव) the fifth case in sanskrit. संस्कृत में पाँचवीं विभक्ति, अपादान कारक

Ablaut, *n.* (अॅब्लॉट) systematic vowel-change. विधिवत् स्वर बदल

Ablaze, *a.* (अॅब्लेज) on fire, glittering, excited. जलता हुआ, प्रज्वलित, प्रकाशपूर्ण,

Able, *a.* (एबल्) clever, having the power, talented, able, skilful, competent योग्य, विशेष बुद्धिवाला, चतुर, समर्थ, प्रवीण; **Able-bodied,** *a.* (एबलबॉडीड) robust, skilled हट्टा-कट्टा, पुष्ट शरीरवाला

Ablegate, *v.t.* (एबलीगेट) to send away. प्रस्थान कराना, भेजना

Ableness, *n.* (ऐबलनेस) skilfulness, vigour. चतुराई, प्रवीणता, निपुणता

Ablepsy, *n.* (ऐबलेपसि) lowness of sight. दृष्टिशून्यता, अन्धापन

Ablocate, *v.t.* (ऐबलोकेट) to let out on hires. किराये पर देना; **Ablocation,** *n.* (-शन) act of letting on hire. किसी वस्तु को किराये पर देने की क्रिया

Abloom, *a.* (ऐबलूम) in a state of bloom. फूलने की अवस्था में

Abluent, *a.* (ऐबलुएन्ट) washing or cleaning by liquids. तरल पदार्थ से धोने या शुद्ध करनेवाला

Ablush, *a.* (ऐब्लश) in a blushing state. लज्जित होते हुए, झेंपते हुए

Ablution, *n.* (अब्लूशन) washing of the body & c. before ceremonial rites. कोई धार्मिक कार्य करने के पहले शरीर को शुद्ध करना, विधिवत स्नान; **Ablutionary,** *adj.* (-नरि) pertaining to ablution. शरीर को शुद्ध या पवित्र करने का

Abluvion, *n.* (एबलूविअन) that which is washed off. धुला हुआ पदार्थ

Ably, *a.* (एब्लि) in an able way or manner. योग्यता से, प्रवीणता से, कुशलता से

Abnegate, *v.t.* (एब्-नीगेट) to deny oneself. त्याग करना, छोड़ना; **Abnegation,** *n.* (-गेशन) renunciation. त्याग; **Abnegator,** *n.* (-गेटर) one who denies or renounces renounces. त्याग करनेवाला

Abnodate, *v.t.* (एबनोडेट) to cut off the knots (as of trees & c.). वृक्ष इत्यादि की गाठों को काटकर अलग करना

Abnormal, *a.* (एब्नार्मल) exceptional, deviating from type, contrary to rule, irregular. असाधारण, रीति-विरुद्ध, नियम अथवा व्यवस्था के प्रतिकूल; **Abnormiality,** *n.* (-इटि) irregularity. व्यतिक्रम, विषमता; **Abnormally,** *a.* (-लि) exceptionally. असाधारण रूप से; **Abnormity,** *n.* (-मिटि) irregularity. अव्यवस्था

Aboard, *a. & prep.* (अबोर्ड) on board, within a ship or boat, on a train, alongside. जहाज की छत पर, समीप, जहाज या नौका में चढ़कर; *To get aboard* (to run alongside an enemy's ship with a veew to fight.) लड़ने के लिए शत्रु के जहाज के पास अपना जहाज लाना

Abode, *n.* (अबोड्) a place of residence, habitation, a dwelling place. निवास, घर या मकान, रहने का स्थान, आवास, डेरा; *To make abode* (to reside to dwell). निवास करना

Aboil, *a.* (अबॉइल) boiling (with rage). क्रोध से उबलता हुआ

Abolish, *v.t.* (अबॉलिश्) to do away with, to put an end to, to annul, to destroy. हटा देना, समाप्त करना, नष्ट करना, उन्मूलन करना, उठा देना या नाश करना, समाप्त करना; **Abolishable,** *adj.* (-एंबल) capable of being abolished. हटा देने योग्य; **Abolishment,** *n.* (-मेन्ट) the act of abolishing. हटाने का कार्य, उन्मूलन

Abolition, *a.* (अबॉलिशन्) the act of abolishing, repeal, doing away with being done away with. रद्द करने का कार्य, उन्मूलन, समापन; **Abolitionist,** *n.* (-इस्ट) one who seeks to abolish anything. किसी कुरीति आदि को हटानेवाला, उन्मूलनवादी

Abominable, *a.* (अबॉमिनेबल्) detestable, hateful, revolting. घृणित, घिनौना, तिरस्करणीय, घृणा का पात्र; **Abominableness,** *n.* (-नेस) hatefulness. घिनौनापन; **Abominably,** *a.* (-एब्लि) in a hateful manner. घिनौनापन से

Abominate, *v.t.* (अबॉमिनेट्) to abhor, to hate extremely, detest. अत्याधिक तिरस्कार, अति घृणा करना, द्वेष करना; **Abomination,** *n.* (अबॉमिनेशन) anything detestable, extreme hatred, loathing, disgust, aversion, odious or degrading habit or act. अति घृणा, घृणित वस्तु या बात, जुगुप्सा, द्वेष

Aboral, *adj.* (अबोरल) remote from the mouth. मुँह की दुसरी ओर का

Aboriginal, *adj.* (ऑब्-ऑ-रिजिनल्) earliest, indigenous, primitive, existing at dawn of history. स्वदेशीय, प्राचीनतम, आदिवासी

Aborigines, *n. pl.* (ऑब्-अँ-रिजिनीज्) the first or original inhabitants of a country. किसी देश के आदि निवासी, देशज, आदिवासी जाति के लोग या पौधे

Abort, *v.i.* (अबॉर्ट) to miscarry in giving birth, become sterile. निष्फल होना, गर्भपात होना, बेकार होना, पेट गिरना, बांझ होना; **Abortion,** (-बॉर्-र्शन) premature birth, the foetus untimely expelled. गर्भपात, भ्रूण हत्या, गर्भ स्राव; **Abortionist,** *n.* (-इस्ट) one who causes abortion. गर्भपात करनेवाला; **Abortive,** *a.* (-टिव) unsuccessful, premature, causing abortion, fruitless. अधूरा, समय से पहिले जन्मा, निष्फल; **Abortively,** *a.* (-वलि) immaturely, untimely. अकाल या असमय में; **Abortiveness,** *n.* (-नेस) untimely birth. अकाल-उत्पत्ति

Abound, *v.i.* (अबॉउन्ड) to overflow, to be plentiful, be rich in, be infested with, to be prevalent. उमड़ उठना, भरपूर होना, प्रचलित होना, प्रचुर मात्रा में होना, विपुल; **Abounding,** *adj.* (-इंग) in abundance. अति, अतिशय, प्रचुर

About, *a.* (अबॉउट) all around from outside, near to, nearly, astir, here and there, approximately. बाहरी ओर, इतस्ततः, चारों ओर, लगभग, यहाँ-वहाँ, दायरे में, घेरे में, विषय में, जहाँ-तहाँ; *To bring about* (to cause to happen). करना; *To come about* (to come to pass). किसी घटना का होना; *To go about* (to prepare to do) काम करने के लिये तैयार होना; *To look about* (to search for) खोज करना; *To turn about* (to change direction of a thing.) घुमा देना, दिशा परिवर्तित करना

Above, *a.* (अबॅव्) on the top of, higher than, overhead, upstream, in addition to, in a higher position. माथे पर, ऊपर, शिखर पर, धारा के ऊपर से, के अलावा, बढ़कर, ऊँची ओर; **Above all,** *a.* before everything else. विशेषकर, सबसे बढ़कर; **Above-board,** *a.* (-बोर्ड) open, without concealment, fair. बिना छल कपट के, संदेह से परे, प्रकट, ठीक, अनछुपा; **Above cited** *adj.* referred to above. उपर्युक्त; **Above-ground** *adj.* alive, not buried. जीता जागता, जीवित, न गाड़ा हुआ

Abracadabra, *n.* (ऑब्राकॅडॉबलरा) spell, a magic formula. जन्त्र, मन्त्र

Abrade, *v.t.* (अॅबरेड) to scrape off, to injure by rubbing. खुरच देना या रगड़कर हटा देना, नष्ट करना, अपघर्षण करना

Abrasion, n. (ऑबरेज़न) the act of wearing of rubbing off, a scratch produced by rubbing. घिसने या रंगड़ने की क्रिया, घर्षण, रगड़, खुरची हुई जगह; **Abrasive,** *adj.* (-इव) scraping or rubbing. घिसने या रगंड़नेवाला

Abreast, *a.* (एॅब्रीस्ट) side by side, on a

level and facing the same way, not behind, keeping in a line. पीछे न रहते हुए, कँधे से कँधा मिलाकर, बराबर में, साथ-साथ,एक पंक्ति या कतार में

Abreuvoir, *n.* (एँबिवियार) a watering place for animals. पशुओं के पानी पीने के लिए बना हुआ स्थान, पशु-जलाशय

Abridge, *v.t.* (एँब्रिज) to condense, to shorten, to curtail, to epitomlze. कम करना, छोटा करना, संक्षेप करना, टीका करना, काट-छाँट करना; **Abridgement,** *n.* (-मेन्ट) an epitome, a summary, abstract. संक्षेप, संग्रह, संक्षिप्तिकरण, सार

Abroad, *a.* (एं-ब्रॉड्) out of doors, widely, in different directions, away from one's country. फैलाव से, विस्तृत विभिन्न दिशा में-विदेश गमन, घर के बाहर, परदेश में, दूर देश में

Abrogate, *v.t.* (अँब्रोगेट) repeal or cancel by authority, abolish, to annul. (किसी नियम को) आज्ञानुसार हटाना, रद्द करना, निराकरण करना, मेटना या तोड़ना, अंत करना, उन्मूलन करना; **Abrogation,** *n.* (-गेशन्) cancelling, act of repealing, a repeal. तोड़ने या निरस्त करनेवाला

Abrupt, *adj.* (अँबरप्ट्) steep, sudden, hasty, craggy, disconnected, unexpected, precipitous. खड़ी, सहसा, खुड़बड़ी, अचानक, एकदम, विषम, लम्बमान, असंलग्न; **Abrupted,** *adj.* (-टिड) broken off suddenly. एकाएक टूटने का कार्य

Abruption, *n.* (ऑबरपशन) a sudden breaking off. एकाएक टूटने का कार्य

Abruptly, *a.* (ऑबरप्ट्ली) all of a sudden, readily, unexpectedly. अकस्मात, तत्परता से, सहसा, एकदम से; **Abruptness,** *n.* (-नेस) the state of being abrupt. खुरखुरापन, गड़बड़ी

Abscess, *n.* (ऑबसेस) collection of pus formed in some part of body. शरीर के एक भाग में मवाद भर जाना

Abscind, *n.* (ऑब्सिन्ड) to cut off, to separate. काट डालना, पृथक करना

Abscissa, *n.* (ऑबसिस्-सा) portion of the diameter or transverse axis of a conic section : intercepted between a fixed point within it. सूच्याकार आकृत्ति का भुज

Abscission, *n.* (ऑबसिजन) the cutting off, violent separation, severance. कटाव, शरीर के किसी अङ्ग को काटकर अलग कर देना, अलगाव

Abscond, *v.t.* (अँब्सकॉन्ड) to go away secretly, to decamp, fly from the law. चुपके से भाग जाना, (अपराध करके) फरार होना, चम्पत होना; **Abscondence,** *n.* (-एन्स) concealment. छिपाव; **Absconder,** *n.* (-अर) one who disappears on account of a wicked. घोर अपराध करके भागनेवाला मनुष्य, फरार

Absence, *n.* (ऑबसेन्स) being away from a place, non-existence, want, lack, abstraction of thought. किसी स्थान से अनुपस्थिति, गैरहाज़िरी, अन-अस्तित्व, अचेत या बेसुध अवस्था या स्थिति, बेध्याना

Absent, *adj.* (ऑबसन्ट) not present, not existing, careless, inattentive. अनुपस्थित, अविद्यमान, अवर्तमान, शून्यचित्त अन्यमनस्क. *To keep away intentionally.* जान-बूझकर हटे रहना; **Absentee,** *n.* (-सेन्टी) one who absents himself from duty, a person habitually living away from home. अपने कार्य से अनुपस्थित होनेवाला मनुष्य, गैरहाज़िर, घर से अनुपस्थिति; **Absenteeism,** *n.* (-इज्म) absence from work, the practice among landlords of living away from home. कार्य से अनुपस्थिति होना, दूरवास; **Absenter,** *n.* (-टर) one who absents himself. अनुपस्थित होनेवाला; **Absently,** *a.* (-लि) inattentively. असावधानी से; **Absentminded,** *adj.* (-माइन्डिड) not giving attention to, abstracted. अनवस्थित, शून्यचित्त

Absinth, *n.* (ऑब्-सिन्थ्) worm-wood, a bitter plant. चिरायता

Absolute, *a.* (अँब-सोल्यूट) pure, complete, independent, entire, perfect, unqualified, ruling, despotic, arbitrary. शुद्ध, केवल, स्वतन्त्र, निश्चित, सकारात्मक, पूर्ण, चरम, असीम, बेमिलावट, निर्णीत, निरकुंश राज्य करनेवाला; **Absolutely,** *a.* (-लि) unconditionally, independently, arbitrarily, without qualification. सर्वथा, स्वतन्त्रता से, कृत्रिम रूप से, बिना शर्तों के, बिल्कुल; **Absoluteness,** (-नेस), **Absolution,** *n.* (-शन) acquittal, forgiveness,

declaration of pardon, remission of sins. दंडमुक्ति, उद्धार, पाप क्षमा, पापमोचन; **Absolutism,** *n.* (-इज्म्) the principles of absolute government. निरंकुश शासन से सहमत, निरपेक्षतावाद; **The Absolute,** (-ट्) self-existent, without cause. स्वयम्भू, परमात्मा

Absolve, *v.t.* (ऑब्साल्व्) pronounce free, to acquit, to pardon. मुक्त करना, दोषमुक्त करना, छुटकारा देना, निरपराध ठहराना; **Absolver,** *n.* (-अर) one who absolves. मुक्त करनेवाला

Absonant, *adj.* (ऑबसनन्ट) absurd, unreasonable. निरर्थक, न्याय-विरुद्ध

Absorb, *v.t.* (अॅब्ज़ार्ब) to drink in, swallow up, assimilate, to suck up, engross the attention of, to incorporate. पी लेना, अवशोषण करना, अवचूषण करना, सोख लेना, निगल जाना, चूस लेना, आत्मसात करना, संयोग करना; **Absorbable,** *adj.* (-एंब्ल) capable of being absorbed. सोखने योग्य; **Absorbed,** *adj.* (-बेड) swallowed up, entirely occupied swallowing. निगला हुआ, लीन; **Absorbent,** *a.* (-बेंट) tending to absorb a substance that absorbs, swallowing. सोखनेवाला

Absorption, *n.* (अॅब्ज़ार्पशन्) the act of absorbing, entire occupation of mind, mental engrossment. चित्त की लवलीनता; अवशोषण, विलयन (राज्य का); **Absorptive,** *adj.* (-इव्) having power to absorb or imbibe. अवशोषी, अवचूषी, सोखनेवाला

Abstain, *v.t.* (अॅब्सटेन्) keep oneself away, to refrain from, drink no alcohol. अलग रहना, पृथक रहना, दूर रहना, संयम करना, परहेज करना, बचे रहना, अनुपस्थित रहना, भाग न लेना (मतदान में); **Abstainer,** *n.* (-नर) one who drinks no intoxicating liquors. शराब न पीनेवाला

Abstemious, *adj.* (अॅब्स्टीमिअस्) drink, sparing or moderate in food, abstinent, temperate. अल्पाहारी, संयमी; **Abstemiously,** *a.* (-लि) in a temperate manner. संयम से; **Abstemiousness,** *n.* (-नेस) the quality of being temperate. संयम, अल्पाहार

Abstention, *n.* (अॅब्स्टेंशन्) the act of refraining, abstinence. बचाव, उपवास

Absterge, *v.t.* (ऑब्-स्टर्ज) to purify or purge. पापों को धो देना; **Abstergent,** *a.* (-जेंट) having cleansing properties, serving to cleanse. स्वच्छ करने योग्य, अपमार्जक, **Abstersion,** *n.* (-शन्) act of washing away impurities. मलिनता को धो देने का कार्य; **Abstersive,** *adj.* (-सिव) able to cleanse, purgative. स्वच्छ करने योग्य (दस्त लानेवाला)

Abstinence, *n.* (अॅब्स्टिनेंस) abstaining from some indulgence, refraining from food, self-denial. उपवास (लंघन), आत्मत्याग, संयम, मद्य त्याग; **Abstinency,** *n.* (-सि) temperance. संयम

Abstinent, *adj.* (अॅबसटिनेंट) fasting, temperate. उपवास करनेवाला, सयमी; **Abstinently,** *a.* (अॅबसटिनेन्टलि) in a temperate manner. सयम से

Abstract, *a.* (अॅब्सट्राक्ट) separated from matter, not concrete, ideal, not practical, abstruse. भाववाचक, अमूर्त, निराकार, आदर्श, अव्यवहारिक, सामान्य; essence, summary. सत्व, सारांश; *v.t.* to deduct, to remove, to disengage. सार निकालना, हटाना, पृथक् करना; **Abstracted** *adj.* drawn off in thought, not attending. विचार से पृथक किया हुआ, ध्यान न देता हुआ; **Abstractedly,** *a.* (-ली) by itself. केवल मात्र; **Abstractedness,** *n.* (-नेस) the state of being abstracted. विभिन्नता; **Abstraction,** *a.* (-शन) the act of taking away, absence of mind. पृथक्करण, विचारों का एकीकरण, अचेतता

Abstract, *v.t.* (अॅब्स्ट्राक्ट) deduct, take away, steal, summarize. निष्कर्ष निकालना, सार प्रस्तुत करना, हटा लेना, घटाना, पृथक् करना, चोरी से निकालना, अपहरण करना

Abstriction, *n.* (अॅबस्ट्रिक्शन) act of undoing. खोलने या उधेड़ने का कार्य

Abstruse, *adj.* (आब्स्ट्रूस) hard to understand, obscure, profound. अति गूढ़, छिपा हुआ, अव्यक्त, दुर्बोध, दुसह; **Abstrusely,** *a.* (-लि) profoundly, in an obscure manner, obscurely. निगूढ़ता से, दुरूहता; **Abstruseness,** *n.* (-नेस) the state of being abstrcted. गूढ़ता, कठिनता

Absurd, *adj.* (आब्सर्ड) foolish, unreasonable, ridiculous. बिसंगत, मूर्खतापूर्ण, असंगत, निरर्थक, हास्यप्रद; **Absurdity,** *n.* (-टी) foolishness, unreasonableness, an absurd statement or act. असंगति, बेतुकापन, मूर्खता; **Absurdly,** *a.* (-ली) foolishly, unreasonablly. मूर्खता से; **Absurdness,** *n.* (-नेस) anything absurd, foolishness, unreasonableness. कोई व्यर्थ बात, मूर्खता, निरर्थकता

Abundance, *n.* (एंबन्डंन्स) a great plenty, more than enough, affluence. प्रचुरता, अधिकता का उद्रेग, बहुलता

Abundant, *a.* (एंबन्डान्ट) more than sufficient, a great plenty, an overflowing emothion. प्रचुरता, अधिकता का, उदवेग; **Abundantly,** *a.* (-लि) plentifully, richly. प्रचुरता से, बहुलता

Abuse, *v.t.* (अ्ब्यूज) make bad use of, reproach, revile. दुरुपयोग करना, अनुचित लाभ उठाना, अपशब्द कहना, गाली देना, बुरा-भला कहना; *To misuse, to pervert, to deceive, to maltreat.* अनुचित व्यवहार करना, दुरुपयोग करना, धोखा देना, दुर्वचन कहना या गली देना; **Abusable,** *adj.* (-एबल) that may be abused. दुर्वचन कहने योग्य; **Abuser,** *n.* (-जर) a person who abuses. गाली देनेवाला मनुष्य; **Abusive,** *adj.* (-इव) practising abuse, insulting, corrupt. दुर्वचन कहने या गाली देनेवाला निन्दक, भ्रष्ट; **Abusively,** *a.* (-लि) insultingly. अपमान से; **Abusiveness,** *n.* (-नेस) ill-usage. दुर्व्यवहार

Abut, *v.t. & i. (p.t. -ted)* (अ्बट्) to join at a boundary, touch upon, to meet. सीमा पर एकत्रित होना, मिलना, सटा होना; **Abutment,** *n.* (मेन्ट) **Abuttal** (अल्) junction, lateral support, masonry supporting end of earth, boundary. मिलन-स्थान, अत्याचार, अनुसीमा

Abutter, *n.* (अ्बटर) owner of adjoining property. संसक्त स्वामी, जिसकी सम्पत्ति के साथ अपनी सम्पत्ति जुड़ी हो

Aby, Abye, *v.t.* (आबि) pay the penalty of जुरमाना देना, जुरमाने के रूप में देना, क्षतिपूर्ति करना

Abuzz, *adj.* (अ्बज) full of buzzing sound. भनभनाहट के शब्द से परिपूर्ण

Abyss, Abysm, *n.* (अ्बिस्, आबिज्म्) the bowels of the earth, bottomless or deep chasm. पाताल, वितल, रसातल, नरक, समुद्रगर्भ, अथाह खाई, **Abysmal, Abyssal,** *adj.* (-मल, -अल्) bottomless, pertaining to the depth of ocean, immeasurable. महासागर की गहराई

Abyssinian, *n.* (अ्बिसीनिअन) native of Abyssinia. अबीसीनिआ निवासी

Ac, (अ्क) *pref.* in sense of *'on' e.g.* Acknowledge. "ऊपर" अर्थ में उपसर्ग की तरह जोड़ा जाता है; *suf.* in forming *adjectives.* विशेषण बनाने में प्रत्यय की तरह जोड़ा जाता है, यथा-cardiac

Acacia, *n.* (अकेशिआ) a genus of tr yielding gum arabic, gum arabic. गोंद उत्पन्न करने वाला बबूल का वृक्ष

Academian, *n.* (अ्कॉडिमियन) a member of an academy. विद्वत्परिषद् या मण्डलो का सभासद

Academic, *adj.* (अ्काडेमिक) pertaining to an academy, scholarly, abstract, unpractical. विद्योपार्जन या विश्वविद्यालय सम्बन्धी, शास्त्रीय ज्ञान-विज्ञान संबंधी, **Academical,** *adj.* (-इक्-अल्) of college or university, theoretical. शास्त्र-विषयक (जो प्रयोग से भिन्न हो), विश्वविद्यालय का शैक्षिक, **Academicals,** *n.* (-मिकल्स) the gown which is worn by the members of a university. विश्वविद्यालय का विशेष वस्त्र; **Academist,** *n.* (-इस्ट) member of an academy. किसी विश्वविद्यालय या विद्वत्समाज का सदस्य

Academy, *n.* (अ्काडेमी) place of study, university, college or school, place of special training, a society for cultivating of arts, literature & c. विद्योपार्जन का स्थान,

Acardiac, *adj.* (अ्कारडिअक) without a heart. बिना हृदय का, जिसमें हृदय न हो

Acarpous, *adj.* (अ्करपस) not producing fruit, sterile. फल न उत्पन्न करनेवाला (वृक्ष), अनुपजाऊ, बाँझ

Acatalepsy, *n.* (अ्कॉटआलेपसि) unknowingness. अजानकारी, अज्ञेयता

Acaulous, *adj.* (अ्कॉलस्) having no stem or very short stem. ऐसे वृक्ष जिसमें पृथ्वी के ऊपर बहुत छोटा तना होता है या नहीं होता, बिना तने का

Accede, *v.t.* (ऑक्सीड) consent, agree, to arrive at a place or condition, enter an office, to join a party. किसी स्थान या अवस्था को पहुँचना, सामने आना, पहुँचना, कार्यभार या पद ग्रहण करना, किसी सभा में सम्मिलित होना, स्वीकार करना या मानना

Accelerate, *v.t. & i.* (ऑक्सिलरेट्) to make quick, to become swift, to expedite, to put on pace, cause to happen earlier. शीघ्रता करना, गति बढ़ाना, त्वरित करना, द्रुततर करना, **Acceleration,** *n.* (-एँशन्) an increase of speed. गति-वृद्धि, तेजी; **Accelerative,** *adj.* (-इव) quickening motion. गति बढ़ाने वाला कि या यंत्र; **Accelerator,** *n.* (-एटर) one who or that which increases speed. गति बढ़ानेवाला व्यक्ति या यंत्र; **Acceleratory,** *adj.* (-रि) increasing speed. गति बढ़ानेवाला

Accendible, *adj.* (-इब्ल) capable of being kindled. जलाने योग्य; **Accendibility,** *n.* (-इटि) inflammability. ज्वलनशीलता, ज्वलनयोग्यता

Accension, *n.* (ऑकसेन्शन्) the act of kindling. आग जलाने का कार्य

Accent, *n.* (ऑक्सेन्ट) prominence given to a syllable by stress, a mark (') used for emphasis, modulation of the voice. यति, स्वराघात, (बोलने का) लहजा, बल, आघात, किसी पदांश या शब्द पर दबाव देकर बोलना, उच्चारण चिन्ह, स्वर, ऐसे उच्चारण के लिए उपयोग किया हुआ चिन्ह ('); *v.t.* to mark or pronounce with an accent. ऐसे दबाव को प्रकट करना; **Accentuate,** *v.t.* (-यू-एट्) to mark or pronounce with an accent. ऐसे दबाव या चिह्न का उच्चारण करना; **Accentuation,** *n.* (-शन) accenting. अक्षरों पर दबाव डालकर उच्चारण

Accent, *v.t.* (ऑक्सेन्ट) pronounce with accent, emphasize, dwell upon. स्वराघात पूर्वक बोलना, विशिष्टीकरण करना

Accept, *v.t. & i.* (ऑक्सेप्ट) to receive, to agree to, to agree to meet a bill, to regard with favour, receive as true. स्वीकार करना, सकारना, मानना, प्रतिग्रहण करना, विश्वास करना, लेना, मंजूर करना, कृपापूर्वक अंगीकार करना, पाना; **Acceptability,** *n.* (-लिटी) acceptableness, quality of being acceptable. स्वीकार्यता, ग्राह्यता; **Acceptable,** *adj.* (-ब्ल) worth accepting, capable of being received, welcome, pleasing, gratifying. स्वीकार योग्य, प्रिय, ग्राह्य, मनोरम; **Acceptance,** *n.* (-टेन्स) a consent to receive, favourable reception, approval, belief, accepted bill. स्वीकार, विश्वास, स्वीकारी हुई, मजूरी, रजामन्दी; **Acceptation,** *n.* (ए-शन) reception, the recognised meaning of a word, sense in which a word is used. किसी शब्द का स्वीकृत अर्थ, कृपापूर्वक स्वागत; **Acceptor,** *n.* (-टर) a person who accepts bill. स्वीकारक, हुंडी या पुरजा सकारनेवाला

Access, *n.* (ऑक्सेस) near approach, addition, means of approaching, growth, admittance. समीप में पहुँच, प्रवेश का साधन, पैठ, गुजर, अभिगम, रोग का आक्रमण; *Easy of access* (approachable). पहुँच होना; *To have access* to (to approach) प्रवेश-योग्यता; **Accessibility,** *n.* (-इटि) approach-ableness. प्रवेश-योग्यता; **Accessible,** *adj.* (-इब्ल) approachable. प्रवेश के योग्य (प्राप्य); **Accessibly,** *a.* (-बलि) in a way so as to approach. प्रवेश पाने योग्य रीति से

Accessary, *n.* (ऑसेसरि) helper in an act, accompanying, privy to an act, contributor, किसी कार्य में साथी, सहायक, साथ का, संलग्न

Accession, *n.* (ऑक्-सेशन) coming to the throne, the act of acceeding, coming to an office, ascent, attaining to manhood, addition. राज्याभिषेक, अधिमिलन परिग्रहण, पदग्रहण, अनुवृद्धि; **Accessional,** *adj.* (-अल्) additional. अतिरिक्त, अधिक

Accessory, *a.* (ऑसेसरि) additional, adventitious. अधिक, अतिरिक्त; *Thing, accompaniment.* अतिरिक्त, सहायक, उपांग, उपसाधन, गौण

Accidence, *n.* (ऑक्सिडेन्स) the part of grammar dealing with inflections, the elements of a subject. व्याकरण का प्रत्यय विभाग, रूपावली, किसी विषय के मूल (प्रधान) तत्त्व, शब्दानुशासन, रूप साधन

Accident, *n.* (ऑक्सिडेन्ट) event without apparent cause, fortune, unexpected event, unintentional act, chance, mishap. दुर्घटना, घटना, आकस्मिक घटना, सयोग, इत्तफाक, उपलक्षण, अतार्त्विक गुण, असहज गुण; **Accidental,** *adj.* (ए-न्टल) happening by chance, unusual, occasional. आकस्मिक, सयोगिक, अचानक; **Accidentalism,** *n.* (-लिजम) effect produced by light's accidental rays. प्रकाश की आकस्मिक किरणों से उत्पन्न प्रभाव; **Accidentally,** *adj.* (-लि) by chance, unintentionally. अकस्मात, विधिवशात

Accidented, *adj.* (ऑक्सिडेन्टएड) of undulating, uneven or wavy surface. असमतल, ऊँचे-नीचे धरातल का

Accipitral, *adj.* (ऑक्सिपिट्रल) like a hawk, keen-sighted. (श्येन पक्षी) बाज की तरह का, तीक्ष्ण दृष्टिवाला

Accismus, *n.* (ऑक्-सिज्-मस) an affected refusal. बनावटी निषेध या इनकार

Acclaim, *v.t.* (ऑक्-क्लेम) welcome loudly, to shout, to hail. जय-जयकार करना, स्तुति करना, साधुवाद देना

Acclamation, *n.* (ऑक्-क्लॉमेशन्) loud and eager assent, a shout of applause, *(pl.)* shoutings. जयजयकार, जयघोष, साधुवाद, मौखिक मतदान, मंजूरी; **Acclamatory,** *adj* (-टरि) expressing applause or joy. आनन्द-सूचक

Acclimatise, *v.t.* (अँक्लेमटाइज) habituate to a foreign climate. परदेश की जलवायु का अभ्यास करना; **Acclimatization,** (-टाइज्-ऍशन), **Acclimatation,** (-टेशन) habit, process or state of becoming habituated to a foreign climate. विदेश की जलवायु का अभ्यास होना

Acclinal, *adj.* (ऑक्लाइनल) sloping upwards. ऊपर की ओर ढालुवाँ होता हुआ

Acclivity, *n.* (ऑक्लिविटि) an upward slope of a hill, ascent. पहाड़ की चढ़ाई, चढ़ाव; **Acclivus,** *adj.* (-वस) rising upwards. चढ़ाई वाला, ऊपर चढ़ाववाला

Accolade, *n.* (आक्कोलेड्) a ceremony used in conferring knighthood. नाइट (सर) की पदवी प्रदान करने के समय का एक विशेष प्रकार का संस्कार

Accolent, *adj.* (आक्-कॉलेन्ट) one who dwells near, borderer. समीप में निवास करनेवाला, पड़ोसी

Accommodate, *v.t.* (ऑक्-कॉम्-अँ-डेट) to make suitable, to adapt, to correspond, to settle difference between, to find lodging for, to harmonize, to reconcile. स्थान देना, अनुकूल करना, योग्य करना, सामंजस्य स्थापित करना, समझौता होना, एक ढंग का करना; **Accommodating,** *adj.* (-टिंग) obliging, easy to deal with, pliable. उपकारी, मिलनसार, निबाहने वाला; **Accommodation,** *n.* (-डेशन) adaptation, compromise, adjustment, settlement, lodging, space. अनुकूलन, उपकरण, समायोजन, (स्वत.) समंजन (आँख का); सुविधा, डेरा, वास, आवास स्थान, जगह, स्थान; **Accommodative,** *a.* (-इव) ready or apt to accommodate, furnishing accommodation, adaptive. समंजनशील, निबाहने वाला, डेरा की व्यवस्था करनेवाला, *Accommodation Bill,* (a bill of exchange). हुण्डी, रुक्का; *Accommod-ation ladder,* (a light ladder hung over the side of a ship). जहाज पर से पानी तक उतरने-चढ़ने की हलकी सीढ़ी; **Accommodator,** (-टर) one who accommodates. हित साधक, उपयोगी, झगड़े का निर्णय करनेवाला

Accompanier, *n.* (ऑकम्पॉनिअर) one who accompanies. साथ देनेवाला

Accompaniment, *n.* (ऑक्कम्पनिमेन्ट) accompanying thing, appendage, subsidiary part. उपकरण, साथ, सहायक, संलग्न वस्तु; **Accompanist,** *n.* (-इस्ट) the performer in music who takes the accompanying part. संगत करने वाला, संगतकार, साथ देने या रहनेवाला

Accompany, *v.t.* (ऑक्कम्पॉनि) to go with, to escort, attend, to play. साथ जाना, सेवा करना, टहल करना, संगति करना, साथ गाना या बजाना, संलग्न करना

Accomplice, *n.* (ऑक-ऑम-प्लिस्) an associate or partner in crime or guilt. सह अपराधी, सहकर्मी

Accompliceship, *n.* (ऑकॉम्प्लिस-शिप), **Accomplicity,** (इ-टि) criminal assistance. अपराध करने में सहायता

Accomplish, *v.t.* (अॅकम्-प्लिश) to finish entirely, perform, carry out, to fulfil, succeed in doing. पूरा करना, निष्पन्न करना, सिद्ध करना, कर लेना, संवारना, निखारना; **Accomplishable,** *adj.* (-एंब्ल्) to able to be accomplished. पूरा करने के योग्य; **Accomplished,** *adj.* (-ड्) perfected, possessing accomplishments, elegant, polished, having a finished education. पूरा, निष्पन्न, पूर्ण, कुशल, संस्कारित, विद्यासम्पन्न; **Accomplishment,** *n.* (-मेंट) elegance, achievement, fulfilment. प्राप्ति, सिद्धि

Accord, *v.i. & t.* (अॅक्-कॉर्ड्) to agree, to reconcile, to be consistent with, to be in harmony, to correspond, to grant. राजी होना, मिलना, मेल खाना, अनुरूप होना, संगत बैठना, समान होना, राजी करना; *Agreement, harmony, treaty of peace.* मिलान, रजामंदी, मेल, एक सुर होना; *Of one's own accord* (of one's own free will). अपनी इच्छानुसार, राजी खुशी से; **Accordance,** *n.* (-आन्स) conformity, agreement, harmony, unison. समानता, रजामंदी, अनुरूपता; **Accordant,** a. (-आन्ट) agreeing, corresponding in tune, अनुसार, सुर या लय में

According, *a.* (अॅक्-कॉर्ड्-इङ्ग्) agreeing, in accordance with. अनुरूप (समान), एक-सा; **According as** (in proportion as.) के अनुसार, मानो, जिस प्रकार; *According to* (in accordance with.) अनुसार, समान; **Accordingly,** *a.* (-लि) agreeably, consequently, in natural course. तदनुसार (उस तरह से) वैसे, उसी प्रकार से

Accordion, *n.* (अॅक-कार्डिअन्) portable musical instrument with bellows, keys, and metal reeds. हाथ से बजाने का छोटा बाजा

Accost, *v.t.* (अॅक-कास्ट) to speak first, to address, solicit, to greet. सम्भाषण करना, बोलना, कुशल-क्षेम पूछना

Accouchement, *n.* (अॅक-कुश-मेन्ट) delivery in childbed. बच्चे का जन्म; **Accoucheur,** *n.* (-क्-शूर) an obstetrician, a man who assists women in childbirth. बच्चा जनानेवाला मनुष्य, प्रसूति वैद्य

Account, *v.t. & i.* (एंक-काउन्ट) consider, regard, give reckoning for, to value, answer, to explain the cause of (used with for). लेखा या खाता रखना, गणना करना, हिसाब लगाना, कारण बताना, उत्तरदायी होना, विवरण देना; *n.* counting, reckoning, statement of money recceived and expended, calculation, explanation, ground, reason, estimation, narration. गणना, जमाखर्च करना, स्पष्टीकरण, कारण, हिसाब, वृत्तान्त, जाँच; **Accountable,** *adj.* (-एंब्ल्) responsible, liable, explicable उत्तरदायी, जवाबदेह; **Accountableness,** *n.* (-नेस्) उत्तरदायित्व, जवाबदेही. **Accountability,** *n.* (-लिटि) liability, responsibility, जवाबदेही, उत्तरदायित्व; **Accountably,** *a.* (-एंब्-लि) हिसाब-किताब से; **Accountancy,** *n.* (एंकाउन्टेनसि) the profession of an accountant. मुनीमी. **Accountant,** *n.* (-आंन्ट) keeper or inspector of accounts. लेखाकारक, हिसाब-किताब भली भाँति समझनेवाला; **Accountantship,** *n.* (-शिप्) the duties or office of an accountant. मुनीम का पद या कार्य; *Account book* (a book in which accounts are kept). लेखा बही; *Account current* (a running or open account). चलता हिसाब-किताब *For account of* (on behalf of.) वास्ते, लिये; *In account with* (having credit relations with.) हिसाब में; *On account, to account* (an instalment or payment). किस्त का भुगतान (अदायगी); *On one's own account* (for one's own purpose.) अपने ही कारण से; *On account of* (because of.) कारण से, वास्ते, लिये; *To call to account* (to enquire cause of.) कारण पूछना; *To take into account* (to consider.) विचार करना; *To take no account of* (to overlook). उपेक्षा (अनादर) करना, परवाह न करना

Accoutre, *v.t.* (अॅक्कटर्) attire, equip with special costume. वर्दी (या वस्त्रों) से सजाना, लैस करना; **Accoutrements,** *n. plu.* (-मेन्ट्स) military equipment, trappings, army dress, apparel. युद्ध के अस्त्र-शस्त्र, साज सज्जा, उपस्कर, साज-सामान, फौजी पोशाक

Accredit, *v.t.* (आॅक्-क्रेडिट्) gain credit for dispose one to believe, send out with credentials, to give credit to, attribute to. श्रेय देना, प्रत्यय देना, विश्वास करना, मानना, प्राधिकृत करना, प्रत्याशित करना, स्वीकृत करना, ठहरना, प्रामाणिक, सिद्ध करना; **Accredited,** *adj.* (-एंड) orthodox, officially recognised persons, generally accepted. प्राय: स्वीकार किया हुआ, कट्टर धर्मावलम्बी

Accrementition, *n.* (आॅक्-क्रेमेनटिश्-अन) gradual increase. क्रमिक वृद्धि

Accrescent, *adj.* (आॅक्रेसेन्ट) enlarged, increasing in size. वृद्धि प्राप्त, बढ़ा हुआ

Accrete, *v.t. & i.* (आॅक्-क्रीट) to grow together, grown into one with something else. साथ उगना, सहवर्धन, सयुक्त करना; **Accretion,** *n.* (-शन) growth by organic enlargement, the growing of separate things into one, increase by external additions. अनेक वस्तुओं की साथ वृद्धि, अभिवृद्धि, उत्तरवृद्धि, (बाहर से अंगों का) सहवर्धन, निरंतर संबद्धता; **Accretive,** *adj.* (-टिव) growing together, increasing by growth. अभिवर्धी, उत्तरवर्धी, सहवर्धी, साथ बढ़नेवाला

Accrue, *v.t.* (आॅक्-क्र) to proceed, to be gained, to come to, increase, to arise, be added. बढ़ना, लाभदायक होना, जमा होना; **Accrument,** *n.* (-मेन्ट) addition, increase. वृद्धि, बढ़ती

Accubation, *n.* (आॅक्यूबेशन) reclining on the couch. चारपाई पर करवट लेना

Accubency, *n.* (आॅक्यूबनसि) the state of being accumbent. टिकाव

Accumbent, *adj.* (आॅक्यूबेनट) leaning or reclining against anything. किसी पदार्थ के सहारे झुकता या टेकता हुआ

Accumulate, *v.t. & i.* (आॅक्यूम्यूलेट) keep up, get together, to amass, acquire, to make money, grow numerous. ढेर लगाना, अंबार लगाना, इकट्ठा करना, बहुत अधिक बढ़ना, संचय करना; **Accumulation,** *n.* (-शन) collection, amassing, money-making, growth of capital, a mass. संचय, ढेर, अंबार, मूलधन की वृद्धि; **Accumulative,** *a.* (-टिव) arising from collection, given to hoarding acquisitive. इकट्ठा करते हुए, संचय शील, सचयी; **Accumulator,** *n.* (-लेटर) what accumulates, a storage battery, apparatus for storing electricity. एकत्र करनेवाला, सचयकर्ता, विद्युत संचायक यंत्र

Accuracy, *n.* (आॅक्यूरासि) exactness, preciseness, correctness. यथार्थता, परिशुद्धता

Accurate, *adj.* (आॅक्यूरेट) precise, exact, correct, without negligence अचूक, शुद्ध, यथार्थ, ठीक; **Accurateness,** *n.* (-नेस) exactness. यथार्थता, सचाई; **Accurately,** *a.* (-लि) exactly, with strict correctness. सही ढंग से, शुद्धता से, परिशुद्ध रूप से

Accurse, *v.t.* (आॅक्-कर्स) to call down curses on, to give curse. शाप देना, दुख या विनाश की कामना करना, कोसना; **Accursed,** *adj.* (-र्ड) detestable, doomed, annoying, (also accurst) lying under a curse. अभिशप्त, पतित

Accurst, *adj.* (आॅक्-कर्स्ट्) accursed. शपित

Accusable, *a.* (आॅक्-क्यूज़ेबल) that may be accused. अभियोज्य, दोष लगाने योग्य

Accusal, *n.* (आॅक्-क्यूसल) crime. जुर्म

Accusant, *n.* (आॅक्-क्यूसएन्ट) one who accuses another. दूसरे को अपराधी ठहरानेवाला; **Accusation,** *n.* (-शन) a charge of offence or crime, one who accuses another, indictment. अभियोग, अभियोजन, अपरोध, दोष

Accusative, *n.* (आॅक्-क्यूज़ेटिव) second case in declension of nouns, accusing, the objective case. दोष लगानेवाला, कर्म कारक, द्वितीय विभक्ति; **Accusatively,** *a.* (-वलि) in the objective case. कर्मकारक में

Accusatory, *a.* (आॅक्क्यूज़ेटरि) containing an accusation. अभियोक्ता, दोष या अभियोग लगानेवाला

Accuse, *v.i.* (आॅक्-क्यूज़) indict, to change with fault, lay the blame on (with *'of'* used before the thing charged.) दोष लगाना, दोषी ठहराना, अभियोग लगाना; **Accused,** *adj.* (-ज़्ड्) charged with a crime or offence, a person or persons charged. अभियोगी, अभियुक्त, दोषी; **Accuser,** *n.*

(-ज़र) one who accuses, one who bring charge against another person. किसी के विरुद्ध दोष या कलंक लगानेवाला मनुष्य, अभियोक्ता

Accustom, *v.t.* (एंक्-कस्टम) habituate, to make familiarise. परिचय कराना, आदत डालना, अभ्यास डालना; **Accustomable,** *adj.* (-एंब्ल्) usual. सामान्य; **Accustomably,** *a.* (-एंब्लि) according to custom. रीति या प्रथा के अनुसार; **Accustomed,** *adj.* (-ड्) habituated, customary, usual, familiar, frequent. अभ्यस्त, परिचित, आदी, प्रचलित, सामान्य

Ace, *n.* (एंस) a unit, a single mark on dice or cards, the smallest possible amount, hair's breadth. इकाई, इक्का (ताश का), छोटी मात्रा, पासे में पौ या ताश के पत्तों की एक्की, रत्ती, श्रेष्ठ (खिलाड़ी)

Aceldama, *n.* (एंसल्डामा) scene of bloodshed or butchery. खूनी अथवा बूचड़खाने का दृश्य

Acentric, *adj.* (एंसेनट्रिक) not centred. केन्द्र में स्थित न रहनेवाला

Acephali, *n.* (एंसफएलि) political parties without a head. बिना नेता का धार्मिक या राजनैतिक संघ; **Acephalism,** *n.* (-इज्म) बिना नेता की स्थिति; **Acephalist,** *n.* (- इस्ट) नेता को न माननेवाला मनुष्य

Acephalous, *adj.* (एंसेफअलस्) headless, without a chief. बिना सिर का, बिना चौधरी या सरदार का

Acephalus, *n.* (एंसेफआलस) verse defective at the beginning. ऐसी कविता जो आरम्भ में दोषपूर्ण हो

Acerb, *a.* (एंसर्ब) bitter and astringent, sharp, sour. कटुअम्ल, कड़वा, खट्टा

Acerbate, *v.t.* (एंसअरबेट) to make sour and bitter. खट्टा और तीता करना **Acerbic,** *adj.* (एंसर्बइक) sour. खट्टा

Acerbity, *n.* (एंसर्बिटी) bitterness of speech, severity, temper, sourness, harsh taste. कसैलापन, तीखा स्वाद, कड़ुवाहट लिए खट्टापन, तीक्ष्णता

Acervate, *p.t.* (एसरवेट) growing in clusters, to heap up. गुच्छों में उगनेवाला, पुंजित, ढेर लगाया हुआ

Acescent, *a.* (एससेन्ट) turning sour. फटा हुआ (दूध), खट्टा

Acetabulum, *n.* (एसीटएब्यूलम) the cavity which receives the head of the thigh-bone. जाँघ की हड्डी के सिरे को बैठानेवाला गर्त

Acetate, *adj.* (एसीइटेट्) a salt of acetic acid which is sour. सिरके के क्षार से निकाला हुआ लवण तत्व

Acetated, *adj.* (आसिटेटेड) treated with acetic acid ऐसिड युक्त, सिरके से बना हुआ

Acetic, *adj.* (आसटिक) like vinegar, sour Acetic acid. सिरके के सदृश्य, ऐसीटिक अम्ल, ऐसीटिक ऐसिड, खट्टा

Acetify, *v.t.* (*p.t. Acetified*) (आसेटिफाइ) to turn into vinegar. ऐसीटिक अम्ल में परिवर्तित करना, सिरका बना देना, खट्टा करना; **Acetification,** *n* (-फिकेशन्) सिरका बनाने का कार्य

Acetous, *adj.* (ऑसीटस) of vinegar, sour. खट्टा

Acetylene, *n.* (आसेटिलीन) colourless gas burning with bright flame. ऐसीटिलीन (गैस), एक गैस जिसके जलने से श्वेत प्रकाश निकलता है

Acharnement, *n.* (आँशारनेमेन्ट्) thirst for blood. हत्या करने की लालसा

Achates, *n.* (अशेट्स्) faithful friend. विश्वासी मित्र

Ache, *v.t.* (एंक्) suffer continuous or prolonged pain. दर्द होना, निरन्तर दर्द; *n.* prolonged pain. निरन्तर पीड़ा

Achievable, *adj.* see **Achieve**

Achieve, *v.t.* (एंचीव) to accomplish to perform, to finish, to obtain, acquire,to execute, to reach, to carry out. कार्य करना, प्राप्त करना, हासिल करना, पहुँचना, पूर्ण करना, संपादित करना, अन्त करना, जीतना; **Achieveble,** *adj.* (-एब्ल) पूर्ण करने योग्य; **Achievement,** *n.* (-मेन्ट्) feat achieved, heroic deed, thing accomplished, accomplishment. भारी करतूत, उपलब्धि, लब्धि, निष्पत्ति; **Achiever,** *n.* (-अर) one who achieves. प्राप्त करनेवाला

Achilous, *adj.* (एकाइलस) without lips. बिना ओठ का, ओष्ठ-रहित

Acholia, *n.* (एकोलिया) want of bile in the body. पित्त का अभाव

Achromatic *adj.* (ऑकरोमेटिक) free from colour, transmitting light

without decomposing it. अवर्णक, अवर्ण, वर्णहीन (वर्ण विपणन के बिना ही प्रकाश संचारण करने वाला); वर्णांध, बिना रङ्ग का; **Achromatize,** *v.t.* (- टाइज) to free from colour. बिना रङ्ग का करना

Acid, *adj.* (एसिड) sour, sharp, biting to the taste, not sweet. खट्टा, अम्लीय, तीखा, चरपरा, मीठा नहीं; *n.* a sour substance. खट्टा या अम्ल पदार्थ

Acidification, *n.* (आसिडिफिकेशन) the process of acidifying. अम्लीकरण

Acidify, *v.t. & i. (p.t. Acidified)* (आसिडिफाइ) to make acid, to convert into an acid. अम्लित करना, खट्टा करना

Acidimeter, *n.* (आसिडिमीटर) an instrument for ascertaining the strength of acids. अम्ल की शक्ति नापने का यन्त्र; **Acidity,** *n.* (-टि) the quality of being sour. अम्लता, खट्टापन, तीक्ष्णता

Acidulated, *a.* (आसिडुलेटेड) made somewhat acid. कुछ खट्टा या अम्ल

Acidulous, *a.* (आसिड्यूलस) somewhat acid. कुछ खट्टा या अम्ल

Acidulate, *v.t.* (-लेट) to make slightly sour. थोड़ा खट्टा करना

Aciform, *adj.* (आसिफॉर्म) like a needle. सूई की आकृति के समाने, सूच्याकार

Acknowledge, *v.t.* (ऑकनालेज) to admit the truth of, to admit, to announce receipt of letter, to own, to express appreciation of services. सत्यता स्वीकार करना, पावती देना, अभिस्वीकार करना, समझना, कबूलना, रसीद लिखकर स्वीकार करना; **Acknowledgeable,** *adj.* (-ऐब्ल) that may be admitted. स्वीकृति योग्य; **Acknowledgement** *n.* (-मेन्ट) confession, a receipt, thanks, thing given in return for a service, recognition. रसीद, प्राप्ति सूचना; **Acknowledger,** *n.* (-अर) स्वीकार करनेवाला

Aclinic, *adj.* (आक्लिनिक) having no inclination. बिना झुकाव या डुबाव का

Acme, *n.* (आकमि) highest point, point of perfection, the prime. चरम बिंदु, शिखर, परिपूर्णता, पराकाष्ठा, संकटकाल

Acne, *n.* (आकनि) pimple, disease marked by pimples. मुँहासा, डोंडसा

Acock, *a.* (आकाक) in cocked manner. ऐचपन से; *adj.* alert. ऐंचा, सावधान

Acolyte, *n.* (आकालाइटे) an attendant, inferior officer in church attending priest. एक परिचारी चर्च के पादरी का कनिष्ठ परिचारी अधिकारी

Aconite, *n.* (आकानाइट) a poisonous plant. कुचला; **Aconitic,** *adj.* (-इक्) pertaining to aconite. कुचला सम्बन्धी

Acopic, *adj.* (आकॉपिक) removing weariness. थकावट हटानेवाला

Acorn, *n.* (एकॉर्न) fruit of the oak tree. शाहबलूत, बंजफल, बांजफल का प्यालेनुमा भाग, जैतून का वृक्ष का फल; **Acorned,** *adj.* (-ड्) loaded with acorns. जैतून के फल से परिपूर्ण

Accorn-shell, *n.* (ऐकॉर्न-शैल) a marine animal ऐकॉर्न कवची (जतु)

Acosmism, *n.* (आकॉजमिज्म) the denial of the existence of an eternal world. अविश्ववाद, अप्रपंचवाद, ब्राह्मविश्वनिषेध (संसार की शाश्वतता में अविश्वास, ईश्वर से पृथक, संसार के अस्तित्व में अविश्वास)

Acotyledon, *n.* (आकाटिलेडन) plant with no distinct seed-lobes. अबीजपत्र

Acotyledonous, *a.* (आकाटिलेडनस) having no seed lobes. अबीजपत्री

Age, *n.* (एज्) length of life or existence, historical or other period, latter part of life, maturity of years. आयु, जीवनावधि, उम्र, वय, वयस, प्रौढ़ता, वयस्कता, बालिग उम्र, वृद्धावस्था, काल, युग, दीर्घ अवधि, पीढ़ी, शताब्दी; *To come of age, to be of age.* जवान होना; **Aged,** *a.* (एज्ड) of the age of old. बुड्ढा, वृद्ध, उमरदार; **Ageless,** *a.* (-लैस) never growing old. चिरयुवा, काल अप्रभावित, अनंतकालीन, वृद्ध न होनेवाला

Agency, *n.* (एजेन्सी) action, office of agent, business establishment. एजेन्सी (एजेन्ट का कार्यालय या धंधा)

Agenda, *n. pl.* (आजेन्डा) memoranda, the items of business to be considered at a meeting, things to be done. कार्यसूची, कार्यक्रम, कार्यावलि

Agent, *n.* (एजेन्ट) a person or thing

producing an effect, one who represents a person on a firm in business, one who does actual work. कर्ता, मुनीम, कारिन्दा, मुख्तारआम, अभिकर्ता, कर्मक, एजेन्ट, कारिंदा, बैंक मैनेजर

Agential, *adj.* (एजेनशील) pertaining to an agent. अढ़तिया सम्बन्धी

Agglomerate, *v.t. & i.* (आग्लोमिरेट्) collect or gather into a mass. पिंड बनाना या बन जाना, ढेर लगाना, गोला बाँधना, एकत्रित करना; **Agglomeration,** *n.* (-शन) a growing or heaping together, a mass, collection. समुदाय, पुंजन, संपिंडन, ढेर, संकुलन, समूह, समूहन; **Agglomerative,** *adj.* (-टिव) heaping together पुंजीय, संपिंडी, पिंड संबंधी, ढेर करने (लगने) वाला

Agglutinate, *v.t. & i.* (आग्ल्-ग्लू-टिन्-नेट्) units as with glue, form (words) into compounds. चिपकाना, सरेस लगाना या सरेस से जोड़ना, समूहन करना, अभिश्लिष्ट (भाषा) होना; *adj.* united as with glue. सरेस से जोड़ा हुआ; **Agglutinant,** *n.* (-टि-नॉन्ट्) united, uniting agent. जुड़ा हुआ, जोड़नेवाला; **Agglutination,** *n.* (-शन) *a.* adhesion of parts. भागों का जुड़ना या चिपकना

Aggrandize, *v.t.* (आग्रीन्डाइज) increase power or rank, exaggerate, to progress, to extend or enlarge. शक्ति अथवा पदवी बढ़ाना, उन्नति करना, फैलाना, विवर्धन करना, बढ़ाना; **Aggrandizement,** *n.* (आग्रान्डाइज्मेंट) act of aggrandizing, advancement, state of being aggrandized, augmentation. विवर्धन, अतिकथन, बढ़ोत्तरी करना, अभ्युदय

Aggravate, *v.t.* (आग्रेवेट्) make more grievous, increase the gravity of, to exasperate, annoy, provoke. अपवृद्धि करना, बढ़ाना, (रोग को) गंभीरतर करना, बिगाड़ देना, तीव्र (करना, उत्तेजित या क्रोधित करना); **Aggravation,** *n.* (-वेशन) the act of making worse, provocation. वृद्धि, अपवृद्धि, बढ़ाना, गंभीरतर स्थिति, बिगाड़, उत्तेजना, भड़काव; **Aggravator,** *n.* (-वेटर) one who aggravates. उत्तेजित करने वाला, भड़काने वाला

Aggregate, *adj.* (आग्रिगेट्) to accumulate, to collect together, total. समुच्चित, पुंजित, कुल, एकत्रित करना, समाहृत, समस्त; *adj.* collected into a body. इकट्ठा करना; *v.t. & i.* to collect together, unite. एकत्र करना; *In the aggregate* (as a whole). समुच्चय करना, पुंज बनाना, जोड़ना, योग करना; **Aggregation,** *n.* (-शन) the act of collecting together, collection. एकत्रीकरण, समुच्चयन, पुंजन, समूहन, समुच्चय, पुंज; **Aggregative,** *adj.* (-टिव) collective. एकत्रित (इकट्ठा) किये जाने योग्य, समुच्चित, पुंजित, कुल, समाहृत, समस्त

Aggress, *v.t.* (आग्रेस) to begin a quarrel, to make a first attack. पहिले छेड़छाड़ करना, प्रथम आक्रमण करना; **Aggression,** *n.* (-शन) the first act of hostility, a breach of peace, unprovoked attack, inroad. उग्रघर्षण, प्रथम आक्रमण, हमला, शान्तिभंग; **Aggressive,** *adj.* (-सिव्) making the first attack. आक्रामक, आक्रमणशील, प्रथम आक्रमण करनेवाला; **Aggressor,** *n.* (-सर्) one that begins to attack or injure. अग्रघर्षक, आक्रमणकर्त्ता, झगड़े में अगुआ

Aggrieve, *v.t.* (आग्रीव) to distress, to pain or injure, to oppress. दुःख देना, कष्ट पीड़ा देना, व्यथा पहुँचना; **Aggrieved,** *adj.* (आग्रीव्ड्) having a grievance, distressed. पीड़ित, असंतुष्ट, खिन्न, दुःखी

Aghast, *adj.* (एंगास्ट्) terrified, stupefied with horror. डरा हुआ, त्रस्त, भय से चकित (हक्का-बक्का), भयाक्रांत, भौचक्का

Agility, *n.* (एंजिलिटि) activity, quickness. चपलता, फुर्ती

Agio, *n.* (एंजिओ) charge for changing paper money into cash or one currency into another. बट्टा, बढ़ौती, विनिमय, मुद्रा विनिमय; **Agiotage,** *n.* (-टेज) stock jobbing, exchange business. विनिमय व्यापार, बट्टे का व्यापार

Agist, *v.t.* (एंजिस्ट) to take others' cattle to feed for a sum. कुछ धन लेकर चराने के लिए दूसरे के पशु ले जाना

Agitate, *v.t. & i.* (एंजिटेट्) to shake, to excite, to disturb, to move, to discuss. हिलाना, चलाना, विलोडन करना, हटाना विक्षुब्ध करना, उत्तेजित करना, हलचल-मचाना (घबड़ाना); **Agitated,** *adj.* (-एड) excited. उत्तेजित; **Agitator,** *n.*

(-टर्) one who excites or keeps up a public agitation, one who or that which agitates, an apparatus for mixing. उद्वेग उत्पन्न करनेवाला मनुष्य, पदार्थों को मिलानेवाला यन्त्र, उत्पाती, आंदोलनकर्ता

Agitation, *n.* (ऍजिटेशन्) disturbed state of mind, debate, commotion, disturbance, keeping of a matter before the public. व्याकुलता, प्रक्षोभ, विलोडन, आंदोलन, अशांति, गड़बड़ी,

Aglet, Aiglet, *n.* (आग्लेट्) metal tag of a lace, catkin. घुंडी, सलमा-सितारा, झालर, फीते या चेन के किनारे पर लगाने की धातु की नोक

Aglimmer, *a.* (आग्लिमअर) in a glimmering manner. चमकते हुए

Aglitter *a. & a.* (आग्लिटर) shiny दमकता हुआ, चमकते हुए

Aglow, *a.* (आग्लो) in a glowing. गरम (लाल), चमकता हुआ

Aglotate, *n.* (एग्लॉटेट) exchange business. विनिमय व्यापार

Agnail, *n.* (आग्नेल) torn skin at root of finger-nail, whitlow, corn, soreness resulting from it. तितुना, गलका, सतुरा (नख) का उखड़ना, गलका, पैर की अँगुली का गोखरू या घट्ठा

Agname (आग्नेम) *n.* नाम व कुल नाम से भिन्न इतरनाम; *a.* agnamed. इतरनामी

Agnate, *a.* (आग्नेट्) descended from same male ancestor of same clan or nation, any relation of the father's side. सगोत्र, पूर्वज, सपिंड, सगोत्रीय, सगोत्रता, सपिंडता; *n.* a person related on the father's side or through males only. सगोत्री, एक ही पिता से उत्पन्न; **Agnise** *v.t.* मानना, स्वीकार करना

Agnomen, *n.* (आग्नॉमन) additional name of a person. उपनाम, उपाधि

Agnostic, *n.* (आग्नॉस्टिक) one who holds that nothing is to be known of a God or of anything but material phenomena. वह व्यक्ति जिसका सिद्धान्त यह है कि ईश्वर के विषय में न कुछ जाना गया है न जाना जा सकता है; अज्ञेयवादी, अज्ञेयवाद; **Agnosticism,** *n.* (-सिज्म) the doctrine held by an agnostic. अज्ञेयवाद, ऐसा सिद्धान्त

Agnus, *n.* (ऍगनस) a lamb. भेड़ या बकरी का बच्चा, मेमना

Ago, *adj. & a.* (ऍगो) past, in time gone by. व्यतीत, पहले, बीता हुआ (पूर्व)

Agog, *adj. & a.* (एगॉग) eager, on the look-out, expectant, in eager excitement. आशायुक्त, विकल, गतिमान, आतुर, उत्सुक

Agoing, *a.* (ऍगोइंग) going on, current, to set a mill agoing. गतिमान, प्रचलित, चलायमान, चलता हुआ

Agone, *adj.* (ऍगोनि) ago, past. व्यतीत, बिता हुआ

Agonic, *adj.* (ऍगॉनिक्) making no angle. शून्य, दिक्पाती, कोण रहित, अकोणी, अकोण (जो कोई कोण न बनाए)

Agonist, *n.* (ऍगोनिसट) a combatant, a champion. योद्धा, लड़का

Agonize, *v.t. & i.* (ऍगानाइज़) to cause agony, to torture, to make desperate efforts. पीड़ा देना, संघर्ष करना, यंत्रणा सहन करना, तड़पना, यंत्रणा देना, दुख देना, तड़पाना, सताना

Agony, *n.* (ऍगानि) intense bodily or mental suffering, pangs of death, a severe struggle. असह्य वेदना, यंत्रणा, संताप, जीवन-मरण, संघर्ष (खेलों में), यातना

Agoraphobia, *n.* (आगॅराफोबिया) morbid dread of public places, fear of crowds. भीड़ से डर लगना, विवृत्ति-भीति

Agouti, Aguti *n.* ऐगाउटी (चूहा) agraffe. मुड़ा हुआ वक्सुआ, हुक; *Agrands frais.* भारी कीमत पर; **Agraphia** *n.* लेखन अक्षमता *a.* agraphic. लेखन अक्षमता संबंधी

Agrarian, *adj.* (एग्रेरिअन्) relating to landed property, of cultivated land, rural. भूमि संबंधी, क्षेत्रिक, भू-वितरणात्मक, कृषि संबंधी; **Agravic** *a.* गुरुत्वहीन (स्थान या अवस्था)

Agree, *v.i.* (एग्री) to consent, to concur, to settle a price, be in harmony with, to resemble, to be wholesome to or for. एकमत होना, अनुकूल होना, सहमत होना, राजी होना, संगत होना, व्याकरणिक समानता रखना (वचन, लिंग, काल आदि में), हिसाब मिलाना, राजी कराना, सहमत कराना; **Agreeable,** *adj.* (-ऍब्ल) pleasing, well-disposed, favourable conformable. स्वीकार्य, मुआफिक, रुचिकर, पसंद, आनन्दकर, राजी, अनुकूल,

सहमत, आरामदेह; **Agreeableness,** *n.* (-एब्लनेस) suitableness. अनुरूपता; **Agreeably,** *a.* (-एब्लि) suitable, pleasingly. चाव से, प्रसन्नता से; **Agreement,** *n.* (एग्रीमेन्ट) mutual understanding, correspondence, legal contract. समझौता, राजीनामा, करार, अनुबंध, सहमति, एक लय, रजामन्दी, मेल, अनुरूपता, स्वीकारपत्र

Agrege (एग्रेज) सफल प्रत्याशी, चुना गया उम्मीदवार

Agrestic, *adj.* (एग्रेस्टिक) rural, rustic, of the country, uncouth. खेलों का, देहाती, गँवार, ग्रामीण, भद्दा

Agricultural, *adj.* (एग्रिकल्चरल) regarding cultivation of soil, to pertaining to agriculture or husbandry. कृषि संबंधी, कृषीय, कृषि, खेती का

Agriculture, *n.* (एग्रिकल्चर) cultivation of soil, husbandry. कृषि, खेती (काश्तकारी), कृषि विज्ञान; **Agriculturist,** *n.* (-इस्ट्) one who is engaged in husbandry, farmer. खेती के कार्य में नियुक्त (लगा हुआ), खेतिहर, किसान, कृषक

Agrimony *n.* (एग्रीमनी) पौधा; **Agrin,** *a.* दाँत निपोरते हुए; **Agriology** *n.* आदिमजनों के रीति-रिवाजों का तुलनात्मक अध्ययन; *Agro* (in composition). मृदा संबंधी, कृषि संबंधी; **Agrobiological** *a.* कृषि जैविकीय; **Agrobiology** *n.* कृषि जैविकी; **Agrobiologist** कृषि जैविकीविद्; **Agrology** *n.* कृषि विज्ञान, कृषि शास्त्र; **Agrologist** कृषि विज्ञानी, कृषि शास्त्रविद्; **Agronomy** *n.* शस्यविज्ञान; **Agronomial, Agronomic** *a.* शस्यविज्ञानीय; **Agronomist** *n.* शस्यविज्ञानी; **Agrostology** *n.* घास विज्ञान; **Agrostological** *a.* घास विज्ञानीय घास विज्ञान संबंधी; **Agrostologist** घास विज्ञान, घास विज्ञानी

Agronomy, *n.* (आगरॉनअमि) rural economy. ग्रामीण व्यवस्था

Agrostography, *n.* (आग्रासटाग्राफि) scientific description of grass. घासों का वैज्ञानिक वर्णन

Agrostic, *n.* (आग्रॉस्टिक) bent grass. दूबी

Aground, *a.* (ऍं-ग्राउन्ड्) upon the bottom of shallow water, stranded. छिछले जल के तल पर, उथले पानी की तलहटी पर; *To be aground.* मुसीबत में, समुद्र के किनारे पर, जमीन पर, भूग्रस्त

Ague, *n.* (ऐग्यू) a kind of malarial fever accopanied with shivering, fit of shivering. जूड़ी, शीत ज्वर, जड़ैया बुखार, मलेरिया, कँपकँपी का दौरा; **Agued,** *adj.* (-द्) having ague, shivering. कंपायमान, जूड़ी ताप, काँपता हुआ; **Aguish,** *adj.* (-इश) of the nature of ague, with shivering fever, subject to or suffering from ague, coming by fits and starts. जूड़ी जैसा, कँपकँपी जैसा, ज्वर से काँपता हुआ

Ah, *inter.* (आह्) these express sorrow, pain, surprise, joy, admiration, pity. पीड़ा, आह ! हाय ! ओह !

Aha, *inter.* (अहा) expressing surprise, triumph, mockery, contempt & c. वाह वाह! अहा! हा! थुड़ी-थुड़ी

Ahead, *a.* (अहेड) in आगे, सामने advance, in front, headlong, further, on. बढ़कर, से आगे निकलना, आगे की ओर

Aheap *a.* (एहीप) in a heap, trembling with fear. ढ़ेर में, डर से काँपता हुआ

Ahem *interj.* (अहेम) exclamation indicating surprise or disbelief. आश्चर्य या अविश्वास सूचक अव्यय

Ahorseback *a.* (अहॉर्सबीक) on horseback. घोड़े की पीठ पर सवार

Ahoy *interj.* (एहाय) used by sailors in hailing. मल्लाहों की वाहवाही का शब्द

Aid *v.t.* (एड्) to help, to assist, to promote, *n.* help, helper, helpful thing. मदद करना, सहायता करना; **Aider** *n.* (एड्र) a helper. सहायक; **Aidless** *adj.* (लेस) helpless, without assistance. असहाय

Aide-de-camp, *n.* (आडे-डे-कैम्प) officer assisting general by carrying orders, an attendant on a king or general. आर्थिक सहायता, सेनापति या राजा का शरीर-रक्षक, अनुदान, मददगार, मदद, सहायता, सहारा, इमदाद

Aiglet *n.* (एगलेट्) a young eagle. छोटा (युवा) बाज (श्येन) पक्षी

Aigrette, *n.* (आएग्रेट) , a white heron, tuft of feathers or hair, spray of gems. सफेद सारस पक्षी, बगुला. परों का गुच्छा, रत्नों की बनी क्लगी

Aiguille, *n.* (ऍग्यूले) sharp peak of rock. पतली नुकीली चोटी, पतला छेद करने वाला औजार, छेनी

Ail, *v.t. & i.* (ऐल) to feel pain, feel trouble, afflict, be ill. तकलीफ होना, कष्ट होना, बीमार पड़ना; *v.t.* to afflict, to trouble. कष्ट देना दुःख देना; **Ailment,** *n.* (-मेन्ट) indisposition, illness, disease. कठिनाई, अस्वस्थता, व्यथा, पीड़ा

Aile, *n.* (आइल) same as Aisle

Aileron, *n.* (एलिरन) the control flap behind the wings of an aeroplane. हवाई जहाज के पीछे की पतवार

Aim, *v.t. & i.* (एम्) to direct at, to point at, to make an attempt, to leave a weapon at, to direct one's ambition. लक्ष्य बनाना, निशाना बाँधना, निशाना मारना, लक्ष्य की तरफ छोड़ना, ताक में रहना, चेष्टा करना; *n.* direction of a weapon, design, purpose. मन्तव्य, उद्देश्य, लक्ष्य; *Unerring aim.* अचूक निशाना; of single aim (or purpose). एक ही उद्देश्य; **Aimless,** *adj.* (-लैस) without purpose, without fixed aim purposeless निरुद्देश्यता, लक्ष्यहीनता, बिना लक्ष्य का; **Aimlessly,** *a.* (-लैसलि) without any aim or purpose. बिना उद्देश्य के

Air, *n.* (ऍअर) the atmosphere, gaseous mixture of oxygen and nitrogen enveloping the earth, open space, a breeze outward appearance, confident beaming. वायुमण्डल, हवा, खुली जगह; *In the open air* (exposed to the air). खुली हवा में; *In the air* (a mid-space). अधर में, अंतरिक्ष में; *To take air* (to become known). जानकारी में आना, प्रसिद्ध होना; *Quite in the air* (quite uncertain). एकदम अनिश्चित; *Castles in the air* (visionary projects). हवाई किले बनाना; *Air-bladder* (air-cushion) हवा भरी हुई थैली; (*pl.*) affected manners. हवा से भरा हुआ तकिया, हवा, वात, साँस, वातावरण, पर्यावरण, आकृति, चालढाल, दिखावा, बनावटी, व्यवहार, अकड़, नखरा, लय, धुन; *Expose to air, ventilate, make known, show off-* हवा देना, हवा में रखना, निष्कासित करना, दिखावा करना, प्रसारण करना, प्रसारित करना, विज्ञापित करना, हवा लेना, रौब लेना; **Air-bath,** *n.* (-बाथ) an appliance of dry objects by passing air through it. वायु द्वारा पदार्थ सुखाने यन्त्र; **Air-brake,** (-ब्रेक) a brake worked by compression of air. रेलगाड़ियों में हवा खींचकर पहियों को रोकने साधन; **Air chamber,** (-चम्बेर) chamber enclosing air. वायु भरने की कोठरी; **Aircraft,** *n.* (-क्राफ्ट) aeroplanes, airships and balloons. वायुयान, विमान; **Air cushion,** (-क्योशन) a cushion filled with air. हवा भरी हुई तकिया या गद्दी; **Air-engine,** (-इन्जन) engine moved by the expansion and compression of air. गरम हवा से चलाया जानेवाला इन्जन; **Air funnel,** (-फनल) contrivance for ventilating a ship's hold. जहाज के भीतरी भाग में वायु का आवागमन कराने का साधन; **Air-gun,** *n.* (-गन) gun using compressed air as a propelling force. वायु दाब चालित बंदूक; **Airless,** *a.* (-लैस) stuffy, still, calm. हल्का, निर्वात, वायुहीन; **Air-liner,** *n.* (-लाइनर) large passenger air-craft. यात्री विमान, बड़ा यात्री वायुयान; **Airman,** *n.* (-मैन) aviator. वायु सैनिक, विमान चालक; **Airpump,** (-पम्प) pump for compressing or exhausting air. हवा भरने या निकालने की पिचकारी; **Airplane,** *n.* (-प्लेन) aeroplane. वायुयान, विमान, हवाई जहाज; **Air-pocket,** *n.* (-पॉकेट) apparent vaccum in air causing aeroplane to drop some distance. वायु गर्त, वायु पॉकेट; **Air-raid,** *n.* (-रेड) attack by aircraft. हवाई हमला; **Airship,** *n.* (-शिप) flying machine lighter than air. वायुपोत; **Air-tight,** *n.* (-टाइट) so tight as to be impermeable to air. वायुरोधी, वायुरुद्ध; **Airway,** *n.* (-वे) a passage for airventilating passage in mine, route regularly follwed by aircraft वायु मार्ग, वायु पथ, हवाई मार्ग; **Airy,** *a.* (-इ) breezy, sprightly. हवादार हवाई लक्ष्यहीन

Aisle, *n.* (आइल्) a lateral division of church, passage between rows of pews. गिरजाघर का एक ओर का भाग, आइल पार्श्व (चर्च आदि का पार्श्व भाग)

Ajar, *a.* (अजर) slightly open, at variance. अधखुली दशा में (जैसे दर्वाजा)

Akimbo, *a.* (एंकिम्बो) with hands on hips and elbows turned out. कमर पर हाथ रखे हुए, कूल्हे पर हाथ टिकाए हुए

Akin, *adj.* (एकिन) related by blood, of similar or kindred character, of the same properties. सगेपन से, समान प्रकृत्ति का, सगा, रक्त संबंधी

Alabaster, *n.* (अल्बास्टर) kinds of carbonate or sulphate of lime, soft marblelike mineral, gypsum. ऐलबास्टर (अर्ध-पारदर्शक चिप्सम) सेलखड़ी, एक प्रकार की नरम श्वेत धातु

Alack, *int.* (एंलाक्) exclamation expressing sorrow. अफसोस! ओह!, हाय!, दुःख सूचक

Alacrious, *adj.* (आलीक्रअस) cheerful, happy. प्रसन्न, खुश

Alacrity, *n.* (अलंकरिटि) briskness, cheerful, ardency, readiness. फुरती, चपलता, तत्परता, खुशी, उत्साह

Alalia, *n.* (अलेलिया) loss of power of speaking. बोली बन्द हो जाना

Alamode, *a.* (अलामोड) fashionable, according to the fashion. आडंबरी, ठाट-बाटवाला, प्रचलित प्रथा के अनुसार, ठाट से

Alamort, *adj.* (अलामार्ट) semi-dead, dejected. अधमरा, उत्साहहीन, उदास

Alar (-y), *adj.* (अलार, -रि) pertaining to the wings. डैना सम्बन्धी

Alarm, *n.* (अलार्म) call to arms, warning sound, warning of approaching danger, a machine to arouse from sleep, hubbub. युद्ध करने की पुकार, चेतावनी, खतरा-संकेत, शंका, संकट घंटी, (घड़ियों आदि का) अलार्म, संत्रास; *To take alarm at.* दचकना; *v.t.* to give the alarm to, to disturb, to frighten. डराना, भयभीत करना; **Alarmed,** *adj.* (-ड) frightened. भयभीत; **Alarming,** *adj.* (-इङ्ग) exciting fear. भयप्रद; **Alarmism,** *n.* (-मिज़्म) panicmongering, fostering a panic. भय की आशंका; **Alarmist,** *n.* (-मिस्ट) a panicmonger, one who creates alarm. भय फैलाने वाला या भय उत्पन्न करनेवाला व्यक्ति

Alarum, *n.* (अलार्म) signal of alarm, an alarm clock. अलार्मघड़ी

Alas, *int.* (अलॉस) pity, exclamation expressing grief, sorrow or concern. हाय! हाय राम! हा हन्त!, दुःख

Alb. *n.* (ऑब) white vestiment reaching to feet, worn by priests. पैर तक की पोशाक, पादरियों का पहिनावा

Albacore, *n.* (ऐल्बाकोर) large sea-fish of the runny kind. ऐल्बेकोर (मछली)

Albatros, *n.* (आल्बाट्रॉस) type of Austrian aeroplane. बड़ा हवाई जहाज

Albatross, *n.* (आल्बाट्रॉस) the largest sea-fow ever known. ऐलबेट्रॉस (पक्षी)

Albeit, *conj.* (ऑल्बीट) although यद्यपि, ऐसा होते हुए भी

Albert, *n.* (आल्बर्ट) kind of watch-chain. जेबी घड़ी की चेन

Albescent, *adj.* (-सेंट) growing white. फीका, श्वेतायमान, सफेद होती हुई, रंगहीन

Albino, *n.* (आल्बिनो) person (or animal) with white hair and skin and eyes of a pink colour. सूरज मुखी मनुष्य, श्वेत केश और चमड़ी वाला मनुष्य या अन्य जीव जिसकी आंखें गुलाबी होती हैं; **Albiness,** *n.* fem. स्त्री

Album, *n* (आल्बम) blank book for autographs, photographs, stamps & c. अलबम, चित्राधार, संग्रह पुस्तक

Albumen, *n.* (आल्ब्यूमेन) white of egg, a white substance found in animal and vegetable bodies. अण्डे की सफेदी, श्वेतक

Albuminoid, *n.* (आल्बूमिनॉइड) like albumen, a substance resembling albumen. श्वेतक जैसा, अण्डे की सफेदी के समान पदार्थ; **Albuminous,** *adj.* (-मिनअस) insipid. स्वाद रहित, फीका

Alburnum, *n.* (ऐल्बर्नम) sapwood. दारू

Alchemic, *adj.* (आलकमइक) relating to alchemy. रसायनी; **Alchemist,** *n.* (-मिस्ट) one that practises alchemy. रसायन बनानेवाला; **Alchemize,** *v.t.* (-मॉइज) to change as by alchemy. कीमिया में बदलना, रसायन का प्रयोग करना

Alchemy, *n.* (आल्केमी) transmutation of baser metals into gold. रसायनविद्या

Alcohol, *n.* (ऑल्कहॉल) pure spirit of wine, any liquor containing alcohol. मद्य, शराब; **Alcoholic,** *adj.* (-हॉलिक) effect of alcohol on human system, condition of habitual

drunkards. मद्यसार संबंधी, शराबी, मद्यव्यसनी; **Alcoholise,** *v.t.* (-लाइज़) saturate or treat with alcohol. सुरासिक्त करना; **Alcoholism,** *v.t.* (-इज़्म) a disease produced by excessive drinking. अधिक मदिरा पीने से उत्पन्न रोग

Alcove, *n.* (ऑल्कोव) a large recess, recess in room, garden, summer-house, an arbour. आला, शय्या कोष्ठ, कोष्ठिका, लता मंडप, कुंज, गुल्म, घिरौची, मेहराबादार ताखा

Alderman, *n.* (ऐल्डरमैन) civic dignitary next below mayor, a magistrate in English and Irish cities. नगर वृद्ध, मुखिया, पार्षद, इंग्लैण्ड अथवा आयरलैण्ड में नगर शासक (मजिस्ट्रेट)

Aldermanic, *a.* (ऐलडरमैनिक) compous and portly. पौर के ठाट-बाट, मगर वृद्ध संबंधी

Ale, *n.* (एल्) malt liquor, beer. जब की बनी शराब, अधिक शर्करा वाली बियर; **Ale-house,** *n.* place where ale is retailed. मधुशाला, मदिरालय, शराबखाना; **Ale-wife,** *n.* (-वाइफ) a woman who keeps an ale-house. स्त्री जो शराब बेचती हो

Aleatory, *adj.* (ऐलिअटरि) depending on (a throw of) dice or on chance. पासे के फेंकने पर निर्भर, भाग्य के अधीन, भाग्य के भरोसे रहनेवाला

Alee, *a.* (ऐली) on lee or shelted or windward side. वायु से परे सुरक्षित दिशा की ओर, आड़ में

Aleft, *a.* (ऐलीफ्ट) towards the left side or hand. बाई ओर

Alegar, *n.* (ऐलगर) a sour or ale or its vinegar. खट्टी शराब या इसका सिरका

Alembic, *n.* (ऐलंबिक) an apparatus formerly used in distilling, usually made of glass or metal. अर्क उतारने का काँच या धातु का पूर्वकालीन भभका

Alert, *adj.* (ऐलर्ट) watchful, vigilant, lively, nimble. चौकन्ना, सतर्क, जागरूक, फुर्तीला, प्रसन्नवदन, तेज; *On the alert* (on the look out). सावधानी से; **Alertness,** *n.* (नस) watchfulness, चौकसी, फुर्ती

Alexandrine, *n.* (ऐलैक्जैन्ड्रीन) a verse of six iambic feet or twelve syllables. सिकंदरियाई, बारह अक्षरों की अनुप्रास-युक्त कविता

Alexin, *n.* (एलेक्सइन) a substance in body which kills germs. शरीर का एक तत्व जो रोगाणुओं को नष्ट करता है

Alfresco, *adj. & a.* (अल्फ्रेस्को) in the open air, open-air. ताजे या नम प्लास्टर पर, ठंडी या खुली हवा में

Algae, *n. pl.* (आल्गे) sea-weed काई

Algebra, *n.* (ऐलजेब्रा) investigation of the properties of numbers by means of general symbols. बीजगणित, बीजावली, बीजक्रिया; **Algebraic, (-al)** *adj.* (-ब्रइक) pertaining to algebra. बीजगणित सम्बन्धी; **Algebraist,** *n.* (-ब्रेस्ट) one skilled in the science of Algebra, one who is versed in algebra. बीजगणित में निपुण मनुष्य

Alias, *a.* (ऐलियास) on other occasions, assumed name. उपनाम, कल्पित नाम (उर्फ)

Alibi, *n.* (आलिबि) pleas of being elsewhere, a plea that the accused was in another place at the time of occurrence of the crime. अपराधी का घटना होने के समय दूसरे स्थान में उपस्थित रहने का बहाना, अन्यत्र स्थिति, अन्यत्रता

Alien, *adj.* (ऐलियन) not one's own, foreign, out of harmony, stranger, foreigner. पराया, भिन्न स्वभाव का, विरुद्ध, विदेशी, प्रतिकूल, असंबद्ध, भिन्न; **Alienable,** *adj.* (-एब्ल्) capable of being transferred to another, alienability, alienator. अन्यसंक्राम्य, बदलने योग्य, परदेसीपन, अन्यसंक्राम्यता, संक्रमणकारी

Alienate, *v.t.* (एलॉयनेट) estrange, transfer, turn away, divert (from). संक्रामित करना, हस्तांतरित करना, दूर करना, अपनापन दूर करना, पराधीन करना, विदेशी बनाना; **Alienation,** *n.* (-ऐशन) estrangement, transfer of ownership, insanity हस्तांतरण, स्वत्व अंतरण, अन्य संक्रामक, परकीय भाव, अन्यीभवन, अन्यताभाव, परकीकरण, विदेशीकरण, विराग (मन फेरना); **Alienee,** *n.* (-ई) one to whom transfer to property is made. सम्पत्ति के लिए नामांकित; **Alienism,** *n.* (-निज़्म) the position of being a foreigner. विदेशी स्थिति

Alienist, *n.* (एलीनिस्ट) doctor who treats mad men. पागलों का डाक्टर

Aliferous, *adj.* (आलिफअरअस) having wings. परवाला, परदार

Aliform, *adj.* (आलिफारम) having the shape of a wing. पर के आकार का

Alight, *v.t.* (अलाइट) dismount, descend, settle, come down, to land. घोड़े पर से उतरना, उतरना, उतर जाना, नीचे आना, थम जाना; *On fire, lighted, kindled.* प्रज्वलित, प्रदीप्त, उज्जवल

Align, Aline, *v.t. & i.* (एलाइन) to place or form in a line, to bring troops in a line. लाइनबार करना, पंक्तिबद्ध करना, सीध मिलाना; **Alignment,** *n.* (-मेंट) a row, arrangement in a line, a ground plan of a road or railway. एक रेखण, पंक्तिबद्धता, सीध, पंक्तिबंधन, पक्ष ग्रहण, सड़क या रेल की लाइन का मानचित्र

Alike, *adj & a.* (अलाइक) similar, like, similarly, equally, in like manner. समान, तुल्य, सदृश, उसी प्रकार से, बराबर, समरूप, बराबर- बराबर, एक से, समभाव से

Aliment, *n.* (एलिमेंट) a nourishment, food, suport. पोषण, आहार, भोजन, गुजारा, संभरण; **Alimental,** *adj.* (-मेंटल) supplying food, nourishing, nutritive. भोजन प्रदाया, पुष्टिप्रद, शक्तिवर्धक (बल देनेवाला); **Alimentary canal,** *a.* (-केनल) the passage through the body from mouth downwards through which food passes.. शरीर में मुख से गुदा पर्यन्त भोजन ले जानेवाली पचाने की नली. भोजन-प्रणाली; **Alimentation,** *n.* (-एशन) nourishment, maintenance. भरण पोषण, संभरण

Aliquot, *adj.* (अलीकॉट) that divides without remainder, an internal factor of a number which divides another without a remainder. पूरा भाग देनेवाली सख्या. किसी पूर्ण विभाजक संख्या का

Alive, *adj.* (अलाइव) living, brisk, astir, active, fully susceptible to, in life. जिन्दा, जीवित, जीता-जागता, ओजपूर्ण, वर्तमान, अस्तित्ववान, चैतन्य, प्रफुल्ल, सजीव, सचेत

Alkali, *n.* (अलकॉली) substance that neutralises acids *e.g.* caustic soda, caustic potash & c: क्षाराभ, किंचित, क्षारीय, सोडा, क्षारोन्मुखी, खट्टापन हटाने का पदार्थ यथा सज्जीखार; **Alkalescent,** *a.* (-सेंट) slightly alkaline. क्षाराम, किंचित क्षारीय; **Alkalescence,** *n.* क्षारोन्मुखी; **Alkalify,** *v.t.* (-लीफी) to convert into an alkali. क्षारीकरण करना; **Alkaline,** *adj.* (-लाँइन) of the nature of an alkali. क्षारीय, खारा; **Alkalize,** *v.t.* (-आइज) to make alkali. क्षार बनाना, क्षार-युक्त करना

Alkaloid, *n.* (अल्कालॉइड) nitrogenous basic substance, the active principle of medicinal plants, substance resembling an alkali. वनस्पतियों (जड़ी-बूटियों) का मूल तत्त्व

Alkanet, *n.* (ऑलकनेट) a plant whose roots yield a red dye. रतनजोत

Alkoran, (Alcoran), *n.* (ऑलकोरान) the holy book of Mohammedans. मुसलमानों की धर्म-पुस्तक, कुरान

All, *adj.* (ऑल) the whole world, everything, entire, of the whole number सर्वस्व, सब कुछ, सकल, पूरा; *a.* the whole amount, wholly, extent or number, altogether, entirely. बिलकुल, सब, सर्व, सारा, समस्त, अखिल, प्रत्येक, सब कोई, पूरी तरह से, सभी, संपूर्ण, पूरा; *All in all* (of paramount or exclusive importance). बहुत महत्व का; *At all* (in any way). किसी भी तरह से; *An all* (in total number). तमाम, सभी; *One and all, all and sundry* (all individually and collectively). सभी के सभी; *All right* (satisfactorily, as desired). जैसी अपेक्षा थी; *pred. a.* safe and sound, in good state, satisfactory. सुरक्षित, समाधानप्रद; *All right is* (I consent, all is right). अत्युत्तम, बढ़िया, ठीक है; *All the same, just the same, without any difference.* एकदम वैसा ही, कोई अन्तर नहीं

Allah, *n.* (आल्ल) the supreme God of Mohammdans. अल्लाह

Allay, *v.t.* (अले) to put down, to repress, to claim, to pacify, to quiet. दबाना, शांत करना, कम करना, हल्का करना, धातु मिश्रण करना, दमन करना

Allegation, *n.* (एलिगेशन) affirmation, plea, excuse, approved, assertion, declamation. अभिकथन, झूठी प्रतिज्ञा, आरोप, मिथ्या अभियोग

Allege, *v.t.* (अलिज) to assert, to affirm, to state or advance as a fact, to produce as argument. अभिकथन करना, प्रतिज्ञा करना, आरोप लगाना,

उद्धृत करना, दृढ़तापूर्वक कहना; **Allegable,** *adj.* (-एब्ल) affirmable. तर्क करने योग्य

Allegiance, *n.* (अलीज्यन्स) duty of subject to sovereign or government, loyalty. निष्ठा, भक्ति, राज्यनिष्ठा

Allegoric, Allegorical, *adj.* (अलिगॉरिक, -अल्) in the manner of an allegory, figurative. अन्योक्तिपरक, लाक्षणिक, साध्यवसाय रूपक संबंधी; **Allegorically,** *a.* (-अलि) figurative. लाक्षणिक रूप से; **Allegorize,** *v.t.* (-राइज) treat as an allegory, understand figuratively. अन्योक्ति के रूप में प्रस्तुत करना, साध्यवसाय प्रयोग करना, रूपक अलंकार का व्यवहार करना

Allegret, *a. & adj.* (अलीग्रेट) in somewhat lively time. प्रास, अक्षर की पुनरावृत्ति, प्रासयुक्त

Allegro, *adj. & a.* (एलेग्रो) in quick and lively time, gay. प्रसन्न, मध्य द्रुत लय से

Alleluia, *n.* (अलीलुआ) song of praise. प्रशंसात्मक गीत

Allegory, *n.* (अलीगारी) narrative describing one subject under the guise of another, figurative description, emblem. अन्योक्ति, प्रतीक कथा, रूपक, रूपक कथा, दृष्टान्त कथा

Allegero, *adj.* (आललेग्रो) gay, briskly, gaily. प्रसन्न, आनन्द से, प्रसन्नता से

Alleviate, *v.t.* (अलिविएट) to relieve, mitigate, to comfort, lessen. हल्का करना, छुटकारा देना, कम करना; **Alleviation,** *n.* (-एशन) act of relieving or making light, mitigation. कमी, सहने योग्य बनाना, घटाव, उपशयन; **Alleviator,** *n.* (-एंटर) one who mitigates. न्यून या कम करनेवाला मनुष्य

Alley, *n* (अली) narrow street, passage, back lane. blind alley (an alley closed at end). काँच की बड़ी गोली, वीथी, गली, गलियारा, सँकरी गली, उद्यानपथ

All-fool's-day, *n.* (ऑल-फूल्स-डे) the first day of April. एप्रिल का पहला दिन

All-fours, *n.* (ऑल-फोर्ज) a game at cards. ताश का एक खेल; *On all fours, one's legs and arms. to go on all fours, it does not go all fours.* हाथों और घुटनों के बल किसी के समान या बराबर होकर

Alliance, *n.* (अलिअन्स) relation of allies, confederation, union by marriage. मैत्री, विवाह संबंध, संधि, राज्यों तथा राजाओं का संगठन

Allies, *n.* (एलाइज) *pl.* see **Ally.**

Alligate, *v.t.* (ऑलगिट) to tie together or bind. बाँधना या जोड़ना।

Alligation, *v.t.* (आलगिशन) the act of tying together, the state of being tied. बन्धन की क्रिया, बाँधे जाने की अवस्था

Alligator, *n.* (अलीगेटर) crocodile, a kind of large lizard. घड़ियाल, मगरमच्छ, नक्र, शरीफ़ा वंश का फल

Alliterate, *v.t.* (अलिटरएट) to use words beginning with the same letter. एक ही अक्षर से आरम्भ होनेवाले शब्दों का प्रयोग. **Alliteration,** *n.* (अलिटरेशन) commencement of several words in the same sentence with the same letter. अनुप्रास, अक्षर की पुनरावृत्ति; **Alliterative,** *adj.* (-टिव) pertaining to alliteration. अनुप्रासी

Allocate, *v.t.* (अलोकेट) to assign, to set aside, apportion, to allot. नियत करना, बाँटना, स्थान निर्धारित करना, भाग लगाना; **Allocation** *n.* (-केशन) allowance made on an accoount, allotment. अभिभाषण, बाँट, औपचारिक भाषण, प्रवचन

Allocution, *n.* (आलोक्यशन) an address, a formal address. व्याख्यान

Allodial, *a.* (अलॉडायडल) not held of a superior, freehold. खुद की मालकियत का

Allodium, *n.* (अलोडिअम्) estate held in absolute ownership, freehold estate. समंतेतर संपदा, समंतेतर; **Allogamy** *n.* परनिषेचन; **Allogamass** *a.* परनिषेची

Allograph, *n.* (आललोग्राफ) a writing made by one person for another. दूसरे के लिए लिखा हुआ लेख

Allonge, *n.* (ऑल्लन्ज) an attachment to a bill of exchange & c. हुन्डी आदि पर लगा हुआ अतिरिक्त कागज

Allopathy, *n.* (अलोपैथी) treatment of disease by inducing a different tendency. सामान्य डाक्टरी, पाश्चात्य चिकित्सा-पद्धति; **Allopathic,** *adj.* (-इक) **Allopathically,** *a.* अलोपैथी संबंधी, डाक्टरी सम्बन्धी; **Allopathist,** (-इस्ट) *n.* ऐलोपैथी विशेषज्ञ

Allot, *v.t.* (अलॉट) to assign, distribute

by lot. विभक्त करना, भाग देना, नियत करना, आबंटन करना, बाँटना

Allotheism, *n.* (आललॉथिइज्म) worship of strange or foreign gods. विचित्र या विदेशी देवाताओं का पूजन

Allotment. *n.* (अलॉटमेंट) assignment, to distribute by lot or proportion, small plot of land let for cultivation. अंश, आबंटन, बाँट, बखरा, भाग

Allotropic, *adj.* (अलॉट्रॉपिक) see **Allotropy**

Allotropy, *n.* (अलॉट्रॉपि) the property of existing in more than one form (in *chem.*). (रसायन शास्त्र में) किसी पदार्थ के एक से अधिक अवस्था में रहने की क्रिया

Allottee, *n.* (अलॉटी) one to whom allotment or assignment is made, a plot-holder. नियतन किया हुआ, आबंटन किया हुआ, वह व्यक्ति जिसको या जिसके प्रति भाग दिया गया हो

Alloverishness, *n.* (आलॉवरइशनेस) a feeling of general discomfort. सपूर्ण शरीर में अस्वस्थता, अशक्तता, असुविधा

Allow, *v.t. & i.* (अलॉउ) to admit, to own acknowledge, to approve, to permit, to grant, to give periodically, to deduct. स्वीकार करना, आज्ञा देना, सौंपना, छूट देना, गुंजाइश रखना; **Allowable,** *adj.* (-एँब्ल्) that may be allowed, lawful. स्वीकार्य, छूट देने योग्य, मान्य, अधिकार योग्य; **Allowably,** *a.* (-एब्लि) अनुमोदन की रीति से

Allowance, *n.* (अलॉवेंस) permission, fixed sum allowed, deduction from account, limited portion. अनुमोदन, सीमित सप्लाई करना, दलाली, भत्ता; *v.t.* to make allowance, to supply a thing in limited quantity. छूट देना, नियमित परिमाण में किसी को कोई वस्तु देना; *Annual allowance.* वार्षिक छूट; *Extra allowance.* अतिरिक्त छूट

Allowedly, *a.* (अलॉउड्ली) admittedly. स्वीकृति युक्त

Alloy, *v.t.* (अलॉय) mix with baser metal, debase. धातु मिश्रण करना, खोट मिलाना, मिलावट करना, मुलायम करना, नर्म करना, संयत करना

All-round, *n.* (आल-राउन्ड) with ability in all departments. चौतरफ़ा, सर्वतोन्मुखी

All-soul's-day, *n.* (आल-सोल्स-डे) a festival which takes place on the second of November. नवम्बर महीन की दूसरी तारीख़ को होनेवाला एक त्योहार

All-spice, *n.* (आल-स्पाइस) a kind of spice, Jamaica pepper. एक प्रकार का मसाला जिसमें लौंग, दालचीनी और जायफल आदि की सुगन्ध आती है, शीतल चीनी

Allude, *v.i.* (अलूड) to refer indirectly, to mean, to hint at. इशारा करना, संकेत करना, परोक्षत: उल्लेख करना, अर्थ होना

Alluminate, *v.i.* (आलल्यूमिन्एट) to adorn with ornaments, to illuminate. आभूषणों से सुसज्जित करना

Allure, *v.t.* (अलूर) to lure, to entice, to tempt, to charm. लुभाना, फँसाना, मोहित करना, फुसलाना; **Allurement,** *n.* (-मेंट) that which entices or allures. प्रलोभन, आकर्षण, सम्मोहन, लालच

Allusion, *n.* (अलूज़न) indirect reference, implied, hint. संकेत, निर्देश, अस्पष्ट उल्लेख, सूचना; **Allusive,** *a.* (-ज़िव) hinting at सांकेतिक; **Allusory,** *adj.* (-सरि) allusive. संकेत-सूचक

Alluvial, *adj.* (अलूवियॉल) full of deposit of earth, sand, left by flood. जलोढ़, नदी बहाव या बाढ़ से बना हुआ

Alluvion, *n.* (अलूवियॉन) wash of sea or river against shore, matter deposited by flood. कछारी भूमि, कच्छ, बाढ़, आप्लवन, जलोढक, समुद्र से लाई हुई मिट्टी

Alluvium, *n. (pl. -ia)* (अलूविअम्) deposit of flood. जलोढक, बाढ़ से आया हुआ बालू

Ally, *v.t.* (अली) join in confederation, connect by marriage, form relation for special object. *n.* allied state or person. जोड़ना, विवाह से संयुक्त करना, संबंध स्थापित करना, मिलाना, मैत्री करना

Alma Mater, *n.* (अलमा मैटर) one's university or school, an epithet used by students for the university where they are trained. कुल माता, अपना कालेज या विद्यालय, (मेरी माता) विश्वविद्यालय के लिए विद्यार्थियों से प्रयोग किया हुआ शब्द

Almanac, *n.* (अलमानक) yearly calendar of months and days. पंचांग, पत्रा, जंत्री

Almanographer, *n.* (ऑलमानग्राफर) a person who makes an almanac. पञ्चांग बनानेवाला ज्योतिषी

Almighty, *a.* (ऑलमाइटी) indefinitely powerful, omnipotent. सर्वशक्तिमान, अजेय, परमेश्वर; **Almightily,** *a.* (-लि) omnipotently. अनुपम तेजस्विता से

Almira, *n.* (अलमीरा) cuphoard, press, chest of drawers. अलमारी

Almond, *n.* (ऑलमन्ड) kernel of a fruit allied to plum, the fruit of almond tree. बादाम

Almoner, *n.* (अलमॉनर) official distributor of alms. दानाध्यक्ष, दानवितरक, दानी, दानवीर, चिकित्सालय से संबंधित, सामाजिक कार्यकर्ता, भिक्षा बाँटने का अध्यक्ष, आमनर; **Almonry,** *n.* (-अनरि) a place where alms are distributed to the poor. दीनों को भिक्षा बाँटने का स्थान

Almost, *adj.* (आलमोस्ट) very nearly, all but. लगभग; *My work is almost done* (it is almost five O'clock) he had almost reached the village. करीब-करीब, प्रायः

Alms, *n.* (ऑम्स) charitable relief or donation. भिक्षा, धर्म-दान; भीख to live on alms भिक्षावृत्ति पर निर्भर; *Alms-deed* (gift of charity). भिक्षा के निमित्त अर्पण; **Alms-giving,** *n.* (-गिवइङ्ग) भिक्षादान; **Alms-house,** (-हाऊस) a house in which poor men are lodged and fed. अनाथालय, धर्मशाला; **Almsman,** (-मेन) a person who is supported by alms. भिक्षा वृत्ति से जीविका-निर्वाह करनेवाला मनुष्य

Aloe, *n.* (अलो) plant with erect spikes of flowers and bitter juice. पादप वंश, अगरू, मुस्ब्बर, अगर, घी कुँवार

Aloes-wood, *n.* (अलोज-वुड) the heart-wood of large spreading trees. एलो काष्ठ, अगरू का वृक्ष

Aloft, *a.* (अलॉफ्ट) high up, overhead, above, up in the rigging, up ward. ऊँचे पर, मस्तूल के शिखर पर, ऊपर, शिखर में

Alone, *adj.* (अलोन) single, solitary. एक अकेला; *a.* singly, by itself. अकेले, (मात्र) केवल; *To let or leave alone* (to leave undisturbed). अपने हाल पर छोड़ना

Along, *prep.* (अलॉंग) by the side of, from one end to the other, throughout. एक ओर से दूसरी ओर तक; in company, onward, in progress. साथ में, आगे, *To get along* (to get onward). आगे बढ़ना, उत्कर्ष पाना; *Along with* (in company with, conjunction with). के साथ, बराबर, सह; *Along-shore, a* (by the shore, along and on the shore). के सहारे, साथ-साथ, बगल-बगल, पास में, पार्श्व में

Aloof *a.* (अलूफ) away, at a distance, apart. परे, दूर, पृथक, अलग, तटस्थ; **Aloofness,** *n.* (-नेस) unconcern, lack of sympathy. अलगाव, पार्थक्य, सहानुभूति का अभाव

Alopecia, *n.* (अलोपिसीया) the falling off of hair. बालों का गञ्जापन

Aloud, *a.* (अलाउड) loudly, with a loud voice. जोर से, उच्च स्वर से

Alow, *a.* (एलो) in a lower point or place. नीचे स्थान में

Alp, *n.* (अल्प) a high mountain, summit of a mountain. पर्वत शिखर, ऊँचा पहाड़; **Alpine,** *adj.* (-पाइन) pertaining to a high mountain, very high. ऊँचे पर्वत का, बहुत ऊँचा

Alpaca, *n.* (अलपैका) a mammal of camel tribe, a fabric made from the wool of this animal. एक प्रकार का चौपाया, इसके रोवें से बना हुआ वस्त्र

Alpenstock, *n.* (अलपेंस्टॉक) a strong tall iron-shod staff used in climbing पर्वतारोहण के समय उपयोग मे आने वाली लोहे के मूठ की लाठी

Alpha, *n.* (अल्फा) the first letter of the Greek alphabet *(A, a).* the first. यूनानी वर्णमाला का प्रथम वर्ण, आरंभ, आदि; *Alpha and omega* (the beginning and the end). आदि और अन्त

Alphabet, *n.* (अल्फाबेट) letters used in a language, first rudiments. वर्णमाला, प्रथम सिद्धान्त, वर्णमाला; **Alphabetically,** *a.* (-अलि) in the order of the alphabet. वर्णमाला के क्रम से

Alphonsin, *n.* (आलफनसिन) an instrument for extracting bullets. शरीर में से बंदूक की गोली निकालने का यन्त्र

Alpine, *adj.* (आल्पाइन) of the Alps, lofty. आल्पीय, आल्प पर्वत संबंधी

Already, *a.* (ऑलरैडी) beforehand, previously, even now, by this time . पहले से ही, अभी, इससे पहले, पहले ही

Also, *a.* (ऑल्सो) likewise, besides, in addition. भी, और, इसी प्रकार, सिवाय

Alt, *n.* (ऑल्ट) a high tone in music. गायन में ऊँचा स्वर (पञ्चम स्वर)

Altar, *n.* (ऑल्टॉर) an elevated place for offerings to a deity. वेदी, पूजा का ऊँचा स्थान; **Altarage,** *n.* (-एज) the offerings upon the altar. आहुति; *Altar-cloth* (covering of the altar). वेदी का आच्छादन; *Altarwise* (placed like an altar). वेदी के समान रक्खा हुआ

Alter, *v.t. & i.* (ऑल्टर) to change in character, position, to modify. बदलना, परिवर्तित करना, अदल-बदल, रूपांतर करना, बदल जाना, परिवर्तित हो जाना; **Alteration,** *n.* (-शन) change, modification. परिवर्तन, रूपांतरण, तब्दीली, रद्दोबदल, फेरबदल; **Alterative,** *adj. & n.* (-टिव) tending to alteration, medicine or treatment that alters processes of nutrition. आपरिवर्ती

Altercate, *v.i.* (ऑल्टरकेट) to dispute hotly, to wrangle. विवाद करना, झगड़ा करना, कलह करना; **Altercation,** *n.* (-शन्) a heated argument, a dispute with anger, warm contention in words. झगड़ा, वाद-विवाद, खंडन-मंडन

Altered, *adj.* (ऑलटर्ड) modified. परिवर्तित, बदला हुआ

Alter-ego, *n.* (ऑल्टर-ईगो) one's second self, an intimate or bosom friend. द्वितीया आत्मा, घनिष्ठ मित्र

Alternate, *v.t. & i.* (ऑल्टरनेट) perform by turns, occur or happen in alternate order. पारी-पारी से करना, एकांतर, वैकल्पिक, एवजी; *adj.* one after the other in succession. क्रम से एक के बाद दूसरा; *On alternate days.* एक दिन छोड़ कर; **Alternately,** *a.* (-लि) reciprocally, in an alternate manner, by turns. पारी-पारी से; **Alternation,** *n.* (-शन) interchange, reciprocal succession. अदल-बदल, एकान्तरण; **Alternative,** *adj. & n.* (-नेटिव) offering a choice between two things, choce between two or more things. विकल्प, वैकल्पिक, दो में से एक; **Alternatively,** *a.* (-लि) यथाक्रम, वैकल्पिकता से; **Alternator,** *n.* (-टर) a dynamo for producing alternating currents. बिजली उत्पन्न करने का एक प्रकार का यंत्र, प्रत्यावर्तित

Although, *conj.* (ऑल्दी) tough admit all that, though, supposing that, notwithstanding. यदि, यद्यपि (यदि ऐसा हो), हालाँकि

Altimeter, *n.* (ऑल्टिमीटर) aeronautical instrument showing height above sea-level. ऊँचाई नापने का एक प्रकार यन्त्र, तुंगतामापी

Altitude, *n.* (ऑल्टिट्यूड) vertical height, height above sealevel, elevation. तुंगता, ऊँचाई, उच्चता, महत्त्व; (*pl.*) excitement. उत्तेजना

Altivalent, *adj.* (ऑलटिवालॅन्ट) flying high. ऊँचा उड़नेवाला

Alto, *n.* (ऑलटो) highest male voice. मनुष्य का गायन में सबसे ऊँचा अलाप

Altogether, *a.* (ऑलटुगेदर) completely, entirely, on the whole, quite. एक ही साथ, पूर्णत: सर्वश:, कुल मिलाकर, सब मिलाकर

Altruism, *n.*(ऑल्ट्रूइज्म) devotion to humanity, regard for others as a principle of action. परहितवाद, परार्थवाद, दूसरों का उपकार करने का सिद्धान्त; **Altruist,** परहितकर; **Altruistic,** *adj.* good-doing. परहितकारी

Alum, *n.* (आलम) a kind of mineral salt, oxide of aluminium. ऐलुमिनियम का ऑक्साइड, फिटकरी; **Aluminiferous,** *adj.* (ऑ-ल्यू-मिन्-इफ्-ऍर्-अस्) containing alum. फिटकिरीयुक्त

Aluminium, *n.* (ऐलुमिनियम) a very light silvery metal, a white metal with a bluish tinge. एक बहुत हल्की सफेद रंग की धातु, ऐलुमिनियम

Aluminous, *a.* (आलुमिनस) of alum or alumina. फिटकरी जैसा, फिटकरी का, फिटकरी संबंधी, ऐलुमिना जैसा, ऐलुमिना का

Alumna, *n.* (आलुमना) a woman graduate. उपाधिप्राप्त विदुषी

Alumnus, *n. (pl. Alumuni)* (आल्युमनस) pupil of school or university. पुराना विद्यार्थी, भूतपूर्व छात्र, किसी पाठशाला या विश्वविद्यालय का विद्यार्थी

Alveary, *n.* (ऑलविअर) the hive of hees. मुधमक्खी का छत्ता

Alveate, *v.t.* (ऑविएट) to make hollow or dome-like. पोला बनाना

Alveolate, *adj.* (आलविओलेट) like honeycomb. मधुमक्खी के छत्ते के सदृश

Alveolus, *n.* (ऑलविअलस) a small hollow socket in which a tooth is fixed. दाँत का खोड़रा

Alvine, *adj.* (ऑलवाइन) pertaining to the belly. पेट या तोंद सम्बन्धी

Always, *a.* (ऑलवेज़) at all times, on all occasions, continually. हमेशा, सदैव, सदा, निरंतर, बराबर

Am, (एम) the first person singular of the verb' to be'. हूँ

Amain, *a.* (अमेन) with force, violently, in haste, suddenly, at once. बलपूर्वक, पूरे जोर से, वेग से, पूर्ण गति से, अतिशयता से

Amalgam, *n.* (अमॉलगम) mixture of a metal with mercury, plastic mixture. पारदमिश्र, पारदधातु मिश्रण, अमलगम, सम्मिश्रण, मिश्रणावयव; **Amalgamate,** *v.t.* (-एंट) to mix mercury with another metal, to unite, to combine. पारदमिश्र बनाना, विलीन करना, घुल-मिल जाना; **Amalgamation,** *n.* (-एंशन) mixture, union, combination. पारदन, अमलगमन, मिलाप, सम्मिश्रण, पारे का किसी धातु का मिश्रिण; **Amalgamative,** एकत्र करनेवाला; **Amalgamator,** *a.* एकीकृतक; *n.* अमलगमी, सम्मिश्रणी, संलयनी, मिश्रण

Amanuensis, *n.* (अमेनुऐंसिस) clerk who writes from dictation. आशुलिपिक, मुंशी

Amaranth, *n.* (ऐमारंथ) kinds of plant with coloured foliage, imaginary unfading flower. एक काल्पनिक पौधा, अम्लान, उसका फूल, अमरत्व का प्रतीक पुष्प; **Amaranthine,** *adj.* (-रान्था-इन) pertaining unfading. ऐमारथ-जैसा, अम्लान, न मुरझानेवाला, जामुनी रंग का

Amass, *v.t.* (अमास) to heap together, to accumulate. संग्रह करना, ढेर लगाना, एकत्रित होना, संचित करना; **Amassable,** *adj.* (-एब्ल) संग्रह योग्य; **Amassed,** *adj.* (-ड) accumulated. एकत्रित;

Amateur, *n.* (अमेटियर) one who is fond of, one who cultivates a thing as a pastime game & c. for pleasure's sake. किसी शिल्प या विद्या का अवैतनिक अनुयायी, शौकिया, अव्यवसायी

Amative, *adj* (अमेटिव) disposed to love, amorous. प्रेमशील, श्रंगारी, कामुक

Amatol, *n.* (अमाटोल) a high explosive. विस्फोटक पदार्थ, एक प्रकार की तेज बारूद

Amatory, *adj.* (अमेटरी) of lovers, amorous. प्रेमोत्पादक, प्रेम संबंधी, कामुक, प्रेम भाव दिखलानेवाला

Amaurosis, *n.* (आमआरोसिस) total loss of sight. थोड़ा या पूर्ण दृष्टि-हीनता

Amaze, *v.t.* (अमेज) over-whelm with wonder. चकित करना, विस्मित करना, स्तंभित करना; **Amazedly,** *a.* (-एडलि) आश्चर्य सहित; **Amazement,** *n.* (अमेजमेंट) perplexity, astonishment, wonder, confusion. विस्मय, आश्चर्य, अचंभा, घबराहट; **Amazing,** *adj.* (-इङ्ग) very wonderful, surprising, astonishing. विस्मयकारी, आश्चर्यजनक

Amazon, *n.* (अमेज़न) female warrior, a warlike or masculine woman, virago. वीरांगना, रणचंडी, स्त्री योद्धा, (दक्षिणी अमरीका की), अमेजन नदी; **Amazonian,** *adj.* (-जोनियन) वीरांगना के सदृश

Ambages, *n. pl.* (अंबेजिज) roundabout ways, quibbles. टालमटोल, वक्रोक्तियाँ, हेरफेर, गोरखधंधा, चक्कर, विलंब

Ambassador, *n.* (ऐम्बेसेडर) minister sent to a foreign court. राजदूत, दूत, प्रतिनिधि; **Ambassadorial,** *adj.* (-डोरइअल) of an ambassador. राजदूत संबंधी

Ambassadress, *n. fem.* (आमबीसआड्रेस) female ambassador, wife of an ambassador. राजदूतिन, राजदूत स्त्री

Amber, *n.* (ऐम्बर) a yellow translucent fossil resin. वृजमणि, कहरुवा, अम्बर

Ambergris, *n.* (ऐम्बरग्रिस) a fragrant substance of an ash-gray colour obtained from the sperm-whale खुशबूदार पदार्थ, एक सुगन्ध-युक्त पदार्थ जो समुद्र-तल पर पाया जाता है

Amberite, *n.* (आमबरआइट) smokeless explosive. बिना धुवें की बारूद

Ambidexter, *adj.* (ऐम्बीडेक्सटर) able to use both hands alike, double-

dealing. दुतरफा चाल चलने वाला, दुरंगा, धोखेबाज, दोनों हाथों से सहज में कार्य करने वाला; **Ambidexterity,** *n.* (-टेर्-इद्-इ) superior cleverness or adaptability, double dealing. उभयहस्त कौशल, छल का व्यवहार

Amblent, *a.* (ऐम्बलेंट) going round about, surrounding. परिवेशी, आसपास

Ambiguity, *n.* (ऐमबीगिटि) doubtfulness of meaning, uncertainty of signification. संदिग्धता, अस्पष्टता, अनेकार्थता. **Ambiguous,** *adj.* (-अस) of doubtful meaning, obscure, uncertain, equivocal, of uncertain signification. अनिश्चित अस्पष्ट, अनेकार्थी

Ambit, *n.* (ऐम्बिट) confines, scope circumference, bounds, circuit. घेरा, परिधि, सीमा, विस्तार क्षेत्र, चक्र, परिवेश

Ambition, *n.* (ऐमबीशन) desire for distinction, aspiration, object of aspiration. महत्त्वाकांक्षा, उत्कट, उच्चाकांक्षा; **Ambitious,** *adj.* (-अस्) ardently desirous, full of ambition. महत्वाकांक्षी, अति लालसा रखनेवाला; **Ambitiously,** *a.* (-असलि) in an amibitious manner. लालसा या उमंग से

Amble, *v.i.* (ऑम'-बल्) to move at easy pace, to ride at an easy pace, to move affectedly. धीरे-धीरे चलना, आनन्द से घोड़े पर चढ़कर चलना, बनावटी चाल से चलना; **Ambling,** *adj.* (-लिडग) having an easy pace. आनन्द गति का

Ambo, *n.* (ऑमबो) a pulpit in Christian churches. गिरजाघर का चबूतरा

Ambrosia, *n.* (ऑमब्रोजिया) food of the gods, thing delightful to taste or smell. अमृत (सुधा), अद्वितीय स्वाद का पदार्थ; **Ambrosial,** *a.* ईश्वरीय, अतिसुगन्धित

Ambry, *n.* (ऑमब्रि) a wall cupboard, a pantry. दीवाल की अलमारी, भण्डार

Ambsace, *n.* (ऑम्जएस) bad luck, worthlessness. अभाग्य, गुणहीनता

Ambulance, *n.* (ऑमब्यूलेन्स्) moving hospital, conveyance for sick or wounded persons. चलता-फिरता फ़ौजी अस्पताल, घायल या बीमारों को ले जाने वाली गाड़ी (या टिकठी)

Ambulate, *v.t.*. (ऑमब्युलेट) to move about. इधर-उधर घूमना; **Ambulation,** *n.* (-लेशन) आनन्द भ्रमण; **Ambulatory,** *adj.* (ऑमब्यूलेटरि) of or for walking, movable. चलने वाला, गतिमान्,

Ambuscade, *n.* (ऑम्बस्केड्) a hiding to attack by surprise, a body of troops in concealment, the hidden place of ambush. घात, छिपकर आक्रमण

Ambush, *n.* (ऑम्बुश) troops concealed in woods, concealment to attack by surprise. सिपाहियों का आक्रमण के लिए छिपा रहना

Ambustion, *n.* (आमबशन) a burn or a scald. फफोला

Ameer, *n.* (अमीर) a title of various Mohammedan rulers. मुसलमानी बादशाहों की एक उपाधि

Ameliorate, *v.t. & i.* (अमॉलिओरेट) to make or become better, to improve, to grow better. **Ameliorator,** सुधारक, सुधारना, उन्नति करना; **Ameliorative,** *n.* सुधारणीय *adj.* improving, making better. सुधारना, सँवरना, सुधार संबंधी; **Amelioration,** *n.* (अमेलिओरेशन) the condition of being made better, improvement. सुधार

Amen, *inter. & a.* (आमेन्) so be it, verily. ऐसा ही हो, एवमस्तु; *v.t.* to say amen. तथास्तु, 'भवत्तु' कहना

Amenable, *adj.* (आमीनेबल्) responsible, accountable, उत्तरदायी पराधिका रवश; **Amenably,** *a.* उत्तरदायित्व से; **Amenability,** *n.* (*Fr. a, to & mener,* to lead). दूसरे के अधिकार या आज्ञा से

Amend, *v.t. & i.* (अमेन्द्) to change evil ways, to correct, to improve, make improvements. उन्नति करना, शोधना; **Amendable,** *adj.* (-एबल) **Amendatory** (-ए'री) corrective. शोधन योग्य; **Amendment,** *n.* (अमेन्द्मेन्द्) change for the better, improvement, proposed alteration, correction. संशोधन, दोष-शोधन, प्रस्तावित परिवर्त्तन; **Amends,** *n.* (अमेन्द्ज़) reparation, compensation. पारितोषिक (शोधन) प्रतिफल; *To make amends* (to supply a loss). प्रायश्चित करना, दंड भरना

Amenity, *n.* (आमेनिटि) pleasantness, *(pl.)* agreeable manners. रम्यता, सुहावनापन

Amenorrhoea, *n.* (आमेनओररीआ) suppression of menstruation. स्त्रियों का मासिकधर्म बन्द होना

Amerce, *v.t.* (आमर्स्) fine, punish by a fine. जुर्माना करना, दण्ड देना; **Amerciable,** *a*; **Amercement,** *n.* दण्ड

American, *n.* (अमेरिकन्) of America or United States. (*n.*) citizen of America. अमेरिकी, अमेरिका देश का; **Americanism,** *n.* (-निज़्म) word or phrase peculiar to America, attachment to America. अमेरिकावाद

Amethyst, *n.* (अमेथिस्ट्) a precious stone of purple violet colour. नीलमणि विल्लौर; **Amethystine,** बिल्लौरी

Amiable, *adj.* (एमिएबल्) lovable inspiring friendliness. सबका प्यारा, प्रियदर्शन; **Amiability** *n.* (-इटइ) friendliness. सौजन्य, सुशीलता

Amicable, *adj.* (आमिकेबल) friendly, done in a friendly way. मित्रवत्, मित्रभाव का; **Amicably,** *a.* (-ब्-लि) in a friendly manner. मित्रभाव से., मित्रवत्; **Amicability,** *n.* मित्रवतता

Amid, Amidst, *prep.* (एमिड्) in the middle of, among, in the course of. मध्य में, बीच मे, साथ में

Amidships, *a.* (एमिड्शिप्स्) in the middle of ships. जहाज के बीच में

Amiss, *a.* (एमिस) out of order, badly, wrongly, wrong in a faulty manner, untowardly, in error. अशुद्ध, दोषी (अपराधी), भ्रम से, व्युत्क्रम से, अनुचित; *To take amiss* (to take offence at). गलत अर्थ लगाना, चिढ़ना; *Not amiss* (appropriate). उचित, योग्य

Amity, *n.* (आमिटि) friendship, friendly relations, goodwill. बन्धुत्व, मित्रता

Ammeter, *n.* (आमीटर्) an instrument for measuring force of electric currents. बिजली की धारा की शक्ति नापने का एक प्रकार का यन्त्र

Ammonal, *n.* (आमोनिआल) a kind of explosive. एक प्रकार की बारूद

Ammonia, *n.* (आमोनिआ) a colourless pungent gas with strong alkaline reaction. नौसादर और चूने से बनी हुई क्षार; **Ammonlac,** अमोनियामय; **Amoniacal, Ammonicate,** *a.* अमोनियाकृत

Ammonite, *n.* (आमोनाइट) coil shaped fossil shell. अमॉनश्रृंगाश्म

Ammunition, *n.* (आम्यूनिशन्) military stores (of powder, shot.), articles used in charging firearms. गोली, बारूद, कारतूस इत्यादि लड़ाई का सामान

Amnesia, *n.* (आम्निज़िया) loss of memory, forgetfulness. स्मृति शक्ति का लोप, स्मृतिहीनता

Amnesty, *n.* (आम्नेस्टि) act of oblivion, general pardon of political offenders. विस्मृति, राजनीतिक अपराधियों को क्षमादान

Amoeba, *n. (pl. Amoebae)* (आमीबा) microscopic animalcule perpetually changing shape. एक सेल का जन्तु; **Amoebiform,** *adj.* (-बिफार्म) of the form of an amoeba. अमीबा की आकृतिवाला

Amoebean, *adj.* (अमईबीअन) alternately answering. पारी-पारी से उत्तर देनेवाला

Among, Amongst, *prep.* (अमङ्ग्, स्ट) in the midst of, in the number of, in the assemblage of, reciprocally, surrounded by. बीच में, मध्य में, तुलना में, from among. में से

Amoral, *a.* (आमॉरल) non-moral, out of the sphere of morals. अधर्मी, धर्मशून्य

Amorist, *n.* (आमॅरिसट) a lover, a gallant. प्रेम करनेवाल, कामुक **Amorosa,** *n.* (आमआरोसा) a wanton woman. पुंश्चली, छिनार स्त्री

Clang, *n.* (क्लॅंग्) a loud resonant metallic sound. झनझनाहट, झंकार; *v.t.* to make a clang, to make a loud metallic sound. ठनठन या झनझनाना का शब्द

Clangour, *n.* (क्लंगर्) a continued clanging, succession or prevalence of clanging noises. झंकार, झनझनाहट

Clank, *n.* (क्लंक्) a sound as of a heavy chain shaken. छनछनाहट; *v.t. & i.* to make a clank, to cause to make a clank. छनछनाना, झनझन का शब्द

Clannish, *adj.* (क्लीनिश) pertaining to a clan. जाति का

Clanship, *n.* (क्लन्-शिप्) prevalence of a clannish feeling. कुलत्व, जातिपक्ष

Clap, *v.t. & i.* (क्लॅप्) to strike with a quick motion, to strike palms loudly together, to flap (a wing) audibly. टकराना, फड़फड़ाना, अचानक धकेलना, बाँध देना, ताली बजाना; *n.* an explosive noise, pat, a spell of hand-clapping. थप्पड़, घूँसा, तमाचा, थपकी, ताली, करतल ध्वनि; *To clap on the back* (to slap on the back in encouragement or congratulation). शाबाशी देना, प्रोत्साहित करना, बधाई देना; *To clap a bargain* (to make a bargain hastily). जल्दी से सौदा पटाना; *To clap wings on* (to catch sight of). दृष्टि में पड़ना, नजर आना

Clapboard, *n.* (क्लॅप्-बोर्ड्) a narrow board for weather-boarding frame buildings. पतला-सा-तख्ता, छज्जा

Clap net, *n.* (क्लॅप्-नेट्) a net closed by a pulling strip. जाल जो रस्सी खींचते ही बन्द हो

Clapper, *n.* (क्लॅपर्) the tongue or striker of a bell, one that claps, the wind rattle for scaring birds. ताली बजाने वाला, घंटी का टोला, खटखट वाद्ययन्त्र, चिड़ियों को भगाने के लिये ताली बजानेवाला

Clapperclaw, *v.t.* (क्लॅपर्-क्लॉ) to scratch and hit, to scold, to abuse. खुरेचना, बकोटना और लड़ना, लताड़ना, झिड़कना

Claptrap, *n.* (क्लॅप्-ट्रॅप्) language or doings meant to catch applause, win favour. प्रशंसा प्रयास, शाबासी पाने की तरकीब, दिखावा, बकवास; *a.* showy, playing to the gallery. दिखावे का प्रदर्शन

Claque, *n.* (क्लॉक्) hired applauders, a hired body of applauders. प्रशंसक वृंद, किराये के प्रशंसक, कृत्रिम प्रशंसक

Clarendon, *n.* (क्लॅरेन्डन्) a thick faced type. मोटा टाइप

Clarence, *n.* (क्लीरन्स) a four-wheeled closed carriage. चौपहिया बन्द गाड़ी

Claret, *n.* (क्लेरेट्) kinds of red wine imported from Bordeauex or

French. ब्रॉडियाक्स से आयातित रक्तवर्ण की मदिरा; *To tap one's claret* (to make one's nose bleed with a blow of the fist). घूंसा मारकर नाक से खून निकालना

Clarification, *n.* (क्लॅरिफिकेशन) स्पष्टीकरण

Clarify, *v.t. & i.* (क्लॅरि-फाय्) to free from obscurity, to make clear, to free from impurities. स्पष्ट करना, शुद्ध करना, निर्मल करना, स्पष्ट होना; to clarify butter. मक्खन पिघलाकर घी बनाना

Clarinet, *n.* (क्लॅरिनेट्) (also **Clarinet**) a wooden single reed organ-stop, a reed instrument with holes and keys. शहनाई वाद्य; **Clarinetist,** *n.* क्लैरिनेट वादक, शहनाई वादक

Clarion, *n.* (क्लैरियन) a rousing call to action, a trumpet sound, a shrill trumpet. सुषिर वाद्य, तुरही का स्वर

Clarity, *n.* (क्लॅरिटि) brilliancy, splendour. प्रांजलता, स्पष्टता, निर्मलता

Clarkia, *n.* (क्लार्किआ) a garden flower. पुष्प

Clash, *n.* (क्लॅश्) a loud broken sound as of cymbals, encounter, collision, conflict, disagreement. टनकार, मुठभेड़; *v.t. & i.* to make a clash, to bring together with clash. संघटन होना, टकराने का शब्द करना, विरोध होना, प्रतिवाद होना, झगड़ना

Clasp, *n.* (क्लास्प्) a contrivance for fastening, a buckle, reach, a grip of arms or hand, an embrace, a hand-shake. आबंधन, बकसुआ, आलिंगन, पकड़; *v.t.& i.* to fasten up, to encircle, to embrace, to grasp. बकसुआ लगाना, आलिंगन करना, लपेटना, पकड़ना, घेरना; *A clasp-knife* (a folding knife with a catch fixing the blade when open). झटके से खुलने वाला चाकू; *To clasp hands* (to shake hands emotionally). कसकर हाथ पकड़ना, हाथ मिलाना; *To clasp one's hands* (to interlace fingers). झटके से कसना, पकड़ना, आलिंगन करना

Class, *n.* (क्लॉस्) rank or order of society, a set of students taught, a scientific division, any set of persons or things. वर्ग, श्रेणी, कक्षा, छात्र-समूह (कक्षा), दर्जा, प्रकार, जाति, संवर्ग; *v.t.* to assign to a class. वर्गीकृत करना, वर्गों में बाँटना; *Class-book* (a book designed for use by students in a class). विद्यार्थियों द्वारा कक्षा में उपयोग की पुस्तिका; **Class-fellow,** *n.* सहपाठी

Classic, *adj.* (क्लॅसिक्) of allowed excellence, of the first order, approved, standard. उत्कृष्ट, प्रथम श्रेणी का, आदर्श, श्रेष्ठ, वरेण्य, अभिजात, संतुलित, अलंकृत; *n.* classic writer or artist, a work of art which will always be considered as good, any great literary work, (*pl.*) study of ancient Greek and Latin, classical studies. श्रेण्य ग्रन्थ, वरेण्य कृति, प्रतिष्ठित कलाकार, उच्च कोटि की साहित्यिक रचना का अनुकरण करना; **Classical,** *adj.* (क्लॅसिकल्) of literature standard. उच्च कोटि के साहित्य का; **Classicism,** *n.* (क्लॅसिसिझम्) classical scholastic. शास्त्रीय पांडित्य

Classifiable, *adj.* (क्लॉसि-फायेबल) capable of being classed or arranged in classes. वर्गीकरण के योग्य

Classification, *n.* (क्लॅसि-फि-केशन्) systematic arrangement in classes. वर्गीकरण, श्रेणी विभाजन

Classify, *v.t.* (क्लॉसि-फाय्) to class, to arrange or distribute in classes. क्रमबद्ध करना, वर्गीकरण करना

Classy, *a.* (क्लासि) superior. श्रेष्ठ, उच्च

Clatter, *n.* (क्लॅटर्) a nosy talk, a rattling sound, a sound. खड़खड़ाहट, बकवास; *v.t.* to make a clatter, to talk fast and idly, to fall with a clatter. लड़खड़ाना, बकबक करना, झनझनाना, गप्प लगाना; *To clatter down* (to fall with a clattering noise). घड़घड़ाकर गिर पड़ना

Clatterer, *n.* (क्लीटरर्) a babbler. बड़बड़िया, बकवादी

Clause, *n.* (क्लॉझ्) a subordinate sentence, a single provision in treaty or law or contract. वाक्यांश, वाक्य उपवाक्य, खंड, कानून की धारा

Claustral, *a.* (क्लॉस्ट्रल) narrow, of the cloister monastic. एकांत, निर्जन, रोधपट संबंधी, विदंडीय

Claustrophobia, *n.* (क्लॉस्ट्रोफोबिआ) morbid dread of closed places. संवृत्ति भीति

Clavichard, *n.* (क्लीव्हीकार्ड) the first string instrument with a keyboard predecessor of piano. पियानो से पहले का तंतु वाद्य

Clavate, *adj.* (क्लीवेट) shaped like a club. मुद्गर की आकृति का

Clavicle, *n.* (क्लॅव्हि-कल्) merry thought of birds, अक्षक, हँसुली, हँसिया

Clavicular, *adj.* (क्लॉविक्यूलर) pertaining to the collar-bone. हँसिया का

Claviform, *adj.* (क्लॉविफॉर्म) of the form of a club. गदा के आकार का

Claw, *n.* (क्लॉ) the pointed horny nail of a beast's or bird's foot, a grappling iron, an ugly hand. पंजा, नख, चंगुल, पंजाकार औजार; *v.t. & i.* to clutch hold of, to scratch or maul with claws. पंजे से खसोटना, नखों से नोंचना, पकड़ना; *Claw hammer* (a hammer with bent split end for extracting nails, used to draw out nails). खरोंचना, खुरचना, निक का हथौड़ा (जमूरा), फाड़ना, चापलूसी करना; *Clawback* (a flatterer). चापलूस

Clay, *n.* (क्ले) substance of the body, stiff tenacious earth. चिकनी मिट्टी, शरीर के द्रव्य या भौतिक देह; *White clay.* शरीर को लपेटने वाली मिट्टी; *To wet or moisten one's clay* (to drink). पीना, मदिरापान; *Clay-pipe* (tobacco-pipe made of clay). हुक्का-चिलम मिट्टी से निर्मित, गौरैया; *Clay-cold, cold as clay* (usually of the dead). मृत शरीर

Claymore, *n.* (क्लेमोअर्) an ancient Scottish two-edged broad-sword. लंबी और चौड़ी तलवार, दुधारी पुरानी तलवार

Clean, *adj.* (क्लीन्) free from dirt or blemish, clear, unsoiled, free from defilement or disease, holy, complete, decisive. साफ, स्वच्छ, सुथरा, निर्मल, परिशुद्ध, निर्दोष, पवित्र, बेकसूर पूर्ण, पकड़रहित, परिष्कृत; *a.* completely, quite, altogether. पूरी तरह से, बिलकुल, एक साथ; *v.t.* to make clean, to cleanse साफ करना, गंदगी हटाना, माँगना; *n.* process of clearing. स्वच्छ करने की प्रक्रिया; *Clean hands, clean-handed* (innocence, innocent). स्वच्छता, निर्मल, सफाई पसन्दगी, निरपराध, निर्दोषी; *Clean-fingered* (without taking bribe, unbribed). ईमानदार जो घूस या रिश्वत न लेता हो; *Clean slate* (freedon from all commitments). बंधनमुक्त; *Clean tongue* (abstinence from foul talk). मृदुभाषी; *To make a clean breast of* (to confess). कबूलना, साफ-साफ बताना; *Clean-cut* (sharply outlined). साफ-साफ दर्शाया हुआ

Cleanse, *v. t.* (क्लीन्झ्) to remove filth, to purify from sin, to make clean. शोधन करना, साफ करना, पवित्र करना

Clear, *adj. & a.* (क्लिअर्) transparent, not clouded, distinct, quite, unclouded. निर्मल, मेघहीन, स्वच्छ, साफ, निरभ्र, अवरोध-रहित, स्पष्ट, निर्विघ्न, उज्जवल; *v.t. & i.* to make or become clear, to make bright, to show or declare innocent, to free, to remove any encumbrance, to make a sum as net gain. स्पष्ट करना, साफ करना, मुक्त करना, जता देना, लाभ कमाना, हिसाब साफ करना, निकालना, साफ होना, चमकना, *Clear conscience* (feeling that one is innocent). निर्मल हृदय, निर्दोष होने की भावना; *Clear-cut* (well-defined). स्पष्ट सुनिर्धारित; *To clear one's throat* (to clear the throat by slight coughing). खकार कर गला साफ करना; *To clear the decks for action* (to make the decks ready to fight). युद्ध के लिये पोत का ऊपरी हिस्सा साफ करना; *Clear from debt* (free from debt). ऋणमुक्त; *To clear out of the way* (to remove an obstruction). बाधाएं हठाना

Clearance, *n.* (क्लिअ-रन्स्) removal of obstructions, making clear, selling or throwing away things not needed, (certificate of) clearing of a ship at the Custom-House. रुकावट, जहाज खाली होने का प्रमाणपत्र, निष्कासन, चुंगी बाहर होना;

Clearing, *n.* (क्लिअरिंग्) act of making clear, a piece of land cleared for cultivation, a method of changing cheques & drafts in a bank. निवृक्ष क्षेत्र, चेकों और हुण्डियों का बैंक में लेन-देन का भुगतान, वृक्षहीन, साफ किया हुआ भूखण्ड, समाशोधन

Clearly, *a.* (क्लिअर्ली) yes, no doubt, evidently, explicitly. निसन्देह, निश्चय ही

Clear-sighted, *a.* (क्लिअर्-साइटेड्) having acuteness of sight, discerning. तीव्र दृष्टि, दूरदर्शी

Cleat, *n.* (क्लीट्) a tightening wedge, a piece of wood or iron bolted on for fastening ropes to. फन्नी, पच्चर सीगिया खूँटा, गुटका चिड़िया, कोयला संधि

Cleavable, *adj.* (क्लीवबल) that may be broken up. अलगाने या काटने योग्य

Cleavage, *n.* (क्लीव्हिज्) the way in which a thing tends to split. विदरण, विदलन, विदर, दरार

Cleave, *v.i. & t. (p.t. Clove or Cleft, p.p. Cloven* or *Cleft*) (क्लीव्ह्) to break, to stick, to adhere, to split, to divide, to chop, to asunder, to stick fast, to make way through. फाड़ना, चिपकना, तोड़ना, चीरना; *In a cleft stick* (in a tight place allowing neither retreat not advance). सांसत में फसना, ऐसे स्थान में फकड़ा जाना कि आगे-पीछे न सरका जा सके

Cleaver, *n.* (क्लीव्हर्) butcher's chopper. कसाई का छुरा

Cleavers, *n.* (क्लीव्हर्ज़्) a creeper sticking to clothes. लिपटनी घास

Cleek, *n.* (क्लीक्) an iron-headed golf-club. एक बड़ा हुक

Clef, *n.* (क्लेफ्) a symbol showing the pitch of stave in music. गायन के संकेत

Cleft, *p.t. & p.p.* of Cleave. संसित

Cleft, *n.* (क्लेफ्ट्) split, a crack, fissure in earth. दरार, फाँक, विदर

Cleg, *n.* (क्लेग्) a horse-fly, a large grey fly. डाँस, घुड़ मक्खी, महाक्ष

Clem, *v.t. & i.* (क्लेम्) to strave. भूखों मारना, भूखों मरना

Clematis, *n.* (क्लेमटिस्) a flowering climbing shrub. पौधा

Clemency, *n.* (क्लेमेन्सि) mercy, merciful treatment or feealing, mercifulness, mildness of temper or weather. क्षमा, सरलता, दयालुता, मृदुलता, नम्रता; **Clement,** *adj.* (-मेन्ट्) merciful, mild, lenient. मृदुल, नम, क्षमाशील, करुणाय

Clench, Clinch, *v. t. & i.* (क्लेंच्, क्लिंच्) to secure a nail by hammering the point sideways, to make conclusive, to grasp family, to confirm, to come to quarters too close for a full-arm blow. पकड़ना, मुट्ठी बाँधना, मजबूत करना, पक्का करना, कसकर पकड़ना, ढीला न. छोड़ना; *n.* clenching state, a grip. मजबूत पकड़; *Clencher, Clincher* (one that clenches, a remark or argument that triumphantly settles a question). ठोस पायेदार बात कहकर विवाद समाप्त करना **Clerestory,** *n.* (क्लिअर्-स्टोरि) the part of a wall of a cathedral or large church (with a series of windows) above aisle roofs. बड़े चर्च की दीवार की ओर का भाग

Clergy, *n.* (क्लर्जि) the ministers of Gospel, all persons ordained for religious orders. पुरोहित वर्ग, पादरी; **Clergy-man,** *n.* (-मैन्) a man in holy orders. पादरी, धर्मशासक, फादर

Cleric, *n.* (क्लेरिक्) a clergyman. पादरी, पुरोहित; *a.* of clergy. पादरी या लिपिक संबंधी

Clerical, *adj.* (क्लेरिकल्) of a clergyman, pertaining to a writer or tanscriber, of clerks. पादरी या लिपिक संबंधी, पादरियों का; *Clerical error* (an error in writing out). लिखने में की हुई भूल; *n.* member of a clerical party in parliament. संसद में धर्मशास्त्रियों के प्रतिनिधि सदस्य

Clerk, *n.* (क्लार्क्) a person employed to keep accounts, an officer in charge of records, a clergyman, a secretary, a scholar or penman. लिपिक, मुन्शी, किरानी, पादरी या पुजारी, विदूषक मनुष्य, दफ्तर का बाबू; **Clerkship,** *n.* (-शिप) office or situation of a clerk. लेखक या मुन्शी का पद

Clever, *adj.* (क्लेव्हर्) dexterous, quick and neat in movement, ingenious, skilful. चतुर, प्रवीण, दक्ष, अच्छे स्वभाव का; **Cleverly,** *a.* (-लि) dexterously, skilfully. कुशलता से, प्रवीणता से

Clew, *n.* (क्लू) a ball of thread or yarn, the lower or apt corner of a sail by which it is extended. अंटी,

लच्छी, धागे का गोला, भूलभुलैया का पथ प्रदर्शक धागा; *To clew up* (to draw the lower ends of sails to the upper yard or mast ready for furling). फहराने से पहिले पाल की डोर को ऊपर की ओर खींचना

Cliche, *n.* (क्लीशे) a hackneyed literary phrase. बारम्बार दुहराया जानेवाला पद

Click, *n.* (क्लिक्) a sharp sound, a catch in machinery खटपट, खटखट करने वाली वस्तु, चटखनी, *v.i.* to make a sharp sound, to tick. खटखट करना, सफल होना

Client, *n.* (क्लाइ-अन्ट्) a person using the services of a lawyer or other professional man, a customer. मुवक्किल, ग्राहक, आश्रित

Clientele, *n.* (क्लाइ-एन्टील्) a person's dependents, customers or supporters. दुकानदार या वकील के अपने ग्राहकों के साथ संबंध, गुण्यकगण, अनुयायीगण

Cliff, *n.* (क्लिफ्) a steep rock-face (usually overhanging the sea). चोटी, शिखर; *Cliffsman* (a skilled climber, one who climbs a cliff). खड़ी चट्टान का पहलू, पहाड़ पर चढ़नेवाला मनुष्य

Climacteric, *a.* (क्लाइमॅक्टेरिक्) critical, occurring at the period of life (45 to 60) at which the vital force begins to decline, constituting a crisis. जननिवृत्ति, क्रांतिक, ढलती आयु के विकार; *n.* the critical period in life. बढ़ती आयु की बढ़ती समस्याएं; *The grand climacteric* (63rd year). चौथेपन का संकट वर्ष

Climate, *n.* (क्लाइ-मेट्) a place's weather characteristics, the region of certain climate. जलवायु, किसी का लक्षण, स्वरूप; **Climatize,** *v.t.* (-आइज) to inure to a new climate. किसी स्थान की जलवायु का अभ्यास करना

Climatology, *n.* (क्लाइ-मेटॉलॉजि) the science of climates, meteorology. जलवायु, सम्बन्धी विद्या

Climax, *n.* (क्लाइ-मॅक्स्) a series arranged in climax, an ascending scale, culmination, apex. चरमावस्था, शिखर, चरमसीमा, विचार की उत्तरोत्तर वृद्धि

Climb, *v.t. & i.* (क्लाइम्ब) to make way up, to mount slowly, to ascend, to go up a wall or other support by clinging, to rise in social scale. चढ़ना, ऊपर जाना, चढ़ना, आरोहण करना, कठिनाई से चढ़ना; *To climb down* (to descend, to retreat from the position taken up, to give in). नीचे उतरना, पीछे हटना, पीछे होना; *n.* a piece of climbing, the place to be climbed. चढ़ाई चढ़ने की जगह; **Climber,** *n.* (क्लाइम्बर्) one who climbs, climbing-plant, a bird that climbs. आरोही लता, उन्नतिशील व्यक्ति,

Clime, *n.* (क्लाइम्) a region, tract of a country, climate. देश, जलवायु, कोई प्रदेश

Clinch, (क्लिन्च) Clincher. See Clench, Clencher. विवाद समाप्त करना

Clinicher *n.* (क्लिन्च-अर) remark, argument. आक्षेप, वाद-विवाद

Cling, *v. i.* (क्लिंग्) to maintain, to grasp, to stick, to keep hold, to adhere closely, to remain faithful to. चिपटना, सटना, साथ लगना, वफादार रहना, अपनी राय पर अड़े रहना, संलग्न करना, मुरझाना

Clingy, *adj.* (क्लिङ्ङि) adhesive. चिपचिपा

Clingstone, *n.* (क्लिंग्-स्टोन्) a kind of peach or nectarine in which flesh adheres to stone. शफ्तालू, आड़ू की गुठली

Clinic, *n.* (क्लीनिक्) a patient in bed, clinical method of teaching, a class taught at the hospital bed-side. रोगशय्यागत व्यक्ति, शय्या स्थानी शिक्षण, चिकित्सालय, निदानशाला; **Clinical,** *adj.* (क्लीनि-कल्) of or at the sick-bed. शय्या स्थानी, शय्या ग्रस्त सम्बन्धी; *Clinical thermometer* (a thermometer for taking patient's temperature). तापमापक यंत्र, थर्मामीटर

Clink, *n.* (क्लिंक्) a lock-up, a sharp ringing sound, a prison. रणत, कारागृह, झनकार, *v.i. & t.* to make a sharp clinking sound, to cause to jingle. झनझनाना, झंकृत होना, बजना

Clinker, *n.* (क्लिंकर्) a brick vitrified on surface, a very hard yellow ditch brick, a mass of slag or fused brick, good shot or stroke. झाँवा ईंट, खंगरी, अवशिष्ट, राख

Clinker-built, *a.* (क्लिंकर्-बिल्ट्) (of boats) made with external planks overlapping downwards and

fastened with clinched copper nails. एक पर एक लकड़ी के तख्ते रखकर ताँबे की कीलों से जड़ा हुआ फलक

Clinometer, *n.* (क्लाइनॉमिटर्) an instrument for measuring slopes. प्रवणता मापी, गतिमापी

Clip, *v.t.* (क्लिप्) to grip tightly, to cut short with shears, to pare the edge of a coin, shearing, to curtail. कतरना, तराशना, कलम करना, संक्षिप्त करना, संक्षेप से कहना, तेजी से चलना; *n.* an appliance for holding things together, a device for gripping or clasping or holding things together, shearing or haircutting, yield of wool. किसी के पर कतरना, पकड़ने या चिपकाने या चीजों को दबा रखने का साधन, किसी की प्रगति के मार्ग में बाधा डालना

Clipper, *n.* & (*usu.pl.*) (क्लिपर्) an instrument for clipping a swift mover, a ship of raking build, a thing excellent of its kind. काटने वाला, तराशने वाला, कतरनी, (विशेष) अच्छी बात

Clipping, *n.* (क्लिपिंग्) a piece clipped off. कर्तन, कटाई, कतरन

Clique, *n.* (क्लिक्) an exclusive set of associates, a gang, coterie. गुट, दल, गुट्ट, अंतरंग मंडली

Cloak, *n.* (क्लोक्) pretext, a loose sleeveless outdoor garment, pretence, covering. बिना बाहों का ढीला कपड़ा, अँगरखा, बाहर पहनना के कपड़े, बहाना; *v.i.* & *t.* to put on one's cloak, चोगा पहनना, अँगरखा पहिनना, छिपाना, पर्दा

Cloak-room, *n.* (क्लोक्-रूम्) a room for temporary deposit of articles of any luggage. अमानती सामान घर

Clock, *n.* (क्लॉक्) a machine measuring time and indicating it on a dial. घड़ी, घंटा, घंटा नाद; *At ten o'clock.* दस बजे; **Clock-tower** *n.* a tower with a big clock. घंटाघर; *Clockwise* (moving in a curve from left to right as seen by a spectator at the centre). घड़ी की सुई की तरह दांये से बांई ओर वृत्ताकार; *Clockwork* (mechanism on clock principle). घड़ी के यंत्र की तरह; *Regularly,* automatically. घड़ी की तरह नियमित; *Clock-maker* (one who makes or repairs clocks). घड़ीसाज

Clod, *n.* (क्लॉड्) a lump of earth or clay, a lout. मिट्टी का डला, धरती, मूर्ख; the clod, soil, land, mere matter. जमीन, मिट्टी; *a.* cloddish (stupid, sluggish). जड़बुद्धि, मूर्ख व्यक्ति; *Clodhopper* (a bump-kin, a lout). गंवार

Clog, *n.* (क्लॉग्) a wooden-soled shoe, a long fastened to a leg as an impediment. डाट, लकड़ी के तले का जूता, अर्गल, उपारोध, बाधा, रुकावट, अड़ंगी, खड़ाऊं *v.t.* & *i.* to confine with a clog, to obstruct, to be an encumbrance, to impede, to choke up, to adhere. डाट लगाना, उपारोध करना, बोझ रखना, रुकावट डालना, दबाना, लकड़ी का तला लगाना *Clogdance* (a dance performed in clogs). लकड़ी के तले के जूते पहिनकर नृत्य करना; *Clogginess* (the state of being cloggy). चिपचिपाहट; **Cloggy,** *adj.* (क्लॉगि) knotty, apt to clog, sticky, adhesive. ढेलेदार, गठीला, चिपचिपा

Cloister, *n.* (क्लॉस्टर्) a nunnery, a convent, a monastic house, a covered walk (especially of a convent, college, or cathedral). उपासना कक्ष, मठ, वृक्षों से ढका हुआ मार्ग; *v.t.* to shut up in a convent, to shut up from the world. मठ में बंद करना, चारदीवारी में बंद करना; **Cloistered,** *adj.* (-अर्ड) dwelling in cloisters. मठ-वासी

Close, *adj.* & *a.* (क्लोज) shut, tight, stifling, secret, confined, niggardly, near together, covered, near, compact, dense, nearly equal. बंद, घिरा हुआ, तंग, छिपा हुआ, पास (समय-स्थान) घनिष्ठ, ठोस, संतुलित, गंभीर विचार वाला, निजी, गुप्त; *n.* an enclosed place, an end, a passage or entry, a small enclosed field, a conclusion, a grapple. बंद स्थान, घिरा हुआ मैदान, परिणाम, तंग गली का रास्ता, गिरजा का परिसर; *Closing-time* (shutting-up time, time at which shops stop busi- ness). दुकानें बन्द होने का समय; *To keep close* (to lie close, to be in hiding). छिपना, छिपकर रहना; *Close grained* (compact). ठस बुना हुआ; *Close*

quarters (immediate contact). निकट सूत्र, निकट सम्पर्क; *To close a bargain* (to complete or settle a bargain). सौदा तय करना; *To close of day* (evening). संन्ध्या; *Close examination* (minute examination). सूक्ष्म परीक्षा

Closely, *a.* (क्लोजलि) secretly, attentively. गुप्त रूप से, ध्यान लगाकर

Closeness, *n.* (क्लोजनेस) the quality of being close. छिपाव, समीपता

Closet, *n.* (क्लॉझिट्) a cupboard, a small room, a water-closet. कोठरी, कमरा, निजी कक्ष, एकांत कक्ष, अलमारी; *v.t.* to hold private cosultation, to conceal. गुप्त वार्ता करना, छुपाना

Closeted, *a.* (क्लॉझिटेड्) in private consultation. एकान्त परामर्श; to be closeted with or together. एकान्त में बैठकर परामर्श करना या देना

Closure, *n.* (क्लोझर्) act of closing, closed state, the stopping of debate. समाप्ति, मत द्वारा किसी विषय की बहस को बन्द करना, समापन, बंदी, रिक्त, पूर्ति; *v.t.* to apply closure to. समाप्त करना

Clot, *n.* (क्लॉट्) a lump of adhesive matter, coagulated mass or a semi-solid lump. थक्का, आतंच, पिण्ड, मूर्ख; *v.i. & t.* to curdle, to form into clots. थक्का जमाना, पिंड बन जाना; *Clotted hair* (hair stuck together in locks). उलझे हुए बालों की लट; *Clotted cream* (cream obtained by scalding milk). दूध की मलाई का थक्का; *Clotted nonsense,* utter absurdity. निपट मूर्खता; **Clotted,** *adj.* (coagulated). घनीभूत

Cloth, *n.* (क्लॉथ्) wollen materia! for clothes, woven or felted stuff, table-cover. कपड़ा, भिन्न प्रकार के वस्त्र, मेजपोश, बादवान, थिएटर का परदा; A woven stuff used for dress. कपड़ा, वस्त्र; *Cloth of gold.* जरी का कपड़ा; *To cut the coat according to cloth* (to adapt expenditure to resources). आय के अनुसार खर्च करना; *Cloth yard.* गज या मीटर कपड़ा; *Cloth-yard shaft* (an arrow a yard long). एक गज या मीटर का नाप

Clothe, *v.t.* (*p.t. Clothed or Clad*) (क्लोद्) to furnish with clothes, to provide with clothes, to put clothes upon, to cover like clothes, to be as clothes to. कपड़े पहनना, पोशाक, कपड़े मुहैया करना, कपड़े का खर्चा देना, ढाँपना; **Clothes,** *n. pl.* (क्लोद्ज्) articles of dress, wearing-apparel, garments. वस्त्र, कपड़े; **Clothier,** *n.* (-अर्) a dealer in cloth or clothes, a cloth-maker. कपड़े वाला, बजाज, वस्त्र विक्रेता; **Clothing,** *n.* (क्लोदिंग्) clothes, apparel, garmento, dress. वस्त्र, परिधान

Clotted, *adj.* (क्लॉटेड) coagulated. घनीभूत

Cloud, *n.* (क्लाउड्) a visible condensed watery vapur floating in the air, a mass of smoke or dust, obscurity. मेघ, बादल, निस्सार वस्तु, समुदाय, घटा, आवरक, आच्छादक; *v.t. & i.* to overspread or darken with clouds, to become overcast or gloomy. मेघाच्छन्न करना, अंधेरा करना, ढकना; *A cloud-drift* (a cloud in motion). आकाश में मंडराते मेघ; *Cloud-rack* (a pile of broken clouds). छंटते बादल; *Cloud-burst* (a violent rainstorm). बादल फटना, धुंआधार वर्षा होना; *Cloud-capped* (of a hill) with the top veiled in clouds. मेघ-आच्छादित पर्वत शिखर; **Cloudy,** *adj.* (-डि) obscured or overcast with clouds, lacking clearness. मेघाच्छन्न, मलिन, असपष्ट, धब्बेदार, छायादार; *Under a cloud* (out of favour, discredited). संदेहग्रस्त, संदिग्ध, दुविधामय; **Cloudless,** *adj.* (-लेस) clear. बिना बादल का, स्वच्छ

Clough, *n.* (क्लफ्) a ravine, a steep valley. कन्दरा, घना वन, पहाड़ की तलहटी या घाटी, गुफा

Clout, *v. t.* (क्लाउट्) to patch, to hit or rap, to protect with iron nails or p'ate. थेगली लगाना, लोहे की कीलें या पत्तर लगाकर रक्षा करना, परिरक्षित करना, कपड़े से ढकना, मुक्का मारना; *n.* a cloth, a knock, a piece of clothing, a rap, a piece of cloth or leather for mending, an iron plate, to save wear. छेदगी, टिर्री, मरम्मत करने के लिए चिथड़ा या चमड़े का टुकड़ा, लोहे की पट्टी या कील, मुक्का, थप्पड़, निशाना

Clove, *n.* (क्लोव्) dried bud of

opical tree, spice, the clove tree, kind of pungent, लवंग, लौंग

ove, *n.* (क्लोव) (*p.t. & p.p.*) of leave. धड़कना; *Cloven-footed, oofed.* द्विभाजित, फटा हुआ; *To show the oven foot.* दो सुरोंवाला

over, *n.* (क्लोव्हर्) kinds of tre-foil sed as fodder, a kind of grass. पतिया घास या चारा (मटरकुल का पौधा)

own, *n.* (क्लाउन्) rustic, lout, a ster in pantomime or circus, an l-bred person. मूर्ख, मसखरा, विदूषक, ार, उजड्ड, असभ्य; **Clownery,** *n.* खरापन, उजड्डपना, **Clownish,** *adj.* (-श्) l-bred, coarse, rustic. मस्खरापन, ारपन से, विदूषकत्व

oy, *v. t.* (क्लॉय्) to sate, to overfeed, o surfeit, to become distasteful wing to excess, to fill to loathing, o disgust, to glut. चुभाना, अति अधिक लाना, जख्मी करना, घृणा पैदा कर देना, खूँटी से धना, परितृप्त करना, उबाना, अरुचि होना

ub, *n.* (क्लब्) a heavy stick used as weapon, kinds of stick used in olf, a room for such associations, body of persons associated for ocial or other purposes, structure r organ with a knob at end. मुदगर, दा, सोटा, बल्ला, सभा का कमरा, गोल्फ स्टिक, च्छा, मंडली, क्लब; *v.t. & i.* to strike ith a club, use butt of gun as ub, get one's men into a onfused state, to bring or come ogether, to contribute to a ommon expense, combine for oint action. मुदगर या गदा घुमाना, सभा ाना, सोटे से मारना, इकट्ठे हो जाना, मिलाना, न्सी सम्मिलित कार्य के व्यय के लिए चन्दा कट्ठा करना; *Club-bable* (sociable). ामाजिक; *Indian club* (a pair swung o develop muscles). मुदगर की जोड़ी नाकर बाजुओं को मजबूत बनाना; *lub-house.* अखाड़ा; *Club-root.* एक कार की बीमारी; *Club foot* (a short eformed foot). स्थूल चरण; **lubfooted,** *a.* (-फूटेड्) having short eformed feet. फील पाँव वाला; *lub-law* (government by hysical force). शक्तिपूर्वक शासन

Cluck, *n.* (क्लक्) a hen's cry. अंटी, मुर्गी की बोली, लच्छी, धागे

Clue, *n.* (क्लू) guiding or suggestive fact, train of thought, thread of a story. अंटी, मार्गदर्शक सिद्धान्त, लच्छी, धागे का गोला, कथा का सूत्र, सुराग; to give a clue. सुराग देना; **Clueless,** *adj.* (without clue or trace). सुरागरहित, निराधार

Clumber, *n.* (क्लम्बर्) a breed of spaniel. एक नस्ल का कुत्ता

Clump, *n.* (क्लम्प्) a bunch, a cluster of trees, a lump, a thick extra sole on a shoe. लोंदा, पुंच, गुच्छा, लोथड़ा, दोहरा तला, मुक्का, भदभदाते हुए चलना, जमना, ढेर लगाना, ढेरी लगाना, पीटना; *v.i. & t.* to tread heavily, to provide boot with clump, to plant in a clump. जोर से चलना, जोर से पैर पटकना, पौधे लगाना; clump sole. जूते में मोटी एड़ी लगाना

Clumsily, *a.* (क्लमजिलि) in an awkward manner. भद्देपन से, फूहरपन से; **Clumsy,** *adj.* (क्लम्झि) awkward in movement or shape, tactless, ill-contrived, ill-conceived. भद्दा, भोंदा

Clung, *p.t. & p.p.* (क्लङ्ग) of Cling. चिपटना

Cluster, *n.* (क्लस्टर्) a bunch of flowers or fruits, persons, a group of things, animals. गुच्छ, समूह, झुंड; *v.t. & i.* to grow or collect in groups, to form a cluster, to arrange in a cluster. गुच्छे में होना, समूह में होना, पिण्डीभूत करना

Clutch, *v.t. & i.* (क्लच्) to seize eagerly, to hold tightly, to snatch at, to grasp tightly. पकड़ना, मुट्ठी में बाँधना, कसकर पकड़ना, जकड़ना, शिकंजे में कसना, छीना झपटी करना, छीनना; *n.* a tight grasp, a grip, seizure, coupling device in machine. पंजा, शिकंजा, मुर्गी के बच्चों का झुण्ड, संग्रह, छीना-झपटी

Clutter, *n.* (क्लटर्) confused noise, untidy state, turmoil, घालमेल, गड्डमड्ड, हलचल, कोलाहल; *v.i. & t.* to bustle about, to run with confused noise, to litter. भीड़ लगाना, चिल्लाकर दौड़ना, उत्पात करना, गड़बड़ी फैलाना

Clypeus, *n.* (क्लिपेअस्) shield-like part of insect's head. कवचक

Clyster, *n.* (क्लिस्टर्) enema, a liquid injected into the intestines. आँतों में इंजेक्शन से डाला हुआ द्रव; *v.t.* एनिमा लगाना

Co, *n.* (को) an *abbr* for Company. कंपनी शब्द का छोटा रूप; *A prefix meaning together.* 'एक साथ' के अर्थवाला उपसर्ग

Coacervation, *n.* (कोअसर्वेशन्) a pile, heaping together. ढेर लगाना,

Coach, *n.* (कोच्) a state carriage, (also *stage-c.*) a four-wheeled vehicle, railway carriage, tutor or trainer, a room near stern of men-of-war, a passenger railway train. डिब्बा, सवारी डिब्बा, कोच, यात्रियों की रेलगाड़ी, रथ, गाड़ी, कोच, खेल शिक्षक, प्राइवेट शिक्षक, व्यायाम शिक्षक; *v.i. & t.* to travel by coach, train, to give hints to, read with tutor. गाड़ी में ले जाना, शिक्षा देना, पढ़ाना, गाड़ी से यात्रा करना, खेल; *Coach box* (driver's seat). गाड़ी चलाने वाले का बैठने का स्थान; *Coach dog.* गाड़ी के साथ-साथ चलने वाला कुत्ता; *Coach house* (a place for keeping a coach in). गाड़ी रखने का तबेला; *Hackney coach.* किराये की गाड़ी; *Mail coach.* डाक गाड़ी; *Stage coach.* स्थान-स्थान पर रुककर मुसाफिरों को चढ़ाते उतारते चलने वाली गाड़ी; **Coachman,** *n.* (-मॅन) the driver of any horse carriage. कोचवान, गाड़ीवान

Co-act, *v.i. & t.* (को-एक्ट्) to compel, to act together. साथ काम करना, एक साथ सक्रिय होना, बाध्य करना

Co-adjust, *v. t.* (कोअड्जस्ट्) to adjust with other objects. परस्पर मिलकर कार्य करना

Coadjutant, *n.* (को-अड्जुएन्ट) an assistant or associate. सहायक

Coadjutor, *n. & fem. Coadjutrix* (को-अड्जुटर्) an assistant, a colleague. सहयोगी, साथी, सहकारी

Coadunate, *a.* (कोअड्यूनट्) (Physical, Bot.) congenitally united. संगठनात्मक

Coagulant, *n.* (कोअग्युलन्ट्) coagulating agent. स्कंदक पदार्थ

Coagulate, *v. i. & t.* (कोअग्युलेट्) to change from fluid to solid state, to congeal, to clot, to curdle. जमाना, स्कंदित करना, जम जाना; स्कंदित होना

Coak, *n.* (कोक्) a hole in which pins are inserted. गुल्ली बैठाने का छिद्र; *v.t.* to join by the aid of pins. गुल्लियों या गुल्लों द्वारा जोड़ना

Coal, *n.* (कोल्) black mineral used as fuel. कोयला, पत्थर का कोयला, लकड़ी का कोयला, अंगारा, अंगार; *v.t. & i.* to put coal into ship. कोयला लेना, कोयला भरना; *Coal bed, coal seam* (a stratum of coal). कोयले की खान; *Coal black.* कोयले जैसा काला; *Coal-box.* कोयला रखने का बक्सा; *Coal field.* कोयला खान, *Coal fish* (black cod). काली पीठ वाली मछली (काड); *Coal-heaver.* पत्थर के कोयले का धुआ; *Coal-master.* कोयले ढोनेवाली; *Coalfield* (a coal-mine). कोयला खान; *Coal-scuttle.* कोयले छानने की छननी; *Coal- tar.* कोयला ढोने का पात्र; *Coal-gas* (gas produced from coal). कोयले से उत्पन्न जलनेवाली

Coalesce, *v.i.* (कोअ-लेस्) to grow togethere, to come together and form one to combine in a coalition, to unit. एक साथ उगना या बढ़ना, सम्मिलित होना; **Coalescence,** *n.* (को-अलेसेन्स्) combination, union, fusion. सम्मिलन, मिलाप, संयोग, संधि

Coalition, *n.* (कोअ-लिशन्) fusion into one whole, union, temporary combination between parties. सहमिलन, मेल, सम्मिलन, संघटन, संघ

Coalmine, Coal-pit, *n.* (कोल्-माइन्, कोलपिट्) a mine or pit from which coal is dug. कोयला खान

Coalmouse, -tit, *n.* (कोलमाउस्, -टिट्) small dark-coloured bird. एक प्रकार की काली चिड़िया

Coaming, *n.* (कोमिंग्) raised border round hatches of ship to keep out water. जहाज में पानी भरने से रोकने वाली बाड़

Coarse, *adj.* (कोअर्स्) common, inferior, rough, lacking delicacy, unrefined, rude, vulgar, obscene (of language). मोटा, साधारण, घटिया, रूखा, अशिष्ट, उजड्ड, असभ्य, कठोर, स्थूल, कच्चा, अपरिष्कृत; *n.* sea-boundary, the border of land on sea. सीमा, समुद्रतट; *v.i.* to sail along coast, travel downhill on a tobaggan or without work on a bicycle, पहुँचना,

एक ही किनारे के बन्दरगाहों पर व्यापार करना, तट के साथ-साथ जहाज चलाना; *Coast guard (-sman).* तटरक्षक; **Coast-ward,** *a.* (towards the coast). तट की ओर, तटीय; *The coast is clear.* तट का मार्ग साफ है-ऐसा संकेत; **Coastwise,** *a. & a.* (-वाइज़्) by the way of the coast, along the coast. अनुतट, तट के साथ

Coarsen, *v.t. & i.* (कोअर्सन्) to make coarse. दरदरा करना, बेहूदा बनना

Coat, *n.* (कोट्) a man's upper garment, a covering, skin, woman's stout-buttoned over-coat, covering of any animal, an investing membrane of organ, rind, husk, layer of bulb. कोट, ओवरकोट, पशुओं के शरीर के बाल या ऊन, आदत, आवरण, खाल, लेप, विलेय, मर्दाना कोट, (परत) रंगरोगन, बख्तर के ऊपर का कोट, *v. t.* to cover with paint, to spread with a layer of something. रंग करना, रंग की कूची फेरना, तह चढ़ाना, मढ़ना; *Coat of mail* (armour). बख्तर पहनना, जिरहबख्तर; *Great coat.* कवच; *Coat armour.* लम्बा पैर तक ढंपने वाला अंगरखा, बड़ा लम्बा कोट; *Red-coat* (a British soldier). अंग्रेज सिपाही; *To dust one's coat* (to beat him). पीटना, ठोकना; *To turn one's coat* (to change sides, to abandon). अपनी राय बदलना, त्यागना, दलबदल करना; *To wear the king's coat* (serve as soldier). सेना में भर्ती होना; *Coated.* चासनी चढ़ा-पका हुआ; *Petticoat* (a loose under-skirt worn by females and little boys, a woman). अंगिया, चोली

Coatee, *n.* (कोअटी) a short-tailed (mil.) coat. छोटा कोट

Coat of arms, *n.* (कोट् ऑफ़् आर्मस्) heraldic bearings. कुल-चिह्नांकित कोट, आयुधांक, अस्त्रध्वजादि चित्रण

Coating, *n.* (कोटिंग्) coat of paint, cloth for coats. लेप, आलेप, रंग की तह, आवरण, परत, कोट का कपड़ा

Coax, *v.t.* (कोक्स्) to use blandishments on, to persuade, to entice, to force gently, to practise wheedling. फुसलाना, बहकाना, लाड़ करना

Coaxial, *a.* (कोअक्सिअल्) (Also *Coaxal*) having common axis. समाक्ष, समाक्षी

Cob, *n.* (कॉब्) stout short-legged riding-horse, cob swan, a big man, cob-nut, a stalk of maize ear, coal in roundish lumps, a round-headed loaf, wall- material of clay. लघुपाद, बड़ा आदमी, गोल माथे की रोटी, छोटे पैरों वाला टट्टू हंस, किसी वस्तु का गोल ढोंका या जमाव, मोटे छिलके का फल मक्का के मोटे दाने, कच्ची दीवाल बनाने के लिए फूस और मिट्टी का मिश्रण

Cobalt, *n.* (कोबाल्ट्) a metal like nickel, deep blue pigment made from it गिलट के समान एक सफेद धातु, परमाणु क्रमांक २७, कोबाल्ट का नीला रंग

Cobble, *n.* (कॉबल्) (Also C.-stone) *(pl.)* water-worn paving pebbles, coals of cobble size. पानी से घिसा पत्थर कोयले के टुकड़े; *v.t.* to pave with cobbles, to work clumsily, mend, patch coarsely. जूते मरम्मत करना, भद्दे ढंग से काम करना, पैबंद लगाना, फर्श आदि डालना; **Cobbler,** *n.* (कॉब्लर्) mender of old shoes, a clumsy workman, iced drink. मोची, (मदिरा)

Cobby, *adj.* (कॉबबि) stout, brisk. पुष्ट, तीव्र

Coble, *n.* (कॉबल्) a kind of fishing boat कॉबल (नौका)

Cobra, *n.* (कोब्रा) the venomous hooded snake. फणीनाग, विषैला नाग

Cobswan, *n.* (कॉब्-स्वॉन्) a male swan. राजहंस

Cobweb, *n.* (कॉब-वेब्) spider's net-work or thread, mesh, entanglement, a thing of flimsy texture, musty rubbish. महीन जाली, मकड़ी का जाला, जाल तंतुजाल, कोई भंगुर रचना, अस्पष्टकारक; **Cobwebbed.** मकड़ी के जालों से भरा हुआ

Coca, *n.* (कोका) a Bolivian shrub. औषधियुक्त वनस्पति

Cocaine, *n.* (को-केन्) a drug from coca producing numbness. बेहोशी लाने वाली, सुन्न करने वाली दवा, कोकेन

Coccyx, *n.* (कॉक्सिक्स्) similar part in birds, bone ending spinal coloumn (in man). अनुत्रिक, रीढ़ की सबसे नीचे की हड्डी

Cochin-china, *n.* (कॉचिन् चाइना) a fowl

of Cochin-China breed. एक प्रकार का मुर्गा

Cochineal, *n.* (कॉचिनील्) dried insects used for making scarlet dye & carmine. किरमिजी रंग छोड़ने वाला एक सूखा कीड़ा

Cochlea, *n.* (कॉक्लिआ) the spiral cavity in the inner part of ear. कान के भीतर का घोंघ के समान कोष्ठ

Cock, *n. & (fem. Hen)* (कॉक्) male of domestic fowl, any male bird, hammer of gunlock, a spout, pile of hay, liver in gun, indicating tongue of balance टूटी, बन्दूक का घोड़ा, नर, तराजू का कांटा, मुर्गा, कुक्कुट, नरपक्षी; *v.t. & i.* to set in upright or slanting position, glance knowingly, raise cock of (gun) in readiness for firing. बन्दूक का घोड़ा दबाना, सीधा खड़ा करना, (टोपी) खास अन्दाज में लगाना; *adj.* turning up. ऊपर को उठा हुआ; *Cock & bull story* (incredible or exaggerated story). गढ़ी हुई कहानी, रंजित कथा, अविश्वसनीय बात; *Cock-crow,-crowing* (dawn). मुर्गे की बांग, प्रातःकाल का समय; *Cock-fighting.* मुर्गों की लड़ाई; *Cock-sparrow.* नरपक्षी; *Cock-shot,-shy* (object set up to be thrown at, a throw at this). निशाना लगाने वाला; *Cock-a-doodle-doo* (cock's crow, child's name for cock). बच्चे को मुर्गे की आवाज निकालकर दुलारना; *Cock of the walk* (dominant person). अपनी चौधराहट चलाने वाला, नेतागिरी दिखाना; *To cock one's hat* (to put on hat in a slanting way). टेढ़ी टोपी या टोपा लगाना; *To knock into a cocked hat.* टोपी से मुंह ढकना

Cock-hoop, *a.* (कॉक्-हूप्) exultant. घमंडी, खुशी में उन्मत्त, गर्वोन्मत्त, अभिमानी

Cockade, *n.* (कॉ-केड्) a badge in a hat, a rosette worn in hat. हैट का बैज, झब्बा, टोपी पर लगाया हुआ तुर्रा

Cockatoo, *n.* (कॉ-क-टू) a crested parrot. काकातुआ (शुक)

Cockatrice, *n.* (कॉकॅट्राइस्) a basilisk. काल्पनिक दैत्य, वैश्या, भुंजग, छिपकली, गिरगिट

Cockboat, *n.* (कॉकबोट) a small boat. छोटी नाव

Cockcrow, *n.* (कॉककों) the early morning, dawn. प्रातःकाल, अरुणोदय

Cocker, *v.t.* (कॉकर्) to pamper, coddle अघाना, लाड़-प्यार करना, लत डालना; *n.* a breed of spaniel, (according to cocker) correct, regular. एक नस्ल का कुत्ता, ठीक, नियमित

Cockerel, *n.* (कॉक-रेल्) a young cock, a fighting youth. मुर्ग पट्ठा, पट्ठा, छोटा

Cock-eyed, *adj.* (कॉक-आइड) having a squint eye. ऐंची आँखवाला

Cockle, *n.* (कॉकल्) an edible bivalve, a cockle-skell, a radiating stove, a bulge, a wrinkle, a cornfield weed. सीप, अनाज के खेत की बेकार घास, चूल्हा, कछुआ, झुर्री, स्टोव; *v.i. & t.* to wrinkle, to bulge. झुर्री पड़ना, फूलना, झुर्री डालना; *Cockle-shell, -boat.* कवची प्राणी, कॉकल कवच, दोपाटी कवच, छोटी नाव,

Cockney, *n.* (*pl. -neys*) (कॉक्-नि) a native of London. लंदन में जन्मा, लंदन में रहनेवाला, लंदन की अंग्रेजी

Cockpit, *n.* (कॉक्-पिट्) a place of many battles, cock-fighting arena, an apartment in a ship of war where wounds are dressed, (Aeronaut.) space for pilot in aeroplane. मुर्गियों के लड़ाने का अखाड़ा, युद्ध क्षेत्र, युद्धपोत में जख्मी लोगों के लिए बना हुआ स्थान, विमान चालक के बैठने की जगह

Cockroach, *n.* (कॉक्रोच्) the black-beetle. तिलचट्टा, झींगर

Cockscomb, *n.* (कॉक्स्कोम) cock's crest, a dandy, kinds of plant. पौधा, कुक्कुट शिखा, कलंगी, मोर की कलंगी

Cocksure *adj.* (कॉक्शुअर्) confidently certain, quite convinced of, dogmatic. सुनिश्चित, बेचूक

Cock-tail, *n. & a.* (कॉक्टेल्) (a horse) of racing stamp but not thorough-bred, (a person) of social upstart, a drink of spirit. घुड़दौड़ का अकुलीन घोड़ा, मिश्रित शराब, सभ्यता का ढोंगी, एक प्रकार का कीड़ा, मादक पेय

Cockup, *n.* (कॉकप्) a fresh-water fish of India. स्वच्छ जल की भारतीय मछली, ऊपर की ओर मुड़ा हुआ

Cocky, Cocksy, *adj.* (कॉकि, कॉक्सि) conceited, pert. घमंडी

co, *n.* (कोको) (*also coco-nut palm, co-palm, coco-tree*) a tropical lm bearing coconut. नारियल, रियल का पेड़; **Coconut,** *n.* (कोको-नट) e well-known fruit of the co-palm, human head. नारियल, रिकेल, गोला, खोपरा; *Coco-milk.* पानी ा नारियल, कच्चा नारियल; *That counts for the milk in the coco* ncet.) अब सारी बात समझ में आई

coon, *n.*(कॉ-कून्) silky case spun by rva of silkworm. कोया, रेशम का ड़ा, कोष

coa, *n.* (कोको) powder of crushed coa seeds, drink made from coa. कोके के बीज

tion, *n.* (कॉकशन) the act of boiling cooking. उबालने की क्रिया

d, *n.* (कॉड्) a large sea fish. कॉड ली; also, cod-fish. cod-bank. जहाँ द्र में कॉड मछलियाँ एकत्रित होती है वह न; *Cod-liver-oil.* कॉड मछली के जिगर से कला तेल, औषधि

ddle, *v.t. & i.* (कॉडल्) to treat as valid, to fondle, to treat nderly, to treat oneself as valid, to pamper. लाड़ करना, प्यार ना, रोगी की तरह परिचर्या करना, कोमलता से हार करना, कोसा करना; *n.* a person no coddles himself. स्त्रैण व्यक्ति, खुद प्रशंसा करने वाला, चोंचले दिखाने वाला

e, *n.* (कोड्) a systematized body laws, a set of rules, a secret guage, system of signals, itrary symbols used for vity or secrecy, संहिता, नियम संहिता, भाषा, संकेत, कूट संकेत, कूट शब्द; *v.t.* o *codify)* to put into code nbols. संकेत देना, संहिता बनाना

x, *n. (pl. -dices)* (कोडेक्स्) ancient nuscript volume. संहिता, पांडुलिपि, लिखित पुस्तक, पर्ण पुस्तक ग्रंथक

ger, *n.* (काजर) an eccentric old son, a queer fellow. कमीना व्यक्ति, झक्की वृद्ध पुरुष, छोकरा

cil, *n.* (कॉडि-सिल्) a supplement ifying or revoking a will. तनामा, वसीयतनामे को तोड़ने या बदलने का कोडपत्र

Codify, *v.t.* (कॉडि-फाय्) to reduce to a code or digest, to frame laws into a code. संहिताबद्ध करना, कानून बनाना; **Codification,** *n.* (the process of condigfying). कानून बनाने की क्रिया

Codlin (g), *n.* (कॉड्लिन्, लिग्) a variety of apple. (फल) कच्चा सेब

Codling, *n.* (कॉड्लिङ्ग्) a small cod-fish. छोटी कॉड मछली

Co-ed, *n.* (कोएड्) a girl student at co-education institution. सहशिक्षा पाने वाली छात्रा

Co-education, *n.* (को-एचुकेशन्) training boys and girls in the same school. सहशिक्षा, लड़के, लड़कियों की सहशिक्षा

Co-efficient, *n.* (को-इफिशन्ट्) a person that contributes to an effect, a joint factor, an expression of quantity standing before another as multiplying it. गुणांक, सहकारी कारण; *Numerical coefficient.* सांख्यिकी गुणांक; *Indeterminate coefficient.* अनिश्चित गुणांक;

Co-equal, *adj.* (को-ईक्वल्) equal, of the same rank. समान, बराबरी का

Coerce, *v.t.* (कोइर्स) to constrain into obedience. प्रपीड़ित करना, रोकना, बल प्रयोग करना, बाध्य करना; **Coercion,** *n.* (को-इर्शन्) forecible compulsion, controlling by force. अवपीड़न, प्रपीड़न, बल प्रयोग, जोर जबरदस्ती; **Coercive,** *v.t. & adj.* (को-अर्सिव्ह) of or exercising coercion, compulsory. निग्रहकारी, अनिवार्य, निग्रही, बलात्, जोर जबरदस्ती

Coessential, *a.* (को-इसेन्शाल्) of the same substance or essence. समान सार संबंध, एकतत्वता

Coetaneous, *a.* (को-इटे-निअस्) coevel, of the same age. समवयस्क, समकालीन, समसामयिक

Coeternal, *a.* (कोइटर्नल्) alike eternal. समअनंती, सहशाश्वत

Coeval, *adj.* (कोईव्हल्) of the same age or duration or epoch. समवयस्क, व्यक्ति, एक अवस्था या समय का, समकालीन व्यक्ति; *n.* such person, one of equal or same age. समवयस्की, समकालीन

Co-executor, *n.* (कोएँक्जक्यूटर) an executor with another person. दूसरे के साथ नियम इत्यादि बनानेवाला व्यक्ति

Coexist, *v.t.* (को-इग्झिस्ट्) to exist together at the same time. सहवर्ती होना, एक ही काल में होना, साथ-साथ रहना

Coextensive, *adj.* (को-इक्स्टेंग्सिव्) extending over the same space or time समविस्तारी, एक ही समय में होनेवाला

Coffee, *n.* (कॉफ़ी) a shrub, seeds of coffee, infusion of coffee as hot drink, a powder made from the seeds. कहवा, कॉफ़ी; *Coffee-bean* (the seed). कॉफ़ी के बीज कहवे के बीज, *Coffee-house*, (refreshment place). अल्पाहार, गृह

Coffer, *n.* (कॉफर्) a box for valuables, (*pl.*) funds or treasury. पेटी, कोष, तिजोरी

Coffin, *n.* (कॉफिन्) a burial-chest, a chest in which a dead body is enclosed, horse's hoop below coronet. शव पेटिका, ताबूत; *v.t.* to put in coffin, store away. ताबूत में रखना; *To drive a nail into one's coffin* (to hasten death). मृत्यु को बुलाना

Cog, *n.* (कॉग्) the tooth of a wheel by which it drives another wheel or tooth of wheel. पहिये का दांता; **Cogged,** (झँगडा) *adj.* toothed. दातेदार

Cogency, (Cogence) *n.* (कोजेन्सि, कोजेन्स) force, convincing power, strength. प्रबलता, विश्वस्त या निश्चित शक्ति, अकाट्य तर्कशीलता

Cogent, *adj.* (कोजेन्ट्) compelling assent, forcible, convincing, powerful. प्रबल, निश्चित, समर्थ, शक्तिशाली; *a.* in a convincing manner. विश्वस्त या निश्चित रूप से

Coggery, *n.* (कोगरि) trickery, cheating. छल, कपट

Cogitable, *adj.* (कोजीटेब्ल) that can be conceived by thought. चिंतन योग्य

Cogitate, *adj. & v.t.* (कॉजि-टेट्) to think deeply, to ponder, meditative devise, from conception of. चिंतन करना, ध्यान करना, विचार करना, मनन करना

Cogitation, *n.* (कॉजइटेशन) meditate, deep thought. गम्भीर चिन्ता या विचार

Cognac, *n.* (कॉग्नॅक्) French brandy. (मदिरा) फ्रांस की ब्रांडी

Cognate, *adj.* (कॉग्नेट्) descended from same ancestor, akin in origin, kindred, related to सजात, संगोत्री, सजातीय, सम्बन्धी; *n.* a relative, a cognate word. रिश्तेदार संबंधी शब्द

Cognation, *n.* (कॉग्नेशन्) affinity, cognate relationship, kindredness. बन्धुता सम्बन्ध, सजातीयता, बन्धुत्व

Cognition, *n.* (कॉग्निशन्) certain knowledge, perception, notion. बोध, संज्ञान; **Cognitive,** *adj.* (कॉग्निटिव्) perceptible, having the power of knowing. परिज्ञान शील, ज्ञान या अनुभव सम्बन्धी, संज्ञानात्मक, संज्ञानार्थक

Cognizable, *adj.* (कॉ-निझेबल्) within the cognizance of a court, knowable. संज्ञेय, बोधगम्य, विचार के योग्य

Cognizance, *n.* (कॉनि-झन्स्) knowledge, being aware, judicial notice, sphere of observation, crest or other badge. संज्ञान, जानकारी, ज्ञान चेतना, बिल्ला; *To have cognizance of* (to have a knowledge of). बाकायदा जानकारी होना

Cognizant, *adj.* (कॉनिझन्ट्) having knowwledge, being aware of. ज्ञानवान, जानकारी रखने वाला

Cognomen, *n.* (कॉग्नोमेन्) nickname, surname. कुलनाम्, उपनाम

Cognovit, *n.* (काग्नोविट्) defendant's acknowledgement that plaintiff's cause in just. वादी-पक्ष-स्वीकार, वाद स्वीकृति, प्रतिवादी द्वारा दावे की स्वीकृति

Cohabit, *v.t.* (को-हॅबिट्) to live together as a husband and wife. सहवास करना

Coheir, *n. & (fem. Coheiress)* (को-एअर्) a male joint heir. सहवारिस, हिस्सेदार, हमवारिस

Cohere, *v.t.* (को-हिअर्) to stick together, to remain united, to be well-knit or consistent. संसक्त होना, चिपटना, साथ सटना, स्थिर रहना; **Coherent,** *adj.* (को-हिअरन्ट्) holding together, connected, not inconsistent. समनुगत, स्थिर अनुरूप, संबद्ध, स्थिर विचारशील

Cohesion, *n.* (को-हीझन्) union, sticking together, force with which parts of molecules cohere, dependence. संसंजन, संयोग, संसक्ति

ohort, *n.* (कोहॉर्ट) tenth part of Roman army, a band (of warriors), (*pl.*) troops. योद्धाओं का दस्ता, साथी का अनुयायी, सहगण

ohibit, *v.t.* (कोहिबिट) to restrain. अवरोध करना, रुकावट करना या रुकावट डालना

oif, *n.* (कॉइफ्) a kind of cap or covering for the head. जनानी टोपी

oiffeur, *n.* (कॉफर्) a hair-dresser. केशविन्यास कर्त्ता, नापित, केशसज्जाकार

oiffure, *n.* (कॉफ्यूअर्), the way one's hair is dressed केशविन्यास

oign, *n.* (काइन्) a corner or external angle, a wedge, coign of vantage, place affording good view of something. दर्शक के लिये सुविधाजनक स्थान, कोने का बाह्य

oil, *v.t. & i.* (कॉइल्) to dispose in concentric rings, move in a zigzag way, to take or twist into a spiral or circular shape. कुंडली बनाना, लपेटना, लिपटना, कुंडली मारना; *n.* coiled length (of rope, wire, etc.), arrangement in concentric circles, spiral wire for passage, noise. कुंडली, चक्कर गेंडुरी, गच्छा, बिंडा, कॉयल

oin, *n.* (कॉइन्) a piece of stamped metal money, money मुद्रा, टंक, सिक्का, रुपया-पैसा, नकदी; *v.t. & i.* to make money by stamping metal, to fabricate, to turn into money, invent (esp. a new word.) नकदी में परिवर्तित करना, मोहर लगाना; *False coin* (counterfeit coin). जाली या खोटा सिक्का; *To pay one in his own coin* (to retaliate). बदला चुकाना; *To coin money* (get money fast). धड़ाधड़ पैसा बनाना; **Coinage,** *n.* (-एंज्) the act of coining, coins, pieces coined, system of coins in use, invention., गढ़ण, सिक्का, कल्पना, ढलाई, मुद्रा प्रणाली, **-incide,** *v.t.* (को-इन्साइड्) to occur simultaneously, to agree or be identical with. संपाती होना, सहमत होना, एक साथ पड़ना, मेल खाना, समान या अनुरूप होना; *To coincide with a person in an opinion.* सहमत होना; **Coincidence,** *n.* (-इन्स्) being coincident, agreement, no table concurrence of events. संपात, अनुरूपता, संपतन, संयोग; **Coincident,** *adj.* (-डेन्ट्) concurrent, coinciding. संपाती, अनुरूप, सहपाती, युगपत, समकालिक

Coiner, (कॉइनर्) in vbl. senses, a maker of counterfeit coin. टंकक, कुटंकक, जाली सिक्के बनाने वाला, आविष्कर्ता

Co-inhere, *v.t.* (कॉ-इन-हिअर्) to exist or inhere together. एक साथ होना

Co-inheritance, *n.* (कॉ-इन-हेरिटआन्स) joint inheritance. संयुक्त उत्तराधिकार

Co-interest, *n.* (कॉइनटरएंस्ट) mutual interest. समानाधिकार

Coir, *n.* (कॉइअर्) coconut fibre which is used for making ropes, matting & c. नारियल की जटा जो रस्सी, चटाई आदि बनाने के लिए काम में लाई जाती है

Coition, *n.* (कोइशन्) sexual copulation, cohabitation मैथुन, संभोग

Coke, *v.t. & n.* (कोक्) the residue of coal after distillation of volatile parts from it, a kind of coal, to convert coal into solid substance. पत्थर का कोयला जलाकर कोक बनाना, पत्थर के कोयले को ठोस बनाना

Col, *n.* (कॉल्) depression in mountainchain. घाटी

Cola, k-, *n.* (कोला) a West-Africa tree. पश्चिम अफ्रीका में पाया जाने वाला एक पेड़

Colander, *n. & v.t.* (कोलॅन्डर्) perforated vessel, cook's strainer, a sieve. छाननी, छिद्रों वाला बर्तन, रोवली

Colatitude, *n.* (कोलॅटिट्यूड्) complement of latitude. कोटिशर

Cold, *adj.* (कोल्ड्) of low temperature, not heated, having cooled, feeling cold, lacking ardour, reserved, chill, undemonstrative, apathetic. शीतल, ठंडा, उत्साहहीन, शीत, निरुत्साह, उदासीन, तटस्थ, संकोची; *n.* prevalence of low temperature, catarrh of nose or throat. ठंडा किया हुआ शीतग्रस्त, निराश, उत्साहहीन, ठंडे मिजाज का; *Cold-blooded.* जीर्ण ज्वर, सरदी, जुकाम; *In coldblood* (without excitement). हृदयहीन, बिना उत्तेजना के, निर्दय, क्रूरता से, ठंड, सर्दी, शीत, जुकाम; *Cold-levered* (unemotional). भावना शून्य; *Cold-steel* (sword opp. to fire-arms). धारवाले शस्त्र; *To throw*

cold-water on a plan (discourage it). निरुत्साहित करना, किसी की योजना पर पानी फेरना; *Cold colours* (blue grey & c). धूरा, नीला इत्यादि रंग; *Cold or cold in death.* ठंडाठार मृत; *To cold-pig.* जगाने के लिये पानी का छींटा मारना; *Cold-meat.* ठंडा खाना; *Left out in the cold* (not looked after). लावारिस छोड़ा हुआ; *To catch cold.* सरदी लगना

Cole, *n.* (कोल्) kinds of cabbage, *(-seed)* a plant yielding colza oil. गोभी वर्ग, एक तेलयुक्त वनस्पति

Coleopterous, *a.* (कॉलिऑप्टरस्) of the order of Coleptera or beetles. कंचुका पक्ष गण, कोलियोप्टेरासस

Colic, *n.* (कॉलिक्) griping belly–pain. शूल, उदरशूल

Collaborate, *v.t.* (कलॅबरेट्) to work in combination or conjointly with another, esp. सहयोग देना, साथ-साथ काम करना, सहलेखन

Collapsible, *adj.* (कॅललॉप्सइब्ल) able to be pressed down. सिकुड़ने या दबने योग्य, गिरने वाला

Collapse, *n.* (को-लॅप्स्) tumbling down or falling to ruin, loss of courage, physical or mental breakdown. ढहना, निपात, क्षय, हृदयावसाद, असफलता, हार; *v.t.* to suffer collapse, to break-down, to fall to ruin. एकाएक गिरना, क्षय को प्राप्त होना, बंद होना, शक्ति का क्षीण होना, ढह जाना; **Collapsable, Collapsible,** *a.* (को-लॅप्से-बल्, को-लॅप्सि-बल्) folding. दबने वाला, गिरने वाला, सिमटने वाला

Collar, *n.* (कॉलर्) neck-chain of order of knighthood, neck-band of shirt or dress, pipe in machines, chain or band round animal's or prisoner's neck, restraining or connecting band, ring. वलयसज्जा, माला, गले का पट्टा, कंठ, कंठ धरणी पट्टी, गिरेबान, कंठा, (पौधों के) स्कंध; *v.t.* to seize by the collar, to lay hold of and stop. गिरेबान या गरदन पकड़ना; *Collar-bone* (clavicle) हँसुली, हँसिया

Collarette, *n.* (कॉलरेट्) woman's collar of lace. स्त्रियों की छोटी गले की पट्टी

Collate, *v.t.* (का-लेट्) to compare in detail, to gather and place in order (sheets in book-binding). विस्तारपूर्वक तुलना करना या मिलाना; **Collation,** *n.* (-लेशन) the process of examination. संशोधन, परीक्षा

Collateral, *adj.* (का-लॅटरल्) side by side, contributory, subordinate but from the same source, of common descent connected but aside the main line. समानान्तर, समपार्श्व सपिण्ड, एक ही पुरखों का

Collation, *n.* (को-लेशन्) collating, bestowing, a light repast. विस्तारपूर्वक तुलना करना, संशोधन, देना, परीक्षा, अल्पाहार

Disorder, *n.* (डिस्-ऑर्डर्) confusion, bodily or mental ailment, want of order, confusion, breach of law, infractions of discipline. अव्यवस्था, आकुलता, नियमभंग, व्याधि; *v.t.* to disturb the healthy working of. व्याकुल या अस्त-व्यस्त करना; **Disorderly,** *adj.* (-ऑर्डर्लि) untidy, confused, riotous. व्यग्र, नियमविरुद्ध; **Disorderliness,** *n.* (-लि-नेस्) the state of being disorderly. अव्यवस्था, अस्तव्यस्तता

Disorganize, *v.t.* (डिस्-ऑर्गनाइज़्) to destroy a system of, to throw into disorder, to put out of working order. विशृंखल करना, उपद्रव करना

Disown, *v.t.* (डिस्-ओन्) to refuse to accept as being one's own, to repudiate, to disclaim, to renounce,

to deny. न पहिचानना, अस्वीकार करना, त्यागना, छोड़ना

Disparage, *v.t.* (डिस्-पॅरेज्) to speak slightingly of, to lower in rank, to depreciate, to speak bad things about. पद घटाना, उपेक्षा करना; **Disparager,** *n.* (-अर्) one who disparages. निन्दक; **Disparagingly,** *a.* (-इङ्ग-लि) in disparaging manner. उपेक्षा से, निंदा करते हुए

Disparate, *adj.* (डिस्-पर्-एॅट्) unequal. असमान, **Disparateness,** *n.* (-नेस्) inequality. असमानता; **Disparity,** *n.* (-इट-इ) unequal state, inequality, disproportion. भेद, असमानता

Dispart, *v.t.* (डिस्-पार्ट्) to separate, to divide. पृथक् करना, विभक्त करना

Dispassion, *n.* (डिस्-पीशन्) freedom from passion. विराग, उदासीनता; **Dispassionate,** *adj.* (-एॅट्) free from passion or strong feeling, cool, calm, devoid of emotion, impartial. शान्त, अपक्षपाती; **Dispassionateness,** *n.* (-एॅटनेस्) the quality of being dispassionate, calmness. वैराग्य, शान्तचितता

Dispatch, Despatch, *v.t.* (डिस्पेच्) to send to destination, to settle, to send off quickly, to kill, to get business done promptly. पते पर भेजना, स्थिर करना, हत्या करना; *n.* dispatching, rapidity, a speedy performance, settlement, an offical message. भेजना, द्रुतगति से, शीघ्रता, सरकारी संदेश से

Dispel, *v.t. (p.t. -led)* (डिस्-पेल्) to disperse, to scatter, to drive away, to banish, to clear away (fears o darkness). हटाना, छितराना

Dispensable, *adj.* (डिस्पेन्सेबल्) that can be dispensed with or dispensed, not neccessary. अनावश्यक

Dispensary, *n.* (डिस्पेन्सरि) the place where medicine is mixed and given out, a charitable institution. दरिद्रों के लिए औषधालय, अत्तार की दुकान

Dispensation, *n.* (डिस्पेन्सेशन्) dealing out, ordering of the world by providence, that which is enjoined, arrangement made by Nature or Providence, administration, doing without. वितरण, बाँट व्यवस्था, दैवी अनुकम्पा, प्रकृति की देन; **Dispensator,** *n.* (-एॅटर्) a dispenser. विभाजक, व्यवस्थापक

Dispense, *v.t. & i.* (डिस्पेन्स्) to deal out, to make up and issue medicines, to distribute, to administer, to exempt. बाँटना, विभाग करना, अलगाना, दवा बनाना; *To dispense with* (do without, discharge). त्याग करना, किसी के बिना काम चलाना

Dispeople, *v.t.* (डिस्-पी-प्ल्) to depopulate. जनशून्य करना

Disperse, *v.t. & i.* (डिस्पर्स्) to break up from assembled state, to dispel, to scatter. इधर-उधर फेंकना, छितराना

Disperser, *n.* (डिस्-पर्सअर्) one who disperses or scatters. छितरानेवाला

Dispersion, *n.* (डिस्-पर्-शन्) the act of scattering. फैलाने का कार्य, छिन्न-भिन्नकरण

Dispersive, *adj.* (डिस्-पर्स्-इव्) scattering, dissipating. फैलानेवाला

Dispirit, *v.t.* (डिस्पिरिट्) to make despondent, to dispress, to dishearten, to discourage, उदास करना, उत्साहहीन करना; **Dispirited,** *adj.* (-एॅड्) sad and without hope, despressed in spirits. उदासीन; **Dispiritedness,** *n.* (-एॅड्-नेस्) depression of spirits. अनुत्साह

Displace, *v.t.* (डिस्प्लेस्) to shift from proper position, to replace, to oust, to remove from office. स्थान बदलना; **Displaceable,** *adj.* (-एॅब्ल्) removable. हटाने योग्य; **Displacement,** *n.* (-मेन्ट्) displacing, the amount of water displaced by a ship, ousting, the depth to which a ship sinks into the water. अपने स्थान से हटाने का कार्य

Displant, *v.t.* (डिस्प्लान्ट्) to remove a plant from its place. (वृक्ष को) जड़ से उखाड़ना या स्थान से हटाना

Display, *v.t.* (डिस्प्ले) to spread out to view, to show, to reveal, to exhibit. प्रकाशित करना, दिखाना, प्रकट करना; *n.* displaying, ostentation,

exhibition, (print.) arrangement of type with a view to calling attention. प्रदर्शन, दिखावा, प्रकाशन; **Displayer,** *n.* (-अर्) he who displays. प्रकाशित या प्रदर्शित करनेवाला

Displease, *v.t.* (डिस्-प्लीज़्) to offend, to make angry, to annoy, to excite disapprobation of. क्रुद्ध करना, अप्रसन्न करना; **Displeasing,** *adj.* (-इङ्ग) distasteful. अरुचिकर, अप्रिय; **Displeasingly,** *a.* (-इङ्ग्-लि) in a distasteful manner. अप्रसन्ता से

Displeasure *n.* (डिस्प्लेज़र्) indignation, resentment, vexation, disfavour, annoyance, dissatisfaction. असन्तोष, क्रोध

Displume, *v.t.* (डिस्-प्लूम्) to deprive of feathers. उखाड़ देना, अपमान करना

Disposable, *adj.* (डिस्-पोज-एँब्ल्) at disposal. सौपने या देने योग्य; **Disposal,** *n.* (-अल्) disposing of, bestowal, sale, management. रचना, परिपाटी; *At one's disposal* (as one pleases). किसी के कार्य के लिए तत्पर रहना; *Divine disposal* (God's will). ईश्वरेच्छा

Disport, *v.i.* (डिस्-पोर्ट्) to amuse oneself. आनन्द मनाना, मौज मारना; *n.* a pastime. खेल तमाशा, मनोरंजन

Dispose, *v.t. & i.* (डिस्पोज़्) to place in order, to adjust, to incline the mind to do, to arrange, to bestow. रखना, देना, सरियाना, स्थिर करना, समाप्त करना, बाँटना, मन लगाना; *To dispose of* (to get rid of, to set oneself free from). से मुक्त होना

Disposed, *adj.* (डिस्पोजड्) inclined. प्रवृत्त; *Well-disposed* (of good nature). अच्छे स्वभाव का

Disposition, *n.* (डिस्पोज़िशन्) setting in order, dispensation, the arrangement, temperament, a person's natural way of feeling and acting, bestowal by deed or will. प्रबन्ध, तैयारी, स्वभाव, प्रकृति, दैवी न्याय, स्वेच्छा या वसीयत में देना

Dispossess, *v.t.* (डिस्-पज़ेस्) to deprive of possession, to oust or dislodge अधिकार छीन लेना, स्वत्व हरण करना

Dispraise, *v.t. & n.* (डिस्प्रेज़्) disparage, to blame, censure, reproach. निंदा करना, निंदा

Disproof, *n.* (डिस्-प्रूफ़्) refutation, proving of an error. प्रमाण, भूल प्रतिपादन

Disproportion, *n.* (डिस्प्रपोर्शन्) want of proportion. विषमता, अयोग्यता; **Disproportionate,** *adj.* (-नेट्) not duly proportioned, unsuitable, unequal, unsymmetrical. बेडौल, विषम, असंगत, **Disprportionateness,** *n.* (एँट्-नेस्) the state of being disproportionate. विषमता, अनुपयोगिता

Disprove, *v.t.* (डिस्प्रूव्) to prove to be false or erroneous, to show the fallacy of, to refute. खण्डन कर[illegible] झूठा या अशुद्ध सिद्ध करना, अस्वीकार करना।

Disputable, *adj.* (डिस्प्यू-टेबल्) open to question, controvertible वाद करने या झगड़े योग्य; **Disputably,** *a.* (-एँब्लि) in a disputable manner. विवाद करते हुए, झगड़ालूपन से

Disputant, *n.* (डिस्प्यू-टन्ट्) one who disputes. विवाद करने वाला, तार्किक

Disputation, *n.* (डिस्प्यूटेशन्) an argumentative debate, argument, a discourse or treatise. वाद-विवाद, तर्क

Disputatious, *adj.* (डिस्प्यूटेशस्) fond of argument, inclined to dispute, quarrelsome. कलह या विवादप्रिय; *Disputatiously* (in a disputatious manner). तर्क या कलह या वाद-विवाद करना

Dispute, *v.t. & i.* (डिस्प्यूट्) to hold a debate, to quarrel, to controvert, to resist a controversy, to contend for argue, a debate, a difference of opinion. कलह करना, वाद-विवाद करना, शास्त्रार्थ करना, विवाद, लड़ाई, मतभेद

Disqualification, *n.* (डिस्-क्वॉलिफिकेशन्) that which makes unfit, disability. अयोग्यता **Disqualify,** *v.t.* (*p.t. Disqualified*) (डिस्क्वॉलि-फाइ) to make unfit or ineligible. अयोग्य या अक्षम करना

Disquiet, *n.* (डिस्-क्वाएट्) uneasiness, anxiety. शान्तिभंग, व्याकुल; *v.t.* to make uneasy, to worry, to perturb. क्षुब्ध करना, शांति भंग करना; *a.* uneasy, disturbed. असहजता; **Disquietude,** *n.* (-यूड) anxiety, uneasiness, perturbation. चिन्ता, अस्थिरता

Disquisition, *n.* (डिस्क्विज़ीशन्) an inquiry, a long speech, a long written report about some subject, a treatise. पूछताछ, लम्बा भाषण, किसी विषय पर लिखित लम्बी रिपोर्ट

Disrank, *v.t.* (डिस्-रॉङ्क्) to degrade, to throw into confusion. नीचे पद पर पहुँचना, पदावनति करना, घबड़ाहट में डालना

Disregard, *v.t.* (डिस्-रिगार्ड्) to ignore, to be uninfluenced by, to pay no attention to. उपेक्षा करना (तिरस्कार करना); *n.* neglect, indifflerence. उपेक्षा, उदासीनता, निरादर; **Disregardfully,** *a.* (-फुल्-लि) in a heedless manner. तिरस्कार से, उपेक्षा करते हुए

Disrelish, *v.t.* (डिस्-रेल्इश्) to dislike the taste of. अरुचि करना; *n.* distaste, dislike. अरुचि

Disreputable, *adj.* (डिस्रेप्युटेबल्) having a bad character, disgraceful, bearing a bad name, not respectable. अपमान या लज्जाजनक

Disrepute, *n.* (डिसरिप्यूट्) dishonour, ill-repute, discredit. अपकीर्ति, अपयश, अपमान; *v.t.* to dishonour. अपमानित करना

Disrespect, *n.* (डिस्-रिस्पेक्ट्) lack of deference, rudeness, want of respect or reverence. अशिष्टता, अनादर (तिरस्कार); **Disrespectfully,** *a.* (-फुल्लि) in a disrespectful manner. अशिष्टता से; **Disrespectfulness,** *n.* (-फुल्-नेस्) want of respect. अनादर

Disrobe, *v.t. & i.* (डिस्-रोब्) to take off the clothes or dress, to undress. वस्त्र उतारना, नंगा करना

Disrupt, *v.t.* (डिस्-रप्ट्) to shatter, to separate, to sever. तितर-बितर करना **Dissatisfaction,** *n.* (डिस्-सैटिस्फैक्शन्) want of satisfaction, state of being dissatisfied. असन्तोष, अतृप्ति

Dissatisfied, *adj.* (डिस्-सीट्-इस्-फाइड्) discontented. अतृप्त (असंतुष्ट)

Dissatisfy, *v.t.* *(p.t. Dissatisfied)* (डिस्-सैटिस्फाइ) to fail to satisfy, not to gratify, to make discontented. असन्तुष्ट करना, अप्रसन्न करना

Dissect, *v.t.* (डिस्-सेक्ट्) to cut in pieces, to anatomize, to examine or criticize. खण्ड-खण्ड करना, चीरफाड़ करना, सूक्ष्म-परीक्षा करना; **Dissection,** *n.* (-सेक्शन्) act of dissecting, a critical analysis. अङ्गविच्छेद, सूक्ष्म परीक्षा करना; **Dissector,** *n.* (-अर्) an anatomist. चीरफाड़ (जर्राही) करनेवाला, जर्राह

Dissseise, Disseize *v.t..* (डिस्सीज्) to dispossess wrongfully. किसी को हटाकर उसके स्वत्व पर अवैध अधिकार कराना

Dissemble, *v.t. & i.* (डिस्-सेम्बल्) to conceal, to be hypocritical, to hide one's feelings. कपट वेश धारण करना, छिपाना, छल करना; **Dissembling,** *adj.* (-इङ्ग्) deceiving. छल

Disseminate, *v.t.* (डि-सेमिनेट्) to spread abroad, to propagate, to scatter abroad, to circulate. भिन्न-भिन्न स्थानों में बोना, बाहर प्रसार करना, फैलाना

Dissension, *n.* (डिस्सेन्शन्) disunion, contention, discord, strife. विरोध, कलह, मतभेद

Dissent, *v.i.* (डिस्सेन्ट्) to differ in opinion to disagree. मतभेद करना (विरोध करना), अन्यथा विचारना; *n.* disagreement, difference of opinion. असहमत, मतभेद; **Dissenter,** *n.* (-अर्) one who dissents or does not agree with the teachings of the Church of England. भिन्न मतावलम्बी; **Dissentient,** *adj.* (-इ-एंन्ट्) not agreeing, dissenting. भिन्न मत का

Dissert, Dissertate, *v.i.* (डिसर्ट्, डिसर्टेट्) to discourse or dispute. वार्तालाप या विवाद करना; **Dissertation,** *n.* (-एँशन्) a formal discourse, an essay, a disquisition. औपचारिक वार्तालाप

Disserve, *v.t.* (डिस्-सर्व्) to injure, to do an ill-turn to. हानि पहुँचाना, अपकार करना; **Disservice,** *n.* (-इस्) a bad turn done to a person or cause, a harmful action, injury, harm. अपकार, हानि, क्षति

Dissever, *v.t. & i.* (डिस्-सीवर्) to disunite, to separate, to cut apart. दो टुकड़े करना, अलग-थलग करना; **Dissidence,** *n.* (डिसिडेन्स्) disagreement. एकमत न होना, विरोध करना

Dissident, *a.* डिसिडेन्ट्) not in agreement, conflicting. भिन्न मत रखना, विरोधी, विपरीत होना

Dissight, *n.* (डिस्-साइट्) an eye-sore. आँखों का एक रोग

Dissimilar, *adj.* (डिसिमिलर्) unlike भिन्न (असदृश); **Dissimilarity,** *n.* (-ऑरि-टि) unlikeness. भेद (अन्तर)

Dissimulate, *v.t. & i.* (डि-सिम्यू-लेट्) to practise deceit, to feign, to be hypocritical, to pretend, to hide one's feelings. बहाना करना, छल-कपट करना,

Dissipate, *v.t. & i.* (डिसिनेट्) to dispel, to squander, to engage in frivolous pleasures, to fritter away. हटाना, व्यय करना, बुरे आचरण में लगाना; **Dissipation,** *n.* (-ऐशन्) the state of being dissipated. अपव्यय, लम्पटता; **Dissipative,** *adj.* (-इव्) tending to dissipate. दुराचारी, व्यसनी, लम्पट

Dissociate, *v.t.* (डि-सोसिएट्) to separate, to disunite, to disconnect, to part, decompose. पृथक् करना, अलगाना; **Dissociative,** *adj.* (-इव्) tending to separate. अलग करनेवाला, पृथक-कारी

Dissolubility, *n.* (डिजॅलूबिलिटी) capacity of being dissolved. विलयन या घुलनशीलता

Dissoluble, *adj.* (डिसलूबल्) dissolvable, that can be disintegrated. घुलन या विलयनशील

Dissolute, *adj.* (डिसोलूट्) given to bad life, licentious, loose in behaviour and morals. दुराचारी, व्यसनी, कामुक; **Dissolutely,** *a.* (-लि) in a dissolute manner. कामुक की तरह से; **Dissolution,** *n.* (-ल्यूशन्) melting, death, annulment of marriage or other bond. सभा विसर्जन, मृत्यु

Dissolvable, *adj.* (डिजॉल्व्-एब्ल्) that may be dissolved. गलाने योग्य, विसर्जन करने योग्य

Dissolve, *v.t. & i.* (डिज़ॉल्व्) to decompose, to melt, to break, to vanish, to make or become liquid, to loosen, to put an end to, to undo. गलाना, भंग करना, लुप्त करना, सभा विसर्जन करना, ढीला करना; *Dissolved in tears* (weeping). अश्रुपात करना, रोना; **Dissolvent,** *adj.* (-ऐन्ट्) a substance that has the power of dissolving or melting another, a solvent. पिघलाने योग्य, द्रावक, घोलक

Dissonance, *n.* (डिसॉनन्स्) want of harmony, discord. बेसुरापन

Dissonant, *adj.* (डिसॉ-नन्ट्) jarring, clashing, discordant, disagreeing, not agreeing in sound. विभिन्न, बेसुरा, कर्कश, अमिल

Dissuade, *v.t.* (डिस्सूएड्) to turn from a purpose by argument, to hinder, to advise to refrain, to divert. विरुद्ध सलाह करना, हटाना; **Dissuasive,** *adj.* (-स्वेज्-इव्) tending to dissuade. निषेध करनेवाला

Dissyllabic, *adj.* (डिस्सिलेबिक्) of two syallbles. दो अक्षरों का, द्विमात्रिक

Dissyllable, *n.* (डिस्सिलेबल्) a word which consists of two syllables. द्विमात्रिक शब्द

Distaff, *n.* (डिस्टाफ्) the staff from which the wool is pulled in spinning, the distaff, spinning, on the distaff side, on the female side of the family. कताई में सन् की पेवनी थामने की फटी हुई लकड़ी, अनाज खाने की बात

Distain, *v.t.* (डिस्टेन्) to stain, to sully. मैला करना, धब्बा डालना

Distal, *adj.* (डिस्ट-अल्) farthest or away from the axis. धूरे से दूरवाला

Distance, *n.* (डिस्टेन्स्) the length from one point to another, space of time, remoteness, distant behaviour. अन्तर, दूरी, भेद, समय का अन्तर; *v.t.* to leave far behind, to place far off. बहुत पीछे छोड़ देना, दूर रखना, हटाना. *To keep one's distance* (not to approach too near, to avoid familiarity). दुराव रखना, अधिक घनिष्ट न होना; *At a distance* (far away) अधिक दूर; *At this distance of time.* इतना समय बीत जाने के बाद

Distant, *adj.* (डिस्टेन्ट्) at a considerable or specified distance, remote, far off, indistinct, distant in manner, not friendly or familiar. दूरस्थ, अलग

Distaste, *n.* (डिस्टेस्ट्) dislike, disrelish, aversion. अरुचि, स्वादहीनता; *v.t.* to disrelish. बेस्वाद करना; **Distasteful,** *adj.* (-फुल्) disagreeable

to the taste, unpleasant, causing dislike. अरुचिकर, बेस्वाद

Distemper, *n.* (डिस्टेम्पर्) a waterpaint for walls, derangement of mind or body, a disease of dogs, a disordered condition. पीड़ा, रोग, एक प्रकार का रंग; *v.t.* to paint in distemper, to derange in health. स्वास्थ्य बिगाड़ना; **Distempered,** *adj.* (-ड्) diseased in body. व्याधिग्रस्त, रोग से पीड़ित

Distend, *v.t.* (डिस्टेन्ड्) to swell out or be dilated by pressure from within, to extent, to cause to swell. फुलाना, फैलना

Distensible, *adj.* (डिस्टेन्स्इब्ल) able to be distended. फुलाने योग्य, **Distensive,** *adj.* (-इव्) distensible. फैलानेवाला

Distich, *n.* (डिस्टिक्) a couplet, a pair of verse. द्विचरण, श्लोक, दोहा

Distil, *v.t. & i. (p.t. Distilled)* (डिस्टिल्) to trickle, to condense by cold, to come or give forth in drops. टपकना, अर्क खींचना; **Distillate,** *n.* (-लेट्) product obtained by distillation. खींचा हुआ अर्क (या शराब); **Distillation,** *n.* (-एँशन्) act of distilling. शराब उतारने या अर्क खींचने की क्रिया; **Distillery,** *n.* (-लरि) an establishment where whisky is made. शराब बनाने का स्थान

Distinct, *adj.* (डिस्टिंक्ट्) clearly seen, clear, different, easily discernible, separate or differing in identity. भिन्न, पृथक्, स्पष्ट रूप से दृश्य, निश्चित; **Distinction,** *n.* (डिस्टिंक्शन्) difference, a thing that differentiates, a mark of honour, an excellence, individuality. भेद, श्रेष्ठता, महत्त्व; **Distinctive** *adj.* (-इव्) distinguishing, characteristic. अलगाने वाली, विशेष; **Distinctiveness,** *n.* (-इव्-नेस्) the state of being distinctive. पृथकत्व; **Distinctness,** *n.* (-नेस्) the state of being distinct, clearness precision. भिन्नता, स्पष्टता

Distinguish, *v.t. & i.* (डिस्टिंग्विश्) to make distinctions between, to characterize, to recognize, to make oneself prominent. भेद करना, पहिचानना, अपने को प्रसिद्ध करना; *To distinguish oneself* (to make oneself famous). प्रसिद्धि मिलाना; **Distinguishably,** *a.* (-एँब्लि) विशिष्ट भाव

Distitle, *v.t.* (डिस्टाइटल्) to deprive of a right. अधिकार ले लेना

Distort, *v.t.* (डिस्ट्रॉर्ट्) to pull or twist out of shape, to deform, to misrepresent. रूप बिगाड़ना, अशुद्ध दरसाना; **Distortedly,** *a.* (-लि) in a distorted manner. ऐंठते हुए; **Distortionist,** *n.* (-शन्-इस्ट्) an acrobat. नटा

Distract, *v.t.* (डिस्ट्रैक्ट्) to cause one's mind to wander in different directions, to draw in different directions, to bewilder. विचलित करना, व्याकुल करना, पागल करना; **Distracted,** *adj.* (-एंड) driver mad, harassed, infuriated, bewildered. विक्षिप्त, व्यग्र (उन्मत्त); **Distractedly,** *a.* (-एँडलि) in a distracted manner. व्यग्रता से; **Distractible,** *adj.* (-इब्ल) able to be drawn aside. अलगाने योग्य; **Distraction,** *n.* (-ट्रीक्-शन्) diversion, anger, perplexity, confusion, dissension. विघ्न, व्याकुलता, विनोद; **Distractive,** *adj.* (-इव्) causing distraction. व्याकुलता, उत्पन्न करनेवाला

Distrain, *v.i.* (डिस्ट्रेन्) to seize goods for debt. ऋण चुकती में सामग्री रोकना, कुर्क करना; **Distrainable,** *adj.* (-एँब्ल) liable to be taken for distress. कुर्की करने योग्य; **Distrainor,** *n.* (-अँर्) one who distrains. कुर्क करनेवाला व्यक्ति; **Distrainment,** *n.* (-मेन्ट्) seizure of goods. कुर्की; **Distraint,** *n.* (-ट्) legal seizure of good as payment for debt, a levy of distress. कुर्की

Distraught, *adj.* (डिस्ट्रॉट) distracted, perplexed. व्याकुल, घबड़ाया हुआ

Distress, *n.* (डिस्ट्रेस्) mental pain, acute poverty, pressure of want, danger or fatigue, distraint. अति क्लेश, पीड़ा (दुर्गति), कुर्की, घोर, दरिद्रता, कठिनाई; *v.t.* to pain mentally, to vex, to make unhappy, to exhaust. पीड़ित करना, दुःख देना; **Distressed,** *adj.* (-ड्) troubled, afflicted, harassed. दुःखित, पीड़ित; **Distressingly,** *a.*

(-इङ्ग-लि) in a painful manner. दुःख से; *Distress-warrant* (an order for distraint). कुर्की का हुक्म

Distributable, *adj.* (डिस्ट्रिब्यूटेब्ल्) that may be distributed or assigned in portions. बाँटने योग्य

Distribute, *v.t.* (डिस्ट्रीब्यूट्) to deal out, to give each a share of, to scatter, to classify. विभाग करना, बाँटना, अलग-अलग करना, क्रम में करना; **Distributer,** *n.* (-अर्) one who distributes. बाँटनेवाला व्यक्ति; **Distribution,** *n.* (-यूशन्) apportionment. बाँट; **Distributive,** *adj.* (-इव्) that which distributes, tending to distribute, concerned in distribution, referr- ing to each individual of a class. विभाजक; **Distributively,** *a.* (-इव्-लि) singly. विभाजक रीति से, पृथक्-पृथक्

District, *n.* (डिस्ट्रिक्ट्) a region, the portion of a territory marked off for special administrative purpose, a province. प्रदेश या राज्य का विभाग, जनपद

Distrust, *n.* (डिस्ट्रस्ट्) want of trust, doubt, suspicion. अविश्वास, सन्देह; *v.t.* to have no confidence in. विश्वास न करना, शंका करना; **Distrustful,** *adj.* (-फुल्) doubting, suspicious. सन्दिग्ध, शङ्काशील; **Disturstfulness,** *n.* (-फुल्-नेस्) want of confidence. अविश्वास; **Distrustlessly,** *a.* (-लि) without suspicion. बिना शंका के

Distune, *v.t.* (डिस्टयून्) to put out of tune. बेसुरा बनाना या करना

Disturb, *v.t.* (डिस्टर्ब्) to break the rest or quiet of, to agitate, to trouble, to worry, to disorganize. व्याकुल करना, क्षुब्ध करना (छेड़ना); **Disturbance,** *n.* (-ऑन्स्) trouble, interruption of peace, tumult, disturbed state. अशांति, विघ्न (बाधा), उपद्रव; *To cause a disturbance* (to make a noise, to start a fight). उपद्रव, अशांति फैलाना,फसाद करना

Disunion, *n.* (डिस्यूनिअन्) separation, want of union, dissension. एकता का प्रभाव, वियोग, फूट; **Disunite,** *v.t. & i.* (-नाइट्) to sever, to become separate, to divide. पृथक् करना, अलगाना

Disusage, *n.* (डिस्यूएज्) gradual cessation of custom. आचार का लोप, अव्यवहार

Disuse, *v.t.* (डिस्यूज़्) to cease to use. व्यवहार से हटाना; *n.* a disused state, neglect of use, a state of not being used. अनुपयोगी होना, अव्यवहार; *To fall into disuse* (to go out of use). उपयोग में न आना

Disvalue, *v.t.* (डिस्वोल्यू) to undervalue, to disesteem. कम दाम आँकना

Disyllable, *n.* (डिसिलेबल्) a word or metrical foot of two syllables. द्विभाजिक शब्द

Disyoked, *a.* (डिस्योकड्) unyoked, untrammelled. जुआ हटाया हुआ

Ditch, *n.* (डिच्) a trench made in the earth, a deep water channel for carrying off water. खाई, नाला; *v.i. & t.* to make or repair ditches (to drain by a ditch). खाई खोदना; *To die in the last ditch* (to fight to the last). अंत समय तक जूझते रहना

Dither, *v.t.* (दिदर्) to tremble, to quiver. ठंड के कारण काँपना, आनाकानी करना

Ditto, *n. & adj. (pl. Dittos)* (डिटो) a substitute for repetition of word or pharse, the aforesaid, the same. वैसा ही, पूर्वोक्त, पूर्वलिखित, एज़न

Dittology, *n.* (डिटॉलॅजि) a double reading. दुबारा पाठ, पुनर्पठन, पुनर्वचन

Ditty, *n. (pl. Ditties)* (डिटि) a short simple song. छोटा गीत, खण्डगान; *Ditty bag or box* (in which a sailor keeps his valuables). मल्लाह का सामान रखने की थैली या छोटा बक्स

Diuretic, *adj.* (डाइ-यू-रे-ट्-इक्) promoting dischage of urine. मूत्रवर्धक

Diurnal, *adj.* (डाइयूर्नल्) in or of the day, daily. दैनिक, प्रतिदिन का

Divagate, *v.t.* (डाइ-वेगेट) to digress, to stray. इधर-उधर भटकना

Dive, *v.i.* (डाइव्) to jump into water, to sink *(n.)* act of diving, a plunge into water. डुबकी, गोता; **Diver,** *n.* (-अर्) one who descends into deep water, kinds of diving-bird. गोताखोर, डुबकी लगाने वाला; **Diving-dress,** *n.* (डाइव्-इङ्ग्-ड्रेस) dress worn by divers. गोताखोर की पोशाक

Diverge, *v.t.* (डाइ-वर्ज्) to take a different direction, to deviate, to go off side-ways, to digress. एक केन्द्र से विस्तृत होना, भिन्न होना, तितर-बितर होना; **Divergency,** *n.* (-ऍन्सि) a receding from main point. विस्तार, विचलन; **Divergently,** *a.* (-ऍन्टलि) in a diverging manner. विभिन्नता से

Divers, *a.* (डाइवर्स्) sundry, several. भिन्न प्रकार का, अनेक, विविध

Diverse, *adj.* (डाय्-वर्स्) of differing kinds, various, differing form. भिन्न प्रकार का, अनेक, विविध; **Diversiform,** *adj.* (-इ-फॉर्म्) of various forms. भिन्न प्रकार का

Diversify, *v.t. (p.t. Diversified)* (डाय-वर्सिफाय्) to introduce variety into, to variegate, to very. रंग-बिरंगा बनाना, चित्रित करना; **Diversification,** *n.* (-इफ्इक्ऍशन्) modification, change, alteration. विचित्रता, परिवर्तन, उलट-पलट

Diversion, *n.* (डाइ-वर्शन्) diverting, a turning aside from any course, deviation, amusement. परिवर्तन, विनोद, क्रीड़ा, खेल; **Diversity,** *n.* (-वर्सिटि) variety, diverseness. भिन्नता, विषमता

Divert, *v.t.* (डाइ-वर्ट्) to turn in another direction, to get rid of, to draw off attention of, to entertain, to amuse. हटाना, विनोद करना, क्रीड़ा करना; **Diverting,** *adj.* (-इङ्ग) amusing. रञ्जक (मनबहलाऊ); **Divertive,** *adj.* (-इव्) amusing. मन बहलाव करनेवाला

Dives, *n.* (डाइ-वीज्) a rich and luxurious person. रईस एवं धनी मनुष्य

Divest, *v.t.* (डाइ-वेस्ट्) to unclothe, to strip, to lay bare. वस्त्रहीन करना, छीनना; **Divestment,** *n.* (-मेन्ट्) act of divesting. वस्त्र का अपहरण (उघाड़)

Divide, *v.t. & i.* (डिवाइड्) to separate into parts, to asunder, to cut off, set at variance, to distribute, to ascertain, to cut off, to ascertain how many times one number contains another. विभेद या खण्डन करना, बाँटना, भाग देना, हिस्सा लगाना; **Dividedly,** *a.* (-लि) separately. पृथक् रूप में या ढंग से

Dividend, *n.* (डिविडेन्ड्) a number to be divided by divisor, a sum payable as interest on profit or share. भाग, अंश, भाज्य

Divider, *n.* (डिवाइडर्) that which divides, (*pl.*) a pair of measuring compasses. नापने का परकाल

Divination, *n.* (डिविनेशन्) the act of telling the unknown or the future by the aid of magic. भविष्य-कथन

Divinator, *n.* (डिव्-इन्-ऍटर्) one who pretends divination. भविष्य सूचक

Divine, *adj.* (डिवाइन्) having to do with God, sacred, superhumanly beautiful or excellent. दैवी (दिव्य), पवित्र, अपूर्व, सुन्दर; *n.* a priest, a theologian. धर्मोपदेशक; *v.t. & t.* to foresee, to predict, to conjecture, to practise divination. शकुन कहना, अनुमान करना, भविष्यवाणी करना, सूक्ष्म दृष्टि से देखना; *Divine right of kings* (*i.e.* independent of their subject's will). राजा का स्वतन्त्र अधिकार; to sing nicely or very well. मधुर, दिव्य गायन

Divining-rod, *n.* (डिवाइनिंग्-रॉड्) a switch used by dowser to detect underground water or minerals. शकुनक डंडा

Diving-bell, *n.* (डाइव्-इङ्ग-बेल्) a hollow chamber in which a diver descends into and works under water. बक्स के आकार का एक यन्त्र जिनमें बैठकर पनडुब्बा पानी के भीतर काम करता है

Divinity, *n. (pl. Divinities)* (डिविनिटि) divineness, the deity, a god, the diving being, the study of the nature of God, Theology. दैवत्व (दिव्यता), देवता

Divisibility, *n.* (डि-विज-इ-बिल-इट्-इ) the quality of being divisible. भाजकत्व; **Divisible,** *adj.* (-विज्-इब्ल्) capable of division. भाग करने योग्य

Division, *n.* (डिविज़न्) the act of dividing, distribution, one of the parts into which something is divided, a part of an army (of about 20,000 men). खण्ड, पथक्करण, विभाजन, विभेद, विभाग; *Division of labour* (specialization in industry). व्यापार में समय का लाघव करने की विधि, श्रम-विभाजन

Divisor, *n.* (डिवाइज़र्) the number

by which another is divided. भाजक, भाग देने वाली संख्या

Divorce, *n.* (डिवोर्स्) dissolution of marriage, separation. विवाह-विच्छेद, तलाक; *v.t.* to separate by divorce. विवाह का बन्धन तोड़ना; **Divorcee,** *n.* (-सी) a divorced person. त्याग (तलाक) किया हुआ पुरुष या स्त्री; **Divorcement,** *n.* (-मेन्ट्) the dissolution of a marriage tie. त्याग, तलाक

Divulge, *v.t.* (डिवल्ज्) to let out (secret), to tell what has been secret, to proclaim, to make public. प्रकाशित करना, घोषणा करना, भेद खोलना; **Divulgate,** *adj.* (-वल्ग्-एँट्) published. प्रकाशित किया हुआ

Divulger, *n.* (डाइ-वल्ज्-अर्) one who divulges. प्रकाशक

Divulsion, *n.* (डाइवल्शन्) a rending, asunder. विदारण, उत्पाटन

Dizzard, *n.* (डिजर्ड) blockhead, a foolish person. मूर्ख मनुष्य

Dizzily, *a.* (डिज्-जिलि) in a dizzy manner. भ्रमपूर्वक

Dizzy, *adj.* (डिज़ि) giddy, dazed, unsteady, confused, causing dizziness. भ्रमकारक, चपल, प्रमत्त

Do, *v.t. (p.t. Did, p.p. Done)* (डू) to perform, to effect, to execute, to deal with, to impart, to finish, to set in order, to solve, to exhaust. देना, सम्पादन करना, करना (बनाना), साधना, समाप्त करना; *v.i.* to act or proceed, to succeed, make an end, to fare, to be suitable, to suffice. कार्य करना, कार्यरत होना, सफलता प्राप्त करना, किसी कार्य को पूर्णता की ओर ले जाना, पर्याप्त होना, उपयुक्त होना; *This will not do* (it is not sufficient). इससे काम न चलेगा; *To do away* (to remove, to put an end to). हटा देना, नष्ट करना, छोड़ना, मार डालना; *How do you do?* (how do you get on?). आप अच्छे तो हैं; आप कैसे है?; *To do the polite* (to show courtesy). सम्मान दिखाना; *To do to death* (to kill). मार डालना; *To do in the eye* (to deceive, to cheat). आंख में धूल झोंकना, धोखा देना; *To do justice to* (to show that one appreciates fully). के प्रति न्याय करना; *To have nothing to do with* (to do for, to kill). जान से मारना; *Have to do with* (to be concerned with). संबंध रखना; *Well-to-do* (rich, wealthy). धनी, अमीर

Doab, *n.* (दोआब्) a patch of country which lies between two rivers. दो नदियों के बीच का प्रदेश, दोआब

Dobbin, *n.* (डॉबिन्) a work horse. गाड़ी खींचने या खेत में काम करने का घोड़ा

Docile, *adj.* (डॉसाइल्) easy to teach and willing to obey, submissive, teachable, easily taught or led. सीखने योग्य, वश्य (अधीन)

Dock, *n.* (डॉक्) a basin for loading and repairing of ships, the fleshy part of an animal's tail, an enclosure in a court for a prisoner. छिन्नपुच्छ, जहाज से माल चढ़ाने और उतारने का स्थान, अदालत में कैदी के खड़े होने का स्थान; *v.t.* to cut off a part, to cut hair short. छोटा करना, बाल छोटा करना; *Dry-docks* (docks which are kept dry for the repair of ships). जहाज की मरम्मत के लिए पानी निकाल हुआ डॉक्; *Wet-dock* (a dock which is full of water and is used for loading and unloading vessels). पानी भरा हुआ डॉक्

Docker, *n.* (डॉक्-अर्) one who works in a dock, a dock-labourer. डॉक् में काम करनेवाला मजदूर

Docket, *n.*. (डॉकिट्) a list of things to be done, a register of judgments, a set of papers tied together with an endorsement and a short description of the contents. फैसलों की सूची, प्रमाण, दलील; *v.i.* to write on the back of a long report a summary of what it contains. किसी लेख के विषयों का सारांश लिखना, अनुक्रमणिका

Dock-master, *n.* (डॉक्-मास्टर) the superintendent of a dock. डॉक् का संरक्षक या निरीक्षक

Dockyard, *n.* (डॉक्-याई) an enclosure for building and repairing ships. जहाज बनाने, मरम्मत करने या सामान रखने का स्थान

Doctor, *n. (fem. Doctoress, Doctress)* (डॉक्टर्) holder of the highest

university degree in any faculty, a teacher or learned man, a qualified medical practitioner. पण्डित (शास्त्रज्ञ), विश्वविद्यालय की सर्वश्रेष्ठ उपाधि, वैद्य, डॉक्टर; *v.t.* to confer the degree of a doctor, to practise as a physician, to repair a thing. किसी चीज को दुरुस्त करना, डॉक्टर की पदवी प्रदान करना, वैद्य का व्यवसाय करना; **Doctorate, Doctorship** *n.* (-एँट्) doctor's degree, persons holding the doctor's degree. डॉक्टर का पद या उपाधि; **Doctoring,** *n.* (-इङ्ग्) adulteration of articles used for consumption. खाने-पीने के पदार्थों में मिलावट करने का कार्य

Doctrinaire, *n.* (डॉक्ट्रिनेअर्) a person who applies principles even in matters where they are unsuitable or impossible. व्यवहार में न आने वाली कल्पना करने वाला मनुष्य, हठीला, हठवादी

Doctrinal, *adj.* (डॉक्-ट्रिन्-अल्) pertaining to a doctrine. मत-संबंधी

Doctrine, *n.* (डॉक्ट्रिन्) what is taught, teaching, a particular dogma, a set of beliefs. शिक्षा, मत, सिद्धान्त; **Doctrinize,** *v.t.* (-आइज्) to lay down a principle. सिद्धान्त प्रदर्शन करना

Document, *n.* (डॉक्युमेन्ट्) something that furnishes evidence, a legal deed or other piece of writing. लेख, पत्र या प्रमाण, दलील; **Documentary,** *adj.* (-मेन्टरि) consisting of written documents लेख या प्रमाण विषयक; **Documentation,** *n.* (-एँशन्) production of records, use of documents. अभिलेखों का प्रस्तुत करण, प्रमाणों का प्रयोग

Dodd, *v.t.* (डॉड्) to cut off wool from sheep's tail. भेड़ की दुम के बाल काटना

Dodder, *v.t.* (डॉडर्) to walk unsteadily or totter like an old man, to shake. काँपना, हिलना, लड़खड़ा कर चलना; *n.* a kind of plant. एक प्रकार का पौधा; **Doddering,** *adj.* (-इङ्ग्) shaking. हिलता हुआ

Dodecagon, *n.* (डोडेकॅगन्) a plane figure of twelve sides. द्वादशभुज

Dodge, *n.* (डॉज्) a swerving or zigzag movement, an artifice, a trick, a piece of duplicity, a wrinkle on ingenious method. छल, कपट; *v.t. & i.* to escape (duty) by means of a trick, to start aside and evade, to elude, to make a dodge into hiding, to treat evasively. चौंक पड़ना तथा भागना, फेंटना, धोखा देना; **Dodgery,** *n.* (-अर्-इ) trickery. धोखेबाजी; **Dodgy,** *adj.* (-इ) ingenious, slim. कुशल, कपटी, छली

Dodo, *n.* (डोडो) an extinct bird. एक दुर्लभ पक्षी

Doe, *n. (mas. Buck)* (डो) a female of fallow deer, hare. मृगी, हरिणी

Doer, *n.* (डूअर्) one who performs. (कार्य) सम्पादन करनेवाला मनुष्य

Does, *3rd. pers. sing.* (डज्) of Do.

Doest, *2nd pers. sing.* (डू-ऍस्ट्) of Do.

Doff, *v.t.* (डॉफ) to take off, to abandon. उतारना, त्यागना; **Doffer,** *n.* (-अर्) a cylinder which is used in a carding machine. घुनने के यन्त्र का पीपा

Dog, *n. (fem. Bitch)* (डॉग्) a common animal of various breeds, wild and domestic. कुक्कुर, कुत्ता; *v.t.* to follow closely, to follow as a dog, to pursue, to track. पीछा करना, कुत्ते की तरह अनुसरण करना, छाया की तरह साथ रहना; *A worthless man or boy* (a lucky or sly fellow, an iron frame for supporting burning wood in a fireplace). पाजी, नराधम या भाग्यवान पुरुष, चिमटा; *A dead dog* (a thing of no value). तुच्छ पदार्थ; *To go to the dogs* (to be ruined in character). सर्वनाश होना, जहन्नुम में जाना; *Dogcheap* (very cheap). बड़ा सस्ता; *Dog's death* (shameful death). कुत्ते की मौत मरना; *A dog days,* very hot days. अत्यधिक गरमी पड़ना; *Let sleeping dogs lie,* leave alone things that are likely to cause trouble. सोते शेर को न जगाना, आफत मोल न लेना; *Dogs of war* (havoc). विनाश लीला आरम्भ होना; *Dog eared,* (a book) having the corners of the pages turned down. पुस्तक के पन्ने को मोड़ना; **Doggedly,** *a.* (-लि) obstinately. हठ से; **Dogcart,** *n.* (-कार्ट्) a two-wheeled driving cart. छोटी

दुपहिया गाड़ी; **Dogged,** *adj.* (-एँड्) tenacious, obstinate, persistent. रूक्ष, हठी; **Doggerel,** *n.* & *adj.* (-गेरएँल्) slipshod or unpoetic verses, mean, worthless verse, a rough foolish poetry. शुद्र, निकम्मा काव्य; **Dog-hearted,** *adj.* cruel. क्रूर, निर्दयी; *To rain cats and dogs* (to go to ruin). मूसलाधार वृर्षा होना

Dogrose, *n.* (डागरोज) the wild rose. जंगली गुलाब का फूल

Dog-star, *n.* (डॉग्-स्टार्) the brightest star in the heavens, Sirius. सबसे अधिक चमकीला तारा **Dogtired,** *a.* (डागटायर्ड) very tired. अत्यधिक थकान

Dog-watch, *n.* (डॉग्-वॉच्)-the shortest period of two hours (4 to 6 a.m., and 6 to 8 p.m.)

Dogma, *n.* (डॉग्मा) a principle, a tenet, doctrinal system. सिद्धान्त, धर्मगत

Dogmatic, Dogmatical, *adj.* (डॉग्मॅटिक्) of the nature of dogma, doctatorial, authoritatively laid down, stated as indisputable, given to dogmatizing. हठधर्मी, सैद्धांतिक, मतान्ध, स्वमताभिमानी, निर्देशक (कट्टर), सिद्धान्तवादी; **Dogmatically,** *a.* (-अल्-लि) positively. दृढ़तापूर्वक

Dogmatism, *n.* (डॉग्मॉटिज़्म्) dogmatizing temper, a positive opinion. स्वमताभिमान, दृढ़ोक्ति

Dogmatize, *v.i.* (डॉग्मॅटाइज़) to assert positively. हठधर्मी करना

Doily, *n.* (डॉइलि) a small napkin or ornamental cloth put under a dish or other pot on the table. छोटा सुन्दर गमछा, छोटी शतरंजी

Doings, *n. pl.* (डूइन्ग्स) things done, events, behaviour. करनी, व्यवहार, चरित्र

Doit, *n.* (डॉइट्) a very small sum, a small Dutch coin. एक छोटी राशि, हालैड़ देश का एक छोटा सिक्का

Doldrums, *n. pl.* (डॉल्ड्रम्) a place on the ocean where ships cannot move as there is no wind. संकट में फंसना; *To be in the doldrums* (to be in a low and sad state of mind). मानसिक तनाव में, उत्पीड़न में रहना

destiny, woe, distribution. भाग्य, अंशदान, दुःख; *v.t.* to deal out, to distribute. थोड़ा-थोड़ा बाँटना

Doleful, *adj.* (डोल्-फुल्) dreary, dismal, melancholy, sad. उदास, सविवाद, दुःखी; **Dolesomeness,** (-नेस्) dismay, gloom. विषाद

Doll, *n.* (डॉल्) a child's toy representing a baby, a puppet, a pretty silly woman or child. गुड़िया, पुतली; **Dollishly,** *a.* (-इशलि) like a baby. नादानी से; **Dollishness,** *a.* (-इश्-नेस्) the quality of being foolish. मूर्खता, अज्ञानता

Dollar, *n.* (डॉलर्) a coin and money of account in U.S., a symbol $, Canada, and elsewhere=100 cents. (4s. $1\frac{1}{2}$ d.) 4 शि० (rs. $1\frac{1}{2}$ d.) पेंस के मूल्य का अमेरिका का सिक्का

Dolly, *n.* (डॉल्-लि) a wooden shaft used in washing. धोबी की मुँगरी

Dolor, Dolour *n.* (डोलर्) sorrow, distress, anguish. शोक, क्लेश, दुःख

Dolorific, Doloriferous *adj.* (डॉल्-ऑर्- इफ-इक्) that which causes pain or grief. पीड़ाकर, कष्ट देनेवाला

Dolorous, *adj.* (डॉलरस्) painful, sad, dismal. दुखदायी, कष्टकारक

Dolour, *n.* (डोलर्) sorrow, distress. कष्ट

Dolphin, *n.* (डॉल्फिन्) a sea animal six to eight feet long, a fish of the whale kind. एक प्रकार की समुद्री मछली

Dolt, *a.* (डोल्ट्) a stupid fellow, a fool. मन्दबुद्धि, मूर्ख मनुष्य; *n.* a dull fellow, a blockhead. मन्दबुद्ध, मूर्ख मनुष्य; **Doltishness,** *n.* (-इश्-नेस्) stupidity. मूर्खता

Dom, *a.* (डम्) a suffix denoting condition. गुणवाचक प्रत्यय, यथा

Domain, *n.* (डॅमेन्) lands as held or ruled over, dominion, an estate, the right to rule over a land, sphere. भूसम्पत्ति, राष्ट्र, प्रदेश, कार्यक्रम

Dome, *n.* (डोम्) a rounded vault as roof, a cupola, a stately building, the sky. गुम्बद, हवेली; **Domed,** *adj.* (-ड्) furnished with a dome or stately

Domesday, *n.* (डूम्स्डे) land record made in 1086. वर्ष १०८६ की खतौनी

Domestic, *adj.* (डोमेस्टिक्) of the home, house-hold, tame, or family affairs. गृहस्थी संबंधी, घरेलू, पालतू; *n.* a household servant. घरेलू काम करने वाला नौकर; *Domestic duties* (household duties). कुलाचार; *Domestic economy* (household management). गृहस्थी का मितव्यय से प्रबन्ध; *Domestic quarrels* (household quarrels). गृहकलह

Domesticate, *v.t.* (डोमेस्टिकेट्) to naturalize (plant), to make domestic or familiar, to tame (animal). पालतू बनाना, परचाना, पालतू बनाने का कार्य; **Domesticated,** *adj.* (-एंट्-एॅड्) devoted to homelife, tamed. पाला हुआ, पालतू

Domesticity, *n.* (डॉमेस्टिसिटि) home life, privacy, domestic interest, domestic character, homelines. पारिवारिक या घरेलू अभिरुचि या चरित्र

Domical, *adj.* (डॉमिकल्) shaped like a dome. गुम्बद के आकार का

Domicile, *n.* (डॉमि-साइल्) person's regular place of abode, a dwelling place, the place where one lives. गृह, घर, सर्वदा रहने का स्थान; *v.t.* to establish a permanent abode or residence. घर बनाकर निवास करना; **Domiciled,** *adj.* (-ड्) having a permanent residence. स्थायी निवासवाला

Dominance, *n.* (डॉम्-इन्-ऑन्स्) ascendancy. प्रधानता, महत्व

Dominant, *adj.* (डॉमिनन्ट्) dominating, prevailing, ruling, very influential, established in power. प्रधान, प्रमुख, अभिभावी, प्रबल

Dominate, *v.t. & i.* (डॉमिनेट्) to have commanding influence over, to rule, to predominate, over, to rise above. प्रभुत्व रखना, शासन करना, अभिभावी होना, ऊँचा होना, हावी होना; **Domination,** *n.*. (-एॅशन्) ascendancy, supremacy, authority. शासन, सर्वोच्च अधिकार, प्रभाविता, प्रमुखता

Domineer, *v.i.* (डॉ-मिनीअर्) to behave overbearingly, to bluster, to tyrannize over, to rule by force. निरंकुश शासन करना, तानाशाही करना, क्रूरता से शासन करना; **Domineeringly,** *a.* (-इङ्ग-लि) in an overbearing manner. ढिठाई से

Dominical, *adj.* (डॉमिनिकल्) of Sunday, relating to the Lord. प्रभु संबंधी, ईसामसीह विषयक

Dominicide, *n.* (डॉमिन्-इ-साइड्) the murder of a master. स्वामी की हत्या

Dominie, *n.* (डॉमिनी) a schoolmaster in Scotland. स्कूल का अध्यापक, पादरी

Dominion *n.* (डोमिनिअन्) sovereignty, colony, domination, supreme authority, territory or sovereign or government, a country ruled by one government. प्रभुत्त्व, प्रभुसत्ता. आधिपत्य, राज्य रियासत

Domino, *n.* (डॉमिनो) a loose garment and covering for the face to conceal identity, (*pl.*) a game played with 28 pieces of wood with white sports on them. परिधान (डोमिनो), नकाब

Dominus, *n.* (डॉम्-इ-नस्) sir. महाशय

Don, *v.t. (pl. Donna)* (डॉन्) to put on (a garment). पहन लेना, कल्पना करना, उत्तरदायित्व लेना; *n.* a teacher in a University, a title of a gentleman in Spain. शिक्षक, सज्जन, स्पेन देश की उपाधि

Donate, *v.t.* (डोनेट्) to make a donation, to give. दान देना; **Donator,** *n.* (-अर्) a giver. दान देनेवाला

Donation, *n.* (डोनेशन्) gift to a fund or institution, bestowal, benefaction. दान देना, दान, उपहार

Done, *p.p.* (डन्) of Do. किया गया

Donee, *n.* (डोनी) the person to whom a gift is made. जिस व्यक्ति को उपहार या दान दिया जाता है

Donjon, *n.* (डॉन्जॉन्) great tower or keep of castle. बुर्ज, अट्टालिका, अंतःकोट

Donkey, *n.* (डॉंकि) an ass, a stupid fellow. गधा, मूढ़ व्यक्ति; *Donkey-engine* . (a small engine used for hoisting on board a ship). जहाज पर माल चढ़ाने उतारने का छोटा इञ्जन

Donna, *n.* (डोना) an Italian, Spanish or Portuguese lady. इतालवी, स्पेन या पुर्तगाली स्त्री

Donor, *n.* (डोनर्) the giver of a gift, a bestower. हितकारी, उपहार या दान देनेवाला मनुष्य, दाता

Do-nothing, *n.* (डू-नथिंग्) doing nothing, idle, an idler. कुछ भी न करना

Don't, 'do not'. का संक्षिप्त रूप

Doodle, *n.* (डूडल्) a simple fellow, a trifler. सीधा-सादा मनुष्य

Doom, *n.* (डूम्) fate, destiny, judicial sentence, condemnation, the Last Judgement. सीमा चिह्न, अदृष्ट, दण्ड, गोल, *v.t.* to condemn, to pronounce sentence against. नकारना, दण्ड की आज्ञा देना, सज़ा देना

Doomsday, *n.* (डूम्स्-डे) the Last Judgement. क्यामत का दिन, प्रलय का दिन

Door, *n.* (डोर्) a barrier at the entrance to a building, room, safe, entrance, a means of approach. दरवाजा, कपाट, द्वार, प्रवेश-मार्ग; *Door-way* (an entrance to a building). दहलीज़, डेवढ़ी; *Out of doors* (in the open air). घर से बाहर, आंगन में; *To lay at a person's door* (to blame a person for). किसी पर दोष मढ़ना या लगाना; *Doorcase* (the frame which encloses a door). दरवाजे का चौखट; *Next door* (in the next house). अगला घर; *Door-keeper* (a watch, a porter). द्वारपाल; *To open a door to* (to receive a guest & c.). पाहुन आदि का स्वागत करना; *To show one the door* (to turn one out, to expel). घर के बाहर निकालना

Dope, *n.* (डोप्) a thick liquid used for machines, a paint used on the wings of airplanes, a narcotic drug. एक गाढ़ा पदार्थ, लेईदार पदार्थ, अवशोषी, अवशोषक पदार्थ, स्नेहक ग्रीस

Doric, *adj.* (डार्-इक्) rustic, belonging to Doris in Greece or its native. देहाती यूनानी नगर डोरिस या उसके निवासी का

Dormancy, (डार्म्-आन-सि) see **Dormant.**

Dormant, *adj.* (डॉर्मन्ट्) lying inactive as in sleep, concealed. प्रसुप्त, तंद्रालु, शून्य, निष्क्रिय, विश्रांत, शांत

Dormer, *n.* (डॉर्-मर्) a bedroom. शयनागार; **Dormer-window,** *n.* (-विन्डो) an upright window set in a sloping roof. अग्र गवाक्ष, ढालुआ छत में बाहर निकली हुई खिड़की

Dormitive, *adj. & n.* (डॉर्म-इट्-इव्) promoting sleep, a soporific (medicine). नींद लानेवाली (दवा)

Dormitory, *n.* (डॉर्मिटरि) a sleeping-room with a number of beds, suburban district of city people's residences. शयन-गृह, शयनकक्ष, शयनशाला, विश्रामकक्ष

Dormouse, *n. (pl. Dormice)* (डॉर्-माउज्) a small mouse-like animal with a long furry tail, squirrel-like small rodent quadruped. डारमाउस (जन्तु), गिलहरी की तरह का एक छोटा कुतरनेवाला जानवर

Dorothy bag, *n.* (डॉरोथिबॅग्) a lady's open topped hand-bag hung at wrist. कलाई पर लटकाने वाला स्त्रियों का हाथ थैला

Dorsal, *n.* (डॉर्-सल्) having to do with the back. डार्सल मछली का पंख, वेदिका वस्त्र; *adj.* pertaining to the back. पृष्ठ (पीठ) संबंधी, ऊर्धतलीय, पृष्ठीय

Dory, *n.* (डॉरि) a flat-bottomed boat, a sea-fish. डोरी (मछली)

Dorsum, *n.* (डॉर्-सम्) ridge of a hill, back of the body. पहाड़ी का किनारा, पीठ

Dosage, *n.* (डोज्-एँज्) see Dose.

Dose, *n.* (डोस्) an amount of medicine taken at one time, anything unpleasant which has to be taken. खुराक, मात्रा; *v.t.* to give in doses. डोज़, खुराक देना, दवा खिलाना; **Dosology,** *n.* (-ओल्-ऑज्-इ) औषधियों की मात्रा का शास्त्र या ज्ञान

Doss, *v.i.* (डॉस्) to go to bed, to sleep in a doss-house. सोना, शयन करना; *Doss-house* (a sleeping place for the very poor). रैन बसेरा

Dossier, *n.* (डॉसिअर्) a collection of papers about a person's antecedents. फाइल, मिसिल, संक्षेप, सारांश

Dot, *n.* (डॉट्) a small spot, a mark made with a sharp pointed pen or pencil, a small child, a tiny object, the money a woman brings with her at marriage. बिंदु, सूक्ष्म चिन्ह, गट (मार्सकोड) दहेज़; *v.t.* to mark with a dot

or dots, to place here and there. बिंदु लगाना, चिह्नित करना, छितराना, फैलाना; *Dot-wheel* (a wheel used for marking with dots). बिंदुपूर्ण रेखा खींचने का पहिया

Dotage, *n.* (डॉटिज्) feeble-minded old age, excessive fondness. मतिक्षीणता, सठियाना, अत्यधिक स्नेह

Dotard, *n.* (डॉटॅर्ड्) a man in his dotage, an old fool. जरा, जीर्ण, सठियाया हुआ व्यक्ति

Dote, *v.i.* (डोट्) to be feeble-minded, to be passionately fond of. अतिशय स्नेह करना, लट्टू होना, सठियाना, अत्यन्त प्रेम जताना, धुन लगना; *To dote upon* (to love in a foolish way). लड़ियाना, दुलारना

Doting, *adj.* (डोट्-इङ्ग) regarding with extreme fondness. अति अनुरक्त; **Dotingly,** *adj.* (-लि) in a doting manner, with excessive fondness. अति अनुराग या स्नेह से

Doth, *2nd. pers. sing.* (डोथ्) of Do.

Dotterel, Dottrel *n.* (डॉटरल्) a kind of shore bird, a silly fellow. डाट्रेल पक्षी, मूर्ख व्यक्ति, मूर्ख, बौड़म, धोखेबाज आदमी

Dottle, *n.* (डाटल्) the remaining part of tobacco in a smoked pipe. पाइप की तंबाकू

Double, *adj.* (डबल्) two fold, consisting of two parts, two-fold, of two kinds, deceitful. दूना, द्वि-दुगुना, द्विगुण, दुहरा, युग्म, द्विक; *a.* twice the amount, two, together. दुगुनी सीमा तक, दो से अधिक, दुबारा, एक साथ; *n.* a person or thing mistakable for another, a game between two pairs of players, twice the amount. दुगुनी मात्रा, जोड़ा, दो जोड़ों के बीच का खेल, युगल मैच, दुहरी हार या जीत; *v.t. & i.* to make or become double, to increase twofold, to multiply by twice the quantity. द्विगुणित करना, दुहरा करना, दूना करना; *Double axe* (one having keen edges on both sides of the blade). दोनों ओर धारवाली कुल्हाड़ी; **Double-dealing,** *n.* (-डीलिंग्) dishonesty, duplicity. दुरंगी चाल; *A double door* (a door having two parts). किवाड़ की जोड़ा; *Double acting* (acting in tow directions). दो प्रकार के से कार्य करना; **Double-cross,** *v.t.* (-क्रास्) to betray, to deceive. धोखे से जीत; *Double-tongued* (deceitful). छली, कपटी; *To double back* (to bend back, to run back). दुहरा होना, पीठ मोड़ना, वापिस दौड़ना; **Double-dealer,** *n.* (-डीलर्) an insincere, dishonest person. दुरंगी चाल चलने वाला; **Double-edged,** *a.* (-एज्ड्) (an argument) damaging to the user as well as to the opponent. दुधारा, दुधारी; **Double-faced,** *a.* (-फेस्ड्) friendly in one's presence but secretly unfriendly. द्विमुखी, दोतरफा, दुरंगा, ढोंगी, धोखेबाज; **Double-quick,** *a.* (-क्विक) very quickly. तेज गति से, तेज चाल से

Doublet, *n.* (डब्लिट्) a man's close body-garment, a close-fitting upper garment. कुर्ती, शरीर के ऊपरी भाग में पहनने का कसा हुआ वस्त्र, द्वित्तक

Doubloon, *n.* (डब्लून्) a gold coin in Spain (worth slightly over £ 1). स्पेन की स्वर्ण मुद्रा

Doubling, *n.* (डब्-लिङ्ग्) act of making double, a fold. एक का दो बनाने की विधि,

Doubt, *n.* (डाउट्) a feeling of uncertainty, hesitation. संदेह, शंका, द्विविधा; *v.t. & i.* to question the truth of, to be uncertain, to feel distrust of, to be apprehensive. संदेह करना, शंका करना, झिझकना, हिचकना, संदिग्ध समझना; **Doubtable,** *adj.* (-ऍब्ल) that may be doubted, questionable. संदेह योग्य; **Doubter,** *n.* (-अर्) one who doubts. संदेह करनेवाला व्यक्ति; **Doubtful,** *adj.* (-फुल्) feeling or giving rise to doubt, ambiguous, uncertain. संदेह पूर्ण, अनिश्चित, संदेहास्पद, अस्पष्ट, शंकालु; **Doubtfulness,** *n.* (-फुल-नेस्) ambiguity, the state of being doubtful. संशयात्मक स्थिति, संशयत्व; **Doubtless,** *adj.* (-लिस्) without doubt, certainly. निडर, निस्सन्देह

Douche, *n.* (डूश्) a jet of water forced into any part of the body externally or internally. वस्तिपात्र, नली द्वारा शरीर के भीतर या बाहर जल की धारा देने का यन्त्र

Dough, *n.* (डफ़) flour mixed with water ready for baking. गुंधा आटा, लोई, धन

Doughty, *adj.* (डफ़टि) able, strong, valiant, brave. योग्य, बलवान, पुष्ट, मजबूत, बहादुर, शूर, योग्य

Dour, *a.* (डॉर्) silent and unwilling to change an idea, stubborn. हठी, रूठा हुआ, कठोर, सख्त

Douse, Douze, *v.t. & i.* (डाउस्) to put into water, to throw water on, to put out a light, a strike a blow. डुबाना, पानी में गिराना, टोना करना, शकुन विचार; *n.* a heavy blow. गहरा घूँसा

Dove, *n.* (डव्) a pigeon, a kind of pigeon, a word of endearment, a type of gentleness or innocence. पंडुक, फाख्ता, दुलारवाचक शब्द, पवित्र आत्मा, शांतिदूत; *Dovelike* (like a dove). कबूतर की तरह का

Dovecot, *n.* (डव्-कॉट्) a pigeon-house, a house built for doves to live in. डड़बा, दरबा

Dovetail, *n.* (डव्-टेल्) a joint shaped like a dove's tail. कबूतर की खुली पूँछ के समान, काष्ठसंधि, गठचूल; *v.t. & i.* to fit together very well. चूल बैठाना

Dowager, *n.* (डोवेजर्) a woman with a title or property derived from her late husband. मरे हुए (धनिक) पति की सम्पत्ति पाने वाली विधवा स्त्री; *The dowager queen* (the wife of the dead king). मृत राजा की रानी

Dowdy, *adj.* (डाउडि) lacking smartness, ill-dressed, awkward, badly dressed. गन्दा, कुरूप, भद्दा, मैले कुचैले वस्त्रोंवाली स्त्री; *n.* a badly dressed woman. मैले कुचैले वस्त्रों वाली स्त्री

Dowel, *n.* (डॉवल्) a piece of wood or iron used for joining two pieces of board. डमरूआ फत्री

Dower, *n.* (डाउअर्) a widow's share for life of husband's estate, endowment gift, a natural gift or talent. स्त्रीधन, दहेज, प्राभृत, उपहार; *v.t.* to give dowry to, to endow with talent. दहेज देना, बौद्धिक सम्पदा

Down, *n.* (डाउन्) an open high land, a fine soft short hair or feathers. कोमल पर या रोवाँ, कछार; *a.* towards or in a lower place or state, on the ground, from earlier to later time. नीचे, तले, खिन्न, प्राचीन से अर्वाचनीय तक; *prep.* downwards along, through, along from a higher to a lower level, or into, at a lower part. अधोमुखी, नीचे की ओर; *To be down on* (to have a down on, to dislike specially, to tend to be hard upon). सख्ती से पेश आना, कठोर व्यवहार करना, तिरस्कार दिखाना; *To do down* (to deceive). धोखा देना; *Bent down* (inclined). झुका हुआ; *To down a person* (to beat or conquer a person). धाराशायी करना, चित्त करना, हटाना; *Up and down* (here and there). इधर-उधर; *To be down with* (to be down in bed with). बीमार पड़ना, विस्तर पर लगना; *Down to the ground* (completely). पूर्ण रूप से; *The sun goes down* (the sun sets). सूर्य अस्त होता है

Downcast, *adj.* (डाउन्-कास्ट्) (of eyes) looking down, (of person) dejected, very low in spirits. म्लान, खिन्न; *n.* a melancholy look. खिन्न मुख

Downfall, *n.* (डाउन-फॉल्) a fall from prosperity or power, ruin, downpour. बाढ़ का उतार, नाश, पतन

Downhearted, *adj.* (डाउन-हार्टेड्) dejected in spritis. उदासीन

Downhill, *n.* (डाउन-हिल्) a downward slope. नीचा, ढलान; *a.* descending, declining. ह्रास गत

Downpour, *n.* (डाउन्-पोर्) heavy fall of rain. मूसलाधार या बड़े वेग की वृष्टि

Downright, *adj.* (डाउन्-राइट्) plain, straight forward, artless, blunt, undisguised. स्पष्ट, निष्कपट; *a.* at once, thoroughly, in plain terms, quite. पूर्णत:, बिलकुल, स्पष्ट शब्दों में

Downs, *n.pl.* (डाउन्स्) low hill covered with grass. घासयुक्त छोटी पहाड़ी

Downstairs, *a.* (डाउन्-स्टेअर्स्) in the lower part of a house. सीढ़ी के नीचे, घर के नीचे के खण्ड में

Down-train, *n.* (डाउन्-ट्रेन्) an outward bound train. प्रधान स्थान या स्टेशन से निम्न तल की ओर जानेवाली रेलगाड़ी

Edelweiss, *n.* (एडल्-वाइस्) a plant with a white flower found only on high mountains. ऊँची पहाड़ियों पर श्वेत फूलों वाला पौधा

Eden, *n.* (ईडन्) the abode of Adam and Eve, a delightful place or state. आदम और हव्वा का बाग, स्वर्ग

Edentate, *a.* (ईडेन्टेट्) a toothless animal. दंतहीन पशु, अदंत; *Edentated* (deprived of teeth). बिना दाँत का

Edge, *n.* (एज्) the cutting side of a blade, ridge, an edge-shaped thing, a boundary-line. किनारा, छोर, कगार, कोर, शस्त्र की धार, चोटी; *v.t.* to put an edge on, to sharpen. धार लगाना, चोखा करना; *To be on edge* (to be easily excited). आसानी से उत्तेजित होना; **Edgeways,** *a.* (-वेज्) with the edge turned towards a point. किनारे की ओर; **Edging,** *n.* (-इङ्ग्) border or fringe. किनारा, झालर

Edible, *a.* (एडिबल्) fit to be eaten. खाद्य, भोज्य, भक्ष्य

Edict, *n.* (इडिक्ट्) an order

proclaimed by authority, a decree, a proclamation. राजविज्ञप्ति, राजाज्ञा,

Edifice, *n.* (एडिफिस्) a building, a structure. इमारत, भवन, सौध, अट्टालिका

Edify, *v.t.* *(p.t. Edified)* (एडि-फाय्) to improve one's thoughts, to benefit spiritually, to teach good thoughts, to improve morally. निर्माण करना, उन्नत, आध्यात्मिक विकास करना

Edit, *v.t.* *(p.t. Edited)* (एडिट्) to prepare for publication, to act as an editor of a newspaper, to superintend the publication of. संपादित करना, संपादन करना

Edition, *n.* (एडिशन्) copies of a book or a newspaper printed at one time. संस्करण, प्रकाशन, आवृत्ति

Editor, *n.* *(fem. Editress)* (एडिटर्) one who conducts a newspaper or periodical or prepares a work for publication. संपादक; *Editorship* (the business of an editor). सम्पादन-कार्य; **Editorial,** *adj.* (-टोरिअल्) of an editor. संपादकीय; *n.* an article written or sanctioned by an editor, a newspaper leader. संपादकीय लेख

Educate, *v.t.* (एज्युकेट्) to bring up (a child), to train mentally and morally, to instruct. शिक्षा देना, शिक्षित करना, पढ़ाना, पढ़ाना-लिखाना, साधना

Education, *n.* (एज्युकेशन्) systematic instruction. शिक्षा, पढ़ाई-लिखाई, तहज़ीब; **Education-(al)-ist,** *n.* (इस्ट्) one skilled in educational methods. शिक्षाविधि में निपुण; **Educated,** *adj.* (-एँड्) learned. शिक्षित, व्युत्पन्न

Educe, *v.t.* (इड्यूस्) to bring out, to develop, to infer, to form some judgement from facts. विकसित करना, उद्भवन करना, सार निकालना, निष्कर्ष निकालना

Eel, *n.* (ईल्) a snake-like fish. बाम, ईल मछली, सर्पमीन, पकड़ में न आने वाला व्यक्ति

E'en, E'er, *a.* (poet.) for Even, Ever. कविता में इन शब्दों का संक्षिप्त उपयोग

Eerie, Eery, *a.* (ईरी) strange and fearful. भयोत्पादक, भूतभयाविष्ट, भीरू .

Effable, *adj.* (एँफब्ल्) capable of being expressed, utterable, explicable. कथनीय, वाच्य

Efface, *v.t.* (इफेस्) to rub or wipe out, to erase or expunge. मिटाना, पोंछ डालना, नष्ट करना, भुला देना; *To efface the memory of* (to cause to forget). स्मृति से निकाल देना; **Effacement,** *n.* (-मेन्ट्) the act of effacing. लोप, नाश

Effect, *n.* (इफेक्ट्) the result of a cause, consequence, intent, impression, *(pl.)* property. सम्पत्ति, नतीजा, परिणाम, फल, प्रभाव, असर, प्रयोजन, सच्चाई; *v.t.* to bring about, to accomplish. पैदा करना, सिद्ध करना, संपन्न करना, अमल में लाना; *In effect* (for practical purpose). वस्तुत; *Of no effect* (useless, of no avail). निष्फल, बिना प्रयोजन का; *Of what effect?* (of what consequence?) किस हेतु से; *To take effect* (to accomplish a work). कार्य सम्पादन करना

Effective, *adj.* (इफेक्टिव्) operative, fit for service, existing. प्रभावशाली, प्रभावी, कारगर, सार्थक, शक्तिशाली, वास्तविक; **Effectiveness,** *n.* (-इव्-नेस्) the quality of being effective. फल साधना; **Effectless,** *adj.* (-लेस्) without effect, useless. प्रभावहीन, निष्प्रयोजन

Effectual, *adj.* (इफेक्चुअल्) answering its purpose, producing the desired effect. प्रभावशाली, इष्ट, फलप्रद, अमोघ,

Effectuate, *v.t.* (इफेक्चुयेट्) to accomplish, to achieve. पूर्ण करना

Effeminacy, *v.t.* (एँफ-फेम्-इन्-ऑस्-सि) unmanliness, delicacy. क्लीवता, जन मृदुता, कोमलता, मुलायमियत

Effeminate, *adj.* (इफेमि-नेट्) behaving like a woman, soft, lacking courage, womanly, cowardly. स्त्रियोचित, जनाना, मेहरा, कापुरुष, दुर्बल,

Effendi, *n.* (इफेन्डि) a title given in Turkey or Egypt to an officer of government or to a gentleman. तुर्किस्तान या मिश्र देश में सरकारी अथवा सामान्य नागरिक को दी जाने वाली उपाधि

Efferent, *adj.* (एफरेन्ट्) leading away or outwards. बाहर की ओर ले जानेवाली

Effervesce, *v.t.* (एफर्वेस्) to give off bubbles of gas, to forth up, to exhibit signs of excitement, to be in high spirits. बुदबुदाना, फेन निकलना, उबलना, झाग निकलना, खुशी में झूम उठना;

Effervescible, *adj.* (-इब्ल्) having the quality of boiling. उबलने की शक्तिवाला

Effete, *adj.* (एफीट्) having the energies worn out, vigourless, feeble. श्रांत, व्यतीत, थका हुआ, दुर्बल,

Efficacious, *adj.* (एफिकेशस्) producing desired effect. फलदायक, प्रभावोत्पादक, गुणकारी, कारगर, अमोघ; **Efficaciousness,** *n.* (-नेस्) the power of being efficacious. सामर्थ्य, इष्ट फलोत्पादन की शक्ति, क्षमता

Efficacy, *n.* (एँफिकसि) virtue, energy. गुण, सामर्थ्य, शक्ति, क्षमता

Efficient, *adj.* (इफिशन्ट्) competent, capable, producing the desired effect, qualified for duty. दक्ष, कुशल, प्रभावी, प्रभावशाली, गुणशाली; **Efficiently,** *a.* (-लि) effectively. सिद्धिपूर्वक

Effigy, *n.* *(pl. Effigies)* (एफिगि) a portrait, an image. पुतला, मुद्रांक

Efforesce, *v.t.* (एफोरेस्) to burst into flower, to become hard and powdery on the surface. उत्फुल्लन होना, लोनी लगना; **Efforescent,** *n.* (-एँन्ट्) convering of the surface with white crust. ऊपर से सफेद परत जमना

Effluence, *n.* (एफ्लुएन्स्) flowing out (of liquid), what flows out. बहिष्प्रवाह, बहिःस्राव; **Effluent,** *adj. & n.* (-एँन्ट्) flowing out. बहिष्प्रवाही, बहिःस्रावी

Effluvium, *n.* *(pl. Effuvia)* (एफ्लूव्रिअम्, वि-आ) disagreeable vapours rising from putrefying matter, an unpleasant smell. निःस्यंद, सड़नेवाले पदार्थ, से निकलनेवाली बदबूदार गैस, दुर्गंध, बदबू

Efflux, *n.* (एफ्लक्स्) effluence. बहिःस्राव, बहिर्वाह; **Effluxion,** *n.* (-अन्) the act of flowing out, emanation. निःस्राव

Effodient, *adj.* (एँफ्-फो-डि-एँन्ट्) accustomed to dig. खोदने की प्रकृतिवाला

Effort, *n.* (एफर्ट्) exertion, an attempt, endeavour. प्रयत्न, उद्योग, चेष्टा, उपलब्धि

Effrontery, *n.* (एफ्रन्टरि) impudence, daring, shamelessness, audacity, rudeness. निर्लज्जता, धृष्टता, गुस्ताखी

Effulgence, *n.* (इफलजन्स्) lustre, a flood of light. दीप्ति, प्रभा, कांति, चमक

Effulgent, *adj.* (एँ-फल्ज्-एँन्स्) radiant, brightly shining. तेजस्वी, देदीप्यमान, चमकता हुआ

Effuse, *v.t.* (इफ्यूज़्) to pour forth as a fluid. उड़ेलना, उगलना (जैसे शब्द), बहाना

Effusive, *adj.* (एँफ्यूज-इव्) pouring abundantly, spreading widely. अधिक परिमाण में बहानेवाला; **Effusiveness,** *n.* (-नेस्) the state of being effusive. बहाव, निगमशीलता

Eft, *n.* (एफ्ट्) a newt, a water lizard. पानी में रहने वाली छिपकली की तरह का जीव

Eftsoon, *a.* (एफ्ट्-सून्) soon afterwards, in a short time. अविलम्ब, थोड़ी देर बाद

Egad, *interj.* (इ-गॉड्) ah God, good luck. हा: ईशवर, सौभाग्य

Egest, *v.t.* (ई-जेस्ट्) to pass off excreta from the bowels. पेट में से मल निकालना

Egg, *n.* (एग्) the rounded body produced by female of birds (containing germ of new individual), spawn. अंड, अंडा, अंडाणु, अंडाकार वस्तु; *v.t.* to incite, to urge to action. उत्तेजित करना, क्रिया में तत्पर करना, उकसाना; *A bad egg* (a worng-doer, useless person). कुकृत्य करने वाला, व्यर्थ व्यक्ति; *To teach one's grand mother to suck eggs* (to teach a person who knows more than oneself). अपने से बड़ों को सीख देना; *Egg-plant* (aubergine or brinjal). बैगन का पौधा; *To egg on* (to incite). प्रोत्साहित करना

Egis, *n.* (ई-जिस्) a shield, protection. ढाल, रक्षा का साधन

Eglantine, *n.* (एग्लन्टाइन्) a sweet brier, the wild rose bush. एग्लैन्टाइन पौधा, जंगली गुलाब का पौधा

Ego, *n.* (एगो) the self-conscious subject "I", one's self, the self. अहं, आत्मा, ब्रह्म; **Egoism,** *n.* (-इज़्म्) selfishness, the theory that we have proof of nothing but one's own existence. अहंवाद, अहंता, स्वार्थवाद, स्वहितवाद; **Egoist,** *n.* (-इस्ट) one who believes in egoism, one who is self-assertive. अहंवादी, आतमश्लाघी

Egotistic, Egotistical *adj.* (एँगो-टिस्ट्-इक, -इक्-अल्) self-conceited, self- important. अहंकारी, गर्वित;

Egotize, *v.t.* (-टाइज़्) to talk much about one's self. आत्मश्लाघा करना; **Egotism,** *n.* (-टिज़्म्) talking too much about oneself, self-praise, vanity. अहंमन्यता, अहंकार, आत्मश्लाघा,

Egregious, *adj.* (इग्रीजस्) uncommon, extraordinary. अपूर्व, विचित्र

Egress, *n.* (ईग्रेस्) going out, a way out, an exit. निर्गमन, निर्गम, निर्गति

Egression, *n.* (ई-ग्रेश-न्) the act of going from a place. निर्गति

Egyptian, *n. & adj.* (ईजिप्शन्) a native of Egypt. मिस्र देश का निवासी

Egret, *n.* (इग्रेट्) a white bird with a long white tail and black feathers, hairy crown of seeds. बगुला

Eh, *interj.* (ए) expressing inquiry or surprise. जिज्ञासा या आश्चर्यसूचक अव्यय, अरे

Eidograph, *n.* (-आइ-डो-ग्राफ्) an instrument which is used for enlarging or reducing plans or drawings. चित्र बड़ा या छोटा करने का यन्त्र

Eider, *n.* (आइन्डर्) a large black and white duck with very soft feathers on the breast. ईडर बत्तख; *Eider-down* (the breast feathers of eider-duck, a thick covering for a bed filled with the fine feathers of eider duck). ईडर के पर

Eight, *n.* (एट्) one more than seven (8, VIII) आठ, अष्ट, आठ डाँड वाली नाव; **Eighteen,** *adj & n.* (एटीन्) one more than seventeen (18 XVIII). अठारह; **Eighth,** *adj.* (-थ्) next after seventh. आठवाँ; **Eightieth,** *adj.* (-टि-यथ्) next after seventyninth. अस्सीवाँ; **Eighty,** *n.* (एटि) eight times ten (80, LXXX). अस्सी

Eikon, *n.* (आइ-कन्) a small likeness of some holy person or object, an image. प्रतिमा, मूर्ति

Eirenicon, *n.* (आइरीनिकॉन्) a proposal for peace, a peace-making message. मेल प्रस्ताव, मेल करने का सन्देश

Eisel, *n.* (एसल्) vinegar. सिरका

Either, *adj. & pron.* (आइदर-ईदर्) one or other of two each of two, everyone. कोई एक, दोनों में से एक, प्रत्येक

Ejaculate, *v.t. & i.* (एज़ॅक्युलेट्) to utter suddenly, to cry out, to eject from the body, to throw out with force. निकाल फेंकना, सहसा बोल उठना, स्खलन करना

Eject, *v.t.* (इजेक्ट्) to throw out, to charge, to expel, to emit. निकाल फेंकना, बाहर फेंकना, बेदखल करना; **Ejectment,** *n.* (-मेन्ट्) expulsion, dispossession. बहिष्करण, अधिकारच्युति, बेदखली; **Ejective,** *adj.* (-जेक्-टिव्) excluding. हटानेवाली

Eke, *v.t.* (ईक्) (with out) to supply the deficiency of, to increase, to prolong. योग करना, जोड़ना, बढ़ाना, वृद्धि करना, कमी पूरी करना, अर्जित करना

Elaborate, *adj.* (इलॅबरेट्) minutely worked out, carefully, highly finished. प्रयत्नसिद्ध, परिष्कृत, बड़े प्रयत्न से किया हुआ, विस्तृत, जटिल; *v.t.* (इलेबोरेट) to work out in detail, to produce by labour, to do more work upon and improve. विस्तार देना, श्रम से उत्पन्न कराना, विस्तार करना, परिष्कृत करना; **Elaboration, Elaborateness,** *n.* (-एँशन्, -नेस्) act of elaborating. विस्तार का कार्य; **Elaborator,** *n.* (-अर्) one who elaborates. विस्तार करनेवाला

E'land, *n.* (ईलैन्ड्) a large South African deer. दक्षिणी अफ्रीका का हिरन

Elan, *n.* (एँ-लान्) ardour. उत्साह

Elaphine, *adj.* (एँल्-अफाइन्) pertaining to a stag. बारहसिंगा-संबंधी

Elapse, *v.t.* (इलेप्स्) to pass silently (of time), to slip or glide away. खिसकना, चुपके से चला जाना, व्यतीत होना, गुजरना, (समय का) धीरे-धीरे बीतना

Elastic, *adj.* (इलास्टिक्) having power to resume normal shape, flying back, springy, rebounding, buoyant. प्रयास्थ, लचीला, नमनशील; *n.* a chord or string that can be stretched and afterwards springs back into its first shape, a cord woven with India-rubber strips. लचीली डोरी, रबर के सूत के साथ बुना हुआ फीता; **Elastically,** *a.* (-अलि) in an elastic manner. लचीलेपन से

Elasticity, *n.* (इलास्टिसिटि) tension or distortion. लचीलापन

Elate, *adj.* (इलेट्) in high spirits,

elevated in spirit, exultant, proud. प्रफुल्ल उल्लसित, अभिमानी, धमण्डी; *v.t.* to make proud, to stimulate, to swell. प्रफुल्लित करना, उल्लसित करना, गर्वित करना; **Elation,** *n.* (-ले-शन्) elation of mind, pride. गर्व, चित्त का हुलास; **Elater,** *n.* (-अर्) one who elates. प्रफुल्ल करनेवाला

Elbow, *n.* (एल्बो) the bend of the arm, any flexure. कोहनी, कूर्पर, मोड़; *v.t.* to thrust, to push with the elbow, to jostle. कोहनी मारना, ढकेलना; *At one's elbow* (at hand, close by). हाथ के निकट होना, अति समीप; *Out of elbows* (badly dressed, poor- looking, reduced in circum- stances). मैला-कुचैला रहना, दरिद्र; *To elbow one's way through a crowd* (to push one's way out). धक्का-मुक्की करके आगे बढ़ना; *To have elbow-room* (to have enough room). प्रशस्त जगह होना, खुली जगह रहना

Elder, *adj. (comp. of old)* (एल्डर्) of greater age, older, senior. ज्येष्ठ, अग्रज, सयाना, वयोवृद्ध; (*pl.*) persons advanced in age. वृद्ध लोग; *n.* a person of greater age. वृद्ध पुरुष; **Elderly,** *adj.* (-लि) growing old. सयाना, वृद्ध-सा, वयोवृद्ध

Eldest, *adj. (super. of old)* (एल्डिस्ट्) first-born or oldest surviving, most advanced in age. ज्येष्ठ, सबसे बड़ा

El Dorado, *n.* (एल् डॉराडो) an imaginary country or city in which there is much gold a dream land of wealth. काल्पनिक स्वर्ण प्रदेश

Elect, *v.t.* (इलेक्ट्) to choose, to pick out, choose by vote. चुनना, चयन करना, छाँटना, निर्वाचन करना; *adj.* chosen, select. निर्वाचित, चुनिंदा, चुना हुआ; *President elect* (president chosen but not yet in office). निर्वाचित होने पर पद भार संभालने के पूर्व; **Election,** *n.* (-लेक्शन्) the act of electing, choosing (by vote). चुनाव, निर्वाचन, वरण, चयन; **Elective,** *adj.* (-इव) appointed by election, entitled to elect, optional. निर्वाचित, निर्वाचन, सापेक्ष, निर्वाचक; **Elector,** *n.* (-अर्) one entitled to choose or elect. निर्वाचक, मतदाता; **Electress,** *n.* (-लक्-ट्रेस्) a female elector. नियोजिका, निर्वाचिका

Electric, *adj.* (इलेक्ट्रिक्) of or charged with electricity. विद्युत संबंधी, वैद्युत, बिजली का; **Electrical,** *adj.* (-अल्) pertaining to electricity. विद्युत-संबंधी; **Electrician,** *n.* (-ट्रिश्यन्) one who is versed in the science of electricity. बिजली के विज्ञान में निपुण

Electricity, *n.* (इलेक्ट्रिसिटि) condition of molecules or ether produced by chemical action. बिजली की ताकत

Electrification, *n.* (इलेक्ट्रिफिकेशन्) the act of charging with electricity. बिजली भरने की क्रिया

Electrify, Electrize, *v.t. (p.t. Electrified)* (इलेक्ट्रिफाइ, इलेक्ट्राइज़) to charge with electricity, to make electric, to convert (railways, transport) to electric working, to excite. बिजली लगाना, बिजली धक्का देना,

Electro, (इ-लेक्-ट्रो) in *comb.* 'pertaining to or caused by electricity'. बिजली संबंधी अथवा बिजली से उत्पन्न अर्थ में प्रयुक्त उपसर्ग; *Electro-bath* (bath for depositing metals by means of electric current). वह घोल जिसमे किसी धातु पर दूसरी धातु बिजली से जमायी जाती है; **Electrode,** *n.* (-ट्रोड्) the terminal an electric circuit. बिजली के तार का छोर; *Electro-engraving* (engraving by mean of electricity). बिजली द्वारा नकाशी; *Electro-magnet* (a bar of soft iron made magnetic by electricity). वह मुलायम लोह जिसमें से बिजली चलने से वह चुम्बक बन जाता है

Electrometer, *n.* (इलेक्ट्रोमिटर्) an instrument for measuring electricity. बिजली की शक्ति नापने का यन्त्र; *Electro-motor* (a machine in which the motive power is electricity). बिजली द्वारा चलाये जाने वाला यन्त्र; **Electroplate,** *v.t.* (इलेक्ट्रोप्लेट्) to put a thin covering of metal on another metal object by means of electricity. विद्युत से लेपन करना, बिजली से मुलम्मा करना; electrotype (a printing plate made by electricity). बिजली से बनाई गई छापे की पट्टी

Electrocute, *v.t.* (इलेक्ट्रो-क्यूट्) to execute (a criminal) by electricity. बिजली से मारना या प्राणदण्ड देना

Electron, *n.* (एलैक्ट्रॉन्) an atom of electricity. विद्युत परमाणु

Eleemosynary, *a.* (एलीमॉसिनरि) of alms, dependent on alms, charitable. भिक्षा संबंधी, दातव्य, धर्मार्थ

Electrum, *n.* (इ-लेक्-ट्रम्) an alloy of silver and gold. सोने तथा चाँदी के मेल से बिनी हुई धातु, गिलट

Elegance, *n.* (एलिगन्स्) purity, grace, refinement. लालित्य, सुचारुता, चुस्ती

Elegant, *adj.* (एलिगन्ट्) graceful, tasteful, of refined luxury. ललित, सुरुचिपूर्ण, मनोहर, चारू, स्वच्छ, परिष्कृत

Elegiac, *adj.* (एलि-जिअक्) suited to elegies, expressing lamentation, mournful. शोकगीत या मरसिया संबंधी

Elegist, *n.* (एलि-जिस्ट्) a writer of elegies. शोकगीत का लेखक

Elegy, *n. (pl. Elegies)* (एलिजि) a song of lamentation (for the dead), a dirge. शोक गीत, मरसिया, करुण काव्य

Element, *n.* (एलि-मेन्ट्) an essential component part, first principle, any of the five elements–earth, water, air, fire and sky, congenial surroundings, *(pl.)* rudiments or simplest beginnings of learning or of an art, earth, air, fire, water and sky. तत्त्व, मूल तत्त्व, मूल वस्तु, घटक, अवयव, वायु, पृथ्वी, अग्नि, जल, आकाश; *An element of truth* (some truth). सत्य का भास, कुछ सत्य; **Elemental,** *adj.* (-अल्) of or like the powers of elements or nature, rudimentary. तात्विक, मौलिक

Elementary, *adj.* (एलिमेन्टरि) unanalysable, rudimentary, simple, uncompounded. तात्विक, प्रारम्भिक, शुद्ध, अयौगिक; *An elementary school* (a school where learing begins). प्राथमिक, प्रारंभिक, मूल शिक्षण केन्द्र; **Elementarity,** *n.* (-टरिटि) simplicity of nature. प्रकृति की सरलता

Elemi, *n.* (एलिमि) a resinous exudation from certain trees. लाह, गोंद

Eleot, *n.* (ई-लिअट्) a species of apple. एक प्रकार का सेब

Elephant, *a.* (एलिफंट्) a very large animal with a long trunk and ivory tusks. हस्ती, गज; *n.* a size of paper 28 × 23 inch. 28 × 23. इञ्ज की नाप का कागज

Elephantiasis, *n.* (एलिफॅन्टाआसिस्) a disease which causes a part of the body (usually the legs) to swell up and grow very large. श्लीपद, फीलपाँव

Elephantine *adj.* (एलिफॅन्टाइन्) huge, large and clumsy, pertaining to or like elephants. हाथी, भीमकाय, विशाल

Elevate, *v.t.* (एलिवेट्) to lift up, to hold up, to raise to a higher level or rank. ऊपर उठाना, उभाड़ना, उन्नत करना, प्रसन्न करना; **Elevated,** *adj.* (-एड्) fine, exalted, noble, dignified. उन्नत, उच्च पद पर नियुक्त, उन्नयित; **Elevation,** *n.* (-वेशन्) raising aloft, flat drawing of the fornt part, exaltation, dignity, the height above a given level, the altitude. उत्थान, ऊँचाई, उन्नयन, उत्कर्ष, उच्चता, आनन्द, उठान; **Elevator,** *n.* (-अर्) that which elevates, a lift, a hoisting-machine. उत्थापित्र, ऊपर उठाने का यन्त्र, उत्थापक, लिफ्ट

Eleve, *n.* (इलव्) a pupil. शिष्य, चेला

Eleven, *n.* (एलेवन्) one more than ten (11, XI), side of eleven persons at cricket. ग्यारह, एकादश, ग्यारह खिलाड़ियों की टीम (क्रिकेट फुटबाल आदि की); **Eleventh,** *adj.* (-एँन्थ्) next after tenth. ग्यारहवाँ; *The eleventh hour* (the last moment). अन्तिम समय या क्षण

Elf, *n. (pl. Elves)* (एल्फ्) a small fairy, a supernatural being, a small or mischievous creature. बेताल, परी, बौना, यक्ष, परी-सा, परी-का, पिशाची; **Elfish,** *adj.* (-इश्) pretaining to elves, mischievous. परी-संबंधी. पैशाचिक; **Elflocks,** (-लॉक्स्) intermingled hairs. जटा, उलझे हुए बाल

Elicit, *v.t.* (एलिसिट्) to draw out, to bring to light. प्रकाश में लाना, प्राप्त करना, निष्कर्ष निकालना; **Elision,** *n.* (-एँशन्) deduction. निष्कर्षण

Elide, *v.t.* (एलाइड्) to leave out a letter or sound (*gram.*) to drop a

vowel or syllable in pronunciation. लोप करना, (व्या.) उच्चारण में स्वर का लोप करना; **Elision,** *n.* (लीजन) (*gram.*) suppression of a vowel. लोप करना, (व्या.) स्वर का लोप

Eligibility, *n.* (एॅलिजिबिलिटि) the capability to be chosen. ग्राह्यता, निर्वाह्य योग्यता

Eligible, *adj.* (एलि-जिबल्) fit to be chosen, preferable, desirable, legally qualified, suitable. योग्य, ग्रहण करने योग्य, उपयुक्त, पात्रता, वांछनीय, निर्वाचन योग्य; **Eligibly,** *a.* (-लि) suitably, in an eligible manner. नियोज्यता से

Eliminate, *v.t.* (एलि-मिनेट्) to remove, to expel, to get rid of, to expel, to extract, to set aside. निकाल बाहर करना; **Eliminant,** *n.* (-ऑन्ट्) that which is eliminated. हटाई हुई वस्तु; **Elimination,** *n.* (-एॅ-शन्) cancelling, ejection. लोप, हटाव

Elite, *n.* (एलीट्) the best people in any group. संभ्रांत व्यक्ति, चुनिंदा लोग

Elixation, *n.*(एॅ-लिक्स्-एॅ-शन्) extraction by boiling. उबालकर सत्व निकालना

Elixir, *n.*(एलिक्सर्) an imaginary liquid designed to change metal into gold, cordial, a sovereign remedy. अमृत, तेजवर्धक औषधि, परमौषधि

Elk, *n.* (एल्क्) a large deer with broad flat horns. बारहसिंहा, ऋष्य

Ell, *n.* (एल्) a measure of 45 inches. लंबाई नापने का पैमाना; *Give him an inch and he'll take an ell* (if you give a little, he will demand more). वह उँगली पकड़ कर पोंहचा पकड़ता है

Ellagic, *adj.* (एॅल्-लीज्-इक्) pertaining to gallnuts. माजूफल-संबंधी

Ellipse, *n.* (एलिप्स्) a flat egg-shaped figure दीर्घवृत्त

Ellipsis, *n. (pl. Ellipses)* (एलिप्सिस्) omission of words needed to complete the sense. पद-न्यूनता, पदलोप,

Ellipsoid, *n.* (एॅ-लिप्-सॉ-इड्) an elliptical spheroid. दीर्घ वृत्तज

Ellipticity, *n.* (एॅ-लिप्टिसिटि) the quality of being elliptical. अण्डाकारिता; **Elliptically,** *a.* (-टिक्-क-लि) in the form of an ellipse. अण्डकार रूप में

Elm, *n.* (एल्म्) a large tree with rough doubly-serrated leaves. चिरावल, हिमरोई, मोरदे का वृक्ष; **Elmy,** *adj.* (-इ) abounding in elms. इस वृक्ष से पूर्ण

Elocution, *n.* (एलॉक्यूशन्) the art of public speaking, oratory, the art of oral delivery, oral expression, delivery. वक्तृता, वाक् पटुता, वाग्मिता; **Elocutionist,** *n.* (-इस्ट्) one who is skilled in the art of oratory. सुवक्ता

Elocutive, *a.* (एॅल्-ओ-क्यूट्-इव्) having the power of eloquent expression. व्याख्यान देने की शक्तिवाला

Elodes, *n.* (एॅलो-डीज्) the sweating sickness. अधिक पसीना होने का रोग

Elogium, Elogy, *n.* (एलोजिअम्, एलजि) a speech praising a (dead) person. मृत व्यक्ति का गुणगान, स्तुति पाठ करना

Eloge, *n.* (एॅल्-ओज्) an oration at the time of a funeral. मृत्युप्राप्त मनुष्य के विषय में व्याख्यान, मरसिया

Eloin, *v.t.* (एॅ-लॉ-इन्) to banish to distance. दूर भगा देना, हटा देना

Elongate, *v.t.* (एलॉंगेट्) to lengthen, to extend, to draw out, to prolong, to stretch out so as to be longer. लंबा करना, प्रसार बढ़ाना, प्रलंबित करना, बढ़ना; **Elongated,** *adj.* (-गे-टेड्) lengthened. फैलाया हुआ, विस्तृत, दीर्घीकृत

Elope, *v.i.* (इलोप्) to run away from home and marry secretly, to escape privately (of a woman with her lover), to abscond. (साथ) भाग जाना (स्त्री का चुपके से प्रेमी के साथ), फ़रार होना

Eloquence, *n.* (एलॉक्वेन्स्) fluent and powerful speech, oratory. वाक् पटुता

Eloquent, *adj.* (एलॉक्वेन्ट्) able to make good speeches, possessing fluent and powerful speech, expressive, exciting emotion or interest. वाग्मी, वाक्पटु, व्याख्यान निपुण, अनुनय कुशल

Else, *a. & pron.* (एल्स्) besides, instead, otherwise, other, if not. नहीं तो, अन्यथा, अलावा, सिवाय, बजाय, वरना; **Elsewhere** *a.* (-व्हेअर्) in some other place. और कहीं, अन्यत्र; *What else?* (what more?) और क्या?; *Who else?* (who besides?) दूसरा कौन?

Elucidate, *v.t.* (एलूसिडेट्) to throw light on, to illustrate, to explain, to make the meaning clear. समझाना, स्पष्ट करना, प्रकाश डालना, व्याख्या करना, विषाद करना; **Elucidator,** *n.* (-अर्) one who elucidates. व्याख्याता, व्याख्या करनेवाला; **Elucidatory,** *adj.* (-अरि) tending to explain. व्याख्या करने में प्रवृत्त, व्याख्यात्मक

Elude, *v.t.* (एलूड्) to escape cleverly from, to avoid, to baffle. बच निकलना, निकल भागना, चक्कर में डाल देना, छल करना; **Eludible,** *adj.* (-इब्ल्) that may be eluded. भागने योग्य, पलायनीय; **Elusion,** *n.* (-ल्यूज़न्) an escape, artifice, बचाव, टालमटोल, छल; **Elusiveness,** *n.* (-नेस्) the state of being elusive. छल, कपट; **Elusory,** *adj.* (-सार) tending to deceive. छली, मायावी

Elves, *n.* (एल्व्ज़्) *pl.* of Elf.

Elvishly, *a.* (एल्व्-इश्-लि) mischievously. दुष्टता से

Elysian, *adj.* (ऍ-लिज़्-ऑन्) yielding the highest pleasures, very delightful. अति प्रसन्नता देनेवाला, अति सुखकर

Elysium, *n.* (एलिज़िअम्) heaven, the abode of the blessed after death, (place of) ideal happiness or exquisite felicity. स्वर्ग, आनन्द का स्थान्

Em, *n.* (ऍम्) the letter M, the unit of measurement in estimating a line of composed types. अंग्रेजी वर्णमाला का तेरहवाँ अक्षर, टाइप कम्पोज करने की नाप

Emaciate, *v.t. & i.* (एमॅशिएट्) to make lean, to waste, to lose freshness gradually. क्षीण करना, कृश करना, बरबाद करना, नष्ट होना; **Emaciation,** *n.* (ऍ-शन्) leanness. क्षीणता, दुर्बलता

Emaculate, *v.t.* (इ-मॉक्-यूलेट्) to remove blemishes from. धब्बा हटाना

Emanate, *v.t.* (इमॅनेट्) to issue, to flow out, to originate, to proceed, to come from. निकलना, प्रसर्जन करना, निर्गमित होना, उद्भूत होना; **Emanation** *n.* (-ऍशन्) that which proceeds from a source, act of emanating. प्रसर्जन, उत्पत्ति, प्रसर्ग, निर्गमन

Emancipate, *v.t. & adj.* (इमॅन्सिपेट्) to make free, to set at liberty, to free from legal, social or other restraint. बंधनमुक्त करना, उद्धार करना, निस्तार करना, स्वतंत्र करना; **Emancipation,** *n.* (-सिपेशन्) liberation from slavery. दासत्व से मुक्ति, मोक्ष, निस्तार

Emasculate, *v.t.* (इमॅस्क्यु-लेट्) to castrate, to enfeeble, to effeminate, to take away the strength of, to weaken by excisions. विपुंसीकरण करना, नपुंसक बनाना, बधिया करना, दुर्बल बनाना, स्त्रैण बनाना; **Emasculated,** *adj.* (-टेड्) castrated. पुंसत्व हटाया हुआ, बधिया किया हुआ

Embale, *v.t.* (ऍम्-बेल्) to make up into a bundle or bale. गट्ठर बनाना

Embalm, *v.t.* (इम्बाम्) to preserve (body) whith spices, to perfume, to preserve from oblivion, to fill with sweet scent, to make fragrant. शवसंलेप करना, मसाले द्वारा सड़ने से बचाना, परीरक्षण करना, सुगन्धित करना

Embank, *v.t.* (एम्बॅंक्) to shut in (river) by means of wide walls of stone and earth to enclose, to confine. बाँध बनाना, तट बंधन करना, बंद करना, ऊँची मेंड़ बनाना; **Embankment,** *n.* (-मेन्ट्) act of embanking, a mound to shut in water. जल रोकने का बाँध, पुश्ता, भराव, तटबंधन, तटबंध

Embar, *v.t.* (ऍम्-बार्) to fasten with a bar. डंडा लगाकर बन्द करना

Embargo, *n. (pl. -es)* (एम्बार्गो) an order forbidding ships to enter or leave a port, suspension of commerce. पोतावरोध आज्ञा, घाटबंदी, व्यापार प्रतिषेध

Embark, *v.t. & i.* (एम्बार्क्) to put or go on board a ship, to venture, to engage in enterprise. जहाज में चढ़ना, साहस का काम आरम्भ करना, पोतारोहण करना, किसी व्यापार में लगाना; *To embark upon* (an action), to start. आरम्भ होना; **Embarkation, Embarkment** *n.* (-ऍशन्, -मेन्ट्) act of embarking. जहाज की सवारी, व्यवसाय का प्रारम्भ

Embarrass, *v.t.* (इम्बॅरास्) to encumber with debt, to render intricate, to perplex, to make movement difficult. चयन-काठिन्य, व्याकुल करना, जटिल बनाना; **Embarrassingly,** *a.*

(-इङग्-लि) perplexingly. घबड़ाहट से; **Embarrassment,** *n.* (-मेन्ट्) perplexity. घबड़ाहट, जटिलता, कठिनाई

Embassage, *n.* (एंम्-बॉस्-सिज्) same as Embassy.

Embassy, *n.* (एम्बैसि) the officers sent by a government to do its business with the government of another country, deputation to a king, an ambassador's function, office, or residenc, deputation. दूतावास, राजदूतावास, राजा के सम्मुख दूत वर्ग, राजदौत्य (राजदूत का पद या कार्य) शिष्टमंडल

Embed, *v.t.* (एम्बेड्) to fix in a surrounding mass, to lay in surrounding matter, to be set firmly in. जड़ना, जटित करना, लेटना, आधा करना

Embellish, *v.t.* (एम्बेलिश्) to decorate, to beautify, to adorn, to enrich. सँवारना, अलंकृत करना; **Embellishment,** *n.* (-मेन्ट्) ornament, decoration work. भूषण, सजावट

Ember, *n.* (एम्बर्) a small piece of fuel in dying fire. अंगारा, भस्म, अंगारसवशेष; *Ember-days* (12 days of fasting and prayer, days of fast). व्रत के दिन

Embezzle, *v.t.* (इम्बेझल्) to use for oneself money entrusted to one for some other purpose, to appropriate fradulently. गबन करना, छल से दूसरों का धन अपनाना, हड़पना; **Embezzler,** *n.* (-ज्लर्) one who embezzles. गबन करनेवाला, अपहरणकर्ता

Embitter, *v.t.* (इम्बिटर्) to make bitter, to aggravate, to exasperate, to make hatred or anger worse. तिता करना, कटु करना, कटुता बढ़ाना; **Embitterment,** *n.* (-मेन्ट्) the act of making bitter. कलुषीकरण, कड़वा या तीता करने की क्रिया

Emblazon, *v.t.* (इम्ब्लेज़न्) to set out in beautiful colours (upon a shield), to celebrate, to extol, ढोल पीट कर कहना, उत्सव मनाना, तड़क-भड़क दिखाना; **Emblazoning,** *n.* (-इङ्ग्) tha act of adorning. सुशोभित करण, सजाने का काम; **Emblazonment,** *n.* (-मेन्ट्) the act of emblazoning. सुशोभन कार्य

Emblem, *n.* (एम्ब्लम्) a symbol, a type, a symbolic figure, an allusive picture, a device. प्रतीक चिह्न, निशान, कुल चिह्न; *v.t.* to symbolize. चिह्नित करना

Embody, *v.t.* *(p.t. & p.p. Embodied)* (एम्बॉडि) to clothe (spirit) with body, to incorporate, to give form to, to include. संस्था बनाना, एकत्र करना, मूर्त रूप देना, साकार करना, अवतारण करना, ठोस बनाना

Embolden, *v.t.* (एम्बोल्डन्) to give boldness or courage to, to make bold, to encourage. निर्भीक बनाना, उत्साह या साहस देना, साहसी बनाना, प्रोत्साहित करना; **Embolism,** *n.* (एंम्-बॉ-लिज्म्) obstruction of artery or vein. धमनी अथवा शिरा में रक्तसञ्चालन का अवरोध

Emborder, *v.t.* (एंम्-ब्-ऑर्-डर्) to adorn with a border. किनारा लगाना

Embosom, *v.t.* (इम्बॉसम्) to embrace, to surround, to shelter. आलिंगन करना, गले लगाना, शरण देना, आवृत करना

Emboss, *v.t.* (एम्बॉस्) to carve or mould in relief, to represent in worked figures. उभरी नक्काशी करना, उत्थितालंकरण करना, बेलबूटा काढ़ना, उभरी छपाई करना; **Embossing,** *n.* (-इङग्) a work in relief. नकाशी; **Embossment,** *n.* (-मेन्ट) a raised work. गुलकारी

Embottle, *v.t.* (एंम्-बॉट्-ट्ल्) to put into a bottle. बोतल में रखना

Embouchure, *n.* (एंम्-बूश्योर्) the mouth of a river. नदी का मुहाना

Embowel, *v.t.* (एंम्बॉवेल्) to take out or remove bowels form the body. आँतों को शरीर से बाहर निकालना

Embrace *v.t.* (इम्ब्रेस्) to fold in the arms, to clasp, to enclose, to accept, to adopt, to comprise, to include. आलिंगन करना, छाती से लगाना, गले लगाना, स्वीकार करना, शामिल करना; *n.* folding in the arms, embracing, clasp. आलिंगन, परिरंभ, संभोग; **Embracer,** *n.* (-अर्) one who embraces. गले लगाने वाला

Embranchment, *n.* (एंम्ब्रान्चमेन्ट्) spur of a mountain, an arm of river. पर्वत-श्रेणी, नदी की शाखा

Embrangle, *v.t.* (एंम्-ब्रीङ्ग्-ग्ल्) to

confuse, to entangel. घबड़ाना, फँसाना

Embrasure, *n.* (एम्ब्रेसर्) an opening in a wall of a fort for gun, bevelling of walls at the sides of doors. भित्तिरंध्र, जालक, मोखा, दरवाजे या खिड़की के चारों ओर की दीवारों का तिरछा कटाव, तोप का झरोखा

Embrocate, *v.t.* (एम्ब्रोकेट्) to bathe, to foment. लेप करना, मलना, मालिश करना

Embroglio, *n.* (इम्-ब्रोल-यो) an embarrassing state of affairs. व्यग्रता, घबड़ाहट

Embroider, *v.t.* (इम्ब्राइडर्) to ornament with needlework, to embellish. कसीदा करना, काढ़ना, सूई से फूल इत्यादि काढ़ना, नमक-मिर्च लगाना; **Embroidery,** *n.* (-इ) embroidered work, adventitious ornament. कसीदा का काम, फुलकारी, जरदोजी, चिकन का काम

Embroil, *v.t.* (एम्ब्रॉइल्) to bring (affairs) into confusion, to entangle, to involve in trouble, to draw (a person) into a quarrel. झंझट में डालना, आपत्ति में डालना, उलझाना, विचलित करना, गड़बड़ाना

Embryo, *n. (pl. Embryos)* (एम्ब्रिओ) an unborn offspring, the young of an animal yet imperfect in the womb, a thing in its first state before birth. भ्रूण, गर्भ का भ्रूण, आरंभिक; *adj.* भ्रूण-संबंधी; *In embryo* (in the first stage of development). अपरिपक्व या विकास की प्रथम अवस्था में

Embryoctony, *n.* (ऍम्ब्र-ऑक्-टॉ-नि) destruction of the foetus in the womb. गर्भ में भ्रूण की हत्या

Embryology, *n.* (ऍम्ब्रिओ-लॅजि) science of the embryo. भ्रूण-विज्ञान

Embus, *v.t.* (ऍम्-बस्) to put into a bus, lorry or motor vehicle. बस या मोटरगाड़ी में रखना या बैठना

Emend, *v.t.* (इमेन्ड्) to remove errors, to correct, to improve the reading of. त्रुटि निवारण करना, भूल सुधार करना, संशोधन करना; **Emendator,** *n.* (-डेटर्) a corrector of erros. संशोधन करनेवाला; **Emendatory,** *adj.* (-अट्रि) contributing to emendation. संशोधन-संबंधी, संशोधनात्मक

Emerald, *n.* (एमेरल्ड्) a bright-green precious stone, a blue-green colour. मरकत मणि, पन्ना; *The Emerald Isle* (Ireland). आयरलैंड का टापू

Emerge, *v.t.* (इमर्ज्) to come up or out into view, to issue or proceed from, to appear, to crop up. उद्गमन होना, दृष्टिगोचर होना, सामने आना, उभर कर आना; **Emergence, Emergency,** *n.* (-ऍन्स्) a sudden happening needing prompt action. आपत्काल, संकट, आकस्मिक घटना; *Emergency-door* (a door for use only in emergencies). केवल संकट के समय पर खुलने और बन्द होनेवाला दरवाजा

Emergent, *adj.* (इ-मर्ज-ऍन्ट्) urgently. आवश्यकता से

Emeritus, *n.* (इमेरिटस्) who is no longer holding office, retired. (ससम्मान) सेवा मुक्त, अवकाश प्राप्त (प्राध्यापक)

Emersion, *n.* (इमर्सन्) emerging, reappearance after an eclipse. प्रकटन, उत्थान, उद्गमन

Emery, *n.* (एमरि) a very hard material, made into powder and stuck on paper, used for smoothing wood or metals. रेतमाल का कागज; *Emery wheel* (a wheel made of emery used for sharpening knives and other cutting instruments). धार लगाने की मशीन; *Emery-cloth* (a piece of cloth which is covered with emery powder). पालिश करने का कपड़ा

Emetic, *a.* (इमेटिक्) a medicine that causes vomiting. वमनकारी

Emication, *n.* (ऍम्-इक्-ऍशन्) a spark. चिनगारी

Emigrant, *adj. & n.* (ऍम्-इग्-रेन्ट) one who is emigrating. परदेश में बसनेवाला

Emigrate, *v.i. & t.* (एमिग्रेट्) to go to settle in another country. उत्प्रवास करना, उद्व्रजन करना; **Emigratory,** *adj.* (-रेटरि) emigrating. देशत्यागी, परदेशवासी

Eminence, *n.* (एमिनेन्स्) recognized superiority, fame, rising ground. उत्सेध, ऊँची भूमि, विशिष्टतुंगक, गौरव

Eminent, *adj.* (एमिनेन्ट्) distinguished, notable, high in rank or fame, lofty, high, prominent. ऊँचा, पद में विशिष्ट, उत्कृष्ट, अग्रगण्य, प्रतिष्ठित

Emissary, *n. (pl Emissaries)* (एमिसरि) one sent on (esp. odious or underhand) mission. चर, प्रणिधि, जासूस, कूटनीतिज्ञ

Emission, *n.* (एमिशन्) the act of sending out, matter sent out (as smoke from gun). उत्सर्जन, उत्स्राव, स्राव; **Emit,** *v.t. (pl. -ted)* (एमिट्) to give out, to put forth, to send forth. उत्सर्जन करना, फेंकना, जारी करना, प्रचार करना

Emollient, *adj.* (एमॉल्यन्ट्) softening. कोमलकारी; *n.* a medicine which softens the skin. पुल्टिस (त्वचा को नरम करने वाली औषधि)

Emolument, *n.(pl.)* (इमॉल्युमेन्ट्) profit from employment, advantage, gain, salary. परिलब्धि, लाभ, सुविधा, वेतन, परिलब्धियाँ; **Emolumental,** *adj.* (-अल्) profitable, advantageous. लाभदायक, सुविधाजनक

Emotion, *n.* (इमोशन्) deep feeling, mental agitation or feeling, excited mental state. भाव, चित्तक्षोभ, आवेग, संवेग; **Emotionless,** *adj.* (-लेस्) without emotion. आवेग या भाव रहित

Emotive, *adj.* (इमोट्-इव्) tending to excite emotion. मनोभाव उत्पन्न करनेवाला

Empale, *v.t.* (एँम्-पेल्) to shut, to enclose, to impale. बन्द करना, घेरना

Empanel, *v.t.* (इम्पॅनल्) to put the name of a person on a list of persons who will serve on a jury, to enter on a panel. नामिका में दर्ज करना

Emperor, *n. (fem. Empress)* (एम्परर्) the ruler of an empire. सम्राट्, शहंशाह, राजाधिराज; *Purple emperor* (a kind of butterfly). एक प्रकार की तितली

Emphasis, *n.* (एम्फेसिस्) a special stress on a word, vigour of expression बलाघात, बल, पूर्व प्रचलन, अवधारण; **Emphasize,** *v.t.* (एम्फेसाइज) to lay stress on, to bring into prominence. बल देना, गुरु उच्चारण करना, जोर देकर कहना, महत्त्व देना

Emphatic, *adj.* (इम्फॅटिक्) forcible, strong, earnest, (of words) bearing the emphasis. प्रबल, जोर से उच्चारण किया हुआ बलात्मक, सबल, जोरदार;

Emphatical, *adj.* (-अल्) forcible, earnest. जोरदार, दृढ़

Emphractic, *adj.* (एँम्-फ्रॉक-टिक्) closing or stopping the pores of the skin. रोमकूपों को बन्द करनेवाला

Empire, *n.* (एम्पायर्) supreme and wide dominion, territory of an emperor. साम्राज्य, आधिपत्य, प्रभुत्व

Empiric, Empirical *adj.* (एम्पिरिक्, -अल) relying on experiment not on theory, guided by experience rather than by scientific ideas. आनुभाविक, अनुभवसिद्ध, प्रयोग सिद्ध, अनुभूतिमूलक; *n.* a scientist or physician who is guided by experience rather than by theory; a quack. अनुभववादी, प्रयोगाश्रयी, नीम हकीम, कठवैद; **Empiricism,** *n.* (-सिज्म्) quackery. दुश्चिकित्सा; **Empiricist,** *n.* (-रिस्-सिस्ट्) an empiric, a charlatan. केवल अनुभव पर निर्भर रहनेवाला

Emplacement, *n.* (एम्प्लेस-मेन्ट्) a special place built for guns. अभिस्थापन, बिठाना, तोपमंच

Emplane, *v.t.* (एँम्-प्लेन्) to go on board (to ride) an aeroplane. हवाई जहाज पर सवार होना

Employ, *v.t.* (इम्प्लॉय्) to use (a thing, time, energies), to use the services of, to keep at work, to keep occupied, to take on as a paid worker. नियुक्त करना, नियोजित करना, नौकर रखना, धंधे में लगाना, काम में लाना; **Employee,** *n.* (-ई) a person employed for wages. कर्मचारी, नौकर

Employer, *n.* (एम्प्लायर्) one who uses another's services. मालिक, स्वामी, नियोक्ता; **Employment,** *n.* (-मेन्ट्) work, business entrusted to one. नियुक्ति, नियोजन, रोजगार, धंधा, नौकरी

Empoison, *v.t.* (एँम्पॉइजन्) to put poison into, to corrup, to embitter. विष-प्रयोग करना, दूषित करना, तीता करना

Emporium, *n. (pl. Emporia)* (एम्पॉरि-अम्) a centre of commerce, a place of trade, a mart, a large shop. विक्रय केन्द्र, मण्डी

Empoverish, *v.t.* (एँम्पावरिश्) to make poor. दरिद्र करना या बनाना

Empower, *v.t.* (एम्पॉवर्) to give power or authority, to authorize, to license, to enable. अधिकृत करना, अधिकार देना, समर्थ करना

Empress, *n.* (एम्-प्रिस्) the wife of an emperor, the female ruler of an empire. साम्राज्ञी, मलिका, राज राजेश्वरी

Emprize, *n.* (एँम्-प्राइज) an undertaking in voloving danger. साहसिक कार्य

Emptier, *n.* (एँम्प्टिअर्) one who or that which empties. खाली करनेवाला

Emptiness, *n.* (एँम्टि-नेस्) the state of being empty. शून्यता छूछापन

Empty, *adj.* (एम्पटि) containing nothing, not filled, devoid of inmates, meaningless. रिक्त, खाली, निष्फल; *v.t. & i. (p.t. Emptied)* to remove contents of, to become empty, (of river) to discharge itself. रिक्त करना, उँड़ेलना, अपने को गिराना; *On an empty stomach* (when hungry). भूखे पेट, बिना कुछ खाए; *Empty promises* (meaningless promises). थोथे वायदे, निरर्थक आश्वासन; *Empty-headed* (a simpleton, a fool). अल्पबुद्धि, मुर्ख; *Empty- hearted* (devoid of feelings). शून्यहृदय

Empurple, *v.t.* (एँम्-पर्-प्ल्) to redden, to make purple. लाल करना

Empusa, Empuse *n.* (एम्-प्यूज्-आ, प्यूज्) a phantom or spectre. भूत, प्रेत, पिशाच

Empyreal, *adj.* (एँम्-पिरी-अल्) formed of pure fire or light. आग्नेय, तेजोमय; **Empyrean,** *adj. & n.* (एम्पिरीअन्) the highest heaven as sphere of fire or abode a God. बैकुंठ, स्वर्ग, तेजोलोक-संबंधी, नभोमंडल, स्वर्गलोक का

Emu, *n.* (ईम्यू) a large Australian bird about six feet high. आस्ट्रेलियाई शुतुरमुर्ग जैसा पक्षी

Emulate, *v.t.* (एम्युलेट्) to try to equal or excel, to imitate, to rival. होड़ करना, प्रतिस्पर्धा करना, बराबरी चाहना; **Emulatress,** *n.* (-ट्रेस्) a female who emulates. सपर्धा करनेवाली स्त्री

Emulgent, *adj.* (इ-मल्-जेन्ट्) draining out or milking. बहानेवाला, दूध निकालनेवाला

Emulous, *adj.* (एम्यूलस्) desirous of fame, eager to excel another, zealously imitative of. प्रतिस्पर्धी, होड़ करने वाला; **Emulousness,** *n.* (-नेस्) the quality of being emulous. प्रतिस्पर्धा

Emulsify, *v.t.* (इ-मल्-सि-फाइ) see Emulsion.

Emulsion, *n.* (एमल्शन्) a mixture of milky liquid with oily particles suspended in it. पायस, दूध जैसी औषधि

En, *n.* (एँन्) name of letter 'n' (print) half of an Em. अक्षर 'n' का नाम, (मुद्रण) एँम् की आधी, नाप; *prep.* and *suf.* used to form verbs. क्रिया, संज्ञा और विशेषण आदि बनानेवाला उपसर्ग और प्रत्यय

Enable, *v.t.* (इनेबल्) to cause to be able, to empower, to supply with means (to do). समर्थ करना, शक्ति प्रदान करना, अधिकार देना; **Enablement,** *n.* (-मेन्ट्) the act of enabling. सामर्थ्य

Enact, *v.t.* (इनॅक्ट्) to make into a law, to ordain, to establish by law, to decree, to play (part). प्रदर्शित करना, शासन करना, अभिनय करना, अधिनियम बनाना; **Enactment, Enacting** *n.* (-मेन्ट्, -इङ्ग) a law enacted, a decree, an act अधिनियम

Enamel, *n.* (इनॅमल्) a glass-like coating on metal, any hard smooth coating, the hard outer covering of the teeth. तामचीनी, दंतवल्क, मीनाकारी; *v.t. (p.t. -led)* to inlay with enamel, to adorn in different colours. इनैमल करना, मीनाकारी करना; **Enameller,** *n.* (-अर्) one who enamels. मीनाकार

Enamour, *v.t.* (एनॅमर्) to inspire with love, to charm, to make fond of. अनुरक्त करना, मोहित करना; *To be enamoured of* (to be in love with). आसक्त होना, प्रेमपाश में बंधना

Enbloc, *a.* (एन्ब्लॉक्) wholesale, in a lump. सामूहिक रूप से, एक साथ

Enate, *adj.* (इनेट्) protruding, growing out. बाहर को उभड़ा हुआ

Encage, *v.t.* (एन्केज्) to put in a cage. पिंजरे में कैद करना

Encamp, *v.t. & i.* (एन्कॅम्प्) to settle in a camp, to lodge in tents. डेरा डालना, पड़ाव डालना; **Encampment,** *n.* (-मेन्ट्) a

place where an army or company is encamped. डेरा, पड़ाव

Encase, *v.t.* (एन्केस्) to put in a case, to shut up within some material. डिब्बा बन्द करना, घेरना, ढाँपना

Encash, *v.t.* (एँन्कॉश्) to convert (bills, cheques & c.) into cash, to pay in cash. हुंडी, सरखत इत्यादि का नकद रुपया भुनाना या दैना; **Encashment,** *n.* (-मेन्ट्) payment in cash of a note & c. नोट इत्यादि का नकदी भुगतान

Enceinte, *a.* (आइसँन्ट्) pregnant, with child. गर्भवती, सगर्भा; *n.* an enclosure. अहाता, बेड़ा, घेरा, संलग्न पत्र

Encave, *v.t.* (एँनकेव) to hide in a cave. गुफा में छिपना

Enchain, *v.t.* (एन्चेन्) chain up, fetter, hold in bondage, enslave. बेड़ियां डालना, जंजीर से बांधना, कसकर पकड़ना

Enchant, *v.t.* (एन्चान्ट्) to put a magic charm on, to subdue by charms, to bewitch, to delight, to please greatly. मंत्रमुग्ध करना, जादू करना, मोहित करना, मोहना; **Enchanting,** *adj.* (-इङ्ग्) charming, delightful. मनोहर, आनन्दकर; **Enchantment,** *n.* (-मेन्ट्) the act of enchanting. माया, जादू, इन्द्रजाल

Enchase, *v.t.* (एँन्-चेस्) to enclose one body in another. किसी एक पदार्थ को दूसरे में बैठाना, नगीना जड़ना

Enchisel, *v.t.* (एँन्-चिजे) to cut with a chisel. रुखानी से काटना

Encircle, *v.t.* (एन्सर्कल्) to surround, to enclose. घेरना, लपेटना

Enclasp, *v.t.* (एँनक्लास्प्) to clasp, to embrace. आलगिंन करना, गले लगाना

Enclose, *v.t.* (इन्क्लोज़्) to surround, to fence in, to shut up, to put something inside a letter, to hem in. घेरना, बन्द करना, पत्र के भीतर रखना; **Enclosure,** *n.* (-जर्) enclosing, an enclosed land, a thing enclosed. घेरा, पत्र में संलग्न वस्तु

Encloud, *v.t.* (एँन्-क्लाउड्) to envelop in clouds. बादलों से घेरना या ढाँकना

Encomiast, *n.* (एँन्-को-मिअस्ट्) one who praises another. दूसरे की प्रशंसा करनेवाला, स्तुतिपाठक

Encomium, *n.* (*pl.* ***Encomiums***) (इन्कोमिअम्) an expression of praise, eulogy, formal or highflown praise. प्रशंसा, स्तुतिवाक्य,

Encompass, *v.t.* (एन्कम्पास्) to shut in, to surround, to enclose, to encircle, to environ. घेरना, लपेटना

Encope, *n.* (एँन्-कोपे) an incision or wound made by a cutting instrument. चीरकर किया हुआ घाव

Encore, *int. a.* (एन्कोर्) again, once more. दुहराने की मांग, पुकार; *n.* demand for the repetition of a song in theatre. एक बार पुन: कहना, नाटक में किसी गीत को दुहराने की माँग या पुकार करना; *v.t.* to summon a performer for this. इस निमित्त नाटक के पात्र को बुलाना

Encounter, *v.t.* (एन्काउन्टर्) to meet hostilely, to meet with (a person, an obstacle). लड़ाई करना, मुठभेड़ करना; *n.* a hostile or casual meeting. लड़ाई के लिए मुठभेड़ या मुकाबला होना

Encourage, *v.t.* (एन्करेज्) to give courage to, to embolden, to make hold, to urge out, to assist, to further, to inspire with spirit, to promote. सहारा देना, बढ़ावा देना, सहायता देना, उत्तेजित करना

Encradle, *v.t.* (एँन्-क्रे-डल्) to lay in a cradle. पालने में बच्चे को सुलाना

Encroach, *v.t.* (एन्क्रोच्) to go beyond one's own (land) and take part of another's (land), to trespass. अतिक्रमण करना, बिना आज्ञा के प्रवेश करना; **Encroachment,** *n.* (-मेन्ट्) the act of invading gradually on the rights of another. दूसरे की संपत्ति पर क्रमश: अधिकार स्थापन

Encrust, *v.t. & i.* (इन्क्रस्ट्) to cover with a thin hard outer covering. बड़े छिलके से ढाँकना

Encumber, *v.t.* (एन्कम्बर्) to hamper, to impede. प्रतिबन्ध करना, रोकना, बोझना,

Encumbrance, *n.* (इन्कम्ब्रन्स्) a burden, an impediment, mortgage on property. भार, प्रतिबन्ध, अवरोध; *Without encumbrance* (having no children). संतानहीन, दायित्वहीन

Encyclic, Encyclical, *adj. & n.* (एँन्-साइव्-लिक्, अल्) sent round, a

circular which is sent round to different men or places. घुमाया गया, बहु सूचित पत्र

Encyclop(a) edia, *n.* (एन्साइ-क्लोपीडिआ) a book or set of books of information on all branches of knowledge. विज्ञानकोश, विश्व कोष; **Encyclopaedic,** *adj.* (-ड्इक्) the compiler of an encyclopaedia. विश्वज्ञानकोश संबंधी

End, *n.* (एन्ड्) the limit, the extreme point or part, death, the conclusion, destruction, outmost point, result, object. सीमा, अवधि, उच्चतम बिंदु, शेष, परिणाम, मृत्यु, निमित्त, ध्येय, लक्ष्य; *v.t. & i.* to bring or come to an end, to terminate, to finish. समाप्त करना, अन्त करना, हत्या करना; *At a loose end* (having nothing to do, unoccupied). बेरोजगार, निकम्मा; *At one's wits' end* (much perplexed, very anxious, disturbed, not knowing what to do). चकरा जाना, व्याकुल, भौचक्का होना, किंकर्तव्यमूढ़ होना; *To make both ends meet* (to live within one's income). मुश्किल से गुजारा होना; *At the end of one's tether* (unable to suffer any more). बर्दाश्त की हद से बाहर; *Odds and ends* (small useless pieces). छोटे निरुपयोगी टुकड़े; *Of good end* (useful). हितकारी; *End-all* (final. closed). अंतिम; *To put an end to* (to make an end of, to stop, to abolish, to destroy). रोक देना, समाप्त करना, उन्मूलन करना, नष्ट करना; *Nearing one's end,* nearing death). मृत्योन्मुख होना, जीवन संध्या, दिन पूरे होने का समय निकट; *To end in smoke* (to have no result). टाँय-टाँय फिस्स होना; *To end in good* (to pass blessed). भले भले बीतना

Endanger, *v.t.* (इन्डेंजर्) to bring into danger. संकट या क्षति में डालना

Endear, *v.t.* (एन-डियर्) to make dear, to cause to be loved. प्रिय मात्र बनाना; **Endearment,** *n.* (-मेन्ट्) an act of endearing, tender affection, hazard, loving words. प्रीति, प्रेम

Endeavour, *v.i. & t.* (एन्डेवर्) to try or to make an attempt, to strive, to achieve. प्रयास करना, प्रयत्न करना; *n.* an attempt, exertion. परिश्रम, प्रयास, प्रयत्न

Endecagon, *n.* (एँन्-डेकॅगॉन्) a plane figure which has cleven sides. ग्यारह भुजा की आकृति या क्षेत्र

Endemic, *adj.* (एन्डेमिक्) regularly found present in certain people or places, always present. सदा प्रस्तुत, स्थानीय मनुष्यों में प्रचलित (बीमारी)

Endermic, *adj.* (एँन्-डर्म्-इक्) acting on the skin. त्वचा पर प्रभाव डालनेवाला

Endive, *n.* (एन्डिव्) a bitter plant used for food. विलायती, कासनी

Enderon, *n.* (एँन-डे-रन्) the inner layer or true skin. अन्तर्त्वचा

Ending, *n.* (एँनड-डङ्ग्) result, termination. परिणाम, अन्त, प्रत्यय

Endless, *adj.* (एन्ड्-लिस्) everlasting, unending, without end, continual. अनन्त, निरन्तर; **Endless-screw,** *n.* (एँन्ड्-लेस्-स्क्रू) a screw combined with a wheel and axle so that threads of the screw work into the teeth of the wheel. निरन्तर चक्कर देनेवाली पेंच

Endogamy, *n.* (एन्डॉगमि) the custom of marrying only within the tribe. अपने ही कबीले में विवाह करने की प्रथा

Endmost, *adj.* (एन्ड्-मोस्ट्) farthest, at the extreme end. सबसे दूर का

Endorse, *v.t.* (एन्डॉर्स्) to write on the back of a document, to confirm, to agree with what has been said. लेख के पृष्ठ पर हस्ताक्षर करना, दृढ़ करना

Endow, *v.t.* (एन्डो) to give a permanent income to, to give a dowry, to invest with powers or qualities. दहेज देना, भेंट देना, धन प्रदान करना; *Well endowed by nature* (clever and beautiful by birth). प्रकृति प्रदत्त वैभव, जन्म से ही कुशाग्र एवं सुन्दर

Endue, *v.t.* (एन्डयू) to clothe with, to put in stomach or mind, to give. वस्त्र पहिनाना, देना, पेट या मन में रखना, पचाना

Endurable, *adj.* (इनडयोरेब्ल्) that can be andured. सहन करने योग्य, सह्य

Endurance, *n.* (एन्डयुरन्स्) power of enduring, sufferance, patience, fortitude. सहनशीलता, सहिष्णुता, निरन्तरता

Endure, *v.t. & i.* (एन्डयुअर्) to undergo,

to bear, to last, to remain. दृढ़ रहना, सहन करना, टिकना; *I can't endure him* (I hate him). मैं उसे सहन नहीं कर सकता, उससे नफरत करता हूं; **Enduring,** *adj.* (-इङ्ग) lasting, permanent. चिरस्थायी; **Enduringness,** *n.* (-इङ्गनेस्) the quality of enduring, durability. सहनशीलता, टिकाऊपन

Enema, *n.* (एनिमा, इनीमा) an injection of liquid into the rectum, the syringe used. बस्ति, गुदा द्वारा तरल औषधि पेट में चढ़ाना

Enemy, *n. (pl. Enemies)* (एनिमि) one who is unfriendly, an opponent, person, an opponent. शत्रु, प्रतिपक्षी, बैरी, शत्रु संबंधी; *adj.* pertaining to an enemy, hostile. शत्रु, प्रतिपक्षी, वैरी, शत्रुसंबंधी; *How goes the enemy?* (what is the time). क्या समय है?

Energetic, *adj.* (एनर्जेटिक्) forcible, operative, powerful, vigorous, full of energy, efficatious. कर्मठ, उद्योगी, व्यवसायी

Energize, *v.t. & i.* (एँन्-अर्-जाइज्) to act with force, to give energy to. बलपूर्वक कार्य करना, शक्ति भरना या देना

Energumen, *n.* (एँन्-अर्-ग्यू-मेन्) one who is possessed by an evil spirit, a fanatic. प्रेतबाधित मनुष्य, पागल

Energy, *n.* (एनर्जि) force, vigour, activity, bodily power, capacity for work. शक्ति, तेज, योग्यता, शारीरिक बल, गुण

Enervate, *v.t.* (एनर्वेट्) to deprive of vigour, to enfeeble, to cause to become weak, to debilitate. दुर्बल करना, क्षीण करना; *adj.* wanting in vigour, weakened. क्षीणबल, दुर्बल

Enervative, *adj.* (एँ-नर्व-एँट्-इव्) enervating, weakning. क्षीण करनेवाला

Enface, *v.t.* (एँन्-फेस्) to write or stamp a bill on the face. हुण्डी के अगले भाग पर लिखना या टिकट लगाना

Enfeeble, *v.t.* (इन्फीबल्) to make feeble to deprive or strength. क्षीण बनाना, शक्ति हारना, दुर्बल करना; **Enfeebler,** *n.* (-ब्लर्) one who or that which enfeebles. दुर्बल करनेवाला

Enfilade, *n.* (एन्-फिलेड्) a place on a battlefield which can be shot at from one end to the other. लम्बाक्ष, युद्ध क्षेत्र में वह स्थान जहां एक छोर से दूसरी छोर गोली दागी जा सकती है; *v.i.* to shoot at a line of men from one end. व्यक्तियों की पंक्ति में एक छोर से गोली दागना

Enfetter, *v.t.* (एन्-फेट्-टर्) to bind in fetters. हथकड़ी या बेड़ी से बाँधना

Enfold, *v.t.* (एन्-फोल्ड्) to wrap, to fold, to embrace, to clasp. लपेटना, तह करना, आलिंगन करना, गले लगाना, पकड़ना

Enforce, *v.t.* (एँनफोर्स्) to press, to urge, to give force or effect to, observance of, to comple, to make people obey (a law). बल देना, कार्यान्वित करना, उत्तेजना या प्रेरणा देना, बाध्य करना; **Enforceable,** *adj.* (-एँब्ल्) that may be enforced. कार्यान्वित करने योग्य; **Enforcement,** *n.* (-मेन्ट्) act of enforcing, compulsion. बल प्रयोग, स्वीकृति; **Enforcer,** *n.* (-अर्) one who enforces. कार्यान्वित या बाध्य करनेवाला

Enframe, *v.t.* (एन्-फ्रेम्) to set or put (a picture) in a frame. चौखटे में (तस्वीर) बैठना या मड़ना

Ex, *pref.* (ऍक्स्) in sense of "out, thoroughly, separate, formerly". उपसर्ग जिसका "बाहर, पूर्ण रूप से पृथक्, पूर्व" इत्यादि अर्थ में प्रयोग किया जाता है

Exacerbate, *v.t.* (एक्सॅसर्बेट्) to cause bitterness of feeling to increase, to aggravate, to irritate. खिजाना, चिढ़ाना

Exact, *adj.* (एग्ज़ाक्ट्) precise, accurate, strictly correct. ठीक-ठीक, यथार्थ, परम शुद्ध; *v.t.* to enforce payment of (fees, obedience). बलपूर्वक, माँगना, (छीन लेना); **Exactitude, Exactness,** *n.* (-इ-ट्यूड्, नेस्) correctness. यथार्थता; **Exacting,** *adj.* (-इङ्ग्) demanding unreasonable. अनुचित माँग करने वाला; **Exactly,** *adj.* (-लि) accurately, quite so, just so. यथावत्, ठीक, ठीक, बहुत ठीक

Exactitude, *n.* (इग्ज़ॅक्टिट्यूड्) exactness, great care in being correct. यथार्थता

Exaggerate, *v.t.* (इग्ज़ागरेट्) to carry beyond truth. विस्तृत रूप से वर्णन करना, बढ़ाना, बढ़ाकर कहना; *n.* overstatement. अतिश्योक्ति; **Exaggerative,** *n.* (-इव्) amplificative, having tendency to exaggerate. असत्य या बढ़ाकर कहनेवाला; **Exaggerator,** *n.* (-टर्) one who exaggerates. लम्बी-चौड़ी बात कहनेवाला व्यक्ति

Exalt, *v.t.* (एग्ज़ॉल्ट्) to raise in rank or power, to magnify, to praise, to extol. ऊँचे पद पर उठाना, प्रशंसा करना, बढ़ाना; **Exaltation,** *n.* (-एशन्) a state of great excitement and of pleasure, elation, rapture. उन्नति, प्रशंसा; **Exalted,** *adj.* (-ऍड्) high, elevated, noble. ऊँचा किया हुआ

Examination, *n.* (एग्ज़ॉमिनेशन्) minute inspection, investigation, testing of knowledge or ability by questions. परीक्षा, अनुसन्धान, निरीक्षण

Examine, *v.t. & i.* (एग्ज़ामिन्) to investigate or inquire into, to test proficiency of (pupils) by questions. परीक्षा करना (अनुसन्धान करना), विचार करना, जाँचना; **Examiner,** *n.* (-अर्) one who examines. परीक्षक

Example, *n.* (एग्ज़ाम्पल्) a thing illustrating general rule, a model, a pattern, warning, a specimen, fact, instance, a precedent. उदाहरण, दृष्टान्त, चेतावनी; *v.t.* to exemplify. दृष्टान्त देना, सचेत करना; *To set a good example* (to behave so well that others may perhaps do the same way). अनुकरणीय बनना; *To make an example of* (to punish in such a way that others may be afraid to act in the same way). दूसरों के लिए चेतावनी के रूप में, जिससे वे ऐसा न करें; **Examplary** *adj.* (-प्लरि) serving as an example. आदर्शभूत, अनुकरणीय

Exanimate, *adj.* (ऍग्ज़ॉनिमेट्) dead, lifless, spiritless. निर्जीव, निरुत्साह; **Exanimation,** *n.* (-ऍशन्) death. मृत्यु

Exasperate, *v.t.* (एग्ज़ॅस्परेट्) to irritate (a person), to provoke, to aggravate (pain). क्रुद्ध करना, उत्तेजित करना, भड़काना; **Exasperating, Exasperative,** *adj.* (-टिङ्ग्, टिव्) irritating. उत्तेजक

Excarnate, *v.i.* (एंक्स्-कार्-नेट्) to deprive of flesh. मांस हटाना

Excavate, *v.t.* (एक्सकेवेट्) to hollow out, to remove soil by digging, to dig out. खोदना, पोला करना, खनना, उत्खनन; **Excavation,** *n.* (-ऍशन्) the act of excavating, a cutting. खुदाई, कटाव

Exceed, *v.t. & i.* (एक्सीड्) to be greater than, to go beyond what is necessary, to surpass or excel, to be pre-eminent. सीमा के बाहर जाना, अधिक होना, बढ़ना; **Exceeder,** *n.* (-अर्) one who exceeds. बढ़नेवाला, बढ़नेवाला; **Exceedingly,** *a.* (-लि) very, very greatly, in a great degree. अति, अत्यन्त

Excel, *v.t. & i. (p.t. -led)* (इक्सेल्) to go beyond, to surpass, to be superior, to be pre-eminent. विशिष्ट करना, बढ़ाना, श्रेष्ठ होना; **Excellence,** *n.* (-लेन्स) great, dignity. विशिष्टता, श्रेष्ठता, महत्त्व

Excellency, *n. (pl. Excellencies)* (एक्सलन्सि) a title of honour महाराज,

Excellent, *adj.* (एक्सलेन्ट्) very good, pre-eminent. श्रेष्ठ, उत्तम

Excelsior, *adj.* (इक्सेल्-सि-ऑर) still higher. उच्चता अथवा श्रेष्ठता प्राप्ति का प्रयत्न, और भी उत्तम या श्रेष्ठपद का

Except, *v.t. & i.* (ऍक्सेप्ट्) to exclude, to

make objection against. अलग करना, एतराज करना; *prep.* not including, but. सिवाय, अतिरिक्त, बिना

Exception, *n.* (एक्सेप्शन्) excepting, thing or case excepted, not according to rule, objection, slight anger or resentment. त्याग, अपवाद; *To take exception to* (to object to, to disagree with, to be angry at). अपवाद रूप में लेना, बुरा मानना, नाराज़गी जाहिर करना; *With the exception of* (except). के अलावा, को छोड़कर; **Exceptional,** *adj.* (एक्सेप्शनल्) forming an exception. अपवादभूत,

Excerpt, *v.t.* (एक्सर्प्ट्) to extract, to quote (a passage from a book). उद्धरण; *n.* a short interesting passage taken out of a book. उद्धृत करना

Excess, *n.* (एक्सेस्) the fact of exceeding, the amount by which a thing exceeds, intemperance, superfluity, unreasonable indulgence. अधिकता असंयम; **Excessive,** *adj.* (-इव्) vehement, overmuch, immoderate. अधिक, अत्यन्त

Exchange, *n.* (एक्सचेंज्) giving one thing and receiving another in its place, the mode of settling debts without use of money, barter, money changer's, the building where merchants assemble for trade. अदला-बदला, सर्राफ का व्यापार, मुद्रा का विनिमय, (मूल्य); *v.t. & i.* to give something and receive something else for it, to barter, to give in exchange, to interchange. बदलना, बदले में देना; *In exchange for* (in lieu of). बदल में

Exchangeable, *adj.* (एक्स्-चेञ्जेब्ल्) fit to be exchanged, that may be exchanged. बदलने योग्य; **Exchanger,** *n.* (-अर्) one who makes an exchange. बदलनेवाला

Exchequer, *n.* (एक्स्चेकर्) national treasury, the department of public service empowered for issuing receipts and to deposit revenue, money of private persons. राजकोष, वह विभाग जिसमें आयकर जमा होता है; *Chancellor of the Exchequer* (the Finance Minister). अर्थ-सचिव

Excide, *v.t.* (एक्साइड्) to separate by cutting off. काटकर पृथक करना

Excise, *n.* (एक्साइज़्) duty on commodities produced and consumed in a country, department of inland revenue. देश में बने तथा खर्च होनेवाले पदार्थों पर का कर, ऐसा कर-संबंधी या आबकारी विभाग; *v.t.* to force a person to pay excise, to cut off and remove. कर देने के लिए बाध्य करना, पृथक करना, अलगाना

Excision, *n.* (एक्सिज़न्) the act of cutting out or off, a part cut out. शरीर के किसी भाग का कटाव, नाश

Excitable, *adj.* (एँक्साइटेबल) capable of being excited, easily stirred up. उत्तेजित करने योग्य; **Excitation,** *n.* (-एशन्) the act of exciting, stimulation, rousing. उत्तेजना, उद्दीपन

Excitant, *adj.* (एक्साइट्-आँन्ट्) tending to stimulate. उत्तेजक; *n.* that which produces increased action in the body. शरीर में उत्तेजना लानेवाली औषधि

Excite, *v.t.* (एक्साइट्) to set in motion, to stir up, to provoke, to rouse, to stimulate. उत्तेजित करना, गतियुक्त बनाना, उभाड़ना; **Excitement,** *n.* (-मेन्ट्) agitation, stimulation, excited state of mind. प्रकोप, उत्तेजना

Exciter, *n.* (एक्साइट्-अर्) stimulant, one who or that which excites. उत्तेजित करनेवाला व्यक्ति या पदार्थ

Exciting, *adj.* (एक्साइट्-इङ्ग्) thrilling. प्रोत्साहक, उत्तेजक

Excitive, *adj.* (एक्साइट्-इव्) tending to excite. उत्तेजक

Exclaim, *v.i. & t* (एक्सक्लेम्) to cry out suddenly, to shout, to utter with vehemence. चिल्लाना, पुकारना

Exclamation, *n.* (एक्स्क्लेमेशन्) a loud utterance, calmour, a vehement outcry. आर्तनाद, चिल्लाहट, आश्चर्य प्रकट करना; mark of exclamation interjection mark (!). विस्मयादिबोधक चिह्न (!)

Exclamative, Exclamatory *adj.* (एक्स्-क्लामेटिव्, -अरि) expressing exclamation. विस्मय-सूचक

Exclude, *v.t.* (एक्स्क्लूड्) to shut out, to

hinder from entrance, to debar, to make impossible, to preclude. अवरोध करना, रोकना, अलग करना, अलगाना

Exclusion, *n.* (एक्स्क्लूज़न्) act of shutting out or rejecting. निषेध

Exclusive, *adj.* (एक्स्क्लूज़िव्) excluding, not inclusive, kept for a special class. निषेधक, निवारक; **Exclusively,** *a.* (-लि) with the exclusion of all others. केवल, अनन्य

Excogitate, *v.t.* (एक्स-कॉजिटेट्) to think out, to contrive carefully. चिन्तन करना, विचारना

Excommunicate, *v.t.* (एक्स्कम्यूनिकेट्) to cut off from a community, to put out of group, to take away the special rights of a member of the Christian Church. धर्म से बहिष्कृत करना, धर्म संस्था से बहिष्कार करना; **Excommunicative,** *adj.* (-एँटिव्) tending to excommunicate. बहिष्कार करने की प्रवृत्तिवाला

Excoriate, *v.t.* (एक्स्-कोरि-एंट्) to remove the skin or bark from. निस्त्वचा करना, खाल निकालना

Excorticate, *v.t.* (एक्स्-कॉर्-टिक्-एँट्) to strip the bark or rind from. वृक्ष की छाल को छीलकर अलगाना

Excrement, *n.* (एक्स्-क्रिमन्ट्) waste matter discharged from bowels, dung. मलोत्सर्ग, विष्ठा

Excrescence, *n.* (एक्स्क्रेसन्स्) an abnormal or morbid outgrowth on animal or vegetable body, a rumour, (fig.) an incumbrance. गुल्म, मस्सा, ग्रन्थि, अपवद्धि; **Excrescent,** *adj.* (-सेन्ट्) growing, abnormally, redundant. बढ़ा हुआ

Excreta, *n.* (एक्स्क्रीटा) waste thrown out from body. मल-मूत्र आदि पदार्थ

Excrete, *v.t.* (एक्स्क्रीट्) (of animals or plants) separate and expel from system. शरीर से मल निकालना; **Excretive, Excretory,** *adj.* (-टिव्, -अरि) able to excrete. मल त्यागने योग्य

Excruciate, *v.t.* (एक्स्क्रूशिएट्) to pain acutely, torture mentally. अत्यन्त कष्ट देना, सन्ताप देना; **Excruciation,** *n.* (-एँशन्) vexation, torture. व्यग्रता, यातना

Exculpate, *v.t.* (एक्सकल्पेट्) to clear from imputation, to remove from charge of crime to regard as innocent. निर्दोष घोषित करना, अपराध से विमुक्त करना, दोषामोचन; **Exculpated,** *adj.* (-एड्) cleared from blame. निर्दोष, दोषमुक्त; **Exculpatory,** *adj.* (-अरि) excusing. क्षमा करनेवाला, दोष-मोचक

Excurrent, *a.* (एक्सकरन्ट्) running out, (Bot.) projecting. बाहर दौड़ना, बाहर की ओर निकलना, धमनी का फैलना, पपीते का पेड़

Excursion, *n.* (एक्सकर्शन्) a short journey or trip taken for pleasure, an expedition, a ramble (fig.), a sally, deviation from regular path. साहसिक यात्रा, पर्यटन, स्वास्थ्य या मनोरंजन के लिए भ्रमण; *Excursionist.* साहसिक यात्रा करने वाला व्यक्ति; *Excursional.* यात्रा संबंधी

Excursive, *adj.* (एक्सकर्सिव्) digressive, rambling. भ्रमणशील

Excursus, *n. (pl. -uses)* (एक्सकर्सस्) detailed discussion of the special point in a book, esp in appendix. परिशिष्ट, प्रासंगिक प्रकरण, विषयान्तर

Excuse, *v.t.* (एक्स्क्यूज़्) to lessen blame, to forgive, to free from guilt, to grant exemption to, to make apology for. दोषमुक्त करना, क्षमा करना, अपराध के लिए कुछ माँगना; *n.* an apology, pretext, exculpation. क्षमाप्रार्थना, बहाना; **Excusable,** *adj.* (एँब्ल्) that may be excused. क्षमायोग्य; **Excuseless,** *adj.* (-लस्) having no excuse. अक्षन्तव्य, निरुत्तर

Exeat, *n.* (एक्सिएट्) (in schools etc.) leave of absence. छुट्टी

Execrable, *adj.* (एक्सिक्रेबल्) abominable, hateful. घृणित, घृणा के योग्य

Execrate, *v.t. & i.* (एक्सिक्रेट्) to express or feel abhorrence for, utter curses. घृणा करना, शाप देना; **Execration,** *n.* (-क्रेशन्) a curse. शाप

Executable, *adj.* (एँग्जिक्यूटेब्ल्) that may be executed or seized in default of payment. सम्पादनीय, कुर्क (कुर्की) करने योग्य

Executant, *n.* (एग्ज़िक्यूटन्ट्) a performe. सम्पादक, कोई कार्य करने वाला

Execute, *v.t.* (एक्सिक्यूट्) to carry out,

to perform, to make valid by signing, to put to death. सम्पादन करना, कार्य करना, पूरा करना, हस्ताक्षर करके प्रमाणित करना, फांसी देना; **Execution,** *n.* (एक्ज़िक्यूशन्) executing, skill in performing music, carrying out, capital punishment, destructive work, seizure of goods for debt. निर्वाह, सम्पादन, कुर्की, फांसी

Executive, *adj.* (एग्जीक्यूटिव्) concerned with execution esp. of laws and sentences. विधान के सम्पादन से संबंधित, शासन संबंधी, *n.* executive branch of government or of a society. सरकार का शासन विभाग **Executor,** *n. mas.* (एग्जिक्यूटर्) a person apppointed by testator to execute his will. मृतक के इच्छापत्र का उत्तरसाधक; **Executrix,** *n. fem.* (-रिक्स्) female executor. उत्तरसाधिका

Exegesis, *n.* (एक्सिजीसिस्) exposition, esp. of scripture. श्रुतिभाष्य (टीका)

Exemplar, *n.* (एग्जेम्प्लर्) a model, type. आदर्श, नमूना; **Exemplary,** *adj.* (-प्लरि) fit to be immitated, illustrative, serving as example. आदर्श, दृष्टान्त योग्य

Exemplification, *n.* (एग्ज़ेम्प्लिफिकेशन्) see Exemplify.

Exemplify, *v.t.* *(p.t. Exemplified)* (एग्ज़ेम्प्लिफाय्) to give or be an example of, to copy. उदाहरण देना

Exempt, *a.* (एग्जेम्प्ट्) free (from, not subject. विषय से मुक्त, स्वतंत्र; *v.t.* to make exempt, to free from control. नियंत्रण-मुक्त करना; **Exemption,** *n.* (-जेम्-शन्) being exempt, freedom, immunity. मोक्ष, छुटकारा

Exequies, *n. pl.* (एक्सिक्वीज़) funeral rites. अन्त्येष्टि क्रिया

Exercisable, *adj.* (एक्स्-अर्-साइज़्-एँ-ब्ल्) that may be exercised. अभ्यास करने योग्य, प्रयोग में लाने योग्य

Exercise, *n.* (एक्सर्साइज़) employment of faculties, putting in practice, use of limbs in walking, a lesson for practice. प्रयोग, व्यायाम, अनुशासन, नियोग, अभ्यास; *v.t. & i.* to use, to give exercise to, to employ, to take exercise, to perform the duties of, to perplex, to worry. प्रयोग करना, कर्त्तव्य करना, शिक्षा देना, कष्ट देना; *Bodily exercise* (exertion of body for health). शारीरिक व्यायाम; *Military exercise* (drill & c.). सैनिकों की कवायद

Exert, *v.t.* (एग्ज़र्ट्) to exercise, to do or perform, to bring to bear, to bring into operation, to put forth. प्रयत्न करना, उद्योग करना, सम्पादन करना; **Exertion,** *n.* (-जर्शन्) the act of exercising with effort. उद्योग, परिश्रम

Exeunt, *v.i. (sing. Exit)* (एक्सिअन्ट्) (stage direction) they leave the stage. पात्र रंगभूमि से जाते हैं; *Exeunt omnes* (all leave the stage. सब पात्र रङ्गभूमि से बाहर चले जाते हैं

Exfoliate, *v.i.* (एक्सफोलिएट्) to come off in scales or layers. छिलना

Exhalation, *n.* (एक्सहेलेशन्) evaporation; puff of breath, short burst (of anger etc.), mist, vapour. उच्छवसन, मुख द्वारा वायु निर्गमन.

Exhale, *v.t. & i.* (एक्स्हेल्) to give off or be given off in vapour, to breathe out. साँस निकलना, साँस निकालना

Exhaust, *v.t.* (एग्ज़ॉस्ट्) to draw off air, to consume, to use up, to tire out, to empty of contents. वायु निकाल लेना, खाली करना, थकाना; *n.* a passage for exit of used steam, the waste that comes out of an engine, process of exhausting vessel of air. यन्त्र (इञ्जन) से निकलता हुआ मलबा; **Exhaustion,** *n.* (-शन्) exhausting, total loss of strength. थकावट; **Exhaustive,** *adj.* (-इव्) tending to exhaust, comprehensive. थकानेवाला, परिपूर्ण; **Exhaustiveness,** *n.* (-इव्-नेस्) power of exhausting. थकाने की शक्ति

Exhibit, *v.t.* (एग्ज़िबिट्) to display, to hold to view, to present formally, to manifest, to show publicly. प्रकट करना, दिखलाना, स्पष्ट करना, प्रदर्शन करना; *n.* a thing exhibited. प्रदर्शित पदार्थ, अदालत में पेश किए हुए काग़ज़ात

Exhibiter, Exhibitor, *n.* (एँग्ज़िब्-इट्, -अर्) one who exhibits. प्रदर्शक, प्रकाशक

Exhibition, *n.* (एक्ज़िबिशन्) show,

display, any public show, fixed sum given to student for term of years. प्रदर्शनी, कौतुक, छात्रवृत्ति; *To make an exhibition of oneself* (behave so as to be laughed at). हास्यास्पद व्यवहार

Exhibitor, *n.* (एग्ज़िबिटर) one who exhibits प्रदर्शक, प्रकाशक

Exhilarate, *v.t.* (एग्ज़िलरेट्) to enliven, to make cheerful, to enliven, to make glad or joyous. प्रमुदित करना, प्रफुल्ल करना, प्रसन्न होना; **Exhilarating,** *adj.* (-इङ्ग्) gladdening. आनन्ददायक; **Exhilaration,** *n.* (एग्ज़िलरेशन्) cheerfulness. आनन्द

Exhort, *v.t.* (एग्ज़ॉर्ट्) to admonish earnestly, to urge to good deeds, to caution, advocate. सदुपदेश देना, सलाह देना, सावधान करना; **Exhortation,** *n.* (-एग्ज़ॉर्टेशन्) admonition, good advice, homily, counsel. उपदेश, प्रोत्साहन; **Exhorter,** *n.* (-अर्) one who exhorts another. प्रबोधक

Exhume, *v.t.* (एक्सह्यूम्) to disinter, dig out (lit & fig.). खोदकर भूमि से बाहर निकालना

Exigence,-cy, *n.* (एक्सि-जन्स्-न्सि) an urgent need, emergency. संकट समय, आवश्यकता **Exigent,** *adj.* (एक्सिजेन्ट्) urgent, exacting. अति आवश्यक

Exigible, *a.* (एक्सिजिबल्) that may be exacted. वसूल करने योग्य, आहरणीय, अभियाचनीय **Exiguous,** *a.* (एक्सिग्यूअस्) scanty, small. अल्प, छोटा

Exile, *n.* (एक्ज़ाइल्) penal banishment, long absence from one's country, a banished person. देश निकाला, निर्वासित व्यक्ति; *v.t.* to banish, to expel from ones, to drive from one's country. देश से निकालना, बहिष्कार करना

Exility, *n.* (एग्ज़िल्-इल्-इट्-इ) thinness, slenderness. पतलापन, क्षीणता, दुर्बलता

Exist, *v.t.* (एग्ज़िस्ट्) to be, to have being, to live, to have a reality, to endure, to sustain life. अस्तित्व होना, जीवित रहना, जीना, स्थाई होना; **Existence,** *n.* (-एन्स्) fact or mode of living, continued being, all exists. सत्ता, जीवन, स्थिति, अस्तित्व

Exit, *n. (pl. Exeunt)* (एग्ज़िट्) going out, way out, departure of a player from the stage, death. निर्गम, रंगमंच से पात्र का निष्क्रमण, बाहर जाने का रास्ता, मृत्यु

Exlibris, *n.* (एक्सलिब्रिस्) a book-plate. पुस्तक पर नाग का चिह्न

Exodus *n.* (एक्सोडस्) a going out or departure. निष्क्रमण, विदाई, प्रस्थान,

Ex-officio, *adj. & a.* (एक्स-अफिशिओ) in virtue of one's office. पदाधिकारेण

Exogamy, *n.* (एग्सॉगमि) custom compelling a man to marry outside his tribe. जाति (बिरादरी) के बाहर विवाह-संबंध

Exogenous, *a.* (एक्सॉजिनस्) (Bot.) growing outside. बाहर की ओर फैलाव

Exonerate, *v.t.* (एग्सोनरेट्) to free from blame, to acquit, to exculpate, release (from duty). पाप इत्यादि से मुक्त करना छोड़ना, बरी होना, निर्दोष साबित होना, पाप से मुक्ति

Exorable, *adj.* (एक्सरे-ब्ल्) capable of being moved by prayers. प्रार्थना से प्रभावित होनेवाला या प्रभावशील

Exorbitance, Exorbitancy *n.* (एग्ज़ॉर्बिटन्ट्, -ऑन्सि) extravagance, excess. आधिक्य

Exorbitant, *adj.* (एग्ज़ॉर्बिटन्ट्) grossly excessive, beyond limit, enormous, extravagant. अपरिमित, अत्याधिक

Exorcism, *n.* (एक्सॉर्सिज्म्) expelling of evil spirits. भूत-प्रेत का अपसरण

Exorcist, *n.* (एक्सॉर्सिस्ट्) one who drives away evil spirits. ओझा **Exorcize,** *v.t.* (एक्सॉर्साइज़्) to expel (evil spirit) by invocation. झाड़-फूँककर प्रेत हटाना

Exordium, *n.* (एक्सॉर्डिअम्) an introductory part of a discourse or treatise. प्रस्तावना, भूमिका, मुखबन्ध

Exoteric, *adj.* (एक्सॅटेरिक्) intelligible to outsiders, common place, (of disciples) not admitted to esoteric teaching, ordinary, popular. साधारण, सामान्य, बाहरी, बाह्य, लोक प्रचलित

Exotic, *adj. & n.* (एग्ज़ॉटिक्) introduced from abroad, extraneous. विदेशी वस्तु, परदेश से लाई हुई

Expand, *v.t. & i.* (एक्सपेन्ड्) to spread

out, to develop into, to enlarge, to increase, swell in bulk, become genial. बढ़ाना, उन्नति करना, विस्तृत करना

Expanse, *n.* (एक्स्पैन्स्) wide area, expansion. विस्तार, फैलाव, फैलने योग्य

Expansile, *a.* (एक्स्पैन्साइल्-सिल्) (capable) of expansion. फैलाव के योग्य

Expansion, *n.* (एक्स्पैन्शन्) the act of expanding, space, extension of transactions, increase in bulk of steam in the cylinder of an engine. वृद्धि, विस्तार

Expansive, *adj.* (इक्स्पैन्सिव्) able ,or tending to expand, widely, extensive, genial, comprehensive. विस्तृत, व्यापक; **Expansiveness,** *n.* (-नेस्) expansion. विस्तार, फैलाव

Exparte, *a.* (एक्सपार्टि) on or in the interest of one side only, (*a exp.*) made thus. एक ही पक्ष के हित में, एक तरफ़ा

Expatiate, *v.i.* (इक्स्पेशिएट्) to wander, to move at large, in enlarge in writing, to speak or write copiously, विस्तार पूर्वक, लिखना

Expatriate, *v.i.* (इक्स्पॅट्रिएट्) to banish, emigrate, renounce citizenship. घर से बाहर निकाल देना, देश निकाला

Expect, *v.t.* (एक्स्पेक्ट्) to reckon on, to anticipate, to wait, to hope, to look for, to suppose, to think. प्रतीक्षा करना, आशा करना; **Expectant,** *adj.* (-ऑन्ट्) expecting (of), looking for, (Med.) characterized by waiting for events, (Law) reversionary. प्रतीक्षा करने वाला, आकांक्षा; **Expectation,** *n.* (-एँशन्) anticipation, what one expects, promise, probability. आकांक्षा, भविष्य में भलाई की आशा

Expectorate, *v.t.* (एँक्स्पेक्टोरेट्) to eject phlegm from the chest. खखारना, कफ निकालना, थूकना; **Expectorant,** *adj. & n.* (ऑन्ट्) medicine which promotes expectoration. कफ़ निकालने वाली औषधि; **Expectorative,** *adj.* (-इव्) expectorant. कफ़ निकालनेवाला

Expedience, -cy, *n.* (एक्स्पीडिएँन्स्, -सि) fitness, suitableness. योग्यता, उपयोग

Expedient, *adj.* (एक्स्पीडिअन्ट्) suitable, advantageous, fit, advisable, more politic than just. योग्य, हितकर, उचित, लाभकर; *n.* contrivance, device. युक्ति, उपाय

Expedite, *v.t.* (एक्सपी-डाइट्) to help on or facilitate the progress of, to dispatch, to hasten, to free from obstacles, to quicken, to accelerate. विघ्न हटाना, शीघ्र भेजना

Expedition, *n.* (एक्सपीडिशन्) promptness, dispatch, haste, speed, (men, fleet, sent on) journey or voyage for some definite purpose. शीघ्रता, शीघ्र यात्रा, प्रस्थान, साहसिक यात्रा; **Expeditionist,** *n.* (-इस्ट्) one who makes an expedition. साहसिक यात्रा करनेवाला व्यक्ति

Expeditious, *adj.* (एक्सपिडिशस्) done or doing speadily, prompt, suited for speedy performance शीघ्रकृत, सत्वर, तत्वर

Expel, *v.t. (p.t. -led)* (एक्स्पेल्) to throw out, to eject, to banish, to drive out, to force to leave. बाहर निकाल देना, बाहर करना, फेंकना; **Expellent,** *adj.* (-लेन्ट्) able to expel. बाहर करने योग्य, निष्कासित

Expend *v.t.* (एक्स्पेन्ड्) to spend, to use up, to consume, wind spare rope round spar. व्यय करना, समाप्त करना; **Expenditure,** *n.* (-चर्) act of expending, amount expended, disbursement. व्यय, खर्च

Expense, *n.* (एक्सपेन्स्) cost, outlay, charge, *(pl.)* व्यय, मूल्य, खर्चा, लाभ; a laugh at his expense. खिल्ली उड़ना, हँसी उड़ाना

Expensive, *adj.* (एक्स्पेन्सिव्) costly, valuable, lavish in expending, extravagant. बहुमूल्य, बड़ी लागत का, अधिक खर्चीला; **Expensiveness,** *n.* (-इव्नेस्) quality of being expensive. महार्घता, खर्चीलापन

Experience, *n.* (इक्स्पीरिअन्स्) knowledge based on personal observation or contact, incident that affects one. अनुभव, परीक्षाज्ञान, बहुदर्शिता; *v.t.* to find by experience, to feel, to learn, to suffer, to undergo. अनुभव करना, ज्ञान प्राप्त करना; **Experienced,** *adj.* (-ड्) having got

much experience, knowing. अनुभवी, बहुदृष्ट

Experiment, *n.* (एक्स्पेरिमेन्ट्) procedure tried on the chance of success or as a test. प्रयोग, परीक्षा (अनुभव); *v.i.* to make an experiment on with. परीक्षा करना, अनुभव करना; **Experimental,** *adj.* (-मेन्ट-अल्) done by way of experiment. अनुभव प्राप्त; **Experimentally,** *a.* (-अल्लि) in an experimental manner. परीक्षण रूप में

Expert, *adj.* (एक्सपर्ट्) practised, skilful. दक्ष, निपुण, चतुर, किसी विषय का विशेष ज्ञान रखने वाला; *n.* a person expert in a subject. विषय विशेष का ज्ञान रखने वाला; **Expertly,** *adj.* (-लि) in an expert manner. कुशलता सहित

Expiate, *v.t.* (एक्सपिएट्) to pay the penalty of, to make amends for (sin) प्रायश्चित से पवित्र करना, पापों से निवृत्त करना; **Expiable,** *adj.* (-एँब्ल्) able to be expiated. इस प्रकार से पवित्र करने योग्य; **Expiatory,** *adj.* (-अरि) having power to atone for sins. पाप नाशक

Expire, *v.i. & t.* (इक्स्पायर्) to breathe out of lungs, to die, (of fire) to die out, (of period) to come to an end, (of law etc.) become void, or extinct. श्वास निकालना, बाहर फेंकना, मरना, समाप्त होना; **Expiry,** *n.* (-रि) termination, end. अन्त

Expiscate, *v.t.* (एक्सपिस्केट्) to find out by skilful means. दक्ष साधनों से प्राप्त करना, अन्वेषण करना, अनुसंधान करना

Explain, *v.t.* (एक्सप्लेन्) to make known, to make intelligible to clear the meaning, to account for (conduct etc.) व्याख्या करना, अर्थ स्पष्ट करना, समझाना; *To explain away* (to explain so as to show that there is nothing in it). अपनी भाषा परिमार्जित कर अच्छी तरह समझना, इस प्रकार व्याख्या करना मानों कुछ सार ही न हो; *To explain oneself.* अपनी स्थिति स्पष्ट करना

Explainer, *n.* (एँक्सप्लेनर्) one who makes an explanation. व्याख्या करनेवाला

Explanation, *n.* (एक्सप्लेनेशन्) statement or circumstance that explains. व्याख्या, भाष्य, टीका

Explanatory, *adj.* (एक्सप्लेनेटरि) serving to explain, containing explanations. व्याख्यात्मक, स्पष्टीकरण

Expletive, *adj. & n.* (एक्सप्लीटिव्) serving to fill up, a filling word, oath. पूरक, पूर्ण करने वाला शब्द, शपथ

Explicable, *adj.* (एक्सप्लिकेबल्) admitting explanation, explainable. व्याख्या के योग्य

Explicate, *v.t.* (एक्सप्लिकेट्) to develop (idea, principle, etc.), to unfold, to explain. व्याख्या करना, स्पष्ट करना

Explicit, *adj.* (एक्सप्लिसिट्) expressly stated, (of persons) outspoken, plain in language, clear, definite. स्पष्ट, व्यक्त, स्फुट; **Explicitness,** *n.* (-नेस्) the quality of being explicit, clearness of expression. स्पष्टता

Explode, *v.i. & t.* (एक्सप्लोड्) to discredit, to go off with loud noise, to cause to blow up, to burst with a report and sudden violence. निन्दा करना, धड़ाके से फटना

Exploit, *n.* (एक्सप्लॉइट्) a brilliant feat, a heroic act, a deed of renown. पराक्रम, अद्भुत कार्य; *v.t.* to work (a mine etc.), to make gain at cost of others, to utilize for one's own ends. व्यवहार में लाना,शोषण करना

Exploration, *n.* (एक्सप्लोर्-एँ-शन्) a thorough research. अन्वेषण, जिज्ञासा

Explore, *v.t.* (एक्सप्लोर्) to examine (country) by going through, to inquie into, examine (wound) by touch. अन्वेषण करना, अनुसन्धान करना, खोजना, ढूँढ़ना

Explosion, *n.* (एक्स्प्लोज़न्) going off with loud noise, a violent outburst, outbreak (of anger). विस्फोट, धड़ाका

Explosive, *adj.* (एक्सप्लोसिव्) tending to explode, readily exploding. शीघ्रदाह, विस्फोटक, शीघ्र उड़ने वाला; *n.* an explosive agent or material. विस्फोटक सामग्री; **Explosiveness,** *n.* (-नेस्) having the quality to explode. विदारणशीलता, विस्फोटकता

Exponent, *a. & n.* (एक्स्पोनेन्ट्) (a person, thing) that explains, executant (of

music etc.), a type. representative, an index in algebra. व्याख्या करने वाला, अर्थ प्रदर्शक, बीजगणित का अंक

Export, *v.t.* (एक्सपोर्ट्) to send goods to another country. परदेश में माल ले जाना तथा भेजना; *n.* an exported article, (*usu. pl.*) the amount exported. बाहर भेजा हुआ माल; **Exportation,** *n.* (-ऍशन्) the act of exporting. विदेश में माल भेजने की क्रिया, निर्यात

Exporter, *n.* (एक्सपोर्टर्) one who exports. परदेश में माल भेजनेवाला

Expose, *v.t.* (एक्स्पोज़्) to lay upon, to leave unprotected, to deprive of cover, to explain, to subject a photographic plate to light, exhibit for sale, disclose (secret), unmask (villain). वस्त्रहीन करना, खोलना, उघाड़ना, व्याख्या करना, आपत्ति में डालना, फोटो के प्लेट पर प्रकाश डालना

Expose, *n.* (एक्स्पोज) statement of facts, showing up (of a discreditable thing). वास्तविकता दिखाना

Exposition, *n.* (एक्सपोज़िशन्) description, explanation, commentary, exhibition, of goods, exposure. विवरण, स्पष्टीकरण, व्याख्या

Expositor, *n.* (एक्सपॉज़िटर्) a person, thing that expounds. अर्थ प्रकाशक

Expostfacto, *a.* (एक्सपोस्टफ़ॅक्टो) (*-law*) retrospective. अनुदर्शी, पूर्ववर्ती

Expostulate, *v.i.* (एक्स्पॉस्टुलेट्) to make (*esp.* friendly) remonstrance, to discusse. भर्त्सना करना, झिड़कना, तर्क करना

Exposure, *n.* (एक्स्पोज़र्) being exposed, act of exposing, abandoning, display, unmasking, openness to danger. प्रदर्शन, उद्घाटन, अनावरण, विपदग्रस्तता, प्रकाश में लाना

Expound *v.t.* (एक्स्पाउन्ड्) to set forth in detail, to explain. व्याख्या करना, समझाना

Express, *v.t.* (एक्सप्रेस्) to represent in words, to make known, squeeze out, omit; to outer, to state one's opininon, send by express. व्यक्त करना, निचोड़ना, व्यक्त करना, लिखना, मत प्रकट करना, द्रुत, गति; *adj.* definitely stated, explicit, exact, clear, meant for special purpose. ठीक, स्पष्ट, निश्चित; *n.* express train, messenger, an express rifle. गति से गोलियां दागने वाली बन्दूक, द्रुतगामी रेलगाड़ी; *a.* with speed, directly. तेजी के साथ, एक्सप्रेस

Expression, *n.* (एक्स्प्रेशन्) expressing, word, the act of representing, phrase, tone, style. अभिव्यंजना, शाब्दिक, वाक्यांश, चेहरे के भाव, स्वर, शैली; collection of symbols expressing a quantity चिह्न संग्रह; *Mode of expressing character.* चरित्र-चित्रण. की शैली; *Execution that expresses the feeling.* कार्य जिससे भाव प्रकट हो, वर्णन, कथन, आकृति, वाक्यशैली, अभिव्यक्ति; *Beyond expression* (not describable). अकथनीय

Expressive, *adj.* (एक्स्प्रेसिव्) serving to express, significant. भावसूचक, दर्शक, अर्थपूर्ण; **Experssiveness,** *n.* (-इव्-नेस्) the quality of being expressive. स्पष्टता; **Expressly,** *a.* (-लि) in an expressive manner. स्पष्ट रूप से

Expropriate, *v.t.* (एक्स्प्रोप्रिएट्) to dispossess, to take away. छीन लेना, झपट लेना

Exprobration, *n.* (ऍक्स्प्रो-ब्रेशन्) reproachful language. गाली के वाक्य

Expulsion, *n.* (एक्स्पल्शन्) expelling, driving away by violence. बहिष्कार, निर्वासन, निष्कासन, मारकर भगाना

Expunction, *n.* (ऍक्स्पङ्क्-शन्) the act of expunging, erasure. विलोपन, मिचाव

Expunge, *v.t.* (एक्सपन्ज्) to remove, to wipe out, to omit. मिटाना, पोंछना,

Expurgate, *v.t.* (एक्सपर्गेट्) to purge, to purify, to remove objectionable matter (from book etc.). परिष्कार करना, मल हटाकर शुद्ध करना; **Expurgation,** *n.* (-गे-शन्) act of expurgating. पवित्रीकरण; **Expurgator,** *n.* (-गेटर) one who expurgates. पवित्र करनेवाला

Exquisite, *adj.* (एक्स्-क्विज़िट्) of extreme beauty or delicacy, acute, fastidious, keen. अत्युत्तम, विशिष्ट, उत्कृष्ट, सुन्दर, कोमल; *n.* a fop, a coxcomb. छैला, हेंकड़; **Exquisitely,** *a.* (-लि) in an exquisite manner. सुन्दरता या उत्तमता से

Exsanguine, *adj.* (एक्ससँङ्ग्विन्) lacking of blood. रक्तहीन

Exscind, *v.t.* (एक्सिन्द्) to cut off, excise. काट डालना या काटकर अलग करना, विच्छेदन

Exsect, *v.t.* (एक्सेक्ट्) to cut out, to cut away. काट डालना, विच्छेदित करना

Exsert, *v.t.* (एक्सर्ट्) to put forth. बाहर निकालना, निष्कासित करना

Extant, *adj.* (एक्स्-टॉन्ट्) existing. विद्यमान, वर्तमान

Ex-service, *a.* (एक्स-सर्विस्) that has been formerly in fighting services. सेवानिवृत्त (सैनिक)

Exsiccate, *v.t.* (एक्सिकेट्) to dry up, drain, dry. सुखाना, शुष्क करना

Extemporaneous, *adj.* (एक्स्टेम्परेनिअस्) hastily done. तत्क्षण कृत, तुरन्त किया हुआ

Extemporay, *adj.* (एक्स्-टेम्पर-रि) done extempore. सहसा किया हुआ

Extent, *a.* (एक्स्टन्ट्, इक्स्टॅन्ट्) still existing in being. विद्यमान, वर्तमान

Extempore, *adj & a.* (इक्स्टेम्पोर्) without preparation, suddenly, off-hand. पूर्वकल्पना, बिना, स्वयंस्फूर्त, आयु, एकाएक; **Extemporize,** *v.t. & i.* (-पराइज़्) to compose, or produce, or speak extempore. आशु लेखन, आशु भाषण, तत्काल लिखना, या बोलना

Extend, *v.t. & i.* (एक्स्टेन्ड्) to stretch out, to reach, to prolong, to expand, to enlarge, accord to, tax the powers of, (Law) value (land), seize (land) for debt. विस्तृत करना

Extensile, *n.* (एक्स्टेन्साइल्-न्सिल्) that can be enlarged or stretched out, to spread out. फैलाने योग्य, विस्तार योग्य

Extension, *n.* (एक्स्टेन्शन्) extending, enlargement, additional part. विस्तार, वृद्धि, व्याप्ति, विपुलता, (Physics) भौतिकी, (Commerce) वाणिज्य

Extensive, *adj.* (एक्स्टेन्सिव्) large, of great extent comprehensive, farreaching, wide. विस्तृत, चौड़ा, बड़ा, दूरगामी, विस्तार से; **Extensiveness,** *n.* (-सिव्-नेस्) the quality of being extensive. फैलाव, विस्तार

Extensor, n. (एक्स्टेन्सर्) (*Muscle*), a muscle that straightens a joint. शरीर के किसी अंग को फैलानेवाली पेशी

Extent, *n.* (एक्सटेन्ट्) space covered, scope, large space or tract, size. विस्तार, पहुँच, प्रसार, अवसर; *To a great extent* (much, greatly). अति बहुत; *To some extent* (somewhat). कुछ, थोड़ा; *To such extent* (somuch). इतना

Extenuate, *v.t.* (एक्स्टेन्युएट्) to lessen, to mitigate. अल्प करना, शक्ति कम करना, लघुकरण, घटाव

Exterior, *adj.* (एक्स्टीरिअर्) external, not interior, outer, outward. बाह्य, बाहरी; *n.* outwards aspect. बाहरी भाग

Exterminate, *v.t.* (एक्स्टर्मिनेट्) to root out, to destroy utterly, to extripate. नष्ट करना, जड़ से उखाड़ देना (सर्वनाश करना); **Exterminator,** *n.* (-एॅटर) one who exterminates. नाश करनेवाला

External, *adj.* (एक्स्टर्नल्) outside, exterior, situated outward, accidental. बहि:स्थित, बाहरी, अचानक; *n: pl.* non-essentials, outward features. अनावश्यक बाहरी चेहरा, मोहरा, नाक-नक्श; **Externalize,** *v.t.* (-आइज़्) to give, to show outward aspect, to attribute, external existence to. बाहरी आकृति दिखाना; **Externals,** *n.* (-अल्ज़्) the outward parts. बाहरी भाग

Extersion, *n.* (एॅक्स्टर्-शन्) act of rubbing. पोछने या रगड़ने का कार्य

Exterritorial, *a.* (एक्स्टेरिटॉरिअल्) of ambassadors free from the jurisdiction of the territory one resides in. राजदूत, राजनयिक, स्थानीय अधिकार क्षेत्र के कानून से मुक्त

Extinct, *adj.* (एक्सटिंक्ट्) no longer burning, obsolete, quenched, that has died out. अप्रचलित, बुझा हुआ, मृत; **Extinction,** *n.* (-टिंक्शन्) becoming extinct, suppression, wiping out (of debt), destruction. बुझाना, नाश, अन्त

Extinguish, *v.t.* (एक्स्टिन्ग्विश्) to put out, to quench, to obscure, eclipse, to suppress, to wipe out (debt). बुझाना, दबाना, नष्ट करना, पोंछना, बुझाने वाला; **Extinguisher,** *n.* (-अर्) one who extinguishes. बुझानेवाला

Extirpate, *v.t.* (एक्स्टर्पेट्) to root out, to destroy utterly, to eradicate. जड़ से उखाड़ना, नाश करना, नाश

Extol, *v.t. (p.t. -led)* (एक्स्टॉल्) to praise enthusiastically, to magnify, to laud, to commend. प्रशंसा करना

Extort, *v.t.* (एक्सटॉर्ट्) to get by force, to obtain by violence, to exact by compulsion *(from)*. बलपूर्वक लेना, छीनना; **Extortion,** *n.* (-टॉर्शन्) extorting (esp. of money), illegal exaction. लूट, बलात्कार, जबरन वसूली, जबरन वसूल करने वाला, जबरदस्ती

Extra, *adj.* (एक्स्ट्रा) beyond what is due, additional, larger, better, of superior quality. अधिक, भिन्न, अतिरिक्त; *a.* more than usually, additionally. अलग से, ऊपर से; *n.* an extra thing, thing charged extra, (Crick.) a run not scored off bat. अलग से लिया पैसा, क्रिकेट में बिना बैट हिलाए मिला हुआ रन; in *comb.* situated on the outside of a thing. 'उपसर्ग' की तरह प्रयुक्त होने पर इसका अर्थ "किसी पदार्थ के बाहर" होता है; *Extra cosmical* (outside the universe). विश्वमण्डल के बाहर; *Extra official* (not within official limits). अतिरिक्ति अधिकारवाला

Extract, *v.t.* (एक्स्ट्रैक्ट्) to take by force, draw forth, to copy out, to distil, to quote, deduce, derive (principle, pleasure *from*), (Math.) find (root of a number). खींचना, हठपूर्वक लेना, अर्क खींचना, सार निकालना; *n.* (ट्राक्शन) essence, concentrated. इत्र, एकाग्र; **Extraction,** *n.* (-ट्रॉक्शन्) extracting, descent, lineage, origin, birth. निस्सारण, वंश, कुल; **Extractor** *n.* (-टर्) he who or that which extracts. खींचने या निकालने वाला

Extradite, *v.t.* (एक्सट्रेडाइट्) to give up fugitive foreign criminal. विदेशी भगोड़े को निष्कासित करना, प्रत्यावर्तन

Extrajudicial, *a.* (एक्स्ट्राजूडिशल्) not made in court, not legally authorized. अनधिकृत रूप से, न्यायिक रूप से नहीं, गैर कानूनी

Extramundane, *a.* (एक्सट्रामन्डेन्) outside the world. लोकोत्तर

Extramural, *a.* (एक्सट्राम्यूरल्) outside the walls of a town etc. बाह्य या बाहरी

Extraneous, *adj.* (इक्स्ट्रेनिअस्) foreign, of external origin, not naturally belonging. विदेशी, असम्बद्ध, भिन्न

Extra-official, *a.* (इक्स्ट्राआफिशल्) not pertaining to an office. कार्यालय से बाहरा

Extraordinarily, *a.* (एक्सट्राऑर्डिनरिलि) in a manner beyond ordinary. अपूर्वता से, विचित्रता से

Extraordinary, *adj.* (एक्स्ट्रॉऑर्डिनरि) out of usual course, specially employed, wonderful, exceptional, remarkable, surprising. असाधारण, असामान्य, अदभुत, विलक्षण

Extravagance, *n.* (एक्स्ट्रैवगन्स्) excess, extravagant expenditure, irregularity, want of restraint. अपव्यय, अतिशय

Extravagant, *adj.* (इक्स्ट्रैवेगन्ट्) wild, absurd, immoderate, (of price etc.) exhorbitant, excessive, profuse, wasteful. अमितव्ययी, लुटाऊ, मुक्तहस्त, अतिव्यय से; **Extravagantness** *n.* (-नेस्) extravagance. अमितव्यय, अमिताचार

Extravaganza, *n.* (इक्स्ट्रैवेगॅन्जा) language, fantastic composition (literary, musical or dramatical), behaviour. बेतुकी बात या आचरण

Extravasate, *v.t. & i.* (एक्स्ट्रावेसेट्) to force out (fluid etc.) from its vessel, flow out. तरल पदार्थ को बोतल या बर्तन से बाहर उड़ेलना, निकालना, उड़ेलना

Extreme, *adj.* (एक्स्ट्रीम्) outermost, situated at the end, farthest from the centre, severe, stringent, remote, excessive, last, going to great lenghts. सबसे बाहरी, सबसे दूर का, अन्तिम, अति अत्यावश्यक; *n.* thing at either end, extreme degree or measures, (Logic) either of the extreme terms of a syllogism, (Math.) first, last, term of a series or ratio. अत्यन्त, बहुत; **Extremely** *a.* (-लि) in the utmost degree. अत्यन्त, बहुत

Extremism, *n.* (एॅक्सट्रीमि-ज्म्) revolution. विप्लव; **Extremist,** *n.* (-मिस्ट्) an advocate of extreme measure, revolutionist. विप्लववादी, विप्लव

Extremity, *n.* (इक्स्ट्रेमिटि) extreme point, end, extreme distress, the utmost limit, the end, (*pl.*) extreme measures. छोर, परम अवधि, सीमा

Extricable, *adj.* (एक्सट्रिके) that may be disentangled. विमुक्त करने योग्य

Extricate, *v.t.* (एक्स्ट्र-केट्) to release, to disentangle, to send out, to free from difficulties. विमुक्त करना, विस्तार करना, निकालना, भेजना; **Extrication,** *n.* (-एशन्) act of extricating. निस्तार, मुक्ति

Extrinsic, *adj.* (एक्स्ट्रिन्सिक्) not inherent or intrinsic, laying outside, extraneous, external, outward. बाह्य, बाहरी, अनावश्यक

Extrorse, *a.* (एक्स्ट्रॉर्स्) (Bot.) facing outwards बाह्यमुखी

Extrovert, *n.* (एक्स्ट्रोवर्ट्) (Psychol.) a person not given to introspection. बहिर्मुखी, केवल बाहर की ओर देखने वाला

Extrue, *v.t.* (एक्स्ट्रु) to expel, to thrust out (from). ढकेलकर, बाहर निकालना

Exuberance, *n.* (एंक्सयू-बर्-आन्स्) overgrowth. प्रचुरता, आधिक्य

Exuberant, *adj.* (एग्ज़ूबरन्ट्) luxuriant, prolific, effusive, copious, overflowing. समृद्ध, परिपूर्ण, हरा-भरा

Exuberate, *v.i.* (एग्ज़ूबरेट्) to abound, indulge in. प्रचुर होना, बढ़ना

Exudation, *n.* (एक्स्युडेशन्) the act of exuding. स्वेदस्राव, उद्गमन

Exude, *v.i. & t.* (एक्स्यूड्) to ooze out as sweat, to give off (moisture). पसीने की तरह रसकर बहना

Exult, *v.t.* (एग्ज़ल्ट्) to rejoice with triumph, (*at, in, over*), to rejoice exceedingly, to be glad above measure. अत्यन्त आनन्दित होना, अति प्रसन्न होना; **Exultant,** *adj.* (-आन्ट्) triumphantly rejoicing. प्रमुदित, परम प्रसन्न; **Exultingly,** *a.* (-इङ्ग्-लि) in an exulting manner. आनन्द सहित

Exuviae, *n. pl.* (एग्ज़ूविए) animal's cast skin shell. केंचुल, पशु के शरीर की झरने वाली झिल्ली.; **Exuviate,** *v.i.* (-एँट्) to shed slough. केंचुली निकालना या फेंकना

Eyas, *n.* (आयस्) a young hawk not yet completely trained. बाज का अशिक्षित बच्चा

Eye, *n.* (आय्) organ of sight, an iris of this, an eye-like thing, power of seeing, presence, a small hole, sprout of a plant, observation, perception. चक्षु, दृष्टि की क्षमता, छोटा छिद्र, नेत्र के सदृश, पदार्थ, अँखुआ; *v.t.* to observe keenly, to look on, to watch closely or suspiciously. देखना, निरीक्षण करना; *Eye of day* (the sun). सूर्य; *Eyeball* (the apple of the eye). आँख की पुतली; *Evileye.* पापदृष्टि; *Mind your eye* (take care). नजर रखना; *Eyebeam* (glance of eye). दृष्टिपात; *Eye for eye* (retaliation). आँख के लिए आँख का बदला लेना; *Eyeglass* (glass for assisting sight). उपनेत्र, चश्मा; *Eyelash* (the line of hair on the edge of the eyelid). बरौनी; *Eye of day* (the sun). सूर्य; *Up to the eye.* गहरी नजर से देखना; *Eye of needle* (hole of the needle). सूई का छेद; *Eye pupil.* आँखें का तारा; *Eye-reach* (glance of eye). आँख की दृष्टि तारा; *To lose an eye.* आँख जाना; *To see with half an eye* (at a glance). सरसरी तौर पर देखना; *To have an eye to* (have as one's object). किसी चीज़ को हथियाने की दृष्टि; *With an eye to.* उद्देश्य की दृष्टि से; *To keep an eye on.* नजर रखना; *Have an eye for* (a due sense for). समझ की दृष्टि; *Eye shot* (range of vision). नङ्गी आँख से देख पड़ने तक की दूरी; *To see eye to eye with* (agree entirely with). किसी बात पर पूर्ण सहमत होना; *Eye-tooth* (canine tooth). नुकीला दाँत; *Eye-wash* (lotion for eyes). आँख धोने की औषधि; *To keep eye on* (to watch). सतर्क होकर देखना; *Eye-bright* (plant formerly used to cure weak eyes). नेत्र रोग की औषधि; *Eye sore (an ugly object* (thing that offends the sight). आँखों को अच्छी न लगने वाली चीज; *Eye strings* (muscles, nerves, tendons of eye). आँखों की नसें, पेशियाँ आदि

Eyelet, *n.* (आइ-लिट्) a small hole in cloth, sail, etc. for lace, ring etc., a loop hole, a small eye. वस्त्र इत्यादि से लगाने की धातु की छुच्छी

Eyot, *n.* (इयॅट) a small isle in river or island. छोटा टापू

Eyre, *n.* (एंअर्) a circuit, a journey, circuit court. यात्रा, दौरे की अदालत

Eyrie, *n.* (आयरि) aerie, the nest of a bird of prey. शिकारी चिड़िया का घोंसला

F

F, (एफ्) the sixth letter of the English and Latin alphabet, (Mus, also *fa*) fourth note of diatonic scale of C major. अंगरेजी या रोम की वर्णमाला का छठा अक्षर, गायन में चौथा सुर; F sharp, (joc.) शुद्रजीव; F, fine (in pencils), fahrenheit. महीन, ऊंची पेंसिल, उष्णता, ताप

Fa, *n.* (फा) fourth note of an octave. सप्तक का चतुर्थ स्वर (अर्थात् मध्यम)

Fabaceous, *adj.* (फ-बे-शस्) like a bean. सेम की तरह की

Fabian, *adj.* (फेबिअन्) policy, awaiting, opportunity, cautiously persistent. दीर्घसूत्री, टालमटूल की आदतवाला, अवसर की प्रतीक्षा करने वाला

Fable, *n.* (फ़ेबल्) a story (esp. supernatural one) not based on fact, a lie, a plot of play, a short moral tale. कल्पित कथा, कहानी (झूठी कथा); *v.i. & t.* to tell fictitious tales, to tell falsehoods. झूठी बात कहना, झूठ बोलना, बहाना करना; **Fabled,** *adj.* (-ड्) celebrated in fables. कथा में वर्णन किया हुआ, झूठा; **Fabler,** *n.* (-ब्लर) writer of fables. कथा-लेखक, कहानी लिखनेवाला

Fabric, *n.* (फ़ैब्रिक्) a thing put together, building, an edifice, woven material, texture, cloth. रचना, भवन, गृह, निर्माण, बुना हुआ वस्त्र, कपड़ा

Fabricate, *v.t.* (फ़ैब्रि-केट्) to invent, to construction, to manufacture, to devise falsely. निर्माण करना, बनाना, जाल, रचना; **Fabrication,** *n.* (-एंशन्) construction, manufacture, falsehood, forgery. गठन, रचना, झूठी बात, जालसाजी; **Fabricator,** *n.* (-एंटर्) an inventor of false stories. झूठी कहानी गढ़नेवाला

Fabulist, *n.* (फ़ैब्यूलिस्ट्) a composer of fables, a liar. कहानी लिखने वाला, मिथ्यावादी मनुष्य

Fabulous, *n.* (फ़ैब्युलस्) famed in fable, incredible, hardly to be believed. अविश्वसनीय, कल्पना के रूप में; *adj.* fictitious, false. कृत्रिम, काल्पनिक, झूठा; **Fabulously,** *a.* (-लि) in a fabulous manner, fictitiously. कल्पना के रूप में; **Fabulousness,** *n.* (-नेस्) the quality of being fabulous, fictitious nature. मिथ्या कल्पना, झूठापन

Facade, *n.* (फसाड्) face of building towards street or open space. महल का (सड़क की ओर का) बाहरी भाग

Face, *n.* (फेस्) front of the head, front right side, out side appearance, aspect, grimace, dial-plate of a clock, expression, surface. मुख, बाह्य आकृति, दृष्टि, मुद्रा; *v.t. & i.* to meet firmly, to resist, to smooth the surface of, to be opposite to, (Mil.) turn, cause to turn, in some direction. सम्मुख होना, विरोध करना, सामना करना, समतल करना; *To show one's face* (appear). चेहरा दिखाना; *Face to face* (with). आमना-सामना होना; *Face value* (nominal value). नाममात्र का मूल्य; *To set one's face against* (oppose). विरोध करना, प्रतिकार करना; *To fly in the face of* (openly disobey). खुल्लमखुल्ला विरोध करना, अवज्ञा; *In face of.* के सामने; *In one's face* (in front of). सम्मुख; *To accept one's face* (to show favour). कृपा दिखलाना; *In the face of* (in face of, despite). की परवाह न करते हुए, के बावजूद; *To fly in the face of* (to set oneself directly against). प्रत्यक्ष रूप में विरोध करना; *To know one's face* (to come in front). प्रादुर्भूत होना, सामने आना; *To make face* (to distort face). मुँह बनाना या चिढ़ाना; *To have the face.* लज्जित न होना; *To save one's face.* अपनी जान छुड़ाना, अपनी इज्जत बचाना; *To face the music* (not quail at the moment of trial). धैर्यपूर्वक स्थिति का सामना करना, संकट पार करना

Facer, *n.* (फेसर्) a blow in face, sudden difficulty. मुँह पर चांटा लगना, अचानक मुश्किल से सामना पड़ना

Facet, *n.* (फैसिट्) one side of many-sided body, a little face, one segment of a compound eye. नगीने का कोना, छोटा चेहरा

Facetiae, *n.pl.* (फसीशि) pleasantries, books of humorous or obscene character. हँसी-मजाक, हास्य-विनोद, अश्लील

Facetious, *adj.* (फसीशस्) marked by pleasantry, witty, jocose. ठिठोलिया, मसखरा; **Facetiously,** *a.* (-लि) in a humorous way. मसखरेपन से; **Facetiousness,** *n.* (-नेस्) humour, witticism. हँसी, विनोद

Facia, *n.* (फेशा, फेशा) a plate over shop front with name. दुकान के सामने एक प्रकार की तख्ती

Facial, *adj.* (फेशल्) relating or pertaining to the face. मुख-संबंधी; **Facially,** *a.* (-लि) face to face. आमने सामने

Facile, *adj.* (फैसाइल्) easy, working easily, affable, yielding, pliant, fluent, flexible. सुगम, सहज, अनुकूल

Facile princeps, *pred. a.* (फैसिलि प्रिन्सेप्स्) easily first. सहज-सहज में

Facilitate, *v.t.* (फैसिलिटेट्) to make easy, to lessen difficulty, to promote. निर्विघ्न करना, सुगम बनाना; **Facilitation,** *n.* (-एँशन्) the act of facilitating, making easy. निर्विघ्नता, सुगमता

Facility, *n. (pl. Facilities)* (फैसिलिटि) ease, absence of difficulty, dexterity convenient opportunities, pliancy. सरलता, मिलनसारी, दक्षता, अनुकूलता

Facing, *n.* (फेसिंग्) coating of different material, fronting, (*pl.*) cuffs of soldier's jacket, turning in some direction. आवरण, किसी वस्तु का अग्रभाग

Facsimile, *n. & v.t.* (फैक्-सिमिल्) an exact copy or representation of writing, piture & c. प्रतिलिपि, ठीक नमूना या नकल; **Facsimilist,** *n.* (-इस्ट्) one who makes an exact copy. प्रतिलिपि (ठीक नूमना) बनानेवाला

Fact, *n.* (फाक्ट्) a thing done, deed, a thing known to be true, an act, an event. कार्य, कृति, दृढ़ कथन, सचाई, यथार्थता, सच कहा जाय तो, तथ्य की बात; *As a matter of fact* (in reality). सचमुच

Faction, *n.* (फैक्शन्) self interested or unscrupulous party (esp. in politics), an association of persons acting together (in bad sense), tumult, clique, (पक्ष-विरोध), हलचल, बलवा, विरोध पक्ष का

Factionary, *n.* (फॉक्शन-रि) member of a faction. बलवाई

Factious, *adj.* (फॉक्शस्) turbulent, disloyal. कलहप्रिय, अराजक, बलवाई; **Factiousness,** *n.* (-नेस्) tendency to oppose. विरोधी प्रकृति, कलहप्रियता

Factitious, *adj.* (फैक्टिशस्) designedly got up, conventional, artificial. प्रचलित, कृत्रिम, बनावटी रूप में या ढंग से; **Factitiousness,** *n.* (-नेस्) the quality of being artificial. कृत्रिमता

Factitive, *adj.* (फैक्टिटिव्) *verb,* expressing idea of making to be something, causative. एक कर्म तथा एक पूरक लेने वाले धातु से सम्बन्धित

Factor, *n.* (फैक्टर्) agent, a merchant buying and selling on commission, a deputy, land agent, any of the members whose product is the given number, element in a result. नियोगी, प्रतिनिधि, अढ़तिया, भाज्य (खण्ड) दलाल, कारण, कारणीभूत; **Factorial,** *n.* (-टोरिअल्) pertaining to a factor. भाज्य-संबंधी

Factory, *n. (pl. Factories)* (फैक्टरि) a manufactory, a workshop, merchant company's foreign trading station. शिल्पशाला, कारखाना, व्यापारी कम्पनी का विदेशी पड़ाव; *Factory acts.* कारखाने सम्बन्धी बने अधिनियम; *Factory hand* (a worker in a factory). कारखाने में काम करनेवाला मनुष्य

Factotum, *n.* (फैक्टोटम्) one who is employed to do all sorts of work for another, a confidential servant. सब प्रकार का काम करने वाला नौकर, विश्वस्त अनुचर या सेवक

Facula, *n. (pl. Faculties)* (फैक्युला) a bright spot or streak on the sun. सूर्य पर का चमकता चिह्न (धब्बा)

Facultative, *a.* (फैक्ल्टेटिव्) of a faculty, permissive. वैकल्पिक, विद्या की शाखा

Faculty, *n. (pl. Faculties)* (फ़ैकल्टि) aptitude for particular action, power of act, inherent power in a body or organ, physical or mental power, department of a University, branch of science, privilege, licence. आन्तरिक शक्त (प्रभाव) सामर्थ्य (अधिकार), मन की शक्ति, विश्वविद्यालय का विभाग, विशेषाधिकार, सुविधा, अनुज्ञा

Facundity, *n.* (फॉ-कन्-डि-टि) eloquence, ready speech. वक्तृत्व शक्ति, प्रस्तुत भाषण

Fad, *n.* (फैड्) pet notion, hobby, craze. धुन, झक; **Faddish, Faddy,** *adj.* (-डिश्, -डि) prone to be crazy. धुनवाला, झक्की

Fade, *v.t. & i.* (फेड्) to droop, to wither, to (or, cause to) lose freshness or colour, to perish gradually, to vanish. मुरझाना, धीरे-धीरे लुप्त होना, क्षीण होना, फीका पड़ना; **Faded,** *adj.* (-एँड्) insipid, weak. फीका, दुर्बल; *To fade from memory* (to disappear from memory). स्मृति से निकल जाना, भूल जाना

Faeces, *n.pl.* (फीसीज़) sediment, excrement of bowels. मल, विष्ठा

Faerie, Faery, *n.* (फ़ेअरि) fairy land, the fairies, (esp. as represented by Spencer), fancied. काल्पनिक

Fadge, *n.* (फॉज्) a bundle of leather or sticks or wool. चमड़े, लकड़ियों या ऊन की गठरी; *v.i.* to fit, to agree. योग्य होना, अनुकूल होना; *v.t.* to turn out. निकाल देना

Fading, *n.* (फेड्-इङ्ग) loss of freshness. म्लानता

Faecal, *adj.* (फीक्ल्) pertaining to faeces. मल या विष्ठा संबंधी

Faffle, *v.t.* (फॉफ्-फ्ल्) to stammer. हकलाकर बोलना, हकलाना

Fag, *v.i. & t.* (फ़ैग्) to toil, to work hard, to grow or make weary, (at schools) do service for juniors. थकना या थकाना, परिश्रम करना; *n.* a drudgery, a junior liable to fag, a slave, (sl.) a cigarette. कठोर परिश्रम, दास, सिगार या सिगरेट का टुकड़ा; *Fag out* (Cricket) to field. क्रिकेट के खेल में क्षेत्र रक्षण में थकना; *The fag end* (the latter part of any thing). शेष भाग, अंतिम भाग

Fagend, *n.* (फ़ैग्-एन्ड्) refuse, meaner part, very end. सिरा, तितिस्मा, कूड़ा

Faggot, Fagot, *n.* (फ़ैगट्) bundle of sticks for fuel, a kind of dish. ईंधन, लकड़ियों का गट्ठर, छड़ी; *v.t.* to bind in faggots. ऐसा गट्ठा बाँधना

Fahrenheit, *n.* (फरिनहीट्) thermometer, with 32° and 212° for freezing and boiling points. एक उष्णता मापक ३२° और २१२° अंश जमाव बिन्दु से उबाल आने तक का नाप

Fail, *v.i. & t.* (फ़ेल्) to be missing, to die, to be deficient, to break down, not to succeed, to decay, to disappoint, neglect. कम होना, कमी पड़ जाना, चूकना, अपर्याप्त होना, छोड़ जाना, असफल होना; *n.* failure, hindrance. अवरोध, असफलता, रुकावट; *He failed to come* (he did not come). वह आया नहीं; *His heart failed him* (he lost his courage). उसका धैर्य छूट गया; *Without fail* (certainly). अवश्य; *Words fail me* (I am unable to describe). मैं ठीक-ठीक वर्णन नहीं कर सकता

Failing, *n.* (फ़ेलिंग्) deficiency, failure, foible, defect, fault. त्रुटि, कमजोरी,

Failure, *n.* (फ़ेल्यर्) non performance, non occurrence, omission, running short, ill success, bankruptcy. विफलता, पात, भंग, त्रुटि, कमजोरी, दिवालियापन

Fain, *pred. adj.* (फ़ेन्) well-pleased (*to*), only too glad. प्रसन्न, खुश, संतुष्ट, शौक से; *a.* would fain. प्रसन्नता से या खुशी से

Faineant, *a.* (फ़ेनिआँट) idle, inactive. *n.* an idler निष्क्रिय, निकम्मा

Faint, *adj.* (फ़ेन्ट्) feeble, inclined to swoon, wanting in strength, pale, dim, hardly able to be heard, timid. अशक्त, कमजोर, हल्का, धुँधला, शक्तिहीन,धुन्ध (निस्तेज), कठिनता से सुनने योग्य, मद्धिम, फीका, पीला भीरू; *v.i. & n.* to swoon, to lose courage, a swoon. चक्कर आना, अशक्त होना, कमजोर होना, धीमा पड़ना मूर्च्छित हो जाना, विलुप्त होना; *Faint-heart* (a coward, easily yielding to fear). कायर, डरपोक; faint-hearted. कमजोर दिल वाला

Fair, *n.* (फ़ेअर्) periodical gathering for sale of goods, often with shows and entertainments. मेले की

जगह, प्रदर्शनी, भूमि: *A day after the fair* (too late). किसी काम में देरी से पहुँचना: *Fair-ground*. मेले लगने का स्थान

Hermaphrodite, *n.* (हर्माफ्रॉडाइट्) a human being, animal, or plant with characteristics of both sexes, thing, a person, a ship with two kinds of craft, combining opposite qualities. स्त्री तथा पुरुष दोनों के लक्षणों से युक्त प्राणी, उभयलिंगी, हिजड़ा, हिजड़ी, खस्सी, स्त्री केसर, पुंग केसरयुक्त पुष्प, व्यक्ति अथवा वस्तु, दो तरह की संयुक्त रचना

Hermes, *n.* (हर्मीज़) a messenger of the gods, god of science, eloquence. ईश्वर का अग्रदूत, विज्ञान का देवता, ग्रीक देवता

Hermetic, Hermetical, *adj.* (हर्मेटिक्) of alchemy, magical, perfectly closed. रासायनिक, कीमियाई, जादुई; *Hermetic art.* रसायन विद्या; *Hermetically sealed* (perfectly closed and airtight). वायु प्रतिबंधक, दृढ़ता से बन्द किया हुआ जिसमें वायु प्रवेश न कर सके

Hermit, *n.* (हर्मिट्) a person living in solitude, a recluse, an anchorite. तपस्वी, सन्यासी, फकीर, वैरागी, वानप्रस्थी

Hermitage, *n.* (हर्मिटेज्) hermit's abode, a solitary abode, a French wine. एक प्रकार की फ्रेंच शराब, आश्रय, कुटी, पर्ण कुटी, एकान्तवास की जगह

Hernia, *n.* (हर्निआ) a rupture, esp. of the abdomen. अण्डकोष में आँत उतरने का रोग

Hero, *n. (pl. -es)* (हीरो) a demigod, chief man in poem, a man of superhuman, a man admired for great or noble deeds, play, or story. अर्धदेवता, पराक्रमी पुरुष, महावीर, नाटक का नायक (कथापुरुष); *Hero-worship* (worship of heroes). महात्माओं का पूजन

Heroic, *adj.* (हिरोइक्) of fit for, worthy of a hero, having qualities of a hero, (of language) high flown, bold. वीरता का, पराक्रमयुक्त; *n.* a heroic verse, high-flown language. शौर्य का वीर रसात्मक काव्य, प्रौढ़, अलंकारिक भाषा

Heroi-comic, *a.* (हिरोइकॉमिक्) combining the heroic and the comic. हास्य और वीर रसात्मक काव्य, हास्य रस व वीर रस मिलाकर वीर रचना

Heroin, *n.* (हिरोइन्) a morphia preparation. द्रव्य, बेहोशी लाने वाला

Heroine, *n.* (हीरोइन्) a female hero, novel, principal female actor, chief woman in a poem. वीरांगना, नायिका, अभिनेत्री

Heron, Hern, *n.* (हिरॉन्, हर्न) a long-legged wading bird. सारस, बगुला, क्रौंच

Herpes, *n.* (हरपीज़्) a skin disease with patches of small vesicles upon an inflammatory base, nettlerash. जुलपित्ती नामक रोग

Herr, *n. (pl. -en)* (हेर्) German equivalent of Mr. जर्मन श्रीमान

Herring, *n.* (हेरिंग्) a North-Atlantic fish, much used for food. एक प्रकार की खाई जाने वाली समुद्री मछली; *Herring bone stitch* (a kind of cross stitching). हेरिंग मछली की हड्डी की बनावट की तरह की हुई सिलाई; *Herring-pond* (N. Atlantic). उत्तर अटलांटिक महासागर

Herself, *pron.* (हर्सेल्फ्) emphatic and reflexive form of she, her. 'स्वयं' स्त्री का, 'स्वयं' स्त्री में; *She is not herself* (in her normal state of body or mind). वह स्त्री होश में नहीं है

Hertz, *n.* (हर्ट्ज़) a term denoting frequency of one cycle per second. अविराम की इकाई जो एक कालचक्र (cycle) में क्षण के बराबर हो; *Hertzian telegraphy* (wireless telegraphy). बेतारी संदेश; *Hertzian waves* (electric waves). विद्युत लहरें जिसके द्वारा संदेश भेजे जाते हैं

Hesitant, *adj.* (हेज़िटन्ट्) hesitating, irresolute. हिचकिचाता हुआ, हिचकने वाला

Hesitate, *v.i.* (हेज़िटेट्) to feel or show indecision, to waver, to be doubtful, to scruple. हिचकिचाना, आगा-पीछा करना

Hesitating, *adj.* (हेज़्-इट्-एँट्-इङ्ग्) irresolute. द्विविधा का, अनिश्चित, संदेह-पूर्ण

Hesitation, -ing, *n.* (हेज़्-इट्-एँ-शन्) the act of hesitating. संदेह, संशय, द्विविधा

Hesitator, *n.* (हेज़िटेट्र्) one who hesitates. आगा-पीछा करनेवाला मनुष्य

Hesperian, *adj.* (हेस्पीरिअन्) (poet.) western. पाश्चात्य

Hesperus, *n.* (हेस्परस्) the evening star. सन्ध्या का तारा, शुक्र तारा

Hessian, *a. & n.* (हेशन्) of Hease in Germany, a course cloth, a hessian boot, high boot first worn by hessian troops. मोटा कपड़ा, लम्बे बूट, लम्बे जूते; *Hessian fly.* एक प्रकार का कपड़ा; *A fly whose larva destroys wheat.* एक कीड़ा जो गेहूँ खाता है

Hest, *n.* (हेस्ट्) a behest, or command. आज्ञा, हुक्म

Hetaera, Hetaira, *n.* (हेटीरा, टाइरा) a courtesan, a harlot. नायिका, वीरांगना, रंडी, वेश्या, जारिणी

Hetero, *pref.* (हेटरो) in the sense of other, different. 'विपरीत या भिन्न', अर्थसूचक उपसर्ग

Heterodox, *adj.* (हेटरॉडॉक्स्) not orthodox, contrary to established opinions. धर्म विरुद्ध, नास्तिक, पाखंडी

Heterodyne, *n.* (हेटरोडाइन्, -निंग्) the pulsation due to simultaneous sounding of waves that are nearly of same length. संकरण

Heterogeneous, *adj.* (हेटरोजीनिअस्) of diverse character, compsed of diverse elements. भिन्न अथवा विरुद्ध जाति का, बेमेल

Heterogenesis, *n.* (हेटरोजेनिसिस्) birth other than from parent of the same kind, spontaneous generation. माता-पिता से भिन्न संतति की उत्पत्ति

Hetman, *n.* (हेट्मन्) the chief of general of the Cossacks, Polish military commander. पोलैंड का एक अधिकारी, कोसाक्स का मुखिया, सेना नायक

Heugh, *n.* (ह्यूह्) a ravine. दर्रा

Heuristic, *adj.* (ह्यूरिस्टिक्) serving to discover. अन्वेषण करने वाला, पता लगाने वाला

Hew, *v.t. & i. (p.t. -ed, p.p. Hewn)* (ह्यू)

to cut or chop with an axe or sword, to deal cuts, to cut coal from seam. काटना, गढ़ना, टुकड़े करना

Hexa, *pref.* (हेक्सा) the sense of 'six'. षड्, षट् समुदाय, छः व्यक्तियों का

Hexahedron, (हेक्साहेडरॉन) a figure having six faces. षट्फलक्, षट पार्श्वक्

Hexagon, *n.* (हेक्स-गॉन्) a plain figure having six angles and six sides. षट्कोण, षड्भुज

Hexameter, *n.* (हेक्सामिटर्) a verse which consists of six metrical feet. षट्पदी श्लोक या कविता

Hey, *interj.* (हे) expressive of joy. ये! ए! हे! आनन्द सूचक, अव्यय अहाहा

Heyday, *interj.* (हेडे) bloom, prime of frolic or wonder. हर्ष या आश्चर्य-सूचक अव्यय; *Heyday of youth* (vigour of youth). नवयौवन

Hi, *interj.* (हाय्) used to call attention. हे! अहो! हो! ध्यान आकृष्ट करने के लिए प्रयुक्त अव्यय

Hiatus, *n.* (हायएट्स) a break or gap, an opening, a gap or chasm, a break between two vowels. भंग, (फटन, भेद), छेद, दरार

Hibernate, *v.i.* (हाइबर्नेट्) to pass the winter in torpor or (of persons) in mild climate, to remain inactive. जाड़ा काटना, शीत स्वाप करना, मम जलवायु में स्थानांतरण, सुस्त और निष्क्रिय पड़े रहना

Hibernian, *a. & n.* (हायबर्निअन्) (native) of Ireland, Irish (man). हिबर्निया या आयरलैंड संबंधी, आयरलैंड का, आयरलैंडी, हिबर्नियल (आयरलैंड वासी)

Hiccup, *n.* (हिकप्) spasm of respiratory organs. हिक्का, हिचकी, हिच

Hick, *n.* (हिक्) a farmer, countryman. एक किसान, स्वदेशी व्यक्ति

Hid, Hidden, *p.p.* of **Hide.** गुप्त, अज्ञात

Hide, *n.* (हाइड्) animal's skin, raw or dressed, human skin. पशु की खाल, चरसा, पशु चर्म, चर्म, मनुष्य की चमड़ी; *Hide bound,* (of cattle) with skin clinging close as a result of bad feeding, narrow-minded. दुबला-पतला, कृशकाय, तंत्र छाल, हठीला, अड़ियल, संकीर्ण विचार धारा वाला, क्षुद्र विचार वाला

Hide, *v.i. & t.* (*p.t. Hid, p.p. -den, Hid*) (हाइड्) to put or keep (a thing) out of sight, to flog, to conceal oneself, to keep secret, to conceal a fact. छुपाना, छिपाए रखना, गुप्त रखना, भेद रखना, गुप्त स्थान; *To hide one's head.* लज्जा से सिर छुपाना; *Hide & seek* (a children's game). छुपा छुपाई; *Hidebound* (preventing movement). गति रोकनेवाला

Hide, *n.* (हाइड्) a measure of land (about 120 acres). (भूमाय) जोत, (लगभग १२० एकड़)

Hideous, *adj.* (हिडिअस्) frightful, horrible, repulsive, revolting. भयंकर, डरावना, कुरूप, वीभत्स, विशाल

Hiding, *n.* (हाइडिंग्) thrashing. छिपने की जगह, निभृत स्थान, मारकर चमड़ी लटका देना

Hiding, *n.* (हाइडिंग) the act, the place of concealment. छुपाव, गोपन, छिपने की जगह, निभृत स्थान; *To be in hiding* (remain hidden). छिपकर रहना, अज्ञातवास में रहना

Hie, *v.i.* (हाय्) to go quickly, to hasten. जल्दबाजी करना, जल्दी करना या चलना

Hierarch, *n.* (हायरार्क्) the chief priest, a ruler in holy matters, an archbishop. मुख्य पादरी, धर्म पति

Hieratic, *a.* (हायरेटिक्) of the priests, priestly. पुरोहिती, याजकीय प्राचीन मिश्र के कुछ लेखों संबंधी

Hieroglyph, *n.* (हाइरोग्लिफ्) the sacred characters of the ancient Egyptian language, picture writing, writing difficult to make out, a secret symbol, figure of an object standing for one word or sound. प्राचीन इजीप्शियन भाषा की चित्रलिपि, प्रतीक अक्षर (संकल्पनात्मक) चित्रलिपि

Higgle, *v.i.* (हिगल्) to be tedious and nice in bargaining, to chaffer, to dispute about terms. भाव-ताव करना, मोल-तोल करना, फेरी लगाना, सौदेबाजी

Higgledy-piggledy, *n.* (हिगल्डिपिगल्डि) an utter confusion. उलट-पुलट होना, अस्त-व्यस्त होना; *a.* in confusion. व्यग्रता में

High, *adj. (comp. -er, sup. -est)* (हाइ) of great or specified upward extent, of exalted rank or superior quality, (of sound) acute in pitch,

tempestuous, exorbitant in price, (of meat or game) slightly tainted, extreme in opinion. उत्थित, ऊँचा, लंबा, उत्कृष्ट, बहुसंख्यक, विशिष्ट ऊँचाई का, पूर्ण, पूरे जोर पर; *n.* a high place, elevation place, superior region. ऊँचा स्थान, नभ; *adj. & a.* far up, aloft, at a high price, in or to a high degree, tall, lofty, at or to a high pitch. ऊँचे पर, तेजी से, उत्कृष्ट रूप में, जबरदस्ती, विलासिता से, राजसी ठाठ से; *The Most High* (God). परमेश्वर; *High art.* उच्च कला; *Of high family* (of noble birth). उच्च कुल का, कुलीन; *A high opinion of.* के विषय में अच्छा मत; *High and low* (people of all ranks). सब जाति के लोग; *High colour.* गहरा, लाल रंग, लाली वाला चेहरा, तेजस्वी चेहरा, लज्जा से आई हुई लाली; *It is high time to go.* जाने का समय हो गया है, देर हो गई; *High & mighty* (arrogant). घमंडी, सिरफिरे; *To run high,* (of sea, fig. of feelings). जजबातों से भरा होना, उबलना; *High-born* (of noble birth). कुलीन

High-flown *adj.* (हाइफ्लोन्) elevated, proud, turgid, extravagant. उत्तुंगता, गर्बी, उठा हुआ, अलंकारिक, लच्छेदार भाषा

High-handed, *adj.* (हाइ-हॅन्डेड) acting with a high hand, violent, overbearing, arbitrary. उद्धत, रौबीला, उग्र, उत्कट, प्रखर, यथेच्छ, स्वेच्छाचारी, निरंकुश

Highland, *n.* (हाइलैन्ड्) a hilly country. पहाड़ी प्रदेश; **Highlander,** *n.* (-अर्) an inhabitant of (the Scotch) highlands. हाईलैंडवासी, पहाड़ी निवासी

Highly, *a.* (हाइलि) greatly, in a high or great degree, at a high rate. उच्चता से, उत्तुंगता से, ऊँची दर का, मंहगा

High-minded, *adj.* (हाइमाइन्डेड्) morally elevated person proud, magnanimous, arrogant. उच्चाशय, महात्मा, मनस्वी, उत्तंगी, उदार चरित्र

Highness, *n.* (हाइनेस्) the title of princes loftiness. राजकुमार का पद, उच्चता, महाराज, ऊँचाई

High-school, *n.* (हाइस्कूल) the chief public school in a town providing secondary education. माध्यमिक शिक्षा देने वाला शहर का मुख्य विद्यालय

Highspirited, *adj.* (हाइस्पिरिटेड्) rash, of courageous spirit, hold, daring. निडर, उग्र, तेजस्वी, निर्भीक, साहसिक, प्रचंड

High-time, *n.* (हाइटाइम) a full time, proper time. पूर्ण काल, उचित समय

Hight, *p. p.* (हाइट्) (arch.) called, named. पुकारा जाना, नाम पड़ना

High-jacker, *n.* (हाइजॅकर्) an armed bandit who preys upon smugglers of illicit liquor. चोरी-छिपे निषिद्ध दारू अथवा चीजों की तस्करी करने वालों को धन ऐंठने के लिए जबरदस्ती उठा ले जाने वाला

Highway, *n.* (हाइवे) a public road, main road, main route. मुख्य मार्ग, महापथ, राजमार्ग, जनमार्ग; **Highwayman,** *n.* (-मैन) a man who robs on the public road or highway. बटमार, लुटेरा, डाकू

Hilarious, *adj.* (हिलेरियस) merry, cheerful, mirthful. प्रफुल्ल, प्रसन्नचित्त, उल्लसित

Hilarity, *n.* (हिलॅरिटि) merriment. प्रफुल्लता, प्रसन्नता, उल्लास

Hill, *n.* (हिल्) eminence, a mound, a small mountain, heap. पहाड़ी, टीला, ढेर, उच्च भूमि

Hillo, Hilloa, *int.* (हिलो, हिलो) for hailing or expressing surprise. हे! अरे! (स्वागतार्थ या आश्चर्यसूचक)

Hillock, *n.* (हिलक्) a small hill, a mound. छोटी पहाड़ी, टीला, टेकरी

Hilt, *n.* (हिल्ट्) handle of a sword. मूठ, दस्ता, हत्था; *v.t.* to prove up to the hilt, completely. मूठ लगाना, हत्था लगाना, पूरी तरह प्रमाणित करना

Hilum, *n.* (हाइलम्) the eye of a bean, the point of attachment of send to seed- vessel. वृंतक हाइलम, नाभिका

Him, *pron.* (हिम्) objective case, subjective case of He. उसे, उसको

Hind, *n.* (हाइन्ड्) a steward, a rustic fellow, the female of (esp. red) deer. हिरणी, दास, देहाती, हिरनी

Hinder, *v.t.* (हिन्डर) to obstruct, to prevent, to retard. अटकाना, विघ्न डालना

Hindi, *n.* (हिन्दी) language of N. India. उत्तर भारत की भाषा, हिन्दी भाषा

Hindrance, *n.* (हिन्ड्रन्स्) obstruction. अड़चन, रुकावट, विघ्न

Hing, *n.* (हिंग्) the drug asafoetida. हींग

Hinge, *n.* (हिन्ज्) a movable joint of a main door, a natural joint doing similar work, (fig.) critical point on which all truns. कोर, द्वार संधि, कब्जा, चूल, हिंज, अक्षांस, दिकसूचक, बिंदु, मूल सिद्धान्त; *v.t. & i.* to attach with hinge, to turn, to stand or depend on. हिंज लगाना, कब्जे लगाना, मोड़ना

Hinny, *n* (हिनि) an offspring of she-ass by a horse. खच्चर

Hint, *n.* (हिन्ट्) a covert suggestion, a slight indication. क्षण, अवसर, इंगित, संकेत, इशारा, सुझाव; *v.t. & i.* to bring to mind, to suggest covertly, to make indirect allusion. संकेत करना, इशारा करना, याद दिलाना, संकेत देना, बूझना

Hinterland, *n.* (हिन्टर्-लन्ड) the district behind that laying along the river's banks. पश्च या भीतरी प्रदेश, पृष्ठ प्रदेश

Hip, *n.* (हिप्) the thigh-joint, projection of pelvis and upper part of high-bone. कूल्हा, पुट्ठा, नितंब, काठी; *v.t. (p.t. -ped)* to make low-spirited. उत्साहहीन बनाना; *Hipbath* (a bath by dipping up to hip only). केवल कमर डुबाकर जल में स्नान; *To have a person on the hip* (to have advantage over a person). किसी मनुष्य पर अधिकार पाना

Hip, Hep, *n.* (हिप्, हेप्) fruit of (wild) rose, गुलाब का फल

Hip, Hyp, *n.* (हिप्, हाइप) morbid depression. रोग-भ्रम; *v.t.* to make low-spirited. विवादास्पद बनाना, दुखी करना

Hip, *int.* (हिप्) introducing united cheer.) Hip, hip, hurrah. जय ! विजय ! जय-जयकारा

Hipe, *v.t. & n.*. (हाइप्) to throw (an antagonist in wrestling) in a particular way. फेंकना (कुश्ती में)

Hippo, (हिपो) (in comb.) horse. अश्व; **phagy,** मांस भक्षण

Hippocampus, *n.* (हिपोकैम्पस्) kinds of small fish, a sea-horse. अश्वाकर समुद्री

Hippocras, *n.* (हिपोक्रैस्) spiced wine. मसालेदार सुरा

Hippodrome, *n.* (हिपोड्रोम्) a course for chariot races, a circus. बग्गी दौड़ और घुड़दौड़ का मैदान, रंगभूमि, अखाड़ा, सर्कस

Hippogriff, *n.* (हिपग्रिफ्) a fabulous griffin-like creature with horse's body. चील घोड़ा, उड़ने वाला घोड़ा

Hippopotamus, *n.* (हिप्पॉटिमस्) African riverhorse. अफ्रीकन दरियाई घोड़ा

Hircine, *adj.* (हिर्साइन्) goat-like. अजवत्, बकरे के समान

Hire, *n.* (हायर्) payment for use of a thing, labour, a reward. किराया, भाड़ा; *v.t.* to employ or procure on hire. भाड़े पर रखना; *On hire.* किराये पर; *Hire purchase* (hire system). किश्तों पर खरीदना, किरायेदारी प्रथा

Hireling, *n.* (हायरलिंग्) one who works for hire, one engaged on hire, mercenary person. किराये का व्यक्ति, धन लोलुप व्यक्ति, वेश्या, रंडी

Hirsute, *adj.* (हिर्स्यूट्) hairy, rough with hair, shaggy. रोयें से भरा हुआ, रूखा

His, *a. & pron.* (हिझ्) possessive of He. वह, उसका

Hispid, *a.* (हिस्पिड्) shaggy, bristly. दृढ़ लोभी

Hiss, *n.* (हिस्) a sharp hissing sound. सीत्कार, फुफकार, सीटी; *v.i. & t.* to make a hiss, to express disapproval. सीत्कार करना, फुफकारना, सीटी बजाना, हूट करना; *To hiss off* (to condemn by hissing). सी-सी करके असन्तोष प्रकट करना

Hist, *interj.* (हिस्ट्) used to call attention, enjoin silence. चुप! हैत्!; हश्

Histo, (हिस्टॉ) in comb., web. जाल, तन्तु

Historian, *n.* (हिस्टॉरिअन्) writer of history, इतिहासकार, इतिहासज्ञ

Historic, *adj.* (हिस्टॉरिक्) noted in history. इतिहास संबंधी, ऐतिहासिक

Historical, *adj.* (हिस्टॉरिकल्) pertaining to history, belonging to the past, (of picture, novel etc.) dealing with historical events. इतिहासानुसार, इतिहास में उल्लिखित,

Historicity, *n.* (हिस्टरिसिटि) historical character, genuineness. ऐतिहासिकता

Historiographer, *n.* (हिस्टॉरिऑग्रफर्) writer of history, an official historian of a court. इतिवृत्ति लेखक, सरकारी इतिहास लेखक

History, *n. (pl. Histories)* (हिस्टरि) a methodical record of public events, past events, narration of facts, study of these, an eventful career. इतिहास, चरित्र वर्णन, प्राचीन कथा

Histrion, *n.* (हिस्ट्रिअन्) a stage-player. नाटक पात्र; **Histrionic,** *adj.* (-आनिक्) of acting, stagy, hypocritical. नाटक सबंधी, नाटक के पात्र का; *n. pl.* theatricals, stagy language. नाटकीय, नाटकीय भाषा.

Hit, *v.t.&i. (p.t. & p.p. Hit)* (हिट्) to strike, to get at, to deliver a blow at, to find, to affect sensible, to suit, to arrive at. मारना, प्रहार करना, आघात करना, से टकराना, भिड़ना, टक्कर खाना, चोट या हानि पहुँचाना; *n.* a blow, stroke of good luck, chance, success. आघात, प्रहार, टक्कर, सफल प्रयत्न, सुयोग; *To hit upon.* सूझना, भाग्य से मिलना, हाथ लगना. *To hit off* (to imitate to a nicety). पूरी तरह अनुकरण करना; *To hit below the belt* (to play foul). कोमल स्थान पर प्रहार करना

Hitch, *v.t. & i.* (हिच्) to move with a jerk, to fasten with loop, to become so fastened, to shift. झटके से चलना, हिचकोले से चलना, अटकाना, जोड़ना; *n.* a jerk, an impediment, kinds of noose. हिचकोला, अटकना, फंदे की तरह का

Hither, *a.* (हिदर्) towards this place. यहाँ, इस स्थान पर, इधर; *Hither & thither* (to this place and that, in all directions). निकट, सर्वत्र, समीप, वक्तोन्मुख

Hitherto, *a.* (हिदर्-टू) up to now. अब तक, इस समय तक, इस स्थान तक

Hive, *n.* (हाइव्) also, beehive) artificial home for bees, a busy swarming place. छत्तायानी, छत्ता, मधुगण, पेटिका; *v.t. & i.* to place or enter in a hive, to house snugly, to hoard up, to live together (like bees). मधु संचय करना, गोदाम में भरना, संग्रह करना, साथ रहना, इकट्ठा रहना

Hives, *n. pl.* (हाइव्स्) skin eruption, inflammation of bowels. शीत पित्त, कंठशोथ, पित्ती

Ho, *int.* (हो) expressing surprise, calling attention, admiration, added to name of destination. हो!, अरे!, छिः!, पकड़ो!, रुको, ओ-हो! अरे! ओह! अहा!.

Hoar, *adj.* (होर्) grey-haired, white with age. श्वेत केशी, धूसर, घिसा-पिटा; **Hoarfrost,** *n.* (होरफ्रॉस्ट्) white frost, white particles of frozen dew. धवल तुषार, पाला

Hoard, *n.* (होर्ड्) a stock, a treasure, a store. गोदाम, गुप्त, संचय, खजाना, कोष, गुप्त स्थान; *v.t. & i.* to keep in hoard, to husband privily, to treasure up. जमाखोरी करना, खजाना भरना, छुपाकर रखना, गुप्त संचय करना, गोदाम भरना

Hoarding, *n.* (होर्डिंग्) a high board fence round building during erection. तख्तों का घेरा, बाड़ लगाना

Hoarse, *adj.* (होर्स्) rough, husky, having a hoarse voice. घटिया, फटा, कर्कश (स्वर) बेसुरा

Hoary, *a.* (होअरि) white or grey with age, venerable, covered with short white hairs. बुढ़ौती से श्वेत, वयोवृद्ध, ज़ईफ

Hoax, *v.t.* (होक्स्) to deceive by way of joke, to play a trick upon. हँसी में छलना, झाँसा पट्टी देना; *n.* such a deception. झाँसा-पट्टी, जूल, चकमा

Hob, *n.* (हॉब्) a side easing of a fire-place, a rustic, a peg, the hub of a wheel. अँगीठी का किनारा, नाभि, केन्द्र, खूँटी

Hobble, *v.i. & t.* (हॉबल्) to walk limpingly, to limp, to proceed haltingly, to tie together legs (of horse) to keep it from straying. मचकना, लँगड़ाना, भद्दे ढंग से चलना, अस्त-व्यस्त तरीके से चलना; *n.* a limping gait, difficulty, an awkward situation, a rope, for hobbling a horse. लँगड़ाहट, कठिनाई, उलझन

Hobbledehoy, *n.* (हॉबल्डिहॉय) an awkward youth between boy-hood and manhood. भद्दा युवा पुरुष

Hobby, *n. (pl. Hobbies)* (हॉबि) a favourite pursuit outside one's main occupation, a small horse, a small falcon. प्रिय व्यापार, छोटा, फुर्तीला या तेज घोड़ा, प्राचीनकाल की पैर गाड़ी; **Hobby-horse,** *n.* (-हॉर्स्) a wicker horse for morris dance, a rocking-horse, a child's stick with horse's head, a horse on merry-

go-round, a hobby. कठ-कोड़ा, लकड़ी का घोड़ा, लिल्ली घोड़ी, छिछोरा, तुच्छ व्यक्ति

Hobgoblin, *n.* (हॉबगोब्लिन) an elf, a bogy. पिशाच, बेताल, दैत्य

Hobnob,, *v.i.* (हॉबनॉब्) to drink together, to have familiar intercourse. एक साथ मदिरापान, संग-साथ करना; *n.* a friendly conversation. मित्रों की तरह बातचीत

Hobo, *n.* (होबो) a wandering workman or tramp. उठल्लू मजदूर, आवारागर्द

Hock, *n.* (हॉक्) the joint of animal's hindleg. (जानवर का) जानुसंधि का पिछला भाग पिछला घुटना; *Kinds of white wine.* सफेद किस्म की शराब; *v.t. (sl.)* to pawn, to pledge. गिरवी रखना, रहन रखना

Hockey, *n.* (हॉकि) a game with ball and curved sticks between goals. हाकी का खेल

Hocus, *v.t. (p.t. -sed)* (हॉकस्) to hoax, to stupefy a man with drug. छल करना, दवा देकर किसी को बेहोश करना

Hocus-pocus, *n.* (होकस्-पोकस्) jugglery, trickery used by conjurers. मदारी, हस्तलाघव, मदारी की चालाकी, छल, धोखा; *v.t. & i.* to cheat. धोखा देना, (पिला कर) संवेदन शून्य कर देना

Hod, *n.* (हॉड्) a trough on staff for carrying mortar, bricks. कोयले का तसला, टोकरा, टोकरी, ईटें इत्यादि

Hodden, *n.* (हॉडन्) a coarse woollen cloth. मोटा ऊनी कपड़ा

Hodge, *n.* (हॉज्) an English farm-labourer. एक अंग्रेज खेतिहर मजदूर

Hodge-podge, *n.* (हॉज-पॉज्) hotch-potch, a confused mass. अनेक द्रव्यों का मिश्रण, खिचड़ी

Hodometer, *n.* (हॉडॉमिटर्) an instrument for measuring distance travelled by a wheeled vehicle. चक्कर मापी, होडोमीटर

Hoe, *n.* (हो) a tool for cutting up weeds, & c. कसिया, कुदाल, फावड़ा; *v.t.* to loosen ground or remove weeds with a hoe. खुरचना, निकालना, साफ करना (कुदाल से) निराना, गोड़ना

Hog, *n.* (हॉग्) swine, esp. castrated boar, young sheep before first shearing, a greedy person. सूअर, शूकर, खस्सी सूअर, वराह, छोटी भेड़, एक वर्षीय शावक; *v.t. & i.* to raise (back etc.), to rise archwise in the centre, to bend, to cut (mane) short. पीठ ऊँची कर लेना, बाल छोटा करना, घुमाना, शूकरवत् खाना; *To go the whole hog* (to do the thing thoroughly). किसी काम को पूर्णता से करना; *Hog back, hog's back* (crested hill ridge). पहाड़ी, घाटी; *Hog sty.* सूअर पालने का स्थान

Hogshead, *n.* (हॉग्शेड्) a large cask, a measure, $52\frac{1}{2}$ gallons. बड़ा पीपा, माप = $52\frac{1}{2}$ गैलन

Hoick, Hoik, *v.t. & i.* (हॉइक्) to force an aeroplane to turn abruptly upward. हवाई जहाज को ऊपर की ओर उठाना

Hoist, *p. p.* (हॉइस्ट्) to lift, to raise aloft, to elevate, to heave. ऊपर को उठाना, उभाड़ना

Hoist, *v.t.* (हॉइस्ट्) to raise aloft (esp. flags), to raise with a tackle. उन्नयन करना, उठाना, लहराना, फहराना

Hoity- toity, *a.* (हॉयटि-टायटि) haughty, frolicsome. चक्करदार, शोर वाला, खिझाने वाला, शरारती; *n.* riotous or giddy conduct. सिरफिरा

Hokey-pokey, *n.* (होकि-पोकि) cheap icecream sold by steet-vendors, hocus-pocus. जादू मंतर, सस्ती बरफ की कुल्फी जो फेरीवाले बेचते है

Hold, *v.t. & i.* (होल्ड) to keep fast, to grasp, to possess, to contain, to conevene, to consider, to celebrate, to restrain, to think, to believe, to keep possession of (a place), (of judge) to lay down, decide (that), to apply, not to give way, to keep going, धारण करना, रखना, समाना, अधिकार में रखना, सँभालना, बनाए रखना, सुरक्षित करना, रक्षा करना, रोक रखना, निषेध करना; *n.* grasp, means of holding, a place of custody, a fortified place, the cavity below the deck for cargo. पकड़ना, मुट्ठी, पकड़, दृढ़ता, पकड़ी हुई वस्तु, हिरासत, कब्जा, जकड़ाव, परिरक्षा; *To hold back* (to stop). ठमकना, रुकना; *To bail, to bind.* जमानत लेना; *To hold by,* to adhere to. न छोड़ना; *To adhere to.* चिपटे रहना; *To hold with* (to

approve of). पसंद करना; *To hold good.* लागू होना, सच होना, खरा उतरना; *Hold!* हाँ ठहरो! धैर्य रखो!; *To hold one's head high* (to behave proudly). उन्नत मस्तक रखना, ऐंठकर, ठाठ से चलना; *To hold one's ground, to hold one's own* (not give way). अपनी पकड़ मजबूत रखना, अपनी जगह दृढ़ रहना; *To hold water* (to be sound, bear examination). मिलना, टिकना, खरा उतरना, झेलना, निभाना; *To hold aloof.* एकाकी रहना, आलिप्त होना; *To hold him of no value* (to think him worthless). उसको निकम्मा समझना; *To hold forth* (to speak publicly). खुली जनसभा में बोलना, खुलकर अपनी बात कहना; *Hold over* (postpone). आगे सरकाना, ढकेलना, आगे टालना; *Hold-all* (a portable case for clothes etc). बिस्तर बंद; *To hold in esteem* (to respect). आदर करना

Holder, *n.* (होल्डर्) one who holds anything, a pen with contrivance to hold a nib, a tenant, a temporary occupant of office. पकड़ने वाला, धारी, धारक, (कलम; आसामी, आदि), काश्तकार

Holding, *n.* (होल्डिंग्) tenure of land, land or stocks. जमीन की अवधि, कब्जा किया हुआ खेत या फार्म

Holdfast, *n.* (होल्ड-फास्ट्) a contrivance for securing nail & c. काँटी, बोल्ट इत्यादि कसने का साधन

Hole, *n.* (होल्) a hollow place, a gap, animal's burrow, a wretched place, an excavation, a pit, a cavity into which a ball must be got in some games, (Golf) point scored by player who gets ball from one hole to another with the fewest strokes, perforation. बिवर, छिद्र, रंध्र, अंतराल, जानवर की माँद, तुच्छ, खाली जगह, छेद, दरार, गड्ढा; *v.t. & i.* to make holes in, to pierce side of (ship), to make (a tunnel), (Mining) to dig through, to put or drive (a ball) into a hole. छिद्र करना, छिद्र में डालना, माँद में भेजना; *To pick holes in* (to find fault with). छिद्रान्वेषण करना, दोषारोपण करना; *To make hole in.* गड्ढा पड़ना, खोखला करना; *Hole and corner* (secret). रहस्य, गुप्त बात

Holiday, *n. (pl. -s)* (हॉलिडि) a day of cessation from work or of recreation, *(pl.)* vacation. धार्मिक त्यौहार, छुट्टी का दिन, अवकाश; *To make holiday* (take a holiday). छुट्टी का अवकाशी, प्रफुल्ल

Holily, *a.* (होलिलि) in a holy manner. पवित्रता से

Holiness, *n.* (होलिनेस्) freedom from sin, sanctity. पवित्रता, धार्मिकता; *Holiness his Holiness.* जगदगुरू शंकराचार्य या पोप की पदवी, उपाधि, (सम्बोधन)

Holla, *int.* (हॉला) (for shouting). अरे वहाँ ! ध्यान दो ! ए होय !

Holland, *n.* (हॉलन्ड्) a fine linen fabric made in Holland. हॉलेन्ड (लिनेन कपड़ा)

Hollo, *int. & n.* (हॉलो) calling attention. अरे!; *v.i. & t.* to shout, to call out, to call to hounds. चिल्लाना,

Hollow, *adj.* (हॉलो) excavated, having a hole, empty, false, unreal. पोला, खोखला, छूछा (निःसार), खाली, झूठा, बेईमान; *n.* a hollow place, a cavity, hole, valley. पोला स्थान, पेड़ का खोखर, गड्ढा; *v.t.* to excavate, to bend into a hollow shape. खोदना, गड्ढा करना; *Hollow- hearted* (insincere). कपटी हृदय वाला, मन का; *Hollow race.* खोखली दौड़, दिखावे की; *Hollow-ware* (cooking pots & c.). पकाने के पात्र

Holly, *n.* (हॉलि) an evergreen shrub with red berries. सर्वदा हरी रहने वाली एक काँटेदार झाड़ी

Hollyhock, *n.* (हॉलिहॉक्) a tall plant with large showy flowers. खुलखैरा

Hollywood, *n.* (हॉलिवुड्) moving pictures of American type, chiefly made at Hollywood in California. हॉलीवुड में निर्मित फिल्मों जैसा

Holm, *n.* (होम्) an islet in a river, low flat land near a river, submerged in time of flood. नदी द्वीप, टापू, नदी के साथ की भूमि, कछार; an evergreen oak. होली (सदाबहार पुष्प)

Holo, (हॉलो) in comb., Gk. *holos,* whole. पूर्णत

Holocaust, *n.* (हॉलोकास्ट्) wholly burnt sacrifice or destruction a disastrous fire. पूर्णाहुति, होम, सत्यानाश, विध्वंस, अग्निकांड

Holster, *n.* (हॉल्स्टर्) a leather case for pistol. काठी या पेटी के साथ जुड़ा

Holt, *n.* (हॉल्ट्) a copse, a wood, a wooded hill. बनीय-पहाड़ी, फल वाटिका

Holy, *adj.* *(comp. Holier, sup. Holiest)* (होलि) sacred, belonging or devoted to God, pious, of high moral or spiritual excellence, consecrated. शुद्ध, पावन, धर्मात्मा, पवित्र, पुण्यार्थ, धार्मिक; *n.* inner chamber of sanctuary in Jewish temple. पवित्र वस्तु, पवित्र स्थान, पवित्र व्यक्ति; *Holy day.* धार्मिक त्यौहार का दिन; *Holy ghost* (holy spirit). पवित्र आत्मा; *Holy Joe* (a pious person). धार्मिक वृत्ति का मनुष्य; *Holy place* (a place of pilgrimage). तीर्थस्थान; *Holy water.* गंगा जल, पवित्र पानी; *Holy week.* ईस्टर का इतवार के पहले का सप्ताह; *Holy study* (a study of sacred texts). वेदों का अध्ययन

Holystone; *n.* (हॉलिस्टोन्) a sandstone for scouring decks. झाँवा, झाँवा पत्थर; *v.t.* झाँवें से रगड़ना

Homage, *n.* (हॉमिज्) dutiful reverence, formal acknowledgement of allegiance, tribute paid to a person or merit. पूजा, उपासना (सेवा),

Home, *n.* (होम्) a dwelling-place, fixed residence or household, native land, rest. घर, आश्रयस्थान, गृह, निवास स्थान, घरेलू जीवन, परिवार, स्वदेश, स्वराष्ट्र; *adj.* pertaining to home, not foreign. निवासीय, आवासीय, देशीय, क्रीड़ा स्थल; *a.* to or at one's home, the point aimed at, closely. घर की ओर, पूर्ण रूप से, अंतिम स्थिति की ओर; *v.i. & t.* to come home, to furnish with a home. घर जाना, घर का रास्ता पकड़ना, घर में स्थापित करना; *Long home, last home* (the grave). शमशान, अंतिम विश्रान्ति स्थल; *At home* (free as at one's own home). अपने ही घर में; *Home charges* (expenses defrayed in Great Britain from India's income). भारत के रुपये से इँगलैंड में होनेवाला खर्च; *Not at home.* बाहर गया हुआ, जो घर में न हो; *To come home to* (affect intimately). दिल से लगना, शरीर पर प्रभाव पड़ना; *Home born* (native). घर का, स्वदेशी; *Home-bred.* अपने घर में पला-पोसा हो; *Home-coming.* अपने घर में वापिस आना; *Home industry* (industry carried on in one's own country). देश का व्यापार; *Home-keeping* (stay-at-home) घर में रुकने वाला, घर घुसना; *Home-made.* घर में तैयार किया हुआ, घर में काम किया हुआ; *Home rule* (self- government). (आयरलैंड का स्वराज्य) स्वतंत्रता प्राप्ति के पूर्व भारत में स्वराज्य; *Homesick* (sorry for being absent from home). घर से बाहर रहने से खिन्न; *Homestead* (a building with outhouses). बड़ी इमारत, *Home ward (-s)* (towards home). घर की ओर, घर की तरफ; *Words went home to his heart* (*i.e.* were piercing). बातें उसके दिल में बैठ गई

Homely, *a.* (होम्लि) plain, unpretending, not beautiful, primitive. घरेलू, गृह संबंधी, परिचित, साधारण, आडम्बरहीन

Homeopath, *n.* (होमिओ-पाथ्) one who practises homeopathy. होमियोपैथी चिकित्सक; **Homeopathist,** *n.* (-इस्ट्) one who practises homeopathy. इस विधि का चिकित्सक; **Homeopathy,** *n.* (-इ) Hahnemann's system of curing diseases by minute doses of drugs. होमियोपैथिक चिकित्सा

Homeric, *a.* (होमेरिक्) of Homer, in the style of Homer, heroic. होमर के जैसा, वीरतापूर्ण, नाटकीय ढंग का

Homeward, *adj. & a.* (होम्-वार्ड्) towards home or one's native land. घर की ओर

Homicide, *n.* (हॉमि-साइड्) killing or killer of a human being. नर हत्या, हत्यारा, घातक

Homily, *n.* (होमिलि) a sermon, a serious discourse or admonition. उपदेश, प्रवचन, धर्मोपदेश संबंधी

Homing, *a.* (होमिंग्) that goes home, (of pigeons) trained to fly home. घर, अपने निवास पर वापिस लौटने के लिये प्रशिक्षित कबूतर

Hominy, *n.* (हॉमिनि) coarsely ground maize boiled in water or milk. पानी या दूध में दली हुई मक्का (दलिया)

Homo, *n.* (होमो) a man. मानव, नर, पुरुष

Homo, *pref.* (हॉमो) in the sense of, the

same, common. 'सदृश अथवा सामान्य' अर्थ का उपसर्ग

Homogeneous, *adj.* (हॉमोजीनिअस्) of the same kind or nature, uniform. समांगी, समरूप, एकजातीय, सजातीय

Homologate, *v.t.* (हमॉलॉगेट्) to admit, to acknowledge, to confirm. अनुसमर्थन करना, समर्थन करना, अभिपुष्ट करना

Homologous, *adj.* (हमॉलॅगस्) having the same relation or relative position. समधर्मी, तुल्य परिमाण का, अनुरूप

Homonym, *n.* (हॉमोनिम्) a word of the same form as another but of different sense. भिन्न अर्थों वाला एक ही उच्चारण पर अन्य अर्थ वाला; *adj.* equivocal. अनेकार्थ शब्द-संबंधी

Hone, *n.* (होन्) whetstone. सान, सिल्ली, धार लगाने वाला पत्थर; *v.t.* to sharpen on a hone. सिल्ली पर हथियार तेज करना

Honest, *adj.* (ऑनिस्ट्) fair and upright in dealing, good, not cheating or stealing, chaste, worthy. निष्कपट, ईमानदार, सच्चरित्र, सच्चा, सात्विक, योग्य

Honesty, *n.* (ऑनिस्टि) uprightness, a kind of plant with purple flowers, truthfulness integrity. सत्यता, खरापन, ईमानदारी; *Honesty is the best policy* (maxim of self-interested morality). सत्यता या ईमानदारी ही सबसे उत्तम मार्ग है

Honey, *n.* (हनि) sweet fluid collected from flowers by bees & c, sweetness. मधु, शहद, मधुरस, मकरंद, माधुर्य, मिठास; *Honey-bee* (a bee that gathers honey). मधुमक्खी; *Honey-suckle* (a climbing shrub, woodbine). पीले फूलों का पेड़, एक प्रकार की बीड़ी या सिगरेट

Honeycomb, *n.* (हनि-कॉम्) the hexagonal cells of wax in which bees collect honey and lay eggs, a cavernous flow in metal, ornamental or other work hexagonally arranged. मधुमक्खी छत्ता.

Honeymoon, *n.* (हनि-मून्) holiday of newly married couple. सुहागरात, सुहाग सप्ताह, प्रमोद काल, नवदंपत्ति का अवकाश; *v.i.* to spend honey-moon (*in, at,* a place). हनीमून मनाना (एक स्थान पर)

Hong, *n.* (हॉंग्) (in China) a set of buildings used as a factory, foreign trading establishment. चीनी माल गोदाम, चीन का विदेश व्यापार भवन

Honk, *n.* (हॉंक्) wild goose's cry, sound of a motor horn. जंगली बत्तख का शब्द, मोटर के भोंपे का शब्द

Honorarium, *n.* (ऑनरेरिअम्, हॉं) the fee paid for professional services. किसी व्यवसाय का शुल्क या पारिश्रमिक, समान वेतन

Honorary, *adj.* (ऑनररि) conferred by way of honour, serving without pay, unpaid. सम्मानार्थ प्रदत्त, अवैतनिक, बिना तनख्वाह का, बिना किसी सेवा के ही पदवी धारण करने वाला

Honorific, *adj.* (ऑनरिफिक्) implying respect. मान या प्रतिष्ठा सूचक

Honour, *n.* (ऑनर्) glory, dignity, high reputation, chastity, good name, a mark of respect. सम्मान, आदर, प्रतिष्ठा (सत्कार), कीर्ति, उदारता, सच्चरित्रता; *v.t.* to venerate, to respect highly, to confer honour on, to accept or pay a bill of exchange when due. प्रतिष्ठा करना, हुन्डी आदि सकारना, उपाधि देना; *Your honour* (his honour). सम्मान दर्शक पदवी, श्रीमान्; *Military honour* (marks of respect paid by troops at the burial of officer, to royalty). सैनिक सम्मान, सलामी; *In honour of* (bound in honour). के सम्मान में, नैतिक जवाबदारी वाला, मन की दृढ़ता

Honourable, *adj.* (ऑनरबल्) bringing honour, upright, generous. माननीय,

Hood, *n.* (हुड्) covering for the head and neck, a thing like a hood, cowl, a badge worn over the gown to show university degree. सिर ढॉंकने का वस्त्र, (कंटोप), विश्वविद्यालय के उपाधि सूचक महावस्त्र के ऊपर का विशेष अलंकार; *v.t.* to cover with hood. ढॅंकना लगाना, ढॉंकना

Hoodie,-dy, *n.* (हूडि) a hooded crow. हुडदार, ढक्कनदार, हुडी, काक

Hoodlum, *n.* (हूड्लम्) a street rowdy. आवारागर्द, लफंगा, गुंडा

Hoodoo, *n.* (हूडू) bad luck. अभाग्य, अपशकुन, दुर्भाग्य, दुर्दैव; *v.t.* जादू डालना, मोहित करना, दुर्भाग्य लाना

Hoodwink, *v.t.* (हूड्-विंक्) to blindfold, to impose on, to

deceive, to humbug. आँखों पर पट्टी बाँधना, ढकना, धोखा देना, आँखों में धूल झोंकना

Hoof, *n. (pl. Hooves)* (हूफ्) the horny casing of the foot of the horse and other equine animals, (joc.) human foot. सुम, टाप, शफ, खुर, खुरदार पशु; *v.t. & i.* to strike with a hoof, to kick, to go on foot. टाप मारना, खुर से मारना, ठोकर मारना, बाहर निकालना; *Hoofpad* (a pad for the hoof of horses). घोड़े के पैर में बाँधने की गद्दी

Hook, *n.* (हुक्) bent piece of wire, bent wire used for catching hold or for hanging things on, (also *fish-hook*) a bent piece of wire for catching fish, a trap, a snare, a stroke in cricket or golf, a curved cutting instrument, a sharp bend. कुलाबा, काँटा, मछली फँसाने की बंसी, जाल; *v.t. & i.* to grasp, to secure, to fasten, to catch (fish, fig. husband) with a hook, to play (ball) round from off to on side without hitting it at the pitch, to drive widely to left side. कँटिया में फँसाना (मछली पकड़ना) झुकाना; *Reaping hook.* घास काटने की दांतरी, हँसिया; *Hook & eye.* काज, हुक, आई; *By hook or by crook* (by fair means or foul). जैसे बने वैसे, येन केन प्रकारेण; *To hook on* (to draw as with a hook). कँटिया से फँसाना

Hooker, *n.* (हुकर्) kinds of small sailing-ships. एक प्रकार का छोटा जहाज

Hooligan, *n.* (हूलिगन्) one of a gang of street roughs. बदमाश, गुण्डागर्दी

Hoop, *n.* (हूप्) a band of metal (for binding cask), a wooden or iron circle trundled by a child, a circle of elastic material for expanding woman's skirt, an iron arch used in croquet. छल्ला, छर पट्टी, घेरा, अँगूठी, कुरसिया का मेहराब; *v.t.* to bind with a hoop, to encircle

Hoop, *v.i.* (हूप्) to cry hoop. हू हू का शब्द करना, ऐसा शब्द; *n.* the cry hoop, the sound heard in hooping-cough. कुक्कुर खाँसी, सूखी खाँसी; *Hooping cough* (a kind of cough in which the patient whoops). कुक्कुरखाँसी, सूखी खाँसी

Hoopoe, *n.* (हूपॉए) a S.-European bird with a large crest. हुदहुद पक्षी

Hoosh, *n.* (हूश्) (sl.) a hotch-potch in Arctic travel. शीत कालीन यात्रा में हुश!

Hoot, *v.i. & t.* (हूट्) to make a loud sound especially in contempt, (of owl) to utter cry, to sound. घृणा से धिक्कारना, चीखना, शोरगुल मचाना, उल्लू की तरह चिल्लाना, छी-छी करना, मोटर हार्न या साइरन बजाना

Hootch, *n.* (हूच्) a strong drink. पेय (व्हिस्की, गैर कानूनी तरीके से खींची शराब)

Hoove, *n.* (हूव्) a cattle disease, with stomach inflation due to green fodder. अफरा, अफराव, बादी

Hooverize, *v.i.* (हूव्हराइझ्) to economize, especially in use of food. कमी करना- विशेषत: खाने के विषय में

Hop, *n.* (हॉप्) a plant with bitter cones to flavour beer etc., hopping, dance, (*pl.*) these cones. एक प्रकार की चिरस्थाई लता, कूदफाँद, उछाल, नाच; *v.t. & i. (p.t. -ped)* to bear, gather, hops, to flavour with hops. एक पैर के बल या चारों पैरों से कूदना, तुरंत प्रस्थान करना; *To hop the twig or stick* (to depart suddenly, die). अकस्मात चले जाना, मरना

Hope, *n.* (होप्) expectation and desire, trust, anticipation, probability, a person or thing that hope centres in. आशा (इच्छा), मनोरथ (भरोसा); *v.i. & t.* to look with expectation, to expect and desire, to feel hope. आशा करना, भरोसा करना; *Hoping against hope* (clinging to a mere possibility). व्यर्थ की आशा करना

Hopeful, *adj.* (होप्-फुल्) feeling hope, full of hope, promising. आशायुक्त, मनोरथ (भरोसा), आशाजनक (होनहार)

Hopper, *n.* (हॉपर्) a person etc. that hops, a hopping-insect, a device, an inverted pyramid or cone, for feeling grain into mill, a barge or vessel for carrying away mud. उछलने वाला कीड़ा, हाँप चुनने वाला

Hopple, *v.t.* (हॉपल्) to fasten together legs of (a horse etc.). दोनों पैरों को बाँधकर, नियन्त्रण में करना, छाँदना

Horde, *v.t.* (होई) a band of nomads, a gang, troop. ओर्दू, घुमक्कड़ों का जत्था, खानाबदोश जाति, भीड़, झुंड

Horizon, *n.* (होराइ-ज़न्) the line at which the earth and the sky appear to meet, limit, a boundary of mental outlook. क्षितिज, परिधि, दिक्चक्र, संस्तर, संस्तर स्थिति, समतल रेखा

Horizontal, *adj.* (हॉरिज़ॉन्टल्) parallel to the plane of the horizon, at right angles to the vertical level. क्षितिज संबंधी, क्षितिज के समांतर, समतल, सपाट, अनुप्रस्थ

Hormone, *n.* (हॉर्मोन्) kinds of internal secretion that pass into the blood and stimulate the organs to action. अंतःस्राव

Horn, *n.* (हॉर्न्) curved and pointed excrescence on the head of cattle & c, a drinking vessel, projection on the head of other animals, deer-antler, a thing or vessel made of horn, a wind-instrument. सींग, प्याला, बारुद रखने का डिब्बा, शृंगिका, स्पर्शसूत्र, स्पर्शिका; *v.t. & i.* to furnish with horns, to gore with the horns, to adjust (frame of a ship) at right angles to the line of keel. सींग लगाकर सजाना, सींग तोड़ना, अवैध घोषित करना, सींग मारना, सींग घोपना, धक्का करना; *To draw in one's horn* (to restrain one's ardour, to draw back). अपने जोश को रोकना; *Horn of plenty* (cornucopia). आवेश को थामना, स्मृद्धि; *Horn mad* (stark mad). एकदम पागल, सिरफिरा; *Horn-plate* (axle guard of railway carriage). रेलगाड़ी के पहियों का रक्षक

Hornblende, *n.* (हॉर्न् ब्लेन्ड्) a mineral of various colours found in granite. खनिज

Horner, *n.* (हॉर्नर्) maker of horn combs etc., one who blows a horn. हार्न बजाने वाला, सींग व्यापारी, तुरही बजाने वाला, कुलटा पत्नी वाला

Hornet, *n.* (हॉर्निट्) a large species of wasp. हाड़ा, भिड़, बर्रे, वरट; to bring hornets nest about one's ears. अधिक कट्टर शत्रु अपने आस-पास इकट्ठे करना

Hornpipe, *n.* (हॉर्न् पाइप्) an old wind instrument, (music for) a lively dance, esp. of sailors. प्राचीन ढंग की शहनाई, एक पाश्चात्य नृत्य, इस नृत्य का संगीत

Horny, *adj.* (हॉर्नि) like a horn, hard as horn, callous. सींग की तरह कड़ा

Horologe, *n.* (हॉरलॉज्) a timepiece, a clock, a dial. छोटी या बड़ी घड़ी

Horology, *n.* (हरॉलजि) art of measuring time or making clocks. होरा विज्ञान, घड़ियाल निर्माण

Horoscope, *n.* (हॉरोस्कोप्) configuration of the heavens at certain moment, esp. at one's birth. जन्म पत्रिका; *To cast a horoscope.* जन्म पत्रिका तैयार करने की विद्या

Horrent, *a.* (हॉरन्ट्) bristling. लोमहर्षक, रोमांचक

Horrible, *adj.* (हॉरिबल्) exciting horror, hideous, shocking; unpleasant. भीषण कराल, विकट, भयंकर, भयानक, विद्रूप

Horrid, *adj.* (हॉरिड्) horrible, terrible, unpleasing. उग्र, भीषण, कराल, विकट, लोम हर्षक, भयानक, भयंकर

Horrify, *v.t. (p.t. Horrified)* (हॉरिफाय्) to strike with horror, to excite torror in, to shock. संत्रस्त करना, भयभीत करना

Horror, *n.* (हॉरर्) terrified shuddering, a dreadful shivering, terror, intense dislike or fear. कँपकँपी (भय), अति घृणा; *The horrors* (a fit of horror or depression, esp. as in delirium tremens). अधिक मदिरा पान से होने वाली दशा

Hors, *a. & prep.* (हार्स) outside. के बाहर, बाह्य; *hors concours* (not competing for a prize). पारितोषिक के लिए प्रदर्शित न किए हुए; *Hors de combat.* (हॉर्डकौंबा); *out of fight* (disabled). लड़ने में असमर्थ, जखमी, अशक्त

Horse, *n.* (हार्स्) a solid-hoofed quadruped used as a beast of burden or for riding, cavalry, a gymnastic vaulting horse. घोड़ा, अश्व, घुड़सवार; *v.t. & i.* to provide with a horse, to carry (a person) on, on horse back. घोड़े पर सवार होना, घोड़े की तरह चलाना, पीठ पर ले जाना (काम के

लिए); *Horse-clothes* (a cloth for covering a horse). घोड़े का ओहार; *Horsebreak* (one who trains a horse). अश्वशिक्षक, घोड़े फेरनेवाला; *To mount, to ride, the high horse* (to put on airs). ऐंठ या हेकड़ी दिखाना; *To eat, to work* (like a horse). घोड़े की तरह खाना पीना, काम करना; *On horseback*. घुड़सवार; *Horse-block* (a small platform for mounting horse). घोड़े पर चढ़ने के लिये छोटी तिपाई; *Horse-breaker* (one who trains or breaks in horses). घोड़े को सिखाने, सधाने वाला, सईस; *Horse-fly* (a fly that stings horses). किलनी; *Horse-chestnut* (a tree with conical clusters, its fruit). शंख के आकार के फलों वाला पेड़; *Horse coper* (a horse-dealer). घोड़ों का सौदागर; *Horse hair*. घोड़े की अयाल के बाल; *Pack horse* (a horse of burden). लद्दू घोड़ा; *Horse-laugh* (a loud coarse laugh). जोर की हँसी; *Horse-leech* (a large kind of leech, an insatiable person). बड़ी जोंक, कभी तृप्त न होने वाला व्यक्ति, अतृप्त; *Horse play* (boisterous play)

Horse-artillery, *n.* (हॉर्स्-आर्टिलरि) artillery of mounted gunners. तोप

Horseman, *n.* (हॉर्समैन्) a rider on horseback. सवार, घुड़सवार, सईस

Hortative, *adj.* (हॉर्टेटिव्ह्) serving to exhort, advisory. उत्तेजक, प्रेरक, उत्साह दिलानेवाला, प्रोत्साहक, उपदेशात्मक, उद्‌बोधक

Horticulture, *n.* (हॉर्टि-कल्चर्) the art of gardening, the art of cultivating gardens. उद्यान विद्या, बागवानी; *adj.* pertaining to the culture of gardens. उद्यानविद्या (बाग बानी) संबंधी

Hose, *n.* (होझ्) stockings, a flexible tube for watering plants. मोजा, पौधों पर पानी छिड़कने की नली; *v.t.* to provide with a hose, to water with a hose. मोजे देना, (या पहिनाना)

Hosier, *n.* (होझर्) one who deals in hosiery. मोजे का व्यापारी

Hospice, *n.* (हॉस्पिस्) a travellers house of rest kept by religious order, a home for the destitute or sick. बीमारों के रहने का स्थान, धर्मशाला, शरणस्थल, आश्रम

Hospitable, *adj.* (हॉस्पिटेबल्) given to hospitality, kind to strangers and guests. अतिथि सत्कार करने वाला

Hospital, *n.* (हॉस्पिटल्) an institution for care of the sick and wounded, a charitable institution. आरोग्यशाला, अस्पताल, चिकित्सालय, धर्मार्थ संस्था

Hospitality, *n.* (हॉस्पिटॅलिटि) friendly reception of guests or strangers. मेहमान निवाज़ी, आतिथ्य, मेज़बानी, पहुनाई

Hospitaller, -aler, *n.* (हॉस्पिटलर्) a member of charitable religious order, a chaplain in a hospital. रोगी सेवक, धर्मार्थ संस्था का सदस्य

Host, *n.* (होस्ट्) large number, an army one who entertains or lodges another. समुदाय, सेना, आतिथ्य करने वाला; *Hosts of heaven* (the sun, moon, stars, angels). सूर्य, चंद्र तारे-देवदूत आदि

Host, *n.* (होस्ट्) one who entertains another as a guest, landlord of an inn; an animal or plant having parasite. परिचारक, मेज़बान, आतिथेय, सराय मालिक, होस्ट, रोटिका. *To reckon without one's host* (to overlook difficulty). कठिनाइयों की उपेक्षा करने वाला

Host, *n.* (होस्ट्) bread consecrated in the Eucharist. पवित्र भोजन (ईसाइयों का)

Hostage, *n.* (हॉस्टिज्) a person or thing given as a pledge, a pledge, security. प्रतिभू (जमानत) के रूप में शत्रु को प्रदत्त व्यक्ति

Hostel, *n.* (हॉस्टल्) an inn, a house of residence for students, a lodging-house. सराय, विद्यार्थियों के रहने का स्थान, छात्रावास; **Hostelry,** *n.* (-रि) an inn. सराय, धर्मशाला

Hostile, *adj.* (हॉस्टाइल्) of an enemy, opposed, inimical, adverse, unfriendly. विरुद्ध, बैरी, विपरीत

Hostility, *n.* (हॉस्टिलिटि) enmity, warfare, *(pl.)* hostile proceedings. शत्रुता, विरोध

Hostler, *n.* (ऑस्लर्) one who takes care of horses at an inn. सराय में घोड़ों की देख-रेख करने वाला

Hot, *adj. (comp.-ter, sup. -test)* (हॉट्) of high temperature, very warm,

pungent, ardent, feeling heat, eager, excited, violent, furious. उष्ण, गरम, अति उष्ण, तीव्र, तीता, चरपरा, उत्सुक, उत्तेजित, तीखा, क्रोधी, काम पूर्ण, रति पूर्ण, खतरनाक; *a.* hotly, eagerly, angrily. उत्सुकता, जोश, क्रोध से; *v.t.* to heat, to warm *up*. गरम करना, उष्ण करना, तपाना; *Hot & hot* (of food), गरम-गरम भोजन; *Give it him hot*, chastise hime severely. चिताना, चेतावनी देना; *Hotbed* (a manured field). खाद डालकर तैयार की हुई जमीन; *To make it too hot for one* (to make the place too hot to hold him). हाथ धोकर किसी के पीछे पड़ना; *Hot air*. क्रोध में बोलना; *Hot blast*. गरम भट्टी; *Hot-blooded* (ardent, passionate). अत्याधिक क्रोधी; *Hot-brained* (hot-headed). गरम मिजाज वाला व्यक्ति, अविचारी; *Hot house* (a glass-house). कोमल वनस्पतियों को गरम रखने का शीशे का मकान; *Hot foot* (in hot haste). जल्दबाजी, उतावली करना; *Hot head* (a hasty person). उतावला व्यक्ति; *Hot-press* (a machine for pressing paper). कागज इत्यादि को दबाने का चौप कल

Hotchkiss, *n.* (हॉचकिस्) a kind of machine-gun. एक प्रकार की स्वचालित गन

Hotchpotch,-pot, *n.* (हॉच्-पॉच्,-पॉट्) dish of many ingredients, jumble, medley, blending of properties for the purpose of securing equal division. खिचड़ी, गड़बड़झाला

Hotel, *n.* (होट्ल्) a large inn, a house for travellers. सराय (धर्मशाला), भोजनालय

Hottentot, *n.* (हॉटन्टॉट्) a member of a S.-Afr. race, a person of inferior intellect or culture. दक्षिणी अफ्रीका की एक जाति

Hough, Hock, *n.* (हफ़्, -हॉक्) the joint on the hind leg of a quadruped between the knee and fetlock, the ham. (जानवर का) जानुसंधि का पिछला भाग, पिछला घुटना, पिछले घुटने और गमची के बीच का जोड़ (मनुष्य); *v.t.* to hamstring. घुटने की नसें काट कर पंगु कर देना

Hound, *n.* (हाउन्ड्) a dog for the chase, a player who follows scent in the game of 'hare and hounds', a despicable man. शिकारी कुत्ता, लुटेरा, कमीना, नीच; *v.t.* to chase, to pursue, to set on the chase. तलाश करना, पीछे पड़ जाना, उकसाना, किसी को पीछे लगाना, लहकाना

Hour, *n.* (अवर्) 60 minutes or twenty-fourth part of day, a short time. साठ मिनट अथवा दिन का चौबीसवाँ भाग, समय, घड़ी के अनुसार; *At the eleventh hour* (at a late stage). आखिरी क्षण में; *In a good hour* (luckily). भाग्य से, दैवयोग से; *In an evil hour* (unluckily). दुर्भाग्य से; *Hourhand* (the hand which shows the hour on a clock or watch). घड़ी की घंटा दिखाने वाली छोटी सूई

Houri, *n.* (हूरि, हॉवरि) a nymph of Mohammedan paradise, voluptuously beautiful woman. हूरा, परी, अप्सरा, दिव्यांगना, कामिनी, सुन्दरी

Hourly, *a.* (अर्लि) every hour. प्रति घंटा, घंटे-घंटे बाद, निरन्तर, लगातार; *In a good hour* (on a good occasion). सुअवसर में; *The question of the hour* (the question of the time). इस समय का प्रश्न, प्रस्तुत विषय

House, *n.* (हाऊस्) a dwelling-place, a building for habitation or for some specified purpose, a family, an assembly, a business firm, (a place of abode of) religious fraternity, (an audience in) a theatre. मकान, गृह, घर, सदन, भवन, निवास, सराय, सार्वजनिक गृह, सामूहिक गृह, परिवार, वंश, कुल, खेल-तमाशे; *v.t. & i.* to stelter, to receive (a person etc.), to store in a house, to place gun in a secure position, to provide houses for the population. ढाँप कर रखना, बचाना, आश्रय देना, जमा करना, एकत्रित करना, घर में रखना; *House of God*. देवालय, मंदिर; *Hen-house*. मुर्गीखाना, दड़बा; *House of Parliament*. संसद भवन, संसद; *The house*. धर्मशाला; *Housemaid* (a maid-servent). दासी; *The house of Windsor*. ब्रिटिश राजघराना; *House of ill fame* (a brothel). बदनाम जगह, वेश्यालय; *House & home* (home). गृह; *To bring down the house*. सारा सभागार वाहवाही से गूँज उठना; *To keep house*. अलग घर बसाना; *To keep open house* (to provide general hospitality). घर के द्वार खुले रखना, आतिथ्य

के लिये सदैव उद्यत; *To keep the house* (not to go outdoors). घर में घुसे रहना; *House-boat* (a boat fitted up for living in). झील या सरोवर में घर जैसी सुविधा वाली नौका; *House master*. गृह स्वामी; *House surgeon* (resident doctor of a hospital). अस्पताल में सात दिन रहने वाला डाक्टर या सर्जन

Housebreaker, *n.* (हाउस्-ब्रेकर्) a burglar, a man employed for demolishing old house. सेंधमार, चोर, उचक्का, गृह बेधक

Household, *n.* (हाउस्-होल्ड्) inmates of a house, family. परिवार, वंश, कुल, गृहस्थी; *Household gods* (family gods). कुलदेवता; **Householder,** *n.* (-होल्डर्) one who occupies a house as his own dwelling. गृह स्वामी, मकान मालिक

Housemaid, *n.* (हाउसमेड) a maid-servant (in charge of room-cleaning, & c.). नौकरानी, परिचारिका

Housewife, *n.* (हाउस्-वाइफ्) the mistress of a house, domestic manager. गृहिणी; घरनी, मालकिन

Housewifely, *a.* (हाउस्-वाइफ़्लि) domestic, prudent. गृहस्वामिनीवत्

House-wifery, *n.* (हाउस्-विफ़्रि) domestic economy, housekeeping. गृह प्रबंध, गृह व्यवस्था, घरदारी, गृहस्थी

Housing, *n.* (हाउज़िंग्) horse-cloth, horse's covering for protection, *(pl.)* the trapping of a horse. गृह प्रबंध, घोड़े का ओहार, गृह आश्रय

Hovel, *n.* (हॉव्हल्) an open shed for sheltering, a shed, an outhouse, a mean dwelling. झोपड़ी, पर्णशाला, कुटी, मड़ैया, सायबान, खाँचा

Hoveller, *n.* (हॉव्हलर्, हव्हलर्) an unlicensed pilot or boatman. नाबाड़ी, बेलाइसेंसी, आर्कोटी, होवेलर (जलपोत)

Hover, *v.i.* (हॉव्हर्) to hang in the air, to loiter about. फड़फड़ाना, लटके रहना, मँडराना, आगा-पीछा करना, सेना; *n.* a walk. परिभ्रमण, टहलान

How, *a.* (हाउ) in what manner or way, by what means, to what extent?, (in indirect, rhet.) that. कैसे?, कब तक, किस तरह से, कब, किस स्थिति में, ऐसा कैसे, कितना, क्योंकि; *n.* the way in which, in whatever way. किसी भी तरह, इस प्रकार; *Howbeit* (however). तथापि; *How do you do?* what is your state of health? आप कैसे है? आपका स्वास्थ्य कैसा है?; *Howelse* (otherwise how). नहीं तो कैसे; *How's that* (is he out or not?). वह आउट हुआ कि नहीं; *How long?* (up to what tune?). कब तक?; *How now?* (why is this so?). इसके मानी; *Howsoever* (although, however). कैसे ही, किसी प्रकार से

Howdah, *n.* (हाउडा) a seat on elephant's back. अंबारी (हाथी की पीठ पर रखा हौदा)

Howitzer, *n.* (हव्ज़र्) a short gun firing shells at high elevation. बंदूक, तोप

Howl, *v.i. & t.* (हाउल्) to roar, to utter a long loud cry, to cry like a dog or wolf, (of person) to utter long cry of pain. गर्जना, गुर्राना, जोर से चिल्लाना, हाहू, दहाड़ना; *n.* a long doleful cry of a dog, wolf, a loud cry of pain, a yell of derision, (Broadcast) whining noise in the receiver during tuning in. चीख, रुदन, आक्रंदन, चिल्लाहट

Reclaim, *v.t. & i. & n.* (रिक्लेम्) to win from vice or error, to recover, to reform, to win back, to tame, to bring into a state of cultivation. पुनः प्राप्त करना, सुधारना, पालना, उपजाना

Reclinate, *adj.* (रेक्लिनाइनेट्) bending downwards. नीचे की ओर झुका हुआ

Recline, *v.t. & i.* (रिक्लाइन्) to lie or lean on one side to rest, to rely. झुकना, सहारा लेना, विश्राम करना, आश्रित होना

Recluse, *adj. & n.* (रिक्लूस्) living in retirement or isolation, a hermit or anchorite. निर्जन या एकान्तवासी, संन्यासी

Recoat, *v.t.* (रीकोट्) to lay a second coat. दूसरा अस्तर (या रंग) लगाना

Recognition, *n.* (रेकॉग्निशन्) act of recognizing, acknowledgement. पहचान, मान्यता, स्वीकृति

Recognizable, *adj.* (रेकॅग्नाइज़ेबल्) that may be recognized. पहिचानने योग्य, प्रमाणित करने योग्य

Recognizance, *n.* (रेकॉग्निझन्स्) declaration of a bond, a legal obligation entered into before a magistrate not to do particular acts. अंगीकारपत्र, मुचलका, जमानत

Recognizant, *adj.* (रिकॉग्निझन्ट्) having consciousness of something. किसी पदार्थ का ज्ञान सूचित करनेवाला

Recognize, *v.t.* (रेकग्नाइझ्) to know again, to identify as known before, to acknowledge validity of, to re-examine. पहिचानना, मान्यता, स्मरण करना, स्वीकार करना, फिर से परीक्षा करना

Recoil, *v.i.* (रिकॉइल्) to retreat, to start back, to retire, to shrink in horror or disgust or fear, to rebound after impact. पीछे हटना, भाग जाना, झिझकना, ठिठकना; *n.* the fact or sensation of recoiling. प्रतिक्षेप करना, पीछे की ओर हटाव, झिझक, ठमक; **Recoiling,** *adj.* (-इङ्ग्) starting back. पीछे, हटानेवाला

Recollect, *v.t.* (रेकलेक्ट्) to succeed in remembering, to recall in mind, to gather up again, to collect again. मन में स्मरण करना, याद करना; **Recollection,** *n.* (-शन्) person's memory or time over which it extends, the power of recollecting. स्मरण, यादगार

Recommend, *v.t.* (रेकमेन्ड्) to commend as fit for employment, to commit to the care of, to begin, serve as recommendation of. सौंपना, योग्य बतलाना, सौंप देना, संस्तुति करना, स्तुतिपूर्वक करना; **Recommendation,** *n.* (-एशन्) a letter of recommendation. संस्तुति पत्र, सिफारिश

Recommit, *v.t.* (रीकॉमिट्) to commit again, to refer a second time. फिर से सौंपना, दुबारा हवाले करना

Recompense, *v.t.* (रेकम्पेन्स्) to make amends to, to requite, to compensate. प्रतिफल देना, क्षति पूर्ति करना, पुरस्कार; *n.* reward, an equivalent returned for something, requital. बदला, पारिश्रमिक, इनाम, निस्तार, प्रतिफल

Recompose, *v.t.* (रीकम्पोज़्) to form in a new way again, to quieten. नये सिरे से बनाना, शांत करना

Reconcile, *v.t.* (रेकन्साइल्) to make friendly after estrangement, to set a quarrel, to heal up, to conciliate, to bring to agreement, to harmonize. झगड़ा मिटाना, संधि कराना, सन्तुष्ट करना, एकता करना; **Reconciliation,** *n.* (-सिलिएशन्) friendship after estrangement, the state of being reconciled. समाधान, विरोध की शान्ति

Recondite, *adj.* (रेकन्डाइट्) hidden from view. or intellect, abstruse, obscure. गूढ़, गुप्त, छिपा हुआ

Recondition, *v.t.* (रीकन्डिशन्) to overhaul, to fit again. फिर से बैठाना

Reconfirm, *v.t.* (रीकन्फर्म्) to confirm again. फिर से स्थिर या पुष्ट करना

Reconnaissance, *n.* (रिकॉनिसन्स्)

military or naval examination of tract by detachment to locate enemy or ascertain strategic features. अनुसन्धान, किसी स्थान की सैनिक परीक्षा

Reconquer, *v.t.* (रीकॉङ्कर) to regain, to conquer again. पुनः प्राप्त करना, फिर से जीतना

Reconsider, *v.t.* (रीकन्सिडर) to review. फिर से देखभाल करना

Reconstitute, *v.t.* (रीकन्स्टट्यूट) to reconstruct. पुनर्निर्माण करना

Reconstruct, *v.t.* (रीकन्स्ट्रक्ट) to rebuild. फिर से मरम्मत करना या बनाना

Recovert, *v.t.* (रीकन्वर्ट) to convert again. फिर से पलटना

Reconvey, *v.t.* (रीकन्वे) to convey back. फिर से ले जाना

Reconveyance, *n.* (रीकन्वेएंस) the act of reconveying. वापसी

Record, *n.* (रिकॉर्ड) recorded state, register, official report of proceedings, remembrance, a public document, facts known, the plate of gramophone. ज्ञात-प्रमाण, लेख-प्रमाण, लिपिबद्ध करना, यादगार, सरकारी कागज, ज्ञात तथ्य, ग्रामोफोन बाजे का तवा

Recorder, *n.* (रिकॉर्डर) one who records. दफ्तर का कागज रखनेवाला

Recount, *v.t.* (रिकाउन्ट) to narrate the particulars of, count again, to tell in detail. वर्णन करना, विस्तार सहित कहना, फिर से गिनना, पुनर्गणना

Recoup, *v.t.* (रिकूप) to recompense, to make a deduction, to make good, to compensate, to indemnify. क्रम करना, पूरा करना, हानि की पूर्ति करना

Recourse, *n.* (रिकोर्स) resorting to some source of help, thing resorted, helper, a flow or running-back, return. आश्रय, आलम्ब (सहायता), सहायक, पीछे की ओर बहाव या चाल, वापसी; *To have recourse to* (adopt as helper). सहारा लेना

Recover, *v.t. & i.* (रिकवर) to regain possession or use or control of, to cure, to reclaim, to bring or come back to life, to secure, to regain health or consciousness. to get over, cease to feel effects of, retrieve. फिर से प्राप्त करना, रोग से विमुक्त होना, चंगा होना, सँभालना, पूर्व-स्थिति पर पहुँचना, होश में आना

Recoverable, *adj.* (रिकवरेब्ल) able to be recovered or restored. आरोग्य होने योग्य, पुनः प्राप्त करने योग्य; **Recovery,** *n.* (-इ) restoration of something, restoration. पुनर्लाभ, आरोग्य-प्राप्ति, स्वास्थ्यलाभ, समुत्थान

Recreant, *v.t. & i.* (रेक्रिअन्ट) cowardly, apostate, false, amean-spirited wretch. डरपोक, धर्मभ्रष्ट, झूठा, पतित, नीच

Recreate, *v.t. & i.* (रेक्रिएट) to refresh, entertain, to reanimate, to amuse, to occupy agreeably, to create again. सचेत करना, ताजा करना, आनन्द करना, मनोरंजन करना, सन्तुष्ट करना, फिर से उत्पन्न करना; **Recreation,** *n.* (-एशन) refreshment after labour, amusement. विश्राम, मनोरंजन; **Recreative,** *adj.* (-इव) tending to refresh. आनन्द देनेवाला, मनोरंजक

Recrement, *n.* (रेक्रिमेन्ट) waste product, refuse, fluid which is separated from the blood and is again absorbed in it. खाद, पित्त, लार इत्यादि जो रुधिर से अलग होता तथा फिर इसमें मिल जाता है

Recriminate, *v.i.* (रिक्रिमिनेट) to indulge in mutual counter charges, to accuse in return. उलटा दोष या कलंक लगाना, परस्पर अभियोग लगाना

Recrimination, *n.* (रिक्रिमिनेशन) a counter accusation, indulging in mutual charges. परस्पर दोष का आरोपण

Recross, *v.i.* (रीक्रॉस) to cross a second time, to cross-examine again. दुबारा पार करना, दुबारा जिरह करना

Recrudesce, *v.i.* (रीक्रुडेस) to break out again. फिर से उभड़ आना या निकल आना

Recrudescence, *n.* (रीक्रुडेसन्स) fresh or renewed outbreak. आरोग्य होकर फिर से रोगी होने की अवस्था, फैलना, पुनरुद्भव

Recruit, *n.* (रिक्रूट) newly enlisted and not yet trained soldier. नई भर्ती, नया सिपाही, नौ सिखा सैनिक, संस्था का नया सभासद; *v.t. & i.* to enlist recruits, to recover in health, to re-invigorate,

to refresh. नया सिपाही भर्ती करना, स्वस्थ होना, प्रकृति सुधारना, नया बल प्राप्त करना, ताजा करना; **Recruital,** *n.* (-अल्) enlistment. सेना मे नई भर्ती करने का कार्य; **Recruiter,** *n.* (-अर्) one who recruits. नये सैनिक भर्ती करनेवाला; **Recruitment,** *n.* (-मेन्ट्) the act of enlisting men in an army. रँगरूट की भर्ती

Rectal, *adj.* (रेक्टल्) of the rectum. गुदा-संबंधी

Rectangle, *n.* (रेक्टंगल्) a plane rectilinear four-sided figure with four right angles, the opposite sides of which are equal and parallel and all the four angles are right angles. सम चतुष्कोणाकृति, आयत

Rectangular, *adj.* (रेक्टैंग्युलर्) shaped like a rectangle, right-angled. समकोण चतुर्भुज के आकार का, आयातकार

Rectify, *v.t.* (रेक्टिफाय्) to put right, to correct, to adjust, to make right what is wrong, to get rid of, exchange for what is right, abolish. शुद्ध करना, ठीक करना, गलती सुधारना, समाधान करना, छुटकारा पाना

Rectilinear,-eal, *a.* (रेक्टिलिनिअर्, -निअल्) in a straight line, bounded or characterized by straight lines. सीधी रेखाओं से घिरी या बनी हुई

Rectitude, *n.* (रेक्टिट्यूड्) moral uprightness, correctness, honesty. सदाचार, सच्चाई, ईमानदारी

Recto, *n.* (रेक्टो) right hand page of open book, front of leaf. खुली हुई पुस्तक का सीधी ओर का हिस्सा, पृष्ठ का अगला भाग

Rector, *n.* (रेक्टर्) the person of a parish, a clergymen, the head of a university or college. पादरी, विश्वविद्यालय का अध्यक्ष

Rectress, *n.* (रेक्ट्रेस्) a female rector. स्त्री अध्यक्ष

Rectum, *n.* (रेक्टम्) the end of the large intestine. बड़ी आँत का अन्तिम छोर जो गुदा में मिला होता है, बड़ी आँत, मलाशय

Recumbency, *n.* (रिकम्बन्सि) the state of being recumbent, idle state. झुकाव, लेटी हुई हालत, विश्रान्ति, आराम करना

Recumbent, *adj. & n.* (रिकम्बन्ट्) lying down, inactive, leaning, reclining, reposing. झुका हुआ, करवट पर लेटना, आड़ा या तिरछा लेटना, पासा लेना

Recuperate, *v.t. & i.* (रिकुपरेट्) to restore, to recover from illness, to regain pecuniary loss. रोगनिवृत्त होना, धन की हानि पुनः प्राप्त करना; **Recuperative,** *adj.* (-टिव्) pertaining to recovery from illness. आरोग्य-संबंधी

Recur, *v.i.* (रिकर्) to go back in thought, to come up again in the mind. फिर से ध्यान में आना, स्मरण होना

Recurrence, *n.* (रिकरन्स्) return. पुनर्घटना, पुनरागमन, फिर से आवृत्ति

Recurrent, *adj.* (रिकरंट्) returning again. बार-बार होनेवाला आवर्तक; **Recurrently,** *a.* (-लि) in a recurrent manner. आवर्तक रूप में

Recurve, *v.t. & i.* (रिकर्व्) to bend backwards. पीछे की ओर घूमना या घुमाना

Recusance, *n.* (रिकुजन्स्) obstinacy. विरोध, हठ; **Recusant,** *n.* (-जन्ट्) one who refuses to submit to authority, obstinate in refusing. अधिकार का विरोधी, अस्वीकार करने में हठी

Red, *adj. (comp. -der, sup. -dest)* (रेड्) of the colour of blood, burning, violence or revolution. लाल रंग का, आरक्त लोहित, रुधिर के रंग का, क्रांतिकारक; *Red admiral* (a kind of butterfly). एक प्रकार की तितली; *Red flag* (a sign of danger). भय-सूचक चिन्ह; *Red Indian* (the copper-coloured Indian of North America). उत्तरी अमेरिका के प्राचीन निवासी; *Red with anger* (flushed in the face). क्रोध से मुख लाल किए हुए; *With red hands* (stained with blood

Redact, *v.t.* (रीडॅक्ट्) to arrange for publication, to put into literary form, edit. प्रकाशित करने के लिए क्रम में रखना, रचना करना, सम्पादन करना; **Redaction,** *n.* (-शन्) preparing for publication, new edition. प्रकाशन के लिए तैयारी, संग्रह, नवीन संस्करण

Redan, *n.* (रिडॅन्) a projection in the wall of a fort. किले की दीवार का उभाड़

Redd, *v.t* (रेड्) to arrange, to clear up, to tidy, to put right. स्वच्छ करना, क्रम में करना, व्यवस्थित करना, कंघा करना

Redden, *v.t. & i.* (रेडन्) to become red, to blush. लाल होना या करना, शर्माना, ताम्रवर्ण

Reddish, *adj.* (रेडिश्) rather red, somewhat red. कुछ लाल, रक्तिम; **Reddishness,** *n.* (-नेस्) moderate redness. थोड़ी लाली

Rede, *v.t.* (रीड्) to advise, to read (riddle). सलाह देना, परामर्श देना, गुत्थी सुलझाना; *n.* advice, counsel, tale. सलाह, मशविरा

Redeem, *v.t.* (रीडीम्) to buy back, to recover by expenditure of effort, to ransom, to save, to make amends for, deliver from sin. फिर मोल लेना, पुनः क्रय करना, पैसे भरकर छुड़ाना, बचाना, मुक्त कराना, प्रायश्चित करना, बदला देना; **Redeemer,** *n.* (-अर्) one who radeems. पैसे देकर छुड़ाने वाला

Redeliberate, *v.t.* (रिडेलिबरेट) to reconsider. फिर विचार करना

Redeliver, *v.t.* (रिडिलिवर) to deliver again. फिर से सौपना

Redemand, *v.t.* (रिडिमान्ड) to demand second time. दुबारा माँगना

Redemption, *n.* (रिडेम्पशन्) deliverance from sin by atonement, ransom, repurchase, thing that redeems.. प्रायश्चित्त द्वारा पाप से मुक्ति, धन देकर मुक्त करने का साधन या कार्य, दुबारा मोल लेने का काम

Redintegrate, *v.t.* (रेडिनटिग्रेट्) to restore, to perfect state, to renew, re-establish. पुनरोद्धार, पूरा करना, नया करना; **Redintegrator,** *n.* (-टर्) one who renews. नया करनेवाला

Redirect, *v.t.* (रीडायरेक्ट्) to re-address, to direct again. फिर से निर्दिष्ट करना, पता बदलकर भेजना, सन्धान करना

Redolent, *adj.* (रेडोलन्ट्) emitting odour, smelling strongly of, fragrant, possessing a sweet smell. सुगन्धित, अच्छी गन्ध का, तीव्रगंध दर्शक; *To make redolent* (to make fragrant). सुवासित करना, बासना

Redouble, *v.t. & i.* (रिडबल्) to intensify, to multiply, to increase. दुगुना करना, अधिक करना, दुहराना

Redoubt, *n.* (रिडाउट्) a small temporary fort, an outwork. गढ़ किला, घुस्स, कोट; *v.t.* to fear. डरना

Redoubtable, *adj.* (रिडाउ-टेबल्) terrible, formidable. भयंकर, प्रचंड

Redound, *v.i.* (रिडाउन्ड्) to make contribution in the end, to come as final result. फायदेमन्द होना, अन्त में सम्पादन करना, परिणाम के रूप में निकलना

Redress, *v.t.* (रिड्रेस्) to put right again, to remedy, re-adjust, to set right, to rectify. ठीक कर देना, औषधि करना, फिर से दुरुस्त करना, संस्कार करना, बदल देना, टोटा पूरा करना; *n.* redressing, deliverance form oppression. कष्ट या पीड़ा से मुक्ति, ठीक कर देना, मुआवजा देना

Redsear, *v.t.* (रेड्सिअर्) to break a thing when red-hot. किसी वस्तु को लाल गरम होने पर तोड़ना

Red-short, *adj.* (रेड्-शॉर्ट्) breaking when rehot, brittle. तपाने पर टूटनेवाला, कुड़कीला

Red-tape, *n.* (रेड-टेप्) one who makes excessive use of formalities. आचार में अधिक ध्यान देनेवाला; *Red-tapism* (strict adherence to official formalities. सरकारी दफ्तरों के कानून कायदों की कड़ी पाबन्दी, लालफीते की कार्यवाही

Reduce, *v.t.* (रिडयूस्) to bring back to original position, lower, weaken, impoverish, to make suitable, to subdue, convert to another form, to diminish, suit or adapt to. पूर्व स्थिति में पहुँचाना, योग्य बनाना, अधीन करना, निर्बल करना, कम करना; *Reduced circumstances* (extreme poverty). दरिद्र अवस्था; *Reduced in body* (lean and thin). क्षीणशरीर, दुर्बल; *To reduce to ashes* (to turn to ashes). भस्म करना; *To reduce to a system* (to restore to a systematic condition). व्यवस्था करना; *To reduce to a skeleton* (to turn to a skeleton). ठठरी बना देना; **Reducer,** *n.* (-अर्) he who or that which reduces. कम करनेवाला; **Reducible,** *adj.* (-इब्ल्) able to be reduced. कम करने योग्य

Reduction, *n.* (रिडक्शन्) the act of reducing , diminution, subjugation, a rule in arithmetic. न्यूनता, कमी,

लघु रूप देना, नकशे का छोटा रूप बनाना, गणित के नियम; **Reductive,** *adj.* (-टिव्) tending to reduce. कम करनेवाला

Reductio, ad absurdum, *n.* (रिडक्शिओ अड् अब्सर्डम्) reduction, absurdity. गलत सिद्धान्त की ओर मुड़ना, असंगति प्रदर्शन

Redundant, *a.* (रिडन्डंट्) superfluous, excessive, pleonastic, copious, luxuriant, full. आवश्यकता से अधिक, अतिशय, अनावश्यक शब्दों का

Reduplicate, *v.t.* (रिडुप्लिकेट्) to make double, repeat, form (tense) by reduplication. दुहराना, पुनरावृत्ति करना; **Reduplication,** *n.* (-शन्) the act of doubling again, repetition of the initial syllable. पुनरावृत्ति, दुहरानेवाला

Reed, *n.* (रीड्) the stalk of a marshy plant, a musical pipe, an arrow, pastoral poetry. नरकट, मुश्कबत, बाँसुरी, कपड़ा बुनने की कंघी, तीर, गड़रियों के गीत, लोकगीत; *v.t.* to thatch with reeds. बेंत बर्स- का प्रयोग करना; *Broken reed* (unreliable person or thing). अविश्वासी व्यक्ति अथवा चीज; *To lean on a reed* (to put trust in weak thing or a person). दुर्बल पदार्थ का सहारा लेना, किसी कमजोर व्यक्ति पर विश्वास करना

Re-edify, *v.t.* (रीएडिफाय्) to rebuild, build up again. फिर से मकान बनाना

Reedy, *adj.* (रीडि) abounding in reeds, weak, like a reed, not clear, (of voice) scratchy like a reed instrument. नरकट का बना हुआ, बेतों से भरा हुआ, पतला, दुर्बल, लचकदार, फटीचिरी आवाज

Reef, *n.* (रीफ्) one of several strips along the top or bottom of a sail that can be taken in, mass of rock or shingle just above water, ridge of rock, about the level of the water's surface. पाल का वह भाग जो लपेटा जा सकता है, समुद्री चट्टान, चट्टान का वह भाग जो समुद्र में पानी के समीन हो; *v.t.* to shorten sails. पाल लपेटना

Reefer, *n.* (रीफर्) a double-breasted coat worn by sailors. मल्लाहों के पहनने की मिरजई

Reek, *n.* (रीक्) foul or stale smell, smoke, vapour, foul odour, exhalation. भाप या धुवाँ फेंकना, तेज दुर्गन्ध निकालना; *v.i.* to emit vapour or smoke, to smell strongly. भाप या धुवाँ फेंकना, तेज दुर्गन्ध निकालना

Reel, *n.* (रील्) a frame on which thread, paper & c. are wound, a cylinder for holding wound cotton, revolving part of a machine, a kind of dance. सूत लपेटने की चर्खी, तागे की रील, किसी यन्त्र का चक्कर खाता हुआ भाग, एक प्रकार का नाच; *v.t. & i.* to wind on reel, to stagger, sway, be dizzy, swim, seem to shake. लड़खड़ाना, चक्कर खाना, रील पर सूत लपेटना, चर्खी पर लपेटना, भड़भड़ापन, मुँहफट, झोंका आना, चकराना; *Off the reel* (without pause, rapidly). बिना रुकावट के, शीघ्रता से

Re-elect, *v.t.* (री-इलेक्ट) to elect again. दुबारा चुनाव करना

Re-emerge, *v.t.* (री-इमर्ज्) to emerge again. दुबारा जल में से निकलना, दुबारा जहाज पर लादना

Re-enforce, *v.t.* (री-इन्फोर्स्) to strengthen again. फिर से शक्ति प्रदान करना

Re-engine, *v.t.* (री-एँन्-जिन्) to attach an engine again. फिर से इंजन लगाना या जोड़ना

Re-enter, *v.t.* (री-एँन्टर्) to enter again. फिर से प्रवेश करना या घुसाना; *Re-entrance* (the act of entering again). पुन: प्रवेश; *Re-entry* (re-entrance). पुन:प्रवेश, दुबारा प्रवेश करने का कार्य

Reeve, *n.* (रीव्) chief magistrate of town or district, a governor, (Canada) president of village or town council. किसी नगर का प्रधान अधिकारी, राज्यपाल, कनाडा में ग्राम या शहर पंचायत का अध्यक्ष; *n. fem.* of Ruff. मादा अवाबील; *v.t.* to pass rope, to fasten with a rope. रस्से से बाँधना

Re-export, *v.t.* (रि-एँक्सपोर्ट) to export again. अपने देश में आई हुई वस्तु को फिर से बाहर भेजना

Re-fashion, *v.t.* (रि-फॉशन्) to change again the form of. फिर से सुधारना

Refection, *n.* (रिफेक्शन्) slight meal, refreshment of food or drink. अल्पाहार, लघु भोजन, जलपान, उपहार

Refectory, *n.* (रिफेक्टरि, रेफिक्टरि) a room where meals are taken. भोजनगृह, मठ आदि में भोजन कक्ष अथवा जलपान गृह

Refer, *v.t. & i. (v.t. -red)* (रेफर्) to send back, to submit for information or decision, to assign, to have relation, to allude, to appeal, to quote as instance. वापस भेजना, निर्णय या सूचना के लिए भेजना, आधार लेना, आरोपण करना, संबंध जोड़ना, अपील करना, प्रमाण देना

Referee, *n.* (रेफरी) an arbitrator, a person chosen to decide between opposing parties, an umpire in a game. प्रमाण-पुरूष, मध्यस्थ, निर्णय देने वाला, निर्णयकर्ता; *v.i.* to act as referee. मध्यस्थ बनना, रेफरी बनना

Reference, *n.* (रेफरेन्स्) referring of something to another to, respect, a person vouching for another, relation, correspondence. निर्देश, आधार, सन्दर्भ, संबंध, उल्लेख, प्रशस्ति पत्र, संकेत; *Book of reference* (a book of consultation). निर्देश-पुस्तक; *Cross reference* (referring to another passage in the same book). एक ही पुस्तक के अनेक स्थलों का संदर्भ

Referendum, *n.* (रेफरेन्डम्) a system by which a question is submitted to the direct vote of the electorate for final approval or rejection. निर्णय लेने के पहले लोगों से किसी विषय पर राय लेना, मतदाताओं से सीधा मत लेना

Refine, *v.t. & i.* (रिफाइन्) to free from impurities, to purify, to make elegant or cultured, to polish manners, to improve upon. शुद्ध करना, मैल निकालना, विमल करना, सुधारना, आचार विमल करना, उन्नति करना

Refinement, *n.* (रिफाइन्-मेन्ट्) purifier, fineness of taste or feeling, polish of language or manner. शुद्धता, शिष्टता, विनय, श्रृङ्गार; *Refinement of manners* (polished manners). शिष्टाचार

Refit, *v.t. & i. (p.t. -ted)* (रीफिट्) to renew or repair ship, to repair again. जहाज ठीक करना, फिर से मरम्मत करना या सुधारना

Reflect, *v.t. & i.* (रिफ्लेक्ट्) to throw back the image, to consider seriously, to meditate. प्रतिबिम्ब डालना, चिन्तन करना (विचारना), ध्यान करना; *To reflect on* (to cast censure). भर्त्सना करना

Reflection, *n.* (रिफ्लेक्शन्) reflected light, contemplation, heat, censure, reconsideration, reproach. प्रतिबिम्ब, परावर्तन, निक्षेप, प्रतिच्छाया, दोष, निन्दा, पुनर्विचार, भावना, तिरस्कार, दुबारा विचार करना

Reflective, *adj.* (रिफ्लेक्टिव्) throwing back images, reflected, concerned in thought, meditative. प्रतिबिम्ब डालने वाला, विचार से संबंध रखनेवाला, चिंतक, मनन शक्ति

Reflector, *n.* (रिफ्लेक्टर्) a body which reflects rays of light, a mirror. दूरबीन का शीशा, प्रतिबिम्ब फेंकनेवाला पदार्थ, दर्पण

Reflex, *n.* (रीफ्लेक्स्) reflected light, an image in mirror. प्रतिबिम्बित, छाया, प्रकाश; *adj.* reactive, directed back upon itself, produced in reflection, introspective. पलटा हुआ, अंतरमुख, चित्त में विचार किया हुआ, परावृत्त; *Reflex action* (work produced in reaction). इच्छा के बिना किया हुआ कार्य, प्रतिक्षेप-क्रिया

Reflexive, *adj.* (रिफ्लेक्सिव्) implying the action of the agent upon himself, referring to the subject. पूर्व-संबंधी, कर्म कर्तृवाच्य, कर्ता-संबंधी; *n.* a reflexive word or form. कर्तृवाचक शब्द, रूप

Refluent, *adj.* (रिफ्लुअन्ट्) flowing back. बाढ़ का पानी भरना, पीछे की ओर का बहाव

Reflux, *n.* (रीफ्लक्स्) backward flow, a running back. पीछे की तरफ लौटना, भाटा; the flux and reflux (ebb and flow). ज्वार-भाटा

Reform, *v.t. & i.* (रिफॉर्म्) to improve, to form again, to make or become better, to correct, to amend, to cure. फिर से मरम्मत करना, शुद्ध करना, दोष हटाना, पापों से निवृत्त करना, शोधना, सुधारना; *n.* improvement, reformation. सुधार, दोष-निवृत्ति, संशोधन

Reformation, *n.* (रिफॉर्-मेशन्) the act of reforming, the state of being

reformed. सुधार; *The reformation* (Martin Luther's religious revolt of the sixteenth century). यूरोप का सोलहवीं शताब्दि का धार्मिक विप्लव; **Reformative,** *adj.* (-एँटिव्) tending to reform, improving. संशोधन करने वाला; **Reformatory,** *n.* (-एंटरि) a school for juvenile offenders, improving. संशोधन करने वाला, कम उम्र वाले अपराधियों को सुधारने का स्थान

Reformer, *n.* (रिफॉर्मर्) an advocate of reform, leader in the Reformation. संशोधक, सुधारक

Refract, *v.t.* (रिफ्रैक्ट्) to deflect the course of the rays of light when passing through different mediums. एक आधार से दूसरे आधार में जाने पर प्रकाश की किरणों का तिरछा होना, प्रत्यावर्तित होना; **Refraction,** *n.* (-शन्) the bending of rays of light. किरणों की वक्रता, प्रत्यावर्तन; **Refractor,** *n.* (-टर्) the refracting lens of a telescope. दूरबीन का किरण घुमाने वाला या प्रत्यावर्तक ताल; **Refractory,** *a.* (रिफ्रैक्टरि) stubborn, difficult to deal with, obstinate, unmanagable, rebellious. अवनीत, हठी, अनिवार्य, वश में न आने वाला, दुःशीलता, हठ; *n.* an obstinate person. हठी मनुष्य, हठ से

Refrain, *n.* (रिफ्रेन्) a phrase or line recurring at the end of a verse or song. गीत के अन्त के शब्द जो दुहराये जाते है (टेक); *v.t.,&,i.* to abstain from doing something, to hold back, to curb, to restraint upon, to keep oneself aloof. अड़ना, विराम करना, रोकना, रुकना

Refrangible, *adk.* (रिफ्रैंजिबल्) refractable, capable of being refracted. प्रतिबिम्बित होने योग्य

Refresh, *v.t. & i.* (रिफ्रेश्) to reanimate, to cool again, to give new strength to, to reinvigorate, to make fresh again, to renew, to revive. फिर ताजा बनाना, फिर से ठण्डा करना, बल तथा तेज की पुनर्वृद्धि करना, नया करना; **Refreshed,** *adj.* (-श्ड्) revived, reinvigorated. विश्रान्त, ताजा; **Refreshing,** *adj.* (-इङ्ग्) invigorating, reanimating, relieving fatigue. आनन्द देनेवाला, श्रम हटानेवाला; **Refreshment,** *n.* (-मेन्ट्) drink or food that gives fresh strength and vigour. विनोद, विश्रान्ति, अल्प आहार, जलपान

Refrigerant, *adj.* (रिफ्रिजरन्ट्) cooling, allaying, heat, serving to refrigerate. ठण्डा करने वाला

Refrigerate, *v.t.* (रिफ्रिजरेट्) to make cool or cold, to preserve in cold. शीतल (ठण्डा) करना, गर्मी हटाना; **Refrigerator,** *n.* (-अर्) an ice-chest. बरफ रखने का बक्स

Refuge, *n.* (रेफ्यूज्) a place of shelter, a person or thing that gives shelter. शरण लेने का स्थान, शरण देने वाला; *v.t. & i.* to shelter, to take refuge. शरण देना, शरणागत होना; *House of refuge* (a charitable home for the homeless). असहाय का शरण स्थान (अनाथालय)

Refugee, *n.* (रेफ्यू-जी) a person who flees for refuge abroad to escape persecution. शरण लेने के लिए (स्वदेश से) भागने वाला शरणार्थी

Refulgence, *n.* (रिफल्जेन्स्) a flood of light. तेज चमक, ज्योति; **Refulgent,** *adj.* (-जेन्ट्) shining, splendid, excessively bright. देदीप्यमान, उज्ज्वल, चमकदार

Refund, *v.t. & i.* (रिफन्ड्) to repay, to pay back what is received, to reimburse. लौटाना, फेर देना, वापस करना; *n.* refundment. वापिसी

Refusal, *n.* (रिफ्यूज़ल्) act of refusing, a denial of something offered, rejection, pre-emption. अस्वीकृत, प्रतिषेध

Refuse, *v.t. & i.* (रिफ्यूज़्) to decline a request or offer, thing rejected as worthless or of no value, to reject. (अविशिष्ट) असार वस्तु (मल), जूठन; *v.t.* to make refusal, not to comply, to deny, to fuse again. अस्वीकार करना, प्रतिषेध करना, न मानना, फिर से मिलना

Refuse, *n.* (रेफ्यूज़्) what is left as worthless or not wanted, dregs, scum, dross. कूड़ा-करकट, कचरा

Refute, *v.t.* (रिफ्यूट्) to prove falsity or error of, to disprove, to rebut by argument. खण्डन करना

Refutation, *n.* (रिफ्युटेशन्) proving to be erroneous, confutation, disproof. खण्डन

Regain, *v.t.* (रिगेन्) to recover, to gain possession anew. पुनः प्राप्त करना, प्रतिपादन करना

Regal, *n.* (रीगल्) pertaining to a King, magnificent. राजकीय, महत्वपूर्ण

Regale, *n.* (रिगेल्) a feast of dainty food. स्वादिष्ट भोजन; *v.t. & i.* to entertain with delicious food, to give delight to. स्वादिष्ट भोजन करना, प्रसन्न करना

Regalia, *n. pl.* (रिगेल्या) insignia of royalty, privileges of a King, insignia of an order, a kind of cigar. राजचिन्ह, राजकीय अधिकार, किसी पदवी का चिन्ह, एक प्रकार का बड़ा सिगार (चुरुट); *n.* large cigar of good quality. उत्तम प्रकार का सिगार

Regard, *v.t. & i.* (रिगार्ड्) to gaze upon, to pay attention to, to give heed to, to esteem, to take into account, to consider, to have respect or reverence for, to care for. ध्यान देना, आदर करना, मानना, विचार करना, यत्न करना; *n.* gaze, respect, attention, repute, heed, care, consideration, relation, kindly or respectful feeling. मान, प्रतिष्ठा, आदर, विचार; **Regardant,** *a.* (-न्ट्) looking backwards, observant, with steady or intent gaze. ख्याल से, को ध्यान में रखते हुए; **Regardful,** *adj.* (-फुल्) heedful. सावधान, सचेत; **Regarding,** *prep.* (-इङ्ग्) concerning. विषय में, सम्बन्ध में; **Regardless,** *adj.* (-लेस्) taking no account of, not attending, heedless. असावधान, लापरवाह

Regatta, *n.* (रिगॅटा) a meeting for boat races. नाव दौड़ाने वालों की मण्डली की दौड़

Regelate, *v.i.* (रीजिलेट्) to be fused into one mass. जमकर एक दिल हो जाना

Regency, *n.* (रीजन्सि) office of a regent, a body entrusted with vicarious government, commission, acting as regent. राजप्रतिनिधि का मण्डल, प्रतिनिधित्व

Regenerate, *v.t. & i.* (रीजेनरेट्) to invest with new and higher spiritual nature, to generate again, to improve moral condition of, to improve moral nature, to reproduce, bring or come into renewed existence, to convert. फिर से उत्पन्न करना, आचरण सुधारना, धर्म परिवर्तन करना, फिर से जन्म देना, शिष्य बनाना; *adj.* (रिजेनरिट्) generated or born anew, reproduced, spiritually born again. दुबारा जन्मा हुआ, पुनर्जन्म; **Regenerator,** *n.* (-टर्) a device for obtaining high temperature in a furnace. भट्ठी में अग्नि का तापमान बढ़ाने का साधन

Regent, *n.* (रीजन्ट्) one who govems a kingdom during the minority of sovereign, a ruler. शासक, राजा के अवयस्क (नाबालिग) रहने पर शासन करने वाला

Regicide, *adj.* (रेजिसाइड्) the murder of a king, one who kills a sovereign, king-killing. राजवध, राजा की हत्या करने वाला

Regime, *n.* (रेझीम्) the method of government, administration, prevailing system of things. शासन पद्धति, राज्यक्रम, प्रचलित विधि

Regimen, *n.* (रेजिमेन्) an orderly government, a prescribed course of diet and habits, rule. शासन की प्रणाली, पथ्य के नियम

Regiment, *n.* (रेजिमेन्ट्) a unit of army commanded by a colonel. सैन्यदल, पलटन, एक कर्नल के अधीन सेना; *v.t.* to form into a regiment. पलटन तैयार करना; **Regimentals,** *n. pl.* (-अल्स्) uniform worn by soliders of a regiment. वस्त्र; फौजी पोशाक

Region, *n.* (रीजन्) tract of land, a country, a separate part of the world. राष्ट्र, प्रदेश, मण्डल, भूतल का भाग; *Lower region* (hell, hades). पाताल; *Region of the sky* (direction). दिशा; *Upper region* (heaven). आकाश, स्वर्ग

Register, *n.* (रजिस्टर्) a book in which regualr accounts are kept or details entered, recorder, list, (print.) exact correspondence of printed matter on two sides of

leaf. हिसाब बही, रजिस्टर, पंजिका, फ़ेहरिस्त; *v.t.* to set down formally, to record or to enter in register, to record in writing. बही में लिखना, बही खाते में चढ़ाना, रजिस्टर में दर्ज करना या कराना

Registrar, *n.* (रजिस्ट्रार्) an official charged with keeping a public register. रजिस्ट्री करने वाला, लेखा पत्र का रक्षक, पंजीयक, प्रस्तोता

Registration, *n.* (रजिस्ट्रेशन्) act of registering, enrolment. रजिस्टर में दर्ज करने का कार्य, पंजीकरण

Registry, *n.* (रेजिस्ट्रि) registration, place where registers are kept. रजिस्ट्री, लेखपत्र रखने का स्थान, इन्दराज, पंजीकरण

Regnal, *adj.* (रेग्नल्) of a reign. राज्य संबंधी; *Regnal day* (anniversary of a King's accession). राजा के अभिषेक का वार्षिकोत्सव

Regnant, *adj.* (रेग्नन्ट्) reigning, ruling, prevalent, predominant. शासक, राज्य करने वाला, प्रधान, (विशिष्ट); *Queen regnant* (queen ruling in her own right and not as consort). राजरानी

Regorge, *v.t. & i.* (रिगॉर्ज्) to bring or cast up again, to flow back, vomit, disgorge, to swallow again. फिर से उठाना, पीछे की ओर बहना, फिर से निगलना

Regress, *n.* (रीग्रेस्) the power of going back, a passage back, return, backward tendency. परिवर्तन, लौटाव, निकासा

Regression, *n.* (रिग्रेशन्) backward movement, the act of returning. प्रतिगमन, लौटान; **Regressively,** *a.* (-लि) in a regressive manner. पीछे को जाने वाला, पीछे की ओर जाते हुए, परावर्तन

Regret, *v.t.* (रिग्रेट्) to lament, to be sorry for loss of, to repent, to grieve at. पश्चाताप करना, दुःखी होना, खेद करना; *n.* sorrow for loss, dissatisfaction, repentance or vexation. खेद, दुःख, पछतावा; **Regrettable,** *adj.* (-एंबल्) undesirable, worthy of regret, unwelcome. पछतावा करने योग्य, खेदजनक, शोचनीय

Regular, *adj.* (रेग्युलर्) following or exhibiting a principle, orderly, systematic, harmonious, consistent, recurring uniformly, having the parts symmetrical, methodical, usual, having the sides and angles equal. नियमानुसार, यथारीति, निश्चित काल पर होने वाला, सामान्य, व्यवस्थित, प्रचलित, समकोण तथा समभुज; *n.* a soldier of permanent army, regular troops. स्थायी सेना का सिपाही, स्थायी सेना

Regularity, *n.* (रेग्युलॅरिटि) conformity to rules, uniformity with law, method. नियम, व्यवस्था, क्रम (विधि)

Regulate, *v.t.* (रेग्युलेट्) to control by rule, to adjust, to put in order, to arrange, to subject to restrictions. व्यवस्था करना, क्रम में रखना, नियम का विधान करना; **Regulation,** *n.* (-शन्) the act of regulating, law, prescribed rule. व्यवस्था, नियम, विनियमन; **Regulator,** *n.* (-टर्) part of a watch or other machine that regulates. प्रबन्ध करने वाला, क्रम स्थापित करने वाला

Regulus, *n.* (रेग्युलस्) bright star in Leo (R.), impure metallic product of smelting various ores, purer or metallic part of mineral separated by sinking to bottom in crucible. धातुक, मघा नक्षत्र, धातुक

Regurgitate, *v.i. & t.* (रिगर्जिटेट्) to gush back, (of stomach or receptacle) pour or cast up again. फिर से उड़ेलना, उँड़ेलना, उमड़ पड़ना

Rehabilitate, *v.t.* (रीहॉबिलिटेट्) to restore to rights, to bring back to former position. पूर्व अवस्था में लाना

Rehear, *v.t. (p.t. -d)* (रीहिअर्) to hear again, to try over again. फिर से सुनना, फिर से विचार करना

Rehearsal, *n.* (रिहर्सल्) recital, narration, practice, trial performance. पूर्वाभ्यास, पूर्वाभिनय, अभ्यास, दोहराव

Rehearse, *v.t. & i.* (रिहर्स्) to recite, to repeat from beginning to end, to say over to give list of. दुबारा वर्णन करना, आदि से अन्त तक पढ़ना, ब्यौरेवार बताना

Reheat, *v.t.* (रीहीट्) to heat again. दुबारा नरम करना

Reif, *n.* (रीफ़) plunder. चोरी डकैती

Reichstag, *n.* (राइक्सटाग्) Parliament of the German federation. राइख़्ताह (जर्मन लोकसभा), जर्मन संसद्

Reign, *n.* (रेन्) sovereignty, rule, period of a king's rule, away. शासन, अधिकार, राज्य, प्रबलता; *v.i.* to be a sovereign, to rule as a king to govern. शासन करना, राज्य करना

Reimburse, *v.t.* (री-इम्बर्स्) to repay, to recompense. फिर अदा करना या चुकाना, बदला चुकाना या प्रतिफल देना

Rein, *n.* (रेन्) a long narrow strap used to guide horse, means of control, government. लगाम, राज्यशासन का अधिकार, शासन; *v.t.* to check with reins, to restrain, to control. संयम करना, अधीन करना; *To take the reins* (to take the guidance). अधिकार में लेना, सहारा देना

Reincarnate, *v.t.* (रीइन्कार्नेट्) to be again embodied in flesh, be again living embodiment of. दुबारा अवतार लेना

Reindeer, *n.* (रेन्-डिअर्) deer of cold climates used for drawing sledges. एक प्रकार का बारहसिंगा

Reinforce, *v.t.* (रेइन्फोर्स्) to strengthen by additional force, to enforce again. सेना की संख्या बढ़ाना, सहारा देना; *n.* the thick part of something. किसी पदार्थ का पुष्ट भाग; *Reinforced concrete* (concrete with metal bars & c., embedded in it). लोहे की छड़, गिट्टी इत्यादि डालकर पुष्ट किया हुआ मसाला; **Reinforcement,** *n.* (-मेन्ट्) reinforcing. सेना की सामग्री, सेना में सैनिकों की भरती

Reins, *n.pl.* (रेन्स्) the kidneys, the lower part of the back, loins. वृक्क, गुर्दा, कमर

Reinstate, *v.t.* (री-इन्स्टेट्) to re-establish in former position, to insert again, to restore to health or proper order. फिर से स्थापित करना, स्वास्थ्य प्राप्त करना

Reinsure, *v.t. & i.* (रीइन्शुअर्) to insure against. फिर से बीमा करना

Reinvigorate, *v.t.* (रीइन्विगोरेट्) to make vigorous again. फिर से बल देना या ताजा करना, पुनर्बल प्राप्ति

Reiterate, *v.t.* (री-इटरेट्) to repeat over again or several times, a reuest, a word or a statement, to walk over a place again, to repeat. कोई काम या प्रार्थना, शब्द या बयान दोहराना

Reject, *v.t.* (रिजेक्ट्) to put aside, to discard, to throw away, to decline, vomit. त्यागना, फेंकना, अस्वीकार करना; **Rejection,** *n.* (-शन्) the act of rejecting, refusal. अस्वीकार करने योग्य, प्रत्यादेश, अस्वीकार, त्यागने में प्रवृत्त

Rejoice, *v.t. & i.* (रिजॉइस्) to make glad, to cheer up, to feel joy to gladden, to celebrate an event. प्रसन्न होना या करना, आनन्दित करना; **Rejoicing,** *adj & n.* (-इङ्ग्) producing joy, expression of joy. आनन्दकर, आनन्द; **Rejoicingly,** *a.* (-लि) with joy. आनन्दपूर्वक

Rejoin, *v.i. & t.* (रिजॉइन्) to say in answer, to join again, to retort. फिर से मिलाना या जोड़ना, प्रत्युत्तर देना

Rejoinder, *n.* (रिजॉइन्डर्) a retort, what is said in reply, an answer, a retort. प्रतिवादी का उत्तर, प्रत्युत्तर

Rejuvenate, *v.t. & i.* (रिजूविनेट्) to make or grow young again. फिर से युवा करना या होना

Rejuvenescence, *n.* (रिजूविनेसन्स्) growing young again, renewal of youth. नई युवावस्था, नई जवानी

Rekindle, *v.t.* (रीकिन्ड्ल्) to set on fire or kindle again. फिर जताना, फिर से मारना

Relapse, *v.i.* (रिलॅप्स्) to fall back, to revert to error or illness & c. दुबारा गिरना, आरोग्य होकर फिर से रोगी होना; *n.* a falling back. बुरी दशा से पुनः पतन, पलटा

Relate, *v.t. & i.* (रिलेट्) to narrate, to recount, to bring into relation. वर्णन करना, उद्देश्य करना, सम्बन्ध रखना; **Related,** *adj.* (-एँड्) narrated, connected by blood. कथित (वर्णित), संबंधी (सजातीय); **Relater,** *n.* (-अर्) one who narrates. वर्ण न करनेवाला; **Relation,** *n.* (-शन्) narration, a narrative, connexion between persons or things, kinsman, kinswoman, relative. वर्णन, प्रमाण, संबंधी; **Relationless,** *adj.*

(-शन-लेस्) without relation. बिना संबंध का; **Relationship,** *n.* (-शन्-शिप्) the tie of kindred, kinship, affinity. बन्धुता, जातिभाव, रिश्तेदारी

Relative, *adj.* (रेलेटिव्) corresponding in some way, having a relation, related to each other, referring to, to connected wih, correlative. सम्बन्ध रखने वाला, बन्धु, सम्बन्धी, सगोत्र; *n.* a relative word, one who is related by blood or mariage, a kinsman or kinswoman. सम्बन्धी, नातेदार

Relativism, *n.* (रेलेटिविझम्) doctrine that knowledge is of relations only. यह सिद्धान्त कि मनुष्य को केवल सम्बन्ध का ज्ञान होता है; **Relativist,** *n.* (-स्ट्) an adherent of relativism. इस सिद्धान्त का अनुयायी

Relativity, *n.* (रेलटिविटि) relativeness, a quality or fact of being a relative, theory of mutual dependence of individual and society, the theory that all motion in the universe is relative. नातेदार या सम्बन्धी होने का गुण या तथ्य, व्यक्ति तथा समाज में आपसी निर्भरता के सम्बन्ध का सिद्धान्त, विश्व की कुल गतियों के आपस में सम्बन्धित रहने या मानने का सिद्धान्त

Relator, *n.* (रिलेटर्) an informer. सूचना देनेवाला मनुष्य

Relax, *v.t. & i.* (रिलॅक्स्) to cause or allow to become loose or slack, to make less rigid, to enfeeble, to slacken, to enervate, to abate, to mitigate. शिथिल करना या होना, ढीला पड़ना

Relaxant, *n.* (रिलॉक्सेन्ट्) a soothing medicine. शान्तिप्रद औषधि

Relaxation, *n.* (रीलॅक्सेशन्) partial remission of penalty, the act of relaxing. शिथिलता, विश्राम

Relay, *n. (pl. Relays)* (रिले) set of fresh horses or gang of men to replace tired ones, an instrument for reinforcing electrical current, programme, originating at, and received from. थके घोड़े के बदले में नये घोड़ों की पूर्ति, बिजली की धारा को फिर ताजा तथा ताक्तवर बनाने का यंत्र; *v.t. & i.* to arrange in, provide with, to lay a second time. दुबारा बिठाना या जमाना, एक वस्तु की जगह पर दूसरी को रखना

Release, *v.t.* (रि-लीझ) to set free, to liberate, to make over, to deliver, to unfasten, to another, to remit, to discharge to. मुक्त करना, सौंपना, छुटकारा देना, खोलना; *n.* liberation from confinement, fixed position, restraint, liberation from pain. मुक्ति, मोक्ष, निस्तार, पीड़ा से छुटकारा

Relegate, *v.t.* (रेलिगेट्) to banish, to exile, to transfer for decision, to consign to an inferior position, to make a reference to, to transfer to a position for decision or execution. बहिष्कार करना, देश से निकालना, निर्णय के लिये बदलना, संकेत करना

Relent, *v.i.* (रिलेन्ट्) to relax severity, to become less stiff, to yield to compassion, to give up harsh intention. कड़ाई त्यागना, कोमल होना, दयायुक्त होना; **Relentingly,** *a.* (-इङ्ग्-लि) a relenting manner. कोमलता से; **Relentless,** *n.* (रिलेन्ट-लेस्) without tenderness or compassion, merciless. दयाहीन, निर्दयता

Relevant, *adj.* (रेलिवेन्ट्) bearing up or pertaining to the purpose in hand, applicable. प्रस्तुत, प्रासङ्गिक, अनुरूप

Reliable, *adj.* (रिलाएबल्) that may be relied upon or trusted, of trustworthy quality. विश्वास योग्य, प्रमाणित (विश्वस्त)

Reliance, *n.* (रिलायन्स्) trust, confidence, act of relying, thing depended on. विश्वास, श्रद्धा, भरोसा

Relic, *n.* (रेलिक्) the body or belongings of a holy person kept as an object of adoration after his death, memento, memorial, residue. शेष भाग, स्मारक चिन्ह; **Relics,** *n.* (-इक्स) *(pl.)* a dead body. (ब. व.) शव

Relict, *n.* (रेलिक्ट्) man's widow, a remaning part, a survivor, a surviving trace. विधवा,, जीवित बचा हुआ

Relief, *n.* (रिलीफ्) alleviation or end of pain, deliverance from pain, redress, assistance to the poor, a military post, assistance, carving in

which the design is projected, replacing of persons on duty by those appointed to take turn of duty, redress of hardship or grievance. गरीबों की सहायता, दुःख से मुक्ति, समाधान, दुरुस्ती, फौजी कार्यालय, सहायता, उभरी हुई नकाशी, इत्यादि; *Relief fund* (money subscribed for helping the poor). गरीबों की सहायता के लिए एकत्रित धन; *Relief-map* (the model of a map in which elevation is moulded in relief). उभड़ी हुई आकृति का नकशा; *Relief-works* (building & c. started to give work to the unemployed). व्यवसायहीन मनुष्यों की सहायता के लिए प्रारंभ किया गया कार्य

Relieve, *v.t.* (रिलीव्) to give relief to, to ease, bring, to assist, to alleviate, to redress, to bring into relief. शान्ति देना, उद्धार करना, सहायता देना, दुःख हटाना; *Relieving officer* (official with care of the poor). शान्त, कष्ट से मुक्त किया हुआ; *Relieving arch* (arch built in substance of wall to relieve part below from weight). मुक्त करने वाला

Religion, *n.* (रिलिजन्) a prevalent system of faith and worship, human recognition of a personal God entitled to obedience, practice of sacred rites, action that one is bound to do. ईश्वर भक्ति, धर्म, ईश्वर के प्रति मनुष्य का कर्तव्य; **Religioner,** *n.* (-अर्) a member of a monastic order. कट्टर धार्मिक; **Religionist,** *n.* (इस्ट्) one fanatically devoted to his religion. अपने धर्म में पक्का; **Religionless,** *adj.* (-लेस) heathen without religion. नास्तिक

Religious, *adj.* (रिलिजिअस्) imbued with religion, godfearing, teaching religion, devout, belonging to a monastic order, pious. धार्मिक, धर्मात्मा, भक्तिमान; *n.* person bound by monastic vows. धार्मिक ढंग से या रूप में, धर्मनिष्ठा

Relinquish, *v.t.* (रिलिन्क्विश्) to give up, to abandon, to resign, to surrender, to leave hold of. छोड़ना

Reliquary, *n.* (रिलिक्वरि) a receptacle for holding relics. (अवशिष्ट भाग) यादगार के पदार्थ रखने का मन्दिर

Reliquiae, *n.pl.* (रिलिक्वे) remains of animals or plants, withered remains of leaves decaying on stem. पशु या वनस्पति के अवशिष्ट भाग, अवशेष

Relish, *n.* (रेलिश्) distinctive flavour or taste of, attractive quality, enjoyment of food or other things, zest. आनन्द, रस, स्वाद, अभिरुचि, उत्साह; *v.t. & i.* to serve as relish to, get pleasure out of, to savour, to be pleased with. स्वादिष्ट करना, आनन्द लेना

Reload, *v.i.* (रीलोड्) to load again. फिर से भार देना, दुबारा बोझ लादना

Reluct, *v.i.* (रिलक्ट्) to feel reluctance, to show repugnance. अरुचि प्रकट करना; **Reluctance,** *n.* (-आंन्स्) unwillingness, repugnance. (अरुचि) अनिच्छा, विमुखता; **Reluctant,** *adj.* (-आंन्ट्) unwilling to do something, offering resistance, loath, disinclined. अनिच्छुक, पराङ्मुख, असंतुष्ट

Reluctate, *adj* (रिलक्टेट) producing reluctance. अरुचि उत्पन्न करनेवाला

Relume, *v.i* (रिल्यूम) to rekindle. फिर से जलाना, फिर से चमकीला करना

Rely, *v.i* (रिलाय्) to put one's trust in, to rest on, to depend upon. भरोसा (आश्रित) करना, विश्वास करना, आश्रित होना

Remain, *v.i.* (रिमेन्) to be left over, to continue, to abide, to exist, to stay in some place or condition, to be left behind, to depend on. रहना, होना, पीछे रहना, ठहरना, भरोसा करना; *Let it remain as it is* (let it continue as it is). जैसा है वैसा छोड़ दो; **Remaining,** *adj.* (-इङ्ग्) what remains. बचा हुआ

Remainder, *n.* (रिमेन्डर्) residue, remaining persons or things, number left after subtraction, unsold stock. शेष, शेष भाग

Remains, *n.pl.* (रिमेन्ज़्) what remains over, surviving parts or amount, remainder, relics of antiquity, a dead body. अवशेष, बचा हुआ भाग,

Remake, *v.t.* (रीमेक्) to make afresh. फिर से बनाना या मरम्मत करना; *n.* a thing

made afresh from old material. पुराने पदार्थ से फिर नई बनाई गई वस्तु (या चीज)

Remand, *v.t.* (रिमान्ड्) to send back, to order for a further inquiry. फिर से भेजना, दुबारा अन्वेषण के लिए आज्ञा देना

Remanent, *adj.* (रेमॅनन्ट्) remaining, residual. अवशेष, बचा हुआ; *n.* a remaining portion. बचा हुआ भाग

Remark, *v.t. & i.* (रिमार्क्) to take notice of, to perceive, to observe, to say by way of comment, to express by way of remark. विचारना, ध्यान देना, लक्ष्य करना, बोलना; *n.* noticing, observation, a thing said. चर्चा, निरूपण, लेख; **Remarkable,** *adj.* (-ऍब्ल्) worth notice, exceptional, peculiar, striking. स्मरण करने योग्य

Remarry, *v.t.* (रीमॅरि) to marry again. दुबारा विवाह करना

Remedy, *n.* (रेमिडि) cure for a disease, healing medicine or treatment, means of relieving an evil, redress. औषधि, चिकित्सा; *v.t.* to rectify, to make good, to counteract. चिकित्सा करना, प्रतिकार करना, उपाय करना

Remember, *v.t.* (रिमेम्बर्) to retain in the memory, to bear in mind, make present to, to recollect, to learn by heart. स्मरण रखना, याद करना

Remembrance, *n.* (रिमेम्ब्रन्स्) memory, recollection, the act of remebering, souvenir, memorial, memento. स्मरण, स्मारक, यादगार, स्मारक वस्तु; *pl.* greetings conveyed through a third person. (ब. व.) तृतीय पुरुष द्वारा भेजा गया शुभ समाचार; *To put in remambrance* (to remind). स्मरण कराना; **Remembrancer,** *n.* (-अर्) a reminder, an officer of the exchequer, memento. राजकोष का अध्यक्ष, याद दिलाने वाला

Remind, *v.t.* (रिमाइन्ड्) to put in mind of, to cause to remember, to bring to the remembrance of. याद दिलाना, स्मरण करना; **Reminder,** *n.* (-अर्) a speech or thing that reminds, a hint. याद दिलाने वाला मनुष्य या पदार्थ

Reminiscence, *n.* (रेमिनिसन्स्) recollection, remembering, recovery of knowledge by mental effort. स्मरण, स्मृति, स्मरण किया हुआ विषय, स्मरण द्वारा ज्ञान प्राप्ति; *pl.* collection of incidents to be remebered. (ब. व.) घटनाओं का स्मरण; **Reminiscent,** *adj.* (-सेन्ट्) recalling the past, remindful, having reminiscence of. स्मरण करने वाला

Remise, *v.t.* (रिमाइस्) to make over or surrender a claim. अधिकार या सम्पत्ति त्याग देना

Remiss, *adj.* (रीमिस्) careless of duty, sluggish, negligent, weakened, lacking energy. असावधान, आलसी

Remissible, *adj.* (रिमिसिबल्) that may be remitted. देने योग्य

Remission, *n.* (रिमिशन्) release, relinquishment, forgiveness of sins, pardon, abatement, remitting of debt, relaxation of force. पापों का प्रायश्चित, शक्ति का कम करना

Remit, *v.t. & i. (p.t. -ted)* (रिमिट्) to pardon, to abate, to slacken, to transmit money, to put in the previous condition. क्षमा करना, कम करना या होना, शिथिल करना, रुपया अदा करना

Remittal, *n.* (रिमिटल्) remittance. प्रेषण, त्याग

Remittance, *n.* (रिमिटन्स्) the sum or thing remitted, money sent to a person. भेजा हुआ धन, धन प्रेषण, हुंडी

Remittent, *adj.* (रिमिटन्ट्) of fever that abates temporarily. ऐसे ज्वर के विषय का जो कुछ-काल के लिए हट जाए.

Remnant, *n.* (रेम्नन्ट्) small remaining, quantity, fragment, remainder. अवशेष, बचा हुआ अंश, बचत

Remonstrance, *n.* (रिमॉन्स्ट्रन्स्) a formal representation of any grievance, expostulation, a protest. कष्ट के लिए किसी विषय की प्रार्थना

Remonstrate, *v.t. & i.* (रिमॉन्स्ट्रेट्) to make a protest, to expostulate. निवारण के लिए यत्न करना, प्रतिवाद या हुज्जत करना; **Remonstrator,** *n.* (-टर्) one who remonstrates. हुज्जत करनेवाला

Remonstrant, *adj.* (रिमॉन्स्ट्रन्ट्) of or in remonstrance. प्रतिवाद करने वाला,

प्रतिवादात्मक; *n.* person who remonstrates. प्रतिवादी, विरोध प्रदर्शक

Remorse, *n.* (रिमॉर्स्) bitter repentance, regret. पश्चात्ताप, पछतावा

Remote, *adj.* (रिमोट्) far away in place or time, far apart, distant from, out-of-the way, secluded, least. दूरस्थ, दूरवर्ती, असमीप, गुप्त, अल्पमात्र; **Remotely,** *a.* (-लि) in a remote degree. दूर से

Remould, *v.i* (रि-मोल्ड्) to mold or shape anew. फिर ढालना या बनाना

Remount, *v.t. & i.* (रिमाउन्ट्) to go up, to mount again, to ascend again. फिर से घोड़े पर सवार होना, दुबारा चढ़ना

Removable, *adj.* (रिमूवेबल्) dismissal from a post, able to be removed, change to another place. हटने योग्य

Remove, *v.t. & i.* (रिमूव्) to take away from a specified place, to change residence, to dismiss, to displace, to withdraw, convey to another place, dismiss. दूसरे स्थान पर ले जाना, स्थान बदलना, दूर करना, बहिष्कार करना, हटाना; *n.* removal, departure, a step in a scale of graduation. हटाव, प्रस्थान, पदवी, क्रम; *To remove mountains* (to perform extraordinary work). विलक्षण कार्य करना

Remunerate, *v.t.* (रिम्यूनरेट्) to reward, to make payment for the service rendered, to pay recompense for. प्रतिफल या पुरस्कार देना, मेहनत की मजदूरी देना; **Remuneration,** *n.* (-शन्) what is received as pay, requital, reward, recompense. पारितोषिक, वेतन, प्रतिफल; **Remunerative.** *adj.* (-इव्) profitable, pertaining to remuneration. प्रतिदान या पारितोषिक संबंधी, लाभकारी, फ़ायदेमन्द

Renaissance, *n.* (रिनेसन्स्) the period of revival arts and letters, period of its progress, new birth. कला-कौशल तथा विद्या की जागृति का काल

Renal, *adj.* (रीनल्) of the kidneys. वृक (गुरदा) सम्बन्धी

Renascence, *n.* (रिनॅसन्स्) rebirth, पुनर्जागरण युग; **Renascent,** *adj.* (-सेन्ट्) springing up anew, being re-born. दुबारा जन्मा हुआ, पुनरुत्पन्न

Rencounter, Rencontre, *n.* (रेन्-काउन्टर्, रेन्कॉन्टर्) encounter, sudden conflict, casual meeting. द्वन्द्व युद्ध, झगड़ा, आकस्मिक भेंट

Rend, *v.t. & i.* (रेन्ड्) to tear or wrench, to split into two, to divide. खण्ड करना, फाड़ना

Render, *v.t.* (रेन्डर्) to give in return, to pay as due, to execute, to translate, to deliver up, to portray, to convert into. अर्पित करना, सौंपना, प्रस्तुत करना, लौटाना, बदले में करना या देना, बना देना, प्रदर्शित करना; *n.* (legal) return in money or kind or service made by tenant to superior. सौंपने वाला

Rendering, *n.* (रेन्डरिंग्) translation, interpretation, exhibition. प्रतिदान, दान, समर्पण, व्याख्या

Rendezvous, *n. (pl. Rendezbous)* (रॉन्-डिवस्) a meeting-place, a place appointed for the assembling of troops & c. मिलन स्थान, अड्डा, संकेत स्थल, मिलन संकेत; *v.i.* to meet at rendezvous. मिलन स्थान में मिलना, जमा होना

Rendition, *n.* (रेन्डिशन्) the act of surrendering. सौंपने का कार्य, अनुवाद

Renegade, *n.* (रेनिगेड्) deserter of party or principles, a turncoat, one who deserts to an enemy. स्वधर्मत्यागी, पाखंडी

Renew, *v.t. & i.* (रिन्यू) to bring to original state, to patch, to make new, to fill up, to regenerate, to replace, to re-establish. पहले की अवस्था में लाना, नया करना या होना

Renewal, *n.* (रीन्यूअल्) the act of renewing, revival. नवीनीकरण, उद्धार

Renidification, *n.* (रीनिडिफिकेशन्) the act of building a new nest. नया घोंसला बनाने की क्रिया

Renidify, *v.t.* *(p.t. Renidified)* (रीनिडिफाइ) to build a new nest. नया घोंसला बनाना

Reniform, *adj.* (रीनिफॉर्म्) kidney-shaped. वृक्क (गुर्दे के आकार का)

thing used to curdle milk, a kind of sweet apple. जमा हुआ दूध, दूध जमाने के लिए प्रयुक्त पदार्थ, एक प्रकार का मीठा सेब

Renominate, *v.t.* (रिनॉमिनेट) to nominate again. दुबारा निर्धारण करना

Renounce, *v.t.* (रिनाउन्स्) to surrender, to abandon, withdraw from, to give up, to repudiate, to decline. त्यागना, छोड़ना, अस्वीकार करना

Renovate, *v.t.* (रेनोवेट्) to restore to good condition, to make new again. नया करना, अच्छी अवस्था में लाना

Renown, *n.* (रिनाउन्) fame, a reputation, high distinction, celebrity. यश, कीर्ति

Rent, (रेन्ट्) *p.t. & p.p.* of **Rend.**

Rent, *n.* (रेन्ट्) periodical payment for use of land, tear, cleft, gorge, a tenant's periodical payment to landlord, payment for hire. फटन, दर्रा, फाँक, किराये पर या पट्टे पर देना, मालगुजारी

Rental, *n.* (रेन्टल्) a sum payable as rent, amount of rent, income from rents. मालगुजारी, किराये से मिला हुआ धन

Renter, *n.* (रेन्टर्) a tenant, one who holds a lease by paying rent for. असामी, किरायेदार

Renunciant, *adj.* (रिनन्-श्यन्ट्) relating to renunciation. त्याग-संबंधी; **Renunciation,** *n.* (-शन्) the act of renouncing, document expressing it, self-denial. अस्वीकार, त्याग, आत्मत्याग

Reoccupy, *v.t.* *(p.t Reoccupied)* (री-अक्-यु- पाइ) to occpy again. फिर से ग्रहण करना

Reorder, *v.t.* (री-ऑर्डर्) to repeat a command. फिर से आज्ञा देना

Reorganization, *n.* (री-ऑर्गनाइजेशन्) the act of organizing a second time. नवीन क्रम

Rep, repp, reps, *n.* (रेप्,-रेप्स्) textile fabric with corded surface used in upholstery. एक प्रकार का महीन वस्त्र

Scandal, *n.* (स्कॅन्डल्) thing that occasions general feeling of outrage or indignation, a shocked feeling, disgrace, malicious gossip, defamation, back-biting. अपमान, ग्लानि की भावना, मान-निन्दा, चुगली, अपवाद, कलंक; *v.t. (p.t. -led)* to defame, to reproach. दुर्नाम या बदनाम करना,

Scandalous, *adj.* (स्कॅन्डलस्) outrageous, defamatory, disgraceful to reputation, shameful. कलंक लगाने वाला (अपवादक)

Scandent, *adj.* (स्कॅन्डन्ट्) climbing or creeping. चढ़ने वाला, रेंगने वाला

Scandinavian, *a. & n.* (स्कॅन्डिनेव्हिअन्) of the region including Norway, Sweden, Denmark, and Iceland. स्वीड़न, डेनमार्क, नार्वे, आइसलैंड के वासी

Scandium, *n.* (स्कॅन्डिअम्) an element found in the Scandinavian metals. स्कोन्डनेविया की धातु में पाये जाने वाले

Scansion, *n.* (स्कॅन्शन्) metrical scanning. छन्द की मात्राओं की गणना करने की विधि, मात्रा गणन

Scansorial, *adj.* (स्कॅन्सॉअरिल्) habitually climbing, adopted for climbing. चढ़ने वाला, चढ़ने योग्य

Scant, *adj.* (स्कॅन्ट्) barely or not sufficient, deficient, having a scanty supply. न्यून, कम (थोड़ा), संकुचित; *v.t.* to limit, provide grudgingly. कम करना, हद बाँधना

Scantling, *n.* (स्कॅन्टलिंग्) a specimen, pattern, small amount, sample. आदर्श, नमूना, थोड़ा पदार्थ, बानगी

Scanty, *adj.* (स्कॅन्टि) barely sufficient, not ample, of small amount or extent. कम (थोड़ा), अल्प

Scape, *n.* (स्केप्) shaft of column, an escape, a slip, a transgression, the cry, a picture of a scenery, stem which bears fruits, shaft of feather. प्राकृतिक भू-भाग का दृश्य, पलायन (भागने का काम), भूल चूक, कानून या नियम तोड़ने का काम, प्राकृतिक दृश्य, देश का चित्र, पर की डण्डी, पौधों में पलने वाली डाल, डंठल

Scapegoat, *n.* (स्केप्-गोट्) a goat

allowed to escape when Jewish chief priest had laid sins of people upon it, a person bearing blame due to others. दूसरे के लिए कष्ट उठाने वाला, बलिदान का बकरा

Scapegrace, *n.* (स्केप्-ग्रेस्) a rascal, a good for nothing fellow. निर्लज्ज, बेहया; **Scapement,** *n.* (-मेन्ट्) the steep side of a hill. पहाड़ी की खड़ी दीवार

Scaphoid, *adj. & n.* (स्कॅफॉइड्) of the shape of a boat. नाव की आकृति का

Scapula, *n. (pl. -e)* (स्कॅप्यूला) the shoulder-blade. कन्धे पर की हड्डी, हँसुली; **Scapular,** *adj.* (-अर्) pertaining to scapula. कन्धे पर की हड्डी-संबंधी

Scar, *n.* (स्कार्) mark left by a wound, a craggy part of a mountain. घाव का चिन्ह, पहाड़ का उभड़ा भाग; *v.t. & i. (p.t. -red)* to mark with a scar. अंकित करना

Scarab, *n.* (स्कॅरब्) sacred beetle of ancient Egypt. प्राचीन मिस्र देश का पवित्र झींगुर

Scaramouch, *n.* (स्कॅरमॉउश्) a baffoon, boastful coward. डरपोक शेखीवाज मनुष्य

Scarce, *adj. a.* (स्केअर्स्) not plentiful, scanty, rare, uncommon, hard to find. दुर्लभ, न्यून, बिरला; **Scarcely,** *a.* (-लि) hardly, rarely, with difficulty, surely not. किसी प्रकार, कठिनता से, प्रायः नहीं; **Scarcity,** *n.* (-इ-टि) insufficiency, dearth, prevailing want of food, rareness, infrequency. दुर्लभता, स्वल्पता, न्यूनता, दुष्काल

Scarcement, *n.* (स्केअर्समेन्ट्) set-back in a wall, ledge resulting from this. अंदर की ओर धँसी हुई दीवार

Scare, *v.t.* (स्केअर्) to strike with sudden terror, to terrify, to frighten, to startle and frighten. त्रासना, डराकर भगाना; *n.* unreasoning terror, sudden alram, commercial panic. आक्रमण भय; *To scare away* (to drive away by fright). डराकर भगा देना

Scarecrow, *n.* (स्केअर्-क्रो) something set up in the field to frighten birds away, one dressed meanly. विभीषिका, चिड़ियों को डराने का पुतला

Scarf, *n.* (स्कार्फ्) a sort of light shawl, a long narrow piece of cloth worn round the neck or shoulders, necktie. गुलुबन्द, दुपट्टा, रूमाल; *v.t.* to join the ends of timber or metal. बल्ला या लोहे की घरन के छोरों को जोड़ना; *Scarf-joint* (joint of two pieces of timber). इस प्रकार का जोड़; *Scarf-pin* (ring worn round the ends of a scarf). रूमाल अटकाने की (सोने की या जड़ाऊ) मुँदरी; *Scarf-skin* (outer skin). ऊपरी खाल

Scarf, *v.t.* (स्कार्फ्) to join with scarf, flench (whale). व्हेल मछली के टुकड़े करना

Scarify, *v.t. (p.t. Scarified)* (स्कॅरिफाय्) to scratch skin or surface of all over, to make incisions in, to loosen surface of soil, to stir the soil. चमड़ा छेदना या काटना

Scarious, *adj.* (स्केअरिअस्) thin and dry, full of membranes. नसदार, पतला तथा सूखा

Scarlatina, *n.* (स्कार्लटीना) scarlet fever. सिन्दूर ज्वर, लाल बुखार

Scarlet, *n. & adj.* (स्कार्लेट्) brilliant red colour, scarlet cloth or clothes. गहरा लाल रंग, अंगूरी रंग का; *Dressed in scarlet.* सिंदूरी रंग के कपड़े पहिने हुए; *Scarlet fever* (a kind of fever characterized by scarlet rash). एक प्रकार का ज्वर जिसमें अंग में सर्वत्र लाल चकत्ते पड़ जाते है

Scarp, *n.* (स्कार्प्) a steep slope, the inner slope of a ditch, perpendicular slope. खाई की भीतरी दीवार, सीधी ढाल

Scarus, *n.* (स्केअरस्) kinds of bright hued fish with parrot-like beak. चमकीले रंग की एक प्रकार की मछली

Scathe, *n.* (स्केद्) harm, suffered, injury. चोट, हानि, नष्ट करना, हानि करना; *v.t.* to injure by blasting or withering up, to damage. नष्ट करना, हानि करना; **Scathefulness,** *n.* (-फुल्नेस्) injuriousness. हानि; **Scatheless,** *adj.* (-लेस्) unharmed, without injury. हानि-रहित

Scatology, *n.* (स्कटॉलाजि) study of filthy insects. गन्दगी के कीड़ों के अध्ययन का शास्त्र

Scatophagous, *adj.* (स्कॅटॉफॅगस्)

feeding on dung. मल या विष्ठा भोजन करने वाला

Scatter, *v.t. & i.* (स्कैटर्) to throw or put here and there, to disperse, sprinkle, to disseminate, to spread, to flee or make flee in all directions. फैलाना, छितराना, बिखेरना; *Scatter brain* (heedless person). अव्यवस्थित पुरुष; *Scatter brained* (heedless, desultory). लापरवाह; **Scattered,** *adj.* (-ड्) strewn. छिताराया हुआ; **Scattering,** *adj.* (-इङ्ग्) strewing. छितराते हुए, छितराई हुई वस्तुएँ

Scaup, *n.* (स्कॉप्) a kind of duck. एक प्रकार का बत्तख

Scavenger, *n.* (स्कैव्हिंजर्) a person employed to remove refuse from the streets of a city. मेहतर, सड़क का कूड़ा, हटाने वाला

Scenario, *n.* (सिनारिओ) the plot of a play in which the order of scense, story etc. are laid out. नाटक की कथा, अङ्क आदि के क्रम का पर्दा

Scene, *n.* (सीन्) a place of actual or fictitious occurrence, stage of a theatre, a piece of continuous action that forms part of a play, a dramatic representation, landscape or view. प्रदर्शन भूमि, दृश्य नाटक का अंक, रंगभूमि, नेपथ्य, स्थल, नाटक का पर्दा

Scenery, *n.* (सीनरि) stage scenes, spectacle, the natural features of a district. दृश्य, भूमि, कृत्रिम रचना

Scenic, *adj.* (सीनिक्) of the stage, picturesque in grouping, affected. सुन्दर (बहारदार), नेपथ्य-सम्बन्धी

Scenography, *n.* (सीनॅग्रॉफि) representation in perspective. नाटक के पर्दे को ऐसा रँगना कि वह पर्दा न मालूम हो, सच्चा दृश्य लगे

Scent, *v.t.* (सेंन्ट्) to discern by smell, to perfume, sniff to detect the odour of, to discover by smelling, to suspect the presence of. सुँघना, सुगन्धित करना, गन्ध द्वारा किसी का पता लगाना, सन्देह करना; *n.* characteristic odour of something, perfume, smell left by an animal enabling hounds to track it. सुगन्ध, महक; *To scent out.* खोज में; *On the scent* (in search of, having a clue). खोज में; *To put off the scent* (to deceive by false indication). धोखा देना, छलना

Scepsis, *n.* (स्केप्सिस्) philosophic doubt, sceptical philosophy. तत्वज्ञानियों का अविश्वास

Sceptic, *n.* (स्केप्टिक्) a person who questions the truth of religious doctrines, an atheist. धार्मिक सिद्धान्तों में विश्वास न रखने वाला, नास्तिक

Sceptre, *n.* (सेप्टर्) a rod symbolizing sovereignty, royal or imperial authority. राजदण्ड, प्रभुत्व, राजाधिकार; **Sceptred,** *adj.* (-ड्) bearing a sceptre, regal. दण्डधर, अधिकारयुक्त; *Sceptred king* (anointed king). अभिषेक किया हुआ राजा

Schedule, *n.* (शेडयूल्) a table of details or items. परिसंख्या, नामावली, सूची; *v.t.* to make a schedule of, to include in a schedule. सूचीपत्र बनाना; *Scheduled time* (time started in the time-table). सूची पत्र में का निर्धारित समय

Schema, *n.* (स्कीमा) synopsis, outline, diagram. खाका, आकार मात्र तत्व

Scheme, *n.* (स्कीम्) a systematic arrangement, plan for doing a thing, an outline, project, a syllabus, a plan of action, a diagram, artful, contrivance, representation of a design. अनुसन्धान, वर्गीकरण-प्रणाली, योजना, उपाय, व्यवस्था, चित्र, नक्शा, कपट-प्रबन्ध; *v.i. & t.* to make plans, to contrive, to intrigue, plan to bring about. उपाय करना, कपट प्रबन्ध करना; **Schemer,** *n.* (-अर्) a contriver, one who makes a scheme, a plotter. उपाय रचने वाला; **Scheming,** *n.* (-इङ्ग्) the act of planning, intriguing. छल, कपट-प्रबन्ध

Scheroma, *adj.* (स्के-रॅं-मा) dryness of the eye. आँखों का सूखापन

Schetic, *adj.* (स्केटिक) constitutional. प्रकृति संबंधी

Schipperke, *n.* (स्किपर्कि, शि-) a kind of lap-dog. बिना पूंछ का कुत्ता

Schism, *n.* (सिजम्) the separation of the church, faction, an offence of causing such separation. गिरजे का

अलगाव, धर्म में सम्प्रदाय, फूट, दो फाड़ होना, चर्च में मतभेद

Schismatic, *adj.* (सिज्मॅटिक्) tending to or guilty of schism. मतभेद डालने वाला,

Schist, *a.* (शिस्ट्) crystalline rock whose components are arranged in layers. पतली तहों में अलग होने वाली चट्टान

Scholar, *n.* (स्कॉलर्) a child at an elementary school, a pupil, a learned or erudite person. विद्यार्थी, छात्र, विद्वान; **Scholarly,** *adj.* (-लि) erudite, like a scholar. पण्डितोचित्, पंडित के समान; **Scholarship,** *n.* (-शिप्) learning, a money allowance to give a student. पाण्डित्य, विद्या, छात्रवृत्ति

Scholastic, *adj.* (स्कालॅस्टिक्) of schools, universities, educational, pedantic, dealing in logical subtleties. विद्वान या विश्वविद्यालय सम्बन्धी, विद्याविषयक, शास्त्रीय; *n.* a schoolman; one who follows scholasticism, a Jesuit. धर्माधिकारी, मध्यम युगीन शिक्षक तर्कतीर्थ यीसुमसीही सिद्धान्तों का अनुयायी

Scholiast, *n.* (स्कोलिअस्ट्) a commentator. भाष्यकार, टीकाकार

Scholium, *n.* (स्कोलिअम्) ancient grammarian's marginal note on passage or word in classical author. पुस्तक के किनारे पर लिखी हुई टीका

School, *n.* (स्कूल्) an institution for giving instruction to the young, a place of instruction, its buildings, its pupils, disciple of a teacher, being educated in a school, branch of study, shoal of fish. विद्यालय, सम्प्रदाय, शिक्षा की शाखा, पाठशाला, मछलियों का झुण्ड; *v.t.* to discipline, to bring under control, to reprove. अनुशासन में लाना, स्कूल में डालना, नियंत्रण में रखना, प्रशिक्षित करना, आदत डालना, सिखाना

Schoolable, *adj.* (स्कूलबल्) liable by age to compulsory education. स्कूल में पढ़ने के लिए जाने योग्य

Schoolman, *n.* (स्कूल् मैन्) a teacher in medieval European university, a philosopher. दार्शनिक, तत्ववेत्ता

Schooner, *n.* (स्कूनर्) a small sailing vessel with two or more masts. दो या दो से अधिक मस्तूल का छोटा जहाज

Schottische, *n.* (शॉटीश्) kind of polka, music for it. एक प्रकार का नृत्य, उसके वाद्य

Sciagraphy, *n.* (सायॅग्राफि, स्कि-) art of shading in drawing and sketches, X-ray photography, finding of time by the shadow of the sun. चित्र में छाया दरशाने की कला, एक्स-किरण द्वारा फोटो उतारने की कला, सूर्य की छाया से समय का अनुमान करना

Sciatic, *adj.* (सायॅटिक्) of the hip, of or having sciatica. कूल्हे का; **Sciatica,** *n.* (-आ) a neuralgia affecting the hip or thigh. कूल्हे पर की अथवा घुटने पर की गठिया

Sciatic, *a.* (सायॅटिक्) neuralgia of hip and thigh, pain in sciatic nerve. आसनास्थिक, जघनास्थि से निकलने वाला, जंघा पृष्ठ शूल का, कूल्हे से पैर तक की नाड़ी

Science, *n.* (साय्अन्स्) systematic knowledge, the physical or natural sciences as a whole, games. विद्या, शास्त्र, ज्ञान शास्त्र; *Applied science* (science dealing with industrial processes). उद्योग (व्यवसाय) में प्रयुक्त होनेवाला; *Moral science.* नैतिक विज्ञान, नीति शास्त्र; *Natural science* (science dealing with natural phenomena). प्राकृतिक विज्ञान; *Physical science* (science dealing with physical aspects of matter). भूतत्व विज्ञान-यथा ज्योतिष, रसायन शास्त्र, विद्युतशास्त्र तथा यन्त्र रचना, शास्त्र, भौतिक विज्ञान; *Pure science* (science apart from practical applications). शुद्ध विज्ञान

Scienter, *a.* (साय् एन्टर्) (legal) wittingly. जानबूझकर, सहेतुक

Scientific, *a.* (साएन्टिफिक्) according to the principles of science, having or requiring trained skill, accurate. वैज्ञानिक ढंग से मुक्केबाजी करना वाला

Scientist, *n.* (साएन्टिस्ट्) a person learned in one or moral of the natural sciences. वैज्ञानिक

Scilicet, *a. (abbr. Sc.)* (साय्लिसेट्) to wit, that is to say. अर्थात्, कहने के लिए

Scimetar, Scimitar, *n.* (सिमिटर्) a short curved oriental sword with a convex edge. कृपाण, खड्ग, टेढ़ी, तलवार

Scintilla, *n.* (सिन्टिला) shred or atom, a spark. स्फुल्लिग, चिनगारी

Scintillate, *v.i.* (सिन्टिलेट्) to sparkle as the fixed stars, to emit sparks. चमकना, चिनगारी फेंकना

Sciolism, *n.* (साय् अलिजम्) assumption of knowledge, conceit based on fancied wisdom. अल्पज्ञान; **Sciolist,** *n.* (-लिस्ट्) a person of superficial knowledge, one who has a smattering knowledge of something. अल्पज्ञ, थोड़े ज्ञान वाला

Scion, *n.* (सायन्) a shoot cut for grafting, descendant. (नवपल्लव) अंकुर, वंशज, सन्तान

Scirrhus, *n.* (सिरस्) hard tumour as early stage of cancer. गिल्टी जो बढ़कर जहरबाद हो जाती है

Scissele, *n.* (सिसेल्) a metal plate from which disks have been cut out, able to be cut. चद्दर का टुकड़ा जिसमें से गोल टिकुलियाँ काट ली गई हों

Scission, *n.* (सिझन्) cutting, division, split. कटाव फटन

Scissors, *n.pl.* (सिजर) a cutting instrument consisting of two blades mounted on a pin. करतनी, कैंची; a pair of scissors. कैंची, लैम्प की बत्ती काटने की कैंची; *Lamp-scissor* (scissors for trimming the wick of lamps). लम्प की बत्ती काटने की कैंची *Nail-scissors* (scissors for trimming nails). नख काटने की कैंची; *Button-hole scissors.* काज बनाने का ढाँचा

Sciurine, *adj.* (सियुअरिन्) of the squrrel-tribe. गिलहरी की तरह का

Scler(o), (स्क्लिअरो-) comb. form of Gk *skleros,* hard. कठिन, दृढ़

Sclerotic, *adj.* (स्क्लिअरॉटिक्) hard, firm. कड़ा; *n.* firm outer membrane of the eye ball. आँख की पुतली की कड़ी, पुष्ट बाहरी परत, शुक्ल पटल

Scobiform, *adj.* (स्को-बिफॉर्म) of the form of saw-dust. लकड़ी के बुरादे का आकार का

Scobs, *n.* (स्कॉब्ज्) raspings of ivory. हाथीदाँत का चूरा

Scoff, *v.i.* (स्कॉफ्) to speak derisively of esp. religion or object of respect, to mock at. आक्षेप करना, ताना मारना; *n.* mocking words, object of ridicule a taunt. आक्षेप, तिरस्कार

Scoffer, *n.* (स्कॉफर) the act of mockery. उपहास, ठट्ठा

Scold, *v.t. & i.* (स्कोल्ड्) to find fault, noisily, to rail, to chide, to rebuke. दोष निकालना, ताना मारना, झिड़कना, गाली देना; *n.* a railing or nagging woman, scolding. झिड़की (ताना), कर्कशा स्त्री; **Scolder,** *n.* (-अर्) one who scolds. निन्दक, गाली देनेवाला, निन्दा, गाली, झिड़की

Scolex, *n.* (स्कोलेक्स्) a tape-worm in its early stage. चिपटे केंचवे का आदि रूप

Scoliotic, *adj.* (स्कॅलि-ओटिक्) pertraining to curvature of spine. पीठ की रीढ़ के घुमाव का

Scolopendra, *n.* (स्कॅलॅ-पेन्-ड्रा) simllar to a centipede. गोजर के समान

Scolytus, *n.* (स्कॉलिटस्) a beetle which is destructive to trees. वृक्ष में लगनेवाला कीड़ा

Scomber, *n.* (स्कॉबर्) a kind of fish. एक प्रकार की मछली

Sconce, *n.* (स्कॉन्स्) a fort or earthwork, a candlestick to be attached to a wall, screen, the crown of head, head-piece, judgment, discretion, punishment for breach of discipline. दीवार पर लगाने की मोमबत्ती, आज्ञा भंग करने का दण्ड, ललाट (मस्तक), गढ़ी, न्याय; *v.t.* to fortify, to fine. किलाबन्दी करना, जुर्माना करना

Scone, *n.* (स्कोन, स्कॉ) soft cake of barley meal or wheat-flour. जौ या गेहूँ की मुलायम रोटी

Scoop, *n.* (स्कूप्) a short-handled deep shovel, a large dipping vessel for transferring liquids, gouge-like instrument. छोटी डण्डी का पोला फरसा (करबा), बड़ा चम्मच; *v.t.* to lift with a scoop, to hollow cut, to empty, to dig out, to excavate. खाली करना, गर्त बनाना, खोदना; **Scooper,** *n.* (-अर्) an engraver's tool. नक्काशी करनेवाले का यंत्र; *Scoop-wheel* (a wheel with buckets for lifting water). पानी उठाने का रहट

Scoot, *v.i.* (स्कूट्) (sl.) to dart off, shoot along, to run. झपटना, दौड़ना

Scooter, *n.* (स्कूटर्) a kind of child's toy. लड़कों के खेलने का पहियादार तख्ता

Scopa, *n. (pl. Scopae)* (स्कोपा) brush-like hair on the feet of bees. मधुमक्खी के पैर पर के रोयें

Scope, *n.* (स्कोप्) end aimed at, purpose, intention, sphere of observation or action, extent to which person or thing may or can range. अभिप्राय, हेतु, सीमा, अवसर, तात्पर्य, अवधि

Scope, *pref.* (स्कोप्) in sense of 'watching'. 'निरीक्षक' अथवा 'अवधि' अर्थ का उपसर्ग

Scopiped, *n.* (स्कोपि-पेड्) a broom-footed insect. एक कीड़ा जिसके पैर झाड़ू के आकार के होते हैं

Scorbutic, *adj.* (स्कॉर्ब्यूटिक्) affected with scurvy. रक्तस्राव रोग से ग्रस्त

Scorch, *v.t. & i.* (स्कॉर्च्) to burn the surface of so as to discolour or injure or pain, to parch by heat, to be dried up. किसी पदार्थ की ऊपरी तह जलाना, झुलसाना, सूख जाना; **Scorching,** *adj.* (-इङ्ग्) burning. झुलसाने या जलाने वाला

Score, *n.* (स्कॉअर्) a notch cut, starring point of a race, a line cut or scratched or drawn, a set of twenty, dead-eye to hole strap, reckoning, number of points made by a player in certain games, piece of good fortune. दरार (फटन), दौड़ आरंभ करने का स्थान, हिसाब, कोड़ी, गणना, खेल के अंकों की गणना; *v.t. & i* to mark with incisions or lines, to cut, to slash, to engrave, to set account, to furrow, enter item of debt to customer. काटना (छीलना), चिन्हित करना, गणना करना; *On that score* (about that subject). उस विषय में; *Scorebook* (a book in which scores are registered). गणना करने की पुस्तक; *Scores of people* (a large number of men). मनुष्यों की अधिक संख्या; *To pay one's score* (to settle reckoning). गिनती ठीक करना

Score-card, *n.* (स्कोअर्-काई) क्रिकेट में रन संख्या (दौड़) दर्शाने वाला, तख्ता

Scorer, *n.* (स्कोरर्) a keeper of score. गिनती करने वाला

Scoria, *n. (pl. -e)* (स्कॉरिआ) cellular lava or fragments of it, slag. ज्वालामुखी पर्वत से फेंके हुए मलवे के अंश

Scorify, *v.t. (p.t. Scorified)* (स्को-रि-फाइ) to reduce to drossy matter. मल में बदलना, मलवा जमाना

Scorn, *n.* (स्कॉर्न्) disdain, extreme contempt, an object of contempt. तिरस्कार, घृणा; *v.t.* to hold in contempt, to despise, to slight. तिरस्कार करना, अपमान करना, धिक्कारना; **Scornful,** *adj.* (-फुल्) contemptuous, disdainful. तिरस्कार युक्त; **Scornfulness,** *n.* (-फुल-नेस्) the state of being scornful. निन्दा, तिरस्कार

Scorpio, *n.* (स्कॉपिओ) the Scorpron, the eight sign of zodiac. वृश्चिक राशि

Scorpioid, *adj.* (स्कॉपिऑइड्) of the form of a scorpion's sting. बिच्छू के डंक की तरह किनारे पर मुड़ा हुआ

Scorpion *n.* (स्कॉर्पिअन्) lobster-like reptile with poisoned sting at its tail, one of the signs of the zodiac, a whip armed with metal points. वृश्चिक, बिच्छू; *Scorpion-shell* (a kind of shell-fish). एक प्रकार की सीपवाली मछली

Scot, *n.* (स्कॉट्) a native of Scotland, payment of tax. स्कॉटलैंड देश का निवासी, कर, महसूल

Scotch, *v.t.* (स्कॉच्) to disable, to wound without killing, prevent motion, to support on wheel. हलका घाव करना, रोकना, पहिये पर रखना; *adj. & n.* a line marked on ground in hop-scotch, of Scotland, native of Scotland, its language. स्कॉटलैंड का, इस देश सम्बन्धी, यहाँ की भाषा; *Scotchman, scotchwoman* (man or woman of Scotland). इस देश का पुरुष या स्त्री; **Scotfree,** *adj.* (स्कॉट्फ्री) exempt from the payment of a tax, not having to pay anything, unharmed. बिना कर दिये, कर देने से मुक्त, अविकल, बिना सजा के छूट जाना, बिना चोट लगे

Scotland yard, *n.* (स्कॉट्लंड् याई) the London police, the head-quarters of the detection of crime. लंदन स्थित

गुप्त (पुलिस) या खुफिया पुलिस का प्रसिद्ध बड़ा कार्यालय

Scotoma, *n.* (स्कॉटोमा) obscuration of part of the field of vision. नेत्र रोग, (आँख में काला निशान)

Scoundrel, *n.* (स्काउन्ड्रल्) an unscrupulous person, a rogue, a worthless fellow, a villain, a man without virtue. नीच, दुरात्मा, दुष्ट

Scour, *v.t.* (स्कॉवर्) to rub bright or clean, clear out, to polish, to hasten, to search rapidly, clear off by rubbing. शीघ्रता करना, माँजना, स्वच्छ करना, चमकाना, जल्दी-जल्दी खोजना; *n.* an act or process of scouring, substance used for scouring fabrics. स्वच्छ करने या चमकाने की क्रिया

Scour, *v.i. & t.* (स्कावर्) to rove, range, go along hastily, esp. in search or pursuit. भटकना, खोजना, द्रुत गति से जाना

Scourge, *n.* (स्कर्ज्) a whip for chastising persons, lash for chastising some thing regarded as a means of bringing divine evil, a calamity. कोड़ा (चाबुक), उत्पात, दैवी विपदा; *v.t.* to chastise or afflict for wrong-doing, to punish severely, to harass. दण्ड देना, कष्ट देना

Scout, *n.* (स्काउट्) a man sent out to reconnoitre, a kind of small fast-going aeroplane, a boy scout, act of seeking military information, kind of bird. भेदिया, जासूस, एक प्रकार का छोटा तेज जाने वाला हवाई जहाज, गुप्तचर; *v.i. & t.* to act as a scout, to watch closely, to reject with scorn, to sneer at. जासूसी का काम करना, निरीक्षण करना, निन्दा करना, तिरस्कार करना; *Boy-scout* (member of an organization intended to develop manliness and selfreliance). बालचर, लड़का जो जासूसी का काम सीखता हो

Scow, *n.* (स्काउ) flat-bottomed boat. एक प्रकार की चौड़ी पेंदी की नाव

Scowl, *v.i.* (स्काउल्) to wear sullen look, to frown. भौंह चढ़ाना, मुँह सिकोड़ना; *n.* a scowling aspect, frowning look. क्रोधपूर्ण आकृति; to scowl down (to overbear). न सहना

Scrabble, *v.i. & t.* (स्क्रैबल्) to scrawl, to make crooked marks, to mark with irregular lines or letters. खुरचना, अँधेरे में टटोलना, टेढ़ी-मेढ़ी लकीर बनाना

Scrag, *n.* (स्क्रैग्) a skinny person or animal, a lean person, inferior part of neck of mutton. दुर्बल मनुष्य, पतली वस्तु; *v.t. (p.t. -ged)* to put to death by hanging, to throttle, wring neck of. फाँसी पर लटकाना,

Scraggily, *a.* (स्क्रॉगिलि) in a scraggy manner. दुर्बलता से; **Scraggy,** *adj.* (-स्क्रीग) lean and bony, uneven, rough. दुर्बल, रूक्ष, कर्कश

Scramble, *v.i. & t.* (स्क्रैम्बल्) to take part in a struggle, to climb, to catch at a thing. युद्ध में भाग लेना, चढ़ाना, झपट कर पकड़ना; *n.* a climb or rough walk, eager struggle for something. ऊँची-नीची भूमि पर चढ़ना, किसी पदार्थ को प्राप्त करने के लिए उत्कट प्रयत्न करना

Scran, *n.* (स्क्रैन्) food, eatables, victuals. भोजन की सामग्री

Scrannel, *adj.* (स्क्रैनेल्) (of sound) weak, feeble. मन्द (शब्द)

Scrap, *n.* (स्क्रैप्) a small detached piece, fragment of something, rubbish, waste material for re-working. खण्ड, टुकड़ा; *(pl.)* useless remains. (ब. व.) वृथा अंश, गूदड़; *Scrap of paper* (a small piece of paper). कागज की चिट

Scrape, *v.t. & i.* (स्केप्) to level the surface of thing for polishing, to clean by rubbing or scraping, draw along with grating or vibration. रगड़कर चमकाना, खुरचकर पालिश करना; *To scrape one's boots* (to remove dirt from the sole of shes). जूते के तल्ले की मिट्टी हटाना; *To scrape one's plate* (to leave no food in the dish). कुल खा जाना, थाली में कुछ न छोड़ना

Scraper, *n.* (स्केपर्) metal edge for scraping, one who scrapes. खुरचने वाला, खुरचने का औजार

Scrappily, *a.* (स्क्रीपिलि) in a scrappy manner. उच्छिष्टता से; **Scrappy,** *adj.* (-पि) fragmentary, disconnected. टुकड़ेदार

Scratch, *v.t. & i.* (स्क्रैच्) to score surface of, wound slightly with claws or nails or something pointed, get scratched, make hole, strike out, mark through by scratching, from the list of competitors. खुरचना, सरसरी तौर पर देखना, नोचना, काटे का निशान लगाना; *n.* a wound or mark or sound made by scratching, slight wound or cut, competitor in handicap receiving no start. हल्का घाव, प्रतियोगिता आरम्भ होने की रेखा, खरोंच, प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाला खिलाड़ी

Scratch-cat, *n.* (स्क्रैच्-कॉट्) a spiteful child or woman, the devil. ईर्ष्यालु बालक या स्त्री

Scratchy, *adj.* (स्क्रैचि) done in scratches, making sound of scratching or given to catching in paper. लापरवाही से किया हुआ

Scrawl, *v.t. & t.* (स्क्रॉल्) to write in hurried untidy way, to scribble, to write awkwardly, to till paper with bad writing. अस्पष्ट लिखना, घसीटना, घसीट लिखकर कागज भरना; *n.* hurried writing. जल्दी लिखावट,

Scrawny, *a.* (स्क्रॉनि) lean. scraggy, दुबला-पतला, बेजान

Scream, *v.i. & t.* (स्क्रीम्) to utter a piercing cry, to whistle, to laugh uncontrollably, to hoot, to laugh loudly. ठहाका मारकर हँसना, चिल्लाना, सीटी बजाना, चीखना; *n.* a piercing cry, a harsh shrill cry. चिल्लाहट, चिंग्घाड़; *Screamer* (one who screams, a genus of South American birds which make harsh cry. चिल्लानेवाला, एक प्रकार का तीव्र शब्द करनेवाला दक्षिण अमेरिका का पक्षी

Scree, *n.,v.i. & t.* (स्क्री) a mountain slope covered with small stones. छोटे-छोटे पत्थरों से ढँकी हुई पहाड़ की ढाल

Screech, *v.t.* (स्क्रीच) to utter a shrill cry, to scream. चिल्लाना, चीख मारना

Screed, *n.* (स्क्रीड्) a vehement address, one of the follets of mortar or strips of wood by which surface to be plastered is divided into compartments. तीव्र व्याख्यान, उत्कट भाषा

Screen, *n.* (स्क्रीन्) a partition, an object of shelter, a curtain, sheet for display of lantern pictures, a large sieve. टट्टी, पर्दा, आवरण, पर्दा जिस पर मैजिक लालटेन का अक्स पड़ता है, बड़ी छलनी; *v.t.* to afford shelter to, to hide, to show object on a cinema screen, sort (coal etc.) with screens. शरण देना, छिपाना, छाया डालकर चित्र दिखलाना

Screw, *n.* (स्क्रू) a piece of metal wire with spiral thread all round it, for fastening pieces of wood or metal, wooden or other screw as part of appliance for exerting pressure, a miser, a worn out horse. पेंच, कैंची, थका हुआ घोड़ा, कंजूस

Screw-bolt, *n.* (स्क्रू-बोल्ट्) a screw fitted with a bolt. छिबरीदार पेंच; **Screw-driver,** *n.* (-ड्राइ-वर्) a tool similar to a blunt chisel used for tightening or loosening a screw. पेचकस; **Screwed,** *adj.* (-ड्) fastened with screws. पेंच से कसा हुआ; **Screw-jack,** *n.* (-जॉक्) appliance for lifting motor car and railway carriage & c. मोटर, रेलगाड़ी इत्यादि को उठाने का यन्त्र; **Screw-plate,** *n.* (-प्लेट्) plate with screw cutting dice. पेंच बनाने का बादिया; **Screw-press,** *n.* (-प्रेस्) simple press used by printers and book-binders. पुस्तक या कागज दबाने का चाँप; **Screw- propeller,** *n.* (-प्रॅ-पेल्लर्) revolving shaft of an airship or ship. हवाई जहाज या पानी के जहाज की पंखी चलाने की पेंच

Scribble, *v.i. & t.* (स्क्रिबल्) to write hurriedly or carelessly, to scrawl, to fill with worthless writing. अस्पष्ट लिखना, घसीटना

Scribe, *n.* (स्काइब्) a person who can write, a clerk or secretary, a writer, (Bibl.) interpreter of Jewish law. लेखक, लिखने वाला मुंशी

Scriber, *n.* (स्काइबर्) one who scribes, a kind of engraving instrument. लेखक, खुरचने का औजार

Scrim, *n.* (स्क्रिम्) a lining-cloth. अस्तर देने का कपड़ा

Scrimmage, *n.* (स्क्रिमेज्) a skirmish, confused struggle, brawl. हाथापाई, लड़ाई, झगड़ा

Scrimshaw, *v.t. & i.* (स्क्रिम्-शाँ) to adorn shells & c. घोंघास, सीप इत्यादि को सजाना

Scrinium, *n.* (स्क्रिनिअम्) a cylindrical box for rolled manuscripts. हस्तलिखित पुस्तकों के पुलिन्दे को रखने का चोगा

Scrip, *n.* (स्क्रिप्) a wallet, a small bag, a provisional certificate of money for a bank, a share certificate. थैली, झोली, बंक के वास्ते पुर्जा, बीजक, हिस्सेदारी का प्रमाणपत्र

Script, *n.* (स्क्रिप्ट्) handwriting, printing type imitating hand-writing. हाथ की लिखावट, टाइप के अक्षर जो हाथ के लिखे अक्षर के अनुरूप हों

Scriptorium, *n. (pl. -ria)* (स्क्रिप्टॉरिअम्) a room set apart for writing esp. in a monastery. लेखन गृह

Scripture, *n.* (स्क्रिप्चर्) the Bible, a Bible text, the quotation from the Bible, any sacred book or writing. धर्मपुस्तक, वेद, इन्जील

Scrivener, *n.* (स्क्रिव्हेनर्) a notary, drafter of documents, broker, money-lender. मस्विदे का लेखक, मुहर्रिर, महाजन

Scrobiculate, *adj.* (स्क्रॉ-बिक्युलेट्) pitted, furrowed. दौंतेदार

Scrofula, *n.* (स्क्रॉफ्यूला) constitutional disease with glandular swellings of the neck, and tendency to consumption. गण्डमाला रोग

Scroll, *n.* (स्क्रोल्) a roll of parchment or paper, a schedule or list, an architectural ornament, book of ancient roll form, a tracery or ribbon in a spiral form. लिपटे हुए कागज का मुट्ठा, सूचीपत्र, मकान की सजावट, इमारत में घूमे हुए फीते की नकाशी; *v.t. & i.* to curl up like paper. कागज की तरह लपेटना; *Scroll-lathe* (a screw-cutting lathe). लोहा पीतल आदि को घुमौवा काटने का खराद

Scrotum, *n. (pl. Scrota)* (स्क्रोटम्) the pouch containing the testicles. अण्डकोष की थैली

Scrub, *v.t. & i. (p.t. -bed)* (स्क्रब्) to rub hard for cleaning or brightening. कसकर रगड़ना, घिसना; *n.* an apparatus for scrubbing, a stunted tree or brush or animal or person, a country covered with stunted trees or shrubs. रगड़ने या चमकने का सामान या साधन, छोटे कद का पेड़, झाड़ी, जानवर या आदमी, छोटे वृक्षों या झाड़ियों से पूर्ण देश

Scrubber, *n.* (स्क्रबर) one who or that which scrubs. रगड़नेवाला कड़ा बुरुश

Scruff, *n.* (स्क्रफ्) back of the neck. गर्दन का पिछला भाग, टेंटुआ

Scrumptious, *adj.* (स्क्रम्प्शस्) first-rate, delicious, delightful. स्वादिष्ट, आनन्ददायक

Scruple, *n.* (स्क्रूपल्) weight-unit of 20 grains, moral considerations, very small quantity, feeling of doubt. बीस ग्रेन की तौल, जो प्रायः एक माशे के लगभग होती है, नैतिक विचार या भावनाएँ, संदेह (शंका), संशय; *v.t.* to feel or be influenced by scruples, to doubt, to hesitate. सन्देह करना, शंका करना

Scrupulous, *adj.* (स्क्रूप्यूलस्) careful not to offend, doubtful, cautious, punctilious. शंकायुक्त, सावधान, सचेत

Scrutator, *n.* (स्क्रूटेटर्) investigator, a critic. छिद्रान्वेषी, सूक्ष्म परीक्षा करने वाला

Scrutineer, *n.* (स्क्रूटिनिअर्) one who scrutinizes, an offcial conducting scrutiny of votes. वोट के कागजों की परीक्षा करने वाला

Scrutinize, *v.t.* (स्क्रूटिनाइझ्) to look closely at, to examine in detail. सूक्ष्म निरीक्षण (अनुसन्धान) करना, जाँचना

Scrutiny, *n.* (स्क्रूटिनि) critical gaze, detailed examination. सूक्ष्म परीक्षा, अनुसंधान, छानबीन

Scud, *v.i.* (स्कड्) to run or fly straight and fast, to run before the wind, skim along. वेग से चलना (भागना), हवा के रुख पर चलना; *n.* scudding motion, vapoury clouds, vapoury driving clouds. वाष्पपूर्ण बादल, तेज दौड़ने वाला व्यक्ति

Scuffle, *v.i.* (स्कफल्) to struggle confusedly with pushing about

etc. हाथापाई करना, झगड़ना; *n.* a confused conflict, disorderly fight. लड़ाई, हाथापाई

Scug, *n.* (स्कग्) unmannerly spiritless person, sociability, sportsmanship. उत्साहहीन अशिष्ट पुरुष

Scull, *n.* (स्कल्) to propel a boat by one oar only. एक डाँड़ा (किलवारी) पर नाव चलाना; *v.i. & t.* to use sculls, propel boat with sculls. नाव को किलवारी से चलाने वाला

Scullery, *n.* (स्कलरि) back kitchen in which dishes are washed, &c. रसोई के बर्तनों के माँजने की कोठरी

Scullion, *n.* (स्कल्यन्) a dish-washer. रसोई घर के बर्तन माँजने वाला व्यक्ति

Sculptor, *n.* (स्कल्टर्) a person who sculptures one who carves figures. पत्थर या लकड़ी पर नकाशी करने वाला, संगतराश, संगतराशिन

Sculpture, *n.* (स्कल्प्-चर्) art of forming representations by chiselling, carving, casting, or modelling. मूर्ति बनाने की विद्या; *v.t. & i.* to carve, to represent in or adorn with or do sculpture. मूर्ति बनाना, संगतराशि का काम करना

Sculpturesque, *a.* (स्कल्प्चरेस्क्) fit for or suggesting a sculpture. प्रतिमा गढ़ने योग्य, मूर्ति को आकार देने के लिए उपयुक्त

Scum, *n.* (स्कम्) impurities that rise to the surface of a liquid, refuse, dregs. मल, फेन, झाग; *v.t (p.t. -med)* to remove scum from. मैल हटाना

Scupper, *n.* (स्कपर्) a hole in ship's side to carry off water from desk. जहाज की छत पर का पानी बहने का छेद; *v.t. (sl.)* to surprise and massacre, sink (ship, crew). चकित करना, हत्या करना, जहाज डुबाना

Scurf, *n.* (स्कर्फ) fine flakes cast off when the underskin develops, any scaly matter. रूसी, चोइयाँ, पपड़ी

Scurril, Scurrile, *adj.* (स्करिल्) low, mean, indecent, obscene. नीच, दुष्ट, अशिष्ट, अधम

Scurrilous, *adj.* (स्करिलस्) grossly or obscenely abusive, indecent, foul-mouthed. कटुभाषी, अश्लील, नीच

Scurry, *v.i.* (स्करि) to scamper, to hurry. जल्दी-जल्दी दौड़ना; *n.* an act or sound of scurrying, hustle. वेगयुक्त गमन

Scurvy, *adj.* (स्कर्व्हि) paltry, dishonourable, contemptible, low, mischievous. कुत्सित, नीच, एक प्रकार का रक्त रोग *n.* a disease due to lack of fresh food. रक्तस्राव रोग का

Scut, *n.* (स्कट्) a short tail, esp. of rabbit, hare of deer. कुछ पशुओं (यथा-खरहा, हरिण इत्यादि) की छोटी दुम

Scutage, *n.* (स्क्यूटिज्) money paid by feudal land-owner in lieu of personal service किसी मनुष्य की सेवा करने का पुरस्कार

Scurch, *v.t.* (स्कच्, -श्) to dress fibres by beating, to whip slightly. (सन-पटुआ इत्यादि को) पीटकर रेशा अलगाना, धीरे से चमांटी मारना

Scutellated, Scutellar, *adj.* (स्क्यूटेलेटेड्, -लर्) of the form of a small shield. छोटी ढाल के आकार का

Scutellum, *n. (pl. Scutella)* (स्क्यू-टेलम्) a small shield. ढाल के आकार का

Scutter, *v.i.* (स्कटर्) to run in fussy or startled way. घबराहट, हड़बड़ाहट में भागना

Scuttle, *n.* (स्कटल्) a metal pan, a hatchway, a small opening with lid in the roof of a house, hurried gait. खँचिया, अँगीठी, छत का ढकनेदार छेद, तीव्र गति, झाबा; *v.t.* to pierce hole in the bottom of a ship, to run away. जहाज में (डुबाने के लिए) छेद करना,

Scutum, *n. (pl. Scuta)* (स्क्यूटम्) a shield-like plate in certain animals, the knee-pan. कछुआ,मगर इत्यादि प्राणियों के शरीर की ढाल की आकृति की उपरी त्वचा, घुटने की चक्की

Scylla, *n.* (सिला) six-headed monster living on a rock, and whirlpool. एक पौराणिक छः मस्तक का दैत्य

Scythe, *n.* (साइद्) a mowing and reaping implement swing with both the hands, blade continuing axle of ancient war-chariot at each end. खेत या घास काटने की हँसिया; *v.t.* cut with scythe. हँसुआ से खेत काटना;

Scythed, *adj.* (-द्) mowed with a scythe. हँसुआ काटा हुआ

Sea, *n.* (सी) the large expanse of salt water covering the greater part of the earth's surface, great billow, the ocean, a large wave of the sea, a large lake. समुद्र, सागर, समुद्र की बड़ी लहर; **Sea- ape**, *n.* (-एंप्) sea-otter. समुद्री सुईस; **Sea- bear**, *n.* (-बेअर्) polar bear. ध्रुवीय भालू; **Sea-beaten**, *adj.* (-बीट्न्) beaten by sea waves. समुद्र की लहरों से टकराया हुआ

Seafaring, *a.* (सीफेअरिंग्) occupied in sea voyages, employed in navigation. समुद्र पर्यटन करने वाला, समुद्री कार्यरत

Seapora, *n.* (सीपॉर्ट्) a town with harbour. बंदरगाह पर या निकट स्थित शहर या कस्बा

Seasick, *a.* (सीसिक्) suffering sickness caused by motion of ship etc. समुद्र यात्रा से होने वाली बीमारी, समुद्र यात्रा से बीमारी

Seaworthy, *a.* (सीवर्दि) (of ship) in fit state to put to sea, strong and well-rigged etc. समुद्र यात्रा के लिए योग्य

Seal, *n.* (सील्) an aquatic flesh-eating mammal, an impression attached to a document, a similar impression made on paper, significant mark. मांसाहारी समुद्री स्तनधारी जन्तु, किसी प्रतिज्ञापत्र पर लगाई गई छाप या मुहर, विशिष्ट चिन्ह, मुहर, मुद्रा; *v.t.* to stamp with seal, to keep shut. मुहर या छापा लगाना, बन्द करना; *His lips are sealed* (he must not speak). उसका मुँह बन्द है; *To seal up* (to shut up). बन्द कर देना

Sealing, *n.* (सीलिङ्) the act of affixing a seal. मुहर करने का काम; **Sealing-wax**, *n.* (-वॅक्स्) a resinous composition for receiving impressions. मुहर लगाने की लाख, मोहरी लाख

Seam, *n.* (सीम्) line of junction between two edges, a scar, line of separation between strata. संधि, सियन, फाँक, दरार, क्षतिचिन्ह, चोट की लकीर, झुर्री, धारी; *v.t.* to sew, to unite, to scar. सीना, जोड़ना, चिन्ह डालना; **Seamless**, *adj.* (-लेस्) having no seam. बिना सियान का; **Seamstress**, *n.* (-स्ट्रेस्) sewing-women. दर्जिन, कपड़े सीने वाली स्त्री; **Seamy**, *adj.* (-इ) containing seams. सन्धियुक्त, जोड़दार

Seance, *n.* (सेआन्स्) a sitting of a society or deliberative body, spiritual meeting. सभा, आध्यात्मिक विषय की सभा, गूढ़ विद्या शास्त्र

Seanad Eireann, *n.* (शॅनद् एअरन्) upper chamber of the Irish Free State Legislature. स्वतंत्र आयरलैंड की विधान परिषद

Sear, *v.t.* (सिअर्) to wither or blast, to scorch with hot iron, to dry up, to make insensible, to deaden. दागना, सुखाना, मुर्झाना, झुलसाना, अचेत करना; *adj.* dried up, withered. मुर्झाया हुआ, सूखा

Search, *v.t. & i.* (सर्च्) to look to find something, to seek out, to look for, to probe or penetrate into. खोजना, अन्वेषण करना, पता लगाना, परीक्षा करना, जाँचना; *n.* act of searching, examination, prompt finding, investigation. खोज, परीक्षा, जाँच; *To search into* (to examine). परीक्षा करना; *To search out* (to investigate). जाँच पड़ताल करना; **Searcher**, *n.* (-अर्) one who makes search. निरीक्षक, खोजनेवाला; **Searchful, Searching**, *adj. & n.* (-इङ्) penetrating, investigating, examination, close enquiry. सूक्ष्म अन्वेषण का, अनुसन्धान या परीक्षा; **Searchless**, *adj.* (-लेस्) unsearchable, inscrutable. बिना अनुसन्धान का; **Search-light**, *n.* (-लाइट्) electric arc-light arranged to send concentrated beam in desired direction. जांच करना, बिजली की बड़ी तेज रोशनी का लम्प जिसका प्रयोग कर दूर की वस्तु स्पष्ट देखी जा सकती है, ढूँढ़ना, सर्च लाइट, खोज बत्ती

Sear-cloth, *n.* (सिअर्-क्लॉथ) a cloth used to cover a sore. घाव पर बाँधने का कपड़ा

Season, *n.* (सीझन्) one of the four divisions of the year, one of the divisions of the year with distinguishable characteristics of temperature, suitable opportunity, rainfall, time of plenty, period of

indefinite length, period of indefinite or various length. ऋतु, मौसम, उचित अवसर, समृद्ध-काल, अनिश्चित अवधि का काल; *v.t. & i.* to flavour or make piquant, to accustom, to temper, to imbue, bring into efficient and sound condition by exposure, fit for use by being seasoned. अभ्यस्त करना, परिपक्व करना, स्वादिष्ट करना, मधुर बनाना, तर करना, तरोताजा करना, उपयोग लायक बनाना; *Auspicious season* (lucky time). शुभ मुहूर्त; *In season* (opportunely). अच्छी अवस्था में; *In season and out of season* (at all times). सब काल में, *Out of season* (in bad time). अकाल मे; *Season ticket* (a ticket issued at reduced rates, during hoildays & c.). रेलवे इत्यादि का कुछ समय के लिए सस्ते दर पर टिकट

Seasonable, *adj.* (सीजनेबल्) suitable to the season, opportune. समयानुकूल, उचित समय पर होनेवाला, मौसमी; **Seasonably,** *adj.* (-लि) in a seasonable manner. यथाकाल, काल के अनुसार **Seasonal,** *adj.* (-अल्) pertaining to a season. ऋतु संबंधी; **Seasoner,** *n.* (-अर्) that which gives relish to food. भोजन-सामग्री को स्वादिष्ट बनानेवाला; **Seasoning,** *adj.* (-इङ्ग्) relish, anything added in food to increase enjoyment. खाना स्वादिष्ट बनानेवाले पदार्थ; **Seasonless,** *adj.* (-लेस्) without proper time. बिना अवसर का

Seat, *n.* (सीट्) a thing made or used for sitting on, chair, throne, stool, bench, occupation of a seat, situation, part of machine that supports another part, residence, abiding place. बैठने का आसन, सीट, पीठिका, कुर्सी, बेंच, चौकी आदि, कुर्सी आदि का बैठने का स्थान, वासस्थान, रहने का स्थान, चूतड़, नितम्ब, प्रधान स्थल, केन्द्र, सदस्यता, निर्वाचन क्षेत्र, आसन ग्रहण अधिकार *v.t.* to make sit, to provide sitting accommodation for, to place on a seat, put new seat to, to settle, establish in a position, to fix. आसन पर बैठना, सीट या स्थान पर बैठना, स्थापित करना, नियुक्त करना, निर्वासित करना; *Please take a seat* (sit down). कृपया बैठें; *Lost his seat* (failed to secure re-election to Parliament). दुबारा चुनाव में जीत कर न आना; *To seat machinery.* यंत्र को स्थापित करना

Sebacious, *a.* (सिबेशस्) of tallow or fat, fatty, secreting oily matter. वसाजन्य, वसासम, वसामय, तैलजनक, चर्बीयुक्त

Secant, *adj.* (सीकन्ट्, से-) cutting. काटनेवाला; *n.* secant line, the radius of a circle produced to meet a tangent, ratio of this to radius. छेदक, अर्धव्यास जो बढ़कर दूसरी रेखा में मिलता है, कोटिज्या, छेदन रेखा

Secateurs, *n.* (सेकटर्ज़्) pruning-shears. कतरनी, कैंची

Seccotine, *n.* (सेकाटीन्) kind of glue. एक प्रकार का सरेस; *v.t.* to apply this glue to something. किसी पदार्थ पर यह सरेस लगाना

Secede, *v.i.* (सिसीड्) to separate oneself, to withdraw from membership. किसी मण्डल से हटाना, (दल, धर्म आदि से) पृथक हो जाना

Secession, *n.* (सिसेशन्) act of seceding. धर्मत्याग, विलग्नता, अलगाव

Seclude, *v.t.* (सिक्लूड्) to keep retired or away from company or resort, to separate from society. पृथक करना, अलगाना, अलग करना या रखना

Seclusion, *n.* (सिक्लूझन्) secluding, retirement, a secluded place or state. एकांतता, निर्जनता, पार्थक्य, अकेलापन

Second, *adj. & n.* (सेकन्ड्) next after the first, one who follows another, of subordinate importance or value, next in place, rank or time, the sixtieth part of a minute, inferior. दूसरा, द्वितीय, पीछा करनेवाला, दूसरे दर्जे का दूसरा, अतिरिक्त, घटिया, मिनट का साठवाँ भाग, मध्यम पुरुष वाचक, सहायक

Second, *v.t.* (सेकन्ड्) to back up, to give one's support to, *(Mil. pr. सकॉन्ड्),* to remove officer temporarily from his regiment or corps with a view to staff or other extra-regimental employment. समर्थन देना, अनुमोदन करना, सैनिक अधिकारी को उसकी टुकड़ी से अस्थायी तौर पर हटाकर किसी और काम में लगाना

Second-hand, *adj.* (सेकन्ड्-हॉन्ड्) not new, used by another, hearsay, the hand that marks the seconds on a watch or clock. पुराना, दूसरे का भोगा हुआ, कल्पित, घड़ी की सबसे छोटी सूई; *Second-hand evidence.* दूसरे से सुनी हुई गवाही

Second-rate, *adj.* (सेकन्ड्-रेट्) of inferior quality. मध्यम, सामान्य

Secondary, *a.* (सेकन्डरि) not primary, of the second rank or kind, supplementary. उप-अनुषंगी, प्रतिनिधि गौण, अप्रधान, अप्रत्यक्ष, परोक्ष, चर्च का साधारण अधिकारी

Secrecy, *n.* (सिक्रिसि) keeping of secrets, seclusion, privacy, concealment. रहस्य, गुप्तता, एकान्तता, छिपाव, लुकाव

Secret, *adj.* (सीक्रिट्) not exposed to view, concealed, not revealed, unrevealed, confidential. गुप्त, छिपाना, छिपा हुआ, अप्रकाशित निस्सारित करना; *n.* a secret matter, something concealed, mystery, privacy. गुप्त बात, रहस्य, शरीर के गुप्तांग; *To keep a secret.* गुप्त रखना, छिपाना; *In secret* (in private). एकान्त में; *Open secret* (a secret exposed to those concerned). संबंधित लोगों पर प्रकट भेद, प्रकृति के रहस्य; *Secret counsel* (private information). गुप्त मन्त्रणा

Secreataire, *n.* (सेक्रिटेअर्) a writing desk with drawers. दराज वाली मेज

Secretarial, *adj.* (सेक्रिटेअरिअल्) pertaining to a secretary. सचिवीय, मन्त्री-संबंधी

Secretariate, *n.* (सेक्रिटेअरिअट्) secretaryship, the secretary's department. सचिवालय, मंत्री का कार्यालय, सचिव मंडल

Secretary, *n. (pl. Secretaries)* (सेक्रेटरि) a person employed to deal with correspondence, an official apointed for keeping records and dealing with business, minister in charge of a Government office. सचिव, मंत्री, राजदूत या मंत्री का सहायक, किसी कार्य का अधिकारी; *Private secretary.* निजी सचिव; *Secretary of State.* राज्य का प्रधान सचिव; *Under secretary* (one who assists a secretary). मन्त्री का सहायक

Secretive, *adj.* (सीक्रिटिव्, सिक्रि-) given to making secrets, performing secretion. रहस्य रखनेवाला, शरीर के मल को निकालनेवाला,

Sect, *n.* (सेक्ट्) adherents or a number of people of the same school of thought, a religious part or faction. पंथ, संप्रदाय, समर्थक, मत, अनुयायीगण, फिरका, मतावलंबी

Sectarian, *adj. & n.* (सेक्टेअरिअन्) of or confined to a religious denomination, one of a sect. विशेष पन्थ का, सांप्रदायिक, मतानुयायी; **Sectarianize,** *v.t.* (-आइज्) to affect with sectarianism. किसी पन्थ का अनुयायी बनना

Sectary, *n.* (सेक्टरि) a member of a sect. विशेष पंथ का अनुयायी

Sectile, *adj.* (सेक्टिल्) able to be cut. काटने योग्य, षट्कोण, कृत्रिम प्रस्तर

Section, *n.* (सेक्शन्) severance with a knife, a part cut off, a part of structure, a distinct portion, subdivision of a book, part of a community. भाग, खण्डो में विभाजित करना, पुस्तक का परिच्छेद (प्रकरण, काण्ड), किसी सम्प्रदाय का भाग, टुकड़े किये हिस्सों में एक बिरादरी का हिस्सा; *v.t.* to pare off, to cut off. काटना, तराशना; *Section mark* (a sign used as a reference mark). प्रकरण का चिन्ह, § ऐसा चिन्ह

Sector, *n.* (सेक्टर्) a plane figure bounded by two radii of a circle, a mathematical instrument, a plane figure of this shape. वृत्तखण्ड, सेक्टर, रेखागणित का एक यन्त्र

Secular, *adj.* (सेक्युलर्) concerned with the affairs of this world, lasting for ages, coming once in a century, worldly, temporal. अनन्त, सौ वर्ष में एक बार होनेवाला, सर्वधर्म, लौकिक; *n.* a layman. धार्मिक सत्त्व, धर्म निरपेक्ष

Secularism, *n.* (सेक्युलरिजम्) the doctrine that the basis of morality should be non-religious. धर्मनिरपेक्षवाद, सर्वधर्म समतावाद, व्यावहारिक वृत्ति, धर्म निरपेक्षता

Secularize, *v.t.* (सेक्युलराइज़) to make secular, make worldly. धर्म निरपेक्ष बनाना, लौकिक कार्य में लगाना

Secund, *adj.* (सेकन्ड्) arranged on one side only. एक पक्षवर्ती, एक ओर ही लगाया हुआ

Secundus, *adj.* (सिकन्डस) second of the same name. एक ही नाम का दूसरा मनुष्य

Secure, *adj. (comp. Securer, sup. Securest)* (सिक्युअर्) untroubled by danger or fear, free from apprehension, reliable, impregnable, safe against. रक्षित, निश्चित, निर्भय, विश्वस्त, निर्विघ्न, सुहृद, पक्का, मजबूत, सुरक्षित; *v.t.* to obtain, to make safe against loss or free from danger, to get possession of, to guarantee. रक्षा करना, संपादित करना, भय से निवृत्त करना, बीमा करना, प्राप्त करना, कसकर बाँधना; *Secure of victory.* फँसा हुआ व्यक्ति; *Secure from interruption.* व्यवधान से सुरक्षित; *To secure vein,* (in surgery), शल्य क्रिया में रक्त स्राव से बचाना; *To secure arms.* पानी से बचाने के शस्त्र बगल में दबाना; *Loan secured on landed property.* जमीन जायदाद रेहन रखकर कर्ज लेना; **Securely,** *a.* (-लि) in a secure manner. सुरक्षित रूप से; **Securer,** *n.* (-अर्) he, who or that which secures. रक्षा करनेवाला

Securiform, *adj.* (सिक्युअरिफॉर्म्) of the shape of an axe. कुठार के आकार का, कुल्हाड़ी जैसा

Security, *n.* (सिक्युअरिटि) secure state of feeling, freedom from danger, certificate of stock, pledge for the fulfilment of an undertaking, surety. रक्षा, संकट से छुटकारा, सुरक्षा, निर्भयता, आश्रय, प्रतिभू, सुनिश्चितता

Sedan, Sedan-chair, *n.* (सिडॅन्, सिडॅन्-चेअर्) a portable chair used as a carriage for conveying a person. पालकी, तामजान, डोली, बंद मोटरकार

Sedate, *adj.* (सिडेट्) tranqil, calm, free from agitation, serious. गम्भीर, सौम्य, शांत, धीर, संयत; **Sedately,** *a.* (-लि) in a sedate manner. शान्ति से; **Sedateness,** *n.* (-नेस्) tranquillity. निर्ममत्व, शान्त; **Sedative,** *adj. & n.* (सेडेटिव्ह्) something medicine, soothing. शामक, शान्ति देनेवाली औषध, शांतिप्रद

Sedent, *adj.* (सेडेन्ट) quiet, inactive. शान्त,,अचल; **Sedentary,** *adj.* (-अरि) sitting, accustomed to much sitting. बैठा रहने वाला, गतिहीन, सुस्त, स्थानबद्ध, गृह प्रेमी

Sederunt, *n.* (सिडिअरन्ट्) sitting of ecclesiastical or other court, or of a company in conversation. (न्यायालय आदि की) बैठक, इजलास, उपस्थित व्यक्तियों की सूची

Sedge, *n.* (सेज्) water-side plants resembling coarse grass, a kind of bird. दलदल का एक पौधा, तृणयुक्त, नरकुलीय, एक प्रकार का पक्षी

Sediment, *n.* (सेडिमेन्ट्) the matter that settles to the bottom of a liquid, dregs. तलछट, मल, कीट, अवसाद; **Sedimental, Sedimentary,** *adj.* (-अल्,-अरि) pertaining to sediment. तलछट संबंधी

Sedition, *n.* (सिडिशन्) conduct or speech inciting to rebellion, offences against the state, the raising of agitation against a state, conduct or speech tending to breach of public peace. राजद्रोह, संक्षोभ, विद्रोह, तल में जमा कचरा

Seduce, *v.t.* (सिड्यूस्) to lead astray, to lead into crime, to persuade a woman for breach of chastity, to allure, to corrupt. विलुब्ध करना, बहकाना, छलना, पथ भ्रष्ट करना, स्त्री को पाप करने को प्रवृत्त करना, सतीत्व भ्रष्ट करना; **Seducement,** *n.* (-मेन्ट्) the act of seducing. वंचना, सतीत्वनाश

Seduction, *n.* (सिडक्शन्) seducing, being seduced, tempting to an evil action, a thing that tends to seduce. आकर्षण, मोहक, सतीत्व-हरण प्रलोभन, फँसाने वाला, दुष्प्रेरणा

Sedulity, *n.* (सेड्यूलिटि) the quality of being sedulous. परिश्रम, प्रयत्न

Sedulous, *adj.* (सेडयूलस्) persevering, diligent, assiduous, laborious, persevering. उद्योगी, परिश्रमी, कार्य में स्थिरता से लगा हुआ, अध्यवसायी; **Sedulously,** *a.* (-लि) laboriously.

परिश्रम से; **Sedulousness,** *n.* (-नेस्) the state of being diligent. कार्य संलग्नता

See, *n.* (सी) diocese of a bishop. धर्माध्यक्ष का पद

See, *v.i. & t. (p.t. Saw, p.p. Seen)* (सी) to perceive, descry, look at, to discover, to discern mentally, to grant an interview to, pay a visit to, to consider, to accompany as an escort, to visit, to examine. देखना, दर्शन करना, निहारना, अवलोकन करना, निरीक्षण करना, अन्वेषण करना, बोध होना, मालूम करना, अवगत होना, भेंट करना, परीक्षा करना; *n.* jurisdiction of a bishop. धर्माधायक्ष का अधिकार; *I see* (I think). मैं सोचता हूँ; *To see after* (to take care of). सँभालना; *To see good* (to consider right). भला विचारना; *To see into* (to reflect). विचार करना; *To see life* (to experience). अनुभव प्राप्त करना; *To see off* (to accompany at one's departure). विदाई के समय साथ रहना; *To see one's way to* (to manage). प्रबन्ध करना; *To see the back* (to abandon). त्याग देना; *To see the light* (to be born). उत्पन्न होना, जन्म लेना

Seed, *n.* (सीड्) germs of flowering plants, unit of reproduction, single grain of this, offspring, semen, male fecundating fluid, prime cause, origin, beginning. अंकुर, बीज, संतति, मूल, शुक्र, प्रारम्भ, बीजावस्था; *v.i. & t.* to sprinkle with seed, produce or let fall seed. बीज बोना, बीजारोपण करना; **Seed-bud,** *n.* (-बड्) the germ of a fruit. फल का अंकुर

Seediness, *n.* (सीड्-इ-नेस्) the state of being seedy. बीज-पूर्णता; **Seed-leaf,** *n.* (-लीफ) the first leaf of a seed. बोये हुए बीज की पहली पत्ती; **Seedling,** *n.* (-लिङ्ग) the plant raised from a seed, a young plant. बीज से उत्पन्न किया हुआ पौधा, छोटा कोमल पौधा; **Seed-pearl,** *n.* (-पर्ल) a small pearl. छोटा मोती; **Seed-plot,** *n.* (-प्लाट्) nursery ground. बेहन डालने की भूमि

Seed-time, *n.* (सीड्-टाइम्) sowing season. बोने का समय; **Seed-vessel,** *n.* (-वेस्-सल्) the pericarp. बीज का कोष

Seedy, *adj.* (सीडि) full of seed, having the taste of seeds, going to seed, worn out, out of sorts, shabby, feeling ill. बीजपूर्ण, स्वादिष्ट मदिरा, बीज के स्वादवाला, मैला कुचैला, थका हुआ, अस्वस्थ, गंदा

Seek, *v.t. & i. (p.t. Sought)* (सीक्) to try to make search or inquiry for, to endeavour to do, to get, to ask, to pursue, to aim at. खोजना, प्रयत्न करना, अन्वेषण करना, प्रार्थना करना, इच्छा करना; *To seek out* (to single out). अलगाना

Seem, *v.i.* (सीम्) to have the air or appearance of being, to appear to be true, have the sensation of. प्रतीत होना, मालूम पड़ना, जान पड़ना, उचित होना; *It seems to me* (it appears to me). मैं समझता हूँ; **Seeming,** *adj.* (-इङ्ग) ostensible, having the appearance of. दिखावटी, मिथ्या; **Seemingly,** *a.* (-इङ्ग-लि) in appearance at least, ostensibly. कृत्रिम रूप से, दिखावे में; **Seemly,** *adj.* (-लि) decent, decorous, becoming. विनीत, उचित, शोभनीय, उत्पन्न, भद्र

Seen, *p.p.* of See. देखा हुआ

Seer, *n.* (सीअर्) one who sees visions, an inspired person, a prophet. भविष्यदर्शी, सिद्ध पुरुष

Seer, *n.* (सीर्) an E.-Ind. weight. (भारतीय) एक सेर (वजन)

Seer-fish, *n.* (सीरफिश्) an E.-Indian fish of mackerel kind. एक प्रकार की मछली

Seersucker, *n.* (सीर् सकर्) Indian blue and-white-striped linen. नीली सफेद धारी वाला कपड़ा

Seesaw, *n.* (सीसॉ) a game in which two children at each end of a board fixed on a pivot alternately move up and down, vacillation. खेल जिसमें एक ऊपर जाता है और दूसरा नीचे आता है, ढेंकुल, टालमटोल करना; *v.t. (p.t. Seesawed)* to move with a reciprocating motion. ऊपर-नीचे होना,

Seethe, *v.i. & t. (p.t. Seethed, Sod, p.p. Seethed, Sodden)* (सीद) to be agitated, to cook by boiling. उबालना, किसी वस्तु को उबलने का पात्र

Segment, *n.* (सेग्मेन्ट्) a part cut off from a figure by line, a part cut off from something. खंड, वृत्तखण्ड, परिच्छेद (वृत्त) खंड; *v.t.* to divide into segments. खण्ड या टुकड़ा करना; **Segmental,** *adj.* (-अल्) pertaining to a segment. वृत्त-खण्ड से संबंधित; **Segmentary,** *adj.* (-अरि) segmental. वृत्त-खण्ड का

Segregate, *v.t.* (सेग्रिगेट्) to take from the rest and set apart for some purpose, to isolate. पृथक्, विसंयोजित करना, अलग करना

Seidlitz-powder, *n.* (सेडलिज़् पॉवडर्) aperient medicine of two powders mixed separately with water and then poured together. दो प्रकार के चूर्णों को पानी में डालकर पिलाने से पेट साफ होना

Seigneur, Seignior, *n.* (सेन्यर्, सेन्यॉर्) a feudal lord, a title of respect. स्वामी, अभिजात कुल का व्यक्ति, महाशय, बड़ा आदमी, आदर की पदवी

Seigniory, *n.* (से-निअॅरि) lordship. राजकीय सत्ता, प्रभुत्व

Seine, *n.* (सेन्) a large fishing net. एक प्रकार का मछली का जाल, कोना; *v.t. & i.* to fish with a seine. ऐसे जाल से मछली पकड़ना

Seise, See Seize. कब्जे में रखना, अधिकार में रखना

Seisin, *n.* (सीज़िन्) possession of land by free hold. जमीन पर कब्जा, स्वामित्व का अधिकार

Seismic, *a.* (साइज़्मिक्) of earthquake (s). भू-कम्पीय, भूकम्प सम्बन्धी

Seismo, *pref.* (साइज़्मो) in the sense of 'earth quake'. 'भूकम्प' अर्थ का उपसर्ग

Seismograph, *n.* (साइज़्मॅ-ग्राफ्) an apparatus for registering earthquakes. भूकम्प-सूचक यन्त्र

Seismology, *n.* (साइज़्मॅ-लॅजि) the science of earthquackes. भूकम्प-विषयक शास्त्र, भूकम्प-विज्ञान

Seizable, *adj.* (सीजेब्ल्) able to be seized. पकड़ने योग्य, जब्त करने योग्य

Seize, *v.t. & i.* (सीज़्) to confiscate, to take possession of by force, to catch to confiscate, to snatch, fasten with several turns of cord. शीघ्र समझ में आना, पकड़ना, कब्जे में लेना,

Seizure, *n.* (सीझर्) seizing or being seized, sudden attack, taking possession by force. पकड़, जबरदस्ती कब्जे में लेना, अचानक आक्रमण (रोग), धावा

Sejant, *a.* (सीजन्ट्) sitting with fore-legs upright. बैठा हुआ पशु, अकड़ू बैठना

Sejugous, *adj.* (सीजुगस्) with six pairs of leaflets. छः जोड़ा पत्तियोंवाला

Sekos, *n.* (सीकॉस्) (archeol.) sacred enclosure esp. of ancient temple. प्राचीन मन्दिर का पवित्र कक्ष

Selah, *n.* (सीला) a pause in the recitation of psalms. बाइबलि के भजन गाने में विश्राम

Seldom, *a.* (सेल्डम्) rarely, not often. कभी-कभी, बिरले ही, कदाचित

Select, *adj.* (सिलेक्ट्) chosen for excellence, preferable, picked, choice. उत्कृष्ट, चुना हुआ; *v.t.* to pick out as best or most suitable, to choose as the best. करना (छाँटना)

Selection, *n.* (सिलेक्शन्) the act of selecting, number of people selected, what is selected. प्रवरण

Selector, *n.* (सिलेक्टर्) one who makes a selection from a number of things. बहुत सी वस्तुओं में से चुननेवाला

Selenite, *n.* (सेलिनाइट्) crystallized foliated sulphate of lime. चन्द्रवासी, (चन्द्रकांत मणि में) दानेदार चूने का सल्फेट

Selenium, *n.* (सिलीनिअम्) a non-metallic element similar to sulphur. गन्धक के प्रकार का एक अधातु द्रव्य, सिलिनियम (रासायनिक तत्व-परमाणु क्रमांक ३४)

Seleno, *pref.* (सिलीनॅ) in sense of 'moon'. 'चन्द्रमा' अर्थ का उपसर्ग; **Selenographer,** *n.* (-ग्रॉफ़्र) one who photographs the moon. चन्द्रमा का आलोकचित्र खींचनेवाला; **Selenography,** *n.* (-ग्रॉफि) study or mapping of the moon. चन्द्र भूगोल, चन्द्रमा के वर्णन की विद्या; **Selenotropic,** *adj.* (-ट्रॉपिक्) turning towards the moon. चन्द्रमा की ओर झुकने या मुड़नेवाला

Self, *n. (pl. Selves)* (सेल्फ्) a person's identity3, one's own interest. निजी व्यक्तित्व, स्वयं, मै, अपनी रुचि, अपना स्वार्थ,

Sell, *v.t. (p.t. & p.p. Sold)* (सेल) to transfer to another in exchange for money, to part with for a price, to deliver for the sake of some reward. बेचना, बिक्री करना, बिकना,धन के लोभ से देना

Self-command, *n.* (सेल्फ-कमान्ड्) power of controlling emotions, presence of mind. आत्म संयम

Self-determination, *n.* (सेल्फ्-डिटर्मिनेशन्) free will. आत्मनिर्धारण, आत्मनियतन

Self-evident, *a.* (सेल्फ्एव्हिडन्ट्) needing no demonstration. स्वयं सिद्ध, प्रमाण, स्वत:

Self-help, *n.* (सेल्फ्-हेल्प्) practice of fending for oneself, assistance, not excited. आत्मनिर्भरता, स्वावलंबन

Self-respect, *n.* (सेल्फ्-रेस्पेक्ट्) consciousness of conforming to a worthy standard of conduct and thought, respect for one's self. आत्मसम्मान, स्वाभिमान

Self-starter, *n.* (सेल्फ्-स्टार्टर्) an electric appliance for starting motor without turning crank-handle. स्वत: चालक, स्वत: प्रारंभिक

Self-styled, *a.* (सेल्फ् स्टाइल्ड्) having taken the name without right. तथाकथित, स्वघोषित

Self-sufficient, *a.* (सेल्फ् सफिशन्ट्) presumptuous, forward, bumptious. आत्मनिर्भर, स्वत:, पर्याप्त

Selfish, *a.* (सेल्फिश्) deficient in consideration for others, actuated by self-interest. स्वार्थी

Selfless, *a.* (सेल्फ-लिस्) oblivious of self, incapable of selfishness. निस्वार्थ, निस्वार्थी

Seller, *n.* (सेलर्) one who sells. बेचनेवाला

Seltzer (-water), *n.* (सेल्टझर्-वॉटर्) a medicinal mineral water from Selters in Germany, soda-water. जर्मनी का रासायनिक जल, औषधियुक्त, सोडा वाटर

Selvage, *n.* (सेल्विहज्) edge of cloth so woven that it cannot unravel. किनारा, गोंट, गोंटा, संजाफ, किनारी

Semaphore, *n.* (सेमॅफोअर्) a signalling apparatus. संकेत द्वारा समाचार भेजने का यन्त्र; *v.t.* to send messages by this apparatus. इस प्रकार के यन्त्र द्वारा समाचार भेजना;

Semaciology, *n.* (सिमेसिऑलाजि) branch of philology concerned with meanings. भाषाविज्ञान शास्त्र का वह विभाग जिसमें शब्दों के अर्थ का वर्णन रहता है, संकेतार्थ विज्ञान, शब्दार्थ विज्ञान

Sematic, *adj.* (सेमटिक्) significant, of colour which serves protection from enemy. शत्रु से रक्षा करनेवाले रंग का, भयबोधक, खतरे का

Semantics, *n. pl.* (सिमॅन्टिक्स्) semasiology. अर्थ-विषयक, अर्थ संबंधी

Semblance, *n.* (सेम्ब्लन्स्) outward aspect, likeness, appearance. आभास, सादृश्य, आकार (स्वरूप)

Semen, *n.* (सीमेन्) male generative fluid of animals. वीर्य, शुक्र

Semester, *n.* (सिमेस्टर्) a half year course in some European universities. यूरोप के कई विश्वविद्यालयों में छ: महीने का अध्ययन-क्रम

Semi, *pref.* (सेमि) in the sense of 'half', partly. उपसर्ग जिसका अर्थ 'आधा' होता है, अर्ध, लगभग; *Semi-annular* (recurring twice a year). अर्धवार्षिक, छमाही, छ: महीने पर होनेवाला; **Semi-barbarian,** *n.* (-बार्-बेर-इ-अन्) a half civilized person. अर्ध-सभ्य मनुष्य; **Semicircle,** *n.* (-सर्कल्) the half of a circle or its circumference. अर्धवृत्त; **Semicircumference,** *n.* (-सर्कम्फरेन्स्) half of a circumeference. वृत्त की अर्धपरिधि; **Semicolon,** *n.* (-कोलन्) the mark used in punctuation. अर्ध विराम का (;) चिन्ह; **Semicrystalline,** *adj.* (-क्रिस्टल्-आइन्) partially crystalline. आंशिक रवेदार; **Semicylindrical,** *adj.* (-सिल्इन्- ड्रिकल्) of the shape of a half cylinder. खड़े बल में आधे बेलन के आकार का; **Semi-final,** *n.* (-फाइनल्) the match or round preceding the final one. अंत, पूर्वान्तिम; **Semidiameter,** *n.* (-डाइ-अ-मटर्) half of the diameter of a circle, radius. वृत्त का अर्धव्यास

Seminal, *adj.* (सीमिनल्, से-) of seed or

semen, propagative, reproductive. बीजीय, बीज संबंधी, प्राथमिक

Seminary, *n.* (सेमिनरि) a place of education, academy. शिक्षालय, धर्म गोष्ठी, पाठशाला

Seminate, *v.t.* (सेमिनेट्) to propagate, to sow. बढ़ाना, बीज बोना; **Semination,** *n.* (-नेशन्) process, the act of sowing, plant's manner, of seeding. बीजारोपण, बीज बोने की क्रिया, गर्भाधान; **Seminiferous,** *adj.* (-निफरस्) bearing seed, conveying semen. बीजयुक्त, बीज उत्पन्न करनेवाला

Semiology, *n.* (सीमिऑलाजि) branch of pathology concerned with symptoms. संकेताविज्ञान, चिकित्सा शास्त्र का निदान खण्ड

Semiopaque, *adj.* (सेमिओपेक्) partially transparent. अर्ध-पारदर्शक; **Semi-osseous,** *adj.* (-ऑस्-यस्) partially bony. जिसमें हड्डी के कुछ अंश हों, आंशिक-अस्थमय; . **Semi-transparent,** *adj.* (-ट्रीन्-स्पेर्-एँन्ट्) partially transparent. अर्ध-पारदर्शक

Semi-vowels, *n.* (सेमिवॉवेल्स्) letters which are half vowels. अन्तःस्थ वर्ण

Semolina, *n.* (सेम्-ॲलीना) hard grains used in puddings, soups & c. दलिया, सूजी

Sempervirent, *adj.* (सेम्पर्वाइरेन्ट्) evergreen, always fresh. सर्वदा हरा रहनेवाला, सदाबहार

Semitic, *a.* (सिमिटिक्) Jewish, of the same family of language as Hebrew. सामी, शामी, सामी भाषा-भाषी, सेमाइट

Sempitern(al), *adj.* (सेम्पिटर्नल्) eternal, everlasting. अनंत (नित्य), चिरस्थायी, सर्वदा रहनेवाला

Sen, *n.* (सेन्) Japanese copper coin. जापान का ताँबे का सिक्का

Senary, *adj.* (सीनॅरि) on basis of six. छह का, छह संबंधी, छह पर आधारित

Senate, *n.* (सेनट्) State council of ancient Rome, the governing body of a university, the modern legislature. मंत्रिसभा, शासी सभा या राज्य परिषद, विश्वविद्यालय की प्रबन्धकारिणी समिति, प्रबन्धकर्ता लोग

Senator, *n.* (सेनटर्) a member of a senate. मंत्रिसभा के सभासद, सीनेट, सदस्य

Send, *v.t. & i. (p.t. & p.p. Sent)* (सेन्ड्) to have conveyed, to cause to go, to dispatch messenger or message, propel or cause to move or issue, to cast or impel. भेजना, फेंकना, पठवाना, प्रेषित करना, मारना; to send. word. संदेश भेजना; *To send away* (to dispatch). प्रस्थान करना, रवाना करना; *To send bullet* (to shoot). गोली चलाना; *To send for* (to cause to come). बुलवाना; *To send forth* (to dispatch). भेजना; *To send word* (to dispatch a meassage). सन्देश भेजना; *Send up or in one's name.* प्रतिस्पर्धा में शामिल होने के लिए नाम लिखना

Send, *n.* (सेन्ड्) impulse given by the down slope of a wave. संदेश वाहक

Send-off, *n.* (सेन्ड्-ऑफ्) a friendly demonstration at or before a person's departure, a start on a journey. विदाई, विदाई समारोह

Senescent, *adj.* (सिनेसन्ट्) growing old. वृद्धावस्था, बूढ़ा सा, नाश

Seneschal, *n.* (सेनिशल्) steward of medieval great house. सरदार, कारिंदा, प्रबंधक, अमीर का अनुचर

Senile, *adj.* (सीनाइल्) pertaining to old age. वृद्धावस्था-संबंधी

Senior, *adj.* (सीनिअर्) older in age or standing, elder of a higher degree or rank. बड़ा, वयोवृद्ध, आयुष्य (उम्र) में बड़ा, ज्येष्ठ, बड़े पद का, वरीय; *n.* a person of advanced age or long service, one older than another. जेठा, नौकरी में पहिले से लगा हुआ, वृद्ध पुरुष; *The senior service* (Navy as opp. Army). नौसेना में थल सेना से बड़ा; *Senior in office* (an officer who is superior in rank). अधिकार में बड़ा अफसर

Seniority, *n.* (सीनिऑरिटि) being senior, superior age, priority of birth. प्रवरता, पद या वय का बड़ापन, वरिष्ठता

Senna, *n.* (सेन्ब) dried leaves of a plant used as a laxative. सनाय की पत्ती, एक रेचक औषधि

Sennet, *n.* (सेनिट्) signal-call on trumpet. तूर्यनाद या बिगुलनाद,

Sennight, *n.* (सेनाइट्) a week. सप्ताह, हफ्ता

Sensation, *n.* (सेन्सेशन्) perception by means of the senses, a feeing, consciousness of perceiving, stirring of strong common emotion, a matter of excitement for the public, mental affection. इंद्रियजनित ज्ञान, चेतना (बोध), संवेदनात्मक, प्रत्यक्ष अनुभव, सनसनीखेज, सर्वसाधारण के लिए उत्तेजक या सनसनीदार बात

Sense, *n.* (सेन्स्) any of the special bodily faculties by which sensation is roused, discernment, ability to perceive or feel, consciousness of understanding, meaning, prevailing sentiment, sensibility. इंद्रिय-ज्ञान, ज्ञानेन्द्रिय, चेतना, संज्ञा, बुद्धि, संवेदन, अनुभूति, अभिप्राय (अर्थ), शुद्ध जानकारी, तात्पर्य, उद्देश्य; *A man of sense* (a wise person). बुद्धिमान् मनुष्य; *Commonsense* (practical wisdom). विवेक-बुद्धि; *Literate sense* (meaning). शब्दार्थ; *Out of senses* (mad). बुद्धिभ्रष्ट, पागल; *Pleasures of senses* (pleasures depending on sensation). विषय-सुख, इन्द्रिय-सुख; *Sense of action* (organ or limb of the body that functions). कर्मेन्द्रिय; *Sense of obligation* (appreciation of obligation). कृतज्ञता; *Sense of perception* (faculty of perceiving through the sense). ज्ञानेन्द्रिय की शक्ति; *Sense of pleasure* (consciousness of pleasure). सुख का अनुभव; *To bring to senses* (to bring to consciousness). चैतन्य करना, होश में लाना

Senseless, *adj.* (सेन्स्-लेस्) wildly foolish, unreasonable. ज्ञानहीन, बेहोश, निर्बुद्धिता से

Sensible, *adj.* (सेन्सिबल्) having or showing good sense, appreciable, judicious, practical, intelligent. इंद्रियग्राह्य (इन्द्रियों से जानने योग्य), प्रत्यक्ष, युक्त, लौकिक, विचारवान्, सज्जन, बुद्धिमान्, न्याय्य

Sensibility, *n.* (सेन्सिबिलिटि) capacity to feel, delicacy of feeling, susceptibility to, impressibility. संवेदनशीलता, संवेदन शक्ति, प्रतिसंवेदिता

Sensitive, *adj.* (सेन्सिटिव्) of the senses, having feeling, very open to or acutely affected by external impressions, delicate, touchy or quick to take offence. संवेदनशील, सचेतन, प्रतिसंवेदी, कोमल हृदय, सूक्ष्मग्राही; *Sensitive market* (a market which is liable to quick changes). जल्दी-जल्दी भाव बदलने का बाजार, *Sensitive paper* (a paper which receives impressions from light). प्रकाश का प्रभाव पड़नेवाला फोटो का कागज; *Sensitive plant* (a kind of shrinking mimosa). लज्जावती, छुईमुई, ऐसा पौधा जिसकी पत्तियां छूने पर लटक जाती है

Sensitize, *v.t.* (सेन्सिटाइज्) to render sensitive. सूक्ष्मग्राही कृत, फोटो का कागज प्रकाश-ग्राही बनाना

Sensory, Sensorial, *adj.* (सेन्सरि, सेन्साअरिल्) pertaining to sensorium. ज्ञानवाहक, मस्तिष्क-संबंधी, ज्ञान संस्थान का

Sensorium, *n.* (सेन्सॉअरिअम्) the seat of sensation in the brain, the brain, brain and spinal chord. ज्ञान-स्थान, संवेदन तंत्र, मस्तिष्क-संबंधी, संवेदी क्षेत्र

Sensual, *adj.* (सेन्शुअल्) depending on the senses only and not the intellect or spirit, of the sense, voluptuous. विषयासक्त ऐन्द्रिय, इंद्रियवश, शारीरिक सुख लेनेवाला, विषयासक्त, कामी, लंपट; **Sensualist,** *n.* (-इस्ट्) a voluptuary. विषय-सुख की लालसा करनेवाला; **Sensuality,** *n.* (इटि) gratification of appetites. इन्द्रिय-सुख; **Sensualize,** *v.t.* (-ऑइज्) to debase by carnal gratifications. विषयासक्त करना; **Sensually,** *a.* (-लि) in a sensual manner. विषय-सुख में लीन होकर; **Sensualness,** *n.* (नेस्) the state of being sensual. विषय-सुख परायणता

Sensuous, *adj.* (सेन्स्युअस्) stimulating or operating through the senses, alive to pleasure received through senses. हृदय संवेदनात्मक, इन्द्रिय

Sent, *p.t. & p.p.* of **Send.** भेज देना

Sentence, *n.* (सेन्टेन्स्) word or set of words complete in itself, a man's opinion on something, declaration of punishment to be inflicted, maxim. verdict of a judge. वाक्य, विचार-सूत्र, दंडाज्ञा, कहावत,

पद-समूह, फैसला, वाक्य, सूक्ति; *v.t.* to state the sentence of, to pass judgement on. सजा सुनाना, दंड की आज्ञा देना; *Simple sentence* (a sentence containing only one subject and one predicate). साधारण या सरल वाक्य जिसमें एक ही उद्देश्य और एक ही विधेय हो; *Compound sentence* (a sentence containing more than one subject and predicate). एक से अधिक उद्देश्य और विधेय का वाक्य, संयुक्त वाक्य; *Complex sentence* (a sentence containing several dependent clause). प्रधान तथा अप्रधान उपवाक्यों से बना हुआ वाक्य,जटिल मिश्र वाक्य; *To sentence to death* (to order to be hanged). प्राणदण्ड की आज्ञा देना

Sententious, *adj.* (सेन्टेन्शस्) abounding with axioms or clauses, affecting a concise impressive style. सूत्रबद्ध सार्थक, सारगर्भित, सूत्रमय, सरस, छोटे वाक्यों से पूर्ण

Sentient, *adj.* (सेन्शिअन्ट्) that feels or is capable of feeling, having the power of perception by the senses. ज्ञानवाहक, (चेतना) इन्द्रियों द्वारा ज्ञान प्राप्त करने की शक्ति रखनेवाला,

Sentiment, *n.* (सेन्टिमेन्ट्) a mental feeling, thought which is prompted by emotion, a tendency or view based on or coloured with emotion; mawkish tenderness. मनोवृत्ति, मत, मनोभाव, कल्पना, बुद्धि, भाव, विचार, भावुकता, रस, मनोविकार

Sentimental, *adj.* (-अल्) swayed or dictated by shallow emotion, abounding in sentiments. भावोद्दीपक, रसिक, भावुक, हृदय में भावों को उत्पन्न करनेवाला; **Sentimentalist,** *n.* (-अल-इस्ट्) one who effects sentiment. भावों का प्रदर्शन करनेवाला; **Sentimentality,** *n.* (सेन्टिमेन्टॉलिटि) sensibility. भावना

Sentimentally, *a.* (सेन्टिमेन्टलि) in a sentimental manner. रसिकता से

Sentinel, *n.* *(pl. Sentries)* (सेन्टिनल्) a soldier posted to keep guard on any place, a watch, *(-try)* a soldier's watch or duty. चौकीदार, रक्षापुरुष, संतरी, रक्षक; *v.t.* to guard. पहरा देना

Sentry, *n.* (सेन्ट्रि) a soldier on guard. संतरी, पहरेदार, चौकीदार; *Sentry box* (a box to shelter a sentry). संतरी के खड़े रहने का कटघरा

Sepal, *n.* (सेपल्) calyx-leaf. सैपल, बाह्यदल, फूल की पँखड़ी का भाग

Separable, *adj.* (सेपर्-बल्) capable of being disjoined, that can be separated. विभाजनीय, अलगाने योग्य

Separate, *adj.* (सेपरेट्) physically disconnected, distinct. पृथक, अलग; *v.t. & i.* to make separate, to disunite, to sever, to divide into parts, to part company, to withdraw from each other. अलग होना, पृथक् होना, अलगाना, विभाग करना

Separation, *n.* (सेपरेशन्) separating, partial divorce. विरह, वियोग, पृथक्करण, पति-पत्नी का अलग-अलग रहना

Separatism, *n.* (सेपरॅटिजम्) withdrawing from political union. पार्थक्यवाद, अलगाववाद, फूटकर निकलना

Separatum, *n.* (सेपरेटम्) a reprint from the proceedings of a society. किसी सभा की कार्यवाही का उपलेख

Sepia, *n.* (सीपिआ) a kind of fish, brown pigment made from fluid secreted by cuttle-fish. सीपिया रंग, एक प्रकार की मछली, रंगसाज या चित्रकार का कालाभूरा रंग

Sepoy, *n. (pl. Sepoys)* (सीपॉय्) a native Indian soldier. देशी या भारतीय सिपाही

Seps, *n.* (सेप्स्) a kind of lizard. एक प्रकार की छिपकली

Sepsis, *n.* (सेप्सिस्) putrefaction, blood-poisoning. प्रतिदोष, रुधिर दूषित होना, रोगाणुता, घाव इत्यादि का सड़ना

Sept, *n.* (सेप्ट्) a clan, esp. in Ireland. बड़ा, घराना, वंश, पट

Sept-, Septem-, Septi, *pref.* (सेप्ट्, सेप्टम्, सेप्टि) in the sense of 'seven'. 'सात' या 'सप्तम' अर्थ के उपसर्ग

Septan, *n.* (सेप्टन्) occurring every seventh day. प्रति सातवें दिन आनेवाला

Septangle, *n.* (सेप्टीङ्गल्) a figure having seven angles. सात कोण की कोई आकृति

Septation, *n.* (सेप्टेशन्) division into two parts. दो अंशों में विभाग

September, *n.* (सेप्टेम्बर्) the ninth

month of the English year. सितंबर (ईसवी सन् का) नवाँ मास

Septemvir, *n.* (सेप्टेम्वर्) one of the seven men forming a government. शासन करनेवाले सात मनुष्यों में से एक

Septenary, *adj.* (सेप्टीनरि) consisting of seven, set of seven. सप्त-सप्त संख्यक, सात का, सप्तक

Septennial, *adj.* (सेप्टेनिअल्) occuring every seventh year. सात-सात वर्ष पर होनेवाला; **Septennially,** *a.* (-लि) once in seven years. सात वर्ष में एक बार

Septet, *n.* (सेप्टेट्) a party of seven. सात का समुदाय

Septfoil, *n.* (सेप्ट्-फॉएॅल्) having seven leaves. सतपतिया

Septic, *adj.* (सेप्टिक्) causing putrefaction. प्रतिदूषित, सैप्तिक, सजर्म, प्रति; *n.* a septic substance. रक्तदोषकारक पदार्थ

Septicaemia, *n.* (सेप्टिसीमिआ) blood-poisoning. रुधिर का विषैला होना, प्रतिजीवरक्तिता; **Septicaemic,** *adj.* (-मिक्) producing blood poisoning. रक्त को विषैला करनेवाला

Septicidal, *adj.* (सेप्टिसाइडल्) splitting through partitions. दरार या फाँक पर से फटनेवाला

Septicity, *n.* (सेप्टिसिटि) putrefaction. सड़ाहट

Septiform, *adj.* (सेप्टिफॉर्म) having seven parts. सात भाग या अंश का

Septimal, *adj.* (सेप्टिमल्) of the number seven. सात अंकवाला

Septon, *n.* (सेप्टन्) that which promotes putrefaction. मलिनता उत्पन्न करनेवाला

Septuagenarian, *n.* (सेप्टयूअजनेरिअन्) a person who is seventy years of age. सप्ततिवर्षीय, सत्तर से अस्सी वर्षीय व्यक्ति

Septuagint, *n.* (सेप्ट्यअजिन्ट्) Greek version of the Old Testament. यूनानी भाषा में इब्रलि के उत्तरार्ध का उल्था

Septum, *n. (pl. Septa)* (सेप्टम्) partition such as that between the nostrils or the chambers of a poppy-fruit, dis-sepiment. फलों के भीतर का विभाग करनेवाला पर्दा, नाक का परदा

Sepulchre, *n.* (सेपल्कर्) a tomb, a burial cave, a grave, a vault. मकबरा, समाधि, शवकक्ष, कब्र; *v.t.* to place in tomb. दफनाना, समाधि में रखना, कब्र में गाड़ना

Sepulture, *n.* (सेपन्चर्) burying, laying in sepulchre, entombment. समाधि देना, प्रेत क्रिया, दफनाना

Sequacious, *adj.* (सिक्वेशस्) inclined to follow, servile. पिछलग्गू, अनुसरण करनेवाला, अनुयायी; **Sequaciously,** *a.* (-लि) in a servile manner. अनुसरण करते हुए

Sequel, *n.* (सीक्वेल) the succeeding part, what follows after, after effects. उत्तरकथा, परिणाम, निष्कर्ष, अन्त-फल

Sequela, *n. (pl. -lae)* (सिक्वीला) morbid symptoms following certain disease. एक रोग के कारण दूसरा रोग उत्पन्न होने के लक्षण, परिणाम

Sequence, *n.* (सीक्वेन्स्) succession, coming after or next, unbroken series, consequence, order or series without gaps. अनुक्रम, सिलसिला, परम्परा, श्रेणी, क्रम

Sequent, *a.* (सीक्वन्ट्) coming after, following as a result or logical conclusion. अनुवर्ती, परवर्ती, क्रमिक, मूल, परिणाममूलता

Sequentes, Sequentia, (सिक्वेन्टीस्,-शिआ) the following lines, that follows. अनुवर्ती, क्रमागत, आगे वाली पंक्तियों में

Sequester, *v.t.* (सिक्वेस्टर्) to seclude, to isolate, to take possession of a debtor's property till the payment of claim, to set apart from other things. अलग करना, पृथक् करना, एकान्त में रखना, ऋण चुक जाने तक सम्पत्ति पर अधिकार रखना, पति की सम्पत्ति पर अधिकार छोड़ना

Sequestrum, *n. (pl. -ra)* (सीक्वेस्ट्रम्) a piece of dead bone detached from living bone but remaining in place. जीवित अस्थि में से सड़ी या निर्जीव हड्डी के भाग को हटाकर वहीं रहने देने का काम

Sequin, *n.* (सीक्विन्) former Venetian gold coin about 9 sequin, coin-like ornament sewn on dresses. सीक्विन (प्राचीन इटली का), सोने का सिक्का, सितारा, प्राचीन नौ शिलिंग का सोने का सिक्का, कपड़े पर सिक्के जैसी कढ़ाई

Serac, *n.* (सेरॅक्) one of the castellated masses formed in glacier ice by

intersection of cravasses. (हिमनद ढलान से गिरने से बना स्तंभ सदृश हिमखंड),

Seraglio, *n.* (सिराल्यो) the harem, the palace of the Sultan of Turkish. तुर्किस्तान के सुल्तान का महल, अंतपुट-जनानखाना,

Seraph, *n. (pl. -im, -s)* (सेरॅफ्) a celestial being, one of the highest of the nine orders of angles. दैवी पुरुष, उच्च कोटि का देवदूत, स्वर्गीय, दिव्य, अलौकिक

Serbonian bog, *n.* (सर्बोनिअन्, बॉग्) treacherous bog formerly existing between delta of the Nile and isthmus of Suez. नील नदी के तट पर दलदल युक्त खाई (प्राचीन), विकट स्थिति अलंघनीय

Serb, *n.* (सर्ब) native or language of serbia. सर्विया देश का निवासी या इनकी भाषा

Sere, Sear, *n.* (सिअर्) the catch of the hammer of a gun. बन्दूक के कुत्ते का रोक; *adj.* dry, withered. सूखा, मुरझाया हुआ

Serenade, *n.* (सेरिनेड्) an evening song of a lover. प्रेमी का सन्ध्या का गीत, निशा निमंत्रण; *v.t.* to entertain with such a music. प्रेम का सान्ध्य गीत गानेवाला

Serene, *adj.* (सिरीन्) clear and calm, clear, undisturbed, tranquil, title of certain princes. शांत, स्थिर, स्वच्छ, शांत भाव; *n.* expanse of sea or sky, unwholesome, night-dew. समुद्र या आकाश का फैलाव, कष्टकर, रात का ओस

Serenity, *n.* (सिरेनिटि) sereneness, calmness. प्रशांति, अक्षुब्धता, स्वच्छता, स्थिरता, निस्तब्धता

Serf, *n. (pl. -s)* (सर्फ्) one of the class of labourers bound to and transferred with soil. कृषिदास, खेत को जोतनेवाला दास, खिदमती, दास

Serge, *n.* (सर्ज्) a durable twilled worsted fabric. एक प्रकार का पुष्ट ऊनी वस्त्र, सर्ज (कपड़ा)

Sergeant, *n.* (सार्जन्ट्) a police officer between an inspector and constable, a lawyer of high rank, a non-commissioned officer in the army. उच्च श्रेणी का वकील, कारपोरल से ऊपर का अराजपत्रित अधिकारी, सेना का एक बेपदवीवाला अध्यक्ष, सार्जन्ट; *Lance sergeant* (a mounted police officer). पुलिस का घुड़सवार सिपाही; *Sergeantmajor* (the highest non-commissioned army officer). बिना पदवीवाला सबसे बड़ा सेनाध्यक्ष

Serial, *adj.* (सीरिअल्) pertaining to or forming a series. क्रमिक, क्रमानुसारी, क्रमशः प्रकाशित होने वाली सामग्री; **Serialist,** *n.* (-इस्ट्) one following series. क्रम पर चलनेवाला; **Seriality,** *n.* (-टि) series. क्रम; **Serially,** *a.* (-लि) in series. क्रमानुसार

Seriate, Seriated, *adj.* (सीरिअट्, -टिड्) in the form of a series. क्रमबद्ध नियोजन, क्रमिक रूप में

Seriatim, *a.* (सेरिएटिम्) point by point in order. क्रमबद्ध रूप से, एक के बाद दूसरा, क्रमानुसार

Sericulture, Sericiculture, *n.* (सेरिकल्चर्) silk-worm breeding, production of raw-silk. रेशम उत्पादन, रेशम कीट पालन

Series, *n.* (सीअरिज्) a number of things of which each is similar to the preceding order, set of books under a common title or edited by one person, succession. परंपरा क्रम, श्रृंखला, परिपाटी, अनुक्रम, ग्रन्थमाला; *Arithmetical series* (a series which changes by regular addition or subtraction). जोड़ने या घटाने से बनी हुई नियमित श्रेणी; *Geometrical series* (a series which changes by regular multiplication or division). गुणा या भाग करने से बनी हई श्रेणी

Serif, *n.* (सेरिफ्) fine cross-line finishing off stroke of a letter. छापे के टाइप के ऊपर या नीचे की छोटी लकीर, सेरिफ, नोक-पलक

Serin, *n.* (सेरिन्) small singing bird. एक प्रकार की छोटी गानेवाली चिड़िया; **Serinette,** *n.* (-एँट्) an instrument for training song-birds. पक्षियों को गाना सिखाने का यन्त्र

Seringa, *n.* (सरिङ्गा) a kind of rubbertree. एक प्रकार का रबड़ का वृक्ष

Serio-comic, *adj.* (सीअरिओकॉमिक्) having a mixture of gravity and humour, combining the serious and the comic. गंभीरता तथा हास्यरस के मिश्रण का

Serious, *adj.* (सीरिअस्) thoughtful,

earnest, sober, demanding thought, religious minded, not negligible. गंभीर वृत्ति का, चिंताजनक, विनोद या परिहास करनेवाला, विचारमग्न, धार्मिक वृत्ति का; **Seriously,** *a.* (-लि) in a serious manner. गम्भीरता से; **Seriousness,** *n.* (-नेस्) gravity of mind. गम्भीरता

Sermon, *n.* (सर्मन्) a piece of religious exhortation delivered from the pulpit, a moral reflection. प्रवचन, धर्मोपदेश, शिक्षा, धर्मविषयक व्याख्यान, सीख

Sermoneer, *n.* (सर्मोनिअर) a sermonizer. धर्म-विषयक व्याख्यान देनेवाला

Sermonize, *v.t.* (सर्मनाइज्) to preach. धर्मविषय को व्याख्यान रूप में कहना; **Sermonizer,** *n.* (-अर्) one who sermonizes. धार्मिक विषय पर व्याख्यान देने या लिखनेवाला

Seroon, *n.* (सिरून्) a package used for dried fruits. सुखाये हुए फलों को रखने का झावा

Serotine, *n.* (सेरॉटिन्) cheest-nut-coloured European bat. यूरोप देश का भूरा चमगादड़

Serotinous, *adj.* (सरॉटिनस्) appearing late in season. देर से पुष्पित, ऋतु में देर करके फलने-फूलनेवाला

Serous, *adj.* (सीरस्) like serum, of the consistency of whey, watery. तरल, मठे के समान, जल-सदृश, रक्त जल

Sarpent, *n.* (सर्-पन्द्) a snake. साँप, सर्प; *Pharaoh's serpent* (a kind of chemical toy which when ignited assumes a serpentine form). एक प्रकार की बत्ती जो जलाने पर सर्प के आकार की हो जाती है; *Serpent charmer* (a person who charms a serpent). मदारी; *The old serpent* (the devil). दैत्य

Serpentine, *adj.* (सर्पेन्टाइन्) like or as of a serpent, spiral, crooked, to move circuitously, tortuous. कुंडालिया छंद, सर्पसदृश, पेंचदार, सर्प की तरह चक्कर खाना; *n.* kinds of dull-green mottled stone, a skating figure. सर्प जैसे धब्बे वाला पत्थर, बर्फ पर फिसलने वाला, सर्प गति का खेल

Serpiginous, *a.* (सर्पिजिनस्) affected with herpes, (of skin-disease) creeping from one part to another. दाद जैसा दद्रुण, हरपी जैसा फैलने वाला चर्म रोग

Serpigo, *n.* (सर्पिगो) a dry eruption on the skin. सूखी खुजली

Serrate, *adj.* (सेरटे) notched like a saw. आरावत, किनारे पर दाँतेदार; *v.t.* to provide with an edge like saw. दाँतेदार बानाना

Serried, *adj.* (सेरिड्) shoulder to shoulder in close order, without gaps. सघन, बिना गड्ढे का, कंधे से कंधा मिला हुआ

Serromotor, *n.* (सेरोंमोटर्) a gear for reversing the motion of an engine. इंजिन की गति पलटने का दाँतेदार पहिया

Serum, *n.* (सीरम्) whey, thin transparent portion of the blood, watery fluid in animal organism. सीरम, रुधिर का पतला पारदर्शक अंश, मेदा, लस

Servant, *n.* (सर्व्हन्ट्) one who is employed to carry out the orders of smoe one, a labourer, devoted follower, person willing to serve another. नौकर, भृत्य, सेवक, अनुचर (दास), उपासक; *Female servant* (maid servant). चोरी, दास

Serve, *v.t. & i.* (सर्व्ह) to be servant to, to satisfy, to be employed, to distribute food, to labour, to obey, to accomplish an end, to meet the needs of, to perform. सेवा करना, उपयोगी होना, नौकर होना, नौकरी करना, काम में लगा रहना, संतुष्ट करना, श्रम करना, आज्ञा मानना; *n.* the act of serving the first stroke in tennis. टेनिस के खेल में गेंद को पहिली बार मारने की क्रिया, शुश्रूषा; *It will serve* (it will suffice). यह पर्याप्त होगा; *To serve a sentence* (to undergo sentence for full time). पूरी अवधि तक दण्ड भोगना; *To serve one's time* (to hold office for normal period). उचित समयानुसार पद पर काम करना; *To serve out* (to distribute). बाँटना; *To serve the devil* (to turn cruel). निर्दयी बनना या बनाना; *To serve the purpose of* (to be useful). उपयोग का होना; *To serve two masters* (to be divided between

two diversified principles). द्विधा भाव मे रहना; *To serve with the same sauce* (to retaliate). बदला लेना या देना

Service, *n.* (सर्व्हिस्) being servant, employment, servant's status, assistance, the act of serving, congregation for worship, persons employed in it, set of vehicles. नौकर, सेवा, उपयोग, नौकरी, काम, विभाग, व्यवसाय (कार्य), सहायता, उपासना (पूजा); *At his service* (ready to his order). उसके अधीन; *To take service with* (to be employed in service). नौकरी करना; *Service book* (a prayer book for public worship). स्तोत्रसमुच्चय

Serviceable, *adj.* (सर्व्हिसेबल्) useful, beneficial, durable. उपयोगी, काम का

Serviette, *n.* (सर्व्हिएट्) a table-napkin. बैरे का अंगोछा, रूमाल

Servile, *adj.* (सर्व्हाइल्) of slaves, cringing, mean-spirited, completely dependent, without independence. दास संबंधी, दास का, दास के उचित, नीच, अनुरोधी, चापलूस

Servitor, *n.* (सर्व्हिटॉर्) a henchman or servant, an attendant. सेवक, भृत्य, नौकर, अनुचर, अनुयायी

Servitude, *n.* (सर्व्हिटयूड्) slavery or bondage, state of slavish dependence. दासता, भृत्यभाव, गुलामी

Sesame, *n.* (सेसमि) an annual herbaceous tropical plant with oily seeds. तिल, तिल का पौधा

Sesamoid, *adj. & n.* (सेसमॉइड्) shaphed like a sesame-seed. तिलाकार, वर्तुलिका

Seseli, *n.* (सिसेली) a perennial white flowered plant. एक बारहमासी सफेद फूल का पौधा

Sesquipedalian, *n. & adj.* (सेस्क्विपिडेलिअन्) a foot and a half long, of many syllables, very long. डेढ़ फुट का, कई पद-खण्डों वाला; a person or thing a foot & c. half high or long. डेढ फुट लम्बा व्यक्ति या वस्तु

Sessile, *adj.* (सेसाइल्, सिल्) without stalk. बिना डण्ठल का, डण्ठल-रहित

Session, *n.* (सेशन्) being assembled for deliberative or judicial business, the period during which such meetings are held, a school or university term, being seated. आसन, अदालत का सेशन, कार्य-काल, विश्वविद्यालय का नियम या सत्र

Sesterce, *n.* (सेस्टर्स्) the ancient Roman coin (about 2d.) used in stating sums of money. सेस्टर्शम (एक हजार सेस्टर्स का रोम का सिक्का)

Sestet, *n.* (सेस्टेट्) last six lines of sonnet. छक्का, गीत को अन्तिम छः पंक्तियाँ, छह का समूह

Set, *v.t. & i. (p.t. & p.p. Set)* (सेट्) to put, to lay, cause to stand, to assign, place ready, dispose suitably, to join, fix in position, to determine, to apply oneself to work, to settle, to perplex, to establish, to harden. दल, समूह, सजाना बैठाना, खड़ा करना, स्थापना करना, तैयार रखना, आवश्यक सामग्रियाँ, सूर्य का अस्त होना, हड्डी बैठाना, सुर साधना, कुम्हलाना पलस्तर का अंतिम परत, आरी के दाँतों का घुमाव; *To set foot* (tread on). पैर रखना, चलना; *Set thing against another.* किसी के विरुद्ध करना; *Set-down* (a humiliating rebuke). अपमानपूर्वक भर्त्सना; *Set person over others.* किसी से किसी पर नियुक्त करना; *Set-out* (commencement). प्रारम्भ

Set-back, *n.* (सेट्-बॅक्) a check or relapse. रुकावट, धक्का, हानि, हार

Set-off, *n.* (सेट्-ऑफ्) a thing set off against another, counterpoise, compensation. क्षति पूर्ति, हर्ज़ाना

Setiferous, *adj.* (सेटिफ्-अर्-अस्) producing bristles. सुअर के कड़े बाल के समान बाल पैदा करनेवाला

Seton, *n.* (सीटन्) a skein of thread on a wound to keep it open. घाव खुला रखने की बत्ती

Set-speech, *n.* (सेट्-स्पीच्) a speech prepared beforehand. पहिले से रचा हुआ व्याख्यान

Set-square, *n.* (सेट् स्क्वेअर्) (*pl.*) tringular pieces of wood or other material having one of its angles, a right angle, used in mechanical drawing. लकड़ी या कचकड़े के त्रिकोण टुकड़े जिनमें एक समकोण रहता है, जो नकशा इत्यादि बनाने में उपयोग किये जाते है, कोनिया

Set-to, *n.* (सेट्-टु) a bout of fighting or argument. हाथापाई, मारपीट, लगना, जोश से शुरू करना (काम में) जुट जाना

Settee, *n.* (सेटी) a seat accommodating two or more, double arm-chair, a kind of ship. तकियादार बेंच, दोहरी आराम कुर्सी, एक प्रकार का छोटा जहाज, कोच, बैंच

Setter, *n.* (सेटर्) a kind of hunting dog, one who sets. एक प्रकार का शिकारी कुत्ता, बैठाने वाला

Setting, *n.* (सेटिंग्) the metal in which a gem is set, the act of setting, environment, accessories. जड़ाव, योजना, आरोपण, सामग्री; *Setting-stick* (a stick used in setting types). टाइप बैठाने की छड़

Settle, *v.t. & i.* (सेटल्) to establish or become established in an abode, to sit or make sit down for a stay, to decide to colonize, to agree, to fix one's habitation, to get clear. बसना, स्थापित करना, टिकाना, व्यवस्था करना, आबाद होना या करना, निर्णय करना, ठहरना, बैठना, चुकाना, समझौता कर लेना; *To settle a quarrel* (to subside a dispute). झगड़ा निबटाना; *To settle up* (to settle accounts). हिसाब तय करना; *Settle the day* (fix date). दिन या तारीख निश्चित करना; *Settled all his property on his wife.* सारी सम्पत्ति पत्नि के नाम कर दी

Settle, *n.* (सेटल्) a bench with high back and box below seat. लंबी बैंच, शिला-फलक

Settlement, *n.* (सेटल्मेन्ट्) terms on which adjustment, jointure, in India the process of assessing the Government land tax over a specified area. स्थानीय अधिकारी, उपनिवेश, बंदोबस्त, भू-व्यवस्था, निश्चय, समझौता, शोधन, धंसन, बैठ जाना

Settler, *n.* (सेट् लर्) one who settles, a colonist. स्थिर करनेवाला, नया बसनेवाला

Seven, *n.* (सेवन्) one more than six, VII. सात, सप्त

Seventeen, *adj. & n.* (सेव्हन्-टीन्) seven and ten. सत्रह

Seventh, *adj.* (सेवन्थ) next after sixth. सातवाँ; *In the seventh heaven* (in the greatest happiness). परम सन्तोष और आनन्द से

Seventy, *adj. & n.* (सेवन्टि) seven times ten. सत्तर

Sever, *v.t. & i.* (सेवर्) to disjoin, to separate, to divide in two. काटकर अलग करना, अलगाना, पृथक् होना

Several, *adj.* (सेवरल्) a good many, three or more, separate, distinct, consisting of a number. पृथक, अनेक, कई एक, भिन्न; *n.* each, particular. प्रत्येक; **Severally,** *a.* (-लि) separately apart from others, respectively. अलग-अलग, प्रत्येक (स्वयं)

Severance, *n.* (सेवरान्स) severing, severed state. वियोग, अलगाव

Severe, *adj.* (सिवीअर्) austere, strict, harsh, vehement, violent, exacting, terse. तीक्ष्ण, कठोर, कष्टदायक, घोर, अत्यन्त रूखा

Severity, *n.* (सिवरिटि) severe quality, harshness, rigour. कठोरता, तीव्रता

Sevres, *n.* (सेवर्) kind of procelain made at sevres. सेवें में निर्मित, चीनी मिट्टी के पात्र

Severy, *n.* (सेवरि) compartment of vaulted ceiling. मेहराबदार छत का भाग, चाप कक्ष

Sew, *v.t. & i. (p.t. -ed, p.p. -Sawn)* (सो) to use a needle and thread, to fasten or join or enclose by sewing. सीना, सिलाई करना

Sewage, *n.* (स्यूएँज्) matter conveyed in sewers, filthy matter which passes through sewers. मैला, पायखाना; *v.t.* to manure with sewage. मैले की खाद देना; *Sewage grass.* ऐसी खाद पर ऊगी घास

Sewer, *n.* (स्यूअर्) person who set out table, a channel for carrying off waste and filth, a public drain. नाली, मोरी, मलमार्ग; *v.t* to provide with drains. मोरियों का प्रबन्ध करना

Sewerage, *n.* (स्यूअरेज्) drainage by, a system of, sewers. परनालियों का क्रम

Sewing, *adj.* (स्यूइङ्ग्) occupation of using a needle. सीने का कार्य; *Sewing-machine* (a machine for sewing). सिलाई की मशीन

Sewn, *adj.* (सोन्) joined by sewing. सिया गया

Sex, *n.* (सेक्स्) being male or female, males or females collectively. स्त्री या पुरुष होना, जाति, लिंग; *The fair sex* (women). स्त्री जाति; *The male sex* (men). पुरुष जाति

Sex-, Sexi-, *pref.* (सेक्स् -इ) in sense of 'six'. 'छ:' अर्थ का उपसर्ग

Sexagenarian, *adj. & n.* (सेक्सअजिनेरिअन्) a person of sixty years of age. साठ वर्ष की आयु का मनुष्य

Sexagenary, *adj.* (सेक्सअजिनरि) going by sixties. साठ वर्ष का

Sexagesimal, *adj. & n.* (सेक्सअजेसिमल्) proceeding by sixties, of sixtieth. साठवाँ, साठ के भाग का

Sex-angle, *n.* (सेक्सॉङ्गल्) a figure having six angles. छ: कोणों की आकृत्ति

Sexennial, *adj.* (सेक्सेनिअल्) occurring once in every six years. प्रत्येक छठे वर्ष पर होनेवाला

Sexless, *adj.* (सेक्स-लेस्) having no sex. न मादा (स्त्री) न नर (पुरुष)

Sextain, *n.* (सेक्सटन) a stanza of six lines. छ: पंक्तियों की कविता

Sextan, *adj.* (सेक्स्टान्) recurring every fifth day. प्रत्येक छठे दिन होने वाला ज्वर

Sextant, *n.* (सेक्स्टेन्ट्) sixth part of a circle, an instrument including a graduated are equal to a sixth of a circle for taking angular measurements. वृत्त का छठा भाग, कोण की दूरी नापने का एक यन्त्र

Sextet(te), *n.* (सेक्स्टेट्) six voices, singers, instruments, any set of six. षट्पदी, षष्टक, षटक्

Sexto, *n.* (सेक्स्टॅं) book formed by folding sheets into six leaves. कागज की छ: परत मोड़कर बनी हुई पुस्तक

Sextodecimo, *n.* (सेक्स्टडेसिमॅं) sheet of paper folded in 16 leaves, a book made by folding thus. एक बड़े कागज को सोलह पन्ने में मोड़ने की क्रिया

Sexton, *n.* (सेक्स्टन्) an officer of the church in charge of its property. गिरजाघर की सामग्री संभालने वाला अधिकारी

Sexual, *adj.* (सेक्स्युअल्) of the sex or sexes. स्त्री या पुरुष जाति संबंधी; *Sexual affinity* (mutual attraction of two individuals of opposite sexes). स्त्री-पुरुष का परस्पर आकर्षण; *Sexual appetite* (sexual indulgence). कामुकता; *Sexual intercourse* (copulation). मैथुन; *Sexual organs* (the organs of generation). जननेन्द्रियाँ

Sexualize, *v.t.* (सेक्स्युअलाइज) to attribute sex to. लिङ्ग निर्धारित करना

Shabbily, *a.* (शॉबिलि) in a shabby manner. मलिनता से, कुत्सित रूप से

Shabby, *adj.* (शाबि) worn or threadbare, mean, dressed in shabby clothes, partly wearing much-worn clothes. जर्जर (फटा पुराना), कुत्सित, तुच्छ, ऊधम

Shackle, *n.* (शाकल्) coupling link, staple, a line for connecting chains, fetter enclosing ankle or wrist. जंजीर जोड़ने की दुमुँही कड़ी; (*pl.*) fetters, obstruction. (ब. व.) बेड़ी, अवरोध; *v.t.* to fetter, hamper. जंजीर से बाँधना, बेड़ी लगाना

Shade, *n.* (शेड्) a place sheltered from the sun, shadow, obscurity, darkness, shelter, gradation of colour, ghost, soul after death, darker part in a picture. सूर्य से आड़ की जगह, अन्धकार, शरण, प्रेत, मृत्यु के बाद की आत्मा, रंग का उतार-चढ़ाव, चित्र में गहरा रंग; (*pl.*) darker part of a picture, darkness of night or evening. (ब. व.) चित्र में गहरे रंग का अंश, रात्रि का अन्धकार; *v.t. & i.* to screen from light or heat. रोशनी या घाम से बचाना, अँधेरा करना; *Lamp shade* (the chimney for lamp). दूधिया चिमनी; *Shade meaning* (slight difference in meaning). अर्थ का सूक्ष्म भेद; *To cast into shade* (to blame). तिरस्कार करना

Shadeless, *adj.* (शेड्-लेस्) without shade. छायारहित

Shady, *a.* (शेडि) giving or situated in shade, disreputable. छाया देने वाला,

Shadow, *n.* (शाडो) a patch of shade, the shade cast by an object, faint representation, one's constant companion, reflected image, an unsubstantial thing, phantom,

obscurity. छाया, परछाई, प्रतिबिम्ब, तुच्छ पदार्थ, एकान्तता, आभास; *v.t.* to set forth vaguely or prophetically, to darken, to conceal, to follow closely. छाया (अन्धकार), भूत-पिशाच, ढाँकना, छिपाना; *Shadow of death.* मृत्यु की छाया

Shadowy, *adj.* (शॅडोइ) not luminous, gloomy, dark, unsubstantial. अन्धकारमय, छायादार

Shaft, *n.* (शाफ्ट्) a slender pole, stem (stalk), a long arrow, ray of light, bolt or stroke of lightning, the rib of feather, long axle of a machine, the bar of a carriage to which a horse is harnessed. पतला डण्डा, नाल, भाला, तीर पर की लम्बी डण्डी, पंख के बीच की नस, मशीन का लम्बा घुरा,

Shag, *n.* (शाग्) a rough mass of hair, rough cloth. गुच्छेदार बाल, रोएँदार मोटा कपड़ा; *n.* rough growth of anything. किसी वस्तु की स्थूल रूप में उपज

Shaggy, *adj.* (शागी) hairy, rough-haired, coarse. रुक्ष, मोटे रोवें का, खुरदरा, जंगल के झाड़ की उपज से पूर्ण

Shagreen, *n.* (शॅग्रीन्) kinds of un-tanned leather with roughened surface. हरे रंग का बिना कमाया हुआ चमड़ा

Shake, *v.t. & i. (p.p Shaken)* (शेक्) to move violently, to agitate, to cause to tremble, to shiver, to disturb, to weaken, to make tremulous, jolt or jar. हिलाना, काँपना, हलचल मचाना, व्याकुल करना, गिटकरी करना

Shake-down, *n.* (शेक् डाउन्) a bed improvised of straw or bedding laid on floor. बिछौना, पुआल, आस्तरण

Shaker, *n.* (शेकर्) one who or that which shakes. हिलाने वाला

Shako, *n.* (शाको) a kind of military hat. एक प्रकार की फौजी टोपी

Shaky, *adj.* (शेकि) unteady, trembling, wavering. अस्थिर, चंचल

Shale, *n.* (शेल्) kinds of clay rock like slate but softer. एक प्रकार का पत्थर जो सहज में परतों में टूट जाता है,

Shall, *v. aux. (p.t. Should)* (शल्, शाल्) an auxiliary verb indicating future tense. भविष्यत् काल सूचक सहायक क्रिया—गा, गे, गी

Shalloon, *n.* (शलून्) light cloth for linings and dresses. कोट के अस्तर का हल्का ऊनी कपड़ा

Shallop, *n.* (शलाप्) a kind of light boat. एक प्रकार की हल्की छोटी नाव

Shallot, *n.* (शलॉट्) kind of onion. प्याज की तरह का एक पौधा

Shallow, *adj.* (शालो) of little depth, trivial, superficial, not wise. छिछला, उथला, थोथी बुद्धि का, तुच्छ, ओछा, मूर्ख; *n.* a place over which the water is not deep, a shoal. मछलियों के टिकाव की जगह, छिछले जल का स्थान; *Shallow brained* (weak in intellect). कम बुद्धि का

Shalt, second per. sing. of Shall. गा, गे, गी का काव्य में उपयोगी रूप

Sham, *v.t. & i. (p.t. -med)* (शम्) to feign, to make false pretence, to cheat. झूठा बहाना करना, धोखा देना, ढोंग करना; *n.* piece of pretence, fraud, counterfeit thing, imposture, pretence. बहाना, छल (कपट), पाखण्ड; *adj.* pretending, false, counter-feit. जाली, छली, झूठा, बहाना करने वाला

Shamba, *n.* (शम्बा) (E.-Afr.) cultivated plot of ground. मैदान का कटा हुआ भाग, कृषि के काम में लिया हुआ भू-भाग

Shamble, *v.i. & n.* (शॅम्बल्) to go with shuffling gait, to walk or run in an awkward manner. भद्दी तरह से चलना या दौड़ना; *n.* a shambling gait. भद्दी चाल, लचक कर चलना

Shambles, *n.pl.* (शॅम्बल्ज़्) butcher's slaugter-house, a place where butchers kill animals, scene of carnage. कसाईखाना, वध स्थान

Shame, *n.* (शेम्) feeling of humiliation, disgrace, excited by consciousness of guilt or from some other cause. अपमान द्वारा उत्पन्न संयम की भावना, लज्जा, अपमान (कलंक); *v.i. & t.* to make ashamed, to cause blush, bring disgrace on, force by shame into or out of something. लज्जित करना, सकुचाना, (लज्जित होना)

Shamefaced, *adj.* (शेम्-फेस्ड्) bashful, shy, modest. संकोची, लज्जित, लज्जायुक्त

Shameless, *adj.* (शेम्-लेस्) lacking shame, wanting in modesty. निर्लज्ज

Shammy, Shamoy, *n.* (शॅमि, मॉय्) a leather prepare from the skin of chamois. पहाड़ी बकरे का कमाया हुआ चमड़ा

Shampoo, *v.t.* (शंम्पू) to treat the head of a person with lather and rubbing, to rub, to wash the hair of the head. मालिश करना, रगड़ना, साबुन से मस्तक का बाल धोना; *n.* a shampooing of the head. मस्तक धोने का कार्य

Shandrydan, *n.* (शॅन्ड्रिडॅन्) a light two-wheeled vehicles Irish cart, rickety old-fashioned vehicle. एक प्रकार की दोपहिया की गाड़ी, पुरानी खटारा गाड़ी

Shandygaff, *n.* (शॅन्डिगॅफ्) beer and ginger-beer mixed. जिंजर व बीयर मिश्रित दारू का पेय

Shanghia, *v.t.* (शॅंघाइ) drug and ship as sailor while unconscious. नशीला पदार्थ पिलाकर किसी व्यक्ति को बेहोश कर जहाज पर खलासी बनाना

Shank, *n.* (शाङ्क्) leg or part of it between knee and ankle, vertical part of a bird's foot, shin-bone, the middle part of the sole of shoes. पक्षी के पर का खड़ा भाग, टाँग की नली, फूल के डंठल का निचला भाग, औजार की मूठ, जूतें के तल्ले का मध्य भाग

Shanny, *n.* (शॉनि) a kind of fish found in Europe. एक प्रकार की यूरोप देश की मछली

Shan't, (शान्ट्) contraction of 'shall not'. 'शाल्-नाट' का छोटा रूप

Shanty, *n.* (शांटि) a hut, a mean dwelling. कुटी, झोंपड़ी, मड़ई

Shape, *n.* (शेप्) configuration, external from of a thing, appearance, guise, sort, proper condition. आकार, मूर्ति, उचित स्थिति; *v.t. & i.* to fashion into a desired or definite shape, to construct, to devise, to mould, to form. आकार धारण करना, ढालना, रचना, नियम पर चलना

Shapeless, *adj.* (शेप्-लेस्) lacking definite form, devoid of regular form. निराकार, कुरूप

Shapely, *adj.* *(comp. Shapelier, sup. Shapeliest)* (शेप्लि) well-formed or proportioned, symmetrical. सुरूप, सुडौल

Shaper, *n.* (शेपर्) a kind of machine for turning. खरादने की कल, आकार देने वाला यंत्र

Shard, Sherd, *n.* (शार्ड्, शर्ड्) a fragment of broken pottery, a piece of cowdung. गोबर का चोथ

Share, *n.* (शेअर्) the part that falls to an individual, portion, one of the equal parts of a company's capital entitling holder to profits, part which one gets, blade of cultivator or seeding machine. भाग, हल या लोहे का फल (फार); *v.t. & i.* to apportion among others, to divide, to give away part of, to partake with others. विभाग करना, बाँटना, हिस्सा देना, सहकारी होना

Shareholder, *n.* (शेअर्-होल्डर्) the owner of a share or shares in a company. अंशभागी, साझी, हिस्सेदार

Shark, *n.* (शार्क्) large voracious sea-fish, a swindler, a cheat. छली मनुष्य, एक प्रकार की समुद्री मछली, धूर्त; *v.i. & t.* to play the swindler, to cheat, to act with fraud. कपट-व्यवहार करना, ठगना

Sharp, *adj.* (शार्प्) with fine edge of point not blunt, acute, pungent, rugged, shrill, painful, piercing, harsh, severe, clever, painful, sensitive, keen-witted. चोखा, नुकीला, ऊबड़-खाबड़, चरपरा, कर्कश, कठोर, चतुर, पीड़ाकर, क्षिप्रग्राही, तीक्ष्ण बुद्धि; *n.* a sewing needle of slender make, an acute or shrill sound. सोने की बड़ी नुकीली सूई, कर्कश शब्द

Sharpen, *v.t. & i.* (शार्पन्) to make or grow sharp, make quick, to give an edge to, to make hungry. सान रखना

Sharper, *n.* (शार्पर्) a tricky fellow, a cheat. ठग, धूर्त

Sharp-set, *adj.* (शार्प्-सेट्) hungry, eager in appetite. भूखा; **Sharp-shooter,** *n.* (-शूट्-अर्) a skilled shot posted where marksmanship is required. अच्छा निशाना लगाने वाला; **Sharp-sighted,** *adj.* (-साइट्-एँड्) of quick sight. तीक्ष्ण दृष्टिवाला; **Sharp-witted,** *adj.* (-विट्-टेड्) of acute discerning mind. तीक्ष्ण बुद्धिवाला

Shatter, *v.t. & i.* (शॅटर्) to break suddenly in pieces, to split, to break up violently, to derange. क्रम बिगाड़ देना, टुकड़े-टुकड़े करना, नष्ट करना

Shave, *v.t. & i. (p.t. Shaved, p.p. Shaven)* (शेव्ह्) to remove hair with razor, to pare the surface of, to cut in thin slices. उस्तरे से मूँड़ना, छीलना; *n.* having one's beard shaved, trick, deception, hoax. हजामत, मुँड़ाई, दाढ़ी घोंटाई, छल, कपट, धोखा; *He does not shave every day.* वह प्रतिदिन हजामत नहीं करता

Shavian, *a.* (शेव्हिअन्) of, in the manner of, G.B. Shaw, a dramatist. बर्नार्डशा के पथ का अनुयायी अंग्रेजी के प्रसिद्ध नाटककार

Shaw, *n.* (शॉ) a small thicket, wood, copse. छोटा जंगल, झाड़ी

Shawl, *n.* (शॉल्) a rectangular piece of woven or netted fabric, a woollen cloth worn on the shoulders. शाल, दुशाला; *Shawl pattern* (variegated design like that of oriental shalws). दुशाले के समान बुनावट का

Shawm, *n.* (शॉम्) obsolete musical instrument with reed. एक प्रकार का बाजा

Shay, *n.* (शे) chaise. प्रवासियों की पुरानी गाड़ी, टकराना

She, *pron. (obj. Her, poss. Hers, pl. They)* (शी) the female in question. वह स्त्री, यह स्त्री; *She-ass* (a female ass). गदही; *She-goat* (a female goat, filly). बकरी; *She sparrow* (a female sparrow). गौरैया

Shea, *n.* (शीआ) W.-Afr. tree yielding a vegetable butter. दक्षिण अफ्रिका में पाया जाने वाला एक पेड़ जिससे मक्खन निकलता है

Sheaf, *n. (pl. -ves)* (शीफ्) a bundle of stalks tied together lengthwise. गट्ठा, पुलिन्दा; *v.t.* to bind in sheaves, to make sheaves of. पुलिन्दा या गट्ठर बनाकर बाँधना

Shear, *v.t. & i. (p.p. Sheared, Shorn)* (शिअर्) to cut with a sword or shears, to clip with scissors, to take off with shears. तलवार से काटना

Shears, *n.* (शिअर्ज) *(pl.)* a cutting or clipping instrument with a pair of blades, a strain produced by pressure. कतरनी, कैंची, किसी वस्तु पर दबाव का प्रभाव

Sheath, *n.* (शीथ्) a close-fitting case for the blade of tools or weapons, a covering membrane of body. शरीर का कोश, मियान, खोली

Sheathe, *v.t.* (शीद्) to put into a sheath, to encase, to cover, to protect with a casing. मियान में रखना, ढाँकना, बन्द करना

Sheave, *n.* (शीव्) a wheel with grooved edge as in pulley etc. पहिए में की गड़ारी

Sheave, *v.t.* (शीव्) to gather into sheaves. गड़ारी में इकट्ठा करना

Sheaves, *pl.* of **Sheaf.** (बहुबचन) गट्ठरें, पुआलें

Shebang, *n.* (शिबँग्) a hut, an institution. झोपड़ी, घर, संस्था, धंधा

Shebeen, *n.* (शिबीन्) a house in which unlicensed liquor are made and sold. वह मकान जहाँ बिना लाइसेंस की मदिरा बनती और बिकती है

Shed, *v.t.* (शेड्) to part with, to throw off, to spread abroad, to give forth, to diffuse. फेंकना, निकालना, बहाना, बिखराना; *n.* one-storeyed building for storing goods, a roofed shelter. एक मंजिला माल गोदाम या पशुशाला या गाड़ी खाना

Sheen, *n.* (शीन्) radiance, splendour, brightness. चमक, ज्योति, चमक

Sheep, *n.* (शीप्) a woolly ruminant, a timid beast kept in flocks for the mutton and wool and leather it yields. मेष, भेड़ बन्द करने का बाड़ा जिसमें इनसे माँस, ऊन तथा चमड़ा प्राप्त होता है; *Sheep without a shepherd* (a crowd without a leader). बिना नेता की भीड़; *To cast sheep's eyes* (to glance amorously). प्रेमदृष्टि डालना; *To follow like sheep* (to follow imitatively). सर्वदा अनुसरण करना

Sheepcote, Sheepcot, *n.* (शीप्-कोट, शीप्-कॉट) a pen, a shelter or small enclosure for sheep. भेड़ बंद करने का बाड़ा; *Sheep-dog* (a dog trained to

tend sheep). गड़ेरिये का कुत्ता; *Sheep-faced* (bashful). लज्जालू, लजावान; *Sheep-farmer* (a shepherd). गड़ेरिया; *Sheep-fold* (a place for confining sheep). भेड़ों का बाड़ा

Sheepish, *adj.* (शीपिश्) like sheep, bashful or embarrassed in manner, timid. भेड़ के सदृश, डरपोक; **Sheepishness,** *n.* (-नेस्) bashfulness. भेड़पन, लज्जालुता

Sheeprun, *n.* (शीप् रन्) a large sheep-walk, esp. in Australia. विशेषकर आस्ट्रेलिया में बड़ी भेड़ की चाल

Sheep-walk, *n.* (शीप् वॉक्) a tract of land as sheep-pasture. भेड़ों का चारागाह

Sheer, *adj. & a.* (शिअर्) mere, simple, absolute, outright, perpendicular. केवल, सामान्य, सादा, शुद्ध, निपट, सिधाई में, खड़े बल; *n.* the curve of a ship's side. जहाज के तख्ते का झुकाव; *v.t.* to move aside. घिसकना, अलग होना

Sheet, *n.* (शीट्) a broad piece of linen or cotton cloth spread on a bed, a flat piece of any thin material, a wide expanse of water, a piece of paper, a newspaper. कागज़ का तख्ता, पाल, शय्यावस्त्र चादर (पत्तर), जल इत्यादि का विस्तार, समाचार पत्र; *v.t.* to form into sheets, to cover with sheets. पाल लगाना, चादर से ढाँकना (कफनाना)

Sobriquet, *n.* (सोब्रिके) a nickname, a fanciful name. उपाधि, उपनाम, कृत्रिम नाम

Soccer, *n.* (सॉकर्) *(sl.)* Association foot-ball. फुटबाल संगठन

Sociability, *n.* (सोशबिलिटि) the quality of being sociable. मिलनसारी, सुशीलता, सुजनता; **Sociable,** *adj.* (-एँब्ल्) fitted for or disposed to companionship or conversation, liking company, not stiff or formal. सबसे बोलने वाला, संगम प्रिय, मिलनसार; *n.* an open carriage with facing side seats, tricycle for two riders. दो मनुष्यों के अलग चढ़ने की तिपहिया साइकिल

Social, *adj.* (सोशल्) living in company, convivial, pertaining to society, concerned with the mutual relations of men or classes. समाज में रहने वाला, सामाजिक, सांसर्गिक, परस्पर निर्भर रहनेवाला; *Social democracy* (a political party aiming at improving social status of lower classes). नीच जाति की सामाजिक स्थिति सुधारनेवाला राजनीतिज्ञ लोगों का वर्ग; *Social status* (social rank). सामाजिक स्तिथि; *Social plants* (plants growing in shrubs). झाड़ियों में उगनेवाले पौधे; *The social evil* (prostitution). वेश्यागमन; *Social birds.* घोसला बनाकर रहने वाले पक्षी

Socialism, *n.* (सोशलिज्म्) the principle that freedom of the individual should be completely subordinate to the interest of the society. यह सिद्धान्त कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता सामाजिक कल्याण पर सब तरह से निर्भर होनी चाहिए, समाजवाद

Socialize, *v.t.* (सोशलाइज़्) to make social. arrange socialistically. सामाजिक बनाना

Society, *n. (pl. Societies)* (सोसाइटि) a social mode of life, any social community, the upper class of a community, an association of persons united by a common aim or interest. समाज पद्धति, सामाजिक रीति, मंडली, समाज, समागम, सामाजिक जीवन, उच्च श्रेणी के लोग, जनसमूह (मंडली)

Sociological, *adj.* (सोशिऑलॉजिकल्) pertaining to sociology. समाजशास्त्र-संबंधी; **Sociologist,** *n.* (-जिस्ट्) one who is versed in sociology. समाजशास्त्र का अनुयायी; **Sociology,** *n.* (-जि) study of the history and nature of human society. समाज शास्त्र

Sock, *n. (pl. Socks)* (सॉक्) short stocking not reaching the knee, inner sole of shoe, a kind of light shoe. छोटा मौजा, जूते का भीतरी तल्ला, हलका जूता, शस्त्र का आघात

Sock, *n., v.t. & i.* (सॉक्) sweets eaten at odd times, to treat to sock. कुसमय में मिठाई खाना, मिठाई खिलाना

Socket, *n.* (साकेट्) a hollow in which anything is fitted, a candle-stick cavity, a cavity in the body of an animal or man in which a tooth, an eye or a bone is set. गर्त जिसमें कोई चीज बैठाई जाती है, मोमबत्ती बिठाने का गर्त, जन्तु या मनुष्य के शरीर में दाँत, आँख या हड्डी बिठाने का गर्त; *Socket of the eye* (the hollow in which the eye fits). आँख का गड्ढा; *Socket-pipe* (a hole for fitting pipes). नली बैठाने का छिद्र

Socle, *n.* (सॅकल्) a plinth esp. as pedestal of statue or column. खम्भे के नीचे की चौकी

Socratic, *n.* (साक्रेटिक्) of, like, following, worthy of Socrates. सुकरात की भाँति, सुकरात का अनुयायी; *n.* follower of Socrates. सुकरात की तरह; *Socratic methods* (dialectic). प्रश्नोत्तर रूप में शिक्षण विधि; *Socratic irony.* दूसरे के सामने अनभिज्ञ बनकर उससे ज्ञान प्राप्त करना

Sod, *n.* (सॉड्) a piece of turf pared off, a turf. तृण सहित भूमि का भाग; *v.t.* cover with sods. दूब लगी हुई भूमि की ऊपरी तह; under the sod. गढ़े में

Sod, *p.t. of Seethe* (सॉड्) boiled. उबाला

Soda, *n.* (सोडा) one of the compounds of sodium in common use. खार, सोडा; *Soda-water* (plain aerated water). सोडा मिला हुआ जल, सोडा वाटर

Sodden, *adj.* (सॉडन्) heavy and moist, seethed, stupid and dull. गीला और भारी, उबाला हुआ, मूर्ख और मन्द; *v.t. & i. (p.t. of Seethe)* become or made moist. गीला बना हुआ

Soddy, *adj.* (सॉडि) covered with sod. तृणमय भूमियुक्त

Sodic, *adj.* (सॉडि) pertaining to sodium. सोडिअम-संबंधी

Sodium, *n.* (सोडिअम्) a silver white alkaline metal burning with bright yellow flame. सोडा में पाई जाने वाली एक सफेद धातु

Sodomite, *n.* (सॅडमाइट्) one who is guilty of sodomy. पुरुषमैथुन करनेवाला

Sodomy, *n.* (सॅडमि) an unnatural sexual intercourse, esp. between males. पुरुष मैथुन, गुदामैथुन, लौंडेबाजी

Soever, *suf.* (सॅएँवर्) having an indefininte meaning. अनिश्चित अर्थसूचक प्रत्यय-यथा; *Howsoever* (in any way). कैसे भी

Sofa, *n.* (सोफा) in Eastern countries a raissed part of the floor covered with carpets or cushion forming a bench, a long stuffed seat with raised end and back. पूर्वी देशों में कालीन या गद्दे से ढका फर्श का एक ओर को उठा हुआ ऊँचा चबूतरा जो बैठने बेंच के रूप में प्रयुक्त होता है, गद्देदार ओठने वाली लम्बी बेंच

Soffit, *n.* (सॉफिट्) lower surface of arch, balcony. मेहराब या बरामदे का निचला भाग

Soft, *adj.* (सॉफ्ट्) delicate, not hard, yielding to pressure, smooth to the touch, plastic, conciliatory, feeble, pleasing to the ear. मृदु, कोमल, चिकना, लचीला, बिना कड़वाहट का, सुकुमार, मधुर; *a.* softly. कोमलता से; *interj.* wait a moment! hush! जरा रुक जाओ! चुप! शान्त!; *Soft tissues* (not bony). शरीर के नाजुक तन्तु; *Soft goods* (textiles). कपड़े; *Soft-hearted* (compassionate). कोमल हृदय का, दयालु, रहमदिल; *Soft manners* (good temper or manners). शिष्ट आचरण; *Soft palate* (hinder part of palate). तालु का पिछला भाग; *Soft water* (water free from mineral salts). ऐसा जल जिसमें क्षारीय पदार्थ तथा नमक का अंश न हो, नरम जल

Soften, *v.t. & i.* (सॉफन्) to make or grow soft, to mollify, to alleviate. कोमल होना या करना, दयायुक्त होना या करना

Softy, *adj.* (सॉफ्टि) somewhat soft. कुछ कोमल

Soggy, *adj.* (सॉगि) sodden, saturated, water-logged. गीला किया हुआ, तर, दलदली, नरम

Soho, *interj.* (सॅहो) used for quietening horse & c. घोड़े इत्यादि के शान्त करने का शब्द, चुमकार

Soi-disant, *a.* (सोइ-डिसेंट) self-styled, pretended. अपनी तरह का, बहाना किए हुए, धूर्त

Soil, *v.t. & i.* (सॉइल्) to smear or stain with dirt, to feed cattle on green fodder, defile. मैला करना, दूषित करना, कलंकित करना, पशुओं को हरा तृण खिलाना; *n.* land, the ground, the upper layer of earth. भूमि (प्रदेश), मैल का निशान या दाग, पृथ्वी की ऊपरी परत; *Fertile soil* (productive land). उर्वरा (उपजाऊ) भूमि; *Native soil* (birthplace). जन्म-भूमि; *Night-soil.* विष्ठा, पायखाना

Soiree, *n.* (स्वारे) a social gathering especially in the evening. मित्र मण्डली का सन्ध्या का जमघट

Sojourn, *n.* (सजर्न्) temporary stay at a place. अस्थाई डेरा, प्रवास; *v.i.* to make a sojourn. थोड़े समय के लिए कहीं पर ठहरना, डेरा डालना

Sol, *n.* (सोल्) the fifth note of the octave. सप्तक का पाँचवाँ स्वर-'प'

Sola, *n.* (सोला) a pithy-stemmed plant which grows in the marshes. सखड़ी; *Sola topi* (hat) hat made of pith. सखड़ी की बनी हुई टोपी

Solace, *n. & v.t.* (सॅलेस) to comfort in distress or disappointment, alleviation. आश्वासन, धीरज, ढाढस; *v.t.* to console, to comfort. सन्तोष करना

Solan, (-goose), *n.* (सोलन् गूज) the gannet. समुद्री चिड़िया

Solanum, *n.* (सॅलेनम्) a large genus of plants including potato, nightshade. दवा के काम के लिए उगाया गया आलू या धतूरे की जाति का पौधा

Solar, *adj.* (सोलर्) relating to or concerned with the sun. सौर, सूर्य संबंधी; *Solar day.* सौर दिवस; *Solar eclipse* (eclipse of the sun). सूर्यग्रहण; *Solar flower* (flower that remains open only for some hours in the day). सूरजमुखी का फूल

Solacious, *adj.* (सॉलेसियस) going pleasure. आनन्ददायक

Solarium, *n.* (सॅलेरिअम्) place often

enclosed in glass for enjoyment or medical use of sun's rays. रोग निवृत्ति के लिए सूर्य की किरणों के सेवन करने का स्थान या घर

Solarize, *v.i. & t.* (सोलराइझ्) to spoil by long exposure. सूर्य की किरणों से नष्ट करना

Solatium, *n.* (सोलेशिअम्) a sum received as compensation. शान्त करने के लिए दिया हुआ पदार्थ

Sold, *adj. (p.t. & p.p.* of Sell) (सोल्ड्) disposed of by sale. बेच डाला गया

Solder, *n.* (सॉल्डर्) fusible alloy used in joining metals. धातु जोड़ने का टाँका; *v.t.* to join with solder, to unite, to patch up. टाँका लगाना, टाँके से जोड़ना; *Soldering-iron* (tool used hot for applying solder). टांका लगाने का यंत्र; *Hard solder* (solder which melts in very strong heat). तेज आँच में गलनेवाला

Soldier, *n.* (सोल्जर्) member of army, a military commander of specified ability, one of the fighting section of ant, a man esp. sailor, who shirks work. सैनिक, यौद्धा, फौज का बड़ा अधिकारी, सेनापति, लाल रंग की मछली, काटने वाली चींटी; *v.i.* to serve as soldier, shirk work. सैनिक का कार्य करना, कामचोर, खलासी; *To go, enlist* for a soldier. सेना में भर्ती होना

Soldierly, *adj.* (सोल्जर्लि) like a solider, brave. सैनिक की तरह का, वीर; **Soldier-like,** *adj.* (-लाइक्) like a solider. योद्धा की तरह; **Soldiery,** *n.* (-इ) the soldiers of a state. किसी राज्य का सैन्य दल

Sole, *n.* (सोल्) under surface of the foot, part of shoe or stocking below this, bottom of thing. पैर का तलवा, जूते का तल्ला, पेंदी; *Sole-leather* (leather used in soles of shoes). जूते के तल्ले का चमड़ा

Sole, *a.* (सोल्) one and only, exclusive or restricted to single person, alone, unique. एक, केवल एक, एक विशेष व्यक्ति, अकेला, अनोखा

Sole, *n.* (सोल्) kind of flat-fish much esteemed as food. एक प्रकार की चपटी मछली, खाने के महत्व की

Solecism, *n.* (सॅलिसिज्म्) a flagrant offence against grammar, blunder in speaking or writing. बोलने या लिखने में अशुद्ध प्रयोग, व्याकरण की अशुद्धि

Solemn, *adj.* (सॉलेम्) accompanied with ceremony, sacred, full of importance, weighty, grave, pompous. पवित्र, पूर्ण, महत्वपूर्ण, गम्भीर, निश्चयपूर्वक, ऐश्वर्ययुक्त; *Solemn silence.* गंभीर, शांति; *Solemn occasion* (serious occasion, time of festivity). महत्वपूर्ण अवसर, उत्सव का दिन; *Solemn promise* (serious promise). दृढ़ प्रतिज्ञा

Solemnity, *n.* (सॅलेम्निटि) a solemn rite, solemnness, impressiveness. गुरुता, गंभीरता, धार्मिक क्रिया, प्रभावपूर्णता

Solemnize, *v.t.* (सॅलेम्नाइझ्) to make solemn, to celebrate. शास्त्र के अनुसार अनुष्ठान करना, उत्सव मनाना

Solen, *n.* (सोलेन्) a kind of molluse. एक प्रकार का घोंघा

Solenoid, *n.* (सॅलिनॉइड्) a magnet made of wire coiled into cylinder and traversed by electric current. गड़ारी पर लपेटा हुआ तार जिसमें से बिजली की धारा दौड़ाने पर इसमें चुम्बक की शक्ति आती है

Solfa, *n. & v.t. & i.* (सॅल्फा) to ring with note-names, not words. सरगम से गाना

Solicit, *v.t. & i. (p.t. -ed)* (सालिसिट्) to make request to, to importune, to try to obtain, to entice. सविनय प्रार्थना करना, माँगना, इच्छा करना, ललचाना

Solicitor, *n.* (सॅलिसिटर्) a legal adviser. कानूनी सलाह देने वाला

Solicitous, *adj.* (सॅलिसिटस्) anxious, desirous, concerned. उत्सुक, उत्कण्ठित

Solicitude, *n.* (सॅलिसिट्यूड्) anxiety, being solicitous, uneasiness of mind. (उत्कण्ठा) चिन्ता, सावधानी

Solid, *adj.* (सॉलिड्) of stable shape, not liquid, whole, of the same material throughout, profound, reliable, genuine, of three dimensions. समूचा, घना, ठोस, विश्वास के योग्य, बिना रुकावट की, दृढ़, पुष्ट, सप्रमाण, गम्भीर, तत्वपूर्ण, अविभक्त, सच्चा, शुद्ध, खरा; *n.* a body or substance of stable shape, a solid figure. ठोस आकृति; solid food. ठोस खाद्य पदार्थ; Water

becomes solid at 32°F. जल 32° F पर जमता है, बर्फ में बदल जाता है; *Solid angle* (an angle formed by three or more plane angles in different planes meeting at one point). ठोस कोना; solid contents (compact matter). घना या अविभक्त पदार्थ; *Solid number* (integer with three prime factors, number concerned with solids). पूर्णाङ्क; *A man of solid build.* मजबूत काठी का बलिष्ट व्यक्ति

Solidarity, *n.* (सॉलिडरिटि) community of interests, mutual dependence. रुचियों की घनिष्ठता, समान रुचिवाले, एकमत

Solidify, *v.t. & i. (p.t. Solidified)* (सॅलिडिफाइ) to make or become solid. ठोस बनाना या होना

Solidly, *a.* (सॉलिड्ल्) in a solid manner. घनता से, दृढ़ता से

Solifidian, *n.* (सॅलिफिडिअन्) one who holds that alone suffices for justification. यह माननेवाला कि विश्वास से ही पाप से छुटकारा मिलता है

Soliloquize, *v.t.* (सॅलिलॅक्वाइज्) to utter solioquies. स्वगत भाषण करना

Soliloquist, *n.* (सॅलिलॅक्विस्ट्) one who soliloquies. स्वगत-भाषण करनेवाला

Soliloquy, *n. (pl. Solioquies)* (सॉलिलॉक्वि) talking to oneself, a piece of such talk. अपने आप बकना, स्वगत भाषण बोलना

Soliped, *adj. & n.* (सॉलिपेड्) solid-hoofed (animal). ठोस खुरवाला पशु

Solitaire, *n.* (सालिटेअर्) ear-ring or stud of a shirt with only one gem. एक रत्न का कान इत्यादि का आभूषण

Solitarian, *a.* (सॉलिटेअरिअन्) hermit. यति, संन्यासी

Solitarily, *a.* (सॉलिटरिलि) in a solitary manner. निर्जनता से; **Solitary,** *adj.* (-टरि) living alone, without companion, single. निर्जन, एकान्त, असहाय (अकेला) एकान्तवासी; *Solitary confinement* (isolation in a separate cell in prison). बन्दीगृह में अकेले बन्द करना

Solitude, *n.* (सॉलिट्यूड्) being solitary, a solitary place, a lonely life. निर्जनता, एकान्तवास, अकेलापन

Solmisation, *n.* (सॉल्माइजेशन) repetition of the notes of the gamut. सा रे ग म सुर निकालना, दुहराना

Solo, *n. (pl. Solos)* (सोलो) a song or instrumental piece for single performer, a musical performance by one man. अकेले का गीत, अकेले का राग

Solomon, *n.* (सॉलोमन्) kind of Israel reputed wisest of men. सालोमन, इजराईल का ख्यातिनामा बुद्धिमान व्यक्ति

Solon, *n.* (सोलन्) a sage, wise legislator अदन का एक स्मृतिकार

Solstice, *n.* (सॉल्स्टिस्) time at which the sun is farthest from the equator and appears to pause before returning. अयनान्त, अयनकाल; *Summer solstice.* उत्तरायण सूर्य, कर्क संक्रन्ति; *Winter solstice.* दक्षिणायन सूर्य,

Soluble, *adj.* (सॉल्युबल्) dissolvable in liquor. किसी द्रव में घुलने या घुलाने योग्य

Solus, *pred. a.* (सोलस्) *(fem.-la),* alone. अकेला, बिना किसी दूसरे के साथ

Solution, *n.* (सॅल्यूशन्) the act of dissolving or being dissolved, conversion of solid or gas into liquid state, mixing with the solvent, explanation, method of solving a puzzle or question. घुलाव या घोल, अलगाव, साधन, संयोग, सन्देह, निवृत्ति, व्याख्या; *Chemical solution* (that involving change in chemcial properties). पिघलाव जिसमें रासायनिक परिवर्तन होता है; *In solution* (in the act of dissolving). घुलनशील अवस्था में

Solutive, *adj.* (साल्युटिव्) loosening, laxative. ढीला या मुलायम करनेवाला

Solvability, *n.* (सॉल्वबिलिटि) solvableness. साधन योग्यता

Solve, *v.t.* (सॉल्व) to find answer to a problem, to dissolve, to loosen, to explain, to separate the parts. घुलना, ढीला करना, व्याख्या करना, अंशों का अलगाना, साधना; *To solve a doubt* (to remove a doubt). सन्देह दूर करना; *To solve a question* (to find an answer to a problem). प्रश्न का उत्तर निकालना

Solvency, *n.* (सॉल्व्हन्सि) being pecuniarily solvent, ability to pay all debts. सब ऋण चुकाने की योग्यता

Solvent, *adj.* (सॉल्व्हन्ट्) having the power of dissolving or forming a solution, having enough to pay off debts or claims. घुलाने की शक्ति वाला, ऋण चुकाने योग्य

Somatic, *adj.* (सॅमाटिक्) of the body, physical. शारीरिक सम्बन्धी

Somatogenic, *adj.* (सोमॉटॅजेनिक्) producing in the body. शरीर में उत्पन्न करनेवाला; **Somatology,** *n.* (-लॅजि) the doctrine of material substance. भौतिक विज्ञान

Sombre, *adj.* (सॉम्बर्) dark, gloomy, dismal. अँधेरा, मलिन, काला, उदासीन; *v.t. & i.* to make gloomy and dark. उदासीन बनाना, अँधेरा करना; **Sombrely,** *a.* (-लि) in a gloomy manner. मलिनता से

Sombrero, *n.* (सॉम्ब्रेरॅ) broad-brimmed felt hat. चौड़े किनारे की एक प्रकार की अंग्रेजी टोपी

Some, *adj.* (सम्) an unspecified amount or number of, an appreciable or considerable amount of. कुछ, थोड़ा, प्रायः, कोई; *pron.* some people, some specimens of the class in question. कुछ लोग, नमूने के, कुछ चीजें कुछ संख्या में, उदाहरणार्थ कुछ; **Somebody,** *n.* (-बॉडि) an unknown person. कोई एक व्यक्ति; *Some how* (one way or the other). किसी न किसी प्रकार से; *Somehow or other* (in some form). किसी न किसी रीति से

Someone, *n.* (सम्-वन्) somebody. कोई; some one (any particular one). कोई विशेष व्यक्ति

Somersault, *n.* (समर्सॉल्ट्) a leap in which a person turns heels over head in the air. कुदान, कलैया; *v.t.* to turn someresault. हवा में कलैया खाना

Something, *n.* (सम्थिङ्ग्) an unknown event as substitute for more precise term, a portion. अज्ञात घटना, अज्ञात वस्तु, कोई चीज, थोड़ा; *a.* in some degree. कुछ, थोड़ा-सा

Sometime, *adj. & a.* (सम्-टाइम्) once, for sometime formerly. एक बार, पहिले, पूर्वकाल में; **Sometimes,** *a.* (-स्) now and then, at intervals. कभी-कभी, कदाचित; **Somewhat,** *a.* (-व्हाट्) in some degree, a certain indefinite quantity or amount. किंचित, थोड़ा, किसी अंश में, कुछ; **Somewhere,** *a.* (-व्हेअर्) in or at some place, in one place or another. कहीं पर

Somnambulate, *v.t.* (सॉम्नाम्ब्युलेट्) to walk in sleep. नींद में चलना-फिरना; **Somnambulator,** *n.* (-लेटर्) a sleep-walker. निद्रा में घूमने-फिरनेवाला; **Somnambulism,** *n.* (-लिज्म्) walking about during sleep, condition of brain inducing this. निद्रा-भ्रमण की आदत, नींद में चलने फिरने लगना

Somni, *pref.* (सॉम्नि) in sense of 'sleep'. 'निद्रा', अर्थ का उपसर्ग; **Somnific,** *adj.* (-फिक्) tending to induce sleep. नींद लानेवाला; **Somniloquist,** *n.* (-लॅक्विस्ट्) one who talks in sleep. निद्रा में बातें करनेवाला; **Somnioquy,** *n.* (-लॅकि) habit of talking in sleep. निद्रा में बात करने की आदत

Somnolence, *n.* (साम्-नॅं-लेन्स) drowsiness. नींद, तन्द्रा; **Somnolent,** *adj.* (-लेन्ट्) half asleep, inducing sleep. निद्रा लेने वाला

Son, *n. (few. Daughter)* (सन्) one's male child, male descendant, a devotee or slave of. पुत्र, बेटा, एक समर्पित सेवक; *Son-in-law* (daughter's husband). जमाता, दामाद; *Son of the soil* (inhabitant of a country). देशनिवासी

Sonant, *adj & n.* (सो-नॉन्ट्) able to be continuously sounded, a sonant letter. उच्चारण करने योग्य, ऐसा अक्षर

Song, *n.* (सॉङ्ग्) vocal music, singing, the musical cry of certain birds. गायन, गीत (राग), अनुप्रासयुक्त कविता; **Song-craft,** *n.* (-क्राफ्ट्) the art of song making. गाना बनाने की कला; **Songless,** *adj.* (-लेस्) without song. बिना राग का; **Songstress,** *n.* (-स्ट्रेस्) a femal singer. गानेवाली स्त्री

Sonnet, *n.* (सॉनेट्) a poem of fourteen lines, a short lyric. चौदह पंक्तियों का गीत (लघुकाव्य), गीत (गाथा); **Sonneteer,** *n.* (-इ-अर्) the composer of sonnets. चौदह पंक्तियों का कविता बनानेवाला

Sonny, *n.* (सनि) a familiar term for a boy. लड़के को पुकारने का शब्द, बेटा

Sonometer, *n.* (सॉनॅमिटर्) an instrument for testing the hearing power of a deaf person. बहरे मनुष्य की श्रवण-शक्ति नापने का यन्त्र

Sonorous, *adj.* (सॉनोरस्) resonant, producing sound when struck by something imposing. शब्द या ध्वनि करनेवाला, शब्द निकालनेवाला, स्पष्ट (मधुर)

Soon, *a.* (सून्) in a short time, not long after, quickly, easily. थोड़े समय मे , झटपट, अभी, शीघ्र, तुरन्त, आसानी से; *No sooner than* (as soon as). ज्योही; *Soon as* (shortly, immediately after). देर-सवेर, किसी न किसी समय

Soot, *n.* (सूट्) black powdery substance rising in the smoke. काजल, कज्जली, कालिख; *v.t.* to mark with soot, to cover with soot. काजल से ढाँकना, काजल लगाना

Sooth, *n.* (सूथ्) verily, fact, the truth. वास्तव में, सचमुच

Soothe, *v.t.* (सूद्) to make less angry, to calm, to mitigate, to place with soft words. शान्त करना, (पीड़ा) कम करना, प्रसन्न करना, चापलूसी करना; **Soother,** *n.* (-अर्) one who pacifies, a rubber teat for soothing babies. शान्त करनेवाला, बच्चों के चूसने का रबड़; **Soothingly,** *a.* (-इङ्ग्-लि) in soothing manner. शान्त करते हुए; **Soothsayer,** *n.* (-सेअर्) one who foretells or predicts, diviner. देवज्ञ, भविष्य वक्ता; **Soothsaying,** *n.* (-से-इङ्ग्) foretelling. भविष्य-कथन

Sop, *n.* (सॉप्) anything dipped in liquor, something given to pacify. भिगाई हुई वस्तु, शान्त करने के लिए दी हुई वस्तु; *v.t. & i. (p.t. -ped)* to soak, to steep in a liquid, take up by absorption. गीला करना, भिगोना, तर होना

Sophism, *n.* (सॅफिज़्म्) a false argument or fallacy meant to deceive. मिथ्यावाद, वाक्छल, हेत्वाभास; **Sophist,** *n.* (-इस्ट्) Ancient-Greek paid teacher of philosophy and rhetoric, a fallacious reasoner. मिथ्या हेतुवादी, वाक्छल करने वाला

Sophisticate, *v.t. & i.* (साफिस्टिकेट्) to mislead, to tamper, make artificial. छलना, बिगाड़ना, भ्रष्ट करना, मिलावट करना; **Sophistication,** *n.* (-केशन्) the act of debasing purity of something. कपट, मिलावट, छल

Sophistry, *n.* (सॅफिस्ट्रि) use of sophisms, fallacious reasoning. हेत्वाभास, मिथ्या वादानुवाद, सत्य का आभास

Sophomore, *n.* (सॅफॅमोर्) a second year student at college or university. (विश्वविद्यालय का) द्वितीय वर्ष का विद्यार्थी

Soporific, *adj.* (सोपॅरिफ़िक्) tending to produce sleep. निद्राजनक, नींद लाने वाली

Soppy, *a.* (सॉपि) soaked in liquid, swampy. चूषक, तरल, गीला

Soprano, *n. (pl. -nos, ni)* (सप्रानो) highest female or boy's voice, a music in highest voice. औरतों और लड़कों का गाने का सबसे ऊँचा गला या स्वर, सबसे ऊँचे स्वर का गीत

Sorb, *n.* (सोर्ब्) a short-billed marshy bird. दलदल पर विचरनेवाली छोटी चोंच की चिड़िया

Sorcerer, *n.* (सोर्सरर्) a man practising sorcery, a wizard, a magician. ऐन्द्रजालिक, मायाबी, जादूगर

Sorcery, *n.* (सोर्सरि) witchcraft. इन्द्रजाल, जादू, टोना

Sordid, *adj.* (सॉरडिड्) squalid, mean, base, niggardly, humiliating, inspired by low or mercenary or selfish ends. नीच, मलिन, लालची, कंजूस; **Sordidly,** *a.* (-लि) meanly, niggardly. मलिनता से नीचता से; **Sordidness,** *n.* (-नेस्) the quality of being sordid, meaness, filthiness. नीचता, कंजूसी, मलिनता

Sore, *adj.* (सोर्) grievous, distressing, painful. पीड़ायुक्त, कष्टदेनेवाला, क्लेशप्रद, दुखदायी; *n.* a sore place on body, a boil, a sore subject. घाव, फोड़ा; *a.* grievously, severely. अत्यंत कष्ट से, दुःख से; **Sorely,** *n.* (-लि) severely. अत्यन्त (नितान्त), बहुत

Sorghum, *n.* (सॉरगम्) kinds of grass including millet and Chinese sugar-cane. चारा, चरी, चीन की ईख

Sorites, *n.* (सॅराइटीज्) chain-syllgism, form of sophism leading from truth to absurdity. जो कई बार प्राय: बेतुकी लगती है

Sorosis, *n.* (सॅरोसिस्) a fleshy-compound fruit. मुलायम, गूदेदार फल

Sorrel, *n.* (सॉरेल्) kinds of sour-leaved herb. एक प्रकार की वनस्पति, चूक, अम्बलेत; *adj.* of a reddish brown colour. भूरे लाल रंग का

Sorrily, *a.* (सॉरिलि) in a sorry manner. उदासीनता से

Sorrow, *n.* (सॉरॅ) mental pain, grief, sadness, regret, misfortune. शोक, खेद, व्यथा, सन्ताप; *v.i.* to feel sorrow, to grieve, to mourn. शोक करना, खेद करना

Sorrowful, *adj.* (सॉरॅफुल्) feeling or causing sorrow. दुखी (उद्विग्न), उदास

Sorry, *adj.* (सॉरि) pained at or regretful over something, melancholy, of poor quality. शोकाकुल, खिन्न, दु:खी, उदास, दीन; *In a sorry plight* (in a miserable condition). शोचनीय अवस्था

Sort, *n.* (सॉर्ट्) a kind or variety, kind, species. प्रकार (भेद, जाति), श्रेणी वर्ग, किस्म, कोटि, दर्जा, पद; *v.t. & i.* to arrange in sets according to size or quality or other standard, to select. क्रम में अलगाना, चुनना (मेल मिलाना); **Sorttish,** *adj.* (-इश्) given to drinking. मदिरा पीने की आदत या व्यसनवाला; **Sorttishly,** *a.* (-लि) in a sottish manner. मदोन्मत्तता से

Sortie, *n.* (सॉर्टि) a sally of troops. धावा, आक्रमण

Sortilege, *n.* (सॉर्टिलेज्) divination by lots. शकुन विचार, रमल विद्या

Sortition, *n.* (सॉर्टिशन्) lot-casting, distribution by lot. चिट्ठी डालकर स्थिर करना, पासा फेंकना

Sorus, *n. (pl. Sori)* (सरस्) a heap or cluster. गुच्छा

S.O.S., (एस.ओ.एस.) wireless code-signal of extreme distress. संकट में है, सहायता करो, संदेश (बेतार का), संकट संदेश, संदेश

So-so, *pred. & a.* (सोसो) not very good. कामचलाऊ, साधारण

Sot, *n.* (सॉट्) a fool, one stupefied by drinking, a habitual drunkard. मूर्ख व्यक्ति, पियक्कड़, शराब पीकर अचेत पड़ा हुआ व्यक्ति, मदोन्मत्त; **Sottish,** *adj.* (-इश्) given to drinking. मदिरा पीने की आदत या व्यसनवाला; **Sottishly,** *a.* (-लि) in a sottish manner. मदोन्मत्तता से

Sotto Voce, *a.* (सॉटो वॉसि) in an undertone, aside. धीमे स्वर से, अवमंदन (संकेत)

Sou, *n. (pl. Sous)* (सू) the French 1/2 d. फ्रांसीसी सिक्का

Souchong, *n.* (सूशांग्) a choice black tea made from youngest leaves. बढ़िया, काली चाय

Souffle, *n.* (सूफल्) a low sound heard in some parts of the body. शरीर के कुछ अंशों में का मन्द शब्द

Souffle, *n.* (सुफ्ले) made light and frothy, dish made of beaten white of egg. हल्का आहार, हल्का भोजन (अंडे की सफेदी से तैयार)

Sough, *n. & v. i.* (सूच, साउ, सफ्) (to make) sighing or moaning of wind in trees etc. वायु की सनसनाहट, सन्-सन् शब्द करना

Sought, *adj. (p.t. & p.p.* of **Seek**) (सॉट्) searched for, desired. ढूंढ़ा गया, इच्छित

Soul, *n.* (सोल्) the immaterial part of man regarded as immortal, intellectual, moral and emotional part of man, the organ of emotion. शरीरात्मा (प्राण, जीव), बुद्धि, तेज, बल, सार, व्यक्ति, आदर्श; *Animating soul* (immaterial part of man). जीवात्मा; *Departed soul* (soul of the dead). प्रेत; *Heart and soul* (all and all, completely, with one's entire energy). सर्वस्व, पूर्ण रूप से, अपनी पूरी शक्ति या ताकत से;

Soulful, *adj.* (सोल्फुल्) appealing to higher emotions. भावपूर्ण; **Soulfully,** *a.* (-लि) in a soulful manner. भावपूर्णता से; **Soulless,** *adj.* (-लेस्) devoid of soul. उत्साहहीन; **Soullessness,** *n.* (-लेस्-नेस्) spiritlessness. सारहीनता

Sound, *n.* (साउन्ड्) audible air-vibration, the sensation perceived by the ear, articulate utterance. शब्द, ध्वनि, कोलाहल, सार्थक शब्द; *v.i.& t.* to give forth sound, to

cause to make noise, convey specified impression, to utter audibly, to play on, to make sign by a sound, to pubilsh. कोलाहल करना, बोलना, बजाना, शब्दों से संकेत करना, प्रकाशित करना; vowel sound. स्वरोच्चार

Sound, *adj.* (साउन्ड्) whole, entire, perfect, healthy, solid, right, stout, not deranged. पूर्ण, अखण्ड (समूचा), ठीक, स्वस्थ, ठोस, सत्य, भला-चङ्गा; *Confused sound* (tumult). कोलाहल; *Sound argument* (vaild argument). दृढ़ तर्क; *Sound flogging* (stout flogging). गहरी मार; *Sound sleep* (unbroken sleep). गाढ़ (गहरी) निद्रा

Sound, *n.* (साउन्ड्) a strait, a young wild bear, telegrapic receiving instrument, a sounding apparatus. जङ्गली सूअर का बच्चा, तारबर्की का यन्त्र

Sounding, *adj.* (साउन्डिङ्ग्) making a noise. शोर करनेवाला; *n.* ascertaining the depth of the sea. समुद्र की गहराई नापना; *Sounding line* (a line for sounding seas.) समुद्र की गहराई नाप का रस्सा

Soundings, *n. pl.* (साउन्डिग्ज) the place in the sea which can be sounded. समुद्र का वह भाग जहाँ की थाह लग सके

Soup, *n.* (सूप्) liquid food made by stewing bones, meat or vegetables. जूस, झोल, रसा, शोरबा; *Soup house or kitchen* (an establishment for supplying soup to the poor). गरीबों को बिना मूल्य का भोजन देने का कार्यालय

Soup con *n.* (सूपकॅन) a dash or trace or tinge of (flavouring, quality, etc.). पुट, अत्यल्प मात्रा

Sour, *adj.* (साबर्) tasting like unripe fruit or vinegar, pungent, peevish, harsh. खट्टा, चटपटा, चिड़चिड़ा, रूक्ष; *v.t.&i.* to turn, to make acid, turn peevish. खट्टा करना, कर्कश करना, खट्टा होना, चिड़चिड़ा होना

Source, *n.* (सोर्स्) the place from which a stream issues, place of origin. स्रोत, उद्गम, झरना, मूल कारण, जड़, मूल ग्रंथ

Sourdine, *n.* (सूर्डीन्) harmonium stop producing soft effect. हारमोनियम बाजे का शब्द धीमा करने की कुंजी

Sour sop, *n.* (सूर् सॉप्) a W.-Ind. fruit and tree. पश्चिमी भारत का पेड़ और फल

Souse, *v.t. & i.* (साउस्) to put in pickle, throw liquid over a thing. अँचार में डालना; *adj.* head long. आगे की ओर

Soutane, *n.* (सूटान्) long buttoned gown worn by R.-C. priests. पादरी का (चोंगा)

South, *n.* (साउथ्) the point of horizon directly opposite the north. दक्षिण, दक्खिन; *adj.* being in the south, situated or looking towards the south. दक्षिण की ओर, दक्षिणी, दक्षिण दिशा में, दक्षिण से बहने वाली; *South-east* (the direction between South and East). पूर्व दक्षिण का कोण, आग्नेय दिशा; *South-west* (the direction equally distant from the south and west). दक्षिण-पश्चिम का कोण, नैर्ऋत्य दिशा; **Southern, Southernly,** *adj.* (-लि) situated in the south. दक्षिणी, दक्षिण दिशा की; **Southernmost,** *adj.* (-मोस्ट्) farthest south. सुदूर दक्षिण भाग में

South easter, *n.* (साउथ्-ईस्टर्) wind from SE. (south east). दक्षिण पूर्वी पवन या तेज हवा, आग्नेय दिशा की हवा की

Southerly, *a.& a.* (साउदर्लि) towards the south, coming from the south. दक्षिणात्य, दक्षिण की ओर (हवा), दक्षिण की ओर (से)

Southing, *n.* (साउदिंग्) difference of latitude made in sailing south. उत्तरीय याम्योत्तर गमन, दक्षिण गमन, दक्षिणांतर

South west, *n.* (साउथ्-वेस्ट्) the region half-way between and equally distant from the south and the west. दक्षिण-पश्चिमी

Souvenir, *n.* (सूव्हेनिअर्) a thing given or kept in memory of a person or place or event. स्मारका पदार्थ, यादगार के लिए दी हुई वस्तु

Sovereign, *adj.* (सॅवरेन्) supreme and exempt from external control, possessing supreme power. विशिष्ट गुण, का प्रधान, श्रेष्ठ, मुख्य; *n.* a sovereign ruler, a monarch, an English gold coin worth one pound. राजा,

महाराज, इंग्लैंड की स्वर्णमुद्रा, पाउण्ड; *Sovereign authority* (supreme domain). श्रेष्ठ अधिकार; *Sovereign medicine* (the most effectual medicine). परम प्रभावकारी औषधि

Sovereignty, *n.* (सॅवरेनटि) supreme power in a State, supreme excellence. प्रभुत्व, आधिपत्य, साम्राज्य

Soviet, *n.* (सोविएट्) any of the councils elected by the workers and soldiers of a district in revolutionary Russia, or of a smaller number of elected by these, or the all-Russian congress of delegates from the elected smaller number. रूस देश के क्रान्तिकारी दल का एक सदस्य

Sow, *v.t. & i. (p.t. -ed, p.p. Sown)* (सो) to scatter or plant seed for reproduction, to propagate. बीज बोना या जमाना, फैलाना

Sow, *n.* (सो) the female of the swine or hog, adult female pig. सूअरनी, शूकरी

Soy, *n. (also Soya)* (सॉय्) kind of sauce made from soya-bean. सोवे से बना हुआ झोल

Spa, *n.* (स्पा) a place resorted to for medicinal water. खनिज की धारा (स्रोत) निकालने का स्थान

Space, *n.* (स्पेस्) extension, an interval between things, distance, regions beyond ken, blank between types or words, interval in time. दूरी, स्थान (अन्तर), टाइप या शब्दों के बीच का स्थान, अवकाश; *Space-time* (a fusion of the concept of space and time). पिछला ज्ञान, समय-स्थान सम्बन्धी ज्ञान

Spacial, *adj.* (स्पेशल्) pertaining to space. स्थान-संबंधी

Spacious, *adj.* (स्पेशस्) extended, having ample space, roomy. विस्तीर्ण (विशाल); **Spaciousness,** *n.* (-नेस्) the quality of being spacious. विस्तार, फैलावट

Spade, *n.* (स्पेड्) a broad-bladed digging tool with long handle, an instrument of digging, a suit of cards shaped like a heart with a small handle. फावड़ा, कुदाली, ताश में हुक्म का रंग; *v.t.* to dig with a shovel. कुदाली से खोदना; *To call a spade a spade* (to speak very plainly). स्पष्ट बोलना

Spadework, *n.* (स्पेड्वर्क्) preparatory work of an arduous kind, hard labour. आरंभिक कार्य, कठिन परिश्रम,

Spadger, gick, *n.* (स्पॅजर्-जिक्) *(sl.)* a sparrow. चिड़िया

Spadix, *n. (pl. Spadices)* (स्पेडिक्स्) a fleshy spike of flowers. कँटीले गुच्छों में जमे हुए फूल **Spado,** *n.* (स्पेडॅ) a eunuch, a person incapable of procreation. क्लीव, हिजड़ा

Spake, *p. t.* of Speak. बोला

Spall, *v.t. & i. & n.* (स्पाल्) splinter, to clip, chippings. चिप्पड़ निकालना, चिप्पड़

Spalpeen, *n.* (स्पॅल्पीन्) a mean fellow, a youngster. शुद्र, निकृष्ट व्यक्ति, छोटा बच्चा

Span, *n.* (स्पॉन्) full extent end to end, short distance, measure of nine inches, space from end of thumb to the end of little finger when extended, the spread of an arch. मेहराब की चौड़ाई, विस्तार, फैलाव, नौ इंच की लम्बाई, बित्ता; *v.t. & i. (p.t. -ned)* to stretch from one side to the other, to extend across, to bridge. बित्ते से नापना, फैलाना, मेहराब लगाना, पुल बाँधना; *Our brief span of life.* अल्पायु; *Span dogs* (a pair of iron bars with claws for grappling timber). इमारती लकड़ी पकड़ने की लोहे की बड़ी कैंची; *Span of life* (the full extent of life). जीवन की अवधि

Span, *p.t.* of Spin. काता

Spangle, *n.* (स्पाङ्गल) a small piece of anything sparkling. चमकती हुई वस्तु का टुकड़ा; *v.t.* to adorn with spangles. चमकीली वस्तु से आभूषित करना

Spangle, *n.* (स्पाङ्गल) a small piece of glittering metal, a small sparkling object. चमकती हुई वस्तु का टुकड़ा

Spaniard, *n.* (स्पान्यर्ड) a native of Spain. स्पेन देश का निवासी

Spaniel, *n.* (स्पान्यल्) kinds of large-eared long-haired dog. एक प्रकार का झबरा कुत्ता

Spanish, *adj. & n.* (स्पानिश्) of Spain, language of Spain. स्पेन देश का, इस देश की भाषा

Spank, *v.t. & i.* (स्पाङ्क्) to slap with the hand, go at a great pace. चूतड़ पर थप्पड़ मारना; *n.* a blow. थप्पड़

Spanless, *a.* (स्पानलेस्) beyond measure (poet.) विशाल, विस्तृत, अमर्याद

Spanner, *n.* (स्पानर्) one who spans, an instrument for turning nuts on screws. हथकल, नापने वाला, ढिबरी कसने या खोलने का औजार या यन्त्र

Spar, *v.i. (p.t. -red)* (स्पार्) to box, to fit with spars, strike out with the spars, to dispute. झगड़ा करना, मस्तूल लगाना, मुक्की लड़ना; *n.* a sparring motion, a rafter, a stout pole, boxing match, cock-fight. स्फटिक के सदृश एक खनिज पदार्थ जहाज का मस्तूल, धरन, बल्ला, मुक्केबाजी, मुरगे की लड़ाई; **Spar-deck,** *n.* (-डेक्) upper deck of a ship. जहाज की ऊपरी छत; **Sparry,** *adj.* (-रि) abounding in spar. स्फटिक के सदृश खनिज पदार्थ से पूर्ण

Spare, *adj.* (स्पेअर्) scanty, frugal, lean. अल्प (थोड़ा), अल्पव्ययी, दुर्बल; *n.* a small part, a slit at the top of a skirt. अल्प भाग, घाघरे के ऊपरी भाग की दरार; *Spare diet.* अल्पाहार; *A spare room* (bed-room for visitor). मेहमानों का अलग कमरा

Spare, *v.t. & i.* (स्पेअर्) to abstain from hurting or destroying, to be frugal, to let off, to save, to forgive, to dispense with, to forbear. अल्प व्यय करना, रक्षा करना, बचाना

Sparing, *adj.* (स्पेअरिङ्ग्) not plentiful, scanty. अल्पव्ययी, परिमित व्यय करनेवाला; **Sparingness,** *n.* (-नेस्) the quality of being sparing. क्षीणता, कृशता

Spark, *n.* (स्पार्क्) fiery particle of burning substance, a small bright object or point, a gay young fellow. अग्नि कण, चिनगारी, चमकीला, छोटा पदार्थ; *v.i. & t.* to emit sparks, apply electric spark to, play the gallant. चिनगारी निकालना

Spark, *n.* (स्पार्क्) a gay fellow, a lover, a woman of great beauty. बाँका छैला, प्रेमी, बहुत सुन्दर स्त्री; *v.t.* to play the gallant or lover. प्रेमी की तरह व्यवहार करना

Sparking, *adj.* (स्पार्किङ्ग्) generating sparks. चिनगारी निकालनेवाला; *Sparking plug* (an appliance for generating electric sparks). बिजली की चिनगारी निकालने का यन्त्र; *Sparking wit* (keen intelligence). स्फूर्तिमान बुद्धि

Sparkle, *v.t.* (स्पार्कल्) to seem to emit sparks, to glitter, to be bright with shifting points of light. चिनगारी फेंकना, चमकना

Sparklet, *n.* (स्पार्क्-लेट्) a small sparkle, a charge of carbonic acid. छोटी चिनगारी, कार्बोनिक एसिड भरी हुई गोली

Sparkling, *adj.* (स्पार्क्लिङ्ग्) shining, glittering with sparks. चमकता या जगमगाता हुआ

Sparks, *n.* (स्पार्क्-स्) a wireless operator. बेतार के तारबर्की के यन्त्र को चलानेवाला; *Fairy sparks* (phosphorescent light). हड्डी इत्यादि से निकलनेवाला प्रकाश-कण

Sparrow, *n.* (स्पारॅ) a small bird haunting houses. चटक गौरैया; *House sparrow* (domestic sparrow). घरेलू गौरैया; *Sparrow-hawk* (a kind of small hawk). गौरैया का शिकार करनेवाला बाज पक्षी

Sparse, *adj.* (स्पार्स्) thin, scattered, not dense, occurring, at irregular intervals. पतला, विरल, दूर-दूर पर का

Spartan, *adj.* (स्पार्टन) pertaining to Sparta, brave an l hardy. वीर, स्पार्टा नगर-सम्बन्धी, साहसी

Spasm, *n.* (स्पाज्म्) convulsive muscular contraction, strain, violent excess of emotion. संकोच, मरोड़, ऐंठन; *Functional spasm* (nervous disorder caused by occupation). किसी व्यवसाय के कारण नाड़ियों में ऐंठन आ जाना

Spasmodical, *adj.* (स्पाज्मॅडिकल्) relating to spasm, convulsive. मरोड़ या ऐंठन-संबंधी, अङ्ग-संकोच करने वाला, ऐंठने (अकड़ने) वाला

Spastic, *a.* (स्पॅस्टिक्) spastic paralysis, (med.) मस्तिष्क का स्तंभन. हाथ-पैर का टेढ़ा-मेढ़ा होना

Spat, *n.* (स्पॅट्) spawn of shell fish. मछली या घोंघे का अण्डा; *v.i. & t.* मछली के अण्डे डालना

Spat, *p.t.* of Spit. थूका

Spatchcock, *n. & v.t.* (स्पाचकॉक्) a fowl killed and cooked in a hurry, to insert words in a telegram hastily. जल्दी से तार की खबर में शब्द भरना, जल्दी से मारकर पकाया हुआ मुर्गा

Spate, *n.* (स्पेट्) a sudden river flood. नदी की बाढ़

Spate, *n.* (स्पेट्) नारियल अथवा सुपारी की जट

Spatial, *adj.* (स्पेशल्) pertaining to space. स्थान-संबंधी

Spatter, *v.t. & i.* (स्पाटर्) to splash, to scatter in small drops. छितराना, छिड़कना; *n.* splashing. छितराव, छिड़कन

Spatula, *n.* (स्पाचुला) an instrument with edgeless blade for working pigments, an instrument for pressing tongue. रंग, मलहम इत्यादि फैलाने का औजार, जीभ दबाने का यन्त्र

Spatule, *n.* (स्पाट्यूल्) broad spoon shaped formation or part. चम्मच की तरह का चौड़ा आकार

Spavin, *n.* (स्पाविन्) a disease in horses. एक प्रकार का फोड़ा जो घोड़े को लंगड़ा बनाता है

Spawn, *n.* (स्पॉन्) eggs of fish, frogs, human offspring. मछली या मेंढक का अण्डा (तिरस्कार में) मनुष्य का बच्चा; *v.t & i.* to produce eggs, to generate. अण्डा देना, बच्चा जनना

Spay, *v.t.* (स्पे) to castrate, remove ovaries. बधिया करना (आख्ता करना), स्त्रियों का डिम्बकोष या पुरुषों का अण्डकोष हटाना

Speak, *v.i. & t. (p.t. Spoke, Spake, p.p. Spoken)* (स्पीक्) to utter words in the ordinary way, to hold conversation (with a person about something), to deliver speech, say something, to make know. बोलना (कहना), वार्तालाप करना, व्याख्यान देना, उच्चारण करना, जताना; *The portrait speaks* (is life-like). बोलती तस्वीर; *So to speak* (to speak in the way as). यदि ऐसा प्रयोग किया जा सके; *To speak fair* (to speak in a fair language). शिष्ट भाषा का प्रयोग करना; *To speak for* (to speak for another). किसी के लिए बोलना; *To spake 11 of* (to abuse). निन्दा करना; *To speak one's mind* (to express one's thoughts). अपना विचार प्रकट करना; *To speak out* (to proclaim). घोषित करना, स्पष्ट रूप से करना; *To speak up* (to speak loudly). जोर से बोलना

Speaker, *n.* (स्पीकर्) one who speaks, the president of a deliberative assembly. बोलने वाला

Speakies, *n.pl.* (स्पीकीज्) (*sl.*) acted plays as opp. नाटक में हिस्सा लेना

Speaking, *n. & adj.* (स्पीकिंग्) discourse, act of expressing ideas in words, seeming to speak. भाषण (उक्ति), बातचीत, बोलती हुई; *Speaking trumpet* (a magaphone). दूर तक शब्द फेंकनेवाली तुरही; *Speaking tube* (a pipe for speaking through). बोलने की नली जिससे एक स्थान से दूसरे स्थान तक शब्द पहुँच सकता है; *Not on speaking terms.* बोलचाल नहीं है

Spear, *n.* (स्पिअर्) hunter's or foot-soldier's thrusting or hurling long pointed weapon, a lance, a spearman. बरछी, भाला; *v.t. & i.* to pierce or wound with spear. बरछी फेंकने वाला

Spec, *n.* (स्पेक्) speculation, enterprise. कल्पना, विचार, युक्ति

Special, *adj.* (स्पेशल्) of a peculiar or restricted kind, not general, extraordinary, chief in excellence. असामान्य, विशेष, मुख्य, असाधारण, विचित्र, प्रधान, अनोखा; *n.* a special edition, something specially appointed. असाधारण या विशिष्ट वस्तु, विशेष आकृति; *Special characteristics* (distinctive quality). विशिष्ट धर्म; *Special constable* (a private person sworn in to assist in maintaining public peace in case of riot etc). किसी भी नागरिक की आंतरिक सुरक्षाहेतु विशेष स्थिति में मानद अधिकारी शपथ दिलाकर नियुक्त करना

Specialist, *n.* (स्पेशलिस्ट्) person devoting himself to a single branch of his profession or subject. किसी व्यवसाय या शास्त्र के मुख्य अङ्ग में प्रवीण व्यक्ति

Speciality, *n.* (स्पेशलिटि) special characteristic, a particular talent, a special pursuit. विशेष धर्म, विशिष्टता, विशेष या साधारण शर्त, विशिष्ट नियम पत्र

Specialize, *v.t. & i.* (स्पेशलाइज) to make special, to limit, to be a specialist, adopt for a particular purpose. सीमा बाँधना, विशिष्ट करना, विशेषज्ञ बनाना

Specialty, *n.* (स्पेशल्टि) sealed contract, instrument under seal, a speciality. विशेष अध्ययन या अनुशीलन, रुपये की अदायगी के संबंध में विशेष संविदा, विशेष उत्पादन

Specie, *n.* (स्पीशी) money in the shape of coin. नकद रुपया, सिक्का

Species, *n.* (स्पीशीज) a class of things having some common characteristics sort, a subdivision of a genus, variety. जाति, प्रकार, भेद, वर्ग; *A species of animal* (a class of animal). प्राणि-विशेष; *Of the same species* (of similar class). एक जाति का

Specific, *adj.* (स्पेसिफिक) definite, distinct, possessing the qualities which characterise, concerned with. विशिष्ट, असामान्य विशेष जाति का, विलक्षण; *Specific character* (distinct character). विशेष लक्षण; *Specific gravity* (specific weight). विशिष्ट गुरुत्व; *Specific medicine* (medicine having distinct effect in curing a particular disease). किसी रोग के हटाने की विशिष्ट औषधि

Specification, *n.* (स्पेसिफिकेशन) specifying, any or all of the details specified in a contract or patent. विशेष वर्णन, किसी पदार्थ की विस्तारपूर्वक व्याख्या

Specify, *v.t. (p.t. Specified)* (स्पेसिफाइ) to make specific or definite, to name particularly. एक-एक करके वर्णन करना, विशेष रूप से कहना

Specimen, *n.* (स्पेसिमेन) an individual animal, sample, pattern. आदर्श, प्रतिरूप, नमूना, विचित्र जानवर या व्यक्ति

Speciology, *n.* (स्पाशिऑलॉजि) science of species. जाति के मूल का शास्त्र

Specious, *adj.* (स्पाशस) fair-seeming, obvious, of good appearance, fair on the surface, plausible. स्पष्ट, दिखौवा, अच्छी आकृत्ति का, सदृश, देखाव में सुन्दर

Speck, *n.* (स्पेक्) a small spot, a blemish, dot, mark of rottenness, a flaw. सूक्ष्म बिंदु, चिन्ह, कलंक, बिन्दु (फल में), सड़ाहट का चिन्ह

Speck, *n.* (स्पेक्) fat meat, pork, fat of seals. स्पेक (अमरीकी मछली), चर्बी, शूकर, माँस, काँटेदार बर्छी

Speckle, *n.* (स्पेकल्) a small spot esp. as natural marking on skin. बिंदु, चित्ती, धब्बा; *v.t.* to mark thus, to cover with specks. धब्बा डालना

Specs, *n.* (स्पेक्स्) pair of spectacles. उपनेत्र, चश्मा

Spectacle, *n.* (स्पेक्टकल्) a public show or exhibition. प्रदर्शनी, चमत्कार, तमाशा

Spectacular, *adj.* (स्पेक्टाक्युलर्) pertaining to shown, of the nature of a show. प्रदर्शनी या कौतुक संबंधी

Spectator, *n.* (स्पेक्टेटर्) a looker-on, an eye-witness. प्रत्यक्षदर्शी, देखने वाला, तमाशबीन, साक्षी

Spectral, *adj.* (स्पेक्ट्रल्) ghost-like, unreal, resembling a spectre. प्रेत तुल्य, भूतप्रेत से संबंध रखने वाला, भूत प्रेत के समान; **Spectrally,** *a.* (-लि) in a spectral manner. प्रेतवत्

Spectre, *n.* (स्पेक्टर्) a ghost, an apparition, fear of an expected calamity. भूत, पिशाच

Spectro, *pref.* (स्पेक्ट्रॉ) in sense of 'spectrum'. उपसर्ग जिसका अर्थ "दृश्य संबंधी" होता है; **Spectroscope,** *n.* (-स्कोप्) an instrument for analysing the rays reflected by a spectrum. किरण के दृश्यरूप को पृथक्-पृथक् देखने का यन्त्र; **Spectroscopic,** *adj.* (-स्कॉप्-इक्) pertaining to spectroscope. स्पेकट्रोस्कोप यन्त्र संबंधी

Spectrum, *n. (pl. Spectra)* (स्पेक्ट्रम्) the image of something seen continuing when the eyes are closed or turned away, the seven coloured band formed by passing a light through a glass prism, the coloured bond into which a beam of light is decomposed. आँख बन्द करने

या फेर लेने पर जो रूप किसी पदार्थ का आँख में अंकित रह जाता है, प्रकाश की किरणों से बना हुआ आकार जो प्रकाश के न्यूनाधिक होने से गहरा या हल्का दीख पड़ता है, शीशे की त्रिभुजा कृति के बीच से सूर्य-किरण के जाने पर उसकी सतरंगी विश्लेषित पट्टी

Specular, *adj.* (स्पेक्युलर्) of the nature of a speculum, reflecting. दर्पण के गुण वाला

Speculate, *v.i.* (स्पेक्युलेट्) to indulge in thought of a conjectural theoretical kind, to make an enquiry, to deal in transactions of a risky kind. विचार करना, लाभ की आशा से व्यवसाय में धन लगाना या बेचा-विक्री करना

Speculation, *n.* (स्पेकुलेशन) conlemplation, mental view theory. विचार, कल्पना, सिद्धांत

Speculum, *n. (pl. Specula)* (स्पेक्युलम्) an instrument for dilating orifices to facilitate examination. शरीर के भीतर का भाग देखने का दर्पण

Sped, *p.t. & p.p.* of **Speed** (स्पेड्) went quickly. शीघ्रता से गया

Speech, *n.* (स्पीच्) faculty of speaking, anything said, particular language, an oration, public address. वाणी, वचन, भाषा, बोल-चाल, व्याख्यान; *Eloquence of speech* (beautiful language). पदलालित्य; *Figure of speech* (rhetorical abnormal expression). अलंकार; *Maiden speech* (the first speech of an orator). व्याख्यानदाता का पहिला भाषण; *Part of speech* (grammatical division of words). शब्द-भेद; *Set speech* (speech prepared beforehand). पहिले से तैयार किया हुआ व्याख्यान

Speechify, *v.t.* (स्पीचिफाइ) hold forth oratorically in conversation. व्याख्यान देना, लम्बा चौड़ा भाषण झाड़ना

Speechless, *adj.* (स्पीचलेस्) dumb, deprived of speech. अवाक्, गूँगा, मौन

Speed, *n.* (स्पीड्) dispatch, rapidity of movement, success, prosperity. वेग, चाल, शीघ्रता, गति, क्षिप्रता, ऐश्वर्य, सफलता; *v.i. & t. (p.t. sped.)* to go fast, smooth the way of, to hasten, give prosperity, to aid. तेज चलना, जल्दी करना, सफल होना, सहायता देना; *At full speed.* पूर्ण वेग से आगे बढ़ना; *God speed* (may God give prosperity). ईश्वर मार्ग में कल्याण करे

Speeder, *n.* (स्पीडर्) that which speeds motion. यन्त्र की गति बढ़ाने का साधन; **Speedily,** *a.* (-इ-लि) with speed. झट, बिना विलम्ब के; **Speedometer,** *n.* (स्पीडॉमिटर्) speed-indicator in a motor-car etc. किसी यंत्र की गति बतलाने वाला यंत्र या साधन,

Speed-trap, *n.* (स्पीड्ट्रेप्) a trap to catch speeding motorists. तीव्र गति से जाने वाले वाहनों को निरोधित करने का यंत्र, पकड़ने वाला

Speedway, *n.* (स्पीड्वे) course for fast driving of horses, or motorcars. द्रुतवाहन मार्ग, मोटर-साइकल दौड़ क्षेत्र

Speed well, *n.* (स्पीड्वेल्) a blue-flowered plant. स्पीडवेल (पौधा)

Speedy, *adj.* (स्पीडि) prompt, rapid, quick in performance. शीघ्र, तेज गति का, तत्काल, वेगवान

Spelaean, *adj.* (स्पीलिअन्) pertaining to caves, dwelling in caves. गुफा संबंधी, गुहावासी (गुफा में रहनेवाला), गुफा का

Spell, *n.* (स्पेल्) fascination exercised by person or thing, words used as charm, attraction, (*Austral.*) a period of rest from work etc. यंत्र (टोना, जादू), माया, सम्मोहन, आकर्षण, वशीकरण, मोहिनी; *v.t. & i.* to charm. जादू या मन्त्र द्वारा वंश में करना, मोहिनी डालना

Spell, *v.t. (p.t. & p.p. -ed, Spelt)* (स्पेल्) to write or name the letters that form a word, to take the place of. किसी शब्द के अक्षरों को यथास्थान बतलाना; *To spell backwards* (to change meaning). अर्थ बदलना; *To spell out* (to make out words letter by letter). हिज्जे करना, शब्द-विन्यास बताना

Spellbound, *adj.* (स्पेल्बाउन्ड्) fascinated. अभिमन्त्रित, मंत्र मुग्ध करना

Speller, *n.* (स्पेलर्) one who is skilled in spelling. शब्द में अक्षरों को यथास्थान बतलानेवाला

Spelling, *n.* (स्पेलिंग्) the act of naming the letters of a word. शब्द-विन्यास; *Double spelling* (two forms of a

word). शब्द के दो रूप; *Spelling book* (a book for teaching children to spell and read). बच्चों को शब्दों का हिज्जे करना तथा पढ़ना सिखलाने की पुस्तक; *Veriation in spelling* (different spellings). शब्द-विन्यास का अन्तर

Spelt, (स्पेल्ट्) *p.t. & p.p.* of **Spell.** हिज्जे बताया गया

Spelt, *n.* (स्पेल्ट्) Germen wheat. जर्मनी का गेहूँ

Spelter, *n.* (स्पेल्टर्) zinc. जस्ता

Spencer, *n.* (स्पेन्सर्) a short over-coat for men or women. पुरुष या स्त्री का छोटा ऊपरी कोट

Spencerism, *n.* (स्पेन्सरिज्म) doctrine of Herbert Spencer referring the ordered universe to the necessary laws of mechanics. स्पेन्सरवाद

Spent, *p.t. & p.p.* of Spend. खर्च किया हुआ, मुक्त शेष, बचा हुआ

Spend, *v.t. & i. (p.t. Spent)* (स्पेन्ड्) to pay for a purchase, to expend or use up, to lay out, wear out, emit spawn, to pass in some place or occupation. व्यय करना, उपयोग करना (उड़ाना), लुटना, नष्ट करना; *Spent with toil* (exhausted owing to labour). परिश्रम से थका हुआ

Spendthrift, *n.* (स्पेन्डथ्रिफ्ट्) one who spends lavishly. अतिव्ययी, मुक्तहस्त धन उड़ानेवाला

Sperm, *n.* (स्पर्म्) the male generative cell, supermaceti, seminal fluid. शुक्राणु, वीर्य, मछली के सिर में से निकाली हुई चर्बी

Spermaceti, *n.* (स्पर्मेसेटि) white brittle fatty substance got from head of sperm-whale, whale & c. शुक्राणु या व्हेल मछली के मस्तिष्क का तेल

Spermary, *n.* (स्पर्मरि) the gland which contains sperm. शुक्राशय

Spermatic, *adj.* (स्परमेटिक्) pertaining to sperm. शुक्राणु या शुक्र संबंधी

Spermato, *pref.* (स्पर्मेटो) in sense of 'sperm'. 'शुक्र' अर्थ का उपसर्ग; **Spermatology,** *n.* (-लॅ-जि) the study of sperm. शुक्र के अध्ययन का शास्त्र; **Spermatozoa,** *n. (pl. Spermatozoo)* (-जो-आ) sperm-cells. शक्राणु

Spermo, *pref.* (स्पर्-मँ) in sense of 'seed'. 'बीज' अर्थ का उपसर्ग

Spew, Spue, *v.t. & i.* (स्प्यू) to vomit, to droop very quickly. वमन करना,

Sphagnum, *n. (pl. Sphagna)* (स्फॅगनम्) a kind of moss which grows in marshes. दलदल में उगनेवाली एक प्रकार की सेवार

Sphenoid, *adj.* (स्फीनाइड्) of the shape of a wedge. फन्नी के आकार की

Sphere, *n.* (स्फिअर्) a solid figure having all points of its surface equidistant from a point within it, ball, the heavens, a heavenly body, one's field of action. गेंद या गेंद के आकार का, पोलक, आकाश, अधिकार (पद), कार्य, स्थिति; *v.t.* to enclose as in sphere, to form into roundness. मण्डल के आकार का बनाना, चक्र में लपेटना; *Celestial sphere* (heavenly body). ग्रह मण्डल

Spheric, *adj.* (स्फेरिक्) celestial, of the heavens. आकाश-संबंधी, दैनिक; **Spherical,** *adj.* (-अल्) globular, shaped like a spheres. वर्तुल, गोलाकार

Spheroid, *n.* (स्फिअराइड्) a sphere-like solid. उपगोल, अण्डाकार आकृति

Sphincter, *n.* (स्फिंक्टर) ring-muscle of orifice. अवरोधिनी संवरणी

Sphinx, *n. (pl. Sphinxes)* (स्फिंक्स) a fabulous monster with a woman's head and a loin's body. एक कल्पित दैत्य जिसका कपाल स्त्री का तथा शरीर सिंह का माना जाता है

Spice, *n.* (स्पाइस्) an aromatic vegetable substance used as flavouring, spices collectively. सुगन्धित द्रव्य, मसाला; *v.t.* to season with spice. मसालेदार बनाना

Spicery, *n.* (स्पाइसरि) spices in general, aromatic scents. गरम मसाले, मसाला रखने की कोठरी

Spick and span, *a.* (स्पिक् अन्ड् स्पॅन्) trim, smart, brand new. बना-ठना, साफ-सुथरा, बिल्कुल नया

Spicular, *adj.* (स्पिक्युलर, स्पुकुलेर) having sharp points. काँटेदार, नोकदार

Spicule, *n.* (स्पिक्यूल्) a small sharp-pointed body, a small spike. नोकदार वस्तु

Spicy, *n.* (स्पाइसि) having much spice, aromatic. चटपटा, मसालेदार, तीखी, खुशबूदार, सुगधित

Spiel, *n.* (स्पिएल्) a talk, speech. वार्ता, कथा, कहानी; *v.t.* to make speeches. धारा प्रवाह बोलना, बतियाना, कहानी सुनाना

Spider, *n.* (स्पाइ-डर्) an eight-legged insect of many varieties which spin webs. मर्कटक, मकड़ा; **Spiderlike,** *adj.* (-लाइक्) like a spider. मकड़े की तरह का; *Spiderline* (the thread of a spider's web). मकड़े के जाले का सूत्र

Spiflicate, *v.t.* (स्पिफ्लिकेट्) (*sl.*) to castigate. पीटना, ठुकाई करना, मरम्मत करना

Spigot, *n.* (स्पिगट्) a plug for inserting into the hole of a cask or pipe. नली या पीपे के छेद में लगाने का डाट

Spike, *n.* (स्पाइक्) a sharp projecting point, a large railway nail, ear of corn, kind of lovender. नुकीला काँटा, बड़ी काँटी, अन्न की बाल, खुशबू

Spikenard, *n.* (स्पाइक् नार्ड) a perennial highly aromatic plant, an aromatic ointment made from this herb. जटामांसी, बालछड़, इससे बना हुआ सुगंधित मलहम

Spile, *n.* (स्पाइल्) a wooden peg. लकड़ी का खूँटा; *v.t.* to pierce hole in a barrel. पीपे में छेद करना

Spiling, *n.* (स्पाइलिंग्) a set of piles. खूँटियों की पंक्ति

Spill, *v.t. & i. (p.t. -ed; Spilt)* (स्पिल्) to waste, to allow a liquid & c., to fall or run out of a vessel, to shed, to throw away. गिराना, बहाना, छिड़कना, नष्ट करना, फेंकना

Turn-out, *n.* (टर्न्-आउट्) a quitting of employment. वेतन-वृद्धि के निमित्त काम करनेवालों का काम करने से विरक्ति या हटाव; **Turn-screw,** *n.* (-स्क्रू) a screw-driver. पेंचकस; **Turnstile,** *n.* (-स्टाइल्) a small turnpike through which men can pass but not cattle. ऐसा घमौवा रोक जिसमें से होकर मनुष्य जा सकता है, चौपाये नहीं जा सकते

Turpentine, *n.* (टर्पन्टाइन्) the resinous juice secreted by certain trees like pine. देवदारु-तैल, तारपीन, बिरोजा; *v.t.* to apply turpentine to. ताड़पीन के तेल को मलना

Turpeth, *n.* (टर्पिथ्) cathartic root of an E. Ind. plant. एक रेचक मूली

Turpitude, *n.* (टर्पि-ट्यूड्) baseness, depravity. दुष्टता (नीचता), चरित्रहीनता

Turquouise, *n.* (टर्काइझ्) an opaque azure gem. फिरोजा

Turret, *n.* (टरिट्) a small tower attached to a building. कँगूरा, बुर्जी; **Turreted,** *adj.* (-ऍड्) formed like a tower. बुरजी के आकार का

Turtle, *n.* (टर्टल्) a kind of dove, a marine reptile encased in horny shell, turtle-soup. एक प्रकार की पेड़ की, समुद्री कछुआ, एक खाद्य पदार्थ; *To turn turtle* (to catch turtles by throwing them on their backs, to capsize). समुद्री कछुओं को पीठ के बल पटककर पकड़ना, उलट-पुलट हो जाना

Tuscan, *a. & n.* (टस्कन्) pertaining to Tuscany in Italy, designating an order of architecture. तस्कनी, स्थापत्य

Tush, *interj.* (टश्) pshaw! छि!; *n.* a long pointed tooth. लम्बा नुकीला दांत

Tusk, *n.* (टस्क्) a long pointed tooth *esp.* a protruding one, tusk-like part in harrow. हाथी इत्यादि के समान नुकीला निकला हुआ दाँत, खाँग

Tusser, -ur, -ore, *n.* (ट्यूसर्ष ट्रसर्, टसोअर्) kinds of Indian silkworm, their silk; fabric made from it. एक प्रकार का भारतीय रेशम का कीड़ा, उसका रेशम-टसर,

Tussis, *n.* (टसिस्) cough. खांसी

Tussive, *adj.* (टसिव्ह्) pertaining to cough. खांसी संबधी

Tussle, *n. v.i.* (टसल्) a scuffle, a struggle. झगड़ा, संघर्ष करना, मुठभेड़; *v.t.* to struggle. हाथापाई करना, मुठभेड़ करना

Tussock, *n.* (टसक्) a tuft of grass or twigs. घास-फूस का टीला

Tut, *int. (also Tut-tut)* (टट्) expressing contempt. तिरस्कार-सूचक अव्यय

Tutelage, *n.* (ट्यूटिलज्) guardianship, protection. सरंक्षण, रक्षा

Tutelar or Tutelary, *adj.* (ट्यूटिलरि) serving as guardian. सरंक्षक या संरक्षण का कार्य करनेवाला

Tutenag, *n.* (ट्यूटिनॅग्) a kind of white metal like German silver. जर्मन सिलवर के प्रकार का सफेद धातु

Tutor, *n.* (ट्यूटर्) a guardian of a minor, a private teacher. बालक का संरक्षक, निजी शिक्षक; *v.i.* to instruct, to treat with authority or sternness. शिक्षा देना, पढ़ाना, अधिकार-पूर्वक अथवा कड़ाई से व्यवहार करना; **Tutorage,** *n.* (-एँज्) guardianship, education. संरक्षकता, शिक्षा, उपदेश; **Tutoress, Tutrix,** *n.* (-एस, -ट्रिक्स्) female teacher, a female guardian. अध्यापिका, बालक की रक्षा करनेवाली स्त्री; **Tutorial,** *adj.* (टोरिअल्) pertaining to teaching, belonging to a tutor. शिक्षा संबंधी

Tutty, *n.* (टटि) impure oxide of zinc. बिना साफ किया हुआ सफेदा

Tuwhit, tu-whoo, *v.i.* (टुव्हिट्, टू-व्हू) cry of owl. उल्लू का शब्द

Twaddell, *n.* (ट्वॉडल्) hydrometer for liquids heavier than water. पानी से भारी द्रव मापक यंत्र

Twaddle, *v.i.* (ट्वॉडल्) to indulge in useless talk, talk not worth hearing. वृथा बकवाद करना; *n.* a silly talk, a senseless talker. वृथा बकवाद, बड़बड़ाहट, व्यर्थ की बातचीत करनेवाला

Twain, *n.* (ट्वेन्) two, a pair. युग्म, जोड़ा; *adj.* twice. दो बार

Twang, *n.* (ट्वॅङ्ग्) a sharp quick sound. धनुष की टंकार, झनकार; *v.t. & i.* to make a ringing metallic sound. टनटनाना, झनकारना

Twas, *contr.* (ट्वॉझ्) of 'it was'. 'इट वॉज्' का छोटा रूप, यह था

Tweak, *v.t.* (ट्वीक्) to pull with a sudden. झटकेसे खींचना, चिकोटी काटना; *n.* a twitch, a pinch. ऐंठन, चुटकी

Tweed, *n.* (ट्वीड्) a kind of woollen fabric. एक प्रकार ऊनी कपड़ा

Tweedle, *n.* (ट्वीडल्) sound as of fiddle. सारंगी का शब्द, झंझार; *v.t.* to fiddle in an awkward manner. फूहड़ की तरह सारंगी बजाना

Tween, *a. & prep.* (ट्वीन्) between. के बीच में, मध्य में

Tweeny, *n.* (ट्वीनि) between-maid, small cigar. दो नौकरानियों में बीच की, छोटी सिगार, नौकरानी

Tweezer, *n. (also pair of Tweezers)* (ट्वीझर्) a pair of tongs for plucking up small objects. छोटी चिमटी

Twelfth, *a. & n.* (ट्वेल्फथ्) next in order of eleventh. बारहवाँ

Twelve, *adj. & n.* (ट्वेल्व्ह) two and ten, one more than eleven. बारह; *Twelvefold* (twelve times). बारह बार तह किया हुआ

Twentieth, *adj. & n.* (ट्वेन्टिइथ्) बीसवाँ, विंश

Twenty, *adj.* (ट्वेन्टि) twice ten. बीस

Twere, (टुअर्) contr. of It were. ऐसा था

Twice, *a.* (ट्वाइस्) two times. दो बार; **Twicer,** *n.* (-अर्) a compositor who also works as a pressman. कम्पोजिटर जो प्रेस भी चलाता है

Twiddle, *v.i.* (ट्विडल्) to twist the fingers. अँगुली उमेठना; *n.* a light twist. ऐंठन

Twig, *n.* (ट्विग्) a small branch of a tee or plant, minor shoot of a tree or shrub. शाखा, टहनी

Twig, *v.t. & i.* (ट्विग्) observe, notice; catch the meaning of. समझ जाना, देख लेना, अर्थ समझना

Twilight, *n.* (ट्वाय्-लाइट्) the faint light before sunrise and after sunset. सन्धिप्रकाश, गोधूलि का समय

Twill, *n.* (ट्विल्) a kind of cloth, a fabric with small raised ribs. एक प्रकार का चिमड़ा कपड़ा, उठे हुए रुएं का कपड़ा

Twin, *n. & adj.* (ट्विन्) one of the two children born at a birth. यमज, जुड़वाँ, यमल; *The twins* (the third sign of the zodiac, Taurus). मिथुन राशि; *Twin-born* (born at the same birth). एक साथ उत्पन्न हुआ, जुड़वाँ

Twine, *n.* (ट्वाइन्) twist, cord twisted to the thickness used for tying small parcels, a coil. सुतली, दून, डोर छोटे-छोटे पार्सलों को बाँधने के लिये; *v.t. & i.* to wind round or about something. लपेटना, ऐंठना

Twinge, *n.* (ट्विंज्) a sharp pain, a transitory sharp local pain, a tweak. व्यथा, वेदना, पीड़ा, कड़क; *v.t.* to affect with a sharp pain. तीव्र पीड़ा देना

Twinkle, *v.t. & t.* (ट्विंकल्) to shine with quick gleams. to sparkle, to blink one's eyes. चमकना, जगमगाना, आँखों की पलकें झपकना; *In the twinkling of an eye* (in a moment). पल भर में

Twirl, *v.t.* (ट्वर्ल्) to revolve rapidly, to spin or swing or twist quickly and lightly round. वेग से घुमाना, फिरकी की तरह, चक्कर खाना; *n.* a rapid circular movement, a whirl. त्वरित भ्रमण, जल्दी का चक्कर

Twist, *n.* (ट्विस्ट्) thread & c. made by winding two or more strands together, the act of twisting a roll of paper, tobacco & c. लच्छा, डोरा, रस्सा इत्यादि की ऐंठन, मुड़ाव; *v.t. & i.* to wind strands of thread or rope, to rotate, to insinuate, to wrench out. माँजना, घुमाना, ऐंठना, मोड़ना; **Twister,** *n.* (-अर्) he who or that which twists. ऐंठनेवाला

Twit, *v.t. (p.t. -ted)* (ट्विट्) to reproach. झटकारना, (डाँटना), ताना मारना

Twitch, *v.t. & i.* (ट्विच्) to pull with sudden jerk, to give a momentary sharp pull at. झटके से खींचना, छीनना; *n.* a sudden pull. खिंचाव, झटका

Twitter, *v.i.* (ट्विटर्) to make a succession of light tremulous noise to chirp. चूँ-चूँ करना; *n.* such a series of sounds. ऐसा शब्द

Twixt, *prep.* (ट्विक्स्ट्) betwixt. के बीच में

Two, *adj. & n.* (टू) one and one. दो; one or two (a few). थोड़े; *Tow-edged* (having edges on both sides). दोनों ओर की धारवाला

Two-pence, *n.* (टूपन्स्) silver coin worth, two pence. चांदी का दो पैसे का सिक्का-एकदम सस्ती चीज

Two-penny, *a.* (टूपैनि) costing 2d. (*colloq.*) cheap, worthless. सस्ता, रद्दी; *n.* a kind of beer, *(sl.)* one's head. एक प्रकार की शराब, अपना मस्तक

Twoply, *a.* (टूप्लाय्) of two strands or flayers. दुलड़ी

Twosome, *n.* (ट्वॉसम्) a two-handed game. द्विक, दोहरा, दो व्यक्तियों द्वारा खेले जाने वाला

Tyke, *n.* (टाइक्) a dog. एक प्रकार का कुत्ता

Tylopod, *adj. & n.* (टाइलपड्) having padded hoof. गद्दीदार तलवेवाला

Tympan, *n.* (टिम्पन्) frame of equalizing pressure in some printing presses, stretched sheet of membrane or thin material. छपने के लिए कागज रखने का फर्मा

Tympanites, *n.* (टिम्पनाइटीस्) the swelling of abdomen. पेट की सूजन,

Tympanum, *n.* (टिम्पॅनम्) the middle ear, the panel of a door, a drumwheel for raising water. कान का पर्दा, दर्वाजे का दिलाहा; पानी उठाने की ढोलक के आकार का पहिया

Type, *n.* (टाइप्) symbol, specimen, model, mark, figure stamped on a coin, ideal, general structure, class of things having common characteristics, parinting letter, thing or event serving as illustration. चिन्ह, संकेत, नमूना, निशान,

छाप, सिक्के पर छपी मूर्ति, आदर्श, सामान्य रचना, एक ही प्रकार की वस्तुओं का वर्ग, छापे के अक्षर; *v.t.* to typewrite, to execute on typewriter. टाइप राईटर पर टंकण करना; *Type-founder* (one who casts types). टाइप ढालनेवाला; *Type-foundry* (a place where types are cast). टाइप ढालने का कार्यालय; *Type-metal* (metal for casting types). टाइप ढालने की धातु; *Type-setter* (a compositor, a machine which combines types in proper order for printing. टाइप कम्पोज करनेवाला, टाइप कम्पोज करने का यन्त्र; **Typewriter,** *n.* (-राइटर्) a machine for writing by means of types, a keyed machine enabling user to produce printed characters instead of writing. हाथ से छापने का यन्त्र, टाइप करने वाला

Typhlitis, *n.* (टिफ्लाइटिस्) inflammation of the caecum and vermiform appendix. अंधनाल, आंत्र शोथ

Typhoid, *adj. & n.* (टाय्फॉइड्) a kind of fever resembling typhus. एक प्रकार का सन्निपात ज्वर; **Typhomania** *n.* (टायफमेनिआ) the muttering delirium in typhus. सन्निपात ज्वर में बहोशी में बड़बड़ाने की अवस्था

Typhonic, *adj.* (टाइफॅनिक्) pertaining to a typhoon. चीन सागर की आँधी-संबंधी

Typhoon, *n.* (टाय-फून्) a violent hurricane in the China sea. चीन सागर में उत्पन्न होनेवाली एक बड़ी आँधी

Typhus, *n.* (टायफस्) a kind of fever marked by purple spots on the skin, great prostration & usu. delirium. एक प्रकार का ज्वर जिसमें सम्पूर्ण शरीर में लाल चकत्ते पड़ जाते हैं, तंद्रिक ज्वर

Typic, *adj.* (टिपिक्) typical, one that is regular in its attacks or follows a particular type. विशेष प्रकार का, नियमित रूप से होने वाला विशेष प्रकार का ज्वर; **Typical,** *adj.* (-अल्) true to type, symbolical, fit to serve as a type. आदर्शभूत, प्रतिरूप का

Typify, *v.t. (p.t. Typified)* (टिपिफ्य्) to show by image, to represent by a type, to foreshadow, to prefigure. प्रतिरूप में दिखलाना, संकेत में प्रकट करना

Typist, *n.* (टायपिस्ट्) one who uses a typewriter. छपाई के हाथ के यंत्र से छापनेवाला

Typography, *n.* (टाइपॉग्रफि) printing as an art, style of printing. मुद्रण टाइप, मुद्रण कला

Typographer, *n.* (टाइपॅग्राॅफर) a printer. छापनेवाला; **Typographic,** *adj.* (-फिक्) pertaining to printing. छापने के संबंध

Typoscript, *n.* (टाइपॅस्क्रिप्ट्) the printing done by a typewriter. हाथ से छापने के यंत्र द्वारा छपाई

Tyrannical, *adj.* (टायरॅनिकल टिरॅनिकल्) acting like a tyrant, given to or characteristic of tyranny, despotic, cruel. अन्यायी, निर्दयी, अति कष्ट देनेवाला

Tyrannicidal, *adj.* (टिरॉनिसाइडल्) pertaining to the killer of a tyrant. अन्यायी की हत्या करनेवाले से संबंधित; **Tyrannicide,** *n.* (टायरॅ-टिरॅनिसाइड्) the act of killing a tyrant. अन्यायी की हत्या, तानाशाह की हत्या करनेवाला मनुष्य

Tyrannize, *v.i. & t.* (टिरनाइझ्) to act as a tyrant, to rule despotically and cruelly. अत्याचार या क्रूरता करना, निरंकुश शासन करना; **Tyranny,** *n.* (-नि) despotic exercise of power, cruel and arbitrary use of authority, cruelty, harshness. प्रजापीड़न, क्रूर शासन, निरंकुश

Tyrant, *n.* (टायरन्ट्) an oppressive ruler, one who exercises unlawful authority. प्रजापीड़क, निष्ठुर शासक

Tyre, *n.* (टायर्) curdled milk and cream. दही

Tyre, *See* Tire. टायर

Tyro, *n.* (टायरो) a beginner in learning. नवसिखिया

Tyrolite, *n.* (टायरॅलाइट्) a kind of bluish mineral. एक प्रकार की नीली धातु

Tystie, *n.* (टिस्टी) a kind of seabird. एक प्रकार की समुद्री चिड़िया

Tzar, *n.* (ज़ार्) an emperor or king. रूस का सम्राट

Tzarevitch, *n.* (जारेविच्) the litle of the son of the Emperor of Ruassia. रूस के राजकुमार की उपाधि

Tzarena, Tzarina, *n.* (जॉरेना, जॉरिना) the titles of the Empress of Russia. रूस की साम्राज्ञी की उपाधियाँ

U

U, (यू) the fifth vowel and the twentyfirst letter of the English alphabet. अंग्रेजी भाषा का पाँचवाँ स्वर तथा इक्कीसवाँ अक्षर, इसका उच्चारण 'अ', 'ऊ', 'यु' तथा 'यू' होता है

Uberous, *adj.* (यूबर्स) fruitful, yielding abundance. फलयुक्त, उपजाऊ, अधिक फल उत्पन्न करनेवाला

Uberty, *n.* (यूबर्टि) abundance, fruitfulness. अधिकता, बहुतायत

Ubiety, *n.* (यूबाइ-एँटि) local relation. स्थानीय संबंध

Ubiquitary, *adj.* (युबिक्विटरि) existing everywhere. सर्वव्यापी

Ubiquity, *n.* (यूबिक्विटि) omnipresence, being everywhere or in an indefinite number of places at once. सर्वव्यापकता, विभुत्व

Udal, *n.* (यूडल्) freehold estate. माफी (बिना कर की) भू-सम्पत्ति

Udder, *n.* (अडर्) one of the mammary glands of a mammal, teats of cattle. स्तन पिलानेवाले जन्तुओं का एक स्तन, पशु का स्तन, थन; **Uddered,** *adj.* (-ड्) with udders. स्तन या थनवाली

Udometer, *n.* (यूडॉमीटर्) an instrument for measuring the rainfall, rain-gauge. वर्षा का पानी नापने का यन्त्र

Ugh, *interj.* (उह्) exclamation of disgust. तिरस्कार-सूचक अव्यय

Uglily, *a.* (अग्लिलि) in an ugly manner. भद्देपन से; **Ugly,** *adj.* (-अग्लि) unpleasing to sight, vile, offensive, threatening, hateful, given to quarrelling. कुरुप, भद्दा, निन्दनीय, बेस्वाद, भयानक, घृणित

Uhlan, *n.* (ऊलन्, यू-) a German lancer. जर्मनी देश का बर्छीवाला घुड़सवार

Ukase, *n.* (यूकेस्) a Russian edict. (तार का) उकासे, आज्ञापत्र, फ़रमान, अध्यादेश

Ulcer, *n.* (अल्सर्) a discharging sore, a moral blemish. व्रण (फोड़ा, अलसर), नासूर

Ulcerate, *v.i. & t.* (अल्सरेट्) to form into an ulcer, affect with an ulcer. नासूर पड़ जाना, फोड़ा होना, व्रणी; **Ulcerated,** *adj.* (-एँड्) having an ulcer. नासूर पड़ा हुआ

Ulginose, *adj.* (यूलिजिनोस्) affected with ulcers, growing in muddy places. नासूरदार, दलदल में उत्पन्न होने वाला; **Ulcerously,** *a.* (-लि) in an ulcerous manner or form. नासूर के ढंग से या रूप में

Ule, *suf.* (यूल्) to form diminutives, e.g. 'globule', 'nodule' etc. अल्पार्थक शब्द बनाने का प्रत्यय

Uliginose, *adj.* (युलिजिनोज) growing in a muddy place. कीचड़ में उत्पन्न होनेवाला

Ullage, *n.* (अलिज्) the quantity which a cask or bottle requires in being full. वह परिमाण जो पीपे या बोतल को मुँह तक भरने में लगता है

Ulmic, *adj.* (अल्मिक्) produced by decaying vegetable manner. सड़ी हुई वनस्पति से उत्पन्न

Ulmin, *n.* (अल्मिन्) a gymmy substance obtained from vegetables. वनस्पतियों या तरकारियों से प्राप्त एक प्रकार का गोंद

Ulna, *n.* (अल्ना) inner of two bones of the fore-arm. अग्रबाहु की भीतरी ओर की हड्डी, अंत-प्रकोष्ठिका

Ulotrichan, *n.* (यूलाट्रिकन्) woolly-haired person. ऊन जैसे बालों वाला व्यक्ति

Ulster, *n.* (अल्स्टर्) a long loose overcoat originally made of frieze cloth. एक प्रकार का वस्त्र के ऊपर पहिनने का लम्बा ढीला-ढाला कोट

Ulterior, *adj.* (अल्टीरिअर्) remote, on the farther side of, situated beyond. दूर का, आगे का, दूरस्थ

Ultimate, *adj.* (अल्टिमेट्) most remote, last, final, primary. अंतिम, पिछला, अन्त का, अति आवश्यक

Ultimatum, *n. (pl. Ultimata, Ultimatums)* (अल्टिमेटम्) fundamental principle, the final statement of terms, ultimate conclusion. अंतिम प्रस्ताव या माँग या चेतावनी, अंतिम निर्णय

Ultimo, *a.* (अल्टिमो) in the month preceding the present one, in last month. गत (पिछले) मास का

Ultimogeniture, *n.* (अल्टिमोजेनिचर) the custom in which the youngest son (instead of the eldest) takes inheritance. सबसे छोटे पुत्र के उत्तराधिकारी होने की रीति

Ultra, *adj.* (अल्ट्रा) advocate of extreme views or measures. अत्यन्त, अंतिम; *pref.* in sense of 'beyond, on the other side of'. 'दूसरी ओर, आगे, पार' अर्थ का उपसर्ग

Ultraist, *n.* (अल्ट्राइस्ट) one who holds extreme opinions. अंतिम अभिप्राय (मत) को माननेवाला, जाहिल-कट्टरपंथी

Ultramarine, *adj.* (अल्ट्रामरीन्) situated beyond the sea. समुद्र के पार स्थित; *n.* blue pigment. आकाश के समान नीला

Ultramontane, *adj.* (अल्ट्रामॉन्टेन्) situated beyond the mountains (esp. the Alps). पहाड़ के उस पार का

Ultramundane, *adj.* (अल्ट्रमन्डेन्) of another life, beyond the world system. संसार के बाहर का, दूसरे जन्म का

Ultra-violet, *adj.* (अल्ट्र-व्हायोलिट्) (of invisible rays of the spectrum) beyond the violet rays. पराबैगनी-नीलातीत, किरण

Ultravires, *a. & pred. a.* (अल्ट्रा व्हायरीझ्) beyond one's power or authority. अधिकार, शक्ति, अधिकार के परे

Ultramotivity, *n.* (अल्ट्रामोटिव्हिटि) spontaneous movement. ऐच्छिक गति, स्वयंचालित शक्ति

Ululate, *v.t.* (यूल्यूलेट्) to howl as a dog or wolf, hoot. कुत्ते या भेड़िये की तरह भूँकना, चिल्लाना

Umbel, *n.* (अम्बेल्) a flower cluster in which stalks spring from one point and form a corymblike flower-head. डण्ठल से उगनेवाला अनेक फूलों का गुच्छा

Umber, *n.* (अम्बर्) natural pigment like ochre but darker and browner, a grayling. एक प्रकार की मछली, मौस्त्रिक वर्ण

Umbilical, *adj.* (अम्बिलिकल्, -लायकल्) pertaining to the navel, connected through the female line. नाभिसंबंधी, नाल, गर्भ से जुड़ी नाल; *Umbilical ancestor* (a female ancestor). स्त्री-पूर्वज; *Umbilical cord* (the tube that passes from the foetus to the placenta). नाल, नार

Umbilicate, *adj.* (अम्बिलिकट्) of the shaped of a navel, having an umbilicus. नाभि के आकार का

Umbilicular, *a.* (अम्बिलिक्युलर्) of the navel. नाभि सम्बन्धी

Umbo, *n.* (अम्बो) the boss of shield. ढाल का उभड़ा हुआ भाग

Umbra, *n. (pl. Umbroe)* (अम्ब्रा) a shadow, the cone of shadow projecting from a planet, the dark central part of sun-spot. परछाई, छाया, किसी नक्षत्र से आती हुई सूच्याकार छाया

Umbrage, *n.* (अम्ब्रिज्) a shadow, sense of slight or injury, resentment, jealously. छाया, असन्तोष

Umbrageous, *adj.* (अम्ब्रेजस्) shady. छायायुक्त, अस्पष्ट; **Umbrageously,** *a.* (-लि) in a shady manner. छाया रूप से

Umbrel, *adj.* (अम्ब्रल्) shady. छाया-संबंधी

Umbrella, *n.* (अम्ब्रेला) a portable circular canopy for sheltering a person from the sun or rain. आतपत्र, छाता

Umbril, *n.* (अम्ब्रिल्) the visor of a helmet. मुकुट का अग्रभाग

Umpire, *n.* (अम्पायर्) a person chosen to decide a question when arbitrators .disagree. प्रमाण-पुरुष, मध्यस्थ, पंच; **Umpireship;** *n.* (-शिप्) the post of an umpire. मध्यस्थ का पद

Umpteen, *a.* (अम्पटीन्) several, a good many. अनियत संख्यक, बहुतेरे

Un, *pron.* (अन्) before nouns, pronouns and adjectives signifying a negative meaning. 'न, रहित, होना या विपरीत' अर्थ का उपसर्ग जो संज्ञा, विशेषण तथा सर्वनाम के पहिले जोड़ा जाता है

Unable, *adj.* (अनेबल्) not having

sufficient strength, weak, impotent. शक्तिहीन, दुर्बल, अस्मर्थ, अयोग्य

Unabated, *a.* (अनबेटिड्) in full stregth. पूर्ण वेग से

Unabashed, *a.* (अनअबॅश्ड्) not ashamed. बेशरम, ढीठ

Unabraded, *adj.* (अन्अब्रेडेड्) not worn out. न घिसा हुआ, **Unabridged,** *adj.* (-ऑब्रिज्ड्) not curtailed or abridged. न घटाया या छोटा किया हुआ, विस्तृत

Unaccented, *adj.* (अनऑक्सेन्टेड्) having no accent. बिना जोर दिया हुआ

Unacceptable, *adj.* (अनऑक्सप्टेब्ल्) that cannot be accepted. अग्राह्य, स्वीकार न करने योग्य

Unacclimated, Unacclimatized, *adj.* (अन्-ऑक्लिमेटेड्, -टाइजड्) not accustomed to the climate. जलवायु से अनभ्यस्त

Unaccommodated, *adj.* (अनअॅकॉमोडेटेड्) not fitted. अयोग्य; **Unaccommodating,** *adj.* (-टिङ्ग्) not ready to oblige. कृतकृत्य करने को उद्यत नहीं

Unaccompanied, *adj.* (अनॅअकम्पनिड्) not attended, without accompaniment. बिना सहायक या नौकर का, अकेला

Unaccomplished, *adj.* (अनअकॉम्पलिश्ड) not finished. असमाप्त, अपूर्ण, अकुशल

Unaccordant, *adj.* (अन्-अकॉर-डॉन्ट्) not harmonious. बेसुरा

Unaccountable, *adj.* (अनॅकाउन्टेबल्) not to be explained, not responsible. अकथनीय, जिम्मेदार न होना; **Unaccountably,** *a.* (-लि) in an unaccountable manner. अकथनीय ढंग से या रूप में

Unaccused, *adj.* (अन्-ऑक्यूज्ड्) not accused. दोषी न ठहराया हुआ

Unaccustomed, *adj.* (अनअकस्टन्ड्) not usual. अनजान, अप्रचलित, अनभ्यस्त

Unaching, *adj.* (अन्-ऍकिङ्ग्) not giving pain. पीड़ा न देता हुआ

Unacknowledged, *adj.* (अन्ऑक्नॉलेज्ड्) not recognised. स्वीकार न किया हुआ

Unacquaintance, *n.* (अन्-ऑक्वे-टेन्स्) want of acquaintance, ignorance. अपरिचय, अज्ञान; **Unacquainted,** *adj.* (-टेड्) wanting in familiarity. अपरिचित

Unacquitted, *adj.* (अन्-ऑक्विटेड्) not declared innocent. निर्दोष न स्थिर किया हुआ

Unactuated, *adj.* (अन्-ऑक्टयुएॅटेड्) not moved. अप्रेरित

Unadmired, *adj.* (अन्-ऑड्मायर्ड्) not regarded with respect, not praised. सम्मान न किया हुआ, अप्रशंसित

Unadored, *adj.* (अन्-अडोर्ड्) not worshipped. पूजा न किया हुआ; **Unadorned,** *adj.* (-नड्) not decorated. न सजाया हुआ

Unadvisable, *adj.* (अन्-ऑड्-वाइ-जेब्ल्) not expedient. अनुचित, अयोग्य; **Unadvised,** *adj.* (-वाइज्ड्) not prudent. असावधान; **Unadvisedly,** *a.* (-लि) indiscreetly. असावधानी से

Unaffected, *adj.* (अनॅफेक्टिड्) sincere, simple, free from affectation. अकृत्रिम (निर्विकार), संवेग शून्य

Unafflicted, *adj.* (अन्-ऑफ्-फ्लिक्-टेड) free from trouble. आपत्ति-रहित

Unafraid, *adj.* (अन्-ऑफ्रेड्) without fear. भयहीन, निर्भय

Unagitated, *adj.* (अन्-ऑजिटेटेड्) not agitated, calm. शान्त, निर्विकार

Unaided, *adj.* (अन्-ऍड्-ऍड्) not helped or assisted. असहाय, अवलम्ब-रहित

Unalarmed, *adj.* (अन्-अलार्म्ड्) not disturbed with fear. निडर, भय-रहित

Unallayed, *adj.* (अनॅ-ऑलेड्) not appeased. शान्त न किया हुआ

Unalloyed, *adj.* (अनॅलॉइड्) not alloyed, unmixed, pure. पवित्र, बिना मिलावट का

Unamazed, *adj.* (अन्-अमेज्ड्) free from amazement. आश्चर्यहीन

Unambitious, *adj.* (अन्-ऑम्बिशस्) free from ambition. अस्पृह, बिना लालच का

Unamenable, *adj.* (अन्-ऑमिनेब्ल्) not amended. न सुधारा हुआ

Unamiable, *adj.* (अन्-ऍम्-इ-ऍब्ल्) not conciliating. मैत्री न करने योग्य

Unamusing, *adj.* (अन्-ऑम्यूज्-इङग्) not giving amusement. आनन्द न देनेवाला

Unanalysable, *adj.* (अन्-ऑनॉलाइजेब्ल्) not capable of being analysed. न अलगाने योग्य; **Unanalysed,** *adj.* (-लाइज्ड्) not resolved into parts. बिना विभाग किया हुआ

Unanimity, *n.* (यूनॅनिमिटि) agreement in opinion of several men. एकचित्तता, एकमत

Unanimous, *adj.* (यूनॅनिमस्) all of one mind, agreeing in opinion, given with one accord. एकमत, एकचित्त

Unannexed, *adj.* (अन्-अ-नेक्स्ड्) not joined. न मिलाया हुआ

Unanointed, *adj.* (अन्-ऑनॉइन्ट्) not anointed. अभिषेक न किया हुआ

Unanswerable, *adj.* (अन-आन्सरेबल्) that cannot be refuted. निरुत्तर, अखंडनीय; **Unanswerably,** *a.* (-इ) beyond refutation. बिना खण्डन के

Unapparent, *adj.* (अन्-ऑपरेन्ट्) not clear, obscure, invisible. अप्रकट, गुप्त

Unapplauded, *adj.* (अन्-अप्लॉडेड्) not praised. अप्रशंसित

Unapplicable, *adj.* (अन्-आप्लाइ-अबल) not applicable. नियुक्त न करने योग्य

Unappreciated, *adj.* (अन्-ऑपरी-शि-एॅटेड्) not properly estimated. अयुक्त, अननुमति

Unapprehensible, *adj.* (अन्ऑप्रिहेन्सिब्ल्) not capable of being understood. बुद्धि में न आने योग्य

Unapprised, *adj.* (अन्-ऑप्राइज्ड्) not informed beforehand. पहिले से सूचना न दिया हुआ

Unapproved, *adj.* (अन्-ऑप्रवड्) not approved. अमान्य, अस्वीकृत

Unapt, *adj.* (अन्-ऑप्ट्) not qualified, unfit. अनुचित, अयोग्य; **Unaptly,** *a.* (-लि) improperly. अयोग्यता से

Unarmed, *adj.* (अर्नाम्ड्) not equippied or furnished with arms. निःशस्त्र, बिना शस्त्र के

Unartful, *adj.* (अन्-आर्टफुल्) wanting in skill, artless. चातुरी (कला), हीन

Unartificial, *adj.* (अन्-आर्टिफिश्ल्) not artificial. प्राकृतिक

Unashamed, *adj.* (अन्-अ-शेम्ड्) not ashamed. निर्लज्ज

Unasked, *adj.* (अनआस्क्ट्) not asked, unsolicited. बिना पूछा हुआ, अपने आप

Unaspirated, *adj.* (अनॅस्पिरेटिड्) pronounced or written without an aspirate. हतोत्साहित, बिना प्रेरणा के बोलना या लिखना

Unassailable, *a.* (अनॅसेबेबल्) that cannot be assailed. अनाक्रमणीय,

Unassuming, *adj.* (अनअस्यूमिंग्) not assuming, making little of one's own merits or status. विनीत, अनाडम्बरी

Unattached, *adj.* (अनटॅच्ट्) not attached. न जकड़ा हुआ; **Unattackable,** *adj.* (-अटॉक्-एॅब्ल्) not attackable. आक्रमण न करने योग्य

Unattested, *adj.* (अन्-अटेस्टेड्) without attestation. अप्रमाणित

Unattractive, *adj.* (अन्-ऑट्रीक्टिव्) not attractive. आकर्षण न करनेवाला

Unauthorized, *adj.* (अनॉथराइज्ड्) not warranted by proper authority. अनधिकृत, बिना अधिकार का

Unavailing, *adj.* (अनॅव्हेलिंग्) not availing, useless. अप्राप्य, न पाने योग्य

Unavoidable, *adj.* (अनॅव्हाइडेबल्) that cannot be made void, inevitable; certain. अत्याज्य, अनिवार्य, मानित

Unaware, *adj.* (अनवेअर्) without thought, inattentive. असावधान, बेखबर

Unawares, *a.* (अनअवेअर्ज़्) suddenly, by surprise. अकस्मात्, एकाएक, बेखबरी में

Unbacked, *adj.* (अन्बॅक्ड्) not supported. सहायहीन, आश्रय न दिया हुआ, आश्रयहीन

Unbalanced, *adj.* (अनबॅलन्स्ट्) unsteady. असन्तुलित, अस्थिर

Unbank, *v.t.* (अनबॅंक्) to cause (fire) to burn by removing ashes from top. ऊपर से राख झाड़कर अग्नि प्रज्ज्वलित करना

Unbar, *v.t.* (अनबार्) to unfasten, to open. आड़ हटाना, खोलना

Unbeaten, *adj.* (अनबीटन्) not beaten, unsurpassed. बिना चला हुआ, अतुलनीय

Unbecoming, *adj.* (अनबिकमिंग्) improper, not befitting अयोग्य, अशोभनीय

Unbeknown, *a.* (अन्बिनोन्) not known. अज्ञात, नामालूम

Unbelief, *n.* (अन्बिलीफ्) scepticism, incredulit. नास्तिकता, पाखण्ड, अविश्वास

Unbelieved, *adj.* (अनबिलीव्ड्) not believed. अविश्वस्त; **Unbeliever,** *n.* (-अर्) an atheist. नास्तिक, अश्रद्धालू

Unbend, *v.t. & i. (p.t. & p.p. Unbent)*

(अनबेन्ड्) to make straight, rid oneself of constraint. सीधा करना,

Unbenign, *adj.* (अन्बिनाइन्) not favourable malignant. नृशंस, द्वेषी

Unbeseeming, *adj.* (अन्बिक्वीद्ड्) not given by legacy. वसीयतनामा द्वारा न प्राप्त

Unbewailed, *adj.* (अनबिवेल्ड्) not lamented. विलाप न किया हुआ

Unbiased, *adj.* (अन्बायस्ड्) free from prejudice, impartial. निष्पक्षपाती, पक्षपात से रहित; **Unbiasedly,** *a.* (-लि) without bias. बिना पक्षपात के

Unbid, Unbidden, *adj.* (अन्बिड्-डन्) not commanded, spontaneous. बिना आज्ञा का, आप से आप

Unblamable, *adj.* (अनब्लेमेब्ल्) faultless. निरपराध, कलंकरहित

Unbleached, *adj.* (अनब्लीच्ड्) not bleached. बिना घुला हुआ

Unblended, *adj.* (अनब्लेन्डेड्) not mingled. मिश्रित न किया हुआ

Unblest, *adj.* (अनब्लेस्ट्) accursed, not happy. अभिशप्त, अति दुःखी

Unblock, *v.t.* (अनब्लॉक्) to remove an obstacle. अवरोध (रोक) हटाना

Unblushing, *adj.* (अन्ब्लशिंग्) shameless, impudent. धृष्ट, निर्लज्जता से

Unboastful, *adj.* (अन्-बोस्टफुल्) not boastful, modest. शेखी न करनेवाला,

Unboiled, *adj.* (अन्-बॉइल्ड) not boiled. न उबाला हुआ

Unbolt, *v.t.* (अन्बोल्ट्) to remove the bolt, to unfasten or open a door. सिकड़ी (कुण्डा) हटाना, किवाड़ खोलना

Unborn, *adj.* (अनबॉर्न्) nonexistent, not brought into life, future. बिना अस्तित्व का, उत्पन्न न किया हुआ (भावी)

Unbosom, *v.t.* (अन्बुझम्) to disclose freely one's secret opinions or feelings. रहस्य प्रकट करना, भेद खोलना

Unbound, *adj.* (अन्बाउन्ड्) not bound, loose, wanting a cover. न बाँधा हुआ, खुला हुआ, मुक्त; **Unbounded,** *adj.* (-एँड्) infinite, having no limit or control. बिना सीमा का, अनन्त, अपार

Unboyish, *adj.* (अन्बॉयिश्) not like a boy. बालक की तरह नहीं

Unbraid, *v.t.* (अन्ब्रेड्) to separate the strand of a braid. रस्से की परत अलगाना

Unbred, *adj.* (अन्ब्रेड्) not well-bred, not educated, unpolished. अकुलीन, अशिक्षित, असभ्य, अशिष्ट

Unbridged, *adj.* (अन्ब्रिजड्) not crossed by a bridge. पुल द्वारा युक्त न किया हुआ

Unbridle, *v.t.* (अन्ब्राइडल्) to remove the bridle, to set free. लगाम हटाना,मुक्त करना; **Unbridled,** *adj.* (-ड्) licentious, unrestrained. व्यसनी, उच्छृङ्खल (निरंकुश)

Unbroken, *adj.* (अन्ब्रोकन्) not trained, not broken, not subdued, not interrupted. बिना निकाला (जोता) हुआ, बिना टूटा हुआ

Unbuckle, *v.t.* (अन्बक्ल्) to unfasten by loosening the buckles. तस्मा खोलकर ढीला करना

Unbuilt, *adj.* (अन्बिल्ट्) not erected. न किया हुआ, न बनाया हुआ

Unburden, *v.t.* (अन्बर्डन्) to remove a burden from, throw off. भार हटाना या हलका करना, बोझ कम करना

Unburnt, *adj.* (उन्बर्न्ट्) not consumed by fire. अग्नि से न जला हुआ

Unbutton, *v.t.* (अन्बट्न्) to loose by unfastening buttons. बटन खोलकर ढीला करना

Uncage, *v.t.* (अन्केज्) to set free, release from a cage. पिंजड़े के बाहर करना, बन्धन से मुक्त करना

Uncalculated, *adj.* (अन्कॉल्क्युलेटेड) not calculated. गणना न किया हुआ

Uncalled, *adj.* (अनकॉल्ड्) not invited, not necessary. बिना बुलाया हुआ, व्यर्थ

Uncanny, *adj.* (अन्कॅनि) unearthly, weird, mysterious. अलौकिक, अद्भुत, विलक्षण

Uncap, *v.t.* *(p.t. -ped)* (अन्कॉप्) to remove a cap or cover from. टोपी या ढक्कन हटाना

Uncarted, *adj.* (अन्कार्डेड्) unloaded from a cart. छकड़े से उतारा हुआ

Uncaught, *adj.* (अन्कॉट्) not caught. न पकड़ा हुआ

Unceasing, *adj.* (अन्सीझिंग्) continual, uninterrupted, not intermitting. सतत, निरन्तर, लगातार

Uncelestial, *adj.* (अनसेलिस्टियल) not heavenly. अदैवी (अलौकिक)

Unceremonious, *adj.* (अन्सेरिमोनिअस्) not ceremonious, informal, wanting in courtesy. शिष्टाचार रहित

Uncertain, *adj.* (अनसेर्टिन्) doubtful, not certainly knowing or known, changeable. सन्देहयुक्त, अनिश्चित

Unchancy, *a.* (अन्चान्सि) unseasonable, uncanny. हतभाग्य, अकाल, बुद्धू, गंभीर

Uncharged, *adj.* (अन्चार्जड्) not charged, not loaded. दोषी न ठहराया गया, हमला न किया गया, मूल्य न लिया गया

Uncharitable, *adj.* (अन्चॅरिटबल्) severe in judgement, not charitable, sensorious. कृपा दुष्टि न रखनेवाला, दान की भावना की कमी

Unchaste, *adj.* (अन्चेस्ट) lewd, not continent, not chaste, not pure. अपवित्र, व्यभिचारी (अशुद्ध)

Unchecked, *adj.* (अन्चेक्ड्) not hindered, unrestrained. बिना अवरोध का, बिना रुकावट का

Uncheerful, *adj.* (अनचियर्-फुल्) not cheerful. अप्रसन्न

Unchewed, *adj.* (अन्च्यूड्) not masticated. न चबाया हुआ

Unchristian, *adj.* (अनक्रिस्टयन्) not converted to Christianity. ईसाई न बना हुआ

Unchurch, *v.t.* (अनचर्च्) to expel from a church, to deprive of status as a church. गिरिजा घर से निकाल देना

Uncial, *adj. & n.* (अन्शल्) pertaining to big letters used in manuscripts, an uncial letter. लेख में प्रयोग किये हुए बड़े अक्षर से सम्बन्धित, ऐसे बड़े अक्षर

Uncircumcized, *adj.* (अन्सर्कम्साइज्ड्) heathen, unregenerate. मूर्तिपूजक, असंस्कारित, संस्कारहीन

Uncivil, *adj.* (अनसिव्हिल्) ill-mannered, unpolished, rude. गँवार, अशिष्ट, अशिक्षित

Uncivilization, *n.* (अन्सिव्हिलिजेशन्) the state of savageness. अशिष्टता; **Uncivilized,** *adj.* (-ड्) not polite, not civilized, barbarous. अशिष्ट, संस्कारहीन, असभ्य

Unclaimed, *a.* (अन्क्लेम्ड्) not claimed or demanded. लावारिस, जिस के लिए अधिकार या माँग न पेश की गई हो

Uncle, *n.* (अंक्ल्) the brother of a father or mother. चाचा या मामा

Unclean, *adj.* (अन्क्लीन्) dirty, not clean, unchaste, ceremonially impure. मलिन, अपवित्र, मैला

Unclog, *v.t.* (अन्क्लॉग्) to remove impediments. रुकावट को हटाना

Unclose, *v.t.* (अन्क्लोज्) to break the seal of, to lay open. मुहर खोलना

Unclosed, *adj.* (अनन्क्लोज्ड्) not enclosed. बन्द न किया हुआ

Uncloud, *v.t.* (अन्क्लाउड्) to clear from cloud or obscurity. मेघरहित करना, रुकावट हटाना; **Unclouded,** *adj.* (-एंड्) free from gloom. निर्मल, स्वच्छ

Unco, *a.* (अन्को) very, exceptionally. अत्यधिक, अतिशय, यदाकदा, अप्रतिम

Uncock, *v.t.* (अन्कॉक्) to let down hammer of (gun) gently. हल्का-सा बन्दूक का घोड़ा दबाना जिससे आवाज न हो

Uncoil, *v.t.* (अन्कॉइल्) to unwind. लपेटन हटाना या खोलना

Uncollected, *adj.* (अन्कलेक्टेड्) not collected. एकत्रित न किया हुआ

Uncoloured, *adj.* (अन्कलर्ड्) nor dyed, not heightened in description. बिना रंग का

Uncombed, *adj.* (अन्कोम्ड्) not combed, unkempt. बाल न संवारा हुआ

Uncomeatable, *a.* (अन्कमॅटबल्) not accessible or attainable. दुर्गम्य, अप्राप्य

Uncomely, *adj. (comp. Uncomlier, sup. Uncomliest)* (अन्कमलि) not becoming, wanting grace or beauty. बदसूरत, कुरूप

Uncomfortable, *adj.* (अन्कम्-फर्-टब्ल्) not giving comfort. सुख न देनेवाला, व्यग्र

Uncommon, *adj.* (अन्कॉमन्) strange, unusual, remarkable. अपूर्व विलक्षण

Uncommunicative, *adj.* (अन्कम्युनिकेटिव्ह्) reserved, not apt to communicate to others. किसी से न बोलचाल करनेवाला

Uncompleted, *adj.* (अन्कम्प्लीटेड्) not finished. अधूरा

Uncomposed, *adj.* (अन्कम्पोजड्) not composed. अशान्त, अस्थिर, विकल

Uncompromising, *n.* (अन्कॉम्प्रामाइझिंग्) not complying or yielding, inflexible. न मानने वाला, दृढ़

Unconceivable, *a.* (अनकन्सीव्हेबल्) that cannot be conceived. तर्कातीत, अकल्पनीय

Unconcern, *n.* (अनकन्सर्न्) absence of concern or anxiety, indifference. लापरवाही; **Unconcerned,** *adj.* (-ड्) indifferent. उदासीन

Unconditional, *adj.* (अनकन्डिशनल्) absolute, not subject to conditions. निरपेक्ष, बिना शर्त या प्रतिबन्ध के, स्वतंत्र

Unconscionable, *adj.* (अनकॉन्शनबल्) making excessive or shameless demands, not guided or restrained by conscience, inconsiderate. बेहिचक, बुद्धिहीन,

Unconscious, *adj.* (अनकॉन्शास्) not aware of, devoid of consciousness. अचेत, न जाननेवाला

Unconsidered, *a.* (अनकन्सिडर्ड्) not attended to, disregarded. तिरस्कृत,

Unconstitutional, *adj.* (अनकॉन्स्टिट्यूशनल्) contrary to the consititution. विधान के विरुद्ध

Unconstraint, *n.* (अनकन्स्ट्रेन्ट्) freedom from constraint. अनवरोध, स्वतन्त्रता

Unconventional, *adj.* (अनकन्व्हेन्शनल्) free in character or treatment, not bound by convention or custom. स्वतंत्र वृत्त का, मुक्ताचारी, परंपरा

Uncoop, *v.t.* (अनकूप्) to set free. स्वतन्त्र करना, बन्धन से हटाना

Uncork, *v.t.* (अनकॉर्क्) to remove the cork from. काग या डाट हटाना

Uncouple, *v.t.* (अनकपल्) to disconnect, to disjoin, to set loose. बन्धन से हटाना, पृथक करना, अलगाना

Uncouth, *adj.* (अनकूथ्) awkward, odd, strikingly lacking in ease or polish. विचित्र, भद्दा, अद्भुत

Uncovenanted, *a.* (अनकव्हिनन्टिड्) not based on or subject to a covenant. किसी नियम, रूढ़ि, परम्परा कायदे कानून से न बँधा हुआ

Uncover, *v.t. & i.* (अनकव्हर्) to deprive of clothes, to remove covering from, disclose. नंगा करना, ढँकना हटाना

Uncredited, *adj.* (अनक्रेड्-इट्-ऍड्) not believed. अविश्वस्त, विश्वास न किया हुआ

Uncropped, *adj.* (अनक्राउप्ड्) not gathered. एकत्रित न किया हुआ

Uncritical, *a.* (अनक्रिटिकल्) disinclined or incompetent to criticize, not according to the principles of criticism. आलोचना, टीका टिप्पणी में रुचि न लेने वाला

Uncrown, *v.t.* (अनक्राउन्) to dethrone. राज्यच्युत करना; **Uncrowned,** *adj.* (-ड्) of a person having power but not the office of a king. राज्यच्युत किया हुआ

Unction, *n.* (अक्शन्) the act of consecration, a thing used in anointing. मलहम, अभिषेक, उबटन

Unctuous, *adj.* (अक्टयुअस्) resembling oil, full of unction, fawning

Unculled, *adj.* (अनकल्ड्) not gathered. इक्ट्ठा न किया हुआ

Uncultivable, *adj.* (अनकल्टिवेबल्) not capable of being cultivated. न जोते जोने योग्य; **Uncultivated,** *adj.* (-वेटेड्) not tilled, not civilized, rude. असभ्य (अशिष्ट), बिना जोता हुआ

Uncurl, *v.t.* (अनकर्ल्) to loose from curls. बाल की लटों को छुड़ाना, सुलझाना

Uncut, *a.* (अनकट्) with full untrimmed margins. न काटा हुआ

Undamped, *adj.* (अन्डॉम्प्ड्) not damped. तर न किया हुआ

Undated. *adj.* (अन्डेटिड्) having no date. बिना मिति (तारीख) का

Undaunted, *adj.* (अन्डॉन्टिड्) bold, fearless. साहसी, वीर, निर्भीक

Undazzled, *adj.* (अन्डॉज़्ल्ड्) not confused by splendour. न चौधाया हुआ

Undecagon, *n.* (अन्डेकगन्) a figure of eleven sides. ग्यारह भुज की आकृति

Undecayed, *adj.* (अन्डिकेड्) not decayed, not impaired by age or accident. न सड़ा हुआ, जो जर्जर न हो, मन और शरीर से स्वस्थ

Undeceive, *v.t.* (अन्डसीव्ह्) to free from deception. धोखा दूर करना, छल हटाना

Undecided, *adj.* (अनडिसाइडिड्) irresolute, not settled. बिना निर्णय का

Undeck, *v.t.* (अन्डेक्) to remove the ornaments. आभूषण हटाना

Undeclared, *adj.* (अन्डिक्लेअर्ड्) not declared. स्थिर न किया हुआ

Undefaced, *adj.* (अन्डिफेस्ड्) not disfigured. आकृति भ्रष्ट न की हुई

Undefended, *adj.* (अन्डिफेन्डिड्) open to attack, not protected. आक्रमण के योग्य

Undemonstrative, *a.* (अन्डिमॉन्स्ट्रेटिव्ह्) not given to showing strong feelings. भावनाओ का प्रदर्शन न करने वाला

Undeniable, *adj.* (अन्डिनाएबल्) indisputable, true. निःसन्देह, निर्विवादिता

Undenominational, *a.* (अन्डिनॉमिनेशनल्) of no particular sect. किसी पंथ विशेष का नहीं

Undepressed, *adj.* (अन्डिप्रेस्ड्) not depressed. बिना उदासीनता का, बिना दबाया हुआ

Under, *prep.* (अन्डर्) beneath, in or to a position lower than, below, less than, inferior to, liable to, during the time of, bound by. तले, नीचे, अधीन, अपेक्षाकृत कम, हस्ताक्षरयुक्त, कम समय में; *a.* in a lower degree. अपेक्षाकृत नीची अवस्था में; *adj.* lower, nether, subordinate. नीचे का; *Underage* (a minor). अप्राप्तवयस्क, नाबालिग; *Under misfortune* (in difficulty). आपत्तिकाल में; *Under one's nose.* नाक के नीचे, एकदम सामने; *Under pretence* (under the pretext of). बहाने से; *Under Rs. 100* (less than one hundred rupees). सौ रुपये से कम; *Under the breath* (in a whisper). मन्द उच्चारण से, धीमें स्वर से, फुस्फुसाकर; *Under the sun* (on the earth). संसार में; *Under your favour* (by your grace). आपकी कृपा से

Underact, *v.t.* (अन्डरॅक्ट्) to perform feebly, to act inadequately. सुस्ती से काम करना

Underbid, *v.t. (p.p. -den)* (अन्डरबिड्) to offer less than another in an auction. नीलाम में दूसरे से कम बोली बोलना

Underbred, *adj.* (अन्डरब्रेड्) ill-bred, vulgar. नीच कुल का

Undercharge, *v.t.* (अन्डरचार्ज्) to charge too little. बहुत कम दाम लगाना; *n.* a charge that is too little, insufficient charge. बहुत कम मूल्य

Underclothes, *n.* (अन्डरक्लोद्झ्) clothes worn beneath outside garments. भीतरी पोशाक

Undercroft, *n.* (अन्डरक्राफ्ट्) crypt. तलघर संवादि दफनाने का स्थान

Undercurrent, *n.* (अन्डरकरन्ट्) a hidden influence, current flowing beneath the surface of water. जल के तल के नीचे की धारा, गुप्त प्रभाव

Undercut, *v.t.* (अन्डर्कट्) to reduce (prices) in competition. होड़ में मूल्य कम करना

Underdo, *v.t. (p.t. -did, p.p. -done)* (अन्डरडू) to act below one's abilities, to cook insufficiently. योग्यता से कम कार्य किया हुआ

Underdress, *v.t. & i.* (अन्डरड्रेस्) to dress too plainly or lightly. कम से कम कपड़े पहिनना

Under-estimate, *v.t.* (अन्डर-एस्टिमेट्) to form too low an estimate of. कम दाम आँकना

Underfoot, *a.* (अन्डरफूट्) beneath. नीचे; *adj.* low. नीचा

Undergo, *v.t. (p.t. -went, p.p. -gone)* (अन्डर्-गो) to sustain, to be subjected to, to endure, suffer. भागना, सहन करना

Undergraduate, *n.* (अनडरॅग्रडयुएट्) a member of a university who has not taken a degree. विश्वविद्यालय का विद्यार्थी जो उपाधि परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं हुआ हो, पूर्वस्नातक

Underground, *n.* (अन्डरग्राउन्ड्) a space below the surface of the ground. भूमि के भीतर का भाग

Underhand, *adj.* (अन्डरहॅन्ड्) clandestine, secret, fraudulent. निन्द्य, गूढ़ (गुप्त); *a.* by secret means. गुप्त रूप से, छल द्वारा

Underhung, *adj.* (अन्ड्रहंग्) protruding from beneath, projecting bayond upper jaw. नीचे से उभड़ा हुआ

Underlaid, *adj.* (अन्डर्लेड्) laid beneath. नीचे की ओर धरा हुआ; **Underlay,** *v.t.* (-लें) to lay beneath. नीचे की ओर रखना

Underlie, *v.t.* (अन्डर्लाय्) to lie under or beneath. नीचे रहना

Underline, *v.t.* (अन्डर्-लाइन्) to mark with a line below words & c. शब्द इत्यादि को रेखांकित करना

Underling, *n.* (अन्डरलिंग्) an inferior

person, a mean fellow. अनुजीवी, नीच मनुष्य

Underman, *v.t. (p.t. -ned)* (अन्डरमॅन्) to provide with insufficient men. अपर्याप्त मनुष्यों की सहायता देना

Undermine, *v.t.* (अन्डर्-माइन्) to excavation, to injure. भूमि खोदना, सुरंग लगाना, नष्ट या बर्बाद करना

Undermos, *adj.* (अन्डर्मोस्ट्) lowest in place. स्थान अथवा अवस्था में सबसे नीचा

Underneath, *a.* (अन्डर्-नीथ्) beneath, under. नीचे को, नीचे की ओर

Underpay, *v.t. (p.t. -paid)* (अन्डर्पे) to pay inadequately. अपर्याप्त वेतन देना

Underpin, *v.t. (p.t. -ned)* (अन्डर्पिन्) to support form beneath. चौंड़ लगाना

Underplot, *n.* (अन्डरप्लॉट्) subsidiary events of a story. किसी कथा के साथ का वृत्तान्त

Underprize, *v.t.* (अन्डरप्राइज्) to under-value. कम मूल्य लगाना

Underproof, *adj.* (अन्डरप्रूफ) having less than standard strength. कम शक्ति का

Underprop, *v.t. (p.t. -ped)* (अन्डरप्रॉप्) to support from beneath, to put prop under. नीचे से सहारा देना या चौंड़ लगाना

Underquote, *v.t.* (अन्डरक्वोट्) to announce lower price than. दूसरो की अपेक्षा कम कीमत रखना

Underrate, *v.t.* (अन्डर्-रेट्) to undervalue, to under-estimate. कम मूल्य लगाना; *n.* price less than the acknowledged value. कम मूल्य

Undersell, *v.t. (p.t. -sold)* (अन्डरसेल्) to sell at a cheaper price than nother. दूसरे से कम मूल्य पर बेचना

Undershot, *adj.* (अन्डरशॉट्) moved by water passing under a wheel. पहिये के नीचे के जल प्रवाह से चलनेवाला

Undersign, *v.t.* (अन्डर्-साइन्) to write one's name at the end. अन्त में हस्ताक्षर करना; **Undersigned,** *n.* (-ड्) one who undersings, whose signature appears below. लेख के नीचे हस्ताक्षर करनेवाला

Undersized, *adj.* (अन्डर्साइज्ड्) being smaller than the usual size. नाटा, ठिगना

Understand, *v.t. & i. (p.t. & p.p. -stood)* (अन्डरस्टॅन्ड्) to know, to comprehend, perceive the meaning of, to apprehend, to know the meaning of, to interpret, to be informed. समझना, बोध करना, अर्थ समझना, जानना, व्याख्या करना, सूचित होना; **Understanding,** *n.* (-इङ्ग्) the faculty of knowable, intellingence, insight, apprehension. ज्ञानशक्ति, बुद्धि, ज्ञान, मेधा

Understate, *v.t.* (अन्डर्स्टेट्) to represent less strictly. न्यून रूप में वर्णन करना

Understock, *v.t.* (अन्डरस्टॉक्) to supply (farm etc.) with insufficient stock. कम मात्रा में संभरण करना

Understood, (अन्डरस्टुड्) *p.t. & p.p.* of Understand. समझा

Understrapper, *n.* (अन्डरस्ट्रॅपर्) a subordinate. अधीनस्थ

Understudy, *v.t. (p.p. & p.t. -studied)* (अन्डरस्टडि) to prepare oneself of act for another in a theatre. नाटक में दूसरे के लिये कार्य करने की तैयारी करना

Undertake, *v.t. & i.* (अन्डर्-टेक्) to begin, to perform, to make an attempt, to venture, to promise. आरम्भ करना, कार्य करना, प्रयत्न करना, वचन देना; **Undertaking,** *n.* (-किङ्) a businessman enterprise, engagement. कार्य, प्रवृत्ति, व्यवसाय

Undertenant, *n.* (अन्डर्टेनन्ट) a subtenant. काश्तकार का शिकमी

Undertone, *n.* (अन्डर्टोन्) a low tone, subdued colour. धीमा शब्द

Undervaluation, *n.* (अन्डरव्हॅल्यूएशन्) act of valuing below the real worth. कम मूल्य लगाने की क्रिया; **Undervalue,** *n.* (-वॉल्-यु) a price less than the real one. हीन समझना, कम दाम लगाना, अनादर करना

Underwear, *n.* (अन्डरवेअर्) wearing under the outer clothing. नीचे पहिनने का वस्त्र (जाँघिया)

Underwood, *n.* (अन्डर्-वुड्) under-growth, brushwood. बड़े वृक्ष के नीचे उगनेवाली झाड़ी

Underwork, *n.* (अन्डरवर्क्) a subordinate work. अधीन कार्य

Underworld, *n.* (अन्डर्वर्ल्ड्) an inferior world, the lower or inferior part of mankind. पाताल, प्रेतलोक

Underwrite, *v. t. & i.* (अन्डरराइट्) to write under something, subscribe, to guarantee. नीचे लिखना, बीमा करना; **Underwriter,** *n.* (-अर्) one who insures ships, a marine insurer. बीमा करनेवाला

Underscribable, *adj.* (अन्डिस्क्राइबेब्ल्) that cannot be described. अवर्णनीय

Undeserved, *adj.* (अन्डिझर्व्ह्ड्) not meritted. अयोग्य

Undesigned, *adj.* (अन्डिझाइन्ड) not intended. अनिच्छित; **Undesignedly,** *a.* (-लि) unintentionally, without any design or intention. अनिच्छापूर्वक

Undesirable, *adj.* (अन्डिझाइरेबल्) not be desired, not pleasing. अनिष्ट, अनुचित, अवांछनीय; **Undesired,** *adj.* (-जायर्ड्) not desired or solicitated. अनिच्छित

Undetached, *adj.* (अन्डिटॉच्ड) not separated. पृथक न किया हुआ

Undetermined, *adj.* (अन्डिटर्मिन्ड्) not determined. निश्चय न किया हुआ, अस्थिर

Undeveloped, *adj.* (अन्डिव्हेलप्ड्) not developed. उन्नति न किया हुआ

Undevout, *adj.* (अन्डिवाउट्) without devotion. श्रद्धाहीन

Undid, *v.t. (p.t.* of **Undo)** brought to nought, ruined. व्यर्थ बनाया, विनष्ट, बर्बाद कर दिया

Undies, *n.* (अन्डीझ्) underclothing. अन्दर पहिनने का कपड़ा

Undigested, *adj.* (अन्डिजेस्टिड्) not digested, crude. अनपचा

Undignified, *adj.* (अन्डिग्निफाइड्) not dignified, lacking dignity. महत्त्वहीन, अप्रतिष्ठित

Undiminishable, *adj.* (अन्डिमिनिशबल) not capable of diminution. कम न करने योग्य; **Undiminished,** *adj.* (-इश्ड्) not diminished, not lessened. कम न किया हुआ

Undine, *n.* (अन्डीन्) a water nymph. जल की अप्सरा

Undischarged, *adj.* (अन्डिस्चार्जड्) not discharged, not carried out. न छोड़ा हुआ, न किया हुआ

Undisclosed, *adj.* (अन्डिस्क्लोज्ड्) not revealed. प्रत्यक्ष न किया हुआ

Undisguised, *adj.* (अन्डिसगाइज्ड्) frank, plain, artless. निश्छल, स्पष्ट, कपटहीन

Undisguisedly, *adj.* (अन्डिसगाइडलि) openly, without diguse. अनछिपा, खुला, बेपरदा

Undismayed, *adj.* (अन्डिस्मेड्) not disheartened, unafraid. उत्साहित, न डरा हुआ

Undisputable, *adj.* (अन्डिस्प्यूट्एँब्ल्) not disputable. तर्क न करने योग्य

Undistilled, *adj.* (अन्डिस्टिल्ड्) not distilled. न टपकाया हुआ

Undisturbed, *adj.* (अन्डिस्टर्ब्ड्) not disturbed, free from interruption, calm, serene. स्थिर, शान्त; **Undisturbing,** *adj.* (-इङ्ग्) not disturbing. विघ्न न डालनेवाला

Undividable, *adj.* (अन्डिवाइड्-एँब्ल्) that cannot be divided. अविभाज्य; **Undivided,** *adj.* (-एँड्) unbroken, not limited. अभिन्न, अनन्य

Undivorced, *adj.* (अड्-डिवोर्सड्) not divorced. तलाक न दिया हुआ

Undo, *v.t. (p.t. -did, p.p. -done)* (अन्ड्) to annul, to open, unfasten, to loose, to bring to poverty, to ruin. नाश करना, खोलना, ढीला करना, दरिद्र बना देना, बर्बाद करना

Undone, *a.* (अन्डन्) not done or performed, ruined. पूरा न करना, नाश करना

Undose, *a.* (अन्डोस्) wavy. घुंघराले

Undoubted, *adj.* (अन्डाउट्एँड्) not called in question. संदेह न किया हुआ; **Undoubtedly,** *a.* (अन्डाउटिडलि) certainly, without question, indubitably. निःसन्देह

Undramatic, *adj.* (अन्ड्रॉमॉटिक्) contrary to the rules of the drama. नाटक के सिद्धान्त के विपरीत

Undress, *v.t.* (अनड्रेस्) to strip off clothes, to disrobe, to take off the dressing from a wound. कपड़े उतारना, नंगा करना, घाव पर से पट्टी हटाना

Undrossy, *adj.* (अन्ड्रॉस्सि) free from impurity. मलिनता से रहित

Undue, *adj.* (अन्ड्यू) not right or agreeable, not due, excessive, not

yet demandable by right. अयोग्य, जिसकी मांग न हो, बेशुमार, अनुचित

Undulate, *v.t. & i.* (अन्ड्युलेट्) to vibrate, to have wavy motion or look, rise and fall in waves. लहराना, थरथराना; *adj.* vibratory. लहराता हुआ; **Undulating,** *adj.* लहरदार; **Undulation,** *n.* (-शन्) a waving motion, gentle rise and fall, gentle rising on the surface. लहर; **Undulatory,** *adj.* (-अरि) moving like. लहरों की तरह हिलता हुआ

Unduly, *a.* (अन्ड्यूलि) in an undue manner, wrongly, excessively. अत्यन्त, अनुचित रीति से, अधिक मात्रा में

Undying, *adj.* (अन्डाइंग्) immortal. अमर

Unearth, *v.t.* (अनर्थ्) to draw out the earth, to uncover. भूमि के बाहर निकालना, खोलना (उघाड़ना); **Unearthly** *adj.* (-लि) not earthly, supernatural. अपार्थिव, भूमि से सम्बन्ध न रखनेवाला

Uneconomic, *a.* (अनईकॉनॉमिक्) too low to repay owner and builder. घाटे का, जो किफायती न हो

Uneasily, *a.* (अन्-ईज्-इ-लि) with uneasiness. व्याकुलता से; **Uneasy,** *adj.* (-इ) disturbed, constrained. अरोचक, व्याकुल, अशान्त

Uneducated, *adj.* (अन्-एँजुकेटेड्) not educated. अशिक्षित, अनपढ़

Unelectrified, *a.* (अनिलेक्ट्रिफाइड्) not charged with electricity. जहां बिजली उपलब्ध न हो, लगी न हो

Unemployable *adj.* (अनिम्प्लॉयवेबल्) unfit for employement. कार्य में न लगाने योग्य; **Unemployed,** *adj.* (-ड्) not occupied, lacking employment. काम में न लगा हुआ, बेरोजगार

Unemployment, *n.* (अनिम्प्लॉयमेन्ट्) state of things when many workers cannot find work बेरोजगारी

Unending, *n.* (अनएन्डिंग्) everlasting, eternal. चिरस्थायी, (अनन्त) सर्वदा रहनेवाला

Unengaging, *adj.* (अनएंगेजिंग्) unable to attach attention, not inviting. ध्यान में न आने योग्य

Unenglish, *a.* (अनिंग्लिश्) not English. सदोष अंग्रेजी त्रुटिपूर्ण, अंग्रेजी जैसी नहीं

Unequal, *adj.* (अन्ईक्वल्) not regular, not equal to, inadequate, inferior, of varying quality. अयोग्य, अतुल्य, असमान, हीन; **Unequalled,** *adj.* (-ड्) unrivalled. असमान, अतुल

Unequivocal, *adj.* (अनइक्विव्होकल्) clear, not ambiguous, evident, plain. स्पष्ट, शुद्ध, असन्दिग्ध; **Unequimvocally,** *a.* (-लि) without ambiguity. बिना भ्रम के

Unerring, *adj.* (अनएरिंग्) committing no error, not erring or failing or missing the mark, certain. भ्रमहीन, अशुद्धि न करनेवाला; **Unerringly,** *a.* (-लि) without erring. बिना भूल किए हुए

Unessayed, *adj.* (अन्-एँस्-सेड्) not attempted. प्रयत्न न किया हुआ

Unessential, *adj.* (अनईसेन्शल्) not necessary, not constituting the essence. अनावश्यक

Uneven, *adj.* (अन्ईव्हन्) not uniform or equal, not straight, not uniform or equable. असमतल, असमान, ऊँचा-नीचा

Uneventful, *adj.* (अनइवेन्टफुल) not eventful. घटना शून्य

Unexampled, *adj.* (अनिग्झाम्पल्ड्) having no precedent, having no similar case. अनुपम, अद्वितीय

Unexceptionable, *adj.* (अनएक्सेप्शनेबल्) not liable to exception, with which no fault can be found. अपवाद के अयोग्य, अबाध्य (अवर्ज्य), बिना दोष का, अबध्यता

Unexcised, *adj.* (अन्-एकसाइजड्) not charged with excise duty. आबकारी का टैक्स न लगा हुआ

Unexemplified, *adj.* (अनेक्झेम्प्लिफाइड्) not illustrated by example. उदाहरण द्वारा न दिखाया गया

Unexhausted, *adj.* (अन्-एँग्-डास्ट्-एँड्) not tired, अशिथिल, न थका हुआ

Unexepected, *adj.* (अन्-एँक्स्-पेक्ट्-एँड्) not expected, coming without warning. आकस्मिक, आशारहित, अचानक

Unexpired, *adj.* (अनिक्स्पायर्ड्) not ended, still running. असमाप्त

Unexposed, *adj.* (अन्-एँक्स्-पोज्ड्) not exposed to view, sheltered. अप्रकाशित (गुप्त), ढाँका हुआ

Unextirpated, *adj.* (अन्-एॅक्स्-टर्-पेट्-एॅड्) not rooted out. जड़ से न निकाला हुआ

Unfaded, *adj.* (अन्फेड्-एॅड्) not faded. न मुरझाया हुआ; **Unfadingly,** *a.* (-इङ्ग्-लि) without fading. बिना मुरझाये हुए

Unfailing, *adj.* (अनफेलिंग्) not liable to fail, that does not fail. निश्चत रूप में, अपतनशील

Unfair, *adj.* (अनफेअर्) dishonest, not equitable or honest, or impartial. अन्यायी, कपटी, छली, अयोग्य (अनुचित)

Unfamiliar, *adj.* (अन्फॉमिल्यर्) not familiar. अपरिचित, अप्रसिद्ध

Unfashioned, *adj.* (अन्फैशन्ड्) not brought into shape, not modified by art. लोग-व्यवहार के विरुद्ध, अप्रचलित

Unfasten, *v.t.* (अन्फासन्) to unfix, to unloose. खोलना, ढीला करना

Unfathomable, *adj.* (अन्फॅदमबल्) the depth of which can not be ascertained. अगाध, अथाह
Vituperate, *v.t.* (व्हाइच्युपरेट्) to censure, to revile, to blame, abuse, speak angrily about. दूषित करना, निन्दा करना, गाली देना, कलंकित करना, भला-बुरा कहना

Viva, *int. & n.* (व्हीव्हा) long live, long life to. जीते रहो, चिरंजीव हो

Vivacious, *adj.* (व्हाइव्हेशस्) sprightly, lively, animated, active, having strong vital powers, perennial. सजीव, रोचक, प्रफुल्ल, उत्साहयुक्त, खिलाड़ी, फुर्तीला

Vivarium, *n.* (व्हाय् व्हेअरिअम्) a zoological garden, place in which live wild creatures are kept. जीवित पशुओं को रखने का स्थान

Viva voce, *adv.* (व्हाय् व्हा व्होसि) orally, by word of mouth. मौखिक, जबानी

Vivers, *n.pl.* (व्हाय् व्हर्झ्) food, victuals. खाद्य पदार्थ

Vivid, *adj.* (व्हिव्हिड्) bright, forming brilliant images, life-like, intense, graphic, striking, vigorous. तीव्र, स्पष्ट, सजीव (प्रबल), भड़कीला; **Vividity,** *n.* (-इटि) vividness. स्पष्टता; **Vividly,** *a.* (-लि) in a vivid manner. प्रबलता से, स्पष्टता

Vivific, Vivifical, *adj.* (विविफिक्अल्) reviving, enlivening. जीवित करनेवाला, प्राणदाता; **Vivificate,** *v.t.* (-फिकेट्) to animate, to give life to. प्राण देना, जीवित करना; **Vivify,** *v.t.* (-फाइ) to put life into. तीव्र करना, सजीव करना, सचेत करना

Viviparous, *adj.* (व्हाय् व्हिपरस्) producing young in a living state bringing forth young alive. सजीव बच्चा देनेवाली

Vivisect, *v.t.* (व्हिव्हिसेक्ट्) to dissect living animal for scientific purposes. जीवित पशुओं की वैज्ञानिक कार्यों के लिये चीड़-फाड़ करना

Vixen, *n.* (व्हिक्सन्) a female fox, a spiteful woman. मादा लोमड़ी, कर्कशा (झगड़ालू) स्त्री

Viz, (व्हिझ्) (*contraction* of Videlicet) that is, namely. अर्थात्

Vizard, *n.* (विजर्ड्) a mask. घूँघट

Vocable, *n. & adj.* (व्होकब्ल्) a capable of utterance, a term, a word. पद, बोलने या उच्चारण करने योग्य, शब्द

Vocabulary, *n.* (व्हाकॅब्युलरि). a collection of words aranged in an alphabetical order and explained. शब्दकोश, कोष

Vocal, *adj.* (व्होकल्) pertraining to voice or speech, uttered by the voice. वाणीमय, वाचिक, (वाक्युक्त), वाणी-सम्बन्धी; *Vocal music* (music made by the voice). कण्ठगीत; **Vocalist,** *n.* (-इस्ट्) a speaker, a singer. वक्ता, गायक, गानेवाला

Vocation, *n.* (व्होकेशन्) designation of a profession, occupation, employment, trade. काम, व्यवसाय, व्यापार; **Vocative,** *adj.* (-टिव) relating to an occupation, a case or word used in calling. व्यवसाय सम्बन्धी नाम

Vociference, *n.* (वॅसिफरन्स्) clamour. कोलाहल; **Vociferate,** *v.t. & i.* (-एँट्) to clamour, to speak loudly and insistently, cry. जोर से चिल्लाना, कोलाहल करना; **Vociferation,** *n.* (-एँशन्) exclamation, clamour. कोलाहल, कलख; **Vociferous,** *adj.* (-अस्) turbulent, noisy, clamorous. कोलाहलकारी, उपद्रवी

Vodka, *n.* (व्हॉडका) kind of fiery brandy distilled from rye etc. in Russia. रूस की राई आदि से बनी हुई मदिरा,

Voe, *n.* (व्हो) a small bay, creek. एक छोटी खाड़ी

Vogue, *n.* (व्होग्) the fashion of a particular time, a custom or practice. प्रचार, व्यवहार, रीति, ढंग; *In vogue* (to be current). प्रचलित होना

Voice, *n.* (व्हॉइस्) the power of speech, a sound uttered by the mouth, sound. कण्ठध्वनि, वाणी, स्वर, वचन, सम्मति, आज्ञा, अभिप्राय; *v.i.* to regulate the tone of, to rumour. समाचार फैलाना, स्वर मिलाना, सम्मति देना

Void, *adj.* (व्हाइड्) empty, destitute unsubstantial, having no binding force. रसहीन, शून्य, रिक्त, हीन, अप्रमाणार्थक

Voile, *n.* (व्हाइल्) thin dress-material. पहिनने का महीन कपड़ा

Volant, *adj.* (व्होलन्ट्) flying, active, able to fly, nimble, represented as flying, rapid. चंचल, उड़नेवाला, तीव्र

Volapuk, *n.* (व्हॉलपुक्) an artificial international language. कृत्रिम अंतर्राष्ट्रीय भाषा

Volar, *a.* (व्होलर्) of the palm or sole. हथेली या तलवा

Volatile, *adj.* (व्हॉलटाइल्) flying, evaporating rapidly, lively, apt to change. परिवर्तनशील, उड़नेवाला, चन्चल

Volatilize, *v.t. & i.* (व्हालॅटिलाइझ्) (to cause) to evaporate. उड़ने देना

Volcanic, *adj.* (व्हॉल्कॅनिक्) pertaining to a volcano. ज्वालामुखी पर्वत सम्बन्धी

Volcano, *n.* (व्हॉल् केनो) a conical hill which emits fire and lava, a burning mountain. ज्वालामुखी पर्वत

Vole, *n.* (व्होल्) winning of all the tricks in a deal. सारी बाजी जीतना

Vole, *n.* (व्होल्) kinds of mouse like rodent. चूहों जैसे जीव

Volition, *n.* (व्हालिशन्) power of willing, act or faculty of willing. इच्छा, संकल्प

Volley, *n.* (व्हॉलि) simultaneous discharge of a number of rifles, the flight of a ball in a game. शस्त्रों की वर्षा, ओले या वर्षा की झड़ी, तीव्र गति की बार-बार की चिल्लाहट, गेंद के खेल में गेंद की उड़ान

Volplane, *v.i. & n.* (व्हॉल्प्लेन्) to descend by gliding without using its engine. बिना इंजन की सहायता से चलना

Volt, *n.* (व्होल्ट्) the unit of electromotive force. बिजली की शक्ति की नाप की इकाई

Volte-face, *n.* (व्हॉल्ट्-फास्) turning round, complete change of front. एक दम रुख बदलना, परिवर्तन करना

Voluble, *adj.* (व्हॉल्युबल्) apt to roll, with incessant flow of words, overfluent. लुढ़कनेवाला, चंचल (वाचाल), बकवादी

Volume, *n.* (व्हॉल्यूम्) bulk, a book, dimesions, moving mass of water or smoke, space occupied, mass, fullness of tone. राशि (फैलाव), विस्तार घनफल, पुस्तक

Voluntarily, *a.* (वॅलन्टरिलि) in a voluntary manner. स्वतन्त्र रूप से, इच्छापूर्वक; **Voluntariness,** *n.* (-इ-नेस्) the quality of being voluntary. ऐच्छिकता; **Voluntary,** *adj.* (-रि) acting by choice. आप ही आप, ऐच्छिक, इच्छापूर्वक.

Volunteer, *n.* (व्हॉलन्टिअर्) one who joins military service out of his own free will, a person who comes forward with offer of service at need. स्वेच्छा सैनिक, अपनी इच्छा से सेना में भरती होनेवाला

Voluptuary, *adj. & n.* (व्हॉलप्चुअरि) one addicted to luxury, a sensualist, an epicure, voluptuous. व्यसनी, इन्द्रिय-सुख की लालसा करनेवाला, भोगी, विलासी

Voluptuous, *adj.* (व्हालपचुअस्) given to enjoyment. विषयी, भोगी, विलासी

Volute, *n.* (व्हाल्यूट्) a kind of spiral scroll used in capitals. खम्भे के सिर पर का घुमौवा, अहङ्कार

Vomit, *v.t. & i. (p.t. -ed)* (व्हॉमिट्) to eject from the mouth, to discharge from the mouth. वमन करना, क़य करना,

Voodoo, *n. & v.t.* (व्हूडू) use of, belief in witchcraft and the like. जंतर-मंतर

Voracious, *adj.* (व्होरेशस्) greedy for eating, eager to devour or swallow. अतिलोलुप, भुक्खड़, पेटू; **Voracity,** *n.* (-रॉसिटि) greediness, eagerness to devour. अति लोलुपता

Vortex, *n.* (व्हॉरटेक्स्) a circular motion in water, a whirl in water, eddy, whirlpool. जल-भँवर, चक्रवात (बवंडर)

Votarist, *n.* (वोटरिस्ट्) a votary. भक्त, उपासक; **Votary,** *n.* (-अरि) one who is devoted or engaged by a vow, a person vowed to the service of a god. पूजक, उपासक, भक्त

Vote, *n.* (व्होट्) a ballot, expression of will or opinion by means of ballot or show of hands, an expression of majority, the right to take part in such vote. राय, सम्मति, अनुमोदन, राय, सम्मतिपत्र, बहुमत का प्रकटीकरण; *v.i. & t.* to choose by vote, enact, to express the mind. मतदान द्वारा चुनना, निर्वाचन करना, मत प्रकट करना

Votive, *adj.* (व्होटिव्ह्) devoted, given as a result of some vow. संकल्प किया हुआ, मन्नत माना हुआ

Vouch, *v.t. & i.* (व्हाउच्) to guarantee, to declare, confirm, to arrest, to call upon solemnly to witness, bear witness to. प्रमाणित करना, घोषित करना, प्रकट करना, दृढ़ करना, स्थापित करना, साक्षी के लिये बुलाना; **Voucher,** *n.* (-अर्) one who bears witness, a document or written evidence, establishing the payment of money or the truth of accounts. हिसाब की लिखित रसीद, गवाह, प्रमाणपत्र (साधनपत्र), दृढ़ प्रमाण

Vouchsafe, *v.t.* (व्हाउच्-सेफ्) to guarantee, to condescend to grant or to do something, to done without danger. कृपा करके देना, जिम्मेदारी लेना, बिना भय के होने देना; **Vouchsafement,** *n.* (-मेन्ट्) condescension, security. कृपापूर्वक दान, जिम्मेदारी लेना, जमानत

Voussoir, *n.* (व्हूस्वार्) each of the wedgeshaped stones forming an arch. डाट, पत्थर

Vow, *n.* (व्हाउ) a solemn pledge, a solemn promise or engagement. संकल्प, व्रत (प्रतिज्ञा); *v.t.* to consecrate to god by a solemn promise, to devote. शपथपूर्वक प्रतिज्ञा करना, वचन देना

Vowel, *n.* (व्हॉवेल्) a letter which can be sounded by itself, letter representing this sound. स्वरपूर्ण

Vox, *n.* (व्हॉक्स्) hybrid word. अशुद्ध शब्द

Voyage, *n. & v.i.* (व्हॉयिज्) a passage by water from one place to another. जलयात्रा, समुद्रयात्रा

Vulcan, *n.* (व्हल्कन्) the god of fire. अग्निदेवता

Vulcanite, *n.* (वल्केनाइट्) rubber in which there is a large proportion of sulphur. अधिक गन्धकवाला रबड़

Vulgar, *adj.* (व्हल्गर्) common, coarse, mean, boorish, low, offending against good taste. सामान्य, गँवार, रूखा, अशिष्ट, ग्राम्य, देहाती, लौकिक, असभ्य; *n.* the common people. सामान्य लोग, किसी देश की सामान्य भाषा

Vulgarian, *n.* (व्हल्गेअरिअन्) a well-to-do person of rude manners, a vulgar (rich) person. असभ्य व्यवहारवाला, धनी पुरुष; **Vulgarianism,** *n.* (-इज्म्) grossness of manners or language. व्यवहार या भाषा की रूक्षता, गँवारपन, भद्दापन; **Vulgarize,** *v.t.* (-राइज़्) to make vulgar, spoil by making too common. असभ्य बनाना

Vulgate, *n.* (व्हल्गेट्) Latin translation of the Scriptures. बाइबल का लैटिन भाषान्तर

Vulnerable, *adj.* (व्हल्नरबल्) liable to injury, not proof against wounds, that may be wounded. भेद्य, घाव पहुँचाने योग्य; **Vulnerary,** *n.* (-अरि) useful or used for healing wounds. व्रण (घाव) को अच्छा करने योग्य; **Vulnerate,** *v.t.* (-एँट्) to wound, to hurt. घाव पहुँचाना

Vulpicide, *n.* (वल्पिसाइड्) the killing of a fox. लोमड़ी की हत्या

Vulpine, *adj.* (व्हल्पिन्,-ल्पाइन्) pertaining to foxes, crafty, cunning. लोमड़ी-सम्बन्धी, धूर्त

Vulture, *n.* (व्हल्चर्) a carrion-eating bird of prey, a rapacious person. गृध्र, गिद्ध; **Vulturine,** *adj.* (-आइन्) pertaining to the vulture. गिद्ध-सम्बन्धी

Vulva, *n.* (व्हल्व्हा) (anat.) opening, orifice. स्त्रियों की बाह्य जनेन्द्रिय, योनि विवर

Vulviform, *adj.* (वल्वि-फॉर्म्) of the form of a cleft. दर्रे के आकार का

Vying, *adj.* (व्हायिंग्) competing. स्पर्धा करनेवाला



W, (डब्ल्यू) the twenty-third letter of the English alphabet, with the sound of a consonant when beginning a syllable and of a vowel if it does not begin a syllable. अंग्रेजी वर्णमाला का तेईसवाँ अक्षर, इसका उच्चारण किसी सिलेबल या मात्रा के आदि में व्यञ्जन, अन्यथा स्वर होता है.

Waac, *n.* (वॅक्) a member of women's Army Auxiliary Force (1917). स्त्रियों की सेना, सहायक सेना 1917 में गठित

Waaf, *n.* (वॅफ्) a member of Women's Auxiliary Air Force (1939). वायु सेना की स्त्री सैनिक सन् 1939 मे गठित

Wabble, *v.i.* (वॉब्ल्) to move to and fro. इधर-उधर घूमना, चक्कर खाना

Wad, *n.* (वॉड्) a pad of loose soft matter, such as hay, paper etc, used to stop the charge of gun, a bundle of hay, a roll of bank notes. सूखी घास, कागज़ इत्यादि का तोप का डट्टा, सूखी घास का गट्ठर, बैंक के नोटो का पुलिन्दा; *v.t. (p.t. -ded)* to stuff with a wad, to form a bundle. डट्टा लगाना, गठरी बनाना, डट्टे से बन्द करना; **Wadded,** *adj.* (-एंड्) formed into a mass. गद्दा या डट्टा बनाया हुआ; **Wadding,** *n.* (-इङ्ग्) a soft material for padding garments, material from which gun-wads are made. पौशाक के भीतर देने की गद्दी

Waddle, *v.i.* (वॉडल्) to walk with short steps, to walk like a duck, rock from one side to the other. डगमगाते हुए चलना, हंस के समान चलना

Wade, *v.i. & t. & n.* (वेड्) to walk through water, to go with difficulty or labour. पानी में हलकर चलना, कठिनता या श्रम से जाना

Wadi, *n.* (वॉडि) a rocky water-course dry except in rainy season. सूखा नाला केवल बारिश में पानी वाला

Wafer, *n.* (वेफर्) a small thin sweet cake, kind of very thin biscuit, a thin paste used in sealing letters. मालपुआ (पतली रोटी), लिफ़ाफ़ा बन्द करने की लेई; *v.t.* to seal with a wafer. इस प्रकार की लेई से बन्द करना

Waft, *v.t. & i.* (वाफ्ट्) beckon, to convey smoothly through the air or along the water. जल या वायु द्वारा ले जाना या बहाना, संकेत करना

Wag, *v.t. & i.* (वॅग्) to move quickly one way and the other, to vibrate. हिलाना, काँपना

Wage, *v.t.* (वेज्) to stake, to bet. दाँव लगाना, साहस करना; **Wager,** *n.* (-अर्) a stake, a bet. दाँव, प्राण

Wage(s), *n.* (वेज्) reward for services, hire. काम की मजदूरी, वेतन (तनख्वाह), किराया

Waggish, *adj.* (वॉग्-इश्) humorous, frolicksome. ठिठोलिया, मसखरा

Waggle, *v.i. & t.* (वॅगल्) to move from side to side, to waddle, to sway about. उचकते हुए चलना, हिलाना, घुमाना

Wagon, Waggon, *n.* (वॅगन्) a heavy vehicle on four wheels used for carrying bulky goods, an open railway truck. चार पहिये का छकड़ा

Wagonette, *n.* (वॅगनेट्) an open four wheeled carriage with seats facing each other. आमने-सामने की गद्दी की चौपहिया हल्की गाडी

Waif, *n.* (वेफ्) anything found without the owner, ownerless object or animal, a neglected child. फेंका हुआ बालक, पड़ी हुई वस्तु जिसके मालिक का पता न हो

Wail, *n.* (वेल्) loud weeping, a prolonged plaintive cry, wail-like sound. विलाप, रुलाई; *v.i. & t.* to lament, utter wail, express sorrow. विलाप करना, रोना, दुःख प्रकट करना; **Wailer,** *n.* (-अर्) one who wails. विलाप करनेवाला;

Wain, *n.* (वेन्) a wagon, a carriage for the transport of goods. छकड़ा, गाड़ी; **Wainhouse,** *n.* (-हाउस्) a shed for carts and wagons. छकड़ा या गाड़ी रखने का घर; **Wainrope,** *n.* (-रोप) a rope for fastening a load on a wagon. छकड़े पर के सामान को बाँधने का रस्सा

Wainscot, *n.* (वेन्स्कॉट्) wooden lining of walls in a room. दीवार से लकड़ी की पट्टियों का जड़ाव; *v.t.* to line with boards. पटरे जड़ना, तख़्तबन्दी करना

Waist, *n.* (वेस्ट्) the widest part of a ship, part of the human body below ribs and above hips. (कटिदेश) कमर, जहाज़ का सबसे चौड़ा भाग; **Waistband,** *n.* (-बाण्ड) the band which encompasses the waist. कमरबंद, इजारबन्द; **Waistbelt,** *n.* (-बेल्ट्) a belt for the waist. कमरपेटी; **Waistcoat,** *n.* (-कोट्) a garment worn below a coat. फतुही, कुरती, बासकट; **Waistdeep,** *adj.* (-डीप्) reaching up to the waist. कमर तक गहरा

Wait, *v.t. & i.* (वेट्) to stay in expectation, to defer an action, await or abide, attend upon. प्रतीक्षा करना, ठहरना, राह देखना, स्थिर रहना

Waiter, *n.* (वेटर्) an attendant (at the table), a tray. होटल का दास, चाकर, परिचारक

Waive, *v.t.* (वेव्) to put off, to forgo, relinquish. टालना, दूर रखना, त्यागना (छोड़ना) परित्याग करना, **Waiver,** *n.* (-अर्) the act of relinquishing. परित्याग

Wake, *n.* (वेक्) to cease to sleep, to awake, to revive, to put in motion. नींद से उठना, जगाना, जागते रहना

Wakeful, *adj.* (वेक्-फुल्) watchful, unable to sleep, vigilant, sleepless. चौकस, जागते रहना, सचेत, जागृत

Waken, *v.t. & i.* (वेकन्) to wake, to cease to sleep, to excite, make or become awake. जगाना, उत्तेजित करना,

Wale, Weal, *n.* (वेल्) a streak in cloth, the mark of a whip or rod on flesh. कपड़े की धारी, कोड़े या डंडे की मार का चिह्न; *v.t.* to mark with stripes. साट डालना, धारियों का चिन्ह करना

Waler, *n.* (वेलर्) horse imported for Indian army from New South Wales. भारतीय सेना के लिये न्यू साउथ वेल्स से निर्यातित (वेलर) घोड़ा

Wales, *n.* (वेल्स्) the province in England. इंग्लैंड का प्रांत

Walk, *n.* (वॉक्) the manner of walking, gait or step, range, excursion on foot, avenue of trees. गमन, चाल, क्रम, वृक्षों की पंक्ति, मार्ग, रास्ता, सैर, जीवन का कार्य; *v.i.* to travel on foot, to step, pass over or through on foot, cause to walk with one. पैदल चलना, टहलना, हटाना

Walker, *n.* (वॉकर्) a bird that neither flies nor swims. एक पक्षी जो न उड़ सकता है न तैर सकता है, पैदल चलना

Walking, *n.* (वॉकिंग्) the period of being awke. जाग्रत अवस्था

Walk-over, *n.* (वॉकओव्हर्) an easy victory without contest. बिना लड़ाई या मुकाबले के ही सहज में विजय

Wall, *n.* (वॉल्) a structure of brick or stone, upright structure serving as defence of a town, the side of a building, (*pl.*) fortifications. भीत, दीवार, (ब. व.) किलाबन्दी, *v.t.* to enclose with a wall, to provide with a wall. भीत से घेरना

Wallaby, *n.* (वॉलबे) kinds of smaller kangaroo. एक छोटा कंगारू **Wallaroo,** *n.* (वॉलरू) kinds of larger kangaroo. बड़ी जाति का कंगारू

Wallet, *n.* (वॉलेट्) a knapsack, a bag for carrying necessities. झोला, थैली

Wall-eye, *n.* (वॉलाय्) having iris of the eye of light-grey colour. कजी आंखवाला

Wallow, *v.i.* (वॉलो) to tumble and roll, to roll one's body. लोटना (लुढ़कना), शरीर को लुढ़काना

Wall Street, *n.* (वॉल् स्ट्रीट्) the American money-market. अमेरिका का सर्राफा बाज़ार

Walnut, *n.* (वॉलनट्) a tree with edible fruits, a handsome and valuable tree. अखरोट का पेड़, अखरोट

Walrus, *n.* (वॉल्स्) a large tusked carnivorous sea-animal, sea-horse. बड़े दाँत वाला, मांसाहारी समुद्री जंतु

Waltz, *n. & v.i.* (वॉल्स्) a German dance, a dance in which partners progress gyrating round each other in embrace. जर्मनी का एक प्रकार का नाच

Wan, *adj.* (वॉन्) pale, pale as with illness, pallid, having a sickly hue. पीला, रुग्ण, बीमार, पीले रंग का; *v.t. (p.t. -ned)* to become wan. पीला होना

Wand, *n.* (वॉन्ड्) a small stick or rod, a long slender rod. डण्डा, जादूगर की छड़ी

Wander, *v.i.* (वॉन्डर्) to ramble, to go from place to place without a settled plan, to migrate, to travel aimlessly, stray. विचारना, घूमना, स्थान छोड़कर जाना, भटकना

Wane, *v.i. & n.* (वेन्) decline, to decrease in size after the full, decline or fall off. क्षय, घटाव; *v.t.* to decrease, to diminish. कम होना, घटना

Wangle, *v.t.* (वैंगल्) to secure favour astutely, to secure by dubious means. चालाकी से कृपा प्राप्त करना

Want, *n.* (वॉन्ट्) defect, lack or need of, deficiency, need, poverty, indigence. कमी, खराबी, अभाव, न्यूनता, आवश्यकता, जरूरत, दरिद्रता; *v.t. & i.* to be destitute of, to be without, to need, to wish for, to be lacking in, to fall short. कमी का अनुभव करना, आवश्यकता का अनुभव करना, इच्छा करना, चाहना, अभाव होना, न्यून होना, कम होना

Wanton, *adj.* (वॉन्टन्) wandering, sportive, frolicsome, capricious, wild, luxuriant, unchaste, purposeless. चंचल, खिलाड़ी, लम्पट, मर्यादाहीन, विलासी; *v.t.* to sport, to revel, a lascivious or unchaste person. क्रीड़ा करना, मौज उड़ाना, बे-रोक टोक, इधर-उधर भटकना, कामुक की भाँति जीवन बिताना

Wapity, *n.* (वॉपिटि) N. Amer. stag. अमेरिका देश का बारहसिंगा

War, *n.* (वॉर्) a contest between nations, a quarrel usually between nations conducted by armed force, enmity, hostility. राष्ट्रों के बीच युद्ध या समर या जंग, युद्ध, संग्राम, लड़ाई, वैर, बुराई, शत्रुता

Warfare, *n.* (वॉर-फेअर्) contest, (hostility). युद्ध, संग्राम; **War-field,** *n.* (-फील्ड्) a field of battle. युद्धक्षेत्र, रण-क्षेत्र; **Warhorse,** *n.* (-हॉर्स) a charger. लड़ाई का घोड़ा; **Warsong,** *n.* (-साङ्ग्) a song inciting war. युद्ध के लिए प्रेरित करने का गायन

Warble, *v.i. & t.* (वॉर्बल्) to quaver the voice, to sing in gentle continuous trilling manner, sing musically. गिटकिरी भरना, कूकना, चहचहाना

Warble, *n.* (वॉर्बल्) tumour, a hard lump on horse's back from galling of saddle. घोड़े की पीठ पर जीन की रगड़ से पड़ने वाली गठान

Ward, *n.* (वॉर्ड्) a stronghold or fortress, custodianship, custody, one who guards, minor under care of guardian, a ridge in a lock or key, garrison, division in a prison. किला, गढ़, रक्षक, रखवाली करनेवाला, रक्षित व्यक्ति, चौकी, पहरा, ताले की झूरी, अस्पताल या नगर या जिले का विभाग या भाग, दुर्गस्थ सेना

Warden, *n.* (वॉर्डन्) a guardian, a president or governor, a watchman. अध्यक्ष, संरक्षक, रक्षापुरुष

Warder, *n.* (वॉर्डर्) a jailor, a guard, a keeper, a sentinel. रक्षक (द्वारपाल), पहरेदार

Wardrobe, *n.* (वॉर्ड-रोब्) a room or cupboard where clothes are kept. वस्त्र रखने की कोठरी या अलमारी; **Ward-room,** *n.* (-रूम्) the mess-room of the officers in a warship. जंगी जहाज में अफसरों के भोजन करने का कमरा

Ware, *n.* (वेअर्) an article of merchandise. पण्य द्रव्य, विक्रय-सामग्री, सौदा, व्यापार का माल

Warehouse, *n. v.t* (वेअर्-हउस्) a store house for goods, to deposit in a warehouse. गोदाम, गोदाम में सुरक्षित रखना; **Ware-room,** *n.* (-रूम्) a show-room. सजी दूकान

Wares, *n.* (वेअर्स्) *(pl.)* goods, commodities. सावधानी से

Warlock, *n.* (वॉर्-लॉक्) a sorcerer, a wizard. जादूगर, जादू-टोना करने वाला

Warm, *adj.* (वॉर्म्) having a moderate

degree of heat, fit to keep the warer warm, ardent, zealous, hearty, keen, excited, vigorous, affectionate. साधारण गरम उष्ण, तीव्र उत्साह युक्त, सहानुभूतिपूर्ण, सजीव, चैतन्य, शक्तिपूर्ण, उत्तेजनापूर्ण; *v.t. & i.* to heat to a moderate degree, to interest, to excite, to make warm. उष्ण या साधारण गरम करना, उत्साह उत्पन्न करना, उत्तेजित होना

Warm-blooded, *adj.* (वॉर्म-ब्लड्-एँड्) having warm blood. गरम रुधिरवाले (प्राणी)

Warm-colours, *n.* (वॉर्म्-कलर्स्) colours having yellow and red as their basis. लाल-पीले आधार के रंग;

Warm-welcome, *n.* (वेल्कम्) an ardent reception. उत्साह सहित स्वागत;

Warm-hearted, *adj.* (-हार्टेड्) showing warmth of affection, cordial. अतिस्नेह दिखलानेवाला, अनुरागी;

Warming, *adj.* (-इङ्ग्) making moderately hot. थोड़ा गरमी से, स्नेह से, प्रेम से; **Warmth,** *n.* (-थ्) gentle heat, warmness, ardour, zeal. मन्द उष्णता, उत्ताप, तीक्ष्णता, उत्साह, सच्चाई, सच्ची लगन

Warn, *v.t.* (वॉर्न्) to inform of probable danger, to make aware of, to caution, admonish by way of caution or threat. सम्भावित संकट की पहिले से सूचना देना, पहले से जता देना, सावधान करना (चेतावनी देना)

Warning, *n.* (वॉर्निंग्) previous notice, what is said or done to warn a person, caution, an event that serves to warn. इशारा, प्रबोधन, चेतावनी

Warp, *n.* (वॉर्प्) the rope employed in drawing a boat, threads stretched in loom to be crossed by woof, crooked state produced in timber, mental bias. बुनाई का ताना, मनकी ढलान या झुकाव लकड़ी में टेढ़ापन, नाव खींचने का रस्सा (गोन); *v.t. & i.* to twist, to turn from the true direction, bias, to pervert. ऐंठना, नष्ट करना, बिगाड़ना; **Warping-hook,** *n.* (-इङ्ग्-हुक्) a hook used for hanging yarn. धागा तानने का हुक

Warrant, *n.* (वॉरन्ट्) authority, a thing that bears one out in doing something, power that authorizes an act, right, security, a write of authority. अधिकार, प्रमाण, अधिकारपत्र, जमानत, पकड़ने का हुक्मनामा (वारन्ट); *v.t.* to authorize, to serve as a warrant for, to secure, bear out, to justify, to maintain. अधिकार देना, सुरक्षित रूप में पाना, प्रमाणित करना, स्थिर करना, स्थापित करना; *Warrant of attorney* (a written authority given by a client to an attorney to appear for him in the court). वकालतनामा, मुख्तारनामा

Warrantable, *adj.* (वॉरन्टेबल्) that can be warranted, capable of being authorized by right, legitimate, justifiable. न्याय संगत, प्रमाणित करने योग्य, उचित

Warranty, *n.* (वॉरन्टि) authority or jusification, guarantee. औचित्य प्रतिपादन, जिम्मेदारी, प्राधिकरण, प्रमाणपत्र, उचित कारण

Warren, *n.* (वॉरन्) a place or ground for the breeding of rabbits. खरहों के पालने का बाड़ा

Warrior, *n.* (वॉरिअर्) a distinguished or veteran soldier, a brave man, a fighting man. (सैनिक) सिपाही, ख्याति प्राप्त योद्धा

Wart, *n.* (वॉर्ट्) a hard firm, small excrescence on the skin. अधिमांस, मस्सा

Wary, *adj.* (वेअरि) cautious of danger, circumspect. सावधान, सतर्क, होशियार

Wase, *n.* (वेज) a pad of straw or cloth placed or the head to relieve pressure of burden. बोझा ढोनेवालों के सिर पर रखने की कपड़े की गद्दी

Wash, *v.t. & i.* (वॉश्) to cleanse with liquid, to wet, to overflow, to rub with some liquid substance, to perform ablution. पानी से धोना, शुद्ध करना, गीला करना, बहाना, द्रव से रगड़ना, स्नान करना (नहाना); *n.* a bog, washing, lotion or liquid cosmetic, the act of washing, thin coat of liquid colour applied to paper or wall, thin coat of paint on metal. दलदल, नहाने-धोने का जल, स्नान, पतवार का पत्ता, लहरों की टकरान, धातु की चद्दर पर पतला रंग

Washer, *n.* (वॉशर्) a flat ring or

perforated piece used to give tightness. अंगूठी के आकार का चपटा टुकड़ा जो किसी चीज को मजबूती से बन्द करने लिये लगाया जाता है

Washerman, *n.* (वॉशरमन्) a man who washes clothers. (धोबी) कपड़े धोने वाला

Washer-woman, *n.* (वॉशर्-वूमन्) a laundress. (धोबिन) कपड़े धोने वाली

Washy, *a.* (वॉशि) too watery, insipid, weak, faded looking, feeble. तरल सास्य भोजन, पनीला, रंग उतरा हुआ, फीका, शिथिल, कमजोर, पसरा हुआ, ओजहीन

Wasn't, *v.t.* (वॉज्-न्) short form of was not. अंग्रेजी के 'was not' का छोटा रूप=नहीं था

Wasp, *n.* (वॉस्प्) a stringing insect, a winged insect with venomous sting. बरट, ततैया, बर्रे

Wassail, *n.* (वॉसल्, वॅ-) a drinking bout, a festive occasion, a spiced ale. उत्सव का समय, मदिरा-पान का उत्सव, आनन्द का गीत,

Wast, (वॉस्ट्) second person singular of 'Be'. (तू) था

Wastage, *n.* (वेस्टिज्) loss by waste. क्षय से हानि, व्यर्थ जाना, होना, खोना

Waste, *adj.* (वेस्ट्) runied, not inhabited or cultivated, untilled, superfluous, lying unused, left over, vain. नष्ट-भ्रष्ट, अनजोती जमीन, परती, शून्य, व्यर्थ पड़ा हुआ, निर्गुण, निरर्थक, बेकाम, निष्प्रयोजन; *n.* extravagance, an uncultivated country, destruction, spoil, refuse. फजूलखर्जी, बिना जोता-बोया प्रदेश, नाश, हरण, (उड़ाव), कूड़ा-करकट

Wastage, *n.* (वेस्टेज) loss by waste. क्षय से हानि

Waster, *n.* (वेस्टर्) an article spoilt in making, a person whose existence is regrettable. बेकार आदमी जिसका होना न होना बराबर हो, बनाते समय बिगड़ी हुई चीज, व्यर्थ का बोझ, फिजूल का, बरबादी

Wastrel, *n.* (वेस्ट्रल्) a stray child, a wasteful person, a thing spoilt in making, good-for-nothing fellow. आवारा बच्चा, बेकार व्यक्ति, कारखाने में निर्मित होते समय खराब होना, भटका हुआ, फिजूलखर्ची

Watch, *n.* (वॉच्) the act of watching, wakefulness at night, guard, state of being on the look-out for something, close observation, attention, the place where a guard is kept, vigilance, a small timepiece for the pocket. चौकसी, रक्षा, सावधानी से निरीक्षण, पहरेदार का स्थान, जेबी घड़ी; *v.t. & i.* to keep awake, to be vigilant, to be attentive, to keep guard, to tend, keep a watch. जागना, ध्यान देना, रक्षा करना, चौकसी करना, चराना, पालना; *To be on the watch* (to wait for). राह देखना; *To keep watch* (to be on guard). रखवाली करना; *To watch over* (to be cautious of). सचेत होना; *Watch box* (a sentry box). पहरेदार के खड़े रहने का स्थान; *Watchdog* (the dog kept to guard houses &c.). रखवाली करनेवाला कुत्ता; *Watchfire* (a fire lit at night for the use of the guard). पहरुवे के लिए रात में जलाई हुई आग; **Watchful,** *adj.* (-फुल्) careful, vigilant, heedful, on the watch, cautious, observant. जाग्रत, सावधान, चौकन्ना; *Watch-house* (a house in which a guard is placed). पहरुआ नियुक्त किया हुआ घर

Water, *n.* (वॉटर्) a transparent liquid, liquid compound of oxygen and hydrogen, urine, luster of a precious stone, the degree of brilliance and transparence. जल, पानी, झील, नदी, मूत्र, रत्नों की चमक (आब); *v.t. & i.* to irrigate, to sprinkle or adulterate or dilute with water, to supply with water, to drink, to get or take in water. जल से सींचना, जल पीना या पिलाना, पानी डबडबाना; *Of the first water* (of the finest excellence). बड़े आब का, अमूल्य; *To hold water* (to be correct). शुद्ध होना; *Water-bath* (an arrangement for heating substances). पदार्थों को गरम करने का यन्त्र; *Water-bearer* (one who carries water for domestic use, the eleventh sign of Zodiac). घरेलू काम के लिए पानी ढोनेवाला आदमी, कुम्भ राशी

Water-buffalo, *n.* (वॉटर्-बफेलो) the common domestic Indian buffalo. भैंस

Water-dog, *n.* (-डॉग) a dog trained to catch water-fowls, a good swimmer, a sailor, the otter, a floating rain-bearing cloud. जल-पक्षियों को पकड़ने के लिए सिखाया गया कुत्ता, अच्छा तैराक, मल्लाह, ऊदबिलाव, वर्षावाहक उड़नेवाला बादल; **Water-engine,** *n.* (-एंन्-जिन्) an engine to raise water. जल उठाने का इंजन; **Waterfall,** *n.* (-फॉल्) stream falling over precipice, cascade. जल प्रपात, झरना; **Water-furrow,** *n.* (-फर्-रो) an open drain. खुली नाली; **Water-gauge,** *n.* (-गेज्) an instrument for ascertaining the depth of water in a boiler. इंजन में पानी की गहराई नापने का यन्त्र; **Wateriness,** *n.* (-इ-नेस्) the state of being watery. जलपूर्ण होने की स्थिति; **Watering,** *n.* (-इङ्ग्) the act of supplying with water). पानी देने या पहुँचाने की क्रिया; *Watering-place* (a place where water is obtrained). जल प्राप्त करने का स्थान; **Waterjacket,** *n.* (-जॉक्-एंट्) a water-tank for keeping machinery cool. यन्त्र को ठण्डा करने की पानी की टंकी; **Water-melon,** *n.* (-मेलन्) a kind of sweet fruit, elliptical smooth kind of melon with watery juice. तरबूज, कालिङ्ग; **Watermill,** *n.* (-मिल्) a mill worked by water. जलयन्त्र, पनचक्की; **Waterplane,** *n.* (-प्लेन्) an aeroplane fitted with floats. पानी पर उतरनेवाला हवाई जहाज; **Water-pox,** *n.* (-पाक्स) a kind of chickenpox. एक प्रकार का चेचक का रोग; **Water-proof,** *adj.* (-प्रूफ्) impervious to water, so firm and compact as not to admit water. जल प्रवेश न होने योग्य; **Waterrot,** *v.t.* (-राट्) to rot in water. जल में सड़ना; **Water-snake,** *n.* (-स्नेक्) a snake that lives in water. जलसर्प; **Water-table,** *n.* (-टेब्ल्) a projection in a wall to throw off water. छज्जा; **Watertight,** *adj.* (-टाइट्) so tightly closed as to prevent ingress or engress of water. जल को रोकनेवाला, जल का प्रवेश न होने देनेवाला; **Water-tower,** *n.* (-टावर्) a tower suporting a tank of water. जल की टंकी की मीनार; **Waterway,** *n.* (-वे) a canal, a navigable river. नहर, नाव चलने योग्य नदी; **Water-wheel,** *n.* (-व्हील्) a wheel moved by a current of water. जल की धारा से चलनेवाला पहिया; **Water-wings,** *n.* (-विंगज्) walls erected on the banks of a river to minimize the current. नदी की धारा का वेग कम करने के लिए बनी हुई दीवार; **Water-worn,** *adj.* (-वोर्न) worn by the action of water. जल के प्रभाव से घिसा हुआ; **Watery,** *adj.* (-इ) pertaining to water, transparent, consisting of water, insipid. जल-संबधी, पारदर्शी, जलमय, जलरूप, पतला, फीका

Watt, *n.* (वॉट्) unit of electric power. बिजली की शक्ति की नाप की इकाई; **Watt-meter,** *n.* (-मीटर्) an electrical instrument. बिजली की शक्ति नापने का एक यंत्र

Wattle, *n.* (वॉटल्) Australian acacia tree, a twig or flexible rod, a rod to support thatch, a pant. ऑस्ट्रेलिया का बबूल का वृक्ष, टहनी, टट्टर, सँभालने का डण्डा

Waul, *v.i.* (वॉल्) to cry like a cat. बिल्ली की तरह म्याऊँ-म्याऊँ करना

Wave, *v.t. & i.* (वेव्) to move like a wave, to show motions like those of a flag in the wind, to waft, to brandish, to beckon, impart waving motion to. लहराना, हिलना, फिराना, संकेत करना, त्यागना (छोड़ना); *n.* the swelling on the surface of water, a ridge of water raised above the level of the surface, a wavy line or surface, unevenness. तरंग, लहर असमता

Waver, *v.i.* (वेव्हर्) to move to and fro, to be undecided, to fluctuate, oscillate unsteadily, to hasitate. आगे-पीछे हिलना, लहराना, डगमगाना, संशयित होना

Wave-worn, *adj.* (वेववोर्न्) worn by waves. लहरों से घिसा हुआ; **Waving,** *adj.* (-इङ्ग्) rippling, moving like a wave. लहराता हुआ; **Wavy,** *adj.* (-इ) full of waves, undulating, rising and falling like waves, showing alternate contrary curves. तरंगमय, लहराता हुआ

Wax, *v.t. & i.* (वॅक्स्) to smear or join

with wax, to stop a hole with wax, to grow, to increase in size, to become large. लाह लगाना, मोम लगाना या मोम से जोड़ना, मोम से छेद बन्द करना, बढ़ना या बढ़ाना, वृद्धि प्राप्त करना; *n.* a viscid substance excreted by bees, a tenacious substance excreted in the ear, a substance used in sealing letters. मोम, कान की मैल, चूँट, मुहर करने की लाह; *To wax hot* (to become angry). क्रुद्ध होना; *Wax-candle* (candle made of wax). मोमबत्ती

Waxy, *a.* (वॅक्सि) resembling wax; (sl.) angry, quick-tempered. मोम के सदृश मुलायम, चिपचिपा

Way, *n.* (वे) passage, a road or track for passing along, street, road, path, course, route, means of doing a thing, method or plan or attaining an object, travelling distance, scope, sphere, range, branch of business, state, assumption, degree. मार्ग, विशिष्ट दिशा, गली, सड़क, पथ, आचरण पद्धति, विधि, व्यापार शाखा, रीति, उद्देश्य या पक्ष सिद्धि का रास्ता, योजना, कार्य-प्रणाली; *A good way* (good path). सुपथ; *A little way* (a short distance). कुछ दूर; *A long way off* (at a great distance). प्रसंगवंश; *By way of* (through, by means of). द्वारा, साधन से; *In another way* (in other respects, under other conditions, otherwise). अन्यथा, दूसरी विधि से; *In every way* (by all means, in all ways). सर्वथा; *In the way* (in the both ways). बीच ही में; *In two ways* (in both ways). द्विधा भाव से, दो रूप से; *Milky way* (the glaxy). आकाशगंगा; *This way* (on this side). इस ओर; *To give way* (to recede). पीछे को हटाना, स्थान देना; *To go one's way.* अपने रास्ते से जाना

Wayfarer, *n.* (वेफेअरर) one who travels, a traveller, a foot-passenger. पथिक, पद यात्री

Waylay, *v.t.* (वेले) to lie in wait for. रास्ते में रोककर लूटना या साक्षात्कार लेना

Wayside, *n.* (वेसाइड्) side of road (esp. attrib.) रास्ते की ओर, मार्ग में

Wayward, *a.* (वेवर्ड्) full of troublesome whims, childishly self-willed. भटका हुआ, स्वच्छंदी, हठी-लहरी, मनमानी करने वाला

Wayworn, *a.* (वेवोर्न्) tired with travel. थकित, श्रांत, चलकर थका हुआ

We, *pron.* (वी, वुई) first person plural of 'I', men in general. हम सब, हम लोग

Weak, *v.t. & i.* (वीक्) feeble, frail, not strong, to enfeeble, to grow weak. दुर्बल करना या होना, शक्तिहीन करना, दुर्बल, कोमल

Weaken, *v.t. & i.* (वीकन्) to reduce in strength, to make or become weak, to enfeeble, enervate. दुर्बल करना या होना, शक्तिहीन करना, कोमल करना; **Weak-headed,** *adj.* (-हेड्-एँड्) of weak intellect. बुद्धिहीन, कम बुद्धिवाला; **Weakling,** *n.* (-लिङ्ग) a feeble person. दुर्बल प्राणी; **Weakly,** *adj.* (-लि) infirm, of weak constitution. दुर्बल, शक्तिहीन; **Weak-minded,** *adj.* (-माइन्ड-एँड्) irresolute. दुर्बल या अस्थिर चित्तवाला; **Weakness,** *n.* (-नेस्) infirmity, want of physical strength, weak point. शारीरिक बल की कमी, दोष, दुर्बलता

Weal, *n.* (वील्) public interest, welfare, happiness. सुख, हित, कल्याण (भलाई, आनन्द); *Weal and woe* (happiness and misery). हितअहित, सुख-दुख

Weal, *n.* (वील्) a mark on the skin by the stroke of a cane. छड़ी की मार का निशान

Wealth, *n.* (वेल्थ्) prosperity, material possessions, riches, affluence, abundance. ऐश्वर्य, धन, अधिक धन, सम्पन्नता; **Wealthy,** *adj.* (-इ) opulent, rich. धनी (धनाढ्य), धनवान्

Wean, *v.t.* (वीन्) to deprive a child of the breast, to cure of or rescue from habit. बच्चे का माँ का दूध छुड़ाना, विमुख, विरक्त करना; **Weanling,** *n.* (-लिङ्ग) a child newly weaned. जिस बालक का दूध थोड़े ही दिन हुए छुड़ाया गया हो

Weapon, *n.* (वेपन्) an instrument of offence or defece, (*pl.*) stings. शस्त्र, आयुध, हथियार, (व०व०) काँटा, डंक

Wear, *v.t. & i. (p.t. Wore, p.p. Worn)* (वेअर्) to waste, to carry or exhibit on one's person, to diminish, to carry on the body, injure appearance or efficiency of by wearing or using, to endure, sap the energy of. नाश करना, क्षय करना, पहिनना, धारण करना, थकना, पहिनना; *n.* the act of wearing, use as clothes, fashionable apparel, diminution by friction, capacity for resiting wear and tear. वस्त्र (कपड़ा), घिसाव (क्षय); *To wear away* (to diminish). घिसकर कम होना; *To wear out* (to consume). जर्जर होना, घिस जाना; *Wear and tear* (loss by wearing). काम करने से (यन्त्र इत्यादि का) घिस जाना; **Wearable,** *adj.* (-एॅब्ल) able to be worn. पहिनने योग्य

Wear, *n.* (वीअर्) a weir. नदी का बंधारा

Wearied, *adj.* (वीअरिड्) tired, fatigued. थका हुआ; **Weariful,** *adj.* (-फुल्) wearisome. थकानेवाला; **Wearily,** *a.* (-लि) in a tired manner. थकावट से; **Weariness,** *n.* (-नेस्) the state of being wearied, fatigue, impatience. थकावट, आलस्य; **Wearisome,** *adj.* (-सम्) tiresome, causing weariness, monotonous. थकाने वाला, खेदजनक, कष्टकारक; **Weary,** *adj.* (-इ) fatigued, tired or tiring, impatient of, tiring, tedious, tiresome. म्लान, परिश्रान्त, थका हुआ (घबड़ाया हुआ)

Weasel, *n.* (वीझल्) a small nimble carnivorous beast skin to the pole-cat. नेवला, नकुल

Weather, *n.* (वेदर्) the state of the atmosphere, change in the state of the wind, season. (समय, काल) वायु की अवस्था, दिन, ऋतु मौसम; *v.t.* to bear up against, to expose to air, to sail to the windward, be discoloured or worn, come safely through. वायु के सम्मुख करना या रखना, सहन करना, वायु की ओर जहाज ले जाना; *Bad weather* (unpleasant weather, bad time). अरुचिकर ऋतु, दुर्दिन; *Good weather.* अच्छी ऋतु; *Stress of weather* (strong wind). तीव्र वायु; **Weather-anchor,** *n.* (-ऑङ्-कॅर्) an anchor lying to the windward. वायु की ओर पड़ा हुआ लंगर; **Weather-board,** *adj.* (-बोर्ड्) side of a ship towards the wind. हवा के रूख का जहाज का किनारा; **Weathercock,** *n.* (-कॉक्) a vane for showing the direction of the wind, a fickle person. वायु की दिशा बतलाने की पक्षी, अस्थिर मनुष्य; **Weather-driven,** *adj.* (-ड्रिव्न्) driven away by storm. प्रचंड वायु से हटाया हुआ

Weave, *v.t. & i. (p.t. Wove, p.p. Woven)* (वीव्) to interlace threads in a loom, to form fabric by interlacing threads, to insert, work up. कपड़ा बुनना, जाली बनाना, बुनाई करना, मिश्रित करना, कपड़ा बनाना, मिलाना, बैठाना; *Weaver-bird* (a bird that weaves its nest). बया पक्षी

Weaver, *n.* (वीव्हर्) a loom-worker, a weaver bird. बुनकर पक्षी, जुलाहा

Web, *n.* (वेब्) a texture of threads, woven fabric, the plexus of spider, cobweb, a sword, threads spun by a spider, the membrane which unites the toes of aquatic bird, dusky film formed over the eye. जाल, मकड़े का जाला, बुनी हुई वस्तु, तलवार का फलक, जलपक्षियों के पंजे की झिल्ली, आँखों का माड़ा; **Webbing,** *n.* (-वेबिंग्) fabric of hemp for stuffing, stronger edging of more delicate fabric. सन का जाला, पट्टी; **Web-footed,** *adj.* (-फुटेड्) filled with web, having space between the toes, palmate. झिल्लीदार पंजेवाला, जालपाद

Webster, *n.* (वेब्सटर्) a weaver. कपड़ा बुनने वाला, जुलाहा

Wed, *v.t. & i. (p.t. -ded)* (वेड्) to take for husband or wife, to marry. विवाह करना, ब्याहना, मिलना, संयोजित होना; **Wedded,** *adj.* (-इड्) married, firmly attached to a pursuit. विवाहित, परिणीत, समर्थक, वचनबद्ध; **Wedding,** *n.* (-डिंग्) pertaining to marriage, a marriage ceremony. विवाह- संस्कार या विवाह का उत्सव, विवाहोत्सव; *Wedding ring.* वैवाहिक अँगूठी; *Wedding-card* (a card announcing an approaching

marriage). विवाह का निमन्त्रणपत्र; *Wedding-favour* (a white rosette worn by the brigdegroom). विवाह के समय वर के गले में पहिनने की माला; *Wedding-feast* (a feast in honour of marriage). विवाह-संबंधी भोज; **Wedlock,** *n.* (-लॉक्) marriage, the married state. विवाह, विवाहबन्धन

Wedge, *n.* (वेज्) a solid of five sides, a piece of wood or metal sharp at one end and gradually growing thicker. पच्चड़, फन्नी, भुज की ठोस आकृति, खूंटा

Wednesday, *n.* (वेनेसडे) fourth day of the week. सप्ताह का चौथा दिन

Wee, *adj.* (वी) small. छोटा, नन्हा

Weed, *n.* (वीड्) a plant growing wild, a wild herb growing where it is not wanted, anything useless, tobacco, a cigar. घास, खरपतवार, मोथा, जंगली बूटी, तंबाकू, सिंगार; *v.t.* to free from weeds. मोथा या घास-पात हटाना; **Weeder,** *n.* (-अर्) one who weeds. मोथा काटने का हँसुआ; **Weeding,** *n.* (-इङ्ग्) the operation of removing weeds. घास-पात हटाने की क्रिया; **Weedy,** *adj.* (-इ) abounding in weeds. घास-पात से भरा हुआ

Weeds, *n.* (वीड्ज़्) (*pl.*) a widow's mourning dress. (ब. व.) विधवा का शोक वस्त्र

Week, *n.* (वीक्) the space of seven days, the six days between Sundays. सप्ताह, हफ्ता, सप्ताह के सात कार्य दिवस; **Weekday,** *n.* (-डे) any day of the week except Sunday. रविवार के अतिरिक्त सप्ताह का कोई दिन

Ween, *v.t.* (वीन्) to think, to be of opinion. विचार करना, अनुमान करना, विश्वास करना

Weep, *v.t. & i. (p.t. & p.p. Wept)* (वीप्) to express sorrow, to shed tears for from either sorrow or joy, to shed tears, lament for, send forth in drops, drip. विलाप करना, क्रंदन करना, अश्रुपात, टपकना; **Weeper,** *n.* (-अर्) one who sheds tears. विलाप करनेवाला, रोनेवाला; **Weeping,** *n.* (-इङ्ग्) lamentation. विलाप, रुलाई, अश्रुपात; *Weeping-rock* (a rock from which water oozes). रसकर पानी बहनेवाली चट्टान; *Weeping-spring* (a spring from which water flows slowly). धीरे-धीरे बहनेवाली जल की धारा; *Weeping-willow* (a kind of plant). एक प्रकार का वृक्ष जिसकी डालियाँ ऊपर से नीचे को झूलती रहती है

Weetless, *adj.* not knowing. न जाननेवाला

Weever, *n.* (वीव्हर्) kinds of fish with sharp dorsal spines. मत्स्य

Weevil, *n.* (वीव्हिल्) a plant-eating beetle, destructive granary-beetle. पौधा खानेवाला झींगुर, घुन

Weft, *n.* (वेफ्ट्) cross-threads of a web, the woof of cloth; web. बाना, बुनावट, आड़ा तार, भरनी, जाला, झिल्ली, बादल

Weigh, *v.t. & i.* (वे) to ascertain the weight of, compare merits of, to raise or lift, to ponder in mind, to consider, to regard. तौलना, वजन करना, उठाना, विचार करना, मनन करना, समझना; *To weigh anchor* (to raise anchor & to sail out of a port). लंगर उठाकर बन्दरगाह से यात्रा करना; *To weigh down* (to depress). दबाना; *To weigh upon* (to harass). पीड़ा देना; *Process or occasion of weighing.* तोलने या तुलना करने का अवसर; **Weigh-bridge,** *n.* (-ब्रिज्) a machine for weighing laden carts & c. लदी हुई गाड़ी तौलने का यन्त्र; **Weigher,** *n.* (-अर्) one who weighs. तौलनेवाला; *Weighing-machine* (an appliance for weighing heavy articles). भारी पदार्थों को तौलने का यन्त्र

Weight, *n.* (वेट्) heaviness of a body ascertained in a balance, gravity as a property of bodies, pressure, burden, a body of known weight for use in weighing, power, influence. भार-तोल (परिमाण), गुरुत्व, बोझ, प्रभाव, शक्ति; **Weightily,** *a.* (-इ-लि) heavily. भारीपन से, गुस्सा से; **Weightless,** *adj.* (-लेस्) having little or no weight. कम भार का, हल्का; **Weighty,** *adj.* (-इ) having great weight, ponderous, important. अधिक भार का, भारी, विचार पूर्ण, प्रभावशाली, आवश्यक

Weir, Wear, *n.* (विअर्) a dam in a river. नदी का बाँध

Weird, *n.* (विअर्ड) fate, destiny, spell. प्रारब्ध, जादू; *adj.* acquainted with fate, unearthly, supernatural, queer. भाग्य से परिचित या अवगत, विलक्षण

Weismannism, *n.* (व्हिसमनिझम्) which denies transmission of acquired characters, a theory of heredity. अर्जित गुण कभी वंशानुगत नहीं होते, एक जर्मन दार्शनिक सिद्धांत

Welcome, *n.* (वेल्कम्) the reception of a guest, kind or glad reception. स्वागत, आतिथ्य, अभिनन्दन, आवभगत; *v.t.* to receive and entertain hospitably. स्वागत करना, आवभगत करना; *adj.* received with pleasure, agreeable, causing gladness, free to use or accept. मनोरंजक (रमणीय), स्वागत करना, आनन्ददायक, इच्छापूर्वक भरती किया गया; *int.* hail! स्वागत योग्य, मनोरंजक, सुखदता; *To bid welcome* (to receive cordially). स्वागत करना; **Welcomeness,** *n.* (-नेस्) welcome state. स्वागत की गई अवस्था

Weld, *v.t. & i.* (वेल्ड्) unite very closely, to hammer or press (iron, & c.) into unity. धातुओं की झलाई करना, टाँका लगाना; *n.* a welded joint. संयोज्यता

Weld, *n.* (वेल्ड्) dyer's-weed. रंगने की पीली वनस्पति

Welfare, *n.* (वेल्फेअर्) happiness, prosperous condition. सुख, कल्याण, मंगल, कुशल, क्षेम

Welk, *v.i.* (वेल्क्) to fade, wither. सूखना, मुरझाना

Welkin, *n.* (वेल्किन्) the sky. नभमण्डल, आकाश

Well, *n.* (वेल्) source of knowledge or happiness, space in middle of house from floor to roof containing stairs, a water-spring, railed space for counsel in court. पानी का स्रोत, झरना, ज्ञान का स्रोत, खुशी या सुख का स्रोत, कुआँ; *v.i.* to gush out. जोर से बाहर निकलना, फूट पड़ना; *a.* in a satisfactory manner, reasonably. प्रशंसनीयता से, भली-भांति, अच्छी तरह से; *adj.* in good health, in satisfactory state. स्वस्थ, संतोषजनक स्थिति में; *n.* good things, what is satisfactory. अच्छा, ठीक भला, भले

Welladay, -away, *int.* (वेलअडे, -अबे) of grief. अफसोस! ये क्या हुआ?

Well-being, *n.* (वेल्-बीइंग्) welfare. कल्याण सुखपूर्वक, भले चंगे

Well-bred, *a.* (वेल्-ब्रेड्) refined, of good manners, (of horse, & c.) or pure stock. कुलीन, सदाचारी, अच्छी नस्ल का घोड़ा, मवेशी

Wellnigh, *a.* (वेल्-नाय्) almost. निकट, करीब्री

Well-to-do, *a.* (वेल-टुडू) prosperous. समृद्ध, सम्पन्न, उन्नत

Welsh, *adj.* (वेल्श्) pertaining to the inhabitant or language of Wales. वेल्स देशवासी, इनकी भाषा

Welsh, Welch, *v.i.* (वेल्श्) to decamp without paying bet for horserace. घुड़दौड़ के दाँव का रुपया बिना दिये भाग जाना

Welt, *n.* (वेल्ट्) a border, a strip of leather between the upper and the sole. किनारा, गोट, मगजी, (डोरी); *v.t.* to furnish with a border. मगजी या गेट लगाना; **Welter,** *v.t.* (-अर्) to roll, to wallow in some foul matter, be in a confused state. लुढ़कना, लोटना, कीच में लोटना

Welt, *n.* (व्हेल्ट्) world. जग, विश्व

Wen, *n.* (वेन्) a moveable fleshy tumour, abnormally large or congested city. गतिशील या चलनेवाली गिलटी, मांस की गांठ

Wench, *n.* (वेन्च्) a young woman, a maid servant, a woman of bad character. युवा स्त्री, दाई, दुष्टा स्त्री, बदचलन औरत; **Wencher,** *n.* (-अर्) a lewd man. व्यसनी, लम्पट पुरुष

Wend, *v.t.* (वेन्ड्) to go, to wander. घुमना, चलना, जाना

Went, *n.* (वेन्ट्) *p.t.* of Go. गया

Wentletrap, *n.* (वेन्टलट्रॅप्) a shell-fish. एक प्रकार की मछली

Wept, *v.* (वेप्ट्) *p.t.* of Weep. रोया

Were, *v.* (वेअर्) *1st, 2nd & 3rd person pl.* of the verb 'Be'. (वे, तुम, हम) थे

Werewolf, Werwolf, *n.* (वेअरवुल्फ्) a human being turned into wolf. मनुष्य से भेड़िया बना हुआ

Wert, *v.* (वर्ट्) *2nd pers. sing.* of the verb 'Be'. तू था

West, *n.* (वेस्ट्) the direction in which the sun sets, the point of horizon where the sun goes down. सूर्यस्त की दिशा, पश्चिम दिशा, पश्चिम, क्षितिज; *adj.* pertaining to the west. पश्चिमी; *West end* (the fashionable quarter in London). लंदन नगर में अमीरों का मुहल्ला; **Westering,** *adj.* (-अर्-इङ्ग्) passing to the west. पश्चिम को जानेवाला; **Westerly,** *adj. & a.* (-अर्लि) situated on west, tending towards the west. पश्चिमी, पश्चिम की ओर; **Western,** *adj.* (-अर्न्) the direction of the west. पाश्चात्य; **Westing,** *n.* (-इङ्ग्) westward progress or deviation (in sailing). पश्चिम की ओर अग्रसर (जलयात्रा); **Westerner,** *n.* (-टर्न्-अर्) a native of the west. पश्चिम प्रदेश निवासी; **Westminster,** *n.* (-मिन्स्टर्) city forming part of London, the Houses of Parliament. लन्दन शहर का एक भाग, संसदीय क्षेत्र

Wet, *adj.* (वेट्) containing water, soaked, rainy, supplied with water or other liquid, damp. आद्र (ओदा, भीगा), गीला, बरसाती, तर; *v.t.* to moisten with water. जल से भिगोना, पानी छिड़कना; *n.* moiststate, moisture, standing water, storm, rainy weather, downpour of rain, liquor, drink. ओदापन, गीलापन; रुका हुआ पानी, आँधी, तीव्र वर्षा, मदिरा, शराब, पेय, पीने की वस्तु; *Wet-dock* (a dock in which vessels are always kept afloat). जहाज मरम्मत करने का स्थान जिसमें जहाज सर्वदा पानी पर रहते है

Weather, *n.* (वेदर्) a castrated ram. खस्सी या बधिया किया हुआ भेड़ा

Wet-nurse, *n.* (वेट्-नर्स्) a nurse who suckles a baby, a woman who suckles another's child. दूध पिलानेवाली धाय; **Wet-shod,** *adj.* (-शॉड्) having wet shoes or feet. भीगे हुए जूतों या परोंवाला; **Wettish,** *adj.* (-टिश्). somewhat wat. कुछ भीगा हुआ

Whack, *n.* (वॅक्) a rsounding hard blow, to strike heavily. धमाका, ज़ोर की चोट; *v.t.* to thwack, to give a smart blow. जोर से चोट देना, पीटना

Whacker, *n.* (वॅकर्) a thing or person big of its kind. अपने आप में बड़ा व्यक्ति, बड़ी चीज

Whale, *n.* (व्हेल्) the largest of marine animals. तिमिगिल, सबसे बड़ी मछली, (दूध पिलानेवाली) मछली, ह्वेल मछली; **Whaleman,** *n.* (-मॉन्) a man employed in whale fishery. ह्वेल मछली पकड़ने वाला मनुष्य; **Whaler,** *n.* (-अर्) a ship employed in catching whales, a whale-catcher. ह्वेल मछली पकड़ने का जहाज, ह्वेल मछली पकडने वाला

Whang, *n.* (वँग्) a leather thong. चमड़े की चमोटी; *v.t.* to flog. कोड़ा मारना

Whap, *n.* (व्हॉप) a blow. आधात, चोट

Wharf, *n.* (वॉर्फ्) a landing place, platform to which ships or barges may be moored to load and unload. तटस्थान, घाट; *v.t.* to place on wharf. घाट पर रखना; **Wharfage,** *n.* (-एँज्) duty paid for loading. घाट पर माल उतारने या चढ़ाने का कर

What, *interj. & pron.* (व्हॉट्) that which, which part. क्या, कौन, जो कुछ, कितना; *What then.* तब क्या?; *What's what* (the real thing). सच्ची बात; *What though?* (allowing it to be so). मानो कि ऐसा होते हुए?; **Whatever,** *pron.* (-एँव्हर्) being one thing or another, whole that. जो कुछ, जितना कुछ, सब कुछ; *Whatnot* (a shelf without doors). बिना दरवाजे की आलमारी, टाँड़

Whaup, *n.* (व्हौप्) a kind of bird. एक प्रकार की चिड़िया

Wheat, *n.* (व्हीट्) a plant with edible seeds, the grain or kinds of corn. गोधूम, गेहूँ; **Wheatear,** *n.* (-इअर्) an ear of wheat, a small bird. गेहूँ की बाल, एक प्रकार की चिड़िया

Wheedle, *v.t. & i.* (व्हीडल्) to flatter, to fool by flattery, to coax. फुसलाना,

Wheel, *n.* (व्हील्) a circular body, a circular spoked frame revolving on an axis, a machine in the form of a wheel. चक्र पहिया (चाक), चक्र के आकार का यन्त्र; *v.t. & i.* to convey on

